श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला

(१)

श्री परमात्मने नमः

श्रीमन्नेमिचन्द्रसैद्धान्तिकचक्रवर्तिविरचित

गोम्मटसार

(जीवकाण्ड)

न्या० वा० वादिगजकेसरी स्याद्वादवारिधि प० गोपालदासजी बरैया के
अन्यतम शिष्य श्रीमान् प० खूबचन्द्र जैन द्वारा रचित
संस्कृतछाया तथा बालबोधिनी टीका सहित

प्रकाशक
रावजीभाई छगनभाई देसाई
श्री परमश्रुतप्रभावक मण्डल (श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला)
श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास

श्री वीरनिर्वाण सं० २४९८ विक्रम सं० २०२८ ईस्वी सन् १९७२

मूल्य : नौ रुपये

प्रकाशकीय निवेदन

श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीकृत प्रस्तुत गोम्मटसार (जीवकाण्ड) ग्रन्थ बहुत दिनोसे अनुपलब्ध हो गया था, अतः इसका यह चतुर्थ संस्करण तीसरी आवृत्तिके अनुरूप ही प्रकाशित किया जा रहा है।

इसकी नवीन टीका, सम्पादन तथा संशोधनका कार्य श्रीमान् ब्रह्मचारी पं० खूबचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीने किया है। आप जैनसमाजके प्रसिद्ध पण्डितोमे अग्रणी रहे हैं। ग्रन्थकी पहली और दूसरी आवृत्ति जिस समय प्रकाशित हुई थी उस समय षट्खंडागम—धवल, जयधवल, महाधवल सिद्धान्तग्रन्थोका नाम ही सुननेको मिलता था, प्रकाशन नही हुआ था। अब ये ग्रन्थ प्रकाशमें आ गये हैं। इन ग्रन्थो तथा बड़ी संस्कृत टीकाके आधारसे श्रीमान् पण्डितजीने टीका लिखी है और उसमे जैनसिद्धान्तका विस्तृत विवेचन किया गया है। अब यह ग्रन्थ पहलेसे काफी बडा हो गया है। संदृष्टियाँ भी इसमें जोड़ दी गई हैं, जिससे विषय समझनेमें सुगमता हो। यह एक पाठ्यग्रन्थ होनेसे इसे सब प्रकारसे उपयोगी बना दिया गया है। इस ग्रन्थको तैयार करके छपानेमे आश्रम तथा श्रीमान् पण्डितजीने काफी श्रम उठाया है, एतदर्थ सभी धन्यवादके पात्र हैं।

श्रीमद् राजचन्द्रजीने जिस परमपुनीत महान् उद्देश्यसे श्री परमश्रुतप्रभावक मण्डलकी स्थापना की थी, उसे सफल बनानेका भरपूर प्रयत्न हम लोग करेंगे। यह संस्था किसी आर्थिक दृष्टिसे प्रकाशनका कार्य नही कर रही है, इसमें मात्र सम्यग्ज्ञानका प्रचार ही मुख्य लक्ष्य है। श्रीमद्भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यकृत सत्श्रुतरूप महान् ग्रंथो तथा अन्य आचार्यरचित महत्त्वपूर्ण ग्रंथोंको सुसम्पादित कराकर प्रकाशमे लाना ही इस शास्त्रमालाका ध्येय है। संस्थाकी ओरसे प्रकाशित ग्रंथोकी सूची पीछे संलग्न है। विद्वज्जनोसे निवेदन है कि उत्तम साहित्यका पठन-पाठन द्वारा अधिकाधिक लाभ उठाकर हमारा उत्साह बढ़ावें और निर्ग्रन्थ-प्रवचनकी सेवाका अवसर देते रहे।

सभी ग्रंथोंका प्रकाशन पर्याप्त सावधानीपूर्वक कराया जाता है, फिर भी कही किसी प्रकारकी भूल दृष्टिगत हो तो विद्वान् पाठकगण हमे उसकी सूचना देकर कृतार्थ करें।

अन्तमें, जिन-जिन महानुभावोका हमे प्रत्यक्ष या परोक्षरूपसे सहयोग मिला है उन सभीका हम हृदयसे आभार मानते हैं।

निवेदक
रावजीभाई देसाई

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
अगास, वाया - आणंद
चैत्र सुदी १५, सं० २०२८

आमुख

आज मुझे इसलिये प्रसन्नता है कि अपनी विद्यार्थी अवस्थाकी समाप्तिके साथ ही इस टीकाके लिखने वाले मुझे स्वय ही पर्याप्त लम्बे समयके अनन्तर इसमे सशोधन करनेका अवसर प्राप्त हुआ है।

यह टीका करीब ४५ वर्ष पूर्व लिखी गई थी। सन् १९१५ के अन्तमे अथवा सन् १९१६ के प्रारम्भमे लिखी गई और सबसे प्रथम सन् १९१६ के मध्यमें प्रकाशित हुई थी। इसके बाद यद्यपि इसका सस्करण प्रकाशित हुआ परन्तु उसमे कोई खास परिवर्तन करनेका अवसर प्राप्त नही हो सका।

टीकाके लिखनेका निमित्त इस तरह बना कि स्व. पं गोपालदासजीके पास अध्ययन समाप्त करके मै मुरेना छोड़कर बाहर जानेके विचारमे था कि एक दिन उक्त गुरुदेवने बुलाकर मुझसे कहा कि "हमने जो जैन सिद्धान्त दर्पण लिखा है वह अधूरा है, उसमे जीवद्रव्यका वर्णन अच्छी तरह लिखकर तुम उसको पूरा कर दो।" यह सुनकर मै स्तब्ध रह गया और विचारमे पड़ गया। आज्ञाका भंग करना भी अशक्य था और इस कार्यके योग्य अपनी असमर्थताका भी मुझे अनुभव हो रहा था। दो तीन बार कहनेपर भी जब मैने अपनी इसके लिए अयोग्यता ही प्रकट की तब उन्होने कहा कि "अच्छा ऐसा करो कि छात्रोके उपयोगके लायक जीवकाण्डकी एक छोटी संक्षिप्त टीका लिख दो।" यह मैंने स्वीकार किया और उसके बाद ही लिखना शुरु कर दिया।

इस वर्तमान संशोधनका कारण यह हुआ कि इस ग्रन्थ के द्वितीय सस्करणके भी प्रकाशित हो जानेके बाद एक दिन जब कि मै श्रीमती दानशीला सेठानीजी सा. कचनबाई जी सा. इन्दौर को और साथमे अपनी बहिन स्व. विदुषी सुशीलाबाईको यह ग्रन्थ सुना रहा था कि मेरी दृष्टि इस बातपर गई कि मेरी टीकामे जीवसमास प्रकरणके अन्तर्गत कुलकोटिका वर्णन करनेवाली एक गाथा नं. ११४ छूट गई है। यह बात मुझे बहुत खटकी और इसका सुधार करने की तरफ मेरा ध्यान खासतौरसे आकृष्ट हो गया। समय पाकर जब मै बम्बई गया तब वहाँ जिस सस्था—श्री रायचन्द्र शास्त्रमालाकी तरफसे यह प्रकाशित हुआ था उसके मैनेजर भाई कुन्दनलालजीसे मैंने अपना सब अभिप्राय कह दिया। और फलस्वरूप यह ग्रन्थ अब नवीन परिवर्तन, परिवर्धन और संशोधनके साथ प्रकाशित हो रहा है।

उक्त एक गाथाके छूट जानेके सिवाय और भी कोई इसमे अशुद्धि रह गई हो जिसके कि सुधारनेकी आवश्यकता है तो उसको मालूम करनेके सदभिप्रायसे हमारी सम्मतिके अनुसार भाई कुन्दनलालजीने समाचार पत्रोमे विद्वानोंके नाम एक विज्ञप्ति भी इसी आशयकी प्रकाशित की थी और उन्होंने तथा हमने प्रत्यक्ष भी कुछ विद्वानोसे इस विषयमे सम्मति माँगी थी। परन्तु एक सहारनपुरके भाई ब्र श्री रतनचन्दजी सा मुख्तारके सिवाय किसीसे किसी भी तरहकी सूचना या सम्मति हमको नही प्राप्त हुई। श्री रतनचन्दजी सा. ने जो सशोधन

भेजे हमने उनको बराबर ध्यानमे लिया है और संशोधन करते समय दृष्टिमें भी रक्खा है। हम मुख्तार सा की सहृदयता सहानुभूति तथा श्रुतानुरागके लिये अत्यन्त आभारी हैं और केवल अनेक धन्यवाद देकर ही उनके निःस्वार्थ श्रमका मूल्य करना उचित नही समझते।

हमने इस संशोधन परिवर्तन और परिवर्धनमे यद्यपि इस बातकी पूरी सावधानी रक्खी है कि कोई गलती न रहे—ग्रन्थके पाठ अथवा अर्थमे त्रुटि यद्वा विपर्यास न हो सके। मुद्रण सम्बन्धी संशोधनमे भी यथाशक्य पूरा ध्यान रक्खा है, फिर भी हम यह असम्भव नही मानते कि इस ग्रन्थमे कही कोई किसी भी तरहकी अशुद्धि रही ही न होगी। हम सरीखे सामान्य व्यक्तिके लिये प्रमाद, दृष्टिदोष, मुद्रणकी असावधानी आदिके कारण अशुद्धियोंका रह जाना सामान्य बात है, अतएव हम उनके लिये पाठकोसे क्षमा चाहते हैं और सहृदय विद्वानोंसे अनुरोध करते हैं कि वे यथास्थान सुधार लेनेकी कृपा करें।

इस संशोधनमे हमने श्री १०५ ऐ. प. दि. जैन सरस्वतीभवन ब्यावरकी हस्तलिखित प्रतिसे भी मिलान किया है। अतएव हम उक्त भवन और उसके मेनेजर सहृदय धर्मात्मा सिद्धान्तशास्त्री निःशल्यव्रती पं. पन्नालालजी सोनीके भी आभारी हैं जिनसे कि हमको यह प्रति सहज ही प्राप्त हो सकी है।

श्री भा. दि. जैन महासभा दिल्ली कार्यालय और उसके तत्कालीन महामन्त्री श्रीमान् लाला परसादीलालजी सा. पाटनीके भी हम अत्यन्त आभारी हैं जिनकी कृपासे हमको स्व. ब्र. दौलतरामजी सा. द्वारा रचित इस ग्रन्थका हिन्दी पद्यानुवाद प्राप्त हो सका। जीवकाण्डकी इस बालबोधिनी टीका ग्रन्थके छपनेसे पूर्व इस बातका भी विचार किया गया था कि इसके साथमे यह हिन्दी पद्यानुवाद भी यदि रक्खा जा सके तो अच्छा है परन्तु ग्रन्थ विस्तारके भयके साथ ही विद्यार्थियोंको अधिक मूल्य बढ़ जाने पर अखरने और खरीदनेमे असुविधा होनेका विचार करके वह विचार स्थगित कर दिया गया और पद्यानुवाद साथमे नही छपाया गया। फिर भी यह पद्यानुवाद भी अध्ययनीय है। और पद्यरूप रचना होनेके कारण कण्ठस्थ करनेमें भी सुभीता हो सकता है।

यह भी एक विचार किया गया था कि परीक्षार्थियोंके सुभीतेके लिये यदि साथमें परीक्षामें आनेवाले—आ सकनेवाले कतिपय प्रश्नोंका संग्रह भी श्री भा. दि. जैन महासभा-परीक्षालय तथा बम्बई परीक्षालयके गत दश पांच वर्षमे आये हुए प्रश्नपत्रोंके आधार पर प्रकाशित कर दिया जाय तो अच्छा है जैसा कि आधुनिक शिक्षण-परीक्षण पद्धतिके अनुसार प्रचलित है। किन्तु वैसा भी नही किया गया है। इस तरह प्रश्नोंका आश्रय लेकर किसी न किसी तरह उत्तीर्णता प्राप्त कर लेनेकी अपेक्षा छात्रगण यदि लगनके साथ इस तरह ग्रन्थका ठोस अध्ययन करें कि वे कभी भी उस ग्रन्थके किसी भी अंशमें पूछे गये प्रश्नका उत्तर दे सकें तो कही अधिक अच्छा है। साथ ही अनुभवसे मालूम होता है कि जिस तरह दिनपर दिन ग्रन्थोंके अध्ययनकी विपुलताके वर्धमान होते हुए भी तज्जन्य ज्ञानके साथ श्रद्धान चारित्र हीयमान होता जा रहा है उसी प्रकार ज्यो-ज्यो छात्रोंके लिये अध्ययनमे स्वार्थी ग्रन्थविक्रेताओंकी होड़ाहोड़ीके परिणामस्वरूप सरलता प्रदान करनेवाले प्रकाशन बढ़ते जा रहे हैं, त्यों-त्यों उनका ज्ञान अधिकतर कच्चे रंगके समान सहज उड़ाऊ, मन्द एवं अविशद बनता जा रहा है। अतएव हमारा खासकर छात्रोंसे अनुरोध है कि वे

ठोस अध्ययन करनेकी तरफ प्रवृत्ति करें साथ ही अध्यापकवर्गसे भी निवेदन है कि वे इस बातकी तरफ असाधारण लक्ष्य देनेकी कृपा करे कि विद्यार्थीका ग्रन्थसम्बन्धी विशिष्ट व्युत्पत्ति होनेके सिवाय उन्हे श्रद्धा सुरुचि उत्साह भक्ति एव सदाचारके प्रति प्रेम पूर्ण पालन करनेकी पवित्र भावना भी वृद्धिगत हो। अध्यापकोका कार्य केवल शब्दार्थ बताना ही नही है। मुख्य कार्य उन्हे शिक्षित बनाना है जिसका अर्थ होता है कि यथायोग्य एवं यथाशक्य उनके मन वचन कायको ज्ञानके श्रद्धा चारित्र-रूप फलसे सस्कृत बना दिया जाय। प्रकृत ग्रंथके गाथा न. ३ मे जो गुणस्थानका लक्षण किया गया है उससे भी यह बात भले प्रकार विदित हो सकती है कि जीवोमे गुणवृद्धि, ज्ञानकी अपेक्षा श्रद्धा और चारित्र पर ही मुख्यतया निर्भर है। अस्तु।

प्रकृत ग्रन्थ जिस श्री रायचन्द्र जैन शास्त्रमाला बम्बईकी तरफसे प्रकाशित हुआ था हमको उसकी तरफसे इसके पुन सशोधन आदिकी सूचना एव स्वीकृति प्राप्त हुई थी, हमने भी अपना यह कार्य अबसे करीब तीन वर्ष हुए पूरा करके उक्त सस्थाको भेज दिया था। परन्तु इसके प्रकाशनमे विलम्ब पड़ता हुआ देखकर हर्षकी बात है कि इसकी तरफ अगासकी सुप्रसिद्ध संस्था श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम और उसके स्वत्वाधिकारियोका ध्यान आकृष्ट हुआ और उन्होने इसको अपनाया। पाठकोको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि अब यह ग्रन्थ उसी श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला, अगासकी तरफसे प्रकाशित हो रहा है। हम इस सस्था और उसके अधिकारियोके प्रति इस श्रुतोद्धार कार्यके निमित्त आभारी हैं। और आशा करते है कि उनका यह श्रुतानुराग सदा वर्धमान रहेगा।

यदि इस सशोधन कार्यमे हमसे अज्ञान अथवा असावधानीवश किसी भी प्रकारकी त्रुटि, अशुद्धि या विश्रृंखलता रह गई हो तो सहृदय पाठकोसे हम क्षमा चाहते है और उसको सुधार लेनेकी नम्रतापूर्वक प्रार्थना करते है।

•

ग्रन्थ तथा टीकाएँ

ग्रन्थका विषय

प्रकृत ग्रन्थका नाम गोम्मटसार है। और यह दो भागो मे विभक्त है—१ जीवकाण्ड, २. कर्मकाण्ड। ग्रन्थका यह नाम गोम्मटदेव और गोम्मटराजा (चामुण्डराय) के नाम पर रक्खा गया प्रसिद्ध है। ग्रन्थकर्ता गोम्मटदेवके भक्त थे और गोम्मटराजा उनका भक्त था। उसीके प्रश्नपरसे इन ग्रन्थका निर्माण हुआ है। किन्तु इस ग्रन्थका अर्थ सूचक दूसरा नाम पंचसग्रह भी है। जो इस बातको बताता है कि पाँच विषयोके प्रतिपादन करनेवाले सिद्धान्तशास्त्रोंके विस्तृत विषयोका सक्षेपसे यहाँपर साररूपमे संग्रह किया गया है। यद्यपि यह ग्रन्थ सामान्यरूपसे अशुद्ध निश्चय नयकी विषयभूत आत्माकी बन्धक अवस्थाका ही मुख्यतया वर्णन करता है फिर भी उसका विस्तारपूर्वक वर्णन करनेवाले महाकर्मप्राभृतसिद्धान्तके जीवट्ठाण खुद्दाबन्ध बन्धस्वामी

वेदनाखण्ड और वर्गणाखण्ड इन पांच महान् सिद्धान्तशास्त्रोंके विपयोंका यहाँपर संक्षेपमें संकलन किया गया है यही कारण है कि विषयके अनुरूप इसका अपरनाम पचसग्रह भी है।

प्रकृत ग्रन्थमे आत्मा या जीवद्रव्यकी संसारावस्था-बाह्य दस प्राणोसे सम्वन्वित अशुद्ध परिणतिका वर्णन ही मुख्य है फिर भी वह आत्म द्रव्यके शुद्ध एव त्रैकालिक स्वत सिद्ध स्वरूपपर भी प्रकाश डालता है जैसा कि इस ग्रन्थकी वर्णनीय बीस प्ररूपणाओका जिनमे कथन किया गया है-उनमेसे मुख्य-मुख्य प्राय सभी अधिकारोंके अन्तिम कथन द्वारा जाना जा सकता है, जैसा कि गुणस्थानाधिकारमे गुणस्थानातीत जीवोका (पृ ५० गा नं ६८) गतिमार्गणामे चतुर्गतिरूप ससारसे रहित सिद्धका स्वरूप (पृ ९३ गा १५२) कायमार्गणाके अन्तमे कायरहित आत्माका स्वरूप (पृ १२० गा २०३) एव भव्य मार्गणाकी गाथा नं. ५५९ तथा आलापाधिकारकी गा. ७३१ इत्यादि वर्णनोके द्वारा भले प्रकार दृष्टिमे आ जाता है।

इस तरह एक ही जीवद्रव्यकी यद्यपि दो अवस्थाओमेसे प्रथम अशुद्ध-संसार अवस्थाका ही यहांपर प्रधानतया वर्णन किया गया है फिर भी वह अपूर्ण नही है क्योकि यह उसकी शुद्ध अवस्थाका भी बोध कराता है। वर्णनीय प्रत्येक प्रकरणके अन्तिम भागका निर्देश इस बातको स्पष्ट कर देता है कि वस्तुत आत्मा अपने शुद्ध स्वरूपमे किस तरहका है, परन्तु साथ ही यह कि अनादिकालसे इस जीवात्माकी किन किन कारणोसे कैसी कैसी अवस्थाएँ हो रही हैं, और उनमेसे वह अपने शुद्ध स्वरूपको किस तरहसे प्राप्त कर सकता है। इसप्रकार आत्माकी हेय और उपादेय दो अवस्थाओमेसे प्रथम हेयरूप-पर-परनिमित्तक आकुलता एवं दु खस्वरूप पराधीन अवस्थाका यह ग्रन्थ प्रधानतया वर्णन करके सक्षेपमे उसके विपरीत इन अवस्थाओसे रहित रहनेके कारण शुद्ध मुक्त स्वरूप स्वनिमित्तक, निराकुल सुखस्वरूप अपनी अनन्त स्वाधीन उपादेय अवस्था भी प्रत्यय कराता है। जब कि अध्यात्म शास्त्रकी इसी विषयका वर्णन करनेकी पद्धति ठीक इससे विपरीत है। वह उपादेय अशका ही मुख्यतया वर्णन करता है और अशुद्ध निश्चयनयके विषयभूत यहांके वर्णनको सर्वथा हेय कहकर उसपरसे मिथ्या एव प्रमत्त बुद्धिको हटाकर अपने समीचीन शुद्ध स्वरूपमे उपयुक्त होने और उसीमे सावधानतया स्थिर रहनेका उपदेश देता है।

इसपरसे पाठकगण समझ सकते हैं कि दोनो ही सत्य एव प्रमाणभूत शास्त्रोके—आगम और अध्यात्मशास्त्रोके आत्माकी दोनो ही अवस्थाओके वर्णन करनेकी पद्धतिमे गौणमुख्यताके सिवाय लक्ष्यमे कोई अन्तर नही है। संसारावस्था और उसके कारणोकी हेयता तथा संसारातीत मुक्त अवस्थाकी उपादेयताके विपयमे दोनो ही एकमत हैं। हां, यह ठीक है कि अध्यात्म शास्त्र जिसको अशुद्ध निश्चयनय एवं व्यवहारका विपय कहकर हेय प्रतिपादन करते हुए भी सत्य तथा यथार्थ स्वीकार करता है उसीका यह मुख्यतया वर्णन करता है। और साथ ही उसकी हेयता और यहांके वर्णनीय बीस विपयोसे रहित अवस्थाकी उपादेयताको भी यह स्वीकार करता है। ऐसी अवस्थामे दोनोंमे कोई मतभेद नही है, विषयके स्वरूप और आदर्शरूप साध्य अवस्थाकी उपादेयताके विषयमे दोनोहीका एकमत है।

ग्रन्थकर्त्ता और टीकाएँ

आचार्य श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती जो कि इस ग्रन्थ एवं सग्रहके कर्त्ता है। वे अपने

विषयके कितने असाधारण विद्वान् थे इस बातको समझनेके लिए उनका यह वाक्य हमारे सामने पर्याप्त प्रकाश डालता है कि—

"जह चक्केण य चक्की छक्खंडं साहियं अविग्घेण।
तह मइचक्केण मया छक्खंडं साहियं सम्मं॥ ३९७॥

—गो. क. सत्त्वस्थान भंग

सुदर्शनचक्रके द्वारा षट्खण्ड भरतक्षेत्रको भले प्रकार सिद्ध करनेवाले चक्रवर्तीकी तरह अपने ज्ञानचक्रके द्वारा षट्खण्डागमरूप महान् सिद्धान्तको सिद्ध करनेवाले इन नेमिचन्द्र सि. च. के समयके विषयमें ऐतिहासिक विद्वानोंका मत है कि वे ग्यारहवी शताब्दीके विद्वान थे, किन्तु हमको यह मत अभीतक उचित प्रतीत नही होता। क्योंकि इसी ग्रन्थके प्रथम सस्करणकी आदिमें ता. ७-७-१९१६ को लिखी गई हमारी प्रस्तावनामे जो बाहुबली चरितका नं. ५५ का पद्य उद्धृत किया गया है, जिसमें कि चामुण्डरायके द्वारा गोम्मटेशकी वेल्गुल नगरमे की गई प्रतिष्ठाका समय कल्क्यब्ध (शक सं. ६००) का उल्लेख पाया जाता है उसकी यथार्थ सगति नेमिचन्द्रको ११ वी शताब्दीका मानने पर किस तरह बैठ सकती है।

इसके साथ ही वीरनन्दिका स्मरण करनेवाले वादिराजसूरीके पार्श्वनाथ चरितकी अन्तिम प्रशस्तिके "नगवार्धिरन्ध्रगणने" वाक्यका अर्थ ९४७ के बदले ७४९ क्यो न किया जाय?

यह कहनेकी आवश्यकता तो नही है कि प्रकृत ग्रन्थमें पाई जानेवाली अनेकों गाथाएँ इससे प्राचीन ग्रन्थोंमें भी पाई जाती है। अतएव स्पष्ट है कि वे प्राचीन आगमग्रन्थोंकी परम्परागत है जिनका कि धवलामें पाये जानेवाले उद्धरणकी तरह यहाँ भी संग्रह किया गया है। फिर भी यह ध्यान देने योग्य एवं विचारणीय विषय है कि टीकाकारोंने जैसाकि प्रथम गाथाकी मन्दप्रबोधिनी टीकाके इस वाक्यसे कि "परिमाणं अर्थतो अनन्तरूपं, शब्दतो गाथासूत्राणां पंचविंशत्युतरा सप्तशती" मालूम होता है कि इस ग्रन्थके गाथाओंकी सख्या ७२५ ही मानी है जबकि वर्तमानमें इस ग्रन्थकी गाथाओंकी संख्या ७३४ पाई जाती है।

टीकाओंका इतिवृत्त

अबतक इस ग्रन्थपर जो टीकाएँ लिखी गई हैं उनके सम्बन्धका इतिवृत्त भी ज्ञातव्य विषय है। श्रीमान् सि. शा. पं. पन्नालालजी सोनीने इस विषयमें हमारे पास जो परिचय लिखकर भेजा है वह ज्योंका त्यों यहाँ हम पाठकोंकी जानकारीके लिये उद्धृत कर देना उचित समझते हैं। हम आशा करते हैं कि इस परिचयके द्वारा इस सम्बन्धमे विशिष्ट परिचय मिल सकेगा और अब तक जो भ्रम रहा है—हुआ है या है वह निर्मूल हो सकेगा।

सोनीजी अपने पत्रमें लिखते है कि—

"गोम्मटसारपर चार टीकाएँ है। उनका क्रमश. विवरण यह है। पहली टीका चामुण्डराय महाराजकृत है, जो पंजिकास्वरूप है और कन्नड़ भाषामे है। इसका उल्लेख "जा कया देसी" इत्यादिके द्वारा स्वयं आ. नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने किया है। यह मैंने देखी नही है। इसका अस्तित्व अब भी कन्नड़ प्रान्तमें सम्भव है।

दूसरी टीका अभयचन्द्र सैद्धान्तीकृत है। यह संस्कृतमें है, जो अपूर्ण रह गई है, उससे आगे ज्ञानभूषणके शिष्य नेमिचन्द्र आचार्यने केशववर्णिकृत कन्नड़ टीकापरसे पूर्ण की है। इसकी दो तरहकी प्रतियाँ मिलती हैं। कुछ ऐसी जो अपूर्ण रह गई हैं, कुछ ऐसी जिनके साथ नेमिचन्द्र कृत जुडी हुई है। इसीपरसे लोग कह देते हैं कि हमारे यहाँ अभयचन्द्र सैद्धान्तिकृत टीका परिपूर्ण है। ज्ञानमार्गणाकी ३७४ वी गाथामें यह उल्लेख है कि—

"श्रीमदभयचन्द्र सैद्धान्तचक्रवर्तिविहितव्याख्यानं विश्रान्तं इति कर्णाटवृत्यनुरूपमयमनुवदति।"

यहाँपर "कर्णाटवृत्ति" पदसे केशववर्णिकृत कर्णाटवृत्ति और अयं पदसे ज्ञानभूपणशिष्य नेमिचन्द्राचार्यका ग्रहण है। यह कुछ टिप्पणपरसे कुछ पुष्पिकाओपरसे कुछ कर्मकाण्डकी अन्तस्थ प्रशस्तिपरसे जाना जाता है। यह प्रशस्ति भी जैन ग्रन्थ प्रकाशिनी सस्थासे प्रकाशित बृहद्-गोम्मटसार कर्मकाण्डमें छप भी चुकी है।

तीसरी टीका केशववर्णीकृत है जो कन्नड़ भाषामे है। इस प्रतिके १०९ पत्र नागरी लिपिमे भवनमे भी सुरक्षित हैं, जो गाथा नं ३७४ से लेकर सम्यक्त्व मार्गणाके कुछ अंशपर्यन्तके हैं। केशववर्णी अभयचन्द्र सैद्धान्तीके शिष्योमेसे एक थे। उनने यह टीका शक सं. १२८१ (वि. सं. १४१६) मे पूर्ण की थी। टीकाका नाम जीवतत्त्वप्रदीपिका है।

चौथी टीका ज्ञानभूषणशिष्य नेमिचन्द्राचार्यकृत है। यह परिपूर्ण है और केशववर्णिकृत जीवतत्त्वप्रदीपिकापरसे बनाई गई है, अतएव इसका नाम भी टीकाकर्त्ताने जीवतत्त्वप्रदीपिका ही रखा है। भाषा इसकी संस्कृत है इसका निर्माण वि. सं. १४१६ के बाद और वि. सं १६०८ के पूर्व किसी समय हुआ है। १४१६ के बाद तो यो कि केशववर्णी टीका १४१६में पूर्ण हुई है। और १६०८ के पूर्व यो कि वि सं १६०८ और १६२०के विद्वान् इसका उल्लेख और उद्धरण देते हैं। केशववर्णीकी कन्नड़ टीका परसे यह टीका लिखी गई है। इस विषयमें प्रमाण एक तो इस टीकाका प्रारम्भिक मंगलाचरण है। उसमे "कुर्वे कर्णाटवृत्तित" पद है। यह कर्णाटवृत्ति केशवर्णिकृत है। इस सम्बन्धमे जीवकाण्डके अन्तस्थ ये दो पाठान्तर हैं—

श्रित्वा कर्णाटिकी वृत्तिं वर्णिश्रीकेशवैः कृतां।
कृतेयमन्यथा किञ्चित्तद्विशोध्यं बहुश्रुतै.॥
श्रीमत्केशवचन्द्रस्य　　कृतकर्णाटवृत्तितः।
कृतेयमन्यथा किंचित्तद्विशोध्यं　बहुश्रुतै.॥

इन दोनो पद्यो परसे स्पष्ट है कि आचार्य नेमिचन्द्रने यह सस्कृत टीका केशववर्णिकृत कर्णाट-वृत्ति परसे रची है। दूसरा प्रमाण कर्मकाण्डकी प्रशस्ति भी है कि यह टीका कर्णाटवृत्ति परसे रची गई है।

ऐसा प्रतीत होता है कि आ० नेमिचन्द्रने या तो पहले कर्णाटवृत्ति परसे अभयचन्द्री टीकाको पूर्ण किया है, पश्चात् रहा हुआ अवशिष्ट अंश जोड़कर दूसरी टीका जीवतत्त्वप्रदीपिका टीकाके नाममे तैयार की है। या पहले जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका तैयार की है पश्चात् जहाँसे अभयचन्द्रीय टीका विश्रान्त हुई है वहाँसे आगे इसी जीवतत्त्वप्रदीपिकाको जोड दिया गया है। किन्तु दोनोंकी अन्तिम प्रशस्ति जुदी-जुदी हैं, और कर्मकाण्डमे कहीं-कहीं अन्य विवेचन भी भिन्नरूपताको लिए हुए

है। अस्तु, कुछ भी हो गोम्मटसारपर दो कन्नड़ टीकाएँ और दो ही संस्कृत टीकाएँ इसप्रकार चार टीकाएँ हैं।

पं० टोडरमलजीने भी इस टीकाको अर्थात् नेमिचन्द्रकृत टीकाको केशववर्णिकृत समझ लिया है इसलिये वे इसे केशववर्णिकृत मानते हैं। मालूम पड़ता है इसीपरसे यह नेमिचन्द्रकृत टीका केशववर्णीके नामसे प्रसिद्ध हो गई है। वस्तुवृत्या यह केशववर्णीकृत कर्णाटवृत्तिका अनुवाद है, केशववर्णिकृत नहीं है।"

सोनीजीने ऊपर जिन चार टीकाओंका परिचय दिया है वह यथार्थ है साथही उन्होंने जो पं. टोडरमलजी सा. के नेमिचन्द्रकृत टीकाको केशववर्णीकृत समझ लेनेके भ्रमकी बात लिखी है सो यह भी सत्य ही है। पं. परमानन्दजीने पं. टोडरमलजी सा. के मोक्षमार्गप्रकाशकको आदिमें जो प्रस्तावना लिखी है उसमें भी यह बात स्वीकार की गई है।

ऊपर जिन चार टीकाओंका उल्लेख किया गया है वे प्रमाणित हैं इनके सिवाय अन्य टीकाओंका पता नहीं लगता। यद्यपि हमने सुना है कि आचार्यकल्प महाविद्वान् पं. आशाधरजी सा. ने भी इस गोम्मटसारपर कोई संस्कृत टीका लिखी है परन्तु जबतक वह उपलब्ध न हो अथवा अन्य किसी प्राचीन उल्लेख आदिके द्वारा समर्थित न हो तबतक उसके विषयमें कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता। स्व. पं. गजाधरलालजीके उल्लेखसे भी मालूम होता है कि इनके सिवाय भी सम्भवतः और भी कोई टीका है। उन्होने वृहद् गोम्मटसारकी प्रस्तावनामे लिखा है कि "हमारे पासमें जो जैनिन काल्जेजकी प्रति थी उसमें २०० पृष्ठ किसी अन्य ही संस्कृत टीकाके थे जो उक्त दोनों संस्कृत टीकाओंसे विलक्षण टीका थी।" अस्तु।

ऊपर जिन टीकाओंका उल्लेख किया गया है उन कन्नड़ संस्कृत टीकाओंके अनन्तर प. टोडरमलजी सा. की इस उपलब्ध एवं प्रकाशित भाषा टीकाका ही नम्बर है जो कि जीवतत्त्व प्रदीपिकाका अनुवाद रूप है।

इसी भाषा टीकाके आधार परसे स्व. ब्र. दौलतरामजीने भाषा पद्यबन्ध रचना की है जिसका कि हमने ऊपर उल्लेख किया है। यह अभी अप्रकाशित है।

स्व. ब्र. सीतलप्रसादजीकी प्रेरणा और सहायतासे स्व. बैरिष्टर जुगमन्दिरदासजीने अंग्रेजीमें भी एक टीका लिखी है जो कि मुद्रित हो चुकी है।

उस्मानाबादके स्व. नेमिचन्द्रजी वकीलने कर्मकाण्डके भाग पर मराठीमे एक सुन्दर रचना की है। यह भी छप चुकी है।

हमने जो यह छात्रोंके उपयोगके लिए छोटीसी टीका लिखी है उसके निमित्तका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है।

अन्तिम निवेदन और आभार

हमसे इस संशोधनमें जो त्रुटि रही हो उसको ठीक कर लेनेकी विद्वानोसे अन्तमें हमारी पुनः पुनः प्रार्थना है। क्योंकि अध्येताओंको आगम परम्परागत सत्य एवं यथार्थ तत्त्वकाही बोध

हो यही सर्वथा अभीष्ट है। जिन-जिनने हमको इस कार्यमें सहायता दी है उनके हम अत्यन्त आभारी है।

जिस सस्थाके द्वारा यह ग्रन्थ अब प्रकाशित हो रहा है उसके विषयमे कुछ विशिष्ट परिचय भी अन्तमे दे देना उचित प्रतीत होता है। यह कहनेकी आवश्यकता नही है कि श्रीमद् राजचन्द्रजी सा एक सस्कारी प्रबलधारणाशक्तिसे युक्त, तत्त्व-विचारक एव आधुनिक युगके महान् प्रभावशाली आत्मसाधक व्यक्ति थे। उनका विशेष परिचय अन्यत्र साथमे दिया जा रहा है। श्रीमद्जीकी ही योजना और भावनाको सफल बनानेवाली यह सस्था है कि जिसके द्वारा अब यह ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है।

श्रीमद्जी स. १९५६ के भाद्रपदमे जिस समय वढवाण केम्पमे थे, उस समय वीतराग ज्ञानके प्रचारार्थं जो उनकी सर्वोत्तम भावना प्रकट हुई थी वह उनके निम्न उदगारोसे स्पष्ट ज्ञात होती है।

"परम श्रुतके प्रचाररूप एक योजना की है। उसके प्रचारसे परमार्थ-मार्ग प्रकाशित होगा।"

इस योजनाके ही अनुसार उनके ही हाथसे श्री परमश्रुतप्रभावक मडलकी स्थापना हुई थी। बादमे उसने श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमालाके नामसे अनेक उत्तम ग्रन्थ-रत्न प्रकट किये थे। परन्तु कितने ही वर्षोसे मालाकी प्रकाशन-प्रवृत्ति मन्द पड़ गई थी और मडलका तो कोई अस्तित्व ही नही रहा था।

इससे सस्थाके सचालक स्वर्गीय सेठ मणिलाल रेवाशकरजीके अनुरोधसे गत वर्ष इस आश्रम (श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास) ने ग्रन्थ-प्रकाशनका कार्य अपने हाथमे ले लिया है। परमश्रुतप्रभावक मण्डल-श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमालाके नामसे वीतरागश्रुतके प्रचारकी प्रवृत्ति रहे, इसलिए आश्रमने इस उदार महान् कार्यको अपने ऊपर लिया है। एतदर्थं आश्रम धन्यवादका पात्र है। और यह ग्रन्थ उसीके द्वारा प्रकाशित हो रहा है इसलिए हम उनके आभारी हैं।

इन्द्र भवन–तुकोगंज, इन्दौर
ता० २९–९–१९५९

खूबचन्द जैन

प्रस्तावना

इस ग्रन्थके रचयिता श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती है। आपके पवित्र जन्मसे यह भारत भूमि किस समय अलकृत हुई यह ठीक ठीक नही कहा जा सकता, तथापि इतिहासान्वेषी विक्रमकी ग्यारहवी शताब्दीके प्रारम्भमे या उसके कुछ पूर्व ही बहुधा आपने अपने भवभजक उपदेशसे भव्योको कृतार्थ किया था यह सिद्ध करते है। इस सिद्धिमे जो प्रमाण दिये जाते है उनमेसे कुछका यहाँ पर संक्षेपमे उल्लेख करते हैं।

वृहद्द्रव्यसग्रहकी भूमिकामें पं. जवाहरलालजी शास्त्रीने आपका शक संवत् ६०० (वि. स. ७३५) निश्चित किया है। क्योंकि श्रीनेमिचन्द्रस्वामी तथा श्रीचामुण्डराय दोनोंही समकालीन थे। और श्रीचामुण्डरायके विषयमें 'बाहुबलिचरित' मे लिखा है कि :—

'कल्क्यब्दे षट्शताख्ये विनुतविभवसंवत्सरे मासि चैत्रे
पंचम्यां शुक्लपक्षे दिनमणिदिवसे कुम्भलग्ने सुयोगे।
सौभाग्ये हस्तनाम्नि प्रकटितभगणे सुप्रशस्तां चकार
श्रीमच्चामुण्डराजो वेल्गुलनगरे गोमटेशप्रतिष्ठाम् ॥ ५५ ॥

अर्थात् शक[1] सं. ६०० मे चैत्र शुक्ला ५ रविवारके दिन श्रीचामुण्डरायने श्रीगोम्मटस्वामीकी प्रतिष्ठा की। परतु यदि दूसरे प्रमाणोसे इस कथनकी तुलना की जाय तो इसमे बाधा आकर उपस्थित होती है। क्योंकि बाहुबलिचरितमे ही यह बात लिखी हुई है कि देशीयगणके प्रधानभूत श्री अजितसेन मुनिको नमस्कार करके श्री चामुण्डराय ने श्री बाहुबलीकी प्रतिमाके विषयमे वृत्तान्त कहा,' यथा :—

"पश्चात्सोजितसेनपण्डितमुनिं देशीगणाग्रेसरं
स्वस्याधिप्यसुखाब्धिवर्धनशशिश्रीनन्दिसंघाधिपम्।
श्रीमद्भासुरसिंहनंदिमुनिपांघ्रयाम्भोजरोलम्बकं
चानम्य प्रवदत्सुपौदनपुरीश्रीदोर्बलेर्वृत्तकम् ॥"

श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीने भी श्री अजितसेनका स्मरण किया है। और उनको श्रीचामुण्डरायका गुरु बतलाया है। यथा :—

"जिम्हि गुणा विस्संता गणहरदेवादिइड्ढिपत्ताणं।
सो अजियसेणणाहो जस्स गुरु जयउ सो राओ ॥"

---

१. यहांपर कल्की शब्दसे जो शकका ग्रहण पं. जवाहरलालजी शास्त्रीने किया है वह किस तरह किया यह हमारी समझमें नही आया।

और भी—"अज्जज्जसेणगुणगणसमूहसंधारि अजियसेणगुरु ।
भुवणगुरु जस्स गुरू सो राओ गोम्मटो जयउ ॥"

अर्थात् वह श्री चामुण्डराय जयवन्ता रहो कि जिसके गुरु अजितसेन नाथमे ऋद्धिप्राप्त गणधर देवादिकोके गुण पाये जाते हैं॥ आचार्य श्री आर्यसेनके अनेक गुणोके समूहको धारण करनेवाले तथा तीन लोकके गुरु अजितसेन गुरु जिसके गुरु हैं वह गोम्मट राजा जयवता रहो॥

इससे यह बात मालूम होती है कि जिन अजितसेन स्वामीका उल्लेख बाहुबलि चरितमे और गोम्मटसारमे किया गया है वे एक ही हैं। परन्तु ये अजितसेन कब हुए इस बातका कुछ पता श्रवणबेलगोलाके एक शिलालेखसे मिलता है।

उसमे अजितसेनके विषयमे लिखा है कि .—

गुणाः कुन्दस्पन्दोड्डमरसमरा वागमृतवाः,
प्लवप्रायः प्रेयःप्रसरसरसा कीर्तिरिव सा ।
नखेन्दुज्योत्स्नाङ्घ्रेर्नृपचयचकोरप्रणयिनी,
न कासां श्लाघानां पदमजितसेनो व्रतिपतिः ॥

यह शिलालेख करीब ग्यारहवी शदीका खुदा हुआ है। इससे मालूम होता है कि श्री अजितसेन स्वामी ग्यारहवी शदीके पूर्व हुए हैं, और उसी समय श्री चामुण्डराय भी हुए है। परन्तु प नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित 'चन्द्रप्रभचरितकी भूमिका'मे श्री चामुण्डरायके परिचयमे लिखा है कि कनड़ी भाषाके प्रसिद्ध कवि रन्नने शक सम्वत् ९१५ मे 'पुराणतिलक' नामक ग्रन्थकी रचना की है और उसने अपनेको रक्कस गगराजका आश्रित बतलाया है। चामुण्डरायकी भी अपनेपर विशेष कृपा रहनेका वह जिकर करता है। इससे मालूम होता है कि शक स. ९१५ या विक्रम सं. १०५० के लगभग ही श्री चामुण्डराय और श्री अजितसेन स्वामी हुए हैं।

गोमट्टसारकी श्री चामुण्डरायकृत एक कर्नाटक वृत्ति श्रीनेमिचन्द्र सि चक्रवर्तीके समक्ष ही बन चुकी थी। उसीके अनुसार श्री केशववर्णीकृत सस्कृत टीका भी है। उसकी आदिमे लिखा हुआ है कि —

'श्रीमदप्रतिहतप्रभावस्याद्वादशासनगुहाभ्यंतरनिवासिप्रवादिसिंधुरसिंहायमान-सिंह-नदिनन्दितगंगवंशललाम—राजसर्वज्ञाद्यनेकगुणनामधेय—श्रीमद्राजमल्लदेवमहीवल्लभमहा-मात्यपदविराजमान—रणरंगमल्लासहायपराक्रम—गुणरत्नभूषण—सम्यक्त्वरत्ननिलया-दिविविधगुणनामसमासादितकीर्तिकांत—श्रीमच्चामुंडरायप्रश्नावतीर्णैकचत्वारिंशत्पदना-मसत्त्वप्ररूपणद्वारेणाशेषविनेयजननिकुरंबसंबोधनार्थं श्रीमन्नेमिचंद्रसैद्धान्तिक-चक्रवर्ती समस्तसैद्धान्तिकजनप्रख्यातविशदयशाः विशालमतिरसौ भगवान्... ... ... गोमट्टसारपंचसंग्रहप्रपंचमारचयंस्तदादौ निर्विघ्नतः शास्त्रपरिसमाप्तिनिमित्तं ... ... देवताविशेषं नमस्करोति ।

राजमल्ल और रक्कस गगराज ये दोनो ही भाई थे। उपर्युक्त गोम्मटसारकी पक्तियोसे स्पष्ट है कि राजमल्ल चामुण्डराय तथा श्री नेमिचद्रसिद्धांतचक्रवर्ती तीनोही समकालीन है। राजमल्लका समय विक्रमकी ग्यारहवी सदी निश्चित की जाती है। अतएव स्वयं सिद्ध है कि यही समय चामुण्डराय तथा श्री नेमिचन्द्रसिद्धातचक्रवर्तीका भी होना चाहिये।

नेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्तीने कई जगह वीरनदि आचार्यका स्मरण किया है। यथा :—

"जस्स य पायपसाएणणंतसंसारजलहिमुत्तिण्णो।
वीरिंदणंदिवच्छो णमामि तं अभयणंदिगुरुं ॥"
"णमिऊण अभयणंदिं सुदसागरपारगिदणंदिगुरुं
वरवीरणंदिणाहं पयडीणं पच्चयं वोच्छं।"
"णमह गुणरयणभूसणसिद्धंतामियमहब्धिभवभावं।
वरवीरणंदिचंदं णिम्मलगुणमिंदणंदिगुरुं ॥"

इन्ही वीरनंदिका स्मरण वादिराज सूरीने भी किया है। यथा :—

चन्द्रप्रभाभिसंबद्धा रसपुष्टा मनःप्रियम्।
कुमुद्वतीव नो धत्ते भारती वीरनंदिनः ॥ (पार्श्वनाथकाव्य श्लो. ३०)

वादिराज सूरीने पार्श्वनाथ काव्यकी पूर्ति शक सं० ९४७ मे की है यह उसीकी अन्तिम प्रशस्तिके इस पद्यसे मालूम होता है।

"शाकाब्दे नगवार्धिरन्ध्रगणने संवत्सरे क्रोधने,
मासे कार्तिकनाम्नि बुद्धिमहिते शुद्धे तृतीयादिने।
सिंहे पाति जयादिके वसुमतीं जैनी कथेयं मया,
निष्पत्तिं गमिता सती भवतु वः कल्याणनिष्पत्तये ॥"

अर्थात् 'शक सम्वत् ९४७ (क्रोधन सम्वत्सर) की कार्तिक शुक्ला तृतीयाको पार्श्वनाथ काव्य पूर्ण किया।' इस कथनसे यद्यपि यह मालूम होता है कि वीरनंदि आचार्य शक संवत् ९४७ के पहले ही हो चुके हैं, तथापि जब कि वीरनंदी आचार्य स्वयं अभयनंदीको गुरु स्वीकार करते हैं और नेमिचद्रसिद्धातचक्रवर्ती भी उनको गुरुरूपसे स्मरण करते हैं तब यह अवश्य कहा जा सकता है कि वीरनदि और नेमिचन्द्र दोनो ही समकालीन हैं।

गोमट्टसारकी गाथाओका उल्लेख प्रमेयकमलमार्तण्डमे भी मिलता है। यथा —

"विग्गहदिमावण्णा केवलिणो समुहदो अजोगी य।
सिद्धा य अणाहारा सेसा आहारिणो जीवा ॥" (६६५)

श्रीप्रभाचन्द्र आचार्यने प्रमेयकमलमार्तण्डकी रचना भोजराजके समयमें की है, क्योंकि उसके अन्तमे यह उल्लेख है कि —

"श्री भोजदेवराज्ये श्रीमद्धारानिवासिना परापरपरमेष्ठिप्रणामार्जितामलपुण्यनिराकृतनिखिलमलकलंकेन श्रीमत्प्रभाचन्द्रपंडितेन निखिलप्रमाणप्रमेयस्वरूपोद्योतपरीक्षामुखपदमिदं विवृतमिति ।"

धारानगरीके अधिपति भोजराजका समय विक्रमकी ११ वीं शदी निश्चित है। इससे यह मालूम होता है कि नेमिचन्द्रस्वामी या तो प्रभाचन्द्राचार्यके समकालीन हैं या कुछ पहले हो चुके हैं। यद्यपि इस प्रमाणसे यह भी मालूम हो सकता है कि श्री नेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्ती प्रभाचन्द्राचार्य से कई शदी पूर्व हुए हैं; परन्तु जबकि कवि रन्नने अपने पर श्रीमान् चामुण्डरायकी कृपा रहनेका जिक्र किया है तथा पुराणतिलककी रचना शक सं० ९१५ मे उसने की है यह निश्चित है, तब इस शंकाको स्थान नही रहता। अतएव इतिहास प्रेमी यह निश्चित करते हैं कि श्रीमान् नेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्तीका समय भी लगभग शक सं० ९१५ के ही है। परन्तु यह निश्चय एक प्रकारसे पुराणतिलकके आधारसे ही है। अतएव अभी इतना सदेह हो है कि यदि पुराणतिलकके कथनको प्रमाण माना जाय तो बाहुबली चरितके कथनको प्रमाण क्यो न माना जाय ? यदि माना जाय तो किस तरह घटित किया जाय ? नेमिचन्द्र सि चक्रवर्तीका समय एक तरहसे अभी तक हमकोसदिग्ध ही है। इसीलिये समय निर्णयको हम यही विराम देते हैं। दूसरी बात यह भी है कि समयकी प्राचीनता या अर्वाचीनतासे प्रमाणता या अप्रमाणताका निर्णय नही होता। प्रामाण्य या अप्रामाण्यके निर्णयका हेतु ग्रथकर्त्ताका ग्रंथ होता है।

इस ग्रंथके रचयिता साधारण विद्वान् न थे। उनके रचित गोमट्टसार त्रिलोकसार लब्धिसार आदि उपलब्ध ग्रंथ उनकी असाधारण विद्वत्ता और 'सिद्धांतचक्रवर्ती' इस पदवीको सार्थक सिद्ध कर रहे हैं। यद्यपि उपलब्ध ग्रथोमे गणितकी प्रचुरता देखकर लोग यह विश्वास कर सकते हैं कि श्री नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्ती गणितके ही अप्रतिम पण्डित थे, परन्तु इसमें कोई सन्देह नही कि वे सर्वविषयमे पूर्ण निष्णात थे।

ऊपर जो गोमट्टसार संस्कृत टीकाकी उत्थानिकाका उल्लेख दिया है उसमें यह बात दिखाई गई है कि इस ग्रन्थकी रचना श्रीमच्चामुण्डरायके प्रश्नके अनुसार हुई है। इस विषयमे ऐसा सुनने मे आता है कि एक बार श्री नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्ती धवलादि महासिद्धांत ग्रंथोमेसे किसी सिद्धांत ग्रन्थका स्वाध्याय कर रहे थे। उसी समय गुरुका दर्शन करनेके लिए श्री चामुण्डराय भी आये। शिष्यको आता देखकर श्री नेमिचन्द्र सि चक्रवर्तीने स्वाध्याय करना बन्द कर दिया। जब चामुण्डराय गुरुको नमस्कार करके बैठ गये तब उनने पूछा कि गुरो ! आपने ऐसा क्यो किया ? तब गुरुने कहा कि श्रावकको इन सिद्धान्त ग्रन्थोके सुननेका अधिकार नही है। इसपर चामुण्डरायने कहा कि हमको इन ग्रन्थोंका अवबोध किस तरह हो सकता है ? कृपया कोई ऐसा उपाय निकालिये कि जिससे हम भी इनका महत्त्वानुभव कर सकें। सुनते हैं कि इसी पर श्री नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्तीने सिद्धान्त ग्रन्थोका सार लेकर इस गोमट्टसार ग्रन्थकी रचना की है।

इस ग्रन्थराजका दूसरा नाम पंचसंग्रह भी है। क्योंकि इसमे महाकर्मप्राभृतके सिद्धान्तसम्बन्धी जीवस्थान क्षुद्रबन्ध बन्धस्वामी वेदनाखण्ड वर्गणाखण्ड इन पांच विषयोका वर्णन है। मूलग्रन्थ प्राकृत मे लिखा गया है। यद्यपि मूल लेखक श्रीयुत नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्ती ही हैं; तथापि कही-कही पर कोई-कोई गाथा माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवने भी लिखी है, यह टीकामें दी हुई गाथाओकी उत्थानिकाओंसे मालूम होता है। माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव श्री नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्तीके प्रधान शिष्योंमेसे एक थे। मालूम होता है कि तीनविद्याओंके अधिपति होनेके कारण ही आपको त्रैविद्यदेवका पद मिला होगा। इससे पाठकोको यह भी अन्दाज कर लेना चाहिये कि श्री नेमिचन्द्र सि. चक्रवर्तीकी विद्वत्ता कितनी असाधारण थी।

इस ग्रन्थराजके ऊपर अभी तक चार टीका लिखी गई है। जिनमे सबसे पहले एक कर्नाटक वृत्ति बनी है। उसके रचयिता ग्रन्थकर्ताके अन्यतम शिष्य श्रीचामुण्डराय हैं। इसी टीकाके आधार-पर एक संस्कृत टीका बनी है, जिसके निर्माता केशववर्णी हैं, और यह टीका भी इसी नामसे प्रसिद्ध है। दूसरी संस्कृत टीका श्रीमदभयचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीकी बनाई हुई है जो कि 'मंदप्रबोधिनी' नामसे प्रसिद्ध है। उपर्युक्त दोनो टीकाओंके आधारसे श्रीमद्विद्वर टोडरमल्लजीने 'सम्यग्ज्ञानचंद्रिका' नामकी हिन्दी टीका बनाई है। उक्त कर्नाटक वृत्तिके सिवाय तीनो टीकाओके आधारपर यह संक्षिप्त बालबोधिनी टीका लिखी है। 'मंदप्रबोधिनी' हमको पूर्ण नही मिल सकी इसलिए जहाँतक मिल सकी वहाँतक तीनों टीकाओंके आधारसे और आगे 'केशववर्णी' तथा 'सम्यग्ज्ञानचंद्रिकाके आधारसे ही हमने इसको लिखा है।

इस ग्रन्थके दो भाग हैं—एक जीवकाण्ड दूसरा कर्मकाण्ड। जीवकाण्डमे जीवकी अनेक अशुद्ध अवस्थाओंका या भावोंका वर्णन है। कर्मकाण्डमे कर्मोकी अनेक अवस्थाओका वर्णन है। कर्मकाण्ड-की संक्षिप्त हिन्दी टीका श्रीयुत पं. मनोहरलालजी शास्त्री द्वारा सम्पादित इसी ग्रन्थमालाके द्वारा पहले प्रकाशित हो चुकी है। जीवकाण्ड संक्षिप्त हिन्दी टीका अभीतक नही हुई थी। अतएव आज विद्वानोके समक्ष उसीके उपस्थित करनेका मैंने साहस किया है।

जिस समय श्रीयुत प्रात स्मरणीय न्यायवाचस्पति स्याद्वादवारिधि वादिगजकेसरी गुरुवर्य पं. गोपालदासजीके चरणोंमे मैं विद्याध्ययन करता था उसी समय गुरुकी आज्ञानुसार इसके लिखने-का मैंने प्रारम्भ किया था। यद्यपि इसके लिखनेमे प्रमाद या अज्ञानवश मुझसे कितनी ही अशुद्धियाँ रह गई होंगी, तथापि सज्जन पाठकोके गुणग्राही स्वभावपर दृष्टि देनेसे इस विषयमें मुझे अपने उपहासका बिलकुल भय नही होता। ग्रन्थके पूर्ण करनेमे मै सर्वथा असमर्थ था, तथापि किसी भी तरह जो मै इसको पूर्ण कर सका हूँ उसका कारण केवल गुरुप्रसाद है। अतएव इस कृतज्ञताके निदर्शनार्थ गुरुके चरणोका चिरंतन चिंतवन करना ही श्रेय है।

प्राचीन टीकाएँ समुद्रसमान गम्भीर हैं—सहसा उनका कोई अवगाहन नही कर सकता। जो अवगाहन नही कर सकते उनके लिए कुल्याके समान इस क्षुद्र टीकाका निर्माण किया है। आशा है कि इसके अभ्याससे प्राचीन सिद्धान्त तितीर्षुओंको अवश्य कुछ सरलता होगी। पाठकोंसे यह निवेदन है कि यदि इस कृतिमे कुछ सार भाग मालूम हो तो उसे मेरे गुरुका समझ

हृदयंगत करें, और यदि कुछ निःसारता या विपरीतता मालूम पड़े तो उसे मेरी कृति समझें, और मेरी अज्ञानतापर क्षमा प्रदान करें।

यह टीका स्व श्रीमान् रायचन्द्रजी द्वारा स्थापित 'परमश्रुतप्रभावकमण्डल'की तरफसे प्रकाशित की गई है। अतएव उक्त मण्डल तथा उसके ऑनरेरी व्यवस्थापक शा. रेवाशंकर जगजीवनदासजीका साधुवादन करता हूँ।

इस तुच्छ कृतिको पढनेके पूर्व "गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः । हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः" इस श्लोकके अर्थको दृष्टिपथ करनेके लिए विद्वानोंसे प्रार्थना करनेवाला—

७-७-१९१६ ई
२ रा पीजरापोल-बम्बई नं ४

खूबचन्द जैन
वेरनी (एटा) निवासी

श्रीमद् राजचंद्र

जन्म ववाणिया

स १९२४, कार्तिक सुदी १५

देहोत्सर्ग राजकोट

स १९५७, चैत्र वदी ५

श्रीमद्राजचन्द्र

'खद्योतवत्सुदेष्टारो हा द्योतन्ते क्वचित्क्वचित्'

हा ! सम्यक्तत्त्वोपदेष्टा जुगनूकी भाँति कही-कही चमकते है, दृष्टिगोचर होते हैं ।

—आशाधर ।

महान् तत्त्वज्ञानियोकी परम्परारूप इस भारतभूमिके गुजरात प्रदेशान्तर्गत ववाणिया ग्राम (सौराष्ट्र) मे श्रीमद्राजचन्द्रका जन्म विक्रम स० १९२४ (सन् १८६७) की कार्तिकी पूर्णिमाके शुभदिन रविवारको रात्रिके २ बजे हुआ था । यह ववाणिया ग्राम सौराष्ट्रमे मोरबीके निकट है ।

इनके पिताका नाम श्रीरवजीभाई पचाणभाई महेता और माताका नाम श्री देवबाई था । आप लोग बहुत भक्तिशील और सेवा-भावी थे । साधु-सन्तोके प्रति अनुराग; गरीबोको अनाज कपडा देना, वृद्ध और रोगियोकी सेवा करना इनका सहज-स्वभाव था ।

श्रीमद्जीका प्रेम-नाम 'लक्ष्मीनदन' था । बादमे यह नाम बदलकर 'रायचन्द' रखा गया और भविष्यमे आप 'श्रीमद्राजचन्द्र' के नामसे प्रसिद्ध हुए ।

श्रीमद्राजचन्द्रका उज्ज्वल जीवन सचमुच किसी भी समझदार व्यक्ति के लिए यथार्थ मुक्तिमार्गकी दिशामे प्रबल प्रेरणाका स्रोत हो सकता है । वे तीव्र क्षयोपशमवान और आत्मज्ञानी सन्तपुरुष थे, ऐसा निस्सदेहरूपसे मानना ही पड़ता है । उनकी अत्यन्त उदासीन सहज वैराग्यमय परिणति तीव्र एव निर्मल आत्मज्ञान-दशाकी सूचक है ।

श्रीमद्जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थे, जब कि उनकी माताके जैनसस्कार थे । श्रीमद्जी-को जैन लोगोके 'प्रतिक्रमणसूत्र' आदि पुस्तकें पढनेको मिली । इन धर्म-पुस्तकोमें अत्यन्त विनय-पूर्वक जगतके सर्व जीवोसे मित्रताकी भावना व्यक्त की गई है । इस परसे श्रीमद्जीकी प्रीति जैन-धर्मके प्रति बढने लगी । यह वृत्तान्त उनकी तेरह वर्षकी वयका है । तत्पश्चात् वे अपने पिताकी दुकानपर बैठने लगे । अपने अक्षरोकी छटाके कारण जब-जब उन्हे कच्छ दरबारके महलमे लिखनेके लिए बुलाया जाता था, तब-तब वे वहाँ जाते थे । दुकानपर रहते हुए उन्होने अनेक पुस्तके पढी, राम आदिके चरित्रोपर कविताएँ रची, सासारिक तृष्णा की, फिर भी उन्होने किसीको कम-अधिक भाव नही कहा अथवा किसीको कम-ज्यादा तौलकर नही दिया ।

जातिस्मरण और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्जी जिस समय सात वर्षके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसग उनके जीवनमे बना । उन दिनो ववाणियामे अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्जीके प्रति बहुत ही प्रेम था । एक दिन अमीचन्दको साँपने काट लिया और तत्काल उनकी मृत्यु हो गई । उनके मरण-समाचार सुनते ही राजचन्द्रजी अपने घर दादाजीके पास दौडे आये और उनसे पूछा 'दादाजी, क्या अमीचन्द मर गये ?' बालक राजचन्द्रका ऐसा सीधा प्रश्न सुनकर दादाजीने विचार किया कि

इस बातका बालकको पता चलेगा तो डर जायगा अतः उनका ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करनेके लिए दादाजीने उन्हे भोजन कर लेनेको कहा और इधर-उधरकी दूसरी बातें करने लगे। परन्तु, बालक राजचन्द्रने मर जानेके बारेमे प्रथमबार ही सुना था इसलिए विशेष जिज्ञासापूर्वक वे पूछ बैठे ' 'मर जानेका क्या अर्थ है ?' दादाजीने कहा—'उसमेसे जीव निकल गया है। अब वह चलना-फिरना, खाना-पीना कुछ नही कर सकता, इसलिए उसे तालाबके पास श्मशान भूमिमे जला देवेंगे।' इतना सुनकर राजचन्द्रजी थोडी देर तो घरमे इधर-उधर घूमते रहे, बादमे चुपचाप तालाबके पास गये और वहाँ बबूलके एक वृक्षपर चढकर देखा तो सचमुच कुटुम्बके लोग उसके शरीरको जला रहे हैं। इस प्रकार एक परिचित और सज्जन व्यक्तिको जलाता देखकर उन्हे बड़ा आश्चर्य हुआ और वे विचारने लगे कि यह सब क्या है! उनके अन्तरमे विचारोकी तीव्र खलबली-सी मच गई और वे गहन विचारमे डूब गये। इसी समय अचानक चित्तपरसे भारी आवरण हट गया और उन्हे पूर्व भवोकी स्मृति हो आई। बादमे एक बार वे जूनागढका किला देखने गये तब पूर्व-स्मृतिज्ञानकी विशेष वृद्धि हुई[1]। इस पूर्व-स्मृतिरूप-ज्ञानने उनके जीवनमे प्रेरणाका अपूर्व नवीन—अध्याय जोड़ा। श्रीमद्जीकी पढाई विशेष नही हो पाई थी फिर भी, वे संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओके ज्ञाता थे एवं जैन आगमोके असाधारण वेत्ता और मर्मज्ञ थे। उनकी क्षयोपशम-शक्ति इतनी विशाल थी कि जिस काव्य या सूत्रका मर्म बड़े-बडे विद्वान् लोग नही बता सकते थे उसका यथार्थ विश्लेषण उन्होने सहजरूपमे किया है[2]। किसी भी विषयका सांगोपांग विवेचन करना उनके अधिकारकी बात थी[3]। उन्हे अल्प-वयमे ही तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति हो गई थी, जैसा कि उन्होने स्वयं एक काव्यमे लिखा है—

> लघुवयथी अद्भुत थयो, तत्त्वज्ञाननो बोध।
> ए ज सूचवे एम के, गति आगति का शोध?
> जे संस्कार थवो घटे, अति अभ्यासे काय,
> विना परिश्रम ते थयो, भवशंका शी त्याय?

—अर्थात् छोटी अवस्थामे मुझे अद्भुत तत्त्वज्ञानका बोध हुआ है, यही सूचित करता है कि अब पुनर्जन्मके शोधकी क्या आवश्यकता है? और जो संस्कार अत्यन्त अभ्यासके द्वारा उत्पन्न होते हैं वे मुझे बिना किसी परिश्रमके ही प्राप्त हो गये हैं, फिर वहाँ भवशंकाका क्या काम? (पूर्वभवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई है।)

अवधान-प्रयोग, स्पर्शनशक्ति

श्रीमद्जीकी स्मरणशक्ति अत्यन्त तीव्र थी। वे जो कुछ भी एक बार पढ लेते, उन्हे ज्यो का त्यो याद रह जाता था। इस स्मरणशक्तिके कारण वे छोटी अवस्थामे ही अवधान-प्रयोग करने लगे थे। धीरे-धीरे वे सौ अवधान तक पहुँच गये थे। वि० सं० १९४३ मे १९ वर्षकी अवस्थामे उन्होने

१ इस प्रसंगकी चर्चा कच्छके एक वणिक बंधु पदमशीभाई ठाकरशीके पूछनेपर बम्बईमे भूलेश्वरके दि० जैन मन्दिरमे सं० १९४२ में श्रीमद्जीने की।

२ देखिए पं० बनारसीदासजीके 'समता रमता उरधता०' पद्यका विवेचन 'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुजराती) पत्रांक ४०८।

३ आनंदघन चौवीसीके कुछ पद्योका विवेचन उपरोक्त ग्रन्थमे पत्रांक ७५३।

बम्बईकी एक सार्वजनिक सभामे डॉ० पिटर्सनके सभापतित्वमे सौ अवधानोका प्रयोग बनाकर बड़े-बड़े लोगोको आश्चर्यमें डाल दिया था। उस समय उपस्थित जनताने उन्हे 'सुवर्णचन्द्रक' प्रदान किया, साथही 'साक्षात् सरस्वती' के पदसे भी विभूषित किया था। ई० सन् १८८६-८७ मे 'मुंबई समाचार', 'जामे जमशेद', 'गुजराती', 'पायोनियर', 'इण्डियन स्पॅक्टेटर', 'टाइम्स ऑफ इण्डिया', आदि गुजराती एव अंग्रेजी पत्रोमे श्रीमद्जीको अद्भुत शक्तियोके बारेमे भारी प्रशसात्मक लेख छपे थे। शतावधानमे शतरंज खेलते जाना, मालाके दाने गिनते जाना, जोड़, बाकी, गुणा करते जाना, आठ भिन्न-भिन्न समस्याओकी पूर्ति करते जाना, सोलह भाषाओके भिन्न-भिन्न क्रमसेउलटे-सीधे नम्बरों के साथ शब्दोको याद रखकर वाक्य बनाते जाना, दो कोठोमें लिखे हुए उल्टे-सीधे अक्षरोसे कविता करते जाना, कितने ही अलकारोका विचार करते जाना, इत्यादि सौ कामोको एक ही साथ कर सकते थे।

श्रीमद्जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी। उपरोक्त सभामे ही उन्हे भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हे पढकर सुना दिये गये। बादमे उनकी आँखोपर पट्टी बाँधकर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथपर रखे गये उन सब ग्रन्थोके नाम हाथोसे टटोलकर उन्होने बता दिये।

श्रीमद्जीकी इस अद्भुतशक्तिसे प्रभावित होकर उस समयके बम्बई हाइकोर्टके मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सारजटने उन्हे विलायत चलकर अवधान-प्रयोग दिखानेकी इच्छा प्रकट की थी, परन्तु श्रीमद्जीने इसे स्वीकार नही किया। उन्हे कीर्तिकी इच्छा नही थी, बल्कि ऐसी प्रवृत्तियोको आत्मकल्याणके मार्गमे बाधक जानकर फिर उन्होने अवधान-प्रयोग नही किये।

महात्मा गांधीने कहा था—

महात्मा गाधीने उनकी स्मरणशक्ति और आत्मज्ञानसे जो अपूर्व प्रेरणा प्राप्त की वह सक्षेपमें उन्हीके शब्दोमे—

"रायचन्द्रभाईके साथ मेरी भेट जुलाई सन् १८९१ मे उस दिन हुई जब मैं विलायतसे बम्बई वापिस लौटा। इन दिनो समुद्रमे तूफान आया करता है इस कारण जहाज रातको देरीसे पहुँचा। मै डॉक्टर बैरिस्टर, और अब रगूनके प्रख्यात जोहरी प्राणजीवनदास महेताके घर उतरा था। रायचन्द्रभाई उनके बडे भाईके जमाई होते थे। डॉक्टर सा० (प्राणजीवनदास) ने ही परिचय कराया। उनके दूसरे बडे भाई झवेरी रेवाशंकर जगजीवनदासकी पहचान भी उसी दिन हुई। डॉक्टर सा० ने रायचन्दभाईका 'कवि' कहकर परिचय कराया और कहा 'कवि' होते हुए भी आप हमारे साथ व्यापारमे हैं, आप ज्ञानी और शतावधानी हैं। किसीने सूचना की कि मैं उन्हे कुछ शब्द सुनाऊं, और वे शब्द चाहे किसी भी भाषाके हो जिस क्रमसे मैं बोलूँगा उसी क्रमसे वे दुहरा जावेंगे, मुझे यह सुनकर आश्चर्य हुआ। मैं तो उस समय जवान और विलायतसे लौटा था, मुझे भाषाज्ञानका भी अभिमान था। मुझे विलायतकी हवा भी कम नही लगी थी। उन दिनो विलायतसे आया मानो आकाशसे उतरा था। मैंने अपना समस्त ज्ञान उलट दिया और अलग-अलग भाषाओके शब्द पहले तो मैंने लिख लिये, क्योकि मुझे वह क्रम कहाँ याद रहनेवाला था? और बादमे उन शब्दोको मैं बाँच गया। उसी क्रमसे रायचदभाईने धीरेसे एकके बाद एक सब शब्द कह सुनाये। मैं राजी हुआ, चकित हुआ और कविकी स्मरणशक्तिके विषयमे मेरा उच्च विचार हुआ। विला-

यतकी हवाका असर कम पडनेके लिए यह सुन्दर अनुभव हुआ कहा जा सकता है।" ..... कविके साथ यह परिचय बहुत आगे बढा ' ....कवि सस्कारी ज्ञानी थे।

मुझपर तीन पुरुषोने गहरा प्रभाव डाला है—टाल्सटॉय, रस्किन और रायचंदभाई! टाल्सटॉयने अपनी पुस्तको द्वारा और उनके साथ थोडे पत्र-व्यवहारसे, रस्किनने अपनी एक ही पुस्तक 'अन्टु दिस लास्ट' से—जिसका गुजराती नाम मैंने 'सर्वोदय' रखा है, और रायचन्द्रभाईने अपने गाढ परिचयसे। जब मुझे हिन्दूधर्ममे शका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेमें मदद करने वाले रायचन्द्रभाई थे। सन् १८९३ मे दक्षिण अफ्रीकामे मैं कुछ क्रिश्चियन सज्जनोके विशेष सम्पर्क मे आया। उनका जीवन स्वच्छ था। वे चुस्त धर्मात्मा थे। अन्य-धर्मियोको क्रिश्चियन होनेके लिए समझाना उनका मुख्य व्यवसाय था। यद्यपि मेरा और उनका सम्बन्ध व्यावहारिक कार्यको लेकर ही हुआ था, तो भी उन्होने मेरे आत्माके कल्याणके लिये चिन्ता करना शुरू कर दिया। उस समय मैं अपना एक ही कर्तव्य समझ सका कि जब तक मैं हिन्दूधर्मके रहस्यको पूरी तौरसे न जान लूँ और उससे मेरे आत्माको असतोष न हो जाय, तबतक मुझे अपना कुलधर्म कभी नही छोड़ना चाहिये। इसलिये मैंने हिन्दूधर्म और अन्य धर्मोकी पुस्तके पढ़ना शुरू कर दी। क्रिश्चियन और इस्लामधर्मकी पुस्तके पढी। विलायतसे अग्रेज मित्रोके साथ पत्रव्यवहार किया। उनके समक्ष अपनी शकाये रक्खी तथा हिन्दुस्तानमे जिनके ऊपर मुझे कुछ भी श्रद्धा थी उनसे पत्रव्यवहार किया। उनमे रायचन्दभाई मुख्य थे। उनके साथ तो मेरा अच्छा सम्बन्ध हो चुका था, उनके प्रति मान भी था, इसलिए उनसे जो भी मिल सके उसे लेनेका मैंने विचार किया। उसका फल यह हुआ कि मुझे शान्ति मिली। हिन्दूधर्ममे मुझे जो चाहिये वह मिल सकता है, ऐसा मनको विश्वास हुआ। मेरी इस स्थितिके जिम्मेदार रायचन्द्रभाई हुए, इससे मेरा उनके प्रति कितना अधिक मान होना चाहिये इसका पाठक लोग अनुमान कर सकते है।"

इस प्रकार उनके प्रबल आत्मज्ञानके प्रभावके कारण ही महात्मा गांधीको सन्तोष हुआ और उन्होने धर्मपरिवर्तन नही किया।[1]

और भी वर्णन करते हुये गांधीजीने उनके बारेमें लिखा है .

"श्रीमद्राजचन्द्र असाधारण व्यक्ति थे। उनके लेख उनके अनुभवके बिन्दु समान हैं। उन्हे पढ़नेवाले, विचारनेवाले और उसके अनुसार आचरण करनेवालोको मोक्ष सुलभ होवे। उसकी कषाये मन्द पड़े, उसे संसारमे उदासीनता आवे, वह देहका मोह छोड़कर आत्मार्थी बने।

इस परसे वांचक देखेंगे कि श्रीमद्के लेख अधिकारीके लिए उपयोगी है। सभी वांचक उसमे रस नही ले सकते। टीकाकारको उसकी टीकाका कारण मिलेगा परन्तु श्रद्धावान तो उसमेसे रस ही लूटेगा। उनके लेखोमे सत् निथर रहा है, ऐसा मुझे हमेशा भास हुआ है। उन्होने अपना ज्ञान दिखानेके लिए एक भी अक्षर नही लिखा। लिखनेका अभिप्राय वाँचकको अपने आत्मानन्दमे भागीदार बनानेका था। जिसे आत्मक्लेश टालना है, जो अपना कर्तव्य जाननेको उत्सुक है उसे श्रीमद्के लेखोमेसे बहुत मिल जायगा ऐसा मुझे विश्वास है, फिर भले वह हिन्दू हो या अन्य धर्मी।

जो वैराग्य (अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे ?) इस काव्यकी कड़ियोमे झलक रहा

---

१ श्रीमद्जी द्वारा म० गांधीको उनके प्रश्नोके उत्तरमे लिखे गये कुछ पत्र, क्र० ५३०, ५७०, ७१७ 'श्रीमद्राजचन्द्र'—ग्रंथ (गुजराती)

है वह मैंने उनके दो वर्षके गाढ परिचयमे प्रतिक्षण उनमे देखा था। उनके लेखोकी एक असाधारणता यह है कि स्वय जो अनुभव किया वही लिखा है। उसमें कही भी कृत्रिमता नही है। दूसरे पर प्रभाव डालनेके लिये एक पंक्ति भी लिखी हो ऐसा मैने नही देखा ...।

खाते, बैठते, सोते, प्रत्येक क्रिया करते उनमे वैराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगत्के किसी भी वैभवमे उन्हे मोह हुआ हो ऐसा मैने नही देखा।

उनकी चाल धीमी थी, और देखनेवाला भी समझ सकता कि चलते हुये भी ये अपने विचारमें ग्रस्त हैं। आंखोमे चमत्कार था अत्यन्त तेजस्वी, विह्वलता जरा भी नही थी। दृष्टिमे एकाग्रता थी। चेहरा गोलाकार, होठ पतले, नाक नोकदार भी नही चपटी भी नही, शरीर इकहरा, कद मध्यम, वर्ण श्याम, देखाव शात मूर्तिका-सा था। उनके कण्ठमे इतना अधिक माधुर्य था कि उन्हे सुनते हुए मनुष्य थके नही। चेहरा हँसमुख और प्रफुल्लित था, जिसपर अन्तरानन्दकी छाया थी। भाषा इतनी परिपूर्ण थी कि उन्हे अपने विचार प्रगट करनेके लिये कभी शब्द ढूँढना पडा है, ऐसा मुझे याद नही। पत्र लिखने बैठे उस समय कदाचित् ही मैने उन्हे शब्द बदलते देखा होगा, फिर भी पढनेवालेको ऐसा नही लगेगा कि कही भी विचार अपूर्ण है या वाक्य-रचना खडित है, अथवा शब्दोके चुनावमे कमी है।

यह वर्णन सयमीमे सभवित है। बाह्याडम्बरसे मनुष्य वीतरागी नही हो सकता। वीतरागता आत्माकी प्रसादी है। अनेक जन्मके प्रयत्नसे वह प्राप्त होती है और प्रत्येक मनुष्य उसका अनुभव कर सकता है। रागभावको दूर करनेका पुरुषार्थ करनेवाला जानता है कि रागरहित होना कितना कठिन है। यह रागरहित दशा कवि (श्रीमद्) को स्वाभाविक थी, ऐसी मेरे ऊपर छाप पड़ी थी।

मोक्ष की प्रथम पैड़ी वीतरागता है। जबतक मन जगत्को किसी भी वस्तुमे फँसा हुआ है तबतक उसे मोक्षकी बात कैसे रुचे? और यदि रुचे तो वह केवल कानको ही—अर्थात् जैसे हम लोगोको अर्थ जाने या समझे बिना किसी संगीतका स्वर रुच जाय वैसे। मात्र ऐसी कर्णप्रिय क्रीड़ामेसे मोक्षका अनुसरण करनेवाले आचरण तक आनेमे तो बहुत समय निकल जाय! अंतरंग वैराग्यके बिना मोक्षकी लगन नही होती। वैराग्यका तीव्र भाव कविमे था।

" व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैंने कविमे देखा उतना किसी अन्यमे नही देखा।"

गृहस्थाश्रम

सं० १९४४ माघ सुदी १२ को १९ वर्षकी आयुमे उनका पाणिग्रहणसस्कार, गांधीजीके परममित्र स्व० रेवाशकर जगजीवनदास महेताके बडे भाई पोपटलालकी पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमें दूसरोकी 'इच्छा' और 'अत्यन्त-आग्रह' ही कारणरूप प्रतीत होते हैं[1]। पूर्वोपार्जित कर्मोका भोग समझकर ही उन्होने गृहस्थाश्रममे प्रवेश किया, परन्तु इससे भी दिन-पर-दिन उनकी उदासीनता और वैराग्यका बल बढ़ता ही गया। आत्मकल्याणके इच्छुक तत्त्वज्ञानी पुरुषके लिए विषम परिस्थितियां भी अनुकूल बन जाती है, अर्थात् विषमतामे उनका पुरुषार्थ और भी अधिक निखर उठता है। ऐसे ही महात्मा पुरुष दूसरोके लिये भी मार्ग प्रकाशक—दीपकका कार्य करते है।

---

१ देखिये—'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र क्र० ३०

श्रीमद्‌जी गृहस्थाश्रममे रहते हुए भी अत्यन्त उदासीन थे। उनकी दशा, छहढालाकार प० दौलतरामजीके शब्दोमे 'गेही पै, गृहमे न रचै ज्यौं जलतैं भिन्न कमल है'—जैसी निर्लेप थी। उनकी इस अवस्थामे भी यही मान्यता रही कि "कुटुम्बरूपी काजलकी कोठडीमे निवास करनेसे ससार वढता है। उसका कितना भी सुधार करो तो भी एकान्तवाससे जितना ससारका क्षय हो सकता है उसका शतांश भी उस काजलकी कोठड़ीमे रहनेसे नही हो सकता, क्योकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनेका पर्वत है[1]।" फिर भी इस प्रतिकूलतामे वे अपने परिणामोंकी पूरी सँभाल रखकर चले। यहाँ उनके अन्तरके भाव एक मुमुक्षुको लिखे गये पत्रमे इस प्रकार व्यक्त हुए हैं—'ससार स्पष्ट प्रीतिसे करनेकी इच्छा होती हो तो उस पुरुषने ज्ञानीके वचन सुने नही अथवा ज्ञानीके दर्शन भी उसने किये नही ऐसा तीर्थंकर कहते है।' 'ज्ञानी पुरुषके वचन सुननेके बाद स्त्रीका सजीवन शरीर अजीवनरूप भास्यमान हुए बिना रहे नही[2]।' इससे स्पष्ट प्रगट होता है कि वे अत्यन्त वैरागी महापुरुष थे।

सफल व्यापारी

व्यापारिक झझट और धर्मसाधनाका मेल प्राय कम बैठता है, परन्तु आपका धर्म—आत्म-चिन्तन तो साथमे ही चलता था। वे कहते थे कि धर्मका पालन कुछ एकादशीके दिन ही, पर्यूषणमे ही अथवा मन्दिरो में ही हो और दुकान या दरवारमे न हो ऐसा कोई नियम नही, वल्कि ऐसा कहना धर्मतत्त्वको न पहचाननेके तुल्य है। श्रीमद्‌जीके पास दुकान पर कोई न कोई धार्मिक पुस्तक और दैनन्दिनी (डायरी) अवश्य होती थी। व्यापारकी बात पूरी होते ही फौरन धार्मिक पुस्तक खुलती या फिर उनकी वह डायरी कि जिसमे कुछ न कुछ मनके विचार वे लिखते ही रहते थे। उनके लेखोका जो सग्रह प्रकाशित हुआ है उसका अधिकाश भाग उनकी नोधपोथीमेसे लिया गया है।

श्रीमद्‌जी सर्वाधिक विश्वासपात्र व्यापारीके रूपमे प्रसिद्ध थे। वे अपने प्रत्येक व्यवहारमें सम्पूर्ण प्रामाणिक थे। इतना बडा व्यापारिक काम करते हुए भी उसमे उनकी आसक्ति नही थी। वे बहुत ही सन्तोषी थे। रहन-सहन पहरवेश सादा रखते थे। धनको तो वे 'उच्च प्रकारके ककर'[3] मात्र समझते थे।

एक अरव व्यापारी अपने छोटे भाईके साथ बम्बईमे मोतियोकी आढतका काम करता था। एक दिन छोटे भाईने सोचा कि मै भी अपने वडे भाईकी तरह मोतीका व्यापार करूँ। वह परदेशसे आया हुआ माल लेकर बाजारमे गया। वहाँ जाने पर एक दलाल उसे श्रीमद्‌जीकी दुकानपर लेकर पहुँचा। श्रीमद्‌जीने माल अच्छी तरह परखकर देखा और उसके कहे अनुसार रकम चुकाकर ज्योंका त्यों माल एक ओर उठाकर रख दिया। उधर घर पहुँचकर बड़े भाईके आनेपर छोटे भाईने व्यापारकी वात कह सुनाई। अव जिस व्यापारीका वह माल था उसका पत्र इस अरव व्यापारीके पास उसी दिन आया था कि अमुक भावसे नीचे माल मत बेचना। जो भाव उसने लिखा था वह चालू बाजार-भावसे बहुत ही ऊँचा था। अव यह व्यापारी तो घबरा गया क्योकि इसे इस सौदेमे

१ 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र क्र० १०३
२. 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र क्र० ४५८
३ 'ऊँची जातना कांकरा'

बहुत अधिक नुकसान था। वह क्रोधमे आकर बोल उठा—'अरे! तूने यह क्या किया? मुझे तो दिवाला ही निकालना पडेगा!'

अरब-व्यापारी हाँफता हुआ श्रीमद्जीके पास दौड़ा हुआ आया और उस व्यापारीका पत्र पढवाकर कहा—'साहब, मुझ पर दया करो, वरना मैं गरीब आदमी बरबाद हो जाऊँगा।' श्रीमद्जीने एक ओर ज्यों का त्यों बँधा हुआ माल दिखाकर कहा—'भाई, तुम्हारा माल यह रक्खा है। तुम खुशीसे ले जाओ।' यों कहकर उस व्यापारीका माल उसे दे दिया और अपने पैसे ले लिये। मानो कोई सौदा किया ही नही था, ऐसा सोचकर हजारोके लाभकी भी कोई परवाह नही की। अरब-व्यापारी उनका उपकार मानता हुआ अपने घर चला गया। यह अरब व्यापारी श्रीमद्को खुदाके पैगम्बरके समान मानने लगा।

व्यापारिक नियमानुसार सौदा निश्चित हो चुकने पर वह व्यापारी माल वापिस लेनेका अधिकारी नही था, परन्तु श्रीमद्जीका हृदय यह नही चाहता था कि किसीको उनके द्वारा हानि हो। सचमुच महात्माओका जीवन उनकी कृतिमे व्यक्त होता ही है।

इसी प्रकारका एक दूसरा प्रसग उनके करुणामय और निस्पृही जीवनका ज्वलन्त उदाहरण है.

एक वार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्जीने हीरोका सौदा किया। इसमे ऐसा तय हुआ कि अमुक समयमे निश्चित किये हुए भावसे वह व्यापारी श्रीमद्को अमुक हीरे दे। इस विषयकी चिट्ठी भी व्यापारीने लिख दी थी। परन्तु हुआ ऐसा कि मुद्दतके समय उन हीरोकी कीमत बहुत अधिक बढ गई। यदि व्यापारी चिट्ठीके अनुसार श्रीमद्को हीरे दे, तो उस बेचारेको बडा भारी नुकसान सहन करना पड़े, अपनी सभी सम्पत्ति बेच देनी पड़े! अब क्या हो?

इधर जिस समय श्रीमद्जीको हीरोका बाजार-भाव मालूम हुआ, उस समय वे शीघ्र ही उस व्यापारीकी दुकानपर जा पहुँचे। श्रीमद्जीको अपनी दुकानपर आये देखकर व्यापारी घबराहटमे पड़ गया। वह गिडगिड़ाते हुए बोला—'रायचंदभाई, हम लोगोके बीच हुए सौदेके सम्बन्धमे मैं खूब ही चिन्तामे पड़ गया हूँ। मेरा जो कुछ होना हो वह भले हो, परन्तु आप विश्वास रखना कि मैं आपको आजके बाजार-भावसे सौदा चुका दूँगा। आप जरा भी चिन्ता न करें।'

यह सुनकर राजचन्द्रजी करुणाभरी आवाजमे बोले: "वाह! भाई, वाह! मैं चिन्ता क्यो न करूँ? तुमको सौदेकी चिन्ता होती हो तो मुझे चिन्ता क्यों न होनी चाहिये? परन्तु हम दोनोकी चिन्ताका मूल कारण यह चिट्ठी ही है न? यदि इसको ही फाड़कर फेंक दें तो हम दोनोकी चिन्ता मिट जायगी।"

यो कहकर श्रीमद् राजचन्द्रने सहजभावसे वह दस्तावेज फाड़ डाला। तत्पश्चात् श्रीमद्जी बोले "भाई इस चिट्ठीके कारण तुम्हारे हाथपाँव बँधे हुए थे। बाजारभाव बढ़ जानेसे तुमसे मेरे साठ सत्तर हजार रुपये लेना निकलते हैं, परन्तु मै तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इतने अधिक रुपये मै तुमसे लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नही!"

वह व्यापारी कृतज्ञ-भावसे श्रीमद्की ओर स्तब्ध होकर देखता ही रहा।

भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्जीका ज्योतिष-सम्बन्धी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुडली, वर्षफल एव अन्य चिह्न देखकर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्रीजूठाभाई (एम मुमुक्षु) के मरणके बारेमे उन्होने २।

मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था[1]। एक बार सं० १९५५ की चैत्र वदी ८ को मोरवीमे दोपहरके ४ बजे पूर्वदिशाके आकाशमे काले बादल देखे और उन्हे दुष्काल पडनेका निमित्त जानकर उन्होने कहा कि 'ऋतुको सन्निपात हुआ है।' इस वर्ष १९५५ का चौमासा कोरा रहा—वर्षा नही हुई और १९५६ मे भयकर दुष्काल पड़ा। वे दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

कवि-लेखक

श्रीमद्‌जीमे, अपने विचारोकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमे करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होने सामाजिक रचनाओंमे—'स्त्रीनीतिबोधक', 'सद्‌बोधशतक', 'आर्य प्रजानी पडती', 'हुन्नरकला वधारवा विषे', 'सद्‌गुण, सुनीति, सत्यविषे' आदि अनेक रचनाएँ केवल ८ वर्षकी वयमे लिखी थी, जिनका एक सग्रह प्रकाशित हुआ है। ९ वर्षकी आयुमे उन्होने रामायण और महाभारतकी भी पद्य-रचना की थी जो प्राप्त नही हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमे उनकी अनेक रचनाएँ है। प्रमुखरूपसे 'आत्मसिद्धि' (१४२ दोहे) 'अमूल्य तत्त्वविचार', 'भक्तिना वीस दोहरा', 'ज्ञानमीमासा', 'परमपदप्राप्तिनी भावना' (अपूर्व अवसर) 'मूळमार्ग रहस्य', 'जिनवाणीनी स्तुति', 'बारह भावना' और 'तृष्णानी विचित्रता' है। अन्य भी बहुत-सी रचनाएँ है, जो भिन्न-भिन्न वर्षोमे लिखी है।

'आत्मसिद्धि'—शास्त्रकी रचना तो आपने मात्र डेढ घंटेमे, श्री सौभागभाई, डूगरभाई आदि मुमुक्षुओके हितार्थ नडियादमे आश्विन वदी १ (गुजराती) गुरुवार, स० १९५२ को २९ वें वर्षमे लिखी थी। यह एक, निस्सदेह धर्ममार्गकी प्राप्तिमे प्रकाशरूप अद्भुत रचना है। अग्रेजीमे भी इसके गद्य-पद्यात्मक अनुवाद प्रकट हो चुके है[2]।

गद्य-लेखनमे श्रीमद्‌जीने 'पुष्पमाला', 'भावनाबोध' और 'मोक्षमाला' की रचना की। यह सभी सामग्री पठनीय-विचारणीय है। 'मोक्षमाला' उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है, जिसे उन्होने केवल १६ वर्ष ५ मासकी आयुमे मात्र ३ दिनमे लिखी थी। इसमे १०८ पाठ है। कथनका प्रकार विशाल और तत्त्वपूर्ण है।

उनकी अर्थ करनेकी शक्ति भी बडी गहन थी। भगवत्कुन्द-कुन्दाचार्यके 'पचास्तिकाय'-ग्रन्थकी मूल गाथाओका उन्होंने अविकल गुजराती अनुवाद किया है[3]।

सहिष्णुता

विरोधमे भी सहनशील होना महापुरुषोका स्वाभाविक गुण है। यह बात यहाँ घटित होती है। जैन समाजके कुछ लोगोने उनका प्रबल विरोध किया, निन्दा की, फिर भी वे अटल शात और मौन रहे। उन्होने एक बार कहा था - 'दुनिया तो सदा ऐसी ही है। ज्ञानियोको, जीवित हो तब

१. देखिये—दैनिक नोधसे लिया गया कथन, पत्र क्र० ११६, ११७ ('श्रीमद्‌राजचन्द्र' गुजराती)।

२ 'आत्मसिद्धि' के अग्रेजी अनुवादमें Atmasiddhi, Self Realization, और Self Fulfilment प्रकट हुए है। संस्कृत-छाया भी छपी है।

३. देखिये—'श्रीमद्‌राजचन्द्र' गुज० पत्राक ७६६। उनकी सभी प्रमुख—सामग्रीका सकलन 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' ग्रन्थमें किया गया है।

और परमात्मा नही, यह यहाँ तक कि ज्ञानीके सिर पर लाठियोंको मार पडे वह भी कम, और ज्ञानीके चरणोंके बाद उनके नामके पत्थरको भी पूजे।'

एकान्तचर्या

मोहमयी (बम्बई) नगरीके व्यावहारिक काम करते हुए भी श्रीमद्‌जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे। यह उनका प्रमुख और अनिवार्य कार्य था। उद्योग-रत जीवनमें शांत और स्वस्थ चित्तसे रहना। आत्म-साधना करना उनके लिये सहज हो चला था, फिर भी बीच-बीचमें विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान, जंगल या पर्वतोंमें पहुँच जाते थे। वे किसी भी स्थानपर बहुत गुप्त-रूपसे जाते थे। वे नही चाहते थे कि किसीके परिचयमें आया जाय, फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नही पाती थी। अनेक जिज्ञासु-स्वपर उनका उपदेश, धर्मवचन सुननेकी इच्छासे पीछे-पीछे कही भी पहुँच ही जाते थे और सत्समागमका लाभ प्राप्त कर लेते थे। गुजरातके चरोतर, ईडर आदि प्रदेशोंमें तथा सौराष्ट्र क्षेत्रके अनेक शान्तस्थलोंमें उनका गमन हुआ। आपके समागमका विशेष लाभ जिन्हें मिला उनमें मुनिश्री लल्लुजी (श्रीमद्‌लघुराजस्वामी), मुनिश्री देवकरणजी तथा सायलाके श्री सौभागभाई, अम्बालालभाई (खंभात), जूठाभाई (अहमदाबाद) एवं डूंगरभाई मुख्य थे।

एक बार श्रीमद्‌जी सं० १९५५ में जब कुछ दिन ईडरमें रहे तब उन्होंने डॉ० प्राणजीवन-दास महेता (जो उस समय ईडर स्टेटके चीफ मेडिकल ऑफीसर थे और सम्बन्धकी दृष्टिसे उनके ज्येष्ठ भाई होते थे) से कह दिया था कि उनके आनेकी किसीको खबर न हो। उस समय वे नगरमें केवल भोजन लेने जितने समयके लिए ही रुकते, शेष समय ईडरके पहाड और जंगलोंमें बिताते।

मुनिश्री लल्लुजी, श्रीमोहनलालजी तथा श्री नरसीरखको उनके वहाँ पहुँचनेके समाचार मिल गये। वे शीघ्रतासे ईडर पहुँचे। श्रीमद्‌जीको उनके आगमनका समाचार मिला। उन्होंने कहलवा दिया कि मुनिश्री बाहर से बाहर जंगलमे पहुँचें—यहाँ न आवें। साधुगण जंगलमे चले गये। बादमे श्रीमद्‌जी भी वहाँ पहुँचे। उन्होंने मुनिश्री लल्लुजीसे एकांतमे अचानक ईडर आनेका कारण पूछा। मुनिश्रीने उत्तर मे कहा कि 'हम लोग अहमदाबाद या खंभात जानेवाले थे, यहाँ निवृत्ति क्षेत्रसे आपके समागममें विशेष लाभकी इच्छासे इस ओर चले आये। मुनि देवकरणजी भी पीछे आते हैं।' इस पर श्रीमद्‌जीने कहा—'आप लोग कल यहाँसे विहार कर जावें, देवकरणजीको भी हम समाचार भिजवा देते हैं वे भी अन्यत्र विहार कर जावेंगे। हम यहाँ गुप्तरूपसे रहते हैं—किसीके परिचयमें आनेकी इच्छा नही है।'

श्री लल्लुजी मुनिने नम्र-निवेदन किया—'आपकी आज्ञानुसार हम चले जावेंगे परन्तु मोहनलालजी और नरसीरख मुनियोंको आपके दर्शन नही हुये हैं, आप आज्ञा करें तो एक दिन रुककर चले जावें।' श्रीमद्‌जीने इसकी स्वीकृति दी। दूसरे दिन मुनियोंने देखा कि जंगलमे आम्रवृक्षके नीचे श्रीमद्‌जी प्राकृतभाषाकी *गाथाओंका तन्मय होकर उच्चारण कर रहे हैं। उनके पहुँचनेपर भी

---

* १ मा मुज्झह मा रज्जह मा दुस्सह इठ्ठणिट्ठअत्थेसु।
थिरमिच्छह जइ चित्त विचित्तझाणप्पसिद्धीए ॥४८॥

आधा घण्टे तक वे गाथाये बोलते ही रहे और ध्यानस्थ हो गए। यह वातावरण देखकर मुनिगण आत्मविभोर हो उठे। थोडी देर बाद श्रीमद्जी ध्यानसे उठे और 'विचारना' इतना कहकर चलते बने। मुनियोंने विचारा कि लघुशकादि निवृत्तिके लिए जाते होगे परन्तु वे तो निस्पृहरूपसे चले ही गये। थोड़ी देर इधर-उधर ढूँढकर मुनिगण उपाश्रयमे आ गये।

उसी दिन शामको मुनि देवकरणजी भी वहाँ पहुँच गये। सभीको श्रीमद्जीने पहाड़के ऊपर स्थित दिगम्बर, श्वेताम्बर मन्दिरोके दर्शन करनेकी आज्ञा दी। वीतराग-जिनप्रतिमाके दर्शनोसे मुनियोको परम उल्लास जाग्रत हुआ। इसके पश्चात् तीन दिन और भी श्रीमद्जीके सत्समागमका लाभ उन्होने उठाया, जिसमे श्रीमद्जीने उन्हे 'द्रव्यसग्रह' और 'आत्मानुशासन'—ग्रन्थ पूरे पढ़कर स्वाध्यायके रूपमे सुनाये एव अन्य भी कल्याणकारी बोध दिया।

अत्यन्त जाग्रत आत्मा ही परमात्मा बनता है, परम वीतरागदशाको प्राप्त होता है। इन्ही अन्तरभावोके साथ आत्मस्वरूपकी ओर लक्ष्य कराते हुए एक बार श्रीमद्जीने अहमदाबादमे मुनिश्री लल्लुजी [पू० लघुराजस्वामी] तथा श्रीदेवकरणजीको कहा था कि 'हममे और वीतरागमें भेद गिनना नही, हममे और श्री महावीर भगवानमे कुछ भी अन्तर नही, केवल इस कुर्तेका फेर है।'

मत-मतान्तरके आग्रहसे दूर

उनका कहना था कि मत-मतान्तरके आग्रहसे दूर रहने पर ही जीवनमे रागद्वेषसे रहित हुआ जा सकता है। मतोके आग्रहसे निज स्वभावरूप आत्मधर्मकी प्राप्ति नही हो सकती। किसी भी जाति या वेषके साथ भी धर्मका सम्बन्ध नही।

"जाति वेषनो भेद नहि, कह्यो मार्ग जो होय।
साधे ते मुक्ति लहे, एमां भेद न कोय॥" (आत्मसिद्धि १०७)

—जो मोक्षका मार्ग कहा गया है वह हो तो किसी भी जाति या वेषसे मोक्ष होवे, इसमे कुछ भेद नही है। जो साधना करे वह मुक्तिपद पावे।

आपने लिखा है—"मूलतत्त्वमे कही भी भेद नही है। मात्र दृष्टिका भेद है ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धर्ममे प्रवृत्ति करना।" (पुष्पमाला १४, पृ० ४)

"तू चाहे जिस धर्मको मानता हो इसका मुझे पक्षपात नही, मात्र कहनेका तात्पर्य यही कि जिस मार्गसे ससारमलका नाश हो उस भक्ति, उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर"। (पु० मा० १५, पृ० ४)

"दुनिया मतभेदके बधनसे तत्त्व नही पा सकी!" (पत्र क्र० २७)

---

२ जं किंचि वि चिंततो णिरीहवित्ती हवे जदा साहू।
लद्धूणय एयत्त तदाहु तं णिच्चय ज्झाण॥ ५५॥

३. मा चिट्ठह मा जपह मा चितह किं वि जेण होइ थिरो।
अप्पा अप्पम्मि रओ इणमेव परं हवे ज्झाणं॥ ५६॥ (द्रव्यसंग्रह)

—श्रीमद्जीने यह 'बृहद्द्रव्यसंग्रह'-ग्रन्थ ईडरके दि० जैन शास्त्र भण्डारमेसे स्वयं निकलवाया था।

१. देखिए इसीप्रकारके विचार—पक्षपातो न मे वीरे न द्वेषः कपिलादिषु।
युक्तिमद्वचन यस्य तस्य कार्यः परिग्रहः॥ (हरिभद्रसूरि)

उन्होने प्रीतम, अखा, छोटम, कबीर, सुन्दरदास, सहजानन्द, मुक्तानन्द, नरसिंह महेता आदि सन्तोको वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हे मार्गानुसारी जीव (तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा) कहा है। इसलिए एक जगह उन्होने अत्यन्त मध्यस्थतापूर्वक आध्यात्मिक-दृष्टि प्रकट की है कि 'मै किसी गच्छमे नही, परन्तु आत्मामे हूँ।'

एक पत्रमे आपने दर्शाया है—"जब हम जैनशास्त्रोको पढनेके लिए कहे तब जैनी होनेके लिए नही कहते; जब वेदान्तशास्त्र पढनेके लिए कहे तो वेदान्ती होनेके लिए नही कहते। इसी-प्रकार अन्य शास्त्रोको बांचनेके लिए कहे तब अन्य होनेके लिए नही कहते। जो कहते है वह केवल तुम सब लोगोको उपदेश-ग्रहणके लिए ही कहते हैं। जैन और वेदान्ती आदिके भेदका त्याग करो। आत्मा वैसा नही है[1]।"

फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होने निर्ग्रन्थशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है[2]। अहो! सर्वोत्कृष्ट शांतरसमय सन्मार्ग, अहो! उस सर्वोत्कृष्ट शातरसप्रधान मार्गके मूल सर्वज्ञदेव, अहो! उस सर्वोत्कृष्ट शातरसकी सुप्रतीति करानेवाले परमकृपालु सद्गुरुदेव—इस विश्वमे सर्वकाल तुम जयवंत वर्तो, जयवत वर्तो[3]।'

दिनोदिन और क्षण-क्षण उनकी वैराग्यवृत्ति वर्धमान हो चली। चैतन्यपुज निखर उठा। वीतराग-मार्गकी अविरल उपासना उनका ध्येय बन गई। वे बढते गये और सहजभावसे कहते गये—"जहाँ-तहाँसे रागद्वेषसे रहित होना ही मेरा धर्म है[4]।"

निर्मल सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिमे उनके उद्गार इस प्रकार निकले है—

ओगणीससे ने सुडतालीसे,
समकित शुद्ध प्रकाश्युं रे,
श्रुत अनुभव वधती दशा,
निज स्वरूप अवभास्यु रे।
धन्य रे दिवस आ अहो!
(हा० नो० १।६३ क्र० ३२)

सोल्लास उपकार-प्रकटन।

"हे सर्वोत्कृष्ट सुखके हेतुभूत सम्यग्दर्शन! तुझे अत्यन्त भक्तिपूर्वक नमस्कार हो। इस अनादि अनन्त ससारमें अनन्त अनन्त जीव तेरे आश्रय विना अनन्त अनत दु ख अनुभवते हैं। तेरे परमा-नुग्रहसे स्वस्वरूपमे रुचि हुई। परमवीतराग स्वभावके प्रति परम निश्चय आया। कृतकृत्य होनेका मार्ग ग्रहण हुआ।

हे जिन वीतराग! तुम्हे अत्यन्त भक्तिसे नमस्कार करता हूँ। तुमने इस पामरपर अनंत अनन्त उपकार किया है।

---

१. 'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुज०) पत्र क्र० २५८।

२. 'श्रीमद्राजचन्द्र' शिक्षापाठ ९५ (तत्त्वावबोध १४) तथा पत्र क्र० ५९६।

३. हाथनोंध ३।५२ क्रम २३ 'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुज०)।

४ पत्र क्र० ३७ 'श्रीमद्राजचन्द्र'।

हे कुन्दकुन्दादि आचार्यो ! तुम्हारे वचन भी स्वरूपानुसंधानमे इस पामरको परम उपकारभूत हुए है। इसके लिए मैं तुम्हे अतिशय भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

हे श्री सोभाग ! तेरे सत्समागमके अनुग्रहसे आत्मदशाका स्मरण हुआ। अत. तुझे नमस्कार करता हूँ।" (हा नो. २।४५ क्र० २०)

परमनिवृत्तिरूप कामना । चिंतना—

उनका अन्तरङ्ग, गृहस्थावास-व्यापारादि कार्यसे छूटकर सर्वसंगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिए छटपटाने लगा। उनका यह अन्तरआशय उनकी 'हाथनोंध' परसे स्पष्ट प्रकट होता है—

"हे जीव ! असारभूत लगनवाले ऐसे इस व्यवसायसे अब निवृत्त हो, निवृत्त ! उस व्यवसाय-के करनेमे चाहे जितना बलवान प्रारब्धोदय दीखता हो तो भी उससे निवृत्त हो, निवृत्त ! जो कि श्रीसर्वज्ञने कहा है कि चौदहवे गुणस्थानवर्ती जीव भी प्रारब्ध भोगे बिना मुक्त नही हो सकता, फिर भी तू उस उदयके आश्रयरूप होनेसे अपना दोष जानकर उसका अत्यन्त तीव्ररूपमे विचारकर उससे निवृत्त हो, निवृत्त ! (हा० नो० १।१०१ क्र० ४४)

"हे जीव ! अब तू संग-निवृत्तिरूप कालकी प्रतिज्ञा कर, प्रतिज्ञा कर ! केवलसंगनिवृत्तिरूप प्रतिज्ञाका विशेष अवकाश दिखाई न दे तो अंशसंगनिवृत्तिरूप इस व्यवसायका त्याग कर ! जिस ज्ञानदशामे त्यागात्याग कुछ सम्भावित नही उस ज्ञानदशाकी सिद्धि है जिसमे ऐसा तू, सर्वसंगत्याग दशा अल्पकाल भी भोगेगा तो सम्पूर्ण जगत प्रसंगमे वर्तते हुए भी तुझे बाधा नही होगी, ऐसा होते हुए भी सर्वज्ञने निवृत्तिको ही प्रशस्त कहा है, कारण कि ऋषभादि सर्व परमपुरुषोने अन्तमे ऐसा ही किया है।" (हा नो १ । १०२ क्र० ४५)

"राग, द्वेष और अज्ञानका आत्यंतिक अभाव करके जो सहज शुद्ध आत्मस्वरूपमें स्थित हुए वही स्वरूप हमारे स्मरण, ध्यान और प्राप्त करने योग्य स्थान है।" (हा. नो. २ । ३ क्र० १)

"सर्व परभाव और विभावसे व्यावृत्त, निज स्वभावके भान सहित, अवधूतवत्-विदेहीवत् जिनकल्पीवत् विचरते पुरुष भगवानके स्वरूपका ध्यान करते हैं।" (हा नो ३।३७ क्र० १४)

"मै एक हूँ, असंग हूँ, सर्व परभावसे मुक्त हूँ, असंख्यप्रदेशात्मक निजअवगाहनाप्रमाण हूँ। अजन्म, अजर, अमर, शाश्वत हूँ। स्वपर्यायपरिणामी समयात्मक हूँ। शुद्ध चैतन्यमात्र निर्विकल्प दृष्टा हूँ। (हा नो ३ । २९ क्र० ११)

"मै परमशुद्ध, अखड चिद्धातु हूँ, अचिद्धातुके संयोगरसका यह आभास तो देखो ! आश्चर्य-वत्, आश्चर्य रूप, घटना है। कुछ भी अन्य विकल्पका अवकाश नही, स्थिति भी ऐसी ही है।" (हा नो. २ । ३७ क्र० १७)

इसप्रकार अपनी आत्मदशाको सँभालकर वे बढ़ते रहे। आपने स० १९५६ मे व्यवहार सम्बन्धी सर्व उपाधिसे निवृत्ति लेकर सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी अपनी माताजीसे आज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगडता गया। उदय बलवान है। शरीरको रोगने आ घेरा। अनेक उपचार करनेपर भी स्वास्थ्य ठीक नही हुआ। इसी विवशतामे उनके हृदयकी गंभीरता बोल उठी . "अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था, वहाँ बीचमे सेहराका मरुस्थल आ गया। सिरपर बहुत बोझ था उसे आत्मवीर्यसे जिसप्रकार अल्पकालमे सहन कर लिया

जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप है वह अन्यथा नही होता यही अद्‌भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है[1]।"

अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौडसे घटकर मात्र ४३ पौड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नही था। देहत्यागके पहले दिन शामको आपने छोटे भाई मनसुखराम आदिसे कहा—"तुम निश्चित रहना, यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होगा, तुम शान्ति और समाधिरूपसे प्रवर्तना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकती थी, वह कहनेका समय नही। तुम पुरुषार्थ करना।" रात्रिको २॥ बजे वे फिर बोले—'निश्चित रहना, भाईका समाधिमरण है। और अवसानके दिन प्रात पौने नौ बजे कहा : 'मनसुख, दुखी न होना, मैं अपने आत्मस्वरूपमे लीन होता हूँ।' और अन्तमे उस दिन स० १९५७ चैत्र वदी ५ (गुज०) मगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटमे उनका आत्मा इस नश्वर देहको छोडकर चला गया। भारतभूमि एक अनुपम तत्वज्ञानी सन्तको खो बैठी।

उनके देहावसानके समाचार सुनकर मुमुक्षुओके चित्त उदास हो गये। वसत मुरझा गया। निस्सदेह श्रीमद्‌जी विश्वकी एक महान् विभूति थे। उनका वीतरागमार्ग-प्रकाशक अनुपम वचनामृत आज भी जीवनको अमरत्व प्रदान करनेके लिए विद्यमान है। धर्मजिज्ञासु बन्धु उनके वचनोका लाभ उठावे।

श्री लघुराजस्वामी (प्रभुश्री) ने उनके प्रति अपना हृदयोद्‌गार इन शब्दोमे प्रगट किया है : "अपरमार्थमे परमार्थके दृढ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभुलैयाके प्रसग दिखाकर इस दासके दोष दूर करनेमे इन आप्त पुरुषका परम सत्सग तथा उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने हैं।" "सजीवनी औषध समान मृतको जीवित करे ऐसे उनके प्रबल पुरुषार्थ जागृत करनेवाले वचनोका माहात्म्य विशेष विशेष भास्यमान होनेके साथ ठेठ मोक्षमे ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उसके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है, वे इस दुषम कलिकालमे आश्चर्यकारी अवलंबन हैं।" "परम माहात्म्यवत सद्‌गुरु श्रीमद्‌राजचन्द्र देवके वचनोमे तल्लीनता, श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई है, या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमे मोक्ष पाने योग्य है।[2]

उनकी स्मृतिमे शास्त्रमालाकी स्थापना

स० १९५६ मे [3]सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमे श्रीमद्‌जीने परमश्रुतप्रभावकमण्डलकी स्थापना की थी। उसीके तत्त्वाववानमे उनकी स्मृतिस्वरूप श्रीराजचन्द्र जैन शास्त्रमालाकी स्थापना हुई। जिसकी ओरसे अब तक समयसार, प्रवचनसार, गोम्मटसार, स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा, परमात्मप्रकाश और योगसार, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, इष्टोपदेश, प्रशमरतिप्रकरण, न्यायावतार,

---

१ 'श्रीमद् राजचन्द्र' (गुज०) पत्र क्र० ९५१।

२. 'श्रीसद्‌गुरुप्रसाद' पृ० २, ३।

३ श्रीमद्‌जीद्वारा निर्देशित सत्श्रुतरूप ग्रन्थोकी सूचीके लिये देखिए, 'श्रीमद्‌राजचन्द्र'—ग्रन्थ (गुज०) उपदेशनोध क्र० १५।

स्याद्वादमञ्जरी, अष्टप्राभृत, सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र, ज्ञानार्णव, बृहद्द्रव्यसग्रह, पचास्तिकाय, लब्धिसार—क्षपणासार, द्रव्यानुयोगतर्कणा, सप्तभगीतरंगिणी, उपदेशछाया और आत्मसिद्धि, भावना-बोध, श्रीमद्राजचन्द्र आदि ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके है। वर्तमानमे संस्थाके प्रकाशनका सब काम अगाससे ही होता है। विक्रयकेन्द्र बम्बईमे भी पूर्वस्थानपर ही है। श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगाससे गुजराती भाषामे अन्य भी उपयोगी ग्रन्थ छपे है।

वर्तमानमे निम्नलिखित स्थानोपर श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम व मन्दिर आदि सस्थाएँ स्थापित है, जहाँ पर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्मकल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते है। वे स्थान है—अगास, ववाणिया, राजकोट, वड़वा, खंभात, काविठा, सोमरडा, भादरण, नार, सुणाव, नरोड़ा, सडोदरा, धामण, अहमदाबाद, ईडर, सुरेन्द्रनगर, वसो, वटामण, उत्तरसडा, बोरसद, आहोर (राज०) हम्पो (दक्षिण भारत), इन्दौर (म० प्र०); बम्बई—घाटकोपर, देवलाली तथा मोम्बासा (अफ्रिका)।

अन्तमे, वीतराग-विज्ञानके निधान तीर्थंकरादि महापुरुषो द्वारा उपदिष्ट सर्वोपरि-आत्म-धर्मका अविरल प्रवाह जन-जनके अन्तरमे प्रवाहित हो, यही भावना है।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
स्टे० अगास, पो० बोरिया
वाया आणंद (गुजरात)

—बाबूलाल सिद्धसेन जैन

विषय-सूची

संयममार्गणा अधिकार–१३

(८)

दर्शनमार्गणा अधिकार–१४

(९)

लेश्यामार्गणा अधिकार–१५

(१०)

भव्यमार्गणा अधिकार–१६

(११)

सम्यक्त्वमार्गणा अधिकार–१७

(१२)

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५	८	परूपणा	परूवणा
१०	२२	एते	एंदे
१२	२३	उपशामकेपु	उपशामकेषु
१३	२	क्षयिक	क्षायिक
१३	२	गणस्थानोमे	गुणस्थानोमे
१६	१८	सम्यक्वकी	सम्यक्त्वकी
१८	२६	गृह्वाति	गृह्णाति
१९	१३	सम्यदर्शनके	सम्यग्दर्शनके
२१	२५	सम्यदृष्टि	सम्यग्दृष्टि
२३	३	देववदो	देसवदो
२५	२६	वत्तावत्तपसाए	वत्तावत्तपमाए
	३०	परिज्ञान	परिज्ञान
३३	७	णुबसमण	णुवसमण
४०	९	प्रकृतियोके	प्रकृतियोके
	१३	खपया	खवया
	२६	जेहि	जेहिं
४१	३	कम्मबणा	कम्मवणा
४२	८	वादर	बादर
	१४	स्पधक	स्पर्धक
४७	१६	संपत्ती	संपत्तो
५०	५	तात्पर्यं	तात्पर्य
५४	५	लक्षणनुसार	लक्षणानुसार
	१७	पंचेद्रिय	पंचेन्द्रिय
	१८	सभा	सभी
५५	२५	मेदजुदे	भेदजुदे
५७	१२	तिर्यचोके	तिर्यंचोके
५९	१८	तीनोका	तीनोंका
६१	११	शीतोष्णे	शीतोष्णे
६५	१७	अपप्पृनि	अप्पूनि
७१	२३	अवक्यव्यवृद्धि	अवक्तव्यवृद्धि
७२	८	अबगाहनाका	अवगाहनाका
	८	बृद्धिक्रम	वृद्धिक्रम
७७	३०	छत्तोसा	छत्तीसा
७८	८	सहास्राणि	सहस्राणि
७९	२	पज्ज्त्त	पज्जत्त
८९	१५	तिर्यग्मानुष	तिर्यग्मानुप
९०	१४	सुविबृतसज्ञा	सुविवृतसज्ञा
९२	७	तिर्यचोमे	तिर्यंचोमे
९३	१६	ब्याधि	व्याधि
९८	२५	इब	इव
९९	१८	प्रकारक	प्रकारकी
१०५	१२	अवग्गहादीहि	अवग्गहादीहिं
१०६	३०	अन्दर्भेदोंसे	अन्तर्भेदोसे
१०७	१३	वादरसुहमा	वादरसुहमा
११९	१४	प्रथिव्यादि	पृथिव्यादि
	१६	वायुकयिक	वायुकायिक
१२०	२६	तेजस्कायविक	तेजस्कायिक
१२१	११	शलाकारा शिमे	शलाकाराशिमेसे
	३५	देनसे	देनेसे
१२२	२३	पृथ्विोकायिक	पृथिवीकायिक
१२३	२८	परगुलेण	पदरंगुलेण
१२४	२७	निकता	निकलता
	२८	अर्द्धच्छेदोक	अर्द्धच्छेदोका
१२८	१९	जंबूदीव	जबूदीवं
१३८	१६	निममसे	नियमसे
	२८	वैक्रियिकसे	वैक्रियिकसे
१३९	९	वर्गणओको	वर्गणाओकी
	१८	सूच्यगुल	सूच्यगुल
	१९	वृन्दागुल	वृन्दांगुल
	२१	पर्वं पूर्वकी	पूर्व-पूर्वकी
१४१	१३	उत्कष्ट	उत्कृष्ट
१४५	२	पर्याप्त इनका	इनका

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१४६	१८	कर्मणकाययोगी	कार्मणकाययोगी
१४८	८	उत्कष्ट	उत्कृष्ट
१४९	१९	अच्छादित	आच्छादित
१५२	१०	सुहदुक्ख	सुहदुक्ख
१५५	१०	नरकतिमे	नरकगतिमे
	२४	नोकषयका	नोकषायका
१५७	२	शलगकृष्णे	शैलगकृष्णे
१५९	२७	अर्थसदृष्टि	अर्थसंदृष्टि
	३३	स्वधककालं	स्वककाल
१६३	२६	अहग्रह	अवग्रह
१६८	११	वत्थु	वत्थु
१७३	२	असखलोगा	असखलोगा
१७५	१२	नकरादि	नरकादि
१७६	७	जिनैर्निष्टम्	जिनैर्निर्दिष्टम्
१७७	२०	प्रात्याख्यान	प्रत्याख्यानं
१८२	६	पूर्व	पूर्वं
	१५	स्थगलता	स्थलगता
	२६	जम्बूद्वीपप्रज्ञति	जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति
१९१	२९	क्षेत्रमध्ये	क्षेत्रमध्ये
	"	गक्छति	गच्छति
१९४	७	उत्कृष्ठ	उत्कृष्ट
१९६	१४	असख्यतावें	असख्यातवें
१९७	६	विषभूत	विषयभूत
	८	लि	कि
१९९	२९	कर्मण	कार्मण
२०१	१५	परमाधि	परमावधि
२०२	२०	उक्कक्स	उक्कस्स
२१०	१८	वग्गण	वग्गण
२१२	१०	रूवि	रूवि
	२१	निर्जीण	निर्जीर्ण
२१३	२९	योजप्रमाण	योजनप्रमाण
२१५	२२	तियर्यग्गति	तिर्यग्गति
२१६	२०	सजममावो	संजमभावो
२१७	२	सामयिक	सामायिक
२२१	१७	द्विकं	द्विक
२२५	६	समुद्दिठ्ठ	समुद्दिट्ठ
	८	कार्य	कार्यं
	२३	निर्देश्श	निर्देश
२३२	२३	लेश्याले	लेश्यावाले
२३३	३०	मध्यमाशोमेसे	मध्यमांशोमेंसे
	३१	"	"
२३४	२२	शुक्लेश्या	शुक्ललेश्या
२३६	८	सोमतं	सीमतं
२४१	३४	जगच्छेगी	जगच्छ्रेणी
२४२	१०	हृदपदर	हिदपदरं
	१२	पञ्चाशगुल	पञ्चाशदगुल
२४४	२०	क्षेष	शेष
२४५	१४	किञ्चदून	किञ्चिदून
	२४	मागा	भागा
२५१	२९	वाद	बाद
२५२	४	द्रव्यपरिवतन	द्रव्यपरिवर्तन
२५३	२१	ग्रहोतग्रहणका	ग्रहीतग्रहणका
२५४	३३	इकतीत	इकतीस
२५५	१३	कषायध्यावसाय	कषायाध्यवसाय
२५९	५	हायमान	हीयमान
२६१	८	कनते	कहते
	१२	उछ्वास.	उच्छ्वास.
	३२	भिन्नमुंहूर्त	भिन्नमूहूर्त
	३२	अन्तमुहूर्त	अन्तर्मुहूर्त
२६५	३४	सर्वमलोकाश	सर्वमलोकाकाश
२६६	२	अकाशको	आकाशको
२६७	७	पदेशा	पदेसा
	८	मचलिता	मचलिता
२६८	१२	वाइस	बाईस
	१७	ग्राह्यर्गवर्गणा	ग्राह्यवर्गणा
२७०	८	पुढपी	पुढवी
	३०	चार्ध	चार्धं
२७४	१९	युवत	युक्त
२७५	४	गुणावाले	गुणवाले
२८०	४	ममयमे	समयमे

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२८१	१३	पुरसिवेदा	पुरिसवेदा
	२८	मनःपर्यज्ञानी	मन पर्ययज्ञानी
२८४	१७	सभीचाम	समीचाम
२८५	६	ग्रैवेयकम्वन्वी	ग्रैवेयकसम्बन्धी
२८६	२४	किचूण	किंचूण
	२५	सद्दहिव्वा	सद्दहिदव्वा
२८७	१४	सम्यवत्व	सम्यक्त्व
२८८	७	रूपै	रूपैः
२८९	२१	कोचड़	कीचड़
२९०		आयुकमो	आयुकर्मों
२९१	१५	समे	समो
	२६	श्रद्धधाति	श्रद्दधाति
	३४	विपरिपामो	विपरिणामो
२९३	३३	अर्तव्य	अकर्तव्य
२९४	२२	वननेके	बननेके
२९५	२	आजोगी	अजोगी
	८	छोढकर	छोड़कर
	२८	समुघात	समुद्घात
२९६	८	जीवोको	जीवोकी सख्याको
	३१	श्रुति	श्रुत
	३२	कुमुति	कुमति
२९८	१३	उयोग	उपयोग
३००	३०	जिनैर्निदिष्टम्	जिनैर्निर्दिष्टम्
३१५	७	चतुर्गत	चतुर्गति
३१७	११	पवडण	पयडण
३१८	२१	विदियुक्सम	विदियुवसम

पृ० १९३ पर गाथा ३८८ का शीर्षक रह गया है सो इस प्रकार है—प्रकारान्तरसे ध्रुव-हारका प्रमाण—

जहाँ आरहा, जासके, होसके, आसकतो, आदि शब्द मिल गये हैं वहाँ आ रहा, जा सके इत्यादि समझें।

श्रीमन्नेमिचन्द्राय नमः

श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमालायाम्
श्रीनेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तिविरचितो

गोम्मटसारः

(जीवकाण्डम्)

संस्कृतछाया–हिन्दीभाषानुवादसहितः

अथ श्रीनेमिचन्द्र सैद्धान्तिकचक्रवर्ती गोम्मटसार ग्रन्थके लिखनेके पूर्व निर्विघ्न समाप्ति, नास्तिकतापरिहार, शिष्टाचारपरिपालन और उपकारस्मरण इन चार प्रयोजनोसे इष्टदेवको नमस्कार करते हुए इस ग्रन्थमे जो कुछ वक्तव्य है उसके "सिद्ध" इत्यादि गाथासूत्रद्वारा कथन करनेकी प्रतिज्ञा करते हैं :—

सिद्धं सुद्धं पणमिय, जिणिंदवरणेमिचंदमकलंकं ।
गुणरयणभूसणुदयं, जीवस्स परूवणं वोच्छं ॥ १ ॥

सिद्धं शुद्ध प्रणम्य, जिनेन्द्रवरनेमिचन्द्रमकलङ्कम् ।
गुणरत्नभूषणोदयं, जीवस्य प्ररूपणं वक्ष्ये ॥ १ ॥

अर्थ—सिद्धावस्था या स्वात्मोपलब्धिको जो प्राप्त हो चुका है, अथवा न्यायके प्रमाणोसे जिसकी सत्ता सिद्ध है, और जो चार घातिया द्रव्यकर्मोके अभावसे शुद्ध, तथा मिथ्यात्वादि भावकर्मोके नाशसे अकलङ्क हो चुका है, एव जिसके सदा ही सम्यक्त्वादि गुणरूपी रत्नोंके भूषणोका उदय रहता है, इस प्रकारके श्रीजिनेन्द्रवर नेमिचन्द्र स्वामीको नमस्कार करके, जो उपदेशद्वारा पूर्वाचार्य परम्परासे चला आरहा है इसलिये सिद्ध और पूर्वापर विरोधादि दोपोसे रहित होनेके कारण शुद्ध, और दूसरेकी निन्दा आदि न करनेके कारण तथा रागादिका उत्पादक न होनेसे निष्कलङ्क है, और जिससे सम्यक्त्वादि गुणरूपी रत्नभूषणोकी प्राप्ति होती है—जो विकथा आदिकी तरह रागका कारण नही है, इस प्रकारके जीवप्ररूपण नामक ग्रन्थको अर्थात् जिसमे अशुद्ध जीवके स्वरूप भेद प्रभेद आदि दिखाये गये है इस प्रकारके ग्रन्थको कहूँगा ।

भावार्थ—प्रकृत गाथाका अर्थ सस्कृत टीकामे २४ तीर्थंकर, श्रीवर्धमान भगवान्, सिद्धपरमेष्ठी, आत्मा, सिद्धसमूह, पंचपरमेष्ठी, नेमिनाथ भगवान्, जीवकाण्ड ग्रन्थ, और श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती इन सभीके नमस्कारपरक किया गया है। वह विशेप जिज्ञासुओंको वहीं देखना चाहिये ।

टीकाकारने इस ग्रन्थके दो[1] नाम बताये हैं—जीवस्थान और जीवकाण्ड। क्योंकि सिद्धान्तमे वन्धक, बध्यमान, बन्धस्वामी, बन्धहेतु और बन्धभेद, इस तरह पांच[2] विषयोका वर्णन पाया जाता है। उनमे से यह ग्रन्थ बन्धक जीवका प्रतिपादन करता है।

गाथागत "गुणरत्नभूषण" शब्दका अर्थ चामुण्डराय भी होता है। क्योंकि उसीके प्रश्नके आधार पर इस ग्रन्थका अवतार हुआ है।

"जीवट्ठाण" नामक सिद्धान्त शास्त्रमे अशुद्ध जीवके १४ गुणस्थान, १४ मार्गणास्थान, और १४ जीवसमासस्थानोका जो वर्णन है वही इस ग्रन्थका भी आधार है।

अतएव इसको भी जीवस्थान या जीवप्ररूपण कहते हैं। काण्ड नाम पर्वका है। जिस तरह ईख या बेत आदिमें अनेक पर्व (पगोली) होते हैं उसी तरह इस ग्रन्थमे वीस प्ररूपणारूपी पर्वोका संकलन पाया जाता है। अतएव इसको "जीवकाण्ड" भी कहते हैं।

मदप्रबोधिनी नामक सस्कृत टीकाके कर्ताने भी[3] धवलाकारकी तरह—

> मगलनिमित्तहेतुप्रमाणनामानि शास्त्रकर्तृश्च।
> व्याकृत्य षडपि पश्चाद् व्याचष्टा शास्त्रमाचार्यः।

इस उक्तिके अनुसार मंगल आदि छहो विषयोका प्रकृत पद्यके व्याख्यानमे स्पष्टीकरण किया है।

इस प्रकार नमस्कार और विवक्षित ग्रन्थकी प्रतिज्ञा करके इस जीवकाण्डमें मध्यमरुचि रखनेवाले शिष्योकी अपेक्षासे जितने अधिकारोके द्वारा जीवका वर्णन करेंगे उनके नाम और सख्या दिखाते हैं—

> **गुण जीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणाओ य।**
> **उवओगो वि य कमसो वीस तु परूवणा[4] भणिदा ॥ २ ॥**

१—अनेन (गुणरयणभूसणुदयं, इति विशेषणेन) बंधक-बन्ध्यमान-बधस्वामि-बन्धहेतु, बन्ध-भेदानां पचाना सिद्धान्तार्थानां मध्ये व धकस्य जीवस्य प्रतिपादकमिद शास्त्रं जीवस्थान-जीवकाण्डनामद्वयप्रख्यातम् ॥ जी. प्र ॥

२—इसके लिये देखो वन्धस्वामित्वविचय (पट्खण्डागम) सूत्र न० १ की धवला टीका। —कृति वेदनादि २४ अनुयोगद्वारोमें छट्टे बन्धन अनुयोगद्वारके ४ भेद हैं।—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय, बन्ध-विधान। पांचवां भेद बन्धस्वामित्व है। जो कि उत्तरप्रकृतिबन्धका वर्णन करनेवाले २४ अनुयोगद्वारोमेंसे १ है और मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, योगरूप जीवकर्मका प्रत्ययरूप एकत्वपरिणाम है।

३—एवं मगलादि षडधिकारसूचनपुर सर जीवप्ररूपणप्रतिज्ञासूत्रंसक्षेपेण व्याख्यातम् ॥ म. प्र ॥ छक्खडागम—जीवट्ठाण—सतसुत्तविवरणकी आदिमें "णमो अरहंताण" आदि मंगलपद्यकी धवलाटीका-में यह विषय अधिक विस्तृतरूपसे पाया जाता है।

४—ठक्क स प गाथा नं० २१७।

परूपण णाम किं उत्तं होदि ? ओघादेसेहि गुणेसु जीवसमासेसु ...पज्जत्तापज्जत्तविसेसणेहि विसेसिऊण जा जीवपरिक्खा सा परूवणा णाम। उक्तं च—गुण—जीवा—पजत्ती पाणा सण्णा य मग्गणाओ य। उवजोगो वि य कमसो वीसं तु परूवणा भणिया।

गुण-जीवा [1] पर्याप्तयः प्राणाः संज्ञाश्च मार्गणाश्च।
उपयोगोऽपि च क्रमशः विंशतिस्तु प्ररूपणा भणिताः॥ २॥

अर्थ—गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, चौदह मार्गणा, और उपयोग इस प्रकार ये वीस प्ररूपणा पूर्वाचार्योंने कही हैं।

भावार्थ—इनको इसलिये प्ररूपणा कहा है कि इन्हीके द्वारा अथवा इन विषयोका आश्रय लेकर इस ग्रन्थमें जीवद्रव्यका प्ररूपण किया जायगा। इनका लक्षण उस उस अधिकारमे स्वय आचार्य यद्यपि करेंगे फिर भी संक्षेपमे इनका स्वरूप प्रारम्भमे यहाँ पर भी लिख देना उचित प्रतीत होता है। मोह और योगके निमित्तसे होनेवाली आत्माके सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र गुणकी अवस्थाओको गुणस्थान [2] कहते हैं। जिन सदृश धर्मोंके द्वारा अनेक जीवोका सग्रह किया जासके उन सदृश धर्मोका नाम जीवसमास है। गृहीत आहारवर्गणाओको खल रस भाग आदिके रूपमे परिणत करनेकी शक्ति विशेषकी पूर्णताको पर्याप्ति कहते है। जिनका संयोग रहने पर "यह जीता है" और वियोग होनेपर "यह मर गया" इस तरहका जीवमे व्यवहार हो उनको प्राण कहते हैं। आहारादिकी वाञ्छाको संज्ञा कहते हैं। जिनके द्वारा विवक्षित अनेक अवस्थाओमे स्थित जीवो-का ज्ञान हो उनको मार्गणा कहते हैं। बाह्य तथा अभ्यन्तर कारणोके द्वारा होनेवाली आत्माके चेतनागुणकी सामान्य—निराकार अथवा विशेष—साकार परिणतिविशेषको उपयोग [3] कहते है।

भावार्थ—इस गाथामे तीन "च", एक "अपि" और एक "तु" का जो उल्लेख है—उनमेसे संज्ञाके साथ आया हुआ पहला "च" शब्द अपने पूर्वकी गुणस्थानादि पाँचो ही प्ररूपणाओका समु-च्चय अर्थ सूचित करता है, क्योकि ये समुच्चयरूप एक एक प्ररूपणा है। "मार्गणा" शब्द बहुवचनान्त है, और उसके साथ भी "च" का प्रयोग है। अतएव एक ही मार्गणामहाधिकारकी १४ गति आदि प्ररूपणा हैं। उनमे से प्रत्येकका अधिकाररूपसे यहाँ समुच्चयरूपमे प्ररूपण किया गया है, ऐसा समझना चाहिये। उपयोग शब्दके साथ "अपि" और "च" का प्रयोग है। यह इस बातको सूचित करता है कि यह भी एक स्वतन्त्र प्ररूपणाधिकार है। और अन्य गुणस्थानादि १९ अधिकारोकी अपेक्षा जीव अथवा आत्माका लक्षण होनेसे अपनी असाधारणता रखता है, क्योकि मृग्य जीवोके मार्गयिता तत्वश्रद्धालु भव्य जीवके लिये मार्गण—अन्वेषणमे मार्गणाएँ करण या अधिकरण है। किंतु उपयोग सभी जीवोमे पाया जानेवाला असाधारण लक्षण होनेसे मार्गणाका सामान्य एव महान् उपाय है।

"तु" शब्द इस बातको सूचित करता है कि सामान्यसे तो एक ही प्ररूपणा है परन्तु विशेषा-

---

१—नामके एकदेशसे भी सम्पूर्ण नामका वोध होता है। अतएव यहांपर गुणशब्दसे गुणस्थान और जीवशब्दसे जीवसमास समझना चाहिये।

२—गुणस्थानोंमें सम्यग्दर्शन और चारित्र प्रधान हैं।

३—इसका विशेष लक्षण जाननेके लिये देखो उपयोगाधिकार गाथा नं० ६७२। तथा उभयनिमित्त-वशादुत्पद्यमानश्चैतन्यानुविधायी परिणाम उपयोग। स० सि० २—८। इसी प्रकार गुणस्थानादिके लक्षणोको भी समझनेके लिये क्रमसे देखो गाथा नं० ८, ७०, ११८, १२९, १३४, १४१।

पेक्षासे उसके संक्षिप्त रुचिवालोंकी अपेक्षा दो भेद है और मध्यमरुचिवालोकी अपेक्षासे ये बीस भेद हैं। दो भेदोमे बीसका अन्तर्भाव किस तरह हो जाता है यह आगे बताया जायगा।

इस गाथामे कही गई ये बीस प्ररूपणाएँ वे ही हैं जिनके कि आशयको गर्भित करके पुष्पदंताचार्यने षट्खण्डागमकी रचनाका प्रारम्भ किया था और जिनपालितको पहले दीक्षा देकर फिर अपने रचित "संतसुत्तविवरण" को पढाकर अपने साध्यायी मुनिपुंगव भगवान् भूतबलिके पास भेजा था[1]। जिसपरसे कि श्री भूतबलिद्वारा पूर्ण षट्खण्डागमकी रचना हुई। जो कि इस जीवकाण्डका भी मूल आधार है।

संक्षेप रुचिवाले शिष्योंकी अपेक्षासे उक्त बीस प्ररूपणाओंका अन्तर्भाव गुणस्थान और मार्गणा इन दो प्ररूपणाओमे ही हो सकता है, अतएव संग्रहनयसे दो ही प्ररूपणा हैं। इस बातको ध्यानमे रखकर दोनो ही प्ररूपणाओंकी उत्पत्तिका निमित्त तथा उनके पर्यायवाचक शब्दोंको दिखाते है—

संखेओ ओघो त्ति य, गुणसण्णा सा च मोहजोगभवा।
वित्थारादेसो त्ति य, मग्गणसण्णा सकम्मभवा ॥ ३ ॥

संक्षेप ओघ इति गुणसंज्ञा, सा च मोहयोगभवा।
विस्तार आदेश इति च, मार्गणसंज्ञा स्वकर्मभवा ॥ ३ ॥

अर्थ—संक्षेप और ओघ यह गुणस्थानकी संज्ञा है और वह मोह तथा योगके निमित्तसे उत्पन्न होती है। इसी तरह विस्तार तथा आदेश यह मार्गणाकी संज्ञा है और वह भी अपने-अपने योग्य कर्मोंके उदयादिसे उत्पन्न होती है। यहाँपर चकारका ग्रहण किया है इससे गुणस्थानकी सामान्य और मार्गणाकी विशेष यह भी संज्ञा समझनी[2] चाहिये।

यहाँपर यह शङ्का हो सकती है कि मोह तथा योगके निमित्तसे गुणस्थान उत्पन्न होते है, न कि "गुणस्थान" यह संज्ञा, फिर संज्ञाको मोहयोगभवा (मोह और योगसे उत्पन्न) क्यो कहा? इसका उत्तर यह है कि यद्यपि परमार्थसे मोह और योगके द्वारा गुणस्थान ही उत्पन्न होते हैं न कि गुणस्थान संज्ञा तथापि यहाँ पर वाच्यवाचकमें कथंचित् अभेद मानकर उपचारसे संज्ञाको भी मोहयोगभवा कह दिया है।

१—तदो पुप्फयन्ताइरिएण जिणवालिदस्स दिक्खं दाऊण वीसदिसुत्ताणि करिय पढाविय पुणो सो भूदवलिभयवतस्स पास पेसिदो। भूदवलिभयवदा जिणवालिदपासे दिट्ठवीसदिसुत्तेण अप्पाउओ त्ति अवगयजिणवालिदेण महाकम्मपयडिपाहुडस्स वोच्छेदो होहदि त्ति समुप्पण्णवुद्धिणा पुणो दव्वपमाणाणुगममादिं काऊण गंथरचणा कदा। धवला पृ ७१।

वांछन् गुणजीवादिकविंशतिविधसूत्रसत्प्ररूपणया, युक्तं जीवस्थानाद्यधिकारं व्यरचयत्सम्यक् ॥ १३५ ॥

—इन्द्रनन्दिश्रुतावतारकथा—

२—गुणस्थानोंका बोध "जीवसमास" शब्दसे भी होता है। देखो—संतसुत्तविवरणका सूत्र नं २ और उसकी धवला टीका तथा "द्रव्यसंग्रह" की गा न १३ की टीका। एवं गोम्मटसार जी. का. गाथा नं १०। जीवसमास शब्दमे गुणस्थान, मार्गणास्थान और जीवसमासस्थान तीनोंका ग्रहण होता है। क्योकि समासका अर्थ होता है सामान्य या संक्षेप। जो कि सभीमें घटित हो जाता है।

भावार्थ—यद्यपि मोक्षमार्ग सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इस तरह रत्नत्रयरूप है। किंतु गुणस्थानोके निर्माणमे सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र दो प्रधान है जैसा कि "मोहयोग-भवा" इस लक्षणपदसे मालूम होता है।

उक्त बीस प्ररूपणाओका अंतर्भाव दो प्ररूपणाओमे किस अपेक्षासे हो सकता है और वे बीस प्ररूपणाएं किस अपेक्षासे कही है, यह दिखाते हैं—

आदेसे संलीणा, जीवा पज्जत्ति-पाण-सण्णाओ।
उवओगो वि य भेदे, बीस तु परूवणा भणिदा ॥ ४ ॥

आदेसे संलीना जीवा पर्याप्तिप्राणसंज्ञाश्च।
उपयोगोऽपि च भेदे, विंशतिस्तु प्ररूपणा भणिता ॥४॥

अर्थ—जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा और उपयोग इन सब भेदोका मार्गणाओमे ही भले प्रकार अन्तर्भाव हो जाता है। इसलिये अभेदविवक्षासे गुणस्थान और मार्गणा ये प्ररूपणा ही माननी चाहिये। किन्तु बीस प्ररूपणा जो कही हैं वे भेद विवक्षासे है।

किस किस मार्गणामे कौन कौनसी प्ररूपणा अंतर्भूत हो सकती है यह बात तीन गाथाओद्वारा दिखाते है।

इंदियकाये लीणा, जीवा पज्जत्ति-आण-भास-मणो।
जोगे काओ णाणे, अक्खा गदिमग्गणे आऊ[१] ॥ ५ ॥

इन्द्रियकाययोर्लीना, जीवा पर्याप्त्यानभाषामनांसि।
योगे काय. ज्ञाने अक्षीणि गतिमार्गणायामायु ॥ ५ ॥

अर्थ—इन्द्रिय मार्गणामे तथा कायमार्गणामे स्वरूप-स्वरूपवत्सम्बन्धकी अपेक्षा अथवा सामान्य-विशेषकी अपेक्षा जीवसमासका अन्तर्भाव हो सकता है। क्योकि इन्द्रिय तथा काय जीव-समासके स्वरूप है, और जीवसमास स्वरूपवान् है। तथा इन्द्रिय और काय विशेष हैं और जीवसमास सामान्य है। इसी प्रकार धर्मधर्मि सम्बन्धकी अपेक्षा पर्याप्ति भी अन्तर्भूत हो सकती हैं। क्योकि इन्द्रिय धर्मी है पर्याप्ति धर्म हैं। कार्यकारणसम्बन्धकी अपेक्षा श्वासोच्छ्वास प्राण वचनबल प्राण तथा मनोबल प्राणका पर्याप्तिमे अंतर्भाव हो सकता है। क्योकि प्राण कार्य है और पर्याप्ति कारण है। पर्याप्ति, इन्द्रिय और कायमे अन्तर्भूत हैं। अतएव श्वासोच्छ्वास वचनबल और मनोबल प्राण भी उन्हीमे अंतर्भूत हो जाते है। कायबल प्राण विशेष है और योग सामान्य है, इसलिये सामान्य विशेषकी अपेक्षा योगमार्गणामे कायबल प्राण अंतर्भूत हो सकता है। कार्यकारण संबंध-की अपेक्षासे ज्ञानमार्गणामें इन्द्रियोंका अन्तर्भाव हो सकता है। क्योकि ज्ञानकार्यके प्रति लब्धीन्द्रिय[२]

१—षट्ख० सं प पृ ४१४।

२—इन्द्रियज्ञानावरणकर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न निर्मलता।

कारण है। इसी प्रकार गतिमार्गणामें आयुप्राणका अन्तर्भाव साहचर्य सम्बन्धकी अपेक्षा हो सकता है। क्योकि इन दोनो ही कर्मोका उदय सहचर है—साथ ही हुआ करता है। संज्ञाओंका अन्तर्भाव किस प्रकार किस मार्गणामे होता है सो दिखाते हैं।—

मायालोहे रदिपुव्वाहारं, कोहमाणगम्हि भयं।
वेदे मेहुणसण्णा, लोहम्हि परिग्गहे सण्णा ॥ ६ ॥

मायालोभयो रतिपूर्वकमाहारं क्रोधमानकयोर्भयम्।
वेदे मैथुनसंज्ञा लोभे परिग्रहे संज्ञा ॥ ६ ॥

अर्थ—रतिपूर्वक आहार अर्थात् आहार संज्ञा रागविशेष होनेसे रागका ही स्वरूप है और माया तथा लोभकषाय ये दोनो ही रागविशेष होनेसे स्वरूपवान् हैं। इसलिये स्वरूपस्वरूपवत्सम्बंधकी अपेक्षा माया और लोभ कषायमे आहारसंज्ञाका अतर्भाव होता है। इसी प्रकार (स्वरूपस्वरूपवत्सम्बधकी ही अपेक्षासे) क्रोध तथा मान कषायमे भयसज्ञाका अंतर्भाव होता है। कार्यकारण सम्बधकी अपेक्षा वेदकषायमे मैथुनसज्ञाका और लोभकषायमे परिग्रह संज्ञाका अंतर्भाव होता है। क्योकि वेदकषाय तथा लोभकषाय कारण हैं और मैथुन संज्ञा तथा परिग्रहसंज्ञा उनके क्रमसे कार्य हैं।

उपयोगका अतर्भाव दिखानेकेलिये सूत्र कहते हैं—

सागारो उवजोगो, णाणे मग्गम्हि दंसणे मग्गे।
अणगारो उवजोगो, लीणो त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥ ७ ॥

साकार उपयोगो, ज्ञानमार्गणायां दर्शनमार्गणायाम्।
अनाकार उपयोगो, लीन इति जिनैर्निर्दिष्टम्[1] ॥ ७ ॥

अर्थ—उपयोग दो प्रकारका होता है एक साकार दूसरा अनाकार। साकार उपयोग उसको कहते हैं जिसमे पदार्थ 'यह घट है, पट है, इत्यादि विशेषरूपसे प्रतिभासित हो। इसीको ज्ञान कहते हैं। इसीलिये इसका ज्ञानमार्गणामे अन्तर्भाव होता है। जिसमे कोई भी विशेष पदार्थ प्रतिभासित न होकर केवल महासामान्यरूप ही विषय प्रतिभासित हो उसको अनाकार उपयोग अथवा दर्शन कहते हैं। इसका दर्शनमार्गणामे अन्तर्भाव होता है।

भावार्थ—उपयोग सामान्य है और ज्ञान दर्शन ये दो उसके विशेष भेद हैं। ज्ञानका स्वरूप ज्ञानमार्गणामे और दर्शनका स्वरूप दर्शनमार्गणामे स्वयं ग्रन्थकार आगे चलकर बतानेवाले हैं। तथा उपयोगाधिकारमें भी इनका स्वरूप कहा जायगा। अतएव यहाँ पर इनके वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं है।

१—यहाँ पर गाथा नं ५, ६, ७ में जो अन्तर्भाव दिखाया गया है, वही षट्खण्डागम सत्प्ररूपणाके प्रारंभमें पृ. ४१४,४१५ में दिखाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि बीस प्ररूपणाओंके द्वारा जो वर्णन है वह सूत्रोंके द्वारा सूचित अर्थका ही केवल स्पष्टीकरण है।

यद्यपि यहाँपर ऊपर सब जगह अभेद विवक्षासे दो ही प्ररूपणाओमे शेष प्ररूपणाओका अन्तर्भाव दिखला दिया है तथापि आगे प्रत्येक प्ररूपणाका निरूपण भेद विवक्षासे ही किया जायगा।

प्रतिज्ञाके अनुसार क्रमप्राप्त सर्वप्रथम गुणस्थानका सामान्य लक्षण करते है —

जेहिं दु लक्खिज्जंते उदयादिसु संभवेहि भावेहिं।
जीवा ते गुणसण्णा णिद्दिट्ठा सव्वदरसीहिं[1] ॥ ८ ॥

यैस्तु लक्ष्यन्ते उदयादिषु सम्भवैर्भावै।
जीवास्ते गुणसज्ञा निर्दिष्टा. सर्वदर्शिभिः॥ ८॥

अर्थ—दर्शनमोहनीय आदि कर्मोकी उदय, उपशम, क्षय, क्षयोयशम, आदि अवस्थाके होने पर होनेवाले जिन परिणामोसे युक्त जो जीव देखे जाते हैं उन जीवोको सर्वज्ञदेवने उसी गुणस्थानवाला और उन परिणामोको गुणस्थान कहा है।

भावार्थ—जिस प्रकार किसी जीवके दर्शनमोहनीय कर्मकी मिथ्यात्वप्रकृतिके उदयसे मिथ्यात्व (मिथ्यादर्शन) रूप परिणाम हुए तो उस जीवको मिथ्यादृष्टि[2] और उस मिथ्यादर्शनरूप परिणामको मिथ्यात्व गुणस्थान कहा जायगा। गुणस्थान यह अन्वर्थ संज्ञा[3] है, क्योकि विवक्षित कर्मोके उदयादिसे होनेवाले पाँच प्रकार के जीवके भाव गुणशब्दसे अभिप्रेत हैं। उन्हीके स्थानोको गुणस्थान कहते हैं। यहाँ पर मुख्यतया मोहनीय कर्मके उदय आदिकसे होनेवाले भाव ही लिये है। मोहनीयके दो भेद है। दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय। इनमेसे किन-किन गुणस्थानोमे दर्शनमोहनीयके उदयादिकी और किन-किनमें चारित्र मोहनीयके उपशमादिकी अपेक्षा है यह बात गाथा न. ११ से १४ तक मे बताई जायगी।

विवक्षित पाँच भावोका स्वरूप सक्षेपमे इस प्रकार है—कर्मोके उदयसे होनेवाले औदयिक, उपशमसे होनेवाले औपशमिक, क्षयसे होनेवाले क्षायिक, क्षयोपशमसे होनेवाले क्षायोपशमिक और जिनमें उदयादिक चारो ही प्रकारकी कर्मकी अपेक्षा न हो वे पारिणामिक भाव हैं।[4] इन्हीको गुण कहते है। तत्वार्थसूत्रके दूसरे अध्यायमे इन्हीको जीवके स्वतत्व[5] नामसे वताया है।

१—यह गाथा सतसुत्त विवरणके सूत्र न ८ की धवलामें भी 'उक्त च' करके न. १०४ पर उद्धृत की गई है।

२—गुणसहचरितत्वादात्मापि गुणसज्ञा प्रतिलभते। सतसुत्तं पृ १६१।

३—अनेन (गुणशब्दनिरुक्तिप्रधानसूत्रेण) मिथ्यात्वादयोऽयोगिकेवलिपर्यन्ता जीवपरिणामविशेपास्त एव गुणस्थानानीति प्रतिपादितं भवति॥ जी प्र। यैर्भावै औदयिकादिभिर्मिथ्यादर्शनादिभि परिणामै जीवा गुण्यन्ते ''' ते भावा गुणसज्ञा सर्वदर्शिभि निर्दिष्टा। म प्र।

४—स्वस्थितिक्षयवशादुदयनिपेके गलता कार्मणस्कन्धानां फलदानपरिणति उदय, तस्मिन् भव औदयिक.। प्रतिपक्षकर्मणामुदयाभाव उपशम, तत्र भव औपशमिक। प्रतिपक्षकर्मणा पुनरुत्पत्त्यभावेन नाश क्षय, तस्मिन् भव क्षायिक। प्रतिपक्षकर्मणामुदये विद्यमाने यो जीवगुणाशो दृश्यते स क्षयोपशम, तस्मिन् भव क्षायोपशमिक। उदयादिनिरपेक्ष परिणाम, तस्मिन् भव पारिणामिक॥ जी. प्र.।

५—औपशमिक-क्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्वमौदयिकपारिणामिकौ च—तत्वार्थसूत्र अ. २ सू. १

गुणस्थानोके १४ चौदह भेद है। उनके नाम दो गाथाओ द्वारा दिखाते हैं—

मिच्छो सासण मिस्सो, अविरदसम्मो य देसविरदो य।
विरदा पमत्त इदरो, अपुव्व अणियट्टि सुहमो य ॥ ९ ॥

१ मिथ्यात्व २ सासन ३ मिश्र ४ अविरतसम्यक्त्व च ५ देशविरतश्च।
६ विरता ७ प्रमत्त ८ इतर ९ अपूर्व ९ अनिवृत्ति १० सूक्ष्मश्च ॥ ९ ॥

अर्थ—१ मिथ्यात्व, २ सासन, ३ मिश्र, ४ अविरतसम्यग्दृष्टि, ५ देशविरत, ६ प्रमत्तविरत, ७ अप्रमत्तविरत, ८ अपूर्वकरण, ९ अनिवृत्तिकरण, १० सूक्ष्म साम्पराय।

इस सूत्रमे चौथे गुणस्थानके साथ जो अविरत शब्द हैं वह अन्त्यदीपक है। अतएव पहलेके तीनो गुणस्थानोमे भी अविरतपना समझना चाहिये। इसी प्रकार छट्ठे प्रमत गुणस्थानके साथ जो विरत शब्द है वह आदि दीपक है। इसलिये यहांसे लेकर सम्पूर्ण गुणस्थान विरत ही होते हैं ऐसा समझना चाहिये।

उवसंत खीणमोहो, सजोगकेवलिजिणो अजोगी य।
चउदस जीवसमासा कमेण सिद्धा य णादव्वा[1] ॥ १० ॥

११ उपशान्त., १२ क्षीणमोह, १३ सयोगकेवलिजिन, १४ अयोगी च।
चतुर्दश जीवसमासा. क्रमेण सिद्धाश्च ज्ञातव्याः ॥ १० ॥

अर्थ—११ उपशान्त मोह, १२ क्षीण, १३ सयोगकेवलिजिन, और १४ अयोगकेवली जिन ये चौदह जीवसमास (गुणस्थान) हैं। और सिद्ध इन जीवसमासो—गुणस्थानोसे रहित हैं।

भावार्थ—इस सूत्रमे क्रमेण शब्द जो पड़ा है, उससे यह सूचित होता है कि जीवके सामान्यतया दो भेद है, एक संसारी दूसरा मुक्त। मुक्त अवस्था संसारपूर्वक ही हुआ करती है। संसारियोके गुणस्थानोकी अपेक्षा चौदह भेद हैं। इसके अनन्तर क्रमसे गुणस्थानोसे रहित मुक्त या सिद्ध अवस्था प्राप्त होती है। इस प्रकार क्रमेण शब्दके द्वारा एक ही जीवकी क्रमसे होनेवाली दो—ससार और सिद्ध—मुक्त अवस्थाओके कथनसे यह भी सूचित हो जाता है कि जो कोई ईश्वरको अनादि मुक्त बताते है, अथवा आत्माको सदा कर्मरहित या मुक्तस्वरूप मानते है, या मोक्षमे जीवका निरन्वय विनाश कहते हैं सो ठीक नही है।

इस गाथामे सयोग शब्द अन्त्यदीपक है, इसलिये पूर्वके मिथ्यादृष्टयादि सब ही गुणस्थानवर्त्ती जीव योग सहित होते हैं। जिन शब्द मध्यदीपक है इससे असंयत सम्यग्दृष्टिसे लेकर अयोगी पर्यन्त सभी जिन होते हैं। केवली शब्द आदि दीपक है अतएव सयोगी अयोगी तथा सिद्ध तीनों ही केवली होते हैं यह सूचित होता है।

१–प्रकृत दोनो गाथाओंमें जो १४ गुणस्थानो और उनसे अतीत सिद्धस्थानका नाम निर्देश है। वह पट् खं सं सु. विवरणमे पृथक्-पृथक् सूत्रो द्वारा किया गया है। देखो सूत्र नम्बर ९ से २३ तक। वहाँ पर इन गुणस्थानोके पूर्ण नाम दिये हैं। यहाँ पर जो नाम हैं वे प्राय एकदेशरूप है।

पाँचवे गुणस्थानका नाम देशविरत है। क्योंकि यहाँपर जीव पूर्णतया विरत नही हुआ करता। इससे ऊपरके सभी जीव विरत ही हुआ करते है। अतएव छट्ठे और सातवे गुणस्थानका विरतके साथ प्रमत्त और इतर अर्थात् अप्रमत्त शब्द विशेषण रूपसे जोडकर क्रमसे प्रमत्तविरत अप्रमत्तविरत ऐसा नाम निर्देश किया गया है। इन विशेषणोके कारण यह भी सूचित हो जाता है कि छट्ठे गुणस्थानतकके सभी जीव सामान्यतया प्रमाद सहित ही हुआ करते हैं। तथा सप्तम गुणस्थानसे लेकर ऊपरके सभी जीव पूर्णतया विरत होनेके साथ-साथ प्रमादरहित ही हुआ करते हैं।

सभी गुणस्थानोके नाम अन्वर्थ है। आगे जो लक्षण विधान है उसके अनुसार वह अर्थ और उन गुणस्थानोके पूरे नामका बोध हो सकेगा। क्योंकि यहाँ दोनो गाथाओमे गुणस्थानोके जो नाम दिये है वे उनके पूर्ण नाम नही, प्राय एकदेशरूप ही हैं।

दोनो गाथाओमे पाँच जगहपर "य" अर्थात् "च" शब्दका प्रयोग किया है। इससे कुछ-कुछ विशिष्ट अर्थोका सूचन होता है। यथा—पहले च से प्रथम तीन गुणस्थानोके साथ दृष्टि शब्द भी जोड़ना चाहिये, जैसे कि मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि। दूसरे च से पाँचवे गुणस्थानकी शुद्ध और मिश्र इस तरह दो अवस्थाएँ सूचित होती[1] है। तीसरे च से अप्रमत्त आदि सूक्ष्मसाम्परायान्त गुणस्थानोकी दो-दो अवस्थाये सूचित होती हैं। अपूर्वकरणादिके तो उपशमश्रेणी और क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा दो-दो प्रकार है। तथा अप्रमत्तविरतके सातिशय और निरतिशय इस तरह दो भेद हैं। जो श्रेणीके सम्मुख है अध प्रवृत्तकरणादि परिणामोको धारण करनेवाला है वह सातिशय और जो ऐसा नही है वह निरतिशय है। चौथे च से सूचित होता है कि संसार और मोक्षमार्गका यही अंतिम स्थान है। यहीपर शैलेश्य अवस्था प्राप्त हुआ करती है और व्युपरतक्रियानिवृत्ति शुक्ल-ध्यान-रूप वे परिणाम हुआ करते है जो कि ससारका पूर्णतया अन्त करनेमे सर्वथा[2] समर्थ हैं। जीवकी अन्तिम साध्य सिद्धावस्थाका उपाय या मार्गरूप रत्नत्रय यहीपर समर्थ कारण बनता है—करणरूपको प्राप्त किया करता है जिसके कि होते ही ससारातीत—गुणस्थानातीत सिद्धपर्यायको यह जीव प्राप्त हो जाता है। इससे सभी गुणस्थानोमे से इसीको महत्ता सर्वाधिक सूचित होती हैं।

पाँचवे 'च' से जीवका वास्तविक सर्वविशुद्ध स्वरूप प्रकट होता है जिससे कि मोक्षके स्वरूपके विषयमे जो अनेक अयुक्त मिथ्या मान्यताएँ है[3] उन सबका परिहार हो जाता है।

१—देखो संतसुत्तविवरण सूत्र नं ३०, ३१।

२—तेनायोगिजिनस्यान्त्यक्षणवर्ति प्रकीर्तितम्। रत्नत्रयमशेषाघविघातकरणं ध्रुवम् ॥ श्लो वा १-१-४७।

३—बौद्ध, साख्य, वैशेषिक, वेदान्त आदिके अभिमत "दीपनिर्वाणकल्पमात्मनिर्वाणम्" प्रभृति मोक्षके लक्षणोको ग्रन्थान्तरोसे जानना चाहिये।

इस प्रकार सामान्यसे गुणस्थानोका नाम निर्देश कर अब प्रत्येक गुणस्थानमें जो-जो भाव पाये जाते है जिनको कि यहाँपर गुणनामसे तथा मोक्षशास्त्रमे स्वतत्त्व नामसे कहा गया है उनका उल्लेख करते हैं।

मिच्छे खलु ओदइओ, विदिये पुण पारणामिओ भावो ।
मिस्से खओवसमिओ, अविरदसम्मम्हि तिण्णेव[1] ॥ ११ ॥

मिथ्यात्वे खलु औदयिको, द्वितीये पुन पारिणामिको भाव ।
मिश्रे क्षायोपशमिक, अविरतसम्यक्त्वे त्रय एव ॥ ११ ॥

अर्थ—प्रथम गुणस्थानमे औदायिक भाव होते है, और द्वितीय गुणस्थानमे पारिणामिक भाव होते है। मिश्रमे क्षायोपशमिक भाव होते हैं। और चतुर्थ गुणस्थानमे औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक इस प्रकार तीनो ही भाव होते है।

भावार्थ—औदयिक आदि शब्दोका अर्थ स्पष्ट है अर्थात् कर्मोके उदयसे होनेवाले आत्माके परिणामोको औदयिक भाव, प्रतिपक्षी कर्मके उपशमसे होनेवाले जीवके परिणामोको औपशमिक भाव, कर्मके क्षयसे—प्रतिपक्षी कर्मका निर्मूल अभाव हो जानेपर प्रकट होनेवाले जीवके भावको क्षायिक भाव कहते है। प्रतिपक्षी कर्मके सर्वघाती स्पर्धकोके वर्तमान निषेकोके बिना फल दिये ही निर्जरा होनेपर और उन्हीके (सर्वघाति स्पर्धकोंके) आगामी निषेकोका सदवस्थारूप उपशम रहनेपर एव देशघाति स्पर्धकोका उदय होनेपर जो आत्माके परिणाम होते है उनको क्षायोपशमिक भाव कहते हैं। जिनमे कर्मोके इन उदय आदि चारो ही प्रकारोकी अपेक्षा नही है ऐसे जीवके परिणामोको पारिणामिक भाव कहते है।

उक्त चारो ही गुणस्थानोके भाव किस अपेक्षासे कहे है, उनको हेतुपूर्वक दिखानेके लिये सूत्र कहते है।

एते भावा णियमा, दंसणमोहं पडुच्च भणिदा हु ।
चारित्तं णत्थि जदो, अविरदअंतेसु ठाणेसु[2] ॥ १२ ॥

एते भावा नियमा, दर्शनमोह प्रतीत्य भणिता खलु ।
चारित्रं नास्ति यतोऽविरतान्तेषु स्थानेषु ॥ १२ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोमें जो नियमरूपसे औदयिकादिक भाव कहे है वे दर्शन मोहनीय कर्मकी अपेक्षासे है। क्योकि चतुर्थ गुणस्थान पर्यन्त चारित्र नही पाया जाता।

भावार्थ—मिथ्यादृष्ट्यादि सभी गुणस्थानोमे यदि सामान्यरूपसे देखा जाय तो केवल औदयिकादि भाव ही नही होते, किन्तु क्षायोपशमिकादि भाव भी होते हैं, तथापि यदि केवल दर्शन-

---

१—पट् ख भावानु सूत्र नं. २, ३, ४, ५।

२—देखो पट् खं भावानु सूत्र ३ की धवला।

मोहनीयकर्मकी अपेक्षासे देखा जाय तो औदयिकादि भाव ही हुआ करते है क्योकि प्रथम गुणस्थानमें दर्शनमोहनीय कर्मकी मिथ्यात्वप्रकृतिके उदयमात्रकी अपेक्षा है। इसलिये औदयिकभाव ही हैं (द्वितीय गुणस्थानमे दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा ही नही है इसलिये पारिणामिक भाव ही है।) तृतीय गुणस्थानमे जात्यन्तर सर्वघाति मिश्रप्रकृतिका उदय है इसलिये क्षायोपशमिक भाव कहे गये हैं। इसी प्रकार चतुर्थ गुणस्थानमे दर्शनमोहनीय कर्मके उपशम, क्षय, क्षयोपशम तीनोका ही सद्भाव पाया जाता है इसलिये तीनो ही प्रकारके भाव बताये गये है।

विशेष यह कि यद्यपि यहाँ पर सासादन गुणस्थानमे पारिणामिक भाव कहा है। किन्तु ग्रन्थान्तरोमे अन्य आचार्योने इस गुणस्थानमे औदयिक भाव भी[1] बताया है। क्योकि मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धिचतुष्कका उपशम होजानेके बाद अनन्तानुबन्धी कषायोमेसे किसी भी एकके उदयमे आजाने पर सम्यक्त्वकी विराधना—आसादनासे यह गुणस्थान उत्पन्न होता है। अतएव अनन्तानुबन्धीके उदयको दृष्टिमे मुख्यतया रखनेवाले आचार्य यहाँ पर औदयिक भाव बताते है। किन्तु दर्शनमोहनीयको दृष्टिमे रखनेवाले आचार्य पारिणामिक भाव कहते हैं। क्योकि दर्शन मोहनीयकी उदय आदि चार अवस्थाओमेसे किसीकी भी यहाँ अपेक्षा नही है।

यद्यपि तीसरा गुणस्थान मिश्र प्रकृतिके उदयसे होता है अतएव उसमें औदयिक भाव कहना चाहिये। और उसमे देशघाति कर्मप्रकृतिके न रहनेसे क्षायोपशमिक भाव कहा भी नही जा सकता; फिर भी प्रकारान्तरसे यहाँ क्षायोपशमिकपना बताया गया है। क्योकि इस मिश्र प्रकृतिको अन्य सर्वघातियोके समान न मानकर[2] जात्यन्तर सर्वघाति कहा गया है। टीकाकारोने यहाँपर क्षायोपशमिकपना इस तरह बताया है कि मिथ्यात्व प्रकृतिके सर्वघाति स्पर्धकोका उदयाभावरूप क्षय, सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतिका उदय, और अनुदयप्राप्त निषेकोका उपशम होनेपर क्षायोपशमिक मिश्रभाव[3] होताहै। अथवा सर्वथा घात करनेवाले अनुभागयुक्त स्पर्धकोका उदयाभावरूप क्षय और हीन अनुभागरूपसे परिणत स्पर्धकोका सदवस्थारूप उपशम एव देशघातिस्पर्धकोका उदय[4] रहनेपर जो मिश्र परिणाम होते है वे क्षायोपशमिक भाव है। फिर भी यहाँ यह ज्ञातव्य[5] है कि किन्ही किन्ही आचार्यो ने इस मिश्र गुणस्थानके भावको औदयिक भी कहा है और माना है।

१—अथ मत द्वितीयगुणग्रहणमिह कर्तव्यम्। कोऽसौ द्वितीयगुण ? सासादनसम्यग्दृष्टि। सोऽपि जीवस्य साधारण पारिणामिक, एव ह्यार्षे उक्तम् "सासादनसम्यग्दृष्टिरिति को भाव ? पारिणामिको भाव इति (भावानुगम सू ३ पृ २९६) न कर्तव्यम्। कुत तस्य नयापेक्षत्वात्। मिथ्यात्वकर्मण उदयं क्षयमुपशमं वा नापेक्षत इत्यार्षे पारिणामिक। इह पुनरसावौदयिक इत्येवं गृह्यतेऽनन्तानुबन्धिकषायोदयात्तस्य निर्वृते.॥ त राजवार्तिक अ २ सू. ७ वार्तिक ११ का भाष्य।

२—देखो गाथा न २१। ३—जीवप्रबोधिनी टीका, गाथा न ११। ४—गाथा न. ११ की मन्दप्रबोधिनी टीका। ५—तत्वार्थश्लोकवार्तिक अ. २ सूत्र ६ वार्तिक ८ यथा—सम्यग्मिथ्यात्वमेकेषां तत्कर्मोदयजन्मक। मतमौदयिक कैश्चित् क्षायोपशमिक स्मृतम्॥

अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमे तीनो भाव वताये है। इससे प्रथम तीन गुणस्थानोमे निर्दिष्ट औदयिक, पारिणामिक और क्षायोपशमिक ये तीन भाव नही लेकर "व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्ति." के आधार पर सम्यक्त्वके विरोधी पाँच[1] अथवा सात कर्मोके उपशमादिसे होनेवाले औपशमिक क्षायोपशमिक और क्षायिक ये तीन भाव ही लेने चाहिये।

पंचमादि गुणस्थानोमे जो जो भाव होते है उनको दो गाथाओ द्वारा दिखाते हैं,

देसविरदे पमत्ते, इदरे व खओवसमियभावो दु।
सो खलु चरित्तमोहं, पडुच्च भणियं तहा उवरिं[2]॥ १३॥

देशविरते प्रमत्ते, इतरे च क्षायोपशमिकभावस्तु।
स खलु चरित्रमोहं, प्रतीत्य भणितस्तथा उपरि॥ १३॥

अर्थ—देशविरत, प्रमत्त, अप्रमत्त, इन गुणस्थानोमे चारित्रमोहनीयकी अपेक्षा क्षायोपशमिक भाव होते हैं। तथा इनके आगे अपूर्वकरण आदि गुणस्थानोमें भी चारित्रमोहनीयकी अपेक्षासे ही भावोको कहेगे।

विशेष यह कि गाथाके पूर्वार्धके अन्तमें जो तु शब्द दिया है, उसका अर्थ 'अपि' अर्थात् 'भी' ऐसा न करके अवधारणरूप "एव" अर्थात् 'ही' ऐसा करना चाहिये। क्योकि यहाँ दर्शनमोहनीयको अपेक्षा ही नही है। यद्यपि यह सत्य है कि दर्शनमोहनीयकी अपेक्षासे होनेवाले तीनो ही भाव यहाँ पर पाये जाते हैं। किन्तु चारित्रमोहनीयकी अपेक्षासे जिसकी कि यहाँपर विवक्षा है क्षायोपशमिक भाव ही पाया जाता है।

अप्रमत्तविरतसे ऊपरके गुणस्थान उपशमश्रेणी और क्षपकश्रेणीकी अपेक्षासे दो भागोमे विभक्त है। अतएव उन दोनो भागोको लक्ष्यमे रखकर उनमे पाये जानेवाले भावोको बताते हैं।

तत्तो उवरिं उवसमभावो, उवसामगेसु खवगेसु।
खइओ भावो णियमा, अजोगिचरिमो त्ति सिद्धे य[3]॥ १४॥

तत उपरि उपशमभाव, उपशामकेषु क्षपकेषु।
क्षायिको भावो नियमात्, अयोगिचरिम इति सिद्धे च॥ १४॥

अर्थ—सातवे गुणस्थानसे ऊपर उपशमश्रेणीवाले आठवे नौवे दशवे गुणस्थानमे तथा ग्यारहवे उपशातमोहमे औपशमिक भाव ही होते हैं। इसी प्रकार क्षपकश्रेणीवाले उक्त तीनों ही गुणस्थानोमे तथा क्षीणमोह सयोगकेवली, अयोगकेवली इन तीन गुणस्थानोमें और गुणस्थानातीत

१—अनादि मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा पांच और सादि मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा सात।
२—छक्ख. भावाणु, सूत्र ७।
३—छक्ख. भावाणु, सूत्र ८, ९।

सिद्धोंके नियमसे क्षयिक भाव ही पाया जाता है। क्योंकि उपशमश्रेणीवाला तीनो गुणस्थानोंमे चारित्रमोहनीयकर्मकी इक्कीस प्रकृतियोका उपशम करता है। और ग्यारहवेंमे सम्पूर्ण चारित्रमोहनीयकर्मका उपशम कर चुकता है। इसलिये यहाँ पर औपशमिक भाव ही हुआ करते है। इसीतरह क्षपकश्रेणीवाला उन्ही इक्कीस प्रकृतियोका उन्ही तीन गुणस्थानोमे क्षपण करता है और क्षीणमोह, सयोगकेवली, अयोगकेवली तथा सिद्धस्थानमे पूर्णतया क्षय होचुका है, इसलिये इन स्थानोमे क्षायिकभाव ही होता है।

यहाँ इन सब भावोका कथन चारित्रमोहनीयकी अपेक्षासे ही है। शेष कर्मोकी अपेक्षासे अन्य भाव भी पाया जाता है। परन्तु मुख्यतया सिद्धोके केवल क्षायिकभाव ही रहा करता है।

इस प्रकार संक्षेपसे सम्पूर्ण गुणस्थानोमे होनेवाले भाव और उनके निमित्तको दिखाकर गुणस्थानोके लक्षणका कथन क्रमप्राप्त है, इसलिये प्रथम गुणस्थानका लक्षण और उसके भेदोको कहते है।

मिच्छोदयेण मिच्छत्तमसद्दहणं तु[1] तच्च-अत्थाणं[1] ।
एयंतं विवरीयं, विणयं संसयिदमण्णाणं ॥१५॥

मिथ्यात्वोदयेन मिथ्यात्वमश्रद्धान तु तत्त्वार्थानाम् ।
एकान्तं विपरीत विनय सशयितमज्ञानम् ॥ १५ ॥

अर्थ—मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे होनेवाले तत्त्वार्थके अश्रद्धानको मिथ्यात्व कहते हैं। इसके पाँच भेद हैं-एकान्त, विपरीत, विनय, संशयित और अज्ञान।

अनेक धर्मात्मक पदार्थको किसी एक धर्मात्मक मानना, इसको एकान्त मिथ्यात्व कहते हैं। जैसे वस्तु सर्वथा क्षणिक ही है, अथवा नित्य ही है, वक्तव्य ही है, अथवा अवक्तव्य ही है।

धर्मादिकके स्वरूपको विपर्ययरूप मानना इसको विपरीत मिथ्यात्व कहते है। जैसे यह मानना कि हिंसासे स्वर्गादिक की प्राप्ति होती है।

सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि देव गुरु तथा उनके कहे हुए शास्त्रोमे समान बुद्धि रखने और उनका समान सत्कारादि करनेको विनय मिथ्यात्व कहते है। जैसे जिन और बुद्ध तथा उनके धर्मको समान समझना तथा उनका समान सत्कारादि करना। इसके सिवाय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्गकी अपेक्षा न रखकर केवल गुरुओके विनयसे ही मोक्ष होती है, ऐसा मानना भी विनय मिथ्यात्व है।

समीचीन तथा असमीचीन दोनो प्रकारके पदार्थोमेसे किसी भी एक पक्षका निश्चय न होना इसको सशयमिथ्यात्व कहते है। जैसे सग्रन्थ लिङ्ग मोक्षका साधन है या निर्ग्रन्थ लिङ्ग, अथवा सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र इनकी एकता मोक्षका साधन है या यागादिकर्म, इसीतरह

१—गाथामें प्रयुक्त "तु" शब्दके कारण दो तरहसे अर्थ करना चाहिये। तत्त्वार्थका अश्रद्धान इसके सिवाय अतत्त्वार्थका श्रद्धान ऐसा भी एक अर्थ करना चाहिये।

कर्मोंके सर्वथा अभावसे प्रकट होनेवाली अनन्तगुणविशिष्ट आत्माकी शुद्धअवस्थाविशेषको मोक्ष कहते हैं, यद्वा बुद्धि-सुख-दुःखादि विशेष गुणोंके उच्छेदको मोक्ष कहते हैं।

जीवादि पदार्थोंको "यही है, इसी प्रकारसे है" इस तरह विशेषरूपसे न समझनेको अज्ञान-मिथ्यात्व कहते हैं।

इस तरह सामान्यसे मिथ्यात्वके ये पांच भेद हैं। विस्तारसे असंख्यात लोकप्रमाणतक भेद हो सकते हैं।

उक्त मिथ्यात्वके पांच भेदोंके दृष्टान्त बताते हैं।

एयंत बुद्धदरसी, विवरीओ बह्म तावसो विणओ।
इंदो वि य संसइयो, मक्कडियो चेव अण्णाणी ॥१६॥

एकान्तो बुद्धदर्शी विपरीतो ब्रह्म तापसो विनयः।
इन्द्रोऽपि संशयितो मस्करी चैवाज्ञानी ॥ १६॥

अर्थ—ये केवल दृष्टान्तमात्र हैं। इसलिये प्रत्येक दृष्टान्तवाचक शब्दके साथ आदि शब्द और लगा लेना चाहिये। अर्थात् बौद्धादि मतवाले एकान्त मिथ्यादृष्टि हैं। याज्ञिक ब्राह्मणादि विपरीत मिथ्यादृष्टि हैं। तापसादि विनय मिथ्यादृष्टि हैं। इन्द्र नामक श्वेताम्बर[1] गुरु प्रभृति संशयमिथ्यादृष्टि हैं। और मस्करी (मंखलिगोशाल ?) आदिक अज्ञानमिथ्यादृष्टि हैं।

प्रकारान्तरसे मिथ्यात्वका लक्षण कहते हैं।

मिच्छत्तं वेदंतो, जीवो विवरीयदंसणो होदि।
ण य धम्मं रोचेदि हु, महुरं खु रसं जहा जरिदो[2] ॥ १७ ॥

मिथ्यात्वं विदन् जीवो विपरीतदर्शनो भवति।
न च धर्मं रोचते हि, मधुरं खलु रसं यथा ज्वरितः ॥ १७ ॥

अर्थ—मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे उत्पन्न होनेवाले मिथ्या परिणामोंका अनुभव करनेवाला जीव विपरीत श्रद्धानवाला हो जाता है। उसको जिस प्रकार पित्तज्वरसे युक्त जीवको मीठा रस भी अच्छा मालूम नहीं होता उसी प्रकार यथार्थ धर्म अच्छा नहीं मालूम होता—रुचिकर नहीं होता।

१—सं. व मन्द. म.प्र. दोनों ही टीकाओंमें इन्द्रका अर्थ श्वेताम्बर गुरु ही किया है। परन्तु हमारे समझसे [illegible] स्वामीके समकालीन [illegible] दि. जैन लिंगसे भ्रष्ट होकर अपने अपने मतके प्रवर्तक [illegible] हैं। [illegible] ऐसा [illegible] कि [illegible] गुरु [illegible] निश्चय न कर सकता [illegible] होता।

२—[illegible] पृ. १६० में नं. ४१ पर भी यही गाथा है। तथा [illegible] [illegible] पर भी [illegible] गाथा [illegible] है।

भावार्थ—मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे जो जीव देव, शास्त्र, गुरुके यथार्थ स्वरूपका श्रद्धान न करके विपरीत श्रद्धान करता है उसको मिथ्यादृष्टि कहते हैं। यहाँपर जो "च" शब्द डाला है उससे यह अभिप्राय समझना चाहिये कि यदि कोई जीव बाहरसे सम्यग्दृष्टिके समान आचारण करे और अन्तरंगमें उनके विपरीत परिणाम हो तो वह यथार्थमें मिथ्यादृष्टि ही है।

इस अर्थको दृढ करने और अच्छी तरह समझानेके लिये मिथ्यादृष्टिके बाह्य चिन्होंको दिखाते हैं।

मिच्छाइट्ठी जीवो, उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहदि।
सद्दहदि असब्भावं उवइट्ठं वा अणुवइट्ठं[1] ॥ १८ ॥

मिथ्यादृष्टिर्जीव उपदिष्ट प्रवचन न श्रद्दधाति।
श्रद्दधाति असद्भावमुपदिष्ट वानुपदिष्टम् ॥ १८ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि जीव समीचीन गुरुओ के पूर्वापर विरोधादि दोषोसे रहित और हितके करनेवाले भी वचनोका यथार्थ श्रद्धान नही करता। किन्तु इसके विपरीत आचार्याभासो के द्वारा उपदिष्ट या अनुपदिष्ट असद्भावका अर्थात् पदार्थके विपरीत स्वरूपका इच्छानुसार श्रद्धान करता है।

विशेष मिथ्यात्वका वर्णन यहाँ चार गाथाओमे किया गया है। सक्षेपमे यह समझ लेना चाहिये कि मिथ्यात्व यह सम्यग्दर्शनका ठीक विरोध भाव है। यही कारण है कि तत्त्वार्थसूत्र, रत्नकरण्ड श्रावकाचार आदिमे और इस जीवकाण्डमे सम्यग्दर्शनके जो लक्षण विषय कारण बताये गये हैं उनके ठीक विपरीत भावो और उनके कारणो आदिका मिथ्यात्वके सम्बन्धमे निर्देश किया गया है।

न० १५ की गाथामें मिथ्यात्वका स्वरूप, कारण, विषय और भेद इस तरह चार बाते बताई गई हैं। भेदोकी सख्या पॉच है, जिससे मालूम होता है कि मिथ्यात्वके सभी प्रकार इन पाच भेदोमे गर्भित होजाते हैं। किन्तु धवलामें कहा गया है कि मिथ्यात्वके पाँच ही भेद है ऐसा नियम नही है, पॉच भेद जो कहे गये हैं, वह केवल उपलक्षणमात्र[2] है। नं० १६ की गाथामे दृष्टातरूपसे जो पाँच नाम बताये गये हैं वे प्राय उन व्यक्तियोके है जो कि भगवान महावीरस्वामीसे समकालीनता रखते हैं और उनसे कुछ दिन पूर्व ही दि जैन दीक्षा धारण कर चुके थे और पीछे जिन्होने विभिन्न कारणोसे भ्रष्ट एव विरुद्ध होकर अपनेको तीर्थंकर बताते हुए महावीरस्वामी या जैनागमके विरुद्ध उपदेश देना शुरू किया था। वास्तवमे भावरूप मिथ्यात्वके सभी भेद अनादि है। जिन व्यक्तियोके ये नाम हैं वे पर्यायार्थिक नयसे अपने समयके वर्णनके उपलक्षका है और अतत्त्वके प्रतिपादक होनेसे आसाभास हैं।

१—मूलाराधना पृ. १३८ में न. ४० पर यही गाथा है। केवल मिच्छाइट्ठीकी जगह "मोहोदयेण" पाठ पाया जाता है। तथा छक्ख- चूलियामें न० १५ पर यही गाथा है परन्तु वहाँ "जीवो" की जगह "णियमा" पाठ है। ल सा गा. न १०९ मे यही पाठ है।

२—इति वचनात् (जावदिया वयणवहा इत्यादि) न मिथ्यात्वपंचकनियमोऽस्ति किन्तूपलक्षणमात्रमेतदभिहित पचविध मिथ्यात्वमिति। स. सु. पृ १६२

नं० १७ की गाथामे मिथ्यादृष्टिको जिस धर्मके न रुचनेकी बात कही गई है वह चार प्रकारका है-१—वस्तुस्वभाव एव आत्माका शुद्धस्वभाव, २—उत्तमक्षमादि दशलक्षणरूप धर्म ३—रत्नत्रय और ४—दया। अतत्त्वश्रद्धानी या तत्त्वार्थके अश्रद्धानीको ये वास्तवमे नही रुचते।

न० १८ मे मिथ्यात्वके तीव्र, मद, मध्यम, अथवा अनादि सादि आदि भेदोका संकेत पाया जाता है।

इस तरह चार गाथाओमे मिथ्यात्वके प्राय. सभी भागोकी तरफ संक्षेपमे दृष्टि डाली गई है। मुख्य विषय भी चार ही है—स्वरूप, सख्या, विषय, और फल।

इस प्रकार प्रथम गुणस्थानका स्वरूप, उसके भेद, भेदोके दृष्टात तथा बाह्य चिन्होको दिखाकर अब क्रमानुसार दूसरे सासादन गुणस्थानका स्वरूप बताते हैं।

आदिमसम्मत्तद्धा, समयादो छावलि त्ति वा सेसे।
अणअण्णदरुदयादो, णासियसम्मो त्ति सासणक्खो सो ॥ १९ ॥

आदिमसम्यक्त्वाद्धा, आसमयत. षडावलिरिति वा शेषे।
अनान्यतरोदयात्, नाशितसम्यक्त्व इति सासनाख्य स ॥ १९ ॥

अर्थ—प्रथमोपशम सम्यक्त्वके अथवा यहाँपर वा शब्दका ग्रहण किया है, इसलिये द्वितीयोपशम सम्यक्त्वके अन्तर्मुहूर्तमात्र कालमेसे जब जघन्य एक समय तथा उत्कृष्ट छह आवली प्रमाण काल शेष रहे उतने कालमे अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभमेसे किसीके भी उदयमें आनेसे सम्यक्त्वकी विराधना होनेपर सम्यग्दर्शन गुणकी जो अव्यक्त अतत्त्वश्रद्धानरूप परिणति होती है, उसको सासन या सासादन गुणस्थान कहते हैं।

इस गुणस्थानको दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट करते है।

सम्मत्तरयणपव्वयसिहरादो मिच्छभूमिसमभिमुहो।
णासियसम्मत्तो सो, सासणणामो मुणेयव्वो[1] ॥ २० ॥

सम्यक्त्वरत्नपर्वतशिखरात् मिथ्यात्वभूमिसमभिमुख।
नाशितसम्यक्त्व स सासननामा मन्तव्य. ॥ २० ॥

अर्थ—सम्यक्त्वरूपी रत्नपर्वतके शिखरसे गिरकर जो जीव मिथ्यात्वरूपी भूमिके सम्मुख हो चुका है, अतएव जिसने सम्यक्त्वकी विराधना (नाश) करदी है, और मिथ्यात्वको प्राप्त नही किया है, उसको सासन या सासादन गुणस्थानवर्ती कहते हैं। भावार्थ–जिस प्रकार पर्वतसे गिरनेपर और भूमिपर पहुँचनेके पहले मध्यका जो काल है वह न पर्वतपर ठहरनेका ही है, और न भूमिपर ही ठहरने का है, किन्तु अनुभय काल है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी कषायमेसे किसी एकका उदय होनेसे

१—षट्खण्डागम संतसुत्त-जीवट्ठाण पृ १६६ में उक्तं च करके नं० १०८ पर यह गाथा उद्धृत है।

सम्यक्त्वपरिणामोंके छूटनेपर, और मिथ्यात्व प्रकृतिके उदय न होनेसे मिथ्यात्व परिणामोंके न होनेपर मध्यके अनुभवकालमें जो परिणाम होते हैं, उनको सासन या सासादन गुणस्थान कहते हैं। यहांपर जो सम्यक्त्वको रत्नपर्वतकी उपमा दी है, उसका अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार रत्नपर्वत अनेक रत्नोंका उत्पन्न करनेवाला और उन्नत स्थानपर पहुँचानेवाला है उस ही प्रकार सम्यक्त्व भी सम्यग्ज्ञानादि अनेक गुणरत्नोंको उत्पन्न करनेवाला है, और सबसे उन्नत मोक्षस्थानपर पहुँचाने वाला है।

प्राय. सर्वत्र इस गुणस्थानका नाम निर्देश करते समय सासन शब्दका ही प्रयोग किया है। देखो गाथा न० ९, १९ तथा २०। इसके सिवाय सतसुत्त विवरणके सूत्र न० १० में भी सासनशब्द ही पड़ा है। किन्तु अर्थ करते समय प्राय सासादन शब्दको दृष्टिमें रक्खा है। दोनों ही शब्द निरुक्तिसिद्ध हैं। असनका अर्थ होता है नीचेको गिरना और आसादनाका अर्थ होता है विराधना। क्योंकि यह जीव मिथ्यात्वकी तरफ नीचेको गिरता है, और यह कार्य सम्यक्त्वकी विराधनासे होता है। अतएव दोनों ही अर्थ सगत हैं।

प्रश्न यह हो सकता है, कि अनन्तानुबन्धीके उदयसे यदि सम्यक्त्वका विनाश होता है, तो उसे दर्शनमोहनीयके भेदोंमें गिनना चाहिये। यदि वह चारित्रमोहनीयका भेद है, तो उससे सम्यक्त्वका विराधन नहीं हो सकता, और ऐसी अवस्थामें इस गुणस्थानका सभव ही नही रहता है। दूसरी बात यह है कि अनन्तानुबन्धीके उदयसे यदि सम्यक्त्वका नाश हो जाता है तो जिस जीवके ऐसा हो तो फिर उसको मिथ्यादृष्टि ही कहना चाहिये ? किन्तु इसका उत्तर यह है कि यहाँपर जो कथन किया गया है उसका फल अनन्तानुबन्धीकषायकी द्विस्वभावताको बताना[1] है। यद्यपि सूत्रमें कहींपर भी इस कषायको दोनों तरफ गिना नहीं है फिर भी प्रकृत कथनसे यह फलितार्थ निकलता है कि अनन्तानुबन्धीमें सम्यग्दर्शन और चारित्र दोनोंके ही घात करनेका स्वभाव पाया जाता है। इसके सिवाय मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टि दोनोंके विपरीतार्थवेदनमें बहुत बडा अन्तर है, क्योंकि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अतत्त्वार्थ श्रद्धान व्यक्त और सासादन गुणस्थानमें अव्यक्त हुआ करता है। अतएव इस गुणस्थानका पृथक् निर्देश उचित ही है। इस गुणस्थानमें सम्यग्दृष्टि शब्दका जो प्रयोग किया गया है वह भूतपूर्वगतिकी अपेक्षासे समझना चाहिये।

क्रमप्राप्त तृतीय गुणस्थानका लक्षण करते हैं।

सम्मामिच्छुदयेण य, जत्तंतरसव्वघादिकज्जेण।
ण य सम्मं मिच्छं पि य, सम्मिस्सो होदि परिणामो ॥ २१ ॥

सम्यग्मिथ्यात्वोदयेन च, जात्यन्तरसर्वघातिकार्येण।
न च सम्यक्त्व मिथ्यात्वमपि च, सम्मिश्रो भवति परिणामः ॥ २१ ॥

अर्थ—जिसका प्रतिपक्षी आत्माके गुणको सर्वथा घातनेका कार्य दूसरी सर्वघाति प्रकृतियोंसे

१—किमिति मिथ्यादृष्टिरिति न व्यपदिश्यते चेन्न, अनन्तानुबन्धिना द्विस्वभावत्वप्रतिपादनफलत्वात्। ...... सूत्रे तथानुपदेशोऽप्यर्पितनयापेक्ष ॥

—जीवट्ठाण संत्त सुत. पृ १६५ धवला।

विलक्षण जातिका है उस जात्यन्तर सर्वघाति सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे केवल सम्यक्त्वरूप या मिथ्यात्वरूप परिणाम न होकर जो मिश्ररूप परिणाम होता है, उसको तीसरा मिश्रगुणस्थान कहते हैं। शङ्का—यह तीसरा गुणस्थान बन नही सकता, क्योकि मिश्ररूप परिणाम ही नही हो सकते। यदि विरुद्ध दो प्रकारके परिणाम एक ही आत्मा और एक ही कालमें माने जांय तो शीत उष्णकी तरह परस्पर सहानवस्थान लक्षण विरोध दोष आवेगा। यदि क्रमसे दोनो परिणामोकी उत्पत्ति मानी जाय, तो मिश्ररूप तीसरा गुणस्थान नही बनता। समाधान—यह शंका ठीक नही है, क्योकि मित्रामित्रन्यायसे एक काल और एक ही आत्मामे मिश्ररूप परिणाम हो सकते हैं।[1] भावार्थ—जिस प्रकार देवदत्त नामक किसी मनुष्यमे यज्ञदत्तकी अपेक्षा मित्रपना और चैत्रकी अपेक्षा अमित्रपना ये दोनो धर्म एक ही कालमें रहते हैं और उनमे कोई विरोध नही है। उस ही प्रकार सर्वज्ञ निरूपित पदार्थके स्वरूपके श्रद्धानकी अपेक्षा समीचीनता और सर्वज्ञाभासकथित अतत्त्व-श्रद्धानकी अपेक्षा मिथ्यापना ये दोनो ही धर्म एक काल और एक आत्मामे घटित हो सकते हैं इसमे कोई भी विरोधादि दोष नही हैं।

उक्त अर्थको ही दृष्टान्तद्वारा स्पष्ट करते हैं।

> दहिगुडमिव वामिस्सं, पुहभावं णेव कारिदुं सक्कं।
> एवं मिस्सयभावो, सम्मामिच्छो त्ति णादव्वो[2] ॥ २२ ॥

> दधिगुडमिव व्यामिश्रं, पृथग्भावं नैव कर्तुं शक्यम्।
> एव मिश्रकभावः, सम्यग्मिथ्यात्वमिति ज्ञातव्यम् ॥ २२ ॥

अर्थ—जिस प्रकार दही और गुड़को परस्पर इस तरहसे मिलानेपर कि फिर उन दोनोको पृथक्-पृथक् नही कर सकें, उस द्रव्यके प्रत्येक परमाणुका रस मिश्ररूप (खट्टा और मीठा मिला हुआ) होता है। उस ही प्रकार मिश्रपरिणामोमे भी एक ही कालमे सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप परिणाम रहते हैं, ऐसा समझना चाहिये।

इस गुणस्थानमें होनेवाली विशेषताको दिखाते हैं।

> सो संजमं ण गिण्हदि, देसजमं वा ण बंधदे आउं।
> सम्मं वा मिच्छं वा, पडिवज्जिय मरदि णियमेण[3] ॥ २३ ॥

> स संयमं न गृह्णाति, देशयमं वा न बध्नाति आयु।
> सम्यक्त्वं वा मिथ्यात्वं वा प्रतिपद्य म्रियते नियमेन ॥ २३ ॥

अर्थ—तृतीय गुणस्थानवर्ती जीव सकल संयम या देशसंयमको ग्रहण नही करता, और न इस गुणस्थानमे आयुकर्मका बन्ध ही होता है। तथा इस गुणस्थानवाला जीव यदि मरण

१—न चैतत्काल्पनिकं पूर्वस्वीकृतदेवताऽपरित्यागेनार्हन्नपि देव इत्यभिप्रायवतः पुरुषस्योपलम्भात् ॥ —षट्ख० संतसु धवला पृ १६७। तथा देखो यशस्तिल आ ६ पृ. २८२ के पद्य, और गा २२ की मंदप्रबोधिनी टीका।

२—धवला खण्ड १ पृ १७० गाथा नं० १०९।

३—षट्खं० ४ गा. ३३ तथा खं ५ पृ ३।

करता है तो नियमसे[1] सम्यक्त्व या मिथ्यात्वरूप परिणामोंको प्राप्त करके ही मरण करता है, किन्तु इस गुणस्थानमे मरण नही होता।

उक्त अर्थको और भी स्पष्ट करते है।

सम्मत्त-मिच्छपरिणामेसु जहिं आउगं पुरा बद्धं।
तहिं मरणं मरणंतसमुग्घादो वि य ण मिस्सम्मि[2] ॥ २४ ॥

सम्यक्त्व-मिथ्यात्वपरिणामेषु यत्रायुष्कं पुरा बद्धम्।
तत्र मरणं मारणान्तसमुद्घातोऽपि च न मिश्रे ॥ २४ ॥

अर्थ—तृतीय गुणस्थानवर्ती जीवने तृतीय गुणस्थानको प्राप्त करनेसे पहले सम्यक्त्व या मिथ्यात्वरूपके परिणामोमेसे जिस जातिके परिणाम कालमे आयुकर्मका बन्ध किया हो उस ही तरहके परिणामोंके होनेपर उसका मरण होता है, किन्तु मिश्र गुणस्थानमे मरण नही होता। और न इस गुणस्थानमें मारणान्तिक समुद्घात[3] ही होता है।

चतुर्थ गुणस्थानका लक्षण बतानेके पूर्व उसमें होनेवाले सम्यग्दर्शनके औपशमिक क्षायिक क्षायोपशमिक इन तीन भेदोमेसे प्रथम क्षायोपशमिकका लक्षण करते है।

सम्मत्तदेसघादिस्सुदयादो वेदगं हवे सम्मं।
चलमलिनमगाढं तं, णिच्चं कम्मक्खवणहेदु ॥ २५ ॥

सम्यक्त्वदेशघातेरुदयाद्वेदकं भवेत्सम्यक्त्वम्।
चलं मलिनमगाढ, तन्नित्यं कर्मक्षपणहेतु ॥ २५ ॥

अर्थ—सम्यग्दर्शनगुणको विपरीत करनेवाली प्रकृतियोमेसे देशघाति सम्यक्त्व प्रकृतिके उदय होने पर (तथा अनन्तानुबंधिचतुष्क और मिथ्यात्व मिश्र इन सर्वघाति प्रकृतियोके आगामी निषेकोका सदवस्थारूप उपशम और वर्तमान निषेकोकी बिना फल दिये ही निर्जरा होने पर) जो आत्माके परिणाम होते हैं उनको वेदक या क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं। वे परिणाम चल, मलिन, या अगाढ होते हुए भी नित्य ही अर्थात् जघन्य अन्तर्मुहूर्तसे लेकर उत्कृष्ट छ्यासठ सागरपर्यन्त कर्मोकी निर्जराके कारण है।

जिस प्रकार एक ही जल अनेक कल्लोलरूपमे परिणत होता है, उस ही प्रकार जो सम्यग्-दर्शन सम्पूर्ण तीर्थंकर या अर्हन्तोमे समान अनन्त शक्तिके होनेपर भी 'श्रीशान्तिनाथजी शान्तिके लिये और श्रीपार्श्वनाथजी रक्षा करनेके लिये समर्थ हैं' इस तरह नाना विषयोमे चलायमान होता

१—अन्य आचार्योके मतानुसार यह नियम नही है। म प्र.।

२—षट् खं ४ पृ. ३४९ खं ५ पृ ३१। ३—मूल शरीरको बिना छोडे ही आत्माके प्रदेशोका बाहर निकलना इसको समुद्घात कहते है। उसके सात भेद हैं—वेदना, कषाय, वैक्रियिक, मारणान्तिक, तैजस, आहार और केवल। मरणसे पूर्व होनेवाले समुद्घातको मारणान्तिक समुद्घात कहते है।

—बृहद् द्रव्यसंग्रह गाथा १०।

है उसको चल सम्यग्दर्शन कहते है। जिस प्रकार शुद्ध सुवर्ण भी मलके निमित्तसे मलिन कहा जाता है, उस ही तरह सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयसे जिसमें पूर्ण निर्मलता नही है उसको मलिन सम्यग्दर्शन कहते हैं। जिस तरह वृद्ध पुरुषके हाथमें ठहरी हुई भी लाठी काँपती है उस ही तरह जिस सम्यग्दर्शन के होते हुए भी अपने बनवाये हुए मन्दिरादिमें 'यह मेरा मन्दिर है' और दूसरेके बनवाये हुए मन्दिरादिमे 'यह दूसरेका है' ऐसा भाव हो उसको अगाढ़ सम्यग्दर्शन कहते है।

भावार्थ—उपशमके प्रशस्त और अप्रशस्त इस तरह दो प्रकार है। विवक्षित प्रकृति यदि उदय योग्य न हो और स्थिति अनुभाग, उत्कर्षण अपकर्षण तथा सक्रमणके योग्य हो तो उस उपशमको अप्रशस्त कहते हैं। तथा जहाँ पर विवक्षित प्रकृति उदययोग्य भी न हो और उत्कर्षण अपकर्षण एव संक्रमणयोग्य भी न हो तो वहाँ प्रशस्त उपशम कहा जाता है। अनन्तानुबन्धी कषायका प्रशस्तोपशम नही माना है, अतएव अनन्तानुबन्धी कषायका अप्रशस्तोपशम अथवा विसयोजन होने पर एवं दर्शन मोहनीयकी मिथ्यात्व और मिश्र प्रकृतिका प्रशस्त या अप्रशस्त उपशम अथवा क्षयोन्मुखताके होनेपर और सम्यक्त्व प्रकृतिके देशघाति स्पर्धकोका उदय होनेपर जो तत्त्वार्थश्रद्धानरूप परिणाम होते हैं, उनको ही वेदक या क्षायोपशमिक सम्यक्त्व कहते हैं। यहाँपर जीव सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयका वेदन—अनुभवन करता है, इसलिये इसको वेदक कहते हैं।

गाथामें आये हुए नित्य शब्दका अभिप्राय अविनश्वर नही किन्तु अन्तर्मुहूर्तसे लेकर छ्यासठ सागर तकके कालके प्रमाणसे है जैसा कि ऊपर बताया गया है। अथवा इसका आशय ऐसा भी हो सकता है कि कर्मोंके क्षपणका यह करण—असाधारण कारण है। यह बात केवल इस क्षायोपशमिक सम्यक्त्वके विषयमें ही नही किन्तु वक्ष्यमाण औपशमिक एवं क्षायिकके विषयमे भी समझनी चाहिये। क्योकि सम्यग्दर्शनके साहचर्यके बिना सवर निर्जरा नही हो सकती, यह ध्रुव नियम है। इस ध्रुव नियमको स्पष्ट करना ही नित्य शब्दका अभिप्राय है। इससे मोक्षमार्गमे सम्यग्दर्शनकी असाधारणता सूचित हो जाती है। तथा यह भी विशेषता व्यक्त होती है कि इस क्षायोपशमिक सम्यक्त्वके वेदक अथवा समल होते हुए भी वह कर्मक्षपणका कारण है। ध्यान रहे कि चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर ऊपरके सभी गुणस्थानोमे होनेवाली विशिष्ट निर्जराका मूल कारण सम्यग्दर्शन ही है।

चतुर्थ गुणस्थानमे उपदिष्ट सम्यग्दर्शनके तीन भेदोमेसे एक भेद समल सम्यग्दर्शन-वेदकका स्वरूप बताकर अब शेष दो—मलदोषरहित औपशमिक और क्षायिक सम्यग्दर्शनोंका हेतुपूर्वक लक्षण और स्वरूप बताते हैं।

सत्तण्हं उवसमदो, उवसमसम्मो खया दु खइयो य।
विदियकसायुदयादो, असंजदो होदि सम्मो य ॥ २६ ॥

सप्तानामुपशमतः उपशमसम्यक्त्वं क्षयात्तु क्षायिकं च।
द्वितीयकषायोदयादसंयतं भवति सम्यक्त्वं च ॥ २६ ॥

अर्थ—तीन दर्शनमोहनीय अर्थात् मिथ्यात्व मिश्र और सम्यक्त्व प्रकृति तथा चार अनन्तानुबन्धी कषाय इन सात प्रकृतियोंके उपशमसे औपशमिक और सर्वथा क्षयसे क्षायिक सम्यग्दर्शन होता है। इस चतुर्थगुणस्थानवर्ती सम्यग्दर्शनके साथ संयम बिलकुल नही होता। क्योकि यहाँ पर

दूसरी अप्रत्याख्यानावरण कषायका उदय रहा करता है। यही कारण है कि इस गुणस्थानवाले जीवको असयत सम्यग्दृष्टि कहते हैं।

भावार्थ—सम्यग्दर्शन गुणकी विरोधिनी इन सात प्रकृतियोके उपशम अथवा क्षय इन दोनो ही अवस्थाओमे जो आत्माका सम्यग्दर्शन गुण प्रकट होता है वह विशुद्धकी अपेक्षा समान है। फिर भी औपशमिक और क्षायिकमें प्रतिपक्षी कर्मोंके सद्भाव और असद्भावके कारण बहुत बडा अन्तर है। वह यह कि क्षायिक सम्यग्दर्शन अन्त तक स्थिर रहता है। इस सम्यक्त्वसे युक्त जीव कभी भी मिथ्यात्वको प्राप्त नही होता, न आप्तागम पदार्थोमें सन्देह करता है और न मिथ्यादृष्टियोके अतिशय या चमत्कारको देखकर आश्चर्य ही करता[1] है। अर्थात् वेदक सम्यक्त्वमे पाये जानेवाले चल मलिन और अगाढ दोषोसे वह रहित होता है। औपशमिक सम्यग्दृष्टि भी ऐसा ही होता है। परन्तु उसका काल अन्तर्मुहूर्त मात्र ही है। उसके बाद वह प्रतिपक्षी कर्मोमेसे मिथ्यात्वके उदयमे आने पर मिथ्यादृष्टि, अनन्तानुबन्धी कषायमेसे किसीके उदयमें आने पर सासादन सम्यग्दृष्टि, मिश्र प्रकृतिके उदयमे आने पर सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयमे आने पर समल वेदक सम्यक्त्वको जिसका कि स्वरूप ऊपरकी गाथामे बताया गया है प्राप्त करके असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थानको प्राप्त होजाता है। अर्थात् इन चारमेसे किसी भी एक अवस्थाको प्राप्त कर लेता है। कदाचित् ऊपरकी कषायो का क्षयोपशम भी यदि साथमे हो जाय तो वह पाँचवें, सातवे गुणस्थानोको भी प्राप्त कर सकता है।

इस गुणस्थानके साथ असयत शब्दका जो प्रयोग किया है वह अन्त्यदीपक है। अतएव असंयत भाव प्रथम गुणस्थानसे लेकर इस चतुर्थ गुणस्थानतक ही पाया जाता है। क्योकि ऊपरके गुणस्थानोमेसे पाँचवेके साथ देशसंयत या सयतासंयत और फिर उसके ऊपरके सभी गुणस्थानोके साथ सयत विशेषण पाया जाता है।

इस गुणस्थानमे श्रद्धानकी अपेक्षा जो कुछ विशेषता है उसको दिखाते है।

सम्माइट्ठी जीवो, उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहदि।
सद्दहदि असब्भावं अजाणमाणो गुरुणियोगा[2] ॥ २७ ॥

सम्यग्दृष्टिर्जीव उपदिष्ट, प्रवचन तु श्रद्दधाति।
श्रद्दधात्यसद्भावमज्ञायमानो गुरुनियोगात् ॥ २७ ॥

अर्थ—सम्यग्दृष्टि जीव आचार्योंके द्वारा उपदिष्ट प्रवचनका श्रद्धान करता है, किन्तु अज्ञानतावश गुरुके उपदेशसे विपरीत अर्थका भी श्रद्धान कर लेता है। **भावार्थ**—स्वयके अज्ञानवश "अरिहंतदेवका ऐसा ही उपदेश है" ऐसा समझकर यदि कदाचित् किसी पदार्थका विपरीत श्रद्धान भी करता है तो भी वह सम्यग्दृष्टि ही है; क्योकि उसने अरिहतका उपदेश समझकर उस पदार्थका वैसा श्रद्धान किया है। परन्तु—

१—२—संतसु० धवला पृ. १७३ गाथा नं. ११०—१११।

सुत्तादो तं सम्मं, दरसिज्जंतं जदा ण सद्दहदि ।
सो चेव हवइ मिच्छाइट्ठी जीवो तदो पहुदी ॥ २८ ॥

सूत्रात्तं सम्यक् दर्शयन्तं, यदा न श्रद्दधाति ।
स चैव भवति मिथ्यादृष्टिर्जीवस्तदा प्रभृति ॥ २८ ॥

अर्थ—गणधरादिकथित सूत्रके आश्रयसे आचार्यादिके द्वारा भले प्रकार समझाये जानेपर भी यदि वह जीव उस पदार्थका समीचीन श्रद्धान न करे तो वह जीव उस ही कालसे मिथ्यादृष्टि होजाता है। भावार्थ—आगम दिखाकर समीचीन पदार्थके समझाने पर भी यदि वह जीव पूर्वमे अज्ञानसे किये हुए अतत्त्वश्रद्धानको न छोडे तो वह जीव उस ही कालसे मिथ्यादृष्टि कहा जाता है।

इसी चतुर्थगुणस्थानवर्ती जीवके असंयत विशेषणकी अपेक्षाको दृष्टिमे रखकर उसके आशय को स्पष्ट करनेके लिये विशेष स्वरूप दिखाते हैं।

णो इंदियेसु विरदो, णो जीवे थावरे तसे वापि ।
जो सद्दहदि जिणुत्तं सम्माइट्ठी अविरदो[1] सो ॥ २९ ॥

नो इन्द्रियेषु विरतो, नो जीवे स्थावरे त्रसे वापि ।
यः श्रद्दधाति जिनोक्तं, सम्यग्दृष्टिरविरतः सः ॥ २९ ॥

अर्थ—जो इन्द्रियोके विषयोसे तथा त्रस स्थावर जीवोकी हिंसासे विरक्त नही है, किन्तु जिनेन्द्रदेव द्वारा कथित प्रवचनका श्रद्धान करता है वह अविरतसम्यग्दृष्टि है।

भावार्थ—संयम दो प्रकारका होता है, एक इन्द्रियसयम दूसरा प्राणसंयम। इन्द्रियोके विषयोसे विरक्त होनेको इन्द्रियसंयम, और अपने तथा परके प्राणोकी रक्षाको प्राणसंयम कहते हैं। इस गुणस्थानमे दोनो संयमोंमे से कोई भी सयम नही होता, अतएव इसको अविरतसम्यग्दृष्टि कहते हैं। परन्तु इस गुणस्थानके लक्षणमे जो अपि शब्द पड़ा है उससे सूचित होता है कि वह विना प्रयोजन किसी हिंसामे प्रवृत्त भी नही होता[2]। क्योकि यहाँ असंयम भावसे प्रयोजन अप्रत्याख्यानावरणादि कषायके क्षयोपशमसे पाँचवे आदि गुणस्थानोमे पाये जानेवाले देशसंयम तथा आगेके संयमभावके निषेधसे है। अतएव असंयत कहनेका अर्थ यह नही है कि सम्यग्दृष्टिकी प्रवृत्ति मिथ्यादृष्टिके समान अथवा अनर्गल हुआ करती है। क्योकि चतुर्थ गुणस्थानमें ४१ कर्मप्रकृतियोके बंधका व्युच्छित्तिके नियमानुसार[3] अभाव हो जाया करता है। अतएव ४१ कर्मोके बन्धकी कारणभूत प्रवृत्तियाँ उसके न तो होती ही हैं और न उनका होना संभव ही है। अतएव उसकी अन्तरंग बहिरंग प्रवृत्तिमे नीचेके तीन गुणस्थानवालोकी अपेक्षा महान् अन्तर हो जाया करता है।

पंचम गुणस्थानका लक्षण कहते हैं।

१—अपि शब्देन संवेगादिसम्यक्त्वगुणा सूच्यन्ते। जी. प्र.। २ अपिशब्देनानुकम्पादिगुणसद्भावान्निरपराधहिंसा न करोतीति सूच्यते। मन्दप्र।

३—सोलस-पणवीस-णभं आदि कर्मकाण्ड, गाथा नं. ९४, ९५, ९६।

पच्चक्खाणुदयादो, संजमभावो ण होदि णवरिं तु ।
थोववदो होदि तदो, देववदो होदि पंचमओ ॥ ३० ॥

प्रत्याख्यानोदयात्, संयमभावो न भवति नवरि[1] तु ।
स्तोकव्रतो भवति ततो, देशव्रतो भवति पचम ॥ ३० ॥

अर्थ—यहाँपर प्रत्याख्यानावरण कषायका उदय रहनेसे पूर्ण सयम तो नही होता, किन्तु यहाँ इतनी विशेषता होती है कि अप्रत्याख्यानावरण कषायका उदय न रहनेसे एकदेश व्रत होते है। अतएव इस गुणस्थानका नाम देशव्रत या देशसयम है। इसीको पाँचवाँ गुणस्थान कहते है।

भावार्थ—प्रत्याख्यान शब्दका अर्थ त्याग-पूर्णत्याग सकलसयम होता है। उसको आवृत करनेवाली कपायको प्रत्याख्यानावरण कहते हैं। नामके एक देशका उच्चारण करनेपर पूरे नामका बोध हो जाता है। इसी न्यायसे यहाँ गाथामे प्रत्याख्यान शब्दका प्रयोग प्रत्याख्यानावरणके लिये किया गया है। यह हेतुवाक्य है। इससे एकदेश संयम और चारित्रकी अपेक्षा यहाँ पाया जानेवाला क्षायोपशमिक भाव ये दो बाते सूचित होती हैं। क्योकि तृतीय कषायके उदयका मुख्यतया उल्लेख नीचेकी अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क इन आठ कषायोके उदयके अभावको व्यक्त करता है।

औदयिकादिक ५ भावोमेसे चारित्रकी अपेक्षा यहाँपर केवल क्षायोपशमिक भाव ही है। किन्तु सम्यक्त्वकी अपेक्षा औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक इन तीनमेसे कोई भी एक भाव रह सकता है। किन्तु विना सम्यक्त्वके यह गुणस्थान नही हो सकता यह बात "पचम" शब्दसे स्पष्ट होती है। क्योकि मिथ्यात्वके उदयसे प्रथम अनन्तानुबन्धीके उदयसे द्वितीय, सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे तीसरा और सम्यक्त्व प्रकृतिके साथ यद्वा उसके विना अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे चतुर्थ गुणस्थान होता है। इसके अनन्तर ही अप्रत्याख्यानावरण कषायके सर्वघाती स्पर्धकोके उदयाभावी क्षय एव सदुपशमके साथ-साथ प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे क्षायोपशमिक देशचारित्र होकर यह पचम गुणस्थान हुआ करता है।

कदाचित् यह शका हो सकती है कि विना सम्यग्दर्शनके भी देशसंयमी देखे जाते हैं, अतएव इस गुणस्थानके लिये सम्यग्दर्शनकी आवश्यकता नही है, परन्तु ऐसा नही है। विना सम्यक्त्वके संयम या देशसयम नही कहा जा सकता। क्योकि स० अर्थात् सम्यक्-सम्यग्दर्शनके साथ होनेवाले यम-बाह्य विपयोकी उपरतिको ही सयम कहा जाता है। यही बात जिनैकमति आदि शब्दोके द्वारा आगेकी गाथामे स्पष्ट कर दी गई है।

विरत और अविरत दोनो धर्मोमे परस्पर विरोध है। अतएव इनका एक जगह सहवास नही रह सकता। किन्तु इस गुणस्थानको विरताविरत भी कहते है, सो किस तरह सभव हो सकता है? इसका उत्तर उपपत्ति पूर्वक देते हैं।

१—नवरि यह शब्द विशेषता अर्थका द्योतक एक अव्यय पद है।

जो तसवहाउ विरदो, अविरदओ तह य थावरवहादो ।
एक्कसमयम्हि जीवो, विरदाविरदो जिणेक्कमई[1] ॥ ३१ ॥

यस्त्रसवधाद्विरत., अविरतस्तथा च स्थावरवधात् ।
एकसमये जीवो विरताविरतो जिनैकमति. ॥ ३१ ॥

अर्थ—जो जीव जिनेन्द्रदेवमें अद्वितीय श्रद्धाको रखता हुआ त्रसकी हिंसासे विरत और उस ही समयमे स्थावरकी हिंसासे अविरत होता है, उस जीवको विरताविरत कहते हैं।

भावार्थ—यहांपर जिन शब्द उपलक्षण है, इसलिये जिनशब्दसे जिनेन्द्रदेव, उनका उपदिष्ट आगम, और धर्म तथा उसके अनुसार चलनेवाले गुरुओका भी ग्रहण करना चाहिये। अर्थात् जिनदेव जिनागम, जिनधर्म और जिनगुरुओका श्रद्धान करनेवाला जो जीव एक ही समयमे त्रसहिंसाकी अपेक्षा विरत और स्थावर हिंसाकी अपेक्षा अविरत होता है इसलिये उसको एक ही समयमें विरताविरत कहते है। अर्थात् विरत और अविरत दोनो ही धर्म भिन्न-भिन्न कारणोकी अपेक्षासे हैं अतएव उनका सहावस्थान विरोध नही है।

जिस तरह गाथा न २९ मे निर्दिष्ट अपि शब्दसे विशेष अर्थ सूचित किया गया है उसी तरह यहांपर भी जो "तथा च" शब्द पडा है उसका अभिप्राय भी यह है कि विना प्रयोजन यह स्थावर हिंसाको भी नही करता।

क्रम प्राप्त छट्ठे गुणस्थानका लक्षण बताते हैं।

संजलणणोकसायाणुदयादो संजमो हवे जम्हा ।
मलजणणपमादो वि य, तम्हा हु पमत्तविरदो सो ॥ ३२ ॥

सज्वलननोकषायाणामुदयात् सयमो भवेद्यस्मात् ।
मल्जननप्रमादोऽपि च तस्मात् खलु प्रमत्तविरतः स. ॥ ३२ ॥

अर्थ—[illegible] सयमको रोकनेवाली प्रत्याख्यानावरण कषायका क्षयोपशम होनेसे पूर्ण सयम तो हो चुका है, किन्तु उस सयमके साथ-साथ संज्वलन और नोकषायका उदय रहनेसे सयममे मलको उत्पन्न करनेवाला प्रमाद भी होता है। अतएव इस गुणस्थानको प्रमत्तविरत कहते हैं।

भावार्थ—चौदह गुणस्थानोंमे यह छट्ठा गुणस्थान है। परन्तु पूर्ण संयम जिनमे पाया जाता है, उनमे यह सबसे पहला है। यहां पर पूर्ण सयमके साथ प्रमाद भी पाया जाता है। यह प्रमाद संज्वलन कषायके तीव्र उदय से हुआ करता है। आगेके गुणस्थानोमे उसका मन्द, मन्दतर, मन्दतम, उदय हुआ करता है। संज्वलनके तीव्र उदयमे भी प्रत्याख्यानावरणके अभावसे प्रकट [illegible] करनेकी सामर्थ्य नही है, उसमे प्रमादरूप मल ही उत्पन्न हो सकता है। इस गुणस्थानमें भी औदयिकादि पांच भावोंमेंसे चारित्रकी अपेक्षा केवल क्षायोपशमिक भाव ही है; किन्तु सम्यक्त्वकी अपेक्षा पांचवें गुणस्थानके समान औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक इन तीनमेंसे

१— [illegible] ॥ ११२।

कोई भी एक भाव-सम्यग्दर्शन अवश्य पाया जाता है। क्योकि यहाँ द्रव्यसयमकी नही, अपितु भावसंयमकी ही अपेक्षा है। यद्यपि यहा सज्वलनका उदय पाया जाता है, फिर भी औदयिकभाव अभीष्ट-विवक्षित नही है। क्योकि सकलसयम जो यहाँ हुआ है, वह सज्वलनके उदयसे नही किन्तु प्रत्याख्यानावरणके क्षयोपशमसे हुआ है।

प्रमत्त गुणस्थानकी विशेषताओ को बताते हैं।

वत्तावत्तपमादे, जो वसइ पमत्तसंजदो होदि।
सयलगुणसीलकलिओ, महव्वई चित्तलायरणो[1] ॥ ३३ ॥

व्यक्ताव्यक्तप्रमादे, यो वसति प्रमत्तसंयतो भवति।
सकलगुणशीलकलितो महाव्रती चित्रलाचरण.[2] ॥ ३३ ॥

अर्थ—जो महाव्रती सम्पूर्ण (२८) मूलगुण और शीलके भेदोसे युक्त होता हुआ भी व्यक्त एवं अव्यक्त[3] दोनो प्रकारके प्रमादोको करता है वह प्रमत्तसयत गुणस्थानवाला है। अतएव वह चित्रल आचरणवाला माना गया है।

भावार्थ—इस छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनिका आचरण सज्वलन कषायके तीव्र उदयसे युक्त रहनेके कारण चित्रल—चितकबरा—जहाँ पर दूसरे रगका भी सद्भाव पाया जाय, हुआ करता है। और यह व्यक्त अव्यक्त दोनो ही प्रकारके प्रमादोसे युक्त रहा करता है।

प्रकरणप्राप्त प्रमादोका वर्णन करते है।

विकहा तहा कसाया, इंदिय णिद्दा तहेव पणयो य।
चदु चदु पणमेगेगं होंति पमादा हु पण्णरस[4] ॥ ३४ ॥

विकथास्तथा कषाया, इन्द्रियनिद्रास्तथैव प्रणयश्च।
चतु चतु पञ्चैकैक भवन्ति प्रमादा खलु पञ्चदश ॥ ३४ ॥

अर्थ—चार विकथा—स्त्रीकथा, भक्तकथा, राष्ट्रकथा, अवनिपालकथा, चार कषाय—क्रोध मान, माया, लोभ, पंच इन्द्रिय-स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, एक निद्रा और एक प्रणय—स्नेह इस तरह कुल मिलाकर प्रमादोके पन्द्रह भेद हैं।

१—वत्तावत्तपसाए जो वसइ पमत्तसजदो होई। सयलगुणसीलकलिओ महव्वई चित्तलायरणो ॥ ११३ ॥ सं तु।

२—चित्तलाचरण इत्यपि पाठान्तरम्। चित्रं प्रमादमिश्र लातीति चित्रल अथवा चित्रल. सारग-स्तद्वत् शवलित यद्वा चित्त लातीति चित्तलम् आचरण यस्यासौ ॥

३—जिसका स्वयं अनुभव हो सके अथवा कदाचित् जिसका दूसरेको भी परिज्ञान हो सके उसको व्यक्त और उससे विपरीतको अव्यक्त प्रमाद कहते हैं। "व्यक्ते—स्वसवेद्य"—जी प्र तथा स्वसवेद्य. परानुमेयश्च व्यक्त—स्थूल म. प्र.।

४—षट्खं. सं सुत्त उद्धृत गाथा नं ११४। तत्र तु पण्णरसा इति पाठ.।

भावार्थ—संयमके विरोधी कथा या वाक्यप्रबन्धको विकथा, इसी प्रकार जिससे संयम गुणका घात हो ऐसे क्रोध, मान, माया, लोभरूप परिणामको कषाय, स्पर्शनादि इन्द्रियोके द्वारा अपने अपने स्पर्शादि विषयमे रागभावके होनेको इन्द्रिय, स्त्यानगृद्धि आदि तीन कर्मोके उदयसे अथवा निद्रा और प्रचलाके तीव्र उदयसे अपने विषयके सामान्य ग्रहणको रोकनेवाली जो जाड्यावस्था उत्पन्न होती है, उसको निद्रा, बाह्य पदार्थोमें ममत्व परिणामको अथवा तीव्र हास्यादि नोकषायोके उदयसे होनेवाले सक्लेश परिणामको प्रणय कहते है। ध्यान रहे कि यहाँ पर संज्वलन और तत्सम्बन्धी नोकषायके तीव्र उदयसे होनेवाले ही परिणाम प्रमाद शब्दसे विवक्षित हैं। इन पन्द्रह प्रमादोके कारण सम्यग्दर्शन या गुण शील आदि कुशलानुष्ठानमे असावधानी अथवा अनादर आदि भाव हो जाया करते हैं। यही प्रमाद है जो कि संयतको प्रमत्त बना देता है। यह दशा अन्तर्मुहूर्तसे अधिक काल तक नही रहा करती, उसके बाद अप्रमत्त गुणस्थान[1] हो जाया करता है। और इन दोनो गुणस्थानोमें इसी तरह हजारो बार परिवर्तन होता रहता है।

यहाँ पर प्रमादके मूलमें ५ प्रकार हैं—विकथा, कषाय, इन्द्रिय, निद्रा, और प्रणय। इनके क्रमसे ४—४—५—१—१ भेद हैं, और सब मिलाकर १५ भेद होते है। सब संयोगी भंग ८० हैं जैसा कि आगे बताया गया है। विस्तारपूर्वक भेद करके भंग निकालने पर उनकी सख्या साढे सेतीस हजार होती है। यथा विकथा[2] २५, कषाय २५, इन्द्रिय और अनिन्द्रिय मिलकर ६ और निद्रा ५ तथा मोह और प्रणयका युगल २। इन सबका परस्परमे गुणा करने पर ३७५०० भेद होते हैं।

अब प्रमादोका विशेष वर्णन करनेके लिये उनके पाँच प्रकारोका वर्णन करते हैं।

सखा तह पत्थारो, परियट्टण णट्ठ तह समुद्दिट्ठं।
एदे पंच पयारा, पमदसमुक्कित्तणे णेया। ३५॥

संख्या तथा प्रस्तार परिवर्त्तनं नष्टं तथा समुद्दिष्टम्।
एते पञ्च प्रकाराः प्रमादसमुत्कीर्तने ज्ञेया. ॥ ३५॥

अर्थ—प्रमादके विशेष वर्णनके विषयमे इन पाँच प्रकारोंको समझना चाहिये। संख्या, प्रस्तार, परिवर्तन, नष्ट और समुद्दिष्ट। आलापोके भेदोकी गणनाको सख्या, संख्याके रखने या निकालनेके क्रमको प्रस्तार, एक भेदसे दूसरे भेद पर पहुंचनेके क्रमको परिवर्तन, सख्याके द्वारा भेदके निकालनेको नष्ट और भेदको रखकर सख्या निकालनेको समुद्दिष्ट कहते हैं।

१—कारणवश नीचेकी कषायका उदय हो आने पर नीचेके भी गुणस्थान हो जाया करते हैं। क्योकि छट्ठे गुणस्थानवालेके छह मार्ग हैं—एक ऊपरका सातवा और नीचेके पाचो गुणस्थान। देखो चरचाशतक पद्य ४४।

२—राजकथा, भोजनकथा, स्त्रीकथा, चोरकथा, धन, वैर, परखण्डन, देश, कपट, गुणवध, देवी, निष्ठुर, पैशुन्य, कन्दर्प, अनुचित, भंड, मूर्ख, आत्मप्रशंसा, परिवाद, ग्लानि, परपीड़ा, कलह, परिग्रह, साधारण, संगीत। ये मूल ४ भेदोंको सम्मिलित करके विकथाके २५ उत्तर भेद बताये हैं। देखो चरचाशतक पद ४२ और उनकी टिप्पणी तथा जी प्र टीका, परन्तु दोनो जगहके नामोमे कुछ कुछ अन्तर है।

क्रमानुसार सबसे प्रथम संख्याकी उत्पत्तिका क्रम बताते है।

सव्वे पि पुव्वभंगा, उवरिमभंगेसु एक्कमेक्केसु।
मेलंति त्ति य कमसो, गुणिदे उप्पज्जदे संखा ॥ ३६ ॥

सर्वेऽपि पूर्वभङ्गा, उपरिमभङ्गेषु एकैकेषु।
मिलन्ति इति च क्रमशो, गुणिते उत्पद्यते सख्या ॥ ३६ ॥

अर्थ—पूर्वके सब ही भङ्ग आगेके प्रत्येक भङ्गमें मिलते है, इसलिये क्रमसे गुणा करने पर संख्या उत्पन्न होती है।

भावार्थ—पूर्वके विकथाओके प्रमाण चारको आगेकी कषायोके प्रमाण चारसे गुणा करना चाहिये। क्योंकि प्रत्येक विकथा प्रत्येक कषायके साथ पाई जाती है। इससे जो राशि उत्पन्न हो (जैसे १६) उसको पूर्व समझकर उसके आगेके इन्द्रियोके प्रमाण पाँचसे गुणा करना चाहिए, क्योकि प्रत्येक विकथा या कषाय प्रत्येक इन्द्रियके साथ पाई जाती है। इसके अनुसार सोलहको पाँचसे गुणने-पर अस्सी प्रमादोकी सख्या निकलती है। निद्रा और प्रणय ये एक ही एक है, इसलिये इनके साथ गुणा करने पर सख्यामे वृद्धि नही हो सकती। अतएव इनसे गुणा करनेकी आवश्यकता नही है।

अब प्रस्तारक्रमको दिखाते हैं।

पढमं पमदपमाणं, कमेण णिक्खिविय उवरिमाणं च।
पिंडं पडि एक्केक्कं, णिक्खित्ते होदि पत्थारो ॥ ३७ ॥

प्रथम प्रमादप्रमाणं, क्रमेण निक्षिप्य उपरिमाणं च।
पिण्डं प्रति एकैक, निक्षिप्ते भवति प्रस्तार ॥ ३७ ॥

अर्थ—प्रथम प्रमादके प्रमाणका विरलन कर क्रमसे निक्षेपण करके उसके एक एक रूपके प्रति आगेके पिण्डरूप प्रमादके प्रमाणका निक्षेपण करनेपर प्रस्तार होता है।

भावार्थ—प्रथम विकथा प्रमादका प्रमाण ४, उसका विरलन कर क्रमसे ११११ इस तरह निक्षेपण करना। इसके ऊपर कषायप्रमादके प्रमाण चारको प्रत्येक एकके ऊपर $\overset{4}{1}\overset{4}{1}\overset{4}{1}\overset{4}{1}$ इस तरह निक्षेपण करना, ऐसा करनेके अनतर परस्पर (कषायको) जोड देनेपर १६ सोलह होते है। इन सोलहका भी पूर्वकी तरह विरलन कर एक एक करके सोलह जगह रखना तथा प्रत्येक एकके ऊपर आगेके इन्द्रियप्रमादका प्रमाण पाँच पाँच रखना। ऐसा करनेसे पूर्वकी तरह परस्पर जोडनेपर अस्सी प्रमाद होते हैं। इसको प्रस्तार कहते है। इससे यह मालूम हो जाता है कि पूर्वके समस्त प्रमाद, आगेके प्रमादके प्रत्येक भेदके साथ पाये जाते हैं।

प्रस्तारका दूसरा क्रम बताते है।

णिक्खित्तु विदियमेत्त, पढम तस्सुवरि विदियमेक्केक्क।
पिंडं पडि णिक्खेओ, एवं सव्वत्थ कायव्वो ॥ ३८ ॥

निक्षिप्त्वा द्वितीयमात्रं प्रथमं तस्योपरि द्वितीयमेकैकम्।
पिण्ड प्रति निक्षेप, एव सर्वत्र कर्तव्यः ॥ ३८ ॥

अर्थ—दूसरे प्रमादका जितना प्रमाण है उतनी जगहपर प्रथम प्रमादके पिण्डको रखकर, उसके ऊपर एक एक पिण्डके प्रति आगेके प्रमादमेसे एक एकका निक्षेपण करना, और आगे भी सर्वत्र इसी प्रकार करना।

भावार्थ—दूसरे कषाय प्रमादका प्रमाण चार है, इसलिये चार जगह पर प्रथम विकथा-प्रमादके पिण्डका स्थापन करके उसके ऊपर अर्थात् प्रत्येक पिण्डके प्रति एक एक कषायका (१/४ १/४ १/४ १/४) इस तरह से स्थापन करना। इनको परस्पर जोड़नेसे सोलह होते हैं। पुनः इन सोलहको भी प्रथम समझकर, इनसे आगेके इन्द्रिय प्रमादका प्रमाण पाँच है, इसलिये सोलहके पिण्डको पांच जगह रख-कर पीछे प्रत्येक पिण्ड पर क्रमसे एक एक इन्द्रियका स्थापन करना (१/१६ १/१६ १/१६ १/१६ १/१६)। इन सोलहको इन्द्रियप्रमादके प्रमाण पाँचसे गुणा करने पर या पाँच जगह पर रक्खे हुए सोलहको परस्पर जोड़नेसे प्रमादोकी सख्या अस्सी निकलती है।

प्रथम प्रस्तारकी अपेक्षा अक्षपरिवर्तनको[1] कहते हैं।

> तदियक्खो अतगदो आदिगदे संकमेदि विदियक्खो।
> दोण्णि वि गंतूणंत आदिगदे संकमेदि पढमक्खो[2] ॥ ३९ ॥
>
> तृतीयाक्ष अन्तगत आदिगते, संक्रामति द्वितीयाक्ष.।
> द्वावपि गत्वान्तमादिगते, संक्रामति प्रथमाक्ष ॥ ३९ ॥

अर्थ—प्रमादका तृतीय स्थान अन्तको प्राप्त होकर जव फिरसे आदिस्थानको प्राप्त होजाय तव प्रमादका दूसरा स्थान भी वदल जाता है। इसी प्रकार जव दूसरा स्थान भी अन्तको प्राप्त होकर फिर आदिको प्राप्त हो जाय तव प्रथम प्रमादका स्थान वदलता है। निद्रा और स्नेह इनका दूसरा भेद नही है, इसलिये इनमें अक्षसचार नही होता।

भावार्थ—तीसरा इन्द्रियस्थान जव स्पर्शनादिके क्रमसे क्रोध और प्रथम विकथा पर घूमकर अन्तको प्राप्त हो जाय तव दूसरे कषायस्थानमे क्रोधका स्थान छूटकर मानका स्थान होता है। इसी प्रकार क्रमसे जव कषायका स्थान भी पूर्ण हो जाय तव विकथामे स्त्रीकथाका स्थान छूटकर राष्ट्र-कथाका स्थान होता है। इस क्रमसे १ स्त्रीकथालापी क्रोधी स्पर्शनेन्द्रियवशगतो निद्रालु स्नेहवान्, २ स्त्रीकथालापी, क्रोधी, रसनेन्द्रियवशंगत नि स्ने ३ स्त्री क्रो घ्राणेन्द्रियवशंगत नि. स्ने ४ स्त्री. क्रोधी चक्षुरिन्द्रियवशंगत नि. स्ने. ५ स्त्री. क्रो श्रोत्रेन्द्रियवशंगत नि स्ने.। इस तरह इन्द्रिय स्थान अन्ततक होकर जव पुन. स्पर्शन पर आता है तव क्रोधकी जगह मान हो जाता है। मानके भी पांच संचार पूरे हो जाने पर मायाके साथ और मायाके भी पूरे हो जाने पर लोभके साथ ५-५ संचार होते हैं। इस प्रकार स्त्रीकथाके साथ २० भंग होने पर भक्तकथा राष्ट्रकथा और अवनिपालकथाके साथ भी क्रमसे २०-२० भग होकर प्रमादके कुल ८० भग होते हैं।

१—एक स्थानको छोड़कर दूसरे स्थानपर जानेको परिवर्तन कहते हैं।

२—ईडर वाली प्रतिमें नं. ३९ की गाथा नं. ४० पर और नं. ४० की गाथा नं. ३९ पर मुद्रित है किन्तु यहाँ पर [illegible] अनुसार रखी गई है।

आगेकी गाथामे दूसरे प्रस्तारकी अपेक्षा जो अक्षसंचार बताया है, उसका भी यही क्रम है। अन्तर इतना ही है कि इन्द्रियोके स्थान पर विकथाओको और विकथाओकी जगह इन्द्रियोको रखकर सचार हुआ करता है।

दूसरे प्रस्तारकी अपेक्षा अक्षसचारको कहते है।

पढमक्खो अन्तगदो, आदिगदे संकमेदि विदियक्खो।
दोण्णि वि गंतूणंतं आदिगदे संकमेदि तदियक्खो ॥ ४० ॥

प्रथमाक्ष अन्तगत आदिगते संक्रामति द्वितीयाक्ष ।
द्वावपि गत्वान्तमादिगते, संक्रामति तृतीयाक्ष ॥ ४० ॥

अर्थ—प्रथमाक्ष जो विकथारूप प्रमादस्थान वह घूमता हुआ जब क्रमसे अततक पहुंचकर फिर स्त्रीकथारूप आदि स्थानपर आता है, तब दूसरा कषायका स्थान क्रोधको छोड़कर मानपर आता है। इसी प्रकार जब दूसरा कषायस्थान भी अन्तको प्राप्त होकर फिर आदि (क्रोध) स्थानपर आता है, तब तीसरा इन्द्रियस्थान बदलता है। अर्थात् स्पर्शनको छोडकर रसनापर आता है।

आगे नष्टके लानेकी विधि बताते है।

सगमाणेहिं विभत्ते सेसं लक्खित्तु जाण अक्खपदं।
लद्धे रूवं पक्खिव सुद्धे अंते ण रूवपक्खेवो ॥ ४१ ॥

स्वकमानैर्विभक्ते शेषं, लक्षयित्वा जानीहि अक्षपदम्।
लब्धे रूपं प्रक्षिप्य, शुद्धे अन्ते न रूपप्रक्षेप. ॥ ४१ ॥

अर्थ—किसीने जितनेवाँ प्रमादका भङ्ग पूछा हो उतनी संख्याको रखकर उसमे क्रमसे प्रमादप्रमाणका भाग देना चाहिये। भाग देनेपर जो शेष रहे, उसको अक्षस्थान समझ जो लब्ध आवे उसमे एक मिलाकर, दूसरे प्रमादके प्रमाणका भाग देना चाहिये, और भाग देनेसे जो शेप रहे, उसको अक्षस्थान समझना चाहिये। किन्तु शेष स्थानमे यदि शून्य हो तो अन्तका अक्षस्थान समझना चाहिये, और उसमे एक नही मिलाना चाहिये। जैसे किसीने पूछा कि प्रमादका बीसवाँ भङ्ग कौनसा है ? तो बीसकी संख्याको रखकर उसमे प्रथम विकथाप्रमादके प्रमाण चारका भाग देनेसे लब्ध पाँच आये, और शून्य शेषस्थानमे है, इसलिये पांचमे एक नही मिलाना, और अन्तकी विकथा (अवनिपालकथा) समझना चाहिये। इसी प्रकार आगे भी कपायके प्रमाण चारका पाँचमे भाग देनेसे लब्ध और शेष एक एक ही रहा, इसलिये प्रथम क्रोधकपाय, और लब्ध एकमे एक और मिलानेसे दो होते है, इसलिये दूसरी रसनेन्द्रिय समझनी चाहिये। अर्थात् २०वाँ भङ्ग अवनिपालकथालापी क्रोधी रसनेन्द्रियवशगतो निद्रालु स्नेहवान् यह हुआ। इसी रीतिसे प्रथम प्रस्तारकी अपेक्षा २० वां भंग स्त्रीकथालापी लोभी श्रोत्रेन्द्रियवशगत- होगा।

अब उद्दिष्टका स्वरूप कहते हैं।

संठाविदूण रूवं, उवरीदो संगुणित्तु सगमाणे।
अवणिज्ज अणंकिदयं, कुज्जा एमेव सव्वत्थ ॥ ४२ ॥

संस्थाप्य रूपमुपरितः सगुणित्वा स्वकमानम्।
अपनीयानङ्कित कुर्यात् एवमेव सर्वत्र ॥ ४२ ॥

अर्थ—एकका स्थापन करके आगेके प्रमादका जितना प्रमाण है, उसके साथ गुणाकार करना चाहिये। और उसमे जो अनङ्कित हो उसका त्याग करे। इसी प्रकार आगे भी करनेसे उद्दिष्टका प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—प्रमादके भङ्गको रखकर उसकी संख्याके निकालनेको उद्दिष्ट कहते हैं। उसके निकालनेका क्रम यह है कि किसीने पूछा कि राष्ट्रकथालापी मायी घ्राणेन्द्रियवशगतः निद्रालुः स्नेहवान् यह प्रमादका भङ्ग कितनेवां है ? तो (१) सख्याको रखकर उसको प्रमादके प्रमाणसे गुणा करना चाहिये और जो अनकित हो उसको उसमेसे घटा देना चाहिये। जैसे एकका स्थापन-कर उसको इन्द्रियोके प्रमाण पाँचसे गुणा करनेपर पाँच हुए, उसमेसे अनकित चक्षु श्रोत्र दो हैं; क्योकि भग पूछनेमे घ्राणेन्द्रियका ग्रहण किया है इसलिये दोको घटाया तो शेष रहे तीन, उनको कषायके प्रमाण चारसे गुणा करनेपर बारह होते हैं, उनमे अनकित एक लोभकषाय है, इसलिये एक घटा दिया तो शेष रहे ग्यारह। उनको विकथाओके प्रमाण चारसे गुणनेपर चवालीस होते हैं, उसमेसे एक अवनिपालकथाको घटा दिया तो शेष रहे तेतालीस, इसलिये उक्त भंग तेतालीसवां हुआ। किन्तु प्रथम प्रस्तारकी अपेक्षा यह ५३ नं का भंग होगा।

प्रथम प्रस्तारकी अपेक्षा जो अक्षपरिवर्तन बताया था उसके आश्रयसे नष्ट और उद्दिष्टके गूढयन्त्रको दिखाते हैं।

इगिबितिचपणखपणदसपण्णरसं खवीसतालसट्ठी य।
संठविय पमदठाणे, णट्ठुद्दिट्ठं च जाण तिट्ठाणे ॥ ४३ ॥

एकद्वित्रिचतु पचखपंचदशपंचदश खर्विशच्चत्वारिंशत् षष्ठीश्च।
संस्थाप्य प्रमादस्थाने, नष्टोद्दिष्टे च जानीहि त्रिस्थाने ॥ ४३ ॥

अर्थ—तीन प्रमादस्थानोमे क्रमसे प्रथम पाच इन्द्रियोंके स्थानपर एक, दो, तीन, चार, पांचको क्रमसे स्थापन करना। चार कषायोंके स्थानपर शून्य पांच, दश, पन्द्रह स्थापन करना। तथा विकथाओंके स्थानपर क्रमसे शून्य वीस, चालीस, साठ, स्थापन करना। ऐसा करनेसे नष्ट उद्दिष्ट अच्छी तरह समझमे आ सकते हैं। क्योकि जो भंग विवक्षित हो उसके स्थानोपर रखखी हुई संख्याको परस्पर जोड़नेसे, यह कितनेवां भंग है अथवा इस संख्यावाले भंगमे कौन कौनसा प्रमाद आता है, यह समझमें आ सकता है।

दूसरे प्रस्तारकी अपेक्षा गूढयन्त्रको कहते हैं।

इगिवितिचखचडवारस् खसोलरागट्ठढालचउसट्ठिं।
संठविय पमदठाणे, णट्ठुद्दिट्ठं च जाण तिट्ठाणे॥ ४४॥

एकद्वित्रिचतु खचतुरष्टद्वादश, खषोडशरागाष्टचत्वारिंशिच्चतु [1] षष्टिम्।
सस्थाप्य प्रमादस्थाने नष्टोद्दिष्टे च जानीहि त्रिस्थाने॥ ४४॥

अर्थ—दूसरे प्रस्तारकी अपेक्षा तीनो प्रमादस्थानोमे क्रमसे प्रथम विकथाओके स्थानपर १।२।३।४ स्थापन करना और कषायोके स्थानपर ०।४।८।१२ स्थापन करना और इन्द्रियोको जगह-पर ०।१६।३२।४८।६४ स्थापन करना ऐसा करनेसे दूसरे प्रस्तारकी अपेक्षा भी पूर्वकी तरह नष्टोद्दिष्ट समझमे आ सकते हैं।

ऊपरके गाथा न० ४३ मे वताये गये प्रस्तारकी अपेक्षा गूढ यन्त्र—

स्प	र	घ्रा	च	श्रो
१	२	३	४	५
क्रो	मा	मा	लो	
०	५	१०	१५	
स्त्री	भ	रा.	अ	
०	२०	४०	६०	

गाथा न. ४४ मे वताये गये द्वितीय प्रस्तारकी अपेक्षा गूढ यन्त्र—

स्त्री	भ.	रा	अ.	
१	२	३	४	
क्रो	मा	मा.	लो	
०	४	८	१२	
स्प	र	घ्रा	च	श्रो
०	१६	३२	४८	६४

इसी प्रकार [illegible]

१—[illegible]

सप्तम गुणस्थानका स्वरूप बताते हैं।

संजलणणोकसायाणुदओ मंदो जदा तदा होदि।
अपमत्तगुणो तेण य, अपमत्तो संजदो होदि ॥ ४५

सज्वलननोकषायाणामुदयो मन्दो यदा तदा भवति।
अप्रमत्तगुणस्तेन च, अप्रमत्तः सयतो भवति ॥ ४५ ॥

अर्थ—जब सज्वलन और नोकषायका मन्द उदय होता है तब सकल संयमसे युक्त मुनिके प्रमादका अभाव हो जाता है। इस ही लिये इस गुणस्थानको अप्रमत्तसंयत कहते हैं। इसके दो भेद हैं—एक स्वस्थानाप्रमत्त दूसरा सातिशयाप्रमत्त।

छट्ठे गुणस्थानमे संयतका प्रमत्त विशेषण अन्त्यदीपक है। अतएव यहांतकके सभी गुणस्थानवाले जीव प्रमादसहित हुआ करते हैं। और इससे ऊपरके गुणस्थानवाले सभी जीव प्रमादरहित ही होते हैं। यही कारण है कि सातवे गुणस्थानका नाम अप्रमत्तसयत है।

प्रश्न हो सकता है कि जब ऊपरके यहाँसे आगेके सभी गुणस्थान संयत और अप्रमत्त हैं तब अप्रमत्तसंयत इस नामसे सभी गुणस्थानोका ग्रहण हो जायगा, अतएव आठवें आदि गुणस्थानोंके भिन्न भिन्न नाम निर्देशकी क्या आवश्यकता है? उत्तर—यद्यपि सज्वलनके तीव्र उदयके अभावकी अपेक्षा ऊपरके सभी गुणस्थान सामान्यरूपसे अप्रमत्त हैं, फिर भी उन गुणस्थानोमे होनेवाले या पाये जानेवाले अन्य कार्योका विशेषण रूपसे उल्लेख करके उन उनका भिन्न भिन्न नाम निर्देश किया गया है।

इस गुणस्थानमे जब तक चारित्रमोहनीयकी २१ प्रकृतियोके उपशमन तथा क्षपणके कार्यका प्रारम्भ नही होता, किन्तु संज्वलनके मन्दोदयके कारण प्रमाद भी नही होता, केवल सामान्य ध्यानावस्था रहती है, तब तक यह अवस्था निरतिशय अप्रमत्त कही जाती है। और जब इसी गुणस्थानवाला जीव उक्त प्रकृतियोका उपशमन या क्षपण करनेके लिये उद्यत होता है तब उसकी सातिशय अप्रमत्त अवस्था हुआ करती है। इस तरह एक ही गुणस्थानकी दो अवस्थाएँ हैं और ये दो अवस्थाएँ ही आगेकी दोनो गाथाओ मे स्पष्ट की गई हैं।

स्वस्थानाप्रमत्त संयतका निरूपण करते हैं।

णट्ठासेसपमादो, वयगुणसीलोलिमंडिओ णाणी।
अणुवसमओ अखवओ झाणणिलीणो हु अपमत्तो[1] ॥४६॥

नष्टाशेषप्रमादो, व्रतगुणशीलावलिमण्डितो ज्ञानी।
अनुपशमक अक्षपको, ध्याननिलीनो हि अप्रमत्तः ॥४६॥

१—पट्खं संतसुत्त पृ० १७९ गाथा नं० ११५।

अर्थ—जिस संयतके सम्पूर्ण व्यक्ताव्यक्त प्रमाद नष्ट हो चुके है, और जो समग्र ही महाव्रत अट्ठाईस मूलगुण तथा शीलसे युक्त है, शरीर और आत्माके भेदज्ञानमे तथा मोक्षके कारणभूत ध्यानमे निरन्तर लीन रहता है, ऐसा अप्रमत्त मुनि जब तक उपशमक या क्षपक श्रेणिका आरोहण नही करता तबतक उसको स्वस्थान अप्रमत्त अथवा निरतिशय अप्रमत्त कहते है।

सातिशय अप्रमत्तका स्वरूप बताते है।

इगवीसमोहखवणुवसमणणिमित्ताणि तिकरणाणि तहिं।
पढमं अधापवत्तं, करणं तु करेदि अपमत्तो ॥ ४७ ॥

एकविंशतिमोहक्षपणोपशमननिमित्तानि त्रिकरणानि तेषु।
प्रथममध प्रवृत्तं, करणं तु करोति अप्रमत्त ॥ ४७ ॥

अर्थ—अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण, और सज्वलन सम्बन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ इस तरह वारह और नव हास्यादिक नोकषाय कुल मिलकर मोहनीय कर्मकी इन इक्कीस प्रकृतियोके उपशम या क्षय करनेको आत्माके ये तीन करण अर्थात् तीन प्रकारके विशुद्ध परिणाम निमित्तभूत है,—अध करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण। उनमेसे सातिशय अप्रमत्त अर्थात् जो श्रेणि चढनेके लिये सम्मुख या उद्यत हुआ है वह नियमसे पहले अध.प्रवृत्तकरणको करता है।

अध प्रवृत्त करणका लक्षण कहते है।

जह्मा उवरिमभावा, हेट्ठिमभावेहिं सरिसगा होंति।
तह्मा पढमं करणं अधापवत्तोत्ति णिद्दिट्ठं ॥ ४८ ॥

यस्मादुपरितनभावा, अधस्तनभावै सदृशका भवन्ति।
तस्मात्प्रथम करणमध.प्रवृत्तमिति निर्दिष्टम् ॥ ४८ ॥

अर्थ—अध प्रवृत्त करणके कालमे से ऊपरके समयवर्ती जीवोके परिणाम नीचेके समयवर्ती जीवोके परिणामोके सदृश-अर्थात् सख्या और विशुद्धिकी अपेक्षा समान होते हैं, इसलिये प्रथम करणको अध.प्रवृत्त करण कहा है।

अध:प्रवृत्तकरणके काल और उसमे होनेवाले परिणामोंका प्रमाण बताते हुए उनकी सदृश वृद्धिका निर्देश करते है।

अन्तोमुहुत्तमेत्तो तक्कालो होदि तत्थ परिणामा।
लोगाणमसंखमिदा, उवरुवरिं सरिसवड्ढिगया ॥ ४९ ॥

अन्तर्मुहूर्तमात्रस्तत्कालो भवति तत्र परिणामा।
लोकानामसंख्यमिता, उपर्युपरिसदृशवृद्धिगता. ॥ ४९ ॥

अर्थ—इस अध.प्रवृत्तकरणका काल अन्तर्मुहूर्त मात्र है, और उसमे परिणाम असंख्यातलोक प्रमाण होते है, और ये परिणाम ऊपर ऊपर सदृश वृद्धिको प्राप्त होते गये हैं। अर्थात् यह जीव

चारित्रमोहनीयकी शेष २१ प्रकृतियोंका उपशम या क्षय करनेके लिये अध करण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरणोको करता है। प्रत्येक भेदके परिणामोका प्रमाण असंख्यातलोक प्रमाण है। और उनमे जो उत्तरोत्तर वृद्धि होती है वह समानताको लिये हुए होती है। इनमेसे अध करण श्रेणी चढनेके सम्मुख सातिशय अप्रमत्तके होता है, और अपूर्वकरण आठवे और अनिवृत्तिकरण नववें गुणस्थानमे होता है।

भावार्थ—करण नाम आत्माके परिणामोंका है। इन परिणामोमें प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धता होती जाती है। जिसके बलसे कर्मोका उपशम तथा क्षय और स्थितिखण्डन तथा अनुभागखण्डन होते हैं। इन तीनो करणोका काल यद्यपि सामान्यालापसे अन्तर्मुहूर्तमात्र है, तथापि अध.करणके कालके संख्यातवे भाग अपूर्वकरणका काल है, और अपूर्वकरणके कालसे सख्यातवे भाग अनिवृत्तकरणका काल है। अध प्रवृत्तकरणके परिणाम असख्यातलोक प्रमाण हैं। अपूर्वकरणके परिणाम अध करणके परिणामोसे असख्यातलोकगुणित हैं। और अनिवृत्तकरणके परिणामोंकी संख्या उसके कालके समयोके समान है। अर्थात् अनिवृत्तकरणके कालके जितने समय हैं उतने ही उसके परिणाम हैं। पूर्वोक्त कथनका खुलासा विना दृष्टान्तके नही हो सकता इसलिये इसका दृष्टान्त इस प्रकार समझना चाहिये। कल्पना करो कि अध करणके कालके समयोका प्रमाण १६, अपूर्व-करणके कालके समयोका प्रमाण ८, और अनिवृत्तकरणके कालके समयोका प्रमाण ४ है। अध.-करणके परिणामोकी संख्या ३०७२; अपूर्वकरणके परिणामोंकी सख्या ४०९६; और अनिवृत्तकरणके परिणामोकी संख्या ४ है। एक समयमे एक जीवके एक ही परिणाम होता है, इसलिये एक जीव अध.करणके १६ समयोमे १६ परिणामोको ही धारण कर सकता है। अध.करणके और अपूर्व-करणके परिणाम जो १६ और ८ से अधिक कहे है, वे नाना जीवोकी अपेक्षासे कहे गये है। यहाँ इतना विशेष है कि अध करणके १६ समयोमेसे प्रथम समयमे यदि कोई भी जीव अध करण माँड़ेगा तो उसके अध करणके समस्त परिणामोमेसे पहले १६२ परिणामोमेसे कोई एक परिणाम होगा। अर्थात् तीन कालमे जब कभी चाहे जब चाहे जो अध करण माँड़ेगा तो उसके पहले समयमे नम्बर १ से लगाकर नम्बर १६२ तकके परिणामोमेसे उसकी योग्यताके अनुसार कोई एक परिणाम होगा। इस ही प्रकार किसी भी जीवके उसके अध करण माँड़नेके दूसरे समयमें नम्बर ४० से लगाकर नम्बर २०५ तक १६६ परिणामोमेसे कोई एक परिणाम होगा। इस ही प्रकार तीसरे चौथे आदि समयोमे भी क्रमसे नम्बर ८० से लगाकर २४९ तक १७० परिणामोमेसे कोई एक और १२१ से लगाकर २९४ तकके १७४ परिणामोमेसे कोई एक परिणाम होगा। इसी तरह आगेके समयोमें होनेवाले परिणाम गोम्मटसारकी बडी टीका और सुशीला उपन्यासमेसे यहाँ[1] दिये हुए यन्त्रद्वारा समझ लेने चाहिये। अध करणके अपुनरुक्त परिणाम केवल ९१२ है। और समस्त समयोमे होने-वाले पुनरुक्त और अपुनरुक्त परिणामोका जोड़ ३०७२ है। इस अध करणके परिणाम समान वृद्धि को लिये हुए हैं—अर्थात् पहले समयके परिणामसे द्वितीय समयके परिणाम जितने अधिक हैं उतने ही उतने द्वितीयादिक समयोंके परिणामोमेसे तृतीयादिक समयोके परिणाम अधिक हैं। इस समान वृद्धिको ही चय कहते हैं। इस दृष्टान्तमें चयका प्रमाण ४ है; स्थान का प्रमाण १६ और सर्वधनका ३०७२ है। प्रथमस्थानमे वृद्धिका अभाव है, इसलिये अन्तिमस्थानमे एक घाटि पद (स्थान) प्रमाण

१—यह यंत्र यहां आगे पृ. न. ३६ पर दिया है।

चय वर्द्धित है। अतएव एक घाटि पदके आधेको चय और पदसे गुणा करनेपर $\frac{१५}{२}$ × ४ × १६ = ४८० चयनका प्रमाण होता है।

भावार्थ—प्रथम समयके समान समस्त समयोमे परिणामोंको भिन्न समझकर वर्द्धित प्रमाणके जोड़को चयधन वा उत्तरधन कहते है। सर्वंधनमे से चयधनको घटाकर शेषमे पदका भाग देने से प्रथम समयसम्बन्धी परिणाम पुंजका प्रमाण $\frac{३०७२}{१} - \frac{४८०}{६}$ १६२ होता है। इसमे क्रमसे एकएक चय जोड़नेपर द्वितीयादिक समयोंके परिणामपुञ्जका प्रमाण होता है। एक घाटि पद प्रमाण चय मिलानेसे अन्तसमय सम्बन्धी परिणामपुञ्जका प्रमाण १६२ + १५ + ४=२२२ होता है। एक समयमे अनेक परिणामोकी सभावना है, इसलिये एक समयमे अनेक जीव अनेक किन्तु भिन्न भिन्न परिणामोको ग्रहण कर सकते हैं। अतएव एक समयमे नाना जीवोकी अपेक्षासे परिणामोमे विसदृशता है। एकसययमे अनेक जीव एक परिणामको ग्रहण कर सकते हैं, इसलिये एक समयमे नाना जीवोकी अपेक्षासे परिणामोमे सदृशता भी है। भिन्न समयोमे अनेक जीव अनेक परिणामोको ग्रहण कर सकते हैं, इसलिये भिन्न समयोमे नाना जोवोकी अपेक्षासे परिणामोमे विसदृशता है। जो परिणाम किसी एक जीवके प्रथम समयमे हो सकता है, वही परिणाम किसी दूसरे जीवके दूसरे समयमे, और तीसरे जीवके तीसरे समयमें, तथा चौथे जीवके चौथे समयमे हो सकता है, इसलिये भिन्न भिन्न समयवर्ती अनेक जीवोंके परिणामोमे सदृशता भी होती है। जैसे १६२ नम्बरका परिणाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ समयमे भी हो सकता है। प्रथम समय सम्बन्धी परिणामपुजके भी ३९, ४०, ४१, और ४२ इस तरह चार खण्ड किये गये हैं। अर्थात् नंबर १ से लेकर ३९ नम्बर तकके ३९ परिणाम ऐसे है जो प्रथम समयमे ही पाये जाते हैं, द्वितीयादिक समयोमे नही; इन्ही ३९ परिणामोके पुजको प्रथम खण्ड कहते है। दूसरे खण्डमे नम्बर ४० से ७९ तक ४० परिणाम ऐसे हैं जो कि प्रथम और द्वितीय सययमे पाये जाते हैं। इन चालीस परिणामोके समूहको ही द्वितीय खण्ड कहते हैं। तीसरे खण्डमें नम्बर ८० से १२० तक ४१ परिणाम ऐसे है जो कि द्वितीय तृतीय समयोमे पाये जाते है। चतुर्थ खण्डमें नं १२१ से १६२ तक ४२ परिणाम ऐसे है जो आदिके चारो ही समयोमे पाये जा सकते है। इसी प्रकार अन्य समयोंमे भी समझना चाहिये। अध.करणके ऊपरके समस्त परिणाम पूर्ववर्ती परिणामकी अपेक्षा अनन्तगुणी विशुद्धता लिये हुए हैं।

इस प्रकरणमें प्रयुक्त कुछ आवश्यक शब्दोकी परिभाषा, उसके निकालनेकी विधि, और करण सूत्रोको समझ लेना अधिक उपयोगी होगा अतएव उनका संक्षेपमे यहाँ परिचय दिया जाता है।

सर्वंधन—इसका आशय ऊपर बताया जा चुका है। सम्पूर्ण समयोमे पाये जानेवाले समस्त परिणामोंके समूहको सर्वंधन कहते हैं। इसीका दूसरा नाम पदधन भी है। यह "मुहभूमीजोगदले पदगुणिदे पदधणं होदि।" इस करणसूत्रके अनुसार निकाला जा सकता है। अर्थात् मुख—आदि-स्थानका प्रमाण और भूमि—अन्तिम स्थानका प्रमाण दोनोको जोडकर जो सख्या हो उसके आधेका पदप्रमाणसे गुणा करने पर सर्वंधन निष्पन्न होता है। यथा—

१६२ + २२२ = $\frac{३८४}{२}$ × १६ = ३०७२।

पद—इसको गच्छ या स्थान शब्दसे भी कहते हैं। यह सम्पूर्ण समयोंके प्रमाणका बोधक

अधःकरणकी अनुकृष्टिकी रचना का यंत्र.

समय नं	परिणामोकी संख्या	कहासे कहा तक	अनुकृष्टि रचना.			
१६	२२२	६९१—९१२	५४ ६९१—७४४	५५ ७४५—७९९	५६ ८००—८५५	५७ ८५६—९१२
१५	२१८	६३८—८५५	५३ ६३८—६९०	५४ ६९१—७४४	५५ ७४५—७९९	५६ ८००—८५५
१४	२१४	५८६—७९९	५२ ५८६—६३७	५३ ६३८—६९०	५४ ६९१—७४४	५५ ७४५—७९९
१३	२१०	५३५—७४४	५१ ५३५—५८५	५२ ५८६—६३७	५३ ६३८—६९०	५४ ६९१—७४४
१२	२०६	४८५—६९०	५० ४८५—५३४	५१ ५३५—५८५	५२ ५८६—६३७	५३ ६३८—६९०
११	२०२	४३६—६३७	४९ ४३६—४८४	५० ४८६—५३४	५१ ५३५—५८५	५२ ५८६—६३७
१०	१९८	३८८—५८५	४८ ३८८—४३५	४९ ४३६—४८५	५० ४८५—५३४	५१ ५३५—५८५
९	१९४	३४१—५३४	४७ ३४१—३८७	४८ ३८८—४३५	४९ ४३६—४८४	५० ४८५—५३४
८	१९०	२९५—४८५	४६ २९५—३४०	४७ ३४१—३८७	४८ ३८८—४३५	४९ ४३६—४८४
७	१८६	२५०—४३५	४५ २५०—२९४	४६ २९५—३४०	४७ ३४१—३८७	४८ ३८८—४३५
६	१८२	२०६—३८७	४४ २०६—२४९	४५ २५०—२९४	४६ २९५—३४०	४७ ३४१—३८७
५	१७८	१६३—३४०	४३ १६३—२०५	४४ २०६—२४९	४५ २५०—२९४	४६ २९५—३४०
४	१७४	१२१—२९४	४२ १२१—१६२	४३ १६३—२०५	४४ २०६—२४९	४५ २५०—२९४
३	१७०	८०—२४९	४१ ८०—१२०	४२ १२१—१६२	४३ १६३—२०५	४४ २०६—२४९
२	१६६	४०—२०५	४० ४०—७९	४१ ८०—१२०	४२ १२१—१६२	४३ १६३—२०५
१	१६२	१—१६२	३९ १—३९	४० ४०—७९	४१ ८०—१२०	४२ १२१—१६२

है तथा "आदी अन्ते शुद्धे, वड्ढिहिदे रूवसजुदे ठाणा" इस करणसूत्र—नियमके अनुसार इसका प्रमाण निकाला जा सकता है। अर्थात् आदिको अन्तमेंसे घटाने पर जो बाकी रहे, उसमे वृद्धि—चय प्रमाणका भाग देना चाहिये। इससे जो लब्ध प्रमाण हो उसमे एक जोड देना चाहिये। ऐसा करनेसे २२२—१६२ = $\frac{६०}{४}$ + १ = १६ पदका प्रमाण आता है।

चय—इसका अर्थ ऊपर बताया जा चुका है। उत्तर और विशेष भी इसीके पर्याय वाचक शब्द हैं। इसका प्रमाण "पदकदिसखेणभाजिय पचय[1]" इस नियमके अनुसार निकाला जा सकता है। अर्थात् सर्वधनमे पदके वर्गका भाग देने पर जो लब्ध आवे उसमे पुनः सख्यातका भाग देने पर चयका प्रमाण निकलता है। $\frac{३०७२}{२५६}$ = $\frac{१२}{३}$ = ४।

मुख, आदि, प्रथम, ये पर्यायवाचक—समानार्थक शब्द है। प्रथम समयके द्रव्यका प्रमाण निकालनेकी विधि ऊपर बताई जा चुकी[2] है।

आदिधन—"पदहतमुखमादिधण" इस नियमके अनुसार आदि द्रव्यको पदसे गुणा करने पर आदिधनका प्रमाण निकलता है। यथा—१६२ × १६ = २५९२।

अन्तधन—इसको भूमि भी कहते हैं। इसका प्रमाण "व्येक पद चयाभ्यस्त तदादिसहितं धनम्" इसके अनुसार निकलता है। अर्थात् एक कम पदका चयसे गुणा करना और उसमे प्रथम समयका प्रमाण जोड़ देना। यथा १५ × ४ = ६० + १६२ = २२२।

मध्यधन—आदिधन और अन्तधनको जोडकर आधा करनेसे मध्यधन निकलता है। यदि स्थानोकी सख्या सम हो तो बीचके दो स्थानोके प्रमाणको जोडकर आधा करनेसे निकलता है।

उत्तरधन—"व्येकपदार्धघ्नचयगुणो गच्छ उत्तरधनम्" इस नियमके अनुसार एक कम पदके आधेका चयसे और गच्छसे गुणा करनेपर उत्तरधनका प्रमाण होता है। यथा—$\frac{१५}{२}$ × ४ × १६ = ४८०।

अनुकृष्टि रचना—ऊपरके और नीचेके परिणामोमे अनुकर्षणको दिखानेवाली रचनाको कहते हैं। इसके यंत्रसे मालूम हो जाता है कि ऊपर नीचेके समयवर्ती परिणामोमे किस तरहसे सदृशताका अनुकर्षण पाया जाता है। ऊपर जो करणसूत्र बताये गये है उन्हीके अनुसार अनुकृष्टि रचनाका हिसाब भी समझमे आ सकता है। किसी भी विवक्षित समयके परिणामोंके समूहको सर्वधन मानकर और वहांके योग्य चय गच्छ उत्तरधन आदिको ध्यानमे लेकर प्रमाण निकाल लेना चाहिये। जैसे कि प्रथम समयमे सर्वधन १६२ चय १ गच्छ ४ और उत्तरधनका प्रमाण ६ है। इसीलिये अनुकृष्टिगत प्रथम द्वितीय, तृतीय, और चतुर्थ खण्डके द्रव्यका प्रमाण क्रमसे ३९, ४०, ४१, और ४२ निकल आता है। क्योकि ऊर्ध्वगच्छके प्रमाण १६ मे सख्यात ४ (क्योकि ४ समयतक सादृश्य पाया जाता है) का भाग देनेसे लब्ध ४ आते हैं, यही अनुकृष्टिमे गच्छका प्रमाण है। ऊर्ध्वरचनाके चय प्रमाण ४ मे अनुकृष्टिगच्छ ४ का भाग देनेसे लब्ध १ आता है वही अनुकृष्टिमें चयका प्रमाण

१—चयका प्रमाण निकालनेके और भी कई करणसूत्र है।

२—यथा—३०७२–४८० = $\frac{२५९२}{१६}$ = १६२।

है। गच्छ ४ में एक कम करने पर लब्ध ३ के आधे (१॥) को चय १ से गुणाकर और फिर गच्छ ४ से गुणा करने पर लब्ध ६ को सर्वधन १६२ मे घटाकर लब्ध १५६ में गच्छ ४ का भाग देनेसे ३९ प्रथम खण्डका द्रव्य प्रमाण निकलता है। उसीमें गच्छके शेष स्थान ३ तक चय १ को जोड़नेसे क्रमसे द्वितीयादि खण्डका प्रमाण ४०, ४१, ४२ आता है। इसी तरह अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये।

अब अपूर्वकरण गुणस्थानको कहते हैं।

अंतोमुहुत्तकालं, गमिऊण अधापवत्तकरणं तं।
पडिसमयं सुज्झंतो, अपुव्वकरणं समल्लियइ ॥ ५० ॥

अन्तर्मुहूर्तकालं गमयित्वा, अधःप्रवृत्तकरणं तत्।
प्रतिसमयं शुद्ध्यन्, अपूर्वकरणं समाश्रयति ॥ ५० ॥

अर्थ—जिसका अन्तर्मुहूर्तमात्र काल है, ऐसे अध प्रवृत्तकरणको विताकर वह सातिशय अप्रमत्त जब प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धिको लिए हुए अपूर्वकरण जातिके परिणामोंको करता है, तब उसको अपूर्वकरणनामक अष्टमगुणस्थानवर्ती कहते हैं।

भावार्थ—यहाँ विशुद्धि शब्द उपलक्षण मात्र होने से प्रशस्तप्रकृतियोंके चतु.स्थानी अनुभाग को अनन्तगुणी वृद्धि, अप्रशस्त प्रकृतियोंके द्विस्थानी अनुभागको अनन्तगुणी हानि, तथा बध्यमान कर्मोंके सख्यात हजार स्थितिबंधापसरण भी सूचित होते हैं। क्योंकि यहाँ पर अनंतगुणी विशुद्धि के साथ ४ आवश्यक माने गए हैं।

अपूर्वकरणका निरुक्तिपूर्वक लक्षण कहते हैं।

एदह्मि गुणट्ठाणे, विसरिससमयट्ठियेहिं जीवेहिं।
पुव्वमपत्ता जह्मा, होंति अपुव्वा हु परिणामा[1] ॥ ५१ ॥

एतस्मिन् गुणस्थाने, विसदृशसमयस्थितैर्जीवैः।
पूर्वमप्राप्ता यस्मात्, भवन्ति अपूर्वा हि परिणामाः ॥ ५१ ॥

अर्थ—इस गुणस्थानमें भिन्नसमयवर्ती जीव, जो पूर्व समयमे कभी भी प्राप्त नहीं हुए थे ऐसे अपूर्व परिणामोंको ही धारण करते हैं, इसलिए इस गुणस्थानका नाम अपूर्वकरण है।

भावार्थ—जिस प्रकार अध करणमें भिन्न समयवर्ती जीवोंके परिणाम सदृश और विसदृश दोनों ही प्रकारके होते हैं, वैसा अपूर्वकरणमें नहीं है; किन्तु यहाँ पर भिन्न समयवर्ती जीवोंके परिणाम विसदृश ही होते हैं सदृश नहीं होते।

इस गुणस्थानका दो गाथाओंद्वारा विशेष स्वरूप दिखाते हैं।

भिण्णसमयट्ठियेहिं दु, जीवेहिं ण होदि सव्वदा सरिसो।
करणेहिं एक्कसमयट्ठियेहिं सरिसो विसरिसो वा ॥ ५२ ॥

१—धंवलपु पु. १८३ गाथा ११७।

भिन्नसमयस्थितैस्तु जीवैर्न, भवति सर्वदा सादृश्यम् ।
करणैरेकसमयस्थितै:, सादृश्यं वैसादृश्य वा ॥ ५२ ॥

अर्थ—यहाँपर (अपूर्वकरणमे) भिन्न समयवर्ती जीवोंमे विशुद्ध परिणामोकी अपेक्षा कभी भी सादृश्य नही पाया जाता, किन्तु एक समयवर्ती जीवोमे सादृश्य और वैसादृश्य दोनो ही पाये जाते हैं।

अंतोमुहुत्तमेत्ते पडिसमयमसंखलोगपरिणामा ।
कमउड्ढा पुव्वगुणे, अणुकड्ढी णत्थि णियमेण ॥ ५३ ॥

अन्तर्मुहूर्तमात्रे, प्रतिसमयमसंख्यलोकपरिणामा: ।
क्रमवृद्धा अपूर्वगुणे, अनुकृष्टिर्नास्ति नियमेन ॥ ५३ ॥

अर्थ—इस गुणस्थानका काल अन्तर्मुहूर्तमात्र है और इसमे परिणाम असख्यात लोकप्रमाण होते है, ओर वे परिणाम उत्तरोत्तर प्रतिसमय समानवृद्धिको लिये हुए है। तथा इस गुणस्थानमे नियमसे अनुकृष्टिरचना नही होती है।[1]

भावार्थ—अध प्रवृत्तकरणके कालसे अपूर्वकरणका काल यद्यपि सख्यातगुणा हीन है; तथापि सामान्यसे अन्तर्मुहूर्तमात्र ही है। इसमें परिणामोकी सख्या अध प्रवृत्तकरणके परिणामोकी संख्यासे असंख्यातलोकगुणी है। और इन परिणामोमे उत्तरोत्तर प्रतिसमय समान वृद्धि होती गई है। अर्थात् प्रथम समयके परिणामोसे जितने अधिक द्वितोय समयके परिणाम हैं उतने उतने ही अधिक द्वितीयादि समयोके परिणामोसे तृतीयादि समयोके परिणाम हैं। तथा जिस प्रकार अध-प्रवृत्तकरणमें भिन्नसमयवर्ती जीवोके परिणामोमे सादृश्य पाया जाता है इसलिए वहाँपर अनुकृष्टि रचना की है, उस प्रकार अपूर्वकरणमे अनुकृष्टि रचना नही होती, क्योकि भिन्नसमयवर्ती जीवोके परिणामोंमें यहाँपर सादृश्य नही पाया जाता। इसकी अकसदृष्टि इस प्रकार है—सर्वधनका प्रमाण ४०९६ है, सख्यातका प्रमाण ४, चयका प्रमाण १६ और स्थानका प्रमाण ८ है। एक घाटिपदके आधेको चय और पदसे गुणा करनेपर चयधनका प्रमाण $\frac{७}{२}$×१६×८=४४८ होता है। सर्वधनमेंसे चयधनको घटाकर पदका भाग देनेसे प्रथमसमयसम्बन्धी परिणामपुंजका प्रमाण $\frac{४०९६-४४८}{८}$= ४५६ होता है। इसमे एक एक चय जोड़नेपर द्वितोयादिक समयमे होनेवाले परिणामोंका प्रमाण निकलता है। इसमें एक घाटि पदप्रमाण चय जोड़नेसे अंतसमयसम्बन्धी परिणामोका प्रमाण ४५६+७×१६=५६८ होता है।

इन अपूर्वकरण परिणामोके द्वारा क्या कार्य होता है? यह दो गाथाओ द्वारा स्पष्ट करते है।

तारिसपरिणामट्ठियजीवा हु जिणेहिं गलियतिमिरेहिं ।
मोहस्सपुव्वकरणा, खवणुवसमणुज्जया भणिया[2] ॥ ५४ ॥

१—संतसुत पृ. १८३ गा. ११६। यास्याने इति पाठः

२—संतसुत्त पृ. १८३ गा ११८।

तादृशपरिणामस्थितजीवा, हि जिनैर्गलिततिमिरैः ।
मोहस्यापूर्वकरणाः क्षपणोपशमनोद्यताः भणिताः ॥ ५४ ॥

अर्थ—अज्ञान अन्धकारसे सर्वथा रहित[1] जिनेन्द्रदेवने कहा है कि उक्त परिणामोको धारण करनेवाले अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती जीव मोहनीयकर्मकी शेष प्रकृतियोका क्षपण अथवा उपशमन करनेमे उद्यत होते है।

भावार्थ—इस गुणस्थानमे चार आवश्यक कार्य हुआ करते है। १ गुणश्रेणी निर्जरा, २ गुण सक्रमण, ३ स्थितिखण्डन, ४ अनुभागखण्डन। ये चारो ही कार्य पूर्वबद्ध कर्मोंमे हुआ करते हैं। इनमे अनुभाग खण्डन पूर्वबद्ध सत्तारूप अप्रशस्त प्रकृतियोके अनुभागका हुआ करता है। क्योंकि इनके विना चारित्र मोहकी २१ प्रकृतियोका उपशम या क्षय नही हो सकता। अतएव अपूर्व परिणामोके द्वारा इन कार्योंको करके उपशम क्षपणके लिये यहीसे वह उद्यत हो जाया करता है।

णिद्दापयले णट्ठे सदि आऊ उवसमंति उवसमया ।
खवयं ढुक्के खवया, णियमेण खवंति मोहं तु ॥ ५५ ॥

निद्राप्रचले नष्टे, सति आयुषि उपशमयन्ति उपशमका ।
क्षपक ढौकमाना. क्षपका, नियमेन क्षपयन्ति मोहं तु ॥ ५५ ॥

अर्थ—जिनके निद्रा और प्रचलाकी बन्धव्युच्छित्ति हो चुकी है, तथा जिनका आयुकर्म अभी विद्यमान है, ऐसे उपशमश्रेणिका आरोहण करनेवाले जीव शेष मोहनीयका उपशमन करते हैं और जो क्षपकश्रेणिका आरोहण करनेवाले हैं, वे नियमसे मोहनीयका क्षपण करते है।

भावार्थ—जिसके अपूर्वकरणके छह भागोमे से प्रथम भागमे निद्रा और प्रचलाकी बन्धव्युच्छित्ति[2] हो गई है, और जिसका आयुकर्म विद्यमान है (जो मरणके सम्मुख नही हैं, अर्थात् जो श्रेणिको चढ़नेवाला है, क्योकि श्रेणिसे उतरते समय यहाँपर मरणकी सम्भावना है[3]; इस प्रकारके उपशमश्रेणिको चढनेवाले जीवके अपूर्वकरण परिणामोके निमित्तसे मोहनीयका उपशम और क्षपकश्रेणिवालेके क्षय होता है[4]।

नवमे गुणस्थानका स्वरूप कहते है।

एकह्मि कालसमये, संठाणादीहिं जह णिवट्टंति ।
ण णिवट्टंति तहावि य, परिणामेहि मिहो जेहि[5] ॥ ५६ ॥

१—इस विशेषणसे उनके कहे हुए वचनमें प्रामाण्य दिखलाया है, क्योकि यह नियम है कि जो परिपूर्ण ज्ञानका धारक है वह मिथ्या भाषण नही करता।

२—इन दोनो कर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति यही पर होती है। इस कथनसे अष्टमगुणस्थानका प्रथम भाग लेना चाहिये, क्योकि उपशम या क्षयका प्रारम्भ यहीसे हो जाता है।

३—मरणके समयसे पूर्व समयमें होनेवाले गुणस्थानको भी उपचारसे मरणका गुणस्थान कहते हैं।

४—इस गाथामे तु, शब्द पडा है, इससे सूचित होता है कि क्षपकश्रेणिमे मरण नही होता।

५—षट्खं-चूलिया पृ. १२२।

होंति अणियट्टिणो ते, पडिसमयं जेस्सिमेक्कपरिणामा ।
विमलयरझाणहुयवहसिहाहिं णिद्दड्ढकम्मवणा[1] ॥ ५७ ॥(जुम्मम्)

एकस्मिन् कालसमये, संस्थानादिभिर्यथा निवर्त्तन्ते ।
न निवर्तन्ते तथापि च परिणामैर्मिथो यैः ॥ ५६ ॥

भवन्ति अनिवर्तिनस्ते प्रतिसमयं येषामेकपरिणामाः ।
विमलतरध्यानहुतवहशिखाभिर्निर्दग्धकर्मवना ॥ ५७ ॥ (युग्मम्)

अर्थ—अन्तर्मुहूर्तमात्र अनिवृत्तिकरणके कालमेसे आदि या मध्य या अन्त के एक समयवर्त्ती अनेक जीवोमे जिसप्रकार शरीरकी अवगाहना आदि बाह्य करणोंसे तथा ज्ञानावरणादिक कर्मके क्षयोपशमादि अन्तरङ्ग करणोसे परस्परमे भेद पाया जाता है, उसप्रकार जिन परिणामोके निमित्तसे परस्परमे भेद नही पाया जाता उनको अनिवृत्तिकरण कहते हैं । अनिवृत्तिकरण गुणस्थानका जितना काल है, उतने ही उसके परिणाम हैं । इसलिये उसके कालके प्रत्येक समयमे अनिवृत्तिकरणका एक ही परिणाम होता है । तथा ये परिणाम अत्यन्त निर्मल ध्यानरूप अग्निकी शिखाओकी सहायतासे कर्मवनको भस्म कर देते हैं ।

भावार्थ—यहाँपर एक समयवर्ती नाना जीवोके परिणामोंमे पाई जानेवाली विशुद्धिमे परस्पर निवृत्ति—भेद नही पाया जाता, अतएव इन परिणामोको अनिवृत्तिकरण कहते हैं । अनिवृत्तिकरण-का जितना काल है उतने ही उसके परिणाम है । इसलिये प्रत्येक समयमे एक ही परिणाम होता है । यही कारण है कि यहाँपर भिन्न समयवर्ती जीवोके परिणामोमे सर्वथा विसदृशता और एक समयवर्ती जीवोके परिणामोमे सर्वथा सदृशता ही पाई जाती है। इन परिणामोसे ही आयुकर्मको छोडकर शेष सात कर्मोंकी गुणश्रेणि निर्जरा, गुणसंक्रमण, स्थितिखण्डन, अनुभागखण्डन, होता है और मोहनीय कर्मकी बादर कृष्टि सूक्ष्म कृष्टि आदि हुआ करती है ।

दशवे गुणस्थानका स्वरूप कहते हैं ।

धुदकोसुंभयवत्थं, होहि जहा सुहमरायसंजुत्तं ।
एवं सुहमकसाओ, सुहमसरागोत्ति णादव्वो ॥ ५८ ॥

धौतकौसुम्भवस्त्रं, भवति यथा सूक्ष्मरागसंयुक्तम् ।
एवं सूक्ष्मकषाय सूक्ष्मसराग इति ज्ञातव्य. ॥ ५८ ॥

अर्थ—जिस प्रकार धुले हुए कसूमी वस्त्रमे लालिमा—सुर्खी सूक्ष्म रह जाती है, उसी प्रकार जो जीव अत्यन्त सूक्ष्म राग—लोभ कषाय से युक्त है उसको सूक्ष्मसाम्पराय नामक दशम गुणस्थान-वर्ती कहते हैं ।

भावार्थ—जहाँ पर पूर्वोक्त तीन करणके परिणामोसे क्रमसे लोभ, कषायके बिना चारित्र

[1]—षट् खं सं सु. पु १८६ गाथा नं. ११९, १२० किन्तु तत्र "तहाविय" स्थाने "तहच्चिय" इति पाठ. ।

मोहनीय कर्मकी बीस प्रकृतियोका उपशम अथवा क्षय होजाने पर सूक्ष्म कृष्टिको प्राप्त केवल लोभ कषायका ही उदय पाया जाय उसको सूक्ष्म साम्पराय नामका दशवां गुणस्थान कहते हैं। किन्तु यह सूक्ष्मकृष्टि कब कहाँ और किस तरह होती है, और यहां पर उसका किस तरह वेदन होता है, यह दो गाथाओ द्वारा बताते हैं।

> पुव्वापुव्वप्फड्ढय, बादरसुहमगयकिट्टिअणुभागा।
> हीणकमाणंतगुणेणवरादु वरं च हेट्ठस्स[1] ॥ ५९ ॥

> पूर्वापूर्वस्पर्धकबादरसूक्ष्मगतकृष्ट्यनुभागाः।
> हीनक्रमा अनन्तगुणेन, अवरात् वरं चाधस्तनस्य ॥ ५९ ॥

अर्थ—पूर्वस्पर्धकसे अपूर्व स्पर्धकके और अपूर्वस्पर्धकसे बादर कृष्टिके तथा बादरकृष्टिसे सूक्ष्म-कृष्टिके अनुभाग क्रमसे अनन्तगुणे अनन्तगुणे हीन हैं। और ऊपरके (पूर्व पूर्वके) जघन्यसे नीचेका (उत्तरोत्तर का) उत्कृष्ट और अपने अपने उत्कृष्टसे अपना अपना जघन्य अनन्तगुणा अनन्तगुणा हीन है।

भावार्थ—अनेक प्रकारकी अनुभाग शक्तिसे युक्त कार्मणवर्गणाओके समूहको स्पर्धक कहते हैं। जो स्पर्धक अनिवृत्तिकरणके पूर्वमे पाये जाँय, उनको पूर्वस्पर्धक और जिनका अनिवृत्तिकरणके निमित्तसे अनुभाग क्षीण होजाता है उनको अपूर्वस्पर्धक कहते हैं। तथा जिनका अनुभाग अपूर्व-स्पर्धकसे भी क्षीण होजाय उनको बादरकृष्टि और जिनका अनुभाग बादरकृष्टिकी अपेक्षा भी क्षीण हो जाय, उनको सूक्ष्मकृष्टि कहते हैं। पूर्वस्पर्धकके जघन्य अनुभागसे अपूर्वस्पर्धकका उत्कृष्ट अनु-भाग भी अनन्तगुणा हीन है। इसी प्रकार अपूर्वस्पर्धकके जघन्यसे बादरकृष्टिका उत्कृष्ट और बादर-कृष्टिके जघन्यसे सूक्ष्मकृष्टिका उत्कृष्ट अनुभाग अनन्तगुणा अनन्तगुणा हीन है। और जिस प्रकार पूर्वस्पर्धकके उत्कृष्टसे पूर्वस्पर्धकका जघन्य अनन्तगुणा हीन है उसी प्रकार अपूर्वस्पर्धक आदिमे भी अपने अपने उत्कृष्टसे अपना अपना जघन्य अनुभाग अनन्तगुणा अनन्तगुणा हीन है।

इस गाथामे जिन कार्योका वर्णन किया गया है, वे सब नौवे गुणस्थानमे हुआ करते[2] हैं। यहाँ पर प्रयुक्त शब्दोका अर्थ संक्षेप मे इस प्रकार है।

कर्मोके फल देनेकी शक्तिको अनुभाग और उस शक्तिके सबसे छोटे अंशको जिसका कि फिर दूसरा भाग नही हो सकता अविभागप्रतिच्छेद कहते है। कृष्टि शब्दका अर्थ कृश करना होता है। यहाँ पर इसका आशय अनुभाग शक्तिको कृश करने से है। जहां तक स्थूल खण्ड होते हैं, वहाँ तक

१—पुव्वापुव्वफद्दय अणुभागादो अणंतगुणहीणे। लोहाणुम्हिय ट्ठियओ होदि सुहुमसांपराओ सो ॥१२१॥ षट् खं. सं. सु. पृ. ॥ १८८॥

२—मुद्रित तथा हस्तलिखित प्रतियोमे यह गाथा दशवे गुणस्थानके नं० ५९ पर ही पाई जाती है। और पहलेकी इस मुद्रित प्रतिकी गाथा नं, ५९, नं० ५८ पर पाई जाती है। तदनुसार यहाँ पर नंबर आगे पीछे कर दिया गया है। विचार करने पर अर्थकी संगति भी बैठ जाती है। क्योकि यद्यपि सूक्ष्मकृष्टि नौवें गुणस्थानमे ही होती है परन्तु उन स्कन्धोका उदय दशवेमे हुआ करता है।

बादरकृष्टि और जहाँ सूक्ष्म खण्ड होते है वहाँ सूक्ष्मकृष्टि कही जाती है। ये सब कार्य नौवें गुणस्थानमें उसके संख्यात बहुभाग बीत जाने पर एक भागमे अनिवृत्तकरण परिणामोके द्वारा सत्तामे बैठे हुए कर्मोमे हुआ करते है। किन्तु सूक्ष्मकृष्टिगत लोभ कषायके इन कर्मस्कन्धोका दशवे गुणस्थानके प्रथम समय मे उदय होकर वेदन हुआ करता है। जैसा कि आगेकी गाथामे बताया गया है।

संसारावस्थामे प्रतिसमय बधनेवाले कर्मोके समूहको समयप्रबद्ध कहते हैं। यह बध चार प्रकार का है—प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, और प्रदेश। अपूर्वकरण परिणामोके द्वारा इन्हीमें जो चार आवश्यक कार्य होते हैं, वे इस प्रकार हैं—प्रदेशोकी गुणश्रेणी निर्जरा, प्रकृतिका गुणसक्रमण, स्थिति और अनुभागका खण्डन। नौवे गुणस्थानमे अनिवृत्तिकरण परिणामोके द्वारा बधे हुए कर्मोके स्पर्धकोमे अपूर्वता आती है और अनुभागशक्तिकी प्रतिसमय अनन्तगुणी अनन्तगुणी हीनता होकर बादरकृष्टि और सूक्ष्मकृष्टि बनती है। पूर्व स्पर्धकोकी रचना किस तरहसे हुआ करती है, यह जान लेने पर स्पर्धकोमे होनेवाली अपूर्वता भी अच्छी तरह समझमे आसकती है। अतएव उसका स्वरूप बड़ी टीका अथवा सक्षेपमे जैन सिद्धान्त प्रवेशिकाके प्रश्नोत्तर नं० ३८८ से ३९९ तकको देखकर समझ लेना चाहिये। उन्हीके आधारपर उपयोगी शब्दोकी परिभाषा और अनुकृष्टिका परिचय यहाँ भी नीचे दिया जाता है।

प्रतिसमय बधनेवाले कर्म या नोकर्मकी समस्त परमाणुओके समूहको समयप्रबद्ध कहते हैं। विवक्षित समयप्रबद्धमे सबसे कम अनुभागशक्तिके अंश—अविभागप्रतिच्छेद जिस परमाणुमे पाये जॉय उसको वर्ग, तथा समान संख्या वाले अविभागप्रतिच्छेद जिनमे पाये जाँय उन सब वर्गोके समूहको वर्गणा, और जिनमें अविभाग प्रतिच्छेदोकी समान वृद्धि पाई जाँय उन वर्गणाओके समूहको स्पर्धक कहते है। गुणाकार रूपसे हीन हीन द्रव्य जिसमे पाया जाय उसको गुणहानि, गुणहानिके समयसमूहको गुणहानि आयाम, गुणहानियोके समूहको नानागुणहानि, दो गुणहानिआयामके प्रमाणको निषेकहार, नानागुणहानिप्रमाण दोके अक रखकर परस्पर गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसको अन्योन्याभ्यस्तराशि और समान हानि या वृद्धिके प्रमाणको चय कहते हैं।

समयप्रबद्धके द्रव्यका प्रमाण अनन्त, स्थिति और उसके अनुसार गुणहानि आदिके समयोका प्रमाण असख्यात रहा करता है। समयप्रबद्धके द्रव्यका बटवारा स्थितिके सम्पूर्ण समयोमे किस क्रमसे और किस प्रमाणोमें हुआ करता है यह अकसदृष्टिद्वारा समझाया गया है, जो कि इस प्रकार है—

कल्पना कीजिये कि समयप्रबद्धका प्रमाण ६३०० और उसकी स्थितिका प्रमाण ४८ है। इस स्थितिके आठ आठके छह भाग होजाते है। अतएव गुणहानि आयामका प्रमाण ८ समय और नानागुणहानिका प्रमाण ६ होगा। इनमे गुणाकार रूपसे हीन हीन द्रव्य पाया जाता है, इसीलिये इनको गुणहानि कहते हैं। फलत छहो गुणहानियोके द्रव्यका प्रमाण क्रमसे ३२००, १६००, ८००, ४००, २०० और १०० होता है। प्रत्येक गुणहानिका द्रव्य अपने अपने चयके अनुसार घटता घटता आठ आठ समयोमे बँट जाता है। इन गुणहानियोमे चयका प्रमाण क्रमसे ३२, १६, ८, ४, २ और १ है। क्योकि निषेकहार १६ मे एक अधिक गुणहानिआयाम ९ को जोड़कर उसके आधे १२॥ का गुणहानिआयाम ८ से गुणा करने पर लब्ध १०० का भाग विवक्षित द्रव्योंमे क्रमसे देने पर यही प्रमाण आता है।

निषेकहार १६ का अपने अपने चयके साथ गुणा करने पर विवक्षित गुणहानिके प्रथम समय सम्बन्धी द्रव्यका प्रमाण आता है और आगे एक एक चय प्रमाण कम कम होता जाता है। तद्-नुसार छहो गुणहानियोके ४८ समयोमें ६३०० द्रव्यका बंटवारा इस प्रकार होगा।

प्र. गु. द्र	द्वि गु. द्र	तृ गु द्र.	च गु. द्र.	पं गु. द्र.	ष. गु द्र.
२८८	१४४	७२	३६	१८	९
३२०	१६०	८०	४०	२०	१०
३५२	१७६	८८	४४	२२	११
३८४	१९२	९६	४८	२४	१२
४१६	२०८	१०४	५२	२६	१३
४४८	२२४	११२	५६	२८	१४
४८०	२४०	१२०	६०	३०	१५
५१२	२५६	१२८	६४	३२	१६
३२००	१६००	८००	४००	२००	१००

यहाँ पर प्रथम गुणहानिकी प्रथम वर्गणामे जो ५१२ वर्ग है, उनकी अनुभाग शक्तिके अवि-भाग प्रतिच्छेद समान किन्तु अन्य समस्त वर्गणाओके वर्गोके अविभाग प्रतिच्छेदोंसे कम है। ऊपर ऊपर वे बढते गये हैं। जहाँ तक उनमें एक एककी या समान वृद्धि पाई जाती है वहाँतककी वर्गणाओंके समूहका एक स्पर्धक होता है। अनिवृत्तिकरण परिणामोंके द्वारा इन स्पर्धकोमे अपूर्वता आ जाती है। क्योकि निर्जराका द्रव्य प्रमाण अधिकाधिक और अनुभाग अनन्तगुणा अनन्तगुणा हीन हीन होता जाता है। यह हीन क्रम वादर कृष्टि और सूक्ष्म कृष्टिमें भी पाया जाता है।

दशम गुणस्थानमे सूक्ष्मलोभके उदयसे होने वाले फलको दिखाते हैं।—

अणुलोहं वेदंतो, जीवो उवसामगो व खवगो वा।
सो सुहमसांपराओ, जहखादेणूणओ किं चि ॥ ६० ॥

अणुलोभं विदन् जीव उपशमको व क्षपको वा।
स सूक्ष्मसाम्परायो, यथाख्यातेनोन. किञ्चित् ॥ ६० ॥

अर्थ—चाहे उपशम श्रेणिका आरोहण करने वाला हो अथवा क्षपकश्रेणिका आरोहण करने वाला हो, परन्तु जो जीव सूक्ष्मलोभके उदयका अनुभव कर रहा है, ऐसा दशवे गुणस्थानवाला जीव यथाख्यात चारित्रसे कुछ ही न्यून रहता है।

भावार्थ—यहाँ पर केवल सूक्ष्मकृष्टिगत लोभके उदयका ही वेदन होता है। इसीलिए यथा-ख्यात चारित्रके प्रकट होनेमें कुछ ही कमी रहती है।

ग्यारहवे गुणस्थान का स्वरूप दिखाते हैं—

कदक[1]फलजुदजलं वा, सरए सरवाणियं व णिम्मलयं।
सयलोवसंतमोहो, उवसंतकसायओ होदि ॥ ६१ ॥

कतक-फल—युतजल वा, शरदि सरःपानीय व निर्मलम्।
सकलोपशान्तमोह, उपशान्तकषायको भवति ॥ ६१ ॥

अर्थ—निर्मली फलसे युक्त जलकी तरह, अथवा शरद् ऋतुमे ऊपरसे स्वच्छ होजाने वाले सरोवरके जलकी तरह, सम्पूर्ण मोहनीय कर्मके उपशमसे उत्पन्न होने वाले निर्मल, परिणामोको उपशान्तकषाय ग्यारहवां गुणस्थान कहते हैं।

भावार्थ—इस गुणस्थानका पूरा नाम "उपशान्तकषाय वीतराग छद्मस्थ" है। छद्म शब्दका अर्थ है ज्ञानावरण दर्शनावरण। जो जीव इनके उदयकी अवस्थामे पाये जाते हैं, वे सब छद्मस्थ हैं। छद्मस्थ भी दो तरह के हुआ करते हैं। एक सराग दूसरे वीतराग। ग्यारहवे बारहवे गुणस्थान-वर्ती जीव वीतराग और इनसे नीचेके सब सराग छद्मस्थ हैं। कर्दम सहित जलमे निर्मली डालनेसे कर्दम नीचे बैठ जाता है और ऊपर स्वच्छ जल रह जाता है। इसी प्रकार इस गुणस्थानमे मोह-कर्मके उदयरूप कीचड़का सर्वथा उपशम होजाता है और ज्ञानावरणका उदय रहता है। इसीलिए इस गुणस्थानका यथार्थ नाम उपशान्तकषाय वीतराग छद्मस्थ है।

यहाँ पर चारित्रकी अपेक्षा केवल औपशमिक भाव और सम्यक्त्वकी अपेक्षा औपशमिक और क्षायिक इस तरहसे दो भाव पाये जाते है।

बारहवे गुणस्थानका स्वरूप बताते हैं।

णिस्सेसखीणमोहो, फलिहामलभायणुदयसमचित्तो।
खीणकसाओ भण्णदि, णिग्गंथो वीयरायेहिं[2] ॥ ६२ ॥

नि शेषक्षीणमोह , स्फटिकामलभाजनोदकसमचित्तः।
क्षीणकषायो भण्यते, निर्ग्रन्थो[3] वीतरागै ॥ ६२ ॥

अर्थ—जिस निर्ग्रन्थका चित्त मोहनीय कर्मके सर्वथा क्षीण हो जानेसे स्फटिकके निर्मल पात्र मे रक्खे हुए जलके समान निर्मल हो गया है उसको वीतराग देवने क्षीणकषाय नामका बार-हवे गुणस्थानवर्ती कहा है।

१—सत सुत्त पृ १८९ गाथा १२२। किन्तु तत्र "कदकफलजुदजल वा" इति स्थाने "सकयाहलं जलं वा" इति पाठ।

२—षट्खं सतसुत्त पृ. १९०, गाथा नं १२३।

३—सम्पूर्ण २४ परिग्रहोका अभाव यही पर होता है। क्योकि बाह्यक्षेत्र आदि दशविध परिग्रहका त्याग तो पहलेसे ही पूर्ण था। परन्तु मोहनीयका सर्वथा अभाव यही होनेसे "मिथ्यात्ववेदरागास्तथैव हास्यादयश्च षड् दोषा। चत्वारश्च कषायाश्चतुर्दशाभ्यन्तरा ग्रन्था"। पु. सि ये १४ अंतरंग परिग्रह यही सर्वथा निवृत्त होती है।

भावार्थ—जिस छद्मस्थकी वीतरागताके विरोधी मोहनीयकर्मके द्रव्य एवं भाव दोनोही प्रकारोका, अथवा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशरूप चारोही भेदोका सर्वथा-बंध उदय, उदीरणा एवं सत्त्वकी अपेक्षा क्षय होजाता है वह बारहवे गुणस्थानवाला माना जाता है। इसलिए आगममें इसका नाम क्षीणकषाय वीतराग छद्मस्थ ऐसा बताया है। यहाँ छद्मस्थ शब्द अन्त्यदीपक है। और वीतराग शब्द नाम स्थापना और द्रव्यरूप वीतरागताकी निवृत्तिके लिए है। तथा यहाँ पर पाँच भावोमेंसे मोहनीयके सर्वथा अभावकी अपेक्षासे एक क्षायिक भाव ही माना गया है।

दो गाथाओ द्वारा तेरहवे गुणस्थानका वर्णन करते हैं।

केवलणाणदिवायरकिरण-कलावप्पणासियण्णाणो।
णवकेवललद्धुग्गम सुजणियपरमप्पववएसो[1] ॥ ६३ ॥
असहायणाणदंसणसहिओ इदि केवली हु जोगेण।
जुत्तो त्ति सजोगजिणो, अणाइणिहणारिसे उत्तो[2] ॥ ६४ ॥

केवलज्ञानदिवाकर,–किरणकलापप्रणाशिताज्ञान.।
नवकेवललब्ध्युद्गमसुजनितपरमात्मव्यपदेश. ॥ ६३ ॥
असहायज्ञानदर्शनसहित इति केवली हि योगेन—
युक्त इति सयोगजिन. अनादिनिधनार्ष उक्तः ॥ ६४ ॥

अर्थ—जिसका केवलज्ञानरूपी सूर्यकी अविभागप्रतिच्छेदरूप किरणोंके समूह (उत्कृष्ट अनन्तानन्त प्रमाण) अज्ञान अन्धकार सर्वथा नष्ट हो गया हो, और जिसको नव केवललब्धियोंके (क्षायिक-सम्यक्त्व, चारित्र, ज्ञान, दर्शन, दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य) प्रकट होनेसे परमात्मा यह व्यपदेश (संज्ञा) प्राप्त होगया है, वह इन्द्रिय आलोक आदिकी अपेक्षा न रखनेवाले ज्ञान-दर्शनसे युक्त होनेके कारण केवली और योग से युक्त रहनेके कारण सयोग, तथा घाति कर्मोंसे रहित होनेके कारण जिन कहा जाता है, ऐसा अनादिनिधन आर्ष आगममे कहा है।

भावार्थ—बारहवे गुणस्थानका विनाश होते ही 'जिसके तीन[3] घाति कर्म और अघाति कर्मोंकी १६ प्रकृति, इस तरह कुल मिलकर ६३ कर्मप्रकृतियोंके[4] नष्ट होनेसे अनन्त चतुष्टय–अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख, और अनन्त वीर्य तथा नव केवललब्धि प्रकट हो चुकी हैं किन्तु साथ ही जो योगसे भी युक्त है, उस अरिहन्त परमात्माको तेरहवें गुणस्थानवर्ती कहते हैं।

१–२—षट्खं संत सुत्त. पृ. १९१, १९२ गाथा नं १२४, १२५। परन्तु तत्र "सजोगजिणो" इति स्थाने "सजोगो इदि" इति पाठ.॥

३—यद्यपि घातिकर्मके चार भेद हैं। किन्तु उनमेंसे मोहनीय कर्मका विनाश पहले ही हो चुका है अतएव शेष तीन कर्मोंका विनाश होकर यहाँ आर्हन्त्य अवस्था उत्पन्न होती है। ४—चारो घातिकर्मोंकी मिलाकर ४७ और अघाति कर्मोंमेंसे तीन आयुकर्म जिनका यहाँपर अस्तित्व ही नहीं पाया जाता, नामकर्मकी नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, विकल त्रय, उद्योत, आतप, एकेन्द्रिय, साधारण, सूक्ष्म, और स्थावर ये तेरह इस तरह कुल मिलकर ६३ प्रकृतियाँ हैं, जिसका विनाश—क्षय होनेपर तेरहवाँ गुणस्थान प्रकट हुआ करता है।

जीवभेद और दश उत्तम क्षमा आदि श्रमण धर्म, इनको परस्पर गुणा करनेसे शीलके १८ हजार भेद होते हैं।

योग संज्ञा इन्द्रिय और श्रमण धर्मका अर्थ प्रसिद्ध है। अशुभकर्मके ग्रहणमें कारणभूत क्रियाओंके निग्रह करनेको—अर्थात् अशुभयोगरूप प्रवृत्तिके परिहारको करण कहते हैं) निमित्त भेदसे इसके भी तीन भेद हैं—मन, वचन, और काय। रक्षणीय जीवोंके दश भेद हैं: यथा—पुढविद-गागणिमारुद पत्तेयाणतकायियाचेव। विगतिगचउपंचिदियभोम्मादि हवंति दस एदे ॥४॥ अर्थात्—पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, प्रत्येक, साधारण वनस्पति, और द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय पंचेन्द्रिय।[1]

शील के १८ हजार भेदोंका गूढ़यन्त्र

(प्रमादके भेदोकी तरह इसके भी संख्या प्रस्तारादि निकाले जा सकते हैं।)

<table>
<tr><td colspan="2">म. यो
१</td><td colspan="2">व यो
२</td><td colspan="2">काय यो
३</td></tr>
<tr><td colspan="2">म करण.
०</td><td colspan="2">व. करण
३</td><td colspan="2">काय क.
६</td></tr>
<tr><td colspan="2">आ स.
०</td><td colspan="2">भ सं
९</td><td colspan="2">मै. सं.
१८</td><td colspan="2">प. स.
२७</td></tr>
<tr><td colspan="2">स्पर्शन
०</td><td colspan="2">रसना
३६</td><td colspan="2">घ्राण.
७२</td><td colspan="2">चक्षु.
१०८</td><td colspan="2">श्रोत्र
१४४</td></tr>
<tr><td>पू
०</td><td>ज
१८०</td><td>अ.
३६०</td><td>वा.
५४०</td><td>प्र.
७२०</td><td>सा.
९००</td><td>द्वी.
१०८०</td><td>त्री
१२६०</td><td>च.
१४४०</td><td>प.
१६२०</td></tr>
<tr><td>उ.क्ष
०</td><td>मा.
१८००</td><td>आ
३६००</td><td>शौ.
५४००</td><td>स
७२००</td><td>सं.
९०००</td><td>त.
१०८००</td><td>त्या.
१२६००</td><td>आ.
१४४००</td><td>ब्र.
१६२००</td></tr>
</table>

१—इनके सिवाय शीलके १८ हजार भेद निकालनेके ये भी प्रकार प्रसिद्ध है।, यथा—

१—विषयाभिलाषा आदि १० (विषयाभिलाषा, वस्तिमोक्ष, प्रणीतरससेवन, ससक्तद्रव्यसेवन, शरीरागोपाङ्गावलोकन, प्रेमीका सत्कारपुरस्कार, शरीरसंस्कार, अतीतभोगस्मरण, अनागत भोगाकाक्षा, इष्टविषयसेवन।

चिन्ता आदि १० (चिन्ता दर्शनेच्छा, दीर्घनि श्वास, ज्वर, दाह, अहारारुचि, मूर्छा, उन्माद, जीवनसन्देह, मरण)। इन्द्रिय ५ योग ३ कृतकारित अनुमोदना ये ३, जागृत, स्वप्न ये २, और चेतन अचेतन ये २। सबका १०×१०×५×३×२×२×२ का गुणा करना।

२—स्त्री ३ (देवी मानुषी, तिरश्ची) को योग ३ कृतकारित अनुमोदना ३ चार सज्ञाएँ और इन्द्रिय १० (द्रव्येन्द्रिय ५, भावेन्द्रिय ५) तथा १६ कषायसे गुणने पर १७२८० भेद होते हैं। इनमें अचेतन स्त्री सम्बन्धी ७२० भेद जोड़ना। यथा अचेतन स्त्री के ३ भेद (काष्ठ पाषाण, चित्र) योग २ (मन और काय) कृतादि ३ और कषाय ४ तथा इन्द्रिय भेद १० से गुणा करने पर ७२० भेद होते हैं।

३—स्त्री ४, योग ३, कृतादि ३, इन्द्रिय ५, श्रृगाररसके भेद १०, कायचेष्टा भेद १० से गुणा करना।

इस प्रकार चौदह गुणस्थानोका स्वरूप बताकर अब उसमे होनेवाली आयुकर्मके बिना शेष सात कर्मोकी गुणश्रेणि निर्जरा और उसके द्रव्यप्रमाण तथा कालप्रमाणको दो गाथाओं द्वारा बताते हैं।

सम्मत्तुप्पत्तीये, सावयविरदे अणंतकम्मंसे ।
दंसणमोहक्खवगे, कसायउवसामगे य उवसंते ॥६६॥
खवगे य खीणमोहे, जिणेसु दव्वा असंखगुणिदकमा ।
तव्विवरीया काला, संखेज्जगुणक्कमा होंति ॥६७ ॥ जुम्मं ।

सम्यक्त्वोत्पत्तौ श्रावकविरते अनन्तकर्मांशे ।
दर्शनमोहक्षपके कषायोपशामके चोपशान्ते ॥ ६६ ॥
क्षपके च क्षीणमोहे, जिनेषु द्रव्याण्यसंख्यगुणितक्रमाणि ।
तद्विपरीता काला. संख्यातगुणक्रमा भवन्ति ॥६७॥ युग्म ।

अर्थ—सम्यक्त्वोत्पत्ति अर्थात् सातिशय मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि, श्रावक, विरत, अनन्तानुबन्धी कर्मका विसयोजन करनेवाला, दर्शनमोहनीय कर्मका क्षय करनेवाला कषायोका उपशम करनेवाले ८-९-१०वे गुणस्थानवर्ती जीव, उपशान्तकषाय, कषायोका क्षपण करनेवाले ८-९-१० वें गुणस्थानवर्ती जीव, क्षीणमोह, सयोगी और अयोगी दोनो प्रकारके जिन, इन ग्यारह[1] स्थानोमें द्रव्यकी अपेक्षा कर्मोकी निर्जरा क्रमसे असंख्यातगुणी असख्यातगुणी अधिक अधिक होती जाती है। और उसका काल इससे विपरीत है। क्रमसे उत्तरोत्तर सख्यातगुणा संख्यातगुणा हीन है।

भावार्थ—सादि अथवा अनादि दोनो ही प्रकारका मिथ्यादृष्टि जीव जब करणलब्धिको प्राप्त करके उसके अध प्रवृत्तकरण परिणामोको भी बिताकर अपूर्वकरण परिणामोको ग्रहण करता है, तव वह सातिशय मिथ्यादृष्टि कहा जाता है। इस सातिशय मिथ्यादृष्टिके जो कर्मोकी निर्जरा होती है, वह पूर्वकी निर्जरासे अर्थात् सदा ही ससारावस्था या मिथ्यात्वदशामे होनेवाली या पाईजानेवाली निर्जरासे असंख्यातगुणी अधिक हुआ करती है। इससे असंख्यातगुणी कर्मोकी निर्जरा सम्यग्दर्शन उत्पन्न होजाने पर हुआ करती है। श्रावक अवस्था प्राप्त होनेपर जो कर्मोकी निर्जरा होती है, वह असंयतसम्यग्दृष्टि की निर्जरासे असख्यातगुणी अधिक होती है। इसी प्रकार विरतादि स्थानोमे भी उत्तरोत्तर क्रमसे असंख्यातगुणी असख्यातगुणी अधिक अधिक कर्मोकी निर्जरा हुआ करती है। तथा इस निर्जराका काल उत्तरोत्तर सख्यातगुणा सख्यातगुणा हीन हीन होता गया है। अर्थात् सातिशय मिथ्यादृष्टिको निर्जरामे जितना काल लगता है उससे सख्यातगुणा कम काल असंयतसम्यग्दृष्टिकी

१-निर्जराके स्थान वास्तवमे दश ही हैं। जैसा कि तत्त्वार्थसूत्र अ० ९ सूत्र नं० ४५ में और उसकी टीका सर्वार्थसिद्धि आदिमे स्पष्टतया दश संख्याका ही उल्लेख पाया जाता है। तथा इन दो गाथाओमे भी इस दश स्थानोके ही नाम गिनाये हैं। परन्तु यहां टीकाकारने ११ स्थान वताये हैं। सो प्रथम अथवा अन्तिम स्थानके दो भेद करनेसे घटित हो सकते है। जैसा कि आगे यही पर भावार्थमे स्पष्ट किया गया है।

निर्जरामे लगता है। और उससे भी संख्यातगुणा कम काल श्रावककी निर्जरामे लगा करता है। इसी प्रकार आगेके विरत आदि स्थानोके विषयमे भी समझना चाहिये। अर्थात् उत्तरोत्तर सख्यातगुणे हीन हीन समयमे ही उत्तरोत्तर परिणाम विशुद्धिकी अधिकता होते जानेके कारण कर्मोंकी निर्जरा असख्यातगुणी असख्यातगुणी अधिक अधिक होती जाती है। तात्पर्य यह कि जैसे जैसे मोहकर्म निःशेष होता जाता है वैसे वैसे निर्जरा भी बढती जाती है और उसका द्रव्यप्रमाण असख्यातगुणा असख्यातगुणा अधिकाधिक होता जाता है। फलत' वह जीव भी निर्वाणके अधिक अधिक निकट पहुंचता जाता है। जहा गुणाकार रूपसे गुणित निर्जराका द्रव्य अधिकाधिक पाया जाता है उन स्थानो मे गुणश्रेणी निर्जरा कही जाती है।

टीकाकारने यहा पर गुणश्रेणी निर्जराके ११ स्थान[१] बताये है। परन्तु प्रकृत दोनों गाथा-ओमे १० स्थानोके ही नामका उल्लेख किया गया है। अतएव या तो सम्यक्त्वोत्पत्ति इस एक ही नामसे सातिशय मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि इस तरह दो भेदोका ग्रहण करके ११ स्थानो की पूर्ति की जा सकती है। अथवा ऐसा न करके सम्यक्त्वोत्पत्ति शब्दसे तो एक ही स्थान लेना, परन्तु अन्तिम जिन शब्दसे दो भेदो का ग्रहण कर लेना चाहिये। टीकाकारने इस जिन शब्दसे स्वस्थानस्थित केवली और समुद्घातगत केवली इस प्रकार दो विभाग किये हैं। और स्वस्थान केवलीकी अपेक्षा समुद्घात केवलीके निर्जरा द्रव्यका प्रमाण असख्यातगुणा[२] वताया है।

इस प्रकार चौदह गुणस्थानोमे रहनेवाले जीवोका वर्णन करके अव गुणस्थानोका अतिक्रमण करनेवाले सिद्धोका वर्णन करते हैं।

अट्ठविहकम्मवियला, सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा।
अट्ठगुणा किदकिच्चा, लोयग्गणिवासिणो सिद्धा[३] ॥ ६८ ॥

अष्ट[४]विधकर्मविकलाः शीतीभूता निरजना नित्याः।
अष्टगुणा कृतकृत्या लोकाग्रनिवासिन सिद्धा ॥ ६८ ॥

अर्थ—जो ज्ञानावरणादि अष्ट कर्मोसे रहित हैं, अनन्तसुखरूपी अमृतके अनुभव करनेवाले शान्तिमय है, नवीन कर्मवन्धको कारणभूत मिथ्यादर्शनादि भावकर्मरूपी अञ्जनसे रहित है,

---

१, २—तत (क्षीणकषायात्) स्वस्थानकेवलिजिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुण। ततः समुद्घातकेवलि-जिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसख्यातगुणमित्येकादशस्थानेषु गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यस्य प्रतिस्थानमसख्यात-गुणित्वमुक्तम्।

"त एते दश सम्यग्दृष्टयादय क्रमशोऽसख्येयगुणनिर्जरा स सि, "अध्यवसायविशुद्धिप्रकर्षादसख्येयगुण-निर्जराश्च दशाना तत्त्वार्थराजवार्तिके च।

३—[illegible] पृ० २०० सूत्र न० २३ गाथा न० १२७। ४—कर्म ८ है। वे आत्माके आठ गुणोंका घात करते है। इन कर्मोका सम्बन्ध सर्वथा छूट जाने पर आत्माके वे गुण प्रकट हो जाते है, जैसा कि गाथामें 'अट्ठ-गुणा' विशेषणके द्वारा बताया गया है। कौनसा कर्म किस गुणका घात करता है, यह इन दो गाथाओं द्वारा बताया गया है।—

मोहो खाइयसम्मं केवलणाणं च केवलालोयं। हणदि हु आवरणदुगं अणंतविरियं हणेदि विग्घं तु।
सुहुमं च णामकम्मं हणेदि आऊ [illegible] अवगहणं। अगुरुलहुगं गोदं अव्वाबाहं हणेदि वेयणियं॥

सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, वीर्य, अव्याबाध, अवगाहन, सूक्ष्मत्व, अगुरुलघु, ये आठ मुख्य गुण जिनके प्रकट हो चुके है, कृतकृत्य हैं—जिनको कोई कार्य करना बाकी नही रहा है, लोकके अग्रभागमे निवास करनेवाले है, उनको सिद्ध कहते है।

भावार्थ—संसारावस्थाका विनाश हो जाने पर भी आत्मद्रव्यका विनाश नही होता उसका अस्तित्व रहता है। किन्तु वह अस्तित्व किसरूपमे रहता है यह इस गाथाके द्वारा बताया गया है।

ऊपरकी गाथामे दिये गये सिद्धोके सात विशेषणोका प्रयोजन दिखाते हैं।

सदसिव संखो मक्कडि, बुद्धो णेयाइयो य वेसेसी।
ईसरमंडलिदंसण,-विदूसणट्ठं कयं एदं॥ ६९॥

सदाशिव साख्य बुद्धो नैयायिकश्च वैशेषिकः।
ईश्वरमण्डलिदर्शनविदूषणार्थं कृतमेतत्॥ ६९॥

अर्थ—सदाशिव, साख्य, मस्करी, बौद्ध, नैयायिक और वैशेषिक, कर्तृवादी (ईश्वरको कर्त्ता माननेवाले), मण्डली इनके मतोका निराकरण करनेके लिये ये विशेषण दिये है।

भावार्थ—सदाशिव[1] मतवाला जीवको सदा कर्मसे रहित ही मानता है, उसके निराकरणके लिये ही ऐसा कहा है कि सिद्ध अवस्था प्राप्त होनेपर ही जीव कर्मोसे रहित होता है—सदा नही। सिद्ध अवस्थासे पूर्व संसार अवस्थामे कर्मो से सहित रहता है[2]। सांख्यमतवाले मानते हैं कि "बन्ध मोक्ष, सुख, दुःख, प्रकृतिको होते हैं, आत्माको नही"। इसके निराकरणके लिए "सुखस्वरूप" ऐसा विशेषण दिया है। मस्करीमतवाला मुक्त जीवोका लौटना मानता है। उसको दूषित करनेके लिये ही कहा है कि "सिद्ध निरजन हैं" अर्थात् मिथ्यादर्शन क्रोध मानादि भावकर्मोसे रहित है। क्योकि बिना भावकर्मके नवीन कर्मका ग्रहण नही हो सकता और बिना कर्मग्रहणके जीव निर्हेतुक ससारमे लौट नही सकता। बौद्धोका मत है कि "सम्पूर्ण पदार्थ क्षणिक अर्थात् क्षणध्वसी है" उसको दूषित करनेके लिए कहा है कि वे "नित्य" है। नैयायिक तथा वैशेषिकमतवाले मानते है कि "मुक्तिमे बुद्ध्यादि गुणोका विनाश होजाता है," उसको दूर करनेके लिए "ज्ञानादि आठ गुणोसे सहित हैं" ऐसा कहा है। ईश्वरको कर्ता माननेवालोके मतके लिये "कृतकृत्य" विशेषण दिया है। अर्थात् अब (मुक्त होनेपर) जीवको सृष्टि आदि बनानेका कार्य शेष नही रहा है। मण्डली मतवाला मानता है कि "मुक्त जीव सदा ऊपरको गमन ही करता जाता है, कभी ठहरता नही" उसके निराकरणके लिये "लोकके अग्रभागमें स्थित हैं" ऐसा कहा है।

इति गुणस्थानप्ररूपणानाम प्रथमोऽधिकारः।

२—जीवसमास

क्रमप्राप्त जीवसमासप्ररूपणाका निरुक्तिपूर्वक सामान्य लक्षण कहते है।

१—सदाशिवः सदाऽकर्मा साख्यो मुक्तं सुखोज्झितं। मस्करी किल मुक्ताना मन्यते पुनरागतिम्॥ १॥
क्षणिकं निर्गुणं चैव बुद्धो यौगश्च मन्यते। कृतकृत्यं तमीशानो मण्डली चोर्ध्वगामिनम्॥ २॥

२—इससे उस नास्तिक मतका भी निराकरण हो जाता है जिसके अनुसार मुक्ति कभी होती ही नही। सदा कर्म सहित संसारावस्था ही रहती है।

जेहिं अणेया जीवा, णज्जंते बहुविहा वि तज्जादी ।
ते पुण संगहिदत्था, जीवसमासा त्ति विण्णेया ॥ ७० ॥

यैरनेके[1] जीवा नयन्ते, बहुविधा अपि तज्जातयः ।
ते पुनः संगृहीतार्थाः, जीवसमासा इति विज्ञेयाः ॥ ७० ॥

अर्थ—जिनके द्वारा अनेक जीव तथा उनकी अनेक प्रकारकी जाति जानी जाँय उन धर्मोंको अनेक पदार्थों का संग्रह करनेवाले होनेसे जीवसमास कहते हैं, ऐसा समझना चाहिये।

भावार्थ—उन धर्मविशेषोंको जीवसमास कहते हैं कि जिनके द्वारा अनेक जीव अथवा जीवकी अनेक जातियोंका संग्रह किया जासके। क्योंकि केवलज्ञानके विना जीवोंका स्वरूप और भेद प्रत्यक्ष नहीं जाना जासकता। अतएव छद्मस्थोंको उनका बोध कराना ही इस प्ररूपणाका प्रयोजन है। संग्रहनयसे जिन पर्यायाश्रित अनेक जीवोंमें पाये जानेवाले समान धर्मोंके द्वारा उनका संक्षेपमें ज्ञान कराया जा सके उनको ही जीवसमास कहते हैं। टीकाकारोंने जीवसमास शब्दसे एकेन्द्रियत्व आदि जातिधर्म अथवा उससे युक्त त्रस आदि अविरुद्ध धर्म तथा तद्वान् जीव इस तरह तीन अर्थ बताये हैं।

इसका कारण उन धर्मोंमें पाई जाने वाली सदृशता है जैसा कि आगेकी गाथामें बताया गया है।

इस गाथामें प्रयुक्त "अणेया" शब्दका अर्थ "अज्ञेया" ऐसा भी होता है। जिससे अभिप्राय यह बताया गया है कि यद्यपि संसारी प्राणियोंको जीव द्रव्य अज्ञेय है, फिर भी जिन सदृश धर्मोंके द्वारा उनका बोध हो सकता है, उनको ही जीवसमास कहते हैं। इस शब्दकी निरुक्ति इस प्रकार होती है कि जीवाः समस्यन्ते—संक्षिप्यन्ते—संगृह्यन्ते यैः धर्मैस्ते जीवसमासाः"। अर्थात् अज्ञेया होनेपर भी जिन एकेन्द्रियत्व बादरत्व आदि धर्मोंके द्वारा संग्रहरूपमें अनेकों जीवों और उनकी विविध जातियोंका निश्चय होसके उनको ही जीवसमास कहते हैं।

उत्पत्तिके कारणकी अपेक्षाको लेकर जीवसमासका लक्षण कहते हैं।

तसचदुजुगाण मज्झे, अविरुद्धेहिं जुदजादिकम्मुदये ।
जीवसमासा होंति हु, तब्भवसारिच्छसामण्णा ॥ ७१ ॥

त्रसचतुर्युगलानां मध्ये, अविरुद्धैर्युतजातिकर्मोदये ।
जीवसमासा भवन्ति हि, तद्भवसादृश्यसामान्याः ॥ ७१ ॥

अर्थ—त्रस स्थावर, बादर सूक्ष्म, पर्याप्त अपर्याप्त और प्रत्येक साधारण, इन चार युगलोंमें से अविरुद्ध त्रसादि कर्मोंसे युक्त जाति नामकर्मका उदय होनेपर जीवोंमें होनेवाले ऊर्ध्वतासामान्य-रूप या तिर्यक्सामान्यरूप धर्मोंको जीवसमास कहते हैं।

१—[illegible] इति [illegible]।

भावार्थ—एक पदार्थकी कालक्रमसे होनेवाली अनेक पर्यायोंमे रहनेवाले समान धर्मको ऊर्ध्वतासामान्य अथवा तद्भवसामान्य[1] कहते है।

एक समयमे अनेक पदार्थगत सदृश धर्मको तिर्यक्सामान्य अथवा सादृश्यसामान्य कहते है। यह ऊर्ध्वतासामान्यरूप या तिर्यक्सामान्यरूप धर्म, त्रसादि युगलोमेसे अविरुद्ध कर्मोसे युक्त एकेन्द्रियादि जाति नामकर्मका उदय होने पर उत्पन्न होता है। इसीको जीवसमास कहते है।

जीवसमाससे सम्वन्धित कर्मोमेसे किस किसके उदयके साथ किस किस कर्मके उदयका विरोधाविरोध है, यह नीचे लिखे अनुसार समझना चाहिये।—

क्रमाक	किसके साथ	विरुद्ध	अविरुद्ध
१	एकेन्द्रिय	त्रस	शेष सभी कर्मोका उदय
२	द्वीन्द्रियादि	स्थावर सूक्ष्म साधारण.	"
३	त्रस	" " "	"
४	स्थावर	त्रसनामकर्म	"
५	वादर	सूक्ष्मनामकर्म	"
६	सूक्ष्म	त्रस, बादर, प्रत्येक,	"
७	पर्याप्त	अपर्याप्त	"
८	अपर्याप्त	पर्याप्त	"
९	प्रत्येक	साधारण	"
१०	साधारण	प्रत्येक, त्रस	"

सक्षेपसे जीवसमासके चौदह भेदोको गिनाते है।

बादरसुहुमेइंदिय, वितिचउरिंदिय असण्णिसण्णी य।
पज्जत्तापज्जत्ता, एवं ते चोद्दसा होंति[2] ॥ ७२ ॥

बादरसूक्ष्मैकेन्द्रियद्वित्रिचतुरिन्द्रियासज्ञिसज्ञिनश्च।
पर्याप्तापर्याप्ता एवं ते चतुर्दश भवन्ति ॥ ७२ ॥

अर्थ—एकेन्द्रियके दो भेद है, बादर और सूक्ष्म। तथा विकलत्रय-द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय। पचेन्द्रियके दो भेद हैं—सज्ञिपंचेन्द्रिय और असज्ञिपचेन्द्रिय। इस तरह ये सातो ही प्रकारके जीव पर्याप्त और अपर्याप्त दोनो ही तरहके हुआ करते है। इसलिये जीवसमासके सामान्यतया सब मिलकर चौदह भेद होते हैं।

१—इस शब्दकी निरुक्ति इस प्रकार बताई गई है कि—तेपु भव-विद्यमान तद्भवं, तद्भवं सादृश्यसामान्य येषा ते। अथवा तद्भवानि च तानि सादृश्यसामान्यानि च। तद्भवसहचरितानि तद्भवानि इत्युपचारशब्दोऽयम्। म० प्र०।

२—इससे मिलती हुई गाथा द्रव्यसग्रह मे भी पाई जाती है।

भावार्थ—यहाँ पर जो ये जीवसमासके चौदह भेद गिनाये हैं वे संक्षेपमें और सामान्यरूपसे ही बताये हैं। तथा इन भेदोंको बतानेका यह एक प्रकार है। किन्तु जीवसमासका जो लक्षण बताया गया है, उसके अनुसार प्रकारान्तरोंसे भी जीवसमासके भेद होसकते हैं। जैसा कि इस जीवकाण्डके कर्त्ता श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त[1] चक्रवर्त्तीने उक्त लक्षणनुसार द्रव्यसंग्रह ग्रंथमें गुणस्थानोंको जिनका कि यहाँपर पहले वर्णन किया जा चुका है, तथा मार्गणाओंको भी जिनका कि यहाँ आगे वर्णन किया जायगा जीवसमासके ही भेद बताया है। इसके सिवाय स्थावरके पाँच भेद और त्रसके चार भेद इस तरह मिलाकर जीवसमासके नौ भेद भी बताये हैं।[2] षट्खण्डागममें भी गुणस्थानोंके लिये जीवसमास शब्दका प्रयोग किया गया है।[3]

विस्तारपूर्वक जीवसमासके भेदोंका वर्णन करते हैं—

भूआउतेउवाऊ, णिच्चचदुग्गदिणिगोदथूलिदरा।
पत्तेयपदिट्ठिदरा, तस पण पुण्णा अपुण्णदुगा ॥७३॥

भ्वप्तेजोवायुनित्यचतुर्गतिनिगोदस्थूलेतरा।
प्रत्येकप्रतिष्ठेतरा, त्रसपच पूर्णा अपूर्णद्विकाः ॥ ७३ ॥

अर्थ—पृथ्वी, जल, तेज, वायु, नित्यनिगोद, इतरनिगोद। इन छहके बादर सूक्ष्मके भेदसे बारह भेद होते हैं। तथा प्रत्येकके दो भेद—एक प्रतिष्ठित दूसरा अप्रतिष्ठित। और त्रसके पाँच भेद-द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असज्ञी पचेन्द्रिय, और सज्ञी पंचेन्द्रिय। इस तरह सब मिलाकर उन्नीस भेद होते है। ये सभी भेद पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त, लब्ध्यपर्याप्तके भेदसे तीन तीन प्रकारके होते हैं। इसलिये उन्नीसका तीनके साथ गुणा करने पर जीवसमासके ५७ भेद होते है।

भावार्थ—इन १९ भेदोमे प्रत्येक शरीरसे लेकर संज्ञी पंचेन्द्रियतकके ७ भेद तो बादर ही है। बाकी एकेन्द्रियके भेद बादर-सूक्ष्म दोनो तरहके होते है, अतएव उसके बारह भेद होजाते हैं। निर्वृत्यपर्याप्त अवस्थामे यद्यपि पर्याप्त नामकर्मका उदय रहता है फिर भी अवस्थाके पूर्ण-पर्याप्त न होने तक उसको भी अपर्याप्तमे ही गिन लिया गया है।

जीवसमासके उपर्युक्त ५७ भेदोके भी अवान्तर भेदोको दिखानेके लिये उनमे स्थानादि चार अधिकारोको बताते हैं।

ठाणेहिं वि जोणीहिं वि, देहोग्गाहणकुलाण भेदेहिं।
जीवसमासा सव्वे, परूविदव्वा जहाकमसो ॥७४॥

स्थानैरपि योनिभिरपि, देहावगाहनकुलानां भेदैः ॥
जीवसमासा सर्वे, प्ररूपितव्या यथाक्रमशः ॥ ७४ ॥

१—द्रव्यसंग्रह और जीवकाण्डके कर्त्ता भिन्न भिन्न हैं, ऐसी ऐतिहासिकोकी आजकल मान्यता है।

२—देखो द्रव्यसग्रह गाथा नं० ११, १२, १३।

३—प०, जं, स०, सु, सूत्र नं० २।

अर्थ—स्थान, योनि, शरीरकी अवगाहना, और कुलोके भेद इन चार अधिकारोके द्वारा सम्पूर्ण जीवसमासोका[1] क्रमसे निरूपण करना चाहिये।

भावार्थ—गाथामे दो वार अपि शव्दका प्रयोग किया है। इनमेसे प्रथम अपि शव्द स्थानादिकमेसे प्रत्येकके समुच्चयको और दूसरा अपि शव्द पूर्वोक्त भेदोके भी समुच्चयको सूचित करता है।

एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय आदि जातिभेदको अथवा एक, दो, तीन, चार आदि विकल्पोको स्थान कहते है। कन्द, मूल, अण्डा, गर्भ, रस, स्वेद, आदि उत्पत्तिके आधारको योनि कहते हैं। शरीरके छोटे-वड़े भेदोंको देहावगाहना कहते हैं। भिन्न भिन्न शरीरकी उत्पत्तिको कारणीभूत नोकर्मवर्गणाके भेदोको कुल कहते हैं।

सामण्णजीव तसथावरेसु इगिविगलसयलचरिमदु गे।
इंदियकाये चरिमस्स य दुतिचदुपणगभेदजुदे ॥७५॥

सामान्यजीवः त्रसस्थावरयोः, एकविकलसकलचरिमद्विके।
इन्द्रियकाययो' चरमस्य च, द्वित्रिचतु पञ्चभेदयुते ॥ ७५ ॥

अर्थ—सामान्यसे (द्रव्यार्थिकनयसे) जीवका एक ही भेद है, क्योकि 'जीव' कहनेसे जीवमात्रका ग्रहण हो जाता है। इसलिये सामान्यसे जीवसमासका एक भेद, त्रस और स्थावर अपेक्षासे दो भेद, एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय (द्वीन्द्रिय), त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय) सकलेन्द्रिय (पचेन्द्रिय) की अपेक्षा तीन भेद, यदि पचेन्द्रियके दो भेद कर दिये जाँय तो जीवसमासके एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, संज्ञी, असज्ञी इस तरह चार भेद होते हैं। इन्द्रियोकी अपेक्षा पॉच भेद हैं, अर्थात् एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति ये पॉच स्थावर और एक त्रस इस प्रकार कायकी अपेक्षा छह भेद है। यदि पांच स्थावरोमे त्रसके विकल और सकल इस तरह दो भेद करके मिला दिये जॉय तो सात भेद होते है। और विकल, असज्ञी, सज्ञी इस प्रकार तीन भेद करके मिलानेसे आठ भेद होते है। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय, इस तरह चार भेद करके मिलानेसे[2] नव भेद होते है। और द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी, सज्ञी इस तरह पाँच भेद मिलानेसे दश भेद होते है।

पणजुगले तससहिये, तसस्स दुतिचदुरपणगभेदजुदे।
छद्दुगपत्तेयम्हि य, तसस्स तियचदुरपणगभेदजुदे ॥ ७६ ॥

पंचयुगले त्रससहिते त्रसस्य द्वित्रिचतु पचकभेदयुते।
षड्द्विकप्रत्येके च, त्रसस्य त्रिचतुःपचभेदयुते ॥ ७६ ॥

अर्थ—पॉच स्थावरोके वादर सूक्ष्मको अपेक्षा पांच युगल होते हैं। इनमे त्रस सामान्यका एक भेद मिलानेसे ग्यारह भेद जीवसमासके होते है। तथा इन्ही पांच युगलोमे त्रसके विकलेन्द्रिय,

---

१—"प्रवचनपरिपाट्यनतिक्रमेण" जी. प्र.।　२—देखो द्रव्यसग्रह गाथा नं० ११।

सकलेन्द्रिय, दो भेद मिलानेसे बारह और त्रसके विकलेन्द्रिय, संज्ञी, असज्ञी, इस प्रकार तीन भेद मिलानेसे तेरह और द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय ये चार भेद मिलानेसे चौदह, तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असज्ञी, संज्ञी ये पांच भेद मिलानेसे पन्द्रह भेद जीवसमासके होते है। पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, नित्यनिगोद, इतरनिगोद इनके बादर सूक्ष्मकी अपेक्षा छह युगल और प्रत्येक वनस्पति, इनमे त्रसके उक्त विकलेन्द्रिय, असज्ञी, सज्ञी, ये तीन भेद मिलानेसे सोलह और द्वीन्द्रियादि चार भेद मिलानेसे सत्रह, तथा पाँच भेद मिलानेसे अठारह भेद होते हैं।

सगजुगलम्हि तसस्स य, पणभंगजुदेसु होंति उणवीसा।
एयादुणवीसो त्ति य, इगिबितिगुणिदे हवे ठाणा॥ ७७॥

सप्तयुगले त्रसस्य च-पचभगयुतेपु भवन्ति एकोनविंशतिः।
एकादेकोनविंशतिरिति च, एकद्वित्रिगुणिते भवेयु स्थानानि॥ ७७॥

अर्थ—पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, नित्यनिगोद, इतरनिगोदके बादर सूक्ष्मकी अपेक्षा छह युगल और प्रत्येकका प्रतिष्ठित अप्रतिष्ठितकी अपेक्षा एक युगल मिलाकर सात युगलोमे त्रसके उक्त पाँच भेद मिलानेसे जीवसमासके उन्नीस भेद होते हैं। इस प्रकार एकसे लेकर उन्नीस तक जो जीवसमासके भेद गिनाये हैं, इनका एक, दो, तीनके साथ गुणा करनेपर क्रमसे उन्नीस, अडतीस, सतावन, जीवसमासके अवान्तर भेद होते हैं।

उक्त भेदोका एक दो तीनसे गुणा करनेका कारण क्या है सो बताते हैं।

सामण्णेण तिपंती, पढमा विदिया अपुण्णगे इदरे।
पज्जत्ते लद्धिअपज्जत्तेऽपढमा हवे पंती॥ ७८॥

सामान्येन त्रिपक्तय, प्रथमा द्वितीया अपूर्णके इतरस्मिन्।
पर्याप्ते लब्ध्यपर्याप्तेऽप्रथमा भवेत् पक्ति.॥ ७८॥

अर्थ—उक्त उन्नीस भेदोकी तीन पक्ति करनी चाहिये। उसमें प्रथम पक्ति सामान्यकी अपेक्षासे है। और दूसरी पक्ति अपर्याप्त तथा पर्याप्तकी अपेक्षासे है। और तीसरी पक्ति पर्याप्त निर्वृत्यपर्याप्त तथा लब्ध्यपर्याप्तकी अपेक्षासे है।

भावार्थ—उन्नीसका जब एकसे गुणा करते हैं तब सामान्यकी अपेक्षा है। पर्याप्त, अपर्याप्त भेदकी विवक्षा नही है। जब दोके साथ गुणा करते है तब पर्याप्त अपर्याप्तकी अपेक्षा है। और जब तीनके साथ गुणा करते हैं तब पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त, लब्ध्यपर्याप्तकी अपेक्षा है[1]। गाथामे केवल

१—"मुहभूमिजोगदले पदगुणिदे पदधण होदि" इस नियमके अनुसार तीनो पक्तिगत जीवसमासोकी संख्या इस प्रकार होगी—

(१) पक्ति (सामान्य) १ + १९ = २० ÷ २ = १० × १९ = १९० ।
(२) पंक्ति (प. नि.) २ + ३८ = ४० ÷ २ = २० × १९ = ३८० ।
(३) पक्ति (प नि ल.) ३ + ५७ = ६० ÷ २ = ३० × १९ = ५७० ।

लब्धि शब्द है, उसका अर्थ लब्ध्यपर्याप्तकी अपेक्षा होता है, क्योंकि नामका एक देश भी पूरे नामका बोधक होता है। अप्रथमा शब्दसे यद्यपि द्वितीया तृतीया दोनो पंक्तियोका ग्रहण हो सकता है, परन्तु द्वितीया शब्द गाथामे कण्ठोक्त है; अतएव उसका तृतीया पक्ति अर्थ करना ही उचित है।

जीवसमासके और भी उत्तर भेदोको गिनानेके लिये दो गाथाये कहते है।

इगिवण्णं इगिविगले, असण्णिसण्णिगयजलथलखगाणं।
गब्भभवे सम्मुच्छे, दुतिगं भोगथलखेचरे दो दो ॥ ७९ ॥

एकपञ्चाशत् एकविकले, असञ्ज्ञिसञ्ज्ञिगतजलस्थलखगानाम्।
गर्भभवे सम्मूर्छे द्वित्रिकं भोगस्थलखेचरे द्वौ द्वौ ॥ ७९ ॥

अर्थ—जीवसमासके उक्त ५७ भेदोमेसे पचेन्द्रियके छह भेद निकालनेसे एकेन्द्रिय विकलेन्द्रिय-सम्बन्धी ५१ भेद शेष रहते है। कर्मभूमिमे होनेवाले पचेन्द्रिय तिर्यंचोके तीन भेद है, जलचर, स्थलचर, नभश्चर। ये तीनो ही तिर्यंच सज्ञी और असंज्ञी होते हैं। तथा गर्भज और सम्मूर्छन होते हैं, परन्तु गर्भजोमे पर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्त ही होते है, इसलिये गर्भजके बारह भेद, और सम्मूर्छनोंमे पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त, लब्ध्यपर्याप्त, तीनो ही भेद होते है, इसलिये सम्मूर्छनोके अठारह भेद, सब मिला कर पचेन्द्रिय कर्मभूमिज तिर्यंचोके तीस भेद होते है। भोगभूमिमे पचेन्द्रिय-तिर्यंचोके स्थलचर नभश्चर दो ही भेद होते हैं। और ये दोनो ही पर्याप्त तथा निर्वृत्यपर्याप्त ही होते है। इसलिये भोगभूमिज तिर्यञ्चोके चार भेद, और उक्त कर्मभूमिजसम्बन्धी तीस भेद, उक्त ५१ भेदोमे मिलानेसे तिर्यग्गति सम्बन्धी सम्पूर्ण जीवसमासके ८५ भेद होते है। भोगभूमिमें जलचर, सम्मूर्छन तथा असज्ञी जीव नही होते।

मनुष्य, देव, नारक सम्बन्धी भेदोको गिनाते है।

अज्जवमलेच्छमणुए, तिदु भोगकुभोगभूमिजे दो दो।
सुरणिरये दो दो इदि, जीवसमासा हु अडणउदी ॥ ८० ॥

आर्यम्लेच्छमनुष्ययोस्त्रयो द्वौ भोगकुभोगभूमिजयोर्द्वौ द्वौ।
सुरनिरययोर्द्वौ द्वौ इति, जीवसमासा हि अष्टानवतिः ॥ ८० ॥

अर्थ—आर्यखण्डमे पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त, लब्ध्यपर्याप्त, तीनो ही प्रकारके मनुष्य होते हैं। म्लेच्छखण्डमे लब्ध्यपर्याप्तको छोडकर दो प्रकारके ही मनुष्य होते हैं। इसीप्रकार भोगभूमि, कुभोग-भूमि, देव, नारकियोमे भी दो दो ही भेद होते हैं। इसलिये सब मिलाकर जीवसमासके ९८ भेद हुए।

भावार्थ—पूर्वोक्त तिर्यंचोके ८५ भेद, और ९ भेद मनुष्योके तथा दो भेद देवोके, दो भेद नारकियोके, इसप्रकार सब मिलाकर जीवसमासके अवान्तर भेद ९८ होते हैं।[1]

१—इसके सिवाय जीवप्रबोधिनी टीकामें दूसरे आचार्योंके मतसे क्षेपक ३ गाथाओंद्वारा जीवसमासके ४०६ भेद भी बताये हैं। यथा—

इस प्रकार स्थानाधिकारकी अपेक्षा जीवसमासोंका वर्णन हुआ। अब दूसरा योनि अधिकार क्रमसे प्राप्त है। योनिके दो भेद है—एक आकृतियोनि, दूसरी गुणयोनि। इनमेसे पहले आकृतियोनि-के भेद और स्वरूप बताते हैं।

संखावत्तयजोणी, कुम्मुण्णयवंसपत्तजोणी य।
तत्थ य संखावत्ते, णियमा दु विवज्जदे[१] गब्भो ॥ ८१ ॥

शखावर्तकयोनिः, कूर्मोन्नतवंशपत्रयोनी च।
तत्र च शंखावर्ते, नियमात्तु विवर्ज्यते गर्भः ॥ ८१ ॥

अर्थ—आकृति योनिके तीन भेद हैं। १ शंखावर्त्त, २ कूर्मोन्नत, ३ वंशपत्र। इनमेसे शंखावर्त योनिमें गर्भ नियमसे वर्जित[२] है।

भावार्थ—जिसके भीतर शखके समान चक्कर पड़े हो उसको शंखावर्त योनि कहते हैं। जो

सुद्ध-खरकु-जल-ते-वा, णिच्चचदुग्गदिणिगोदथूलिदरा।
पदिट्ठिदरपंच पत्तिय, वियलति पुण्णा अपुण्णदुगा ॥ १ ॥
इगिविगले इगिसीदी, असण्णिसण्णिगयजलथलखगाणं।
गब्भभवे सम्मुच्छे, दुतिगतिभोगथलखेचरे दो दो ॥ २ ॥
अज्जसमुच्छिगिगब्भे मलेच्छभोगतियकुणरछपणतीससये।
सुरणिरये दो दो इदि जीवसमासा, छहिय चारिसयं ॥ ३ ॥

अर्थात्—शुद्ध पृथिवी, खरपृथिवी, जल, अग्नि, वायु, नित्यनिगोद, इतरनिगोद इनके बादर सूक्ष्मके भेदसे १४ भेद, तृण, वल्ली, गुल्म, वृक्ष और मूल इस तरह प्रत्येक वनस्पतिके ५ भेदोके सप्रतिष्ठित, अप्रतिष्ठितके भेदसे १० भेद। विकलेन्द्रियोके द्वीन्द्रियादिक ३ भेद, इस तरह २७ भेदोका पर्याप्त, निर्वृत्यपर्याप्त, लब्ध्यपर्याप्तसे गुणा करनेपर ८१ भेद।

कर्मभूमिज पंचेन्द्रिय तिर्यंचोमें गर्भजोके १२ सम्मूर्छनोके १८, उत्तम, मध्यम, जघन्य भोग-भूमिजोके १२ इस तरह ४२ भेद।

मनुष्योमें आर्यखण्डोद्भव सम्मूर्छन मनुष्यका १ लब्धपर्याप्तक भग, तथा कर्मभूमिका गर्भज और म्लेच्छ-खण्ड, उत्तम, मध्यम, जघन्य, भोगभूमि एवं कुभोगभूमिके गर्भज मनुष्योमें प्रत्येकका एक २ भेद।

देवोंमे भवनवासी १०, व्यन्तर ८, ज्योतिष्क ५, वैमानिक ६३ और नारकियोके ४९। इस तरह १४१ के पर्याप्त निर्वृत्यपर्याप्तकी अपेक्षा २८२ भेद हैं। इस तरह कुल मिलाकर ८१ + ४२ + १ + २८२ = ४०६ जीवसमासके भेद होते हैं।

१—विपद्यते इत्यप्यर्थः।

२—यौति-मिश्रीभवति औदारिकादिनोकर्मवर्गणापुद्गलैः सह सम्बध्यते जीवो यस्या सा योनिः—जीवो-त्पत्तिस्थानम्। . .....देवीना चक्रवर्तिस्त्रीरत्नादीना कासाचित् तथाविध (शंखावर्त) योनिसम्भवात्।

कछुआकी पीठकी तरह उठी हुई हो उसको कूर्मोन्नत योनि कहते हैं। जो बाँसके पत्तेके समान लम्बी हो उसको वंशपत्र योनि कहते हैं। ये तीन तरहकी आकार योनि हैं। इनमेंसे पहली शंखावर्त योनिमें नियमसे गर्भ नहीं रहता।

कुम्मुण्णयजोणीये, तित्थयरा दुविहचक्कवट्टी य।
रामा वि य जायंते, सेसाए सेसगजणो दु॥ ८२॥

कूर्मोन्नतयोनौ, तीर्थंकरा द्विविधचक्रवर्तिनश्च।
रामा अपि च जायन्ते, शेषायां शेषकजनस्तु॥ ८२॥

अर्थ—कूर्मोन्नत योनिमे तीर्थंकर, चक्रवर्ती, अर्धचक्री तथा बलभद्र तथा अपि शब्दकी सामर्थ्यसे अन्य भी महान् पुरुष उत्पन्न होते[1] है। तीसरी वंशपत्र योनिमे साधारण पुरुष ही उत्पन्न होते है।

जन्म तथा उनकी आधारभूत गुणयोनिके भेदोंको गिनाते हैं।

जम्मं[2] खलु सम्मुच्छण, गब्भुववादा दु होदि तज्जोणी।
सच्चित्तसीदसंउडसेदर मिस्सा य[3] पतेयं॥ ८३॥

जन्म खलु सम्मूर्छनगर्भोपपादास्तु भवति तद्योनयः।
सचित्तशीतसंवृतसेतरमिश्राश्च प्रत्येकम्॥ ८३॥

अर्थ—जन्म तीन प्रकारका होता है, सम्मूर्छन, गर्भ और उपपाद। तथा सचित्त, शीत, संवृत, और इनसे उल्टी अचित्त, उष्ण, विवृत तथा तीनोंकी मिश्र, इस तरह तीनों ही जन्मोंकी आधारभूत नौ गुणयोनि है। इनमेसे यथासम्भव प्रत्येक योनिको सम्मूर्छनादि जन्मके साथ लगा लेना चाहिये।

भावार्थ—सामान्यतया गुणयोनिके ये नौ भेद हैं। सचित, अचित्त, मिश्र अर्थात् सचित्ताचित्त। शीत, उष्ण, मिश्र। और संवृत, विवृत, मिश्र।

आत्मप्रदेशोसे युक्त पुद्गलपिंडको सचित्त और उनसे रहित पुद्गलको अचित्त कहते हैं। जन्मके आधारभूत स्थानके कुछ पुद्गल सचित्त और कुछ अचित्त हो तो उसको सचित्त, अचित्तकी मिश्र योनि समझना चाहिये। शीत, उष्ण और उसकी मिश्रका अर्थ स्पष्ट है। सवृतका अर्थ ढका हुआ और विवृतका अर्थ खुला हुआ तथा कुछ ढका हुआ कुछ खुला हुआ हो तो उसको संवृत, विवृतका मिश्र समझना चाहिये।

१—जी. प्र. टीकामें लिखा है कि "अपि शब्दान्नेतरजनाः।" परन्तु स्व प गोपालदासजीके कथनानुसार मालूम होता है कि यहांपर 'अपि शब्दादितरजना अपि" ऐसा पाठ होना चाहिये। क्योंकि प्रथम चक्रवर्ती भरत जिस योनिसे उत्पन्न हुआ था। उसीसे उसके ९९ भाई भी उत्पन्न हुए थे।

२,३—सम्मूर्छनगर्भोपपादा जन्म॥ ३१॥ सचित्तशीतसंवृता सेतरा मिश्राश्चैकशस्तद्योनयः॥ ३२॥ त. सू. अ. २।

किन जीवोंके कौनसा जन्म होता है सो बताते हैं।

पोतजरायुजअंडज, जीवाणं गब्भ देवणिरयाणं।
उववाद सेसाणं, सम्मुच्छणयं तु णिद्दिट्ठं ॥ ८४ ॥

पोतजरायुजाण्डजजीवानां गर्भो देवनारकाणाम्।
उपपादः शेषाणां सम्मूर्छनकं तु निर्दिष्टम् ॥ ८४ ॥

अर्थ—पोत—आवरणरहित और उत्पन्न होते ही जिनमे चलने फिरने आदिकी सामर्थ्य हो, जैसे सिंह, बिल्ली, हिरण आदि। जरायुज जो जेरके साथ उत्पन्न होते हों। अण्डज—जो अण्डेसे उत्पन्न हों। इन तीन प्रकारके जीवोंका गर्भ जन्म ही होता है। देव नारकियोंका उपपाद[2] जन्म ही होता है, शेष जीवोंका सम्मूर्छन[3] जन्म ही होता है।

भावार्थ—आगममे इन तीन प्रकारके जन्म और उनके स्वामियोंके सम्बन्धमे दो तरहसे नियम बताया गया है। जीवप्रबोधिनी टीकामे "एषां जीवाना (जरायुजाण्डजपोतानां गर्भ एव जन्म, चतुर्णिकायदेवाना नारकाणा च " उपपाद एव जन्म, शेषाणा " " सम्मूर्च्छनमेव जन्म।" इस तरह इकतर्फा नियम बताया गया है। किन्तु मन्दप्रबोधनीमे "तेषामेव गर्भः, तेषा गर्भ एव" इस प्रकार तीनोंका दुतर्फा नियम बताया है। सर्वार्थसिद्धिमे भी दोनों तरफसे ही अवधारण किया[4] गया है। राजवार्तिक[5] श्लोकवार्तिक[6] और धवलामे एकतरफा ही अवधारण बताया गया है।

१—त सू. अ. २। जरायुजाण्डजपोताना गर्भः ॥ ३३ ॥ देवनारकाणामुपपादः ॥ ३४ ॥ शेषाणा सम्मूर्च्छनम् ॥ ३५ ॥

२—देवोंके उत्पन्न होनेकी शय्या-स्थान और नारकियोंके उत्पन्न होनेके उष्ट्रकादि स्थान। उपपादका अर्थ उत्पन्न होना भी है।

३—चारो तरफसे पुद्गलोंका इकट्ठा होकर शरीर बनना। उपपादमे स्थान नियत है। सम्मूर्छन जन्म अनियत स्थानोंमें होता है। एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रियतक जीवोंके शरीर सम्मूर्छन ही होते हैं।

४—"उभयतो नियमश्च द्रष्टव्यः जरायुजाण्डजपोतानामेव गर्भः। गर्भ एव जरायुजाण्डजपोतानाम्" इत्यादि। स. सि २—३५"

५—"जरायुजाण्डजपोतानामेव गर्भः। गर्भ एवेति नियमः कस्मान्न भवति ? उत्तरत्र शेषाणामिति वचनात्" (रा. वा. २-३३-[illegible]) इसकी विशेष जानकारीके लिये देखो अ. २ सू. ३५ वा. १ त भाष्य।

किस जन्मके साथ कौनसी योनि सम्भव है यह तीन गाथाओ द्वारा बताते है।

उववादे अच्चित्तं, गब्भे मिस्सं तु होदि सम्मुच्छे।
सच्चित्तं अच्चित्तं, मिस्सं च य होदि जोणी हु॥ ८५॥

उपपादे अचित्ता गर्भे मिश्रा तु भवति सम्मूर्च्छे।
सचित्ता अचित्ता मिश्रा च च भवति योनिर्हि॥ ८५॥

अर्थ—उपपाद जन्मकी अचित्त ही योनि होती है। गर्भ जन्मकी मिश्र योनि ही होती है। तथा सम्मूर्छन जन्मकी सचित्त, अचित्त, मिश्र तीनो तरहको योनि होती है।

उववादे सीदुसणं, सेसे सीदुसणमिस्सयं होदि।
उववादेयक्खेसु य, संउड वियलेसु विउल तु॥ ८६॥

उपपादे शीतोष्णे शेषे शीतोष्णमिश्रका भवन्ति।
उपपादैकाक्षेपु च सवृता विकलेषु विवृता तु॥ ८६॥

अर्थ—उपपाद जन्ममे शीत और उष्ण दो प्रकारकी योनि होती है। शेष गर्भ और सम्मूर्छन जन्मोमे शोत, उष्ण, मिश्र तीनो[२] ही योनि होती हैं। उपपाद जन्मवालोंको तथा एकेन्द्रिय जीवोकी योनि संवृत[३] ही होती है। और विकलेन्द्रियोकी विवृत ही होती है।

गब्भजजीवाणं पुण, मिस्सं णियमेण होदि जोणी हु।
संम्मुच्छणपंचक्खे, वियलं वा[४] विउलजोणी हु॥ ८७॥

गर्भजजीवानां पुनः, मिश्रा नियमेन भवति योनिर्हि।
सम्मूर्छनपचाक्षेषु विकल वा विवृतयोनिर्हि॥ ८७॥

अर्थ—गर्भज जीवोकी योनि नियमसे मिश्र-सवृत विवृतकी अपेक्षा मिश्रित ही होती है। पचेन्द्रिय सम्मूर्छन जीवोकी विकलेन्द्रियोकी तरह विवृतयोनि ही होती है।

उक्त गुणयोनिकी उपसहारपूर्वक विशेष सख्याको बताते हैं।

सामण्णेण य एवं, णव जोणीओ हवंति वित्थारे।
लक्खाण चदुरसीदी, जोणीओ होंति णियमेण॥ ८८॥

सामान्येन चैव नव योनयो भवन्ति विस्तारे।
लक्षाणा चतुरशीति योनयो भवन्ति नियमेन॥ ८८॥

१—माताके सचित्तरज और पिताके अचित्त वीर्यके मिलनेसे सचित्ताचित्तरूप मिश्र योनि होती है।

२—'तेजस्कायिकेषु उष्णैव योनि स्यात्' इत्यपि पाठ।

३—"सपुटशय्योष्ट्रकाद्युपपादस्थानाना विवक्षितजीवोत्पत्त्यनन्तर पुनरपरजीवोत्पत्तेः प्राक् नियमेन सवृतत्वात् म. प्र।

४—वियल वेति छन्द.पूरणार्थ विकलेन्द्रियसादृश्यार्थं वा। म प्र।

अर्थ—पूर्वोक्त क्रमानुसार सामान्यसे योनियोके नियमसे नव ही भेद होते हैं। विस्तारकी अपेक्षा इनके चौरासी लाख भेद होते हैं।

योनिसम्बन्धी इस विस्तृत संख्याके सम्भव स्थानोको विशेषतया बताते हैं।

णिच्चिदरधादुसत्त य, तरुदस वियलिंदियेसु छच्चेव।
सुरणिरयतिरियचउरो, चोद्दस मणुए सदसहस्सा॥ ८९॥

नित्येतरधातुसप्त च, तरुदश विकलेन्द्रियेषु षट् चैव।
सुरनिरयतिर्यक्चतस्रः, चतुर्दश मनुष्ये शतसहस्राः॥ ८९॥

अर्थ—नित्यनिगोद, इतरनिगोद, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु इनमेसे प्रत्येकको सात सात लाख, तरु अर्थात् प्रत्येक वनस्पतिकी दश लाख, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय इनमेंसे प्रत्येकको दो दो लाख अर्थात् विकलेन्द्रियकी सब मिलाकर छह लाख, देव, नारकी, तिर्यंच पचेंद्रिय प्रत्येककी चार चार लाख, मनुष्यकी चौदह लाख, सब मिलाकर ८४ लाख योनि होती है।

किस किस गतिमे कौन कौनसा जन्म होता है, यह दो गाथाओं द्वारा दिखाते हैं।

उववादा सुरणिरया, गब्भजसम्मुच्छिमा हु णरतिरिया।
सम्मुच्छिमा मणुस्साऽपज्जत्ता एयवियलक्खा॥ ९०॥

उपपादाः सुरनिरयाः गर्भजसम्मूर्च्छिमा हि नरतिर्यञ्चः।
सम्मूर्च्छिमा मनुष्या, अपर्याप्ता एकविकलाक्षाः॥ ९०॥

अर्थ—देवगति और नरकगतिमे उपपाद जन्म ही होता है। मनुष्य तथा तिर्यंचोंमे यथासम्भव गर्भ और सम्मूर्छन दोनो ही प्रकारका जन्म होता है; किन्तु लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य और एकेन्द्रिय विकलेन्द्रियोका सम्मूर्छन जन्म ही होता है।

पंचक्खतिरिक्खाओ, गब्भजसम्मुच्छिमा तिरिक्खाणं।
भोगभुमा गब्भभवा, नरपुण्णा गब्भजा चेव॥ ९१॥

पचाक्षतिर्यंचो गर्भजसम्मूर्छिमा तिरश्चाम्।
भोगभूमा गर्भभवाः, नरपूर्णा गर्भजाश्चैव॥ ९१॥

अर्थ—कर्मभूमिया पंचेन्द्रिय तिर्यंच गर्भज तथा सम्मूर्छन ही होते हैं। तिर्यंचोमें जो भोगभूमिया तिर्यंच हैं वे गर्भज ही होते हैं। और जो पर्याप्त मनुष्य हैं वे भी गर्भज ही होते हैं।

लब्ध्यपर्याप्तकोकी कहां कहां सम्भावना है और कहां नही है, यह बताते हैं।

उववादगब्भजेसु य, लद्धिअपज्जत्तगा ण णियमेण।
णरसम्मुच्छिमजीवा, लद्धिअपज्जत्तगा चेव॥ ९२॥

उपपादगर्भजेषु च, लब्ध्यपर्याप्तका न नियमेन।
नरसम्मूर्छिमजीवा, लब्ध्यपर्याप्तकाश्चैव॥ ९२॥

अर्थ—उपपाद और गर्भ जन्मवालोमे नियमसे लब्ध्यपर्याप्तक नही होते। और सम्मूर्छन मनुष्य नियमसे लब्ध्यपर्याप्तक ही होते हैं।

भावार्थ—देव नारकी पर्याप्त निर्वृत्यपर्याप्त ही होते हैं। और चक्रवर्तीकी[1] रानी आदिको छोड़कर शेष आर्यखण्डकी स्त्रियोकी योनि, कांख, स्तन, मूत्र, मल आदिमे उत्पन्न होनेवाले सम्मूर्छन मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तक ही होते हैं।

णेरइया खलु संढा, णरतिरिये तिण्णि होंति सम्मुच्छा।
संढा सुरभोगभुमा, पुरिसिच्छीवेदगा चेव ॥ ९३ ॥

नैरयिकाः खलु पण्ढा, नरतिरश्चोस्त्रयो भवन्ति सम्मूर्च्छाः।
पण्ढाः सुरभोगभूमा. पुरुषस्त्रीवेदकाश्चैव ॥ ९३ ॥

अर्थ—नारकियोंका द्रव्यवेद तथा भाववेद नपुसक ही होता है। मनुष्य और तिर्यंचोके तीनों ही (स्त्री पुरुष नपुसक) वेद होते हैं, सम्मूर्च्छन मनुष्य और तिर्यंच नपुंसक ही होते हैं। देव और भोगभूमियोंके पुरुषवेद और स्त्रीवेद ही होता है।

भावार्थ—देव, नारकी, भोगभूमिया और सम्मूर्छन जीव इनका जो द्रव्यवेद होता है, वही भाववेद होता है, किन्तु शेष मनुष्य और तिर्यंचोमे यह नियम नही है। उनके द्रव्यवेद और भाववेदमें विपरीतता भी पाई जाती है। आगोपांग नामकर्मके उदयसे होनेवाले शरीरगत चिन्ह विशेषको द्रव्यवेद और मोहनीयकर्मकी प्रकृतिके उदयसे होनेवाले परिणामविशेषोको भाववेद कहते हैं।

शरीरावगाहनाकी अपेक्षा जीवसमासोंका निरूपण करनेसे प्रथम सबसे उत्कृष्ट और जघन्य शरीरकी अवगाहनाओके स्वामियोंको दिखाते हैं।

सुहमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स तदियसमयम्हि।
अंगुलअसंखभागं, जहण्णमुक्कस्सयं मच्छे ॥ ९४ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य जातस्य तृतीयसमये।
अंगुलासख्यभाग, जघन्यमुत्कृष्टक मत्स्ये ॥ ९४ ॥

अर्थ—उत्पन्न होनेसे तीसरे समयमे सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवकी घनागुलके असख्यातवें भागप्रमाण शरीरकी जघन्य अवगाहना होती है। और उत्कृष्ट अवगाहना मत्स्यके होती है।

भावार्थ—ऋजुगतिके द्वारा उत्पन्न होनेवाले सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवकी उत्पत्तिसे तीसरे[2] समयमें शरीरकी जघन्य अवगाहना होती है, और इसका प्रमाण घनागुलके असख्यातवें भागप्रमाण है। उत्कृष्ट अवगाहना स्वयम्भूरमण समुद्रके मध्यमे होनेवाले महामत्स्यकी होती है।

१—देखो गाथा नं. ६३ की जीवप्रबोधिनी टीका।

२—उत्पत्तिके प्रथम समयमे आयतचतुरस्र और दूसरे समयमे समचतुरस्र होती है, इसलिये प्रथम द्वितीय समयमें जघन्य अवगाहना नही होती, किन्तु तीसरे समयमें गोल होजानेसे जघन्य अवगाहना होती है।

इसका प्रमाण हजार योजन लम्बा, पाचसौ योजन चौडा, ढाईसौ योजन मोटा है। जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट पर्यन्त एक एक प्रदेशकी वृद्धिके क्रमसे मध्यम अवगाहनाके अनेक भेद होते हैं। अवगाहनाके सम्पूर्ण विकल्प संख्यात घनांगुल प्रमाण असख्यात होते हैं।

ऋजुगतिसे उत्पन्न होनेवालेको ही जघन्य अवगाहना होती है। यह कहनेका कारण यह है कि विग्रहगतिसे उत्पन्न होनेवालेके योगोमे वृद्धि हुआ करती है और योगोकी वृद्धि होनेपर अवगाहनामे भी वृद्धि हो जानेका प्रसंग आ जाता है।

उत्कृष्ट अवगाहना भी स्वयंभूरमण समुद्रके तटवर्ती मत्स्यमे अथवा अन्यत्र पाये जानेवाले जीवमे न रहकर स्वयभूरमणके मध्यवर्ती महामत्स्यमे ही सम्भव है।

इन्द्रियकी अपेक्षा उत्कृष्ट अवगाहनाका प्रमाण बताते हैं।

साहियसहस्समेक्कं, वारं कोसूणमेक्कमेक्कं च ।
जोयणसहस्सदीहं, पम्मे वियले महामच्छे ॥ ९५ ॥

साधिकसहस्रमेकं, द्वादश क्रोशोनमेकमेकं च ।
योजनसहस्रदीर्घं, पद्मे विकले महामत्स्ये ॥ ९५ ॥

अर्थ—पद्म (कमल) द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, महामत्स्य इनके शरीरकी अवगाहना क्रम से कुछ अधिक एक हजार योजन, वारह योजन, तीन कोश, एक योजन, हजार योजन लम्बी समझनी चाहिये।

भावार्थ—एकेन्द्रियोमे सबसे उत्कृष्ट कमलकी कुछ अधिक एक हजार योजन, द्वीन्द्रियों मे शखकी वारह योजन, त्रीन्द्रियोमें ग्रैष्मी (चीटी) की तीन कोश, चतुरिन्द्रियोमें भ्रमरकी एक योजन, पंचेन्द्रियो में महामत्स्यकी एक हजार योजन लम्बी शरीरकी अवगाहनाका प्रमाण है।

यहाँपर महामत्स्यकी एक हजार योजनकी अवगाहनासे जो पद्मकी कुछ अधिक अवगाहना वतलाई है, और पूर्वमे सर्वोत्कृष्ट अवगाहना महामत्स्यकी ही वतलाई है, इससे पूर्वापर विरोध नही समझना चाहिये, क्योकि यहाँपर केवल लम्बाईका वर्णन है, और पूर्वमें जो सर्वोत्कृष्ट अवगाहना वताई थी वह घनक्षेत्रफलकी अपेक्षासे थी। इसलिये पद्मकी अपेक्षा मत्स्यके शरीरकी अवगाहना ही उत्कृष्ट समझनी चाहिये, क्योकि पद्मकी अपेक्षा मत्स्यके शरीरकी अवगाहनाका क्षेत्रफल अधिक होता है।

पर्याप्तक द्वीन्द्रियादिकोकी जघन्य अवगाहनाका प्रमाण क्या है? और उसके धारक जीव कौन कौन हैं? यह वताते हैं।

वितिचपपुण्णजहण्णं, अणुंधरीकुंथुकाणमच्छीसु ।
सिच्छयमच्छे विंदंगुलसंखं संखगुणिदक्कमा ॥ ९६ ॥

द्वित्रिचपपूर्णजघन्यमनुंधरीकुंथुकाणमक्षिकासु ।
सिक्थकमत्स्ये वृन्दांगुलसंख्य संख्यगुणितक्रमा ॥ ९६ ॥

अर्थ—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय पर्याप्त जीवोमे अनुंधरी, कुन्थु, काणमक्षिका सिक्थक मत्स्यके क्रमसे जघन्य अवगाहना होती है। इसमे प्रथमकी घनागुलके सख्यातवे भागप्रमाण है। और पूर्व पूर्वकी अपेक्षा उत्तर उत्तरकी अगवाहना क्रमसे सख्यातगुणी संख्यातगुणी अधिक अधिक है

भावार्थ—द्वीन्द्रियोमे सबसे जघन्य अवगाहना अनुघरीके पाई जाती है और उसका प्रमाण घनागुलके संख्यातवे भागमात्र है। उससे सख्यातगुणी त्रीन्द्रियोकी जघन्य अवगाहना है, यह कुंथुके पाई जाती है। इससे सख्यातगुणी चौइन्द्रियोमे काणमक्षिकाकी, और इससे भी सख्यातगुणी पंचेन्द्रियोमे सिक्थमत्स्यके जघन्य अवगाहना पाई जाती है। यहाँ पर आचार्योने द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय आदि न लिखकर "वि, ति, च, प," ये शब्द जो लिखे है वे "नामका एकदेश भी सम्पूर्ण नामका बोधक होता है" इस नियमके आश्रयसे लाघवके लिए लिखे हैं। यह अवगाहना घनफलरूप है इनकी लम्बाई चौड़ाई ऊँचाईका पृथक्-पृथक् प्रमाण यहाँ नही बताया गया है।

सर्व जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट अवगाहनापर्यन्त जितने अवगाहनाके भेद हैं उनमे किस किस भेदका कौन कौन स्वामी है ? और उन अवगाहनाओको न्यूनाधिकताका प्रमाण तथा गुणाकार क्या है ? वह पाँच गाथाओं द्वारा बताते है।

> सुहमणिवातेआभू, वातेआपुणिपदिट्ठिदं इदरं।
> वितिचपमादिल्लाणं, एयाराणं तिसेढीय ॥ ९७ ॥

> सूक्ष्मनिवातेआभू, वाते अपप्पूनिप्रतिष्ठितमितरत्।
> द्वित्रिचपमाद्यानामेकादशाना त्रिश्रेणयः ॥ ९७ ॥

अर्थ—एक कोठेमे सूक्ष्मनिगोदिया वायुकाय तेजकाय जलकाय पृथिवीकाय इनका क्रमसे स्थापन करना। इसके आगे दूसरे कोठेमे बादर वायुकाय तेजकाय जलकाय पृथिवीकाय निगोदिया और प्रतिष्ठित प्रत्येक इनका क्रम से स्थापन करना। इसके आगे तीसरे कोठेमें अप्रतिष्ठित प्रत्येक द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय पचेंन्द्रियोका क्रमसे स्थापन करना। इसके आगे उक्त सोलह स्थानोमेसे आदिके ग्यारह स्थानोंकी तीन श्रेणी माँडनी चाहिए।

भावार्थ—तीन कोठोमे स्थापित सोलह स्थानोमेसे आदिके ग्यारह स्थान जो कि प्रथम द्वितीय कोठेमें स्थापित किये गये हैं—अर्थात् सूक्ष्मनिगोदियासे लेकर प्रतिष्ठित प्रत्येक पर्यन्तके ग्यारह स्थानोकी क्रमानुसार उक्त तीन कोठाओंके आगे पूर्ववत् दो कोठाओमे स्थापित करने चाहिए, और इसके नीचे इन ही ग्यारह स्थानोके दूसरे और दो कोठे स्थापित करना चाहिए। तथा इन दूसरे दोनो कोठाओके नीचे पुनः तीसरे दो कोठा स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार तीन श्रेणिमे दो दो कोठाओमे ग्यारह स्थानोको स्थापित करना चाहिये। और इसके आगे :—

> अपदिट्ठिदपत्तेयं, वितिचपतिचविअपदिट्ठिदं सयलं।
> तिचविअपदिट्ठिदं च य, सयलं बादालगुणिदकमा ॥ ९८ ॥

अप्रतिष्ठितप्रत्येकं द्वित्रिचपत्रिचद्व्यप्रतिष्ठित सकलम् ।
त्रिचद्व्यप्रतिष्ठितं च च सकल द्वाचत्वारिंशद्गुणितक्रमा ॥ ९८॥

अर्थ—छट्ठे कोठेमे अप्रतिष्ठित प्रत्येक द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चौइन्द्रिय पंचेन्द्रियका स्थापन करना। इसके आगेके कोठेमे क्रमसे त्रीन्द्रिय चौइन्द्रिय द्वीन्द्रिय अप्रतिष्ठित प्रत्येक और पचेन्द्रिय का स्थापन करना। इससे आगेके कोठेमे त्रीन्द्रिय चौइन्द्रिय द्वीन्द्रिय अप्रतिष्ठित प्रत्येक तथा पचेन्द्रियका क्रमसे स्थापन करना। इन सम्पूर्ण चौसठ स्थानोमे ब्यालीस स्थान उत्तरोत्तर गुणितक्रम है।

भावार्थ—आदिके तीन कोठोमे स्थापित सोलह स्थान और जिन ग्यारह स्थानोको तीन श्रेणियोमे स्थापित किया था उनमेसे नीचेकी दो श्रेणियोमे स्थापित बाईस स्थानोको छोडकर ऊपरकी श्रेणिके ग्यारह स्थान तथा इसके आगे तीन कोठोमे स्थापित पन्द्रह स्थान सब मिलाकर ब्यालीस स्थान उत्तरोत्तर गुणितक्रम है। और दूसरी तीसरी श्रेणिके बाईस स्थान अधिकक्रम हैं। ब्यालीस स्थानोके गुणाकारका प्रमाण और बाईस स्थानोके अधिकका प्रमाण आगे बतायेंगे। यहाँ-पर उक्त स्थानोके स्वामियोंको बताते हैं।

अवरमपुण्णं पढमं, सोलं पुण पढमविदियतदियोली।
पुण्णिदरपुण्णयाणं, जहण्णमुक्कस्समुक्कस्सं ॥ ९९ ॥

अवरमपूर्णं प्रथमे षोडश पुन प्रथमद्वितीयतृतीयावलि ।
पूर्णेतरपूर्णाना जघन्यमुत्कृष्टमुत्कृष्टम् ॥ ९९ ॥

अर्थ—आदिके सोलह स्थान जघन्य अपर्याप्तकके है। और प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणि क्रमसे पर्याप्तक अपर्याप्तक तथा पर्याप्तक जीवोकी है, और उनकी यह अवगाहना क्रमसे जघन्य उत्कृष्ट और उत्कृष्ट समझनी चाहिये।

भावार्थ—प्रथम तीन कोठोमे विभक्त सोलह स्थानोमे अपर्याप्तक जीवोकी जघन्य अवगाहना बताई है। और इसके आगे प्रथम श्रेणिके ग्यारह स्थानोमे पर्याप्तकोकी जघन्य और इसके नीचे दूसरी श्रेणिमे अपर्याप्तकोकी उत्कृष्ट तथा इसके भी नीचे तीसरी श्रेणिमे पर्याप्तकोकी उत्कृष्ट अवगाहना समझनी चाहिये।

पुण्णजहण्णं तत्तो, वरं अपुण्णस्स पुण्णउक्कस्सं।
बीपुण्णजहण्णो त्ति असंखं संखं गुणं तत्तो ॥ १०० ॥

पूर्णजघन्यं ततो वरमपूर्णस्य पूर्णोत्कृष्टम् ।
द्विपूर्णजघन्यमिति असख्य संख्य गुणं तत ॥ १०० ॥

अर्थ—श्रेणिके आगेके प्रथम कोठेमे (ऊपरकी पक्तिके छट्ठे कोठेमें) पर्याप्तकोकी जघन्य और दूसरे कोठेमे अपर्याप्तकोकी उत्कृष्ट तथा तीसरे कोठेमे पर्याप्तकोकी उत्कृष्ट अवगाहना

चौंसठ अवगाहनोंका यन्त्र

(गाथा ९७ से गाथा १०१)

सूक्ष्मनिगोद १ वात २ तेज ३ अप् ४ पृथ्वी ५ अप. ज	वादर वात ६ तेज ७ अप् ८ पृथ्वी ९ निगोद १० प्र प्रत्येक ११ अप ज.	अप्र प्रत्येक १२ वेन्द्री १३ तेइन्द्री १४ चतुरिन्द्रिय १५ पचेन्द्रिय १६ अप ज	सूक्ष्मनिगोद १७ वात २० तेज २३ अप् २६ पृथ्वी २९ पर्याप्त ज.	वादर वात ३२ तेज ३५ अप् ३८ पृथ्वी ४१ निगोद ४४ प्र प्रत्येक ४७ पर्याप्त ज	अप्र प्रत्येक ५० वेइन्द्री ५१ तेइन्द्री ५२ चौइन्द्री ५३ पचेन्द्रिय ५४ पर्याप्त ज.	तेइन्द्री ५५ चौइन्द्री ५६ वेइन्द्री ५७ अप्रतिष्ठित ५८ पचेन्द्रिय ५९ अपर्याप्त उत्कृष्ट	तेइन्द्री ६० चौइन्द्री ६१ वेइन्द्रिय ६२ अप्रतिष्ठित प्रत्येक ६३ पचेन्द्रिय ६४ पर्याप्त उत्कृष्ट
			सूक्ष्मनिगोद १८ वात २१ तेज २४ अप् २७ पृथ्वी ३० अपर्याप्त उत्कृष्ट	वादर वात ३३ तेज ३६ अप् ३९ पृथ्वी ४२ निगोद ४५ प्रति प्रत्येक ४८ अपर्याप्त उत्कृष्ट			
			सूक्ष्मनिगोद १९ वात २२ तेज २५ अप् २८ पृथ्वी ३१ पर्याप्त उत्कृष्ट	वादर वात ३४ तेज ३७ अप् ४० पृथ्वी ४३ निगोद ४६ प्रति प्रत्येक ४९ पर्याप्त उत्कृष्ट			

समझनी चाहिये। द्वीन्द्रिय पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना पर्यन्त असंख्यातका गुणाकार है, और इसके आगे संख्यातका गुणाकार है।

भावार्थ—पहले जो व्यालीस स्थानोंको गुणितक्रम बताया था, उनमेंसे आदिके उनतीस स्थान (सूक्ष्मनिगोदिया अपर्याप्तक जघन्यसे लेकर द्वीन्द्रिय पर्याप्तकी जघन्य अवगाहना पर्यन्त) उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे असंख्यातगुणे हैं। और इसके आगे तेरह स्थान उत्तरोत्तर संख्यातगुणे संख्यातगुणे हैं।

गुणाकाररूप असंख्यातका और श्रेणिगत वाईस स्थानोंके अधिकका प्रमाण बताते हैं।—

सुहमेदरगुणगारो, आवलिपल्लाअसंखभागो दु।
सट्ठाणे सेढिगया, अहिया तत्थेक्कपडिभागो ॥ १०१ ॥

सूक्ष्मेतरगुणकार आवलिपल्यासंख्येयभागस्तु।
स्वस्थाने श्रेणिगता अधिकास्तत्रैकप्रतिभाग.॥ १०१॥

अर्थ—सूक्ष्म और वादरोंका गुणकार स्वस्थानमें क्रमसे आवली और पल्यका असंख्यातवां भाग है। और श्रेणिगत वाईस स्थान अपने २ एक एक प्रतिभागप्रमाण अधिक अधिक हैं।

भावार्थ—सूक्ष्म निगोदियासे सूक्ष्म वायुकायका प्रमाण आवलीके असंख्यातवे भागसे गुणित है, इसीप्रकार सूक्ष्मवायुकायसे सूक्ष्म तेजकायका और सूक्ष्मतेजकायसे सूक्ष्मजलकायका तथा सूक्ष्मजलकायसे सूक्ष्म पृथिवीकायका प्रमाण उत्तरोत्तर आवलीके असंख्यातवें असंख्यातवे भागसे गुणित है। परंतु सूक्ष्म पृथिवीकायसे वादर वातकायका प्रमाण परस्थान होनेसे पल्यके असंख्यातवें भाग गुणित है। इसीप्रकार वादर वातकायसे वादर तेजकायका और वादर तेजकायसे वादर जलकायादिका प्रमाण उत्तरोत्तर क्रमसे पल्यके असंख्यातवे भाग २ गुणा है। इसीप्रकार आगेके स्थान भी समझना। क्योंकि जितने सूक्ष्मस्थान हैं वे आवलीके एक असंख्यातवे भागसे गुणित हैं और जितने वादर अवगाहनाओंके स्थान हैं वे सव पल्यके एक असंख्यातवें भागसे गुणित हैं। परन्तु श्रेणिगत वाईस स्थानोंमें गुणाकार नहीं है; किंतु वे सव स्थान उत्तरोत्तर अधिक २ हैं। अर्थात् वाईस स्थानोंमें जो सूक्ष्म हैं वे आवलीके एक २ असंख्यातवे भाग अधिक हैं, और जो वादर हैं वे पल्यके एक २ असंख्यातवें भाग अधिक हैं: इस तरह किसी भी विवक्षित स्थानकी अवगाहनाका प्रमाण उससे पूर्वके अवगाहना प्रमाण को अपने २ गुणकारसे गुणित करनेपर अथवा उसमें अधिक प्रमाण जोड़ देनेपर निष्पन्न होता है।

सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनासे सूक्ष्म वायुकायकी जघन्य अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणित है यह पहले कह आये हैं। अव इसमें होनेवाली चतुःस्थानपतित वृद्धिकी उत्पत्तिका क्रम तथा उसके मध्यमें होनेवाले अनेक अवगाहनाके भेदोंको वताते हैं।

अवरुवरि इगिपदेसे, जुदे असंखेज्जभागवड्ढीए।
आदी णिरंतरमदो, एगेगपदेसपरिवड्ढी ॥ १०२ ॥

अवरोपरि एकप्रदेशे युते असंख्यातभागवृद्धेः ।
आदिः निरन्तरमतः एकैकप्रदेशपरिवृद्धिः ॥ १०२ ॥

अर्थ—जघन्य अवगाहनाके प्रमाणमे एक प्रदेश और मिलानेसे जो प्रमाण होता है वह असख्यातभागवृद्धिका आदिस्थान है। इसके आगे भी क्रमसे एक एक प्रदेशकी वृद्धि करनी चाहिये। ऐसा करते करते—

अवरोग्गाहणमाणे, जहण्णपरिमिदअसंखरासिहिदे ।
अवरस्सुवरिं उड्ढे, जेट्ठमसंखेज्जभागस्स ॥ १०३ ॥

अवरावगाहनाप्रमाणे जघन्यपरिमितासंख्यातराशिहृते।
अवरस्योपरि वृद्धे ज्येष्ठमसख्यातभागस्य ॥ १०३ ॥

अर्थ—जघन्य अवगाहनाके प्रमाणमे जघन्यपरीतासंख्यातका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने प्रदेश जघन्य अवगाहनामे मिलाने पर असंख्यातभागवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है।

तस्सुवरि इगिपदेसे, जुदे अवत्तव्वभागपारंभो ।
वरसंखमवहिदवरे, रूऊणे अवरउवरि जुदे ॥ १०४ ॥

तस्योपरि एकप्रदेशे युते अवक्तव्यभागप्रारम्भः ।
वरसंख्यातावहितावरे रूपोने अवरोपरि युते॥ १०४॥

अर्थ—असंख्यातभागवृद्धिके उत्कृष्ट स्थानके आगे एक प्रदेशकी वृद्धि करनेसे अवक्तव्य भागवृद्धिका प्रारम्भ होता है। इसमे एक एक प्रदेशकी वृद्धि होते होते, जब जघन्य अवगाहनाके प्रमाणमें उत्कृष्ट सख्याका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसमे एक कम करके जघन्यके प्रमाणमे मिला दिया जाय तब—

तव्वड्ढीए चरिमो, तस्सुवरिं रूवसंजुदे पढमा ।
संखेज्जभागउड्ढी, उवरिमदो रूवपरिवड्ढी ॥ १०५ ॥

तद्वृद्धेश्चरमः तस्योपरि रूपसंयुते प्रथमा ।
सख्यातभागवृद्धिः उपर्यतो रूपपरिवृद्धिः ॥ १०५ ॥

अर्थ—अवक्तव्यभागवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। इसके आगे एक प्रदेश और मिलानेसे संख्यात भागवृद्धिका प्रथम स्थान होता है। इसके भी आगे एक एक प्रदेशकी वृद्धि करते करते जब—

अवरद्धे अवरुवरिं, उड्ढे तव्वड्ढिपरिसमत्ती हु ।
रूवे तदुवरि उड्ढे, होदि अवत्तव्वपढमपदं ॥ १०६ ॥

अवरार्धे अपरोपरिवृद्धे तद्वृद्धिपरिसमाप्तिर्हि ।
रूपे तदुपरि वृद्धे भवति अवक्तव्यप्रथमपदम् ॥ १०६ ॥

अर्थ—जघन्यका जितना प्रमाण है उसमे उसका (जघन्यका) आधा प्रमाण और मिला दिया जाय तब संख्यातभागवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। इसके आगे भी एक प्रदेशकी वृद्धि करने पर अवक्तव्यवृद्धिका प्रथम स्थान होता है।

रूऊणवरे अवरस्सुवरिं संवड्ढिदे तदुक्कस्सं।
तम्हि पदेसे उड्ढे, पढमा संखेज्जगुणवड्ढी॥ १०७॥

रूपोनावरे अवरस्योपरि संवर्द्धिते तदुत्कृष्टम्॥
तस्मिन् प्रदेशे वृद्धे प्रथमा संख्यातगुणवृद्धि॥ १०७॥

अर्थ—जघन्यके प्रमाणमे एक कम जघन्यका ही प्रमाण और मिलानेसे अवक्तव्य वृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। और इसमे एक प्रदेश और मिलानेसे संख्यात गुणवृद्धिका प्रथम स्थान होता है।

अवरे वरसंखगुणे, तच्चरिमो तम्हि रूवसंजुत्ते।
उग्गाहणम्हि पढमा, होदि अवत्तव्वगुणवड्ढी॥ १०८॥

अवरे वरसंख्यगुणे तच्चरमः तस्मिन् रूपसंयुक्ते॥
अवगाहने प्रथमा भवति अवक्तव्यगुणवृद्धि॥ १०८॥

अर्थ—जघन्यको उत्कृष्ट संख्यातसे गुणा करनेपर संख्यातगुणवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। इस संख्यात गुणवृद्धिके उत्कृष्ट स्थानमे ही एक प्रदेशकी वृद्धि करनेपर अवक्तव्य गुणवृद्धिका प्रथम स्थान होता है।

अवरपरित्तासंखेणवरं संगुणिय रूवपरिहीणे।
तच्चरिमो रूवजुदे तम्हि असंखेज्जगुणपढमं॥ १०९॥

अवरपरीतासंख्येनावरं संगुण्य रूपपरिहीने।
तच्चरमो रूपयुते तस्मिन् असंख्यातगुणप्रथमम्॥ १०९॥

अर्थ—जघन्य अवगाहनाका जघन्य परीतासंख्यातके साथ गुणा करके उसमेंसे एक घटानेपर अवक्तव्य गुणवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। और इसमे एक प्रदेशकी वृद्धि होनेपर असंख्यात गुणवृद्धिका प्रथम स्थान होता है।

रूवुत्तरेण तत्तो, आवलियासंखभागगुणगारे।
तप्पाउग्गे जादे, वाउस्सोग्गाहणं कमसो॥ ११०॥

रूपोत्तरेण तत आवलिकासंख्यभागगुणकारे।
तत्प्रायोग्ये जाते वायोरवगाहनं क्रमशः॥ ११०॥

अर्थ—इस असंख्यात गुणवृद्धिके प्रथम स्थानके ऊपर क्रमसे एक एक प्रदेशकी वृद्धि होते होते [illegible] जघन्य अवगाहनासे उत्पत्तिके योग्य आवलिके असंख्यातवें भागका [illegible] करनेसे वायुकायकी जघन्य अवगाहना होती है। भावार्थ—जघन्य

अवगाहनाके ऊपर प्रदेशोत्तर वृद्धिके क्रमसे असख्यातभागवृद्धि सख्यातभागवृद्धि सख्यातगुणवृद्धि असख्यातगुणवृद्धिको क्रमसे असंख्यात २ वार हो जानेपर और इन वृद्धियोके मध्यमे अवक्तव्यवृद्धियोको भी प्रदेशोत्तरवृद्धिके क्रमसे ही असख्यात २ वार होजानेपर जब असख्यातगुणवृद्धि होते २ अन्त मे अपर्याप्त वायुकायकी जघन्य अवगाहनाको उत्पन्न करनेमे योग्य-समर्थ आवलीके असख्यातवे भागप्रमाण असख्यातका गुणाकार आजाय तव उसके साथ जघन्य अवगाहनाका गुणा करनेसे अपर्याप्त वायुकायकी जघन्य अवगाहनाका प्रमाण निकलता है। यह सब पूर्वोक्त कथन अकसदृष्टिके बिना अच्छी तरह्-से समझमे नही आ सकता इसलिये यहांपर अकसंदृष्टि लिख देना उचित समझते है। वह इस प्रकार है---कल्पना कीजिये कि जघन्य अवगाहनाका प्रमाण ९६० है और जघन्य सख्यातका प्रमाण २ तथा उत्कृष्ट सख्यातका प्रमाण १५ और जघन्य परीतासख्यातका प्रमाण १६ है। इस जघन्य अवगाहनाके प्रमाणमे जघन्य अवगाहनाका ही भाग देनेसे १ लब्ध आता है उसको जघन्य अव-गाहनामें मिलानेसे असख्यातभागवृद्धिका आदिस्थान होता है। और जघन्य परीतासख्यात अर्थात् १६ का भाग देनेसे ६० लब्ध आते है उनको जघन्य अवगाहनामे मिलानेसे असख्यातभागवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। उत्कृष्ट सख्यातका अर्थात् १५ का जघन्य अवगाहनामे भाग देनेसे लब्ध ६४ आते हैं इनको जघन्य आवगाहनामे मिलानेसे सख्यातभागवृद्धिका आदिस्थान होता है। जघन्यमे २ का भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको अर्थात् जघन्यके आधे (४८०) को जघन्य मे मिलानेसे सख्यात-भागवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान (१४४०) होता है। परन्तु उत्कृष्ट असंख्यातभागवृद्धिके आगे और जघन्य सख्यातभागवृद्धिके पूर्व जो तीन स्थान है, अर्थात् जघन्यके ऊपर ६० प्रदेशोकी वृद्धि तथा ६४ प्रदेशोकी वृद्धिके मध्यमे जो ६१,६२ तथा ६३ प्रदेशोकी वृद्धिके तीन स्थान हैं, वे न तो असख्यातभागवृद्धिमे ही आते है और न सख्यातभागवृद्धिमे ही इसलिये इनको अवक्तव्यवृद्धिमे लिया है। इसके आगे गुणवृद्धिका आरम्भ होता है। जघन्यको दूना करनेसे सख्यातगुणवृद्धिका आदि-स्थान (१९२०) होता है। इसके पूर्वमे उत्कृष्ट सख्यातभागवृद्धिके स्थानसे आगे अर्थात् १४४० से आगे जो १४४१ तथा १४४२ आदि १९१९ पर्यंत स्थान है वे सम्पूर्ण ही अवक्तव्यवृद्धि के स्थान हैं। इस ही प्रकार जघन्यको उत्कृष्ट सख्यातसे गुणित करनेपर सख्यातगुणवृद्धिका उत्कृष्ट स्थान होता है। और इसके आगे जघन्यपरीतासख्यातका जघन्य अवगाहनाके साथ गुणा करनेपर असख्यातगुणवृद्धिका आदिस्थान होता है तथा इन दोनोके मध्यमे भी पूर्वको तरह अवक्तव्य वृद्धि होती है। इस असख्यातगुणवृद्धिमे ही प्रदेशोत्तरवृद्धिके क्रमसे वृद्धि होते होते सूक्ष्म वातकायकी जघन्य अवगाहनाकी उत्पत्तिके योग्य गुणाकार प्राप्त होता है तब उसका जघन्य अवगाहनाके साथ गुणा करनेपर सूक्ष्म वातकायकी जघन्य अवगाहना उत्पन्न होती है। इस अकसदृष्टिके अनुसार अर्थ सदृष्टि भी समझनी चाहिये, परन्तु अकसदृष्टिको ही अर्थसदृष्टि नही समझ लेना चाहिये।

इसप्रकार सूक्ष्म निगोदियाके जघन्य अवगाहनास्थानसे सूक्ष्म वातकायकी जघन्य अवगाहना-पर्यन्त अवगाहनास्थानोके वृद्धिक्रमको बताकर तेजस्कायादिके अवगाहनास्थानोके गुणाकरको उत्पत्तिके क्रमको बताते है।

एवं उवरि वि णेओ, पदेसवड्ढिक्कमो जहाजोग्गं।
सव्वत्थेक्केक्कम्हि य, जीवसमासाण विच्चाले[१] ॥ १११ ॥

---

१. प्राकृत भाषामें प्रयुक्त होनेवाले इस शब्द का अर्थ ऐसा होता है—विच्चाले = विचले वीचके-मध्यवर्ती।

एवमुपर्यपि ज्ञेय प्रदेशवृद्धिक्रमो यथायोग्यम् ।
सर्वत्रैकैकस्मिश्च जीवसमासानामन्तराले ॥ १११ ॥

अर्थ—जिस प्रकार सूक्ष्म निगोदिया अपर्याप्तसे लेकर सूक्ष्म अपर्याप्त वातकायकी जघन्य अवगाहना पर्यन्त प्रदेश वृद्धिके क्रमसे अवगाहनाके स्थान बताये, उस ही प्रकार आगे भी वातसे तेज और तेजस्कायिकसे लेकर पर्याप्त पचेन्द्रियकी उत्कृष्ट अवगाहना पर्यन्त सम्पूर्ण जीवसमासोके प्रत्येक अन्तरालमे प्रदेशवृद्धिक्रमसे अवगाहनास्थानोको समझना चाहिये ।

भावार्थ—जिस तरह सूक्ष्म निगोद और वातकायके मध्यमे अवगाहनाका प्रदेश वृद्धिक्रम बताया गया है उसी प्रकार चोसठ अवगाहनास्थानोके प्रत्येक अन्तरालमे अवगाहनाका प्रदेश वृद्धिक्रम समझना चाहिये । परन्तु सूक्ष्म स्थानोमे आवली और बादर स्थानोमे पल्यके असंख्यातवें भागका गुणकार या अधिकक्रम जहाँ जैसा बताया है वहाँ वैसा लगा लेना चाहिये ।

उक्त सम्पूर्ण अवगाहनाके स्थानोमेसे किसमेसे किसमे किन भेदोका अन्तर्भाव होता है, यह बात मत्स्यरचनाको दृष्टिमे रखकर बताते हैं ।

हेट्ठा जेसिं जहण्णं, उवरिं उक्कस्सयं हवे जत्थ ।
तत्थंतरगा सव्वे, तेसिं उग्गाहणविअप्पा ॥ ११२ ॥

अधस्तन येषा जघन्यमुपर्युत्कृष्टक भवेद्यत्र ।
तत्रान्तरगा सर्वे तेषामवगाहनविकल्पाः ॥ ११२ ॥

अर्थ—जिन जीवोकी प्रथम जघन्य अवगाहनाका और अनन्तर उत्कृष्ट अवगाहनाका जहाँ जहाँपर वर्णन किया गया है उनके मध्यमे जितने भेद हैं उन सबका उसीके भेदोमें अन्तर्भाव होता है ।

भावार्थ—जिनके अवगाहनाके विकल्प अल्प हैं उनका प्रथम विन्यास करना और जिनकी अवगाहनाके विकल्प अधिक हैं उनका विन्यास पीछे करना । जिसके जहासे जहा तक अवगाहना स्थान हैं उनका वहासे वहातक ही विन्यास करना चाहिये । ऐसा करनेसे अवगाहना स्थानोकी इस विन्यास रचनाका आकार मत्स्य सरीखा हो जाता है । इसीलिये इसको मत्स्य रचना कहते हैं । इस मत्स्यरचनासे यह मालूम हो जाता है कि किस जीवके कितने अवगाहनाके स्थान हैं ओर वे कहांसे कहां तक हैं ।

इस प्रकार स्थान योनि तथा शरीरकी अवगाहनाके निमित्तसे जीवसमासका वर्णन करके अब कुलोके द्वारा जीवसमासका वर्णन करते हैं ।

बावीस सत्त तिण्णि य, सत्त य कुलकोडिसयसहस्साहिं ।
णेया पुढविदगागणि, वाउक्कायाण परिसंखा ॥ ११३ ॥

द्वाविंशति सप्त त्रीणि च सप्त च कुलकोटिशतसहस्राणि ।
ज्ञेया पृथिवीदकाग्निवायुकायिकानां परिसख्या ॥ ११३ ॥

अर्थ—पृथिवीकायिक जीवोके कुल बाईस लाख कोटि हैं, जलकायिक जीवोके कुल सात लाख कोटि हैं, अग्निकायिक जीवोके कुल तीन लाख कोटि हैं, और वायुकायिक जीवोके कुल सात लाख कोटि हैं ।

भावार्थ—शरीरके भेदको कारणभूत नोकर्म वर्गणाओके भेदको कुल कहते हैं। ये कुल पृथिवीकायिक जलकायिक अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोके क्रमसे २२ लाख कोटि, सात लाख कोटि, तीन लाख कोटि, और सात लाख कोटि समझने चाहिये।

कोडिसयसहस्साइं, सत्तट्ठ णव य अट्ठवीसाइं।
वेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-हरिदकायाणं ॥ ११४ ॥

कोटिशतसहस्राणि सप्ताष्ट नव च अष्टाविंशति।
द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय-हरितकायानाम् ॥ ११४ ॥

अर्थ—द्वीन्द्रिय जीवोके कुल सात लाख कोटि, त्रीन्द्रिय जीवोके कुल आठ लाख कोटि, चतुरिन्द्रिय जीवोके कुल नौ लाख कोटि, और वनस्पतिकायिक जीवोके कुल २८ लाख कोटि हैं।

अद्धतेरस बारस, दसयं कुलकोडिसदसहस्साइं।
जलचर-पक्खि-चउप्पय-उरपरिसप्पेसु णव होंति ॥ ११५ ॥

अर्धत्रयोदश द्वादश दशकं कुलकोटिशतसहस्राणि।
जलचर-पक्षि-चतुष्पदोरुपरिसर्पेषु नव भवन्ति ॥ ११५ ॥

अर्थ—पचेन्द्रिय तिर्यंचोमे जलचर जीवोके साढे बारह लाख कोटि, पक्षियोंके बारह लाख कोटि, पशुओंके दश लाख कोटि, और छातीके, सहारेसे चलनेवाले दुमुहो आदिके नव लाख कोटि कुल हैं।

छप्पंचाधियवीसं, वारसकुलकोडिसदसहस्साइं।
सुर-णेरइय-णराणं जहाकमं होंति णेयाणि ॥ ११६ ॥

षट्पञ्चाधिकविंशति द्वादश कुलकोटिशतसहस्राणि।
सुर-नैरयिक-नराणा यथाक्रमं भवन्ति ज्ञेयानि ॥ ११६ ॥

अर्थ—देव, नारकी तथा मनुष्य इनके कुल क्रमसे छब्बीस लाख कोटि, पच्चीस लाख कोटि, तथा बारह लाख[1] कोटि है। जो कि भव्यजीवोके लिये ज्ञातव्य है।

भावार्थ—भव्यजीवोको इस सिद्धातशास्त्रके अनुसार जीवोके इन कुल भेदोको इसलिये अवश्य ही जान लेना चाहिये कि इनके जाने बिना मोक्षमार्गरूप चारित्र तथा दयामय धर्मका वास्तवमे पालन नही[2] किया जा सकता।

उपर्युक्त प्रकारसे भिन्न-भिन्न जीवोके कुलोकी संख्याको बताकर अब सबका जोड कितना होता है यह बताते हैं—

---

१ तत्त्वार्थसारमे मनुष्यके कुल १४ लाख कोटि बताये हैं। देखो त सा. श्लोक ११५ (चतुर्दश नृणामपि)।

२ ऐसी एक लोकोक्ति भी है कि—दया दया सबही कहें, दया न जाने कोय।
जीव जाति जाने विना, दया कहांसे होय ॥

एया य कोडिकोडी, सत्ताणउदी य सदसहस्साइं ।
पण्णं कोडिसहस्सा, सव्वंगीणं कुलाणं य ॥ ११७ ॥

एका च कोटिकोटी सप्तनवतिश्च शतसहस्राणि ।
पञ्चाशत् कोटि सहस्राणि सर्वाङ्गिना कुलाना च ॥ ११६ ॥

अर्थ—इस प्रकार पृथिवीकायिकसे लेकर मनुष्य पर्यन्त सम्पूर्ण जीवोके समस्त कुलोकी संख्या एक कोडाकोड़ी तथा सत्तानवे लाख और पचास हजार कोटि है ।

भावार्थ—सम्पूर्ण ससारी जीवोके कुलोकी संख्या एक करोड़ सत्तानवे लाख पचास हजारको एक करोड़से गुणने पर जितना प्रमाण लब्ध हो उतना अर्थात् १९७५०००००००००० है । ग्रन्थान्तरो मे मनुष्योके १४ लाख कोटि कुल गिनाये है । उस हिसाब से सम्पूर्ण कुलो का जोड़ एक करोड निन्यानवे लाख पचास हजार कोटि होता है ।

इस प्रकार स्थान योनि देहावगाहना और कुलके भेदोके द्वारा जीवसमास नामक दूसरे अधिकारका वर्णन पूर्ण हुआ ।

इति जीवसमासप्ररूपणो नाम द्वितीयोऽधिकारः ।

३—पर्याप्ति

क्रमानुसार तीसरे पर्याप्ति नामक अधिकारका प्रतिपादन करते हैं—

जह पुण्णापुण्णाइं, गिह-घड-वत्थादियाइं दव्वाइं ।
तह पुण्णिदरा जीवा, पज्जत्तिदरा मुणेयव्वा ॥ ११८ ॥

यथा पूर्णापूर्णानि गृहघटवस्त्रादिकानि द्रव्याणि ।
तथा पूर्णतरा जीवाः पर्याप्तेतराः मन्तव्या ॥ ११८ ॥

अर्थ—जिस प्रकार घर, घट, वस्त्र आदिक अचेतन द्रव्य पूर्ण और अपूर्ण दोनो प्रकारके होते हैं । उसी प्रकार पर्याप्त और अपर्याप्त नामकर्मके उदयसे युक्त जीव भी पूर्ण और अपूर्ण दो प्रकार के होते हैं । जो पूर्ण है उनको पर्याप्त और जो अपूर्ण है उनको अपर्याप्त कहते हैं ।

भावार्थ—गृहीत आहारवर्गणाको खल-रस भाग आदिरूप परिणमानेकी जीवकी शक्तिके पूर्ण हो जानेको पर्याप्ति कहते हैं । ये पर्याप्ति जिनके पाई जाय उनको पर्याप्त और जिनकी वह शक्ति पूर्ण न हो उन जीवोको अपर्याप्त कहते हैं । जिस प्रकार घटादिक द्रव्य बन चुकने पर पूर्ण और उससे पूर्व अपूर्ण कहे जाते हैं उसी प्रकार पर्याप्ति सहितको पूर्ण या पर्याप्त तथा पर्याप्ति रहितको अपूर्ण या अपर्याप्त कहते हैं ।

पर्याप्तियोके भेद तथा उनके स्वामियोका नाम निर्देश करते हैं।

आहार-सरीरिंदिय, पज्जत्ती आणपाण-भास-मणो।
चत्तारि[1] पंच[2] छप्पि य[3], एइंदिय-वियल-सण्णीणं[4] ॥ ११९ ॥

आहार शरीरेन्द्रियाणि पर्याप्तय: आनप्राणभाषामनान्सि।
चतस्र पञ्च षडपि च एकेन्द्रिय-विकल-सञ्ज्ञिनाम् ॥ ११९ ॥

अर्थ—आहार शरीर इन्द्रिय श्वासोच्छ्वास भाषा और मन इस प्रकार पर्याप्तिके छह भेद है। इनमेसे एकेन्द्रिय जीवोके आदिकी चार पर्याप्ति होती हैं और विकलेन्द्रिय द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय और असञ्ज्ञी पंचेन्द्रिय जीवोके अन्तिम मन पर्याप्तिको छोडकर शेप पाच पर्याप्ति होती है और सञ्ज्ञी पंचेन्द्रिय जीवोके सभी छहो पर्याप्ति हुआ करती हैं।

भावार्थ—एक शरीरको छोडकर दूसरे नवीन शरीरके लिये कारणभूत जिन नोकर्मवर्गणाओ को जीव ग्रहण करता है उनको खलरसभागरूप परिणमानेकी पर्याप्ति नामकर्मके उदयसे युक्त जीवकी शक्तिके पूर्ण हो जानेको आहार पर्याप्ति कहते हैं। और उनमे से खलभागको हड्डी आदि कठोर अवयवरूप तथा रसभागको खून आदि द्रव (नरम-पतले) अवयवरूप परिणमानेकी शक्तिके पूर्ण होनेको शरीर पर्याप्ति कहते है। तथा उसी नोकर्मवर्गणाके स्कन्धोमेसे कुछ वर्गणाओको अपनी-अपनी इन्द्रियके स्थान पर उस द्रव्येन्द्रियके आकार परिणमानेकी आवरण-ज्ञानावरण दर्शनावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशम तथा जातिनामकर्मके उदय से युक्त जीवकी शक्तिके पूर्ण होनेको इन्द्रिय पर्याप्ति कहते है। इसी प्रकार कुछ स्कन्धोको श्वासोच्छ्वासरूप परिणमानेकी जो जीवकी शक्तिकी पूर्णता उसको श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति कहते है। और वचनरूप होनेके योग्य पुद्गल स्कन्धो (भाषा वर्गणा) को वचनरूप परिणमावनेकी स्वरनामकर्मके उदयसे युक्त जीवकी शक्तिके पूर्ण होनेको भाषा पर्याप्ति कहते है। तथा द्रव्यमनरूप होनेके योग्य पुद्गल स्कन्धो को (मनोवर्गणाओको) द्रव्यमनके आकार परिणमावनेकी नोइन्द्रियावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे युक्त जीवकी शक्तिके पूर्ण होनेको मन पर्याप्ति कहते है। इन छह पर्याप्तियोमेसे एकेन्द्रियजीवोके आदिकी चार ही पर्याप्ति हुआ करती है। और द्वीन्द्रियसे लेकर असञ्ज्ञी पंचेन्द्रिय तक जीवोके मन पर्याप्तिको छोड-कर शेष पांच पर्याप्ति हा होती है। और सञ्ज्ञी जीवोके छहो पर्याप्ति हुआ करती है। जिन-जीवोकी पर्याप्ति पूर्ण हो जातो हैं उनको पर्याप्त और जिनकी पूर्ण नहीं होती उनको अपर्याप्त कहते है

अपर्याप्त जीवोके भी दो भेद हैं—एक निर्वृत्यपर्याप्त दूसरा लब्ध्यपर्याप्त। जिनको पर्याप्ति अभी तक पूर्ण नही हुई है, किन्तु अन्तर्मुहूर्तमे नियमसे पूर्ण हो जायेगी उनको निर्वृत्यपर्याप्त कहते हैं। और जिनकी पर्याप्ति न तो अभीतक पूर्ण हुई है और न होगी, पर्याप्ति पूर्ण होनेके कालसे पहले ही जिनका मरण हो जायगा अर्थात् अपनी आयुके कालमे जिनकी पर्याप्ति कभी भी पूर्ण न हो उनको लब्ध्यपर्याप्त कहते हैं। इनमेसे जो जीव पर्याप्त नामकर्मके उदयसे युक्त हुआ करते है वे ही पर्याप्त और निवृत्यपर्याप्त माने गये हैं। और जो अपर्याप्त नाम कर्मके उदयसे युक्त हैं वे ही लब्ध्यपर्याप्त हुआ करते हैं। इनकी पर्याप्ति वर्तमान आयुके उदय कालमें कभी भी पूर्ण नही हुआ करती।

---

१ २ ३ षट खं सतसुत, सूत्र न क्रमसे ७४-७५, ७२-७३, ७०-७१।
४ द्रव्य सग्रह गा नं० १२ की संस्कृत टीकामें भी यह उद्धृत है।

पर्याप्ति पूर्ण होनेके कालसे पूर्व ही उनका मरण हो जाया करता है। उनकी आयु पूर्ण हो जाती है। जैसा कि आगे चलकर स्वयं ग्रन्थकार बतानेवाले हैं[1]।

इन पर्याप्तियोंमेंसे प्रत्येकके तथा समस्तके प्रारम्भ और पूर्ण होनेमें कितना काल लगता है यह बताते हैं।

> पज्जत्तीपट्ठवणं जुगवं, तु कमेण होदि णिट्ठवणं।
> अंतोमुहुत्तकालेणहियकमा तत्तियालावा ॥ १२० ॥
>
> पर्याप्तिप्रस्थापनं युगपत्तु क्रमेण भवति निष्ठापनम्।
> अन्तर्मुहूर्तकालेन अधिकक्रमास्तावदालापात् ॥ १२० ॥

अर्थ—सम्पूर्ण पर्याप्तियोंका आरम्भ तो युगपत् होता है, किन्तु उनकी पूर्णता क्रमसे होती है। इनका काल यद्यपि पूर्व पूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तरका कुछ-कुछ अधिक है, तथापि सामान्यकी अपेक्षा सबका अन्तर्मुहूर्तमात्र ही काल है। **भावार्थ**—एकसाथ सम्पूर्ण पर्याप्तियोंके प्रारम्भ होनेके अनन्तर अन्तर्मुहूर्त कालमें आहारपर्याप्ति पूर्ण होता है। और उससे संख्यातभाग अधिक कालमें शरीर पर्याप्ति पूर्ण होती है। इसी प्रकार आगेका पर्याप्तिके पूर्ण होनेमें पूर्वकी अपेक्षा कुछ अधिक काल लगता है, तथापि वह अन्तर्मुहूर्तमात्र ही है। कारण यह कि असंख्यात समयप्रमाण अन्तर्मुहूर्तके भी असंख्यात भेद हैं, क्योंकि असंख्यातके भी असंख्यात भेद होते हैं। और इसीलिये सम्पूर्ण पर्याप्तियोंके समुदायका काल भी अन्तर्मुहूर्तमात्र ही है।

पर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्तका काल बताते हैं।

> पज्जत्तस्स य उदये, णियणियपज्जत्तिणिट्ठिदो होदि।
> जाव सरीरमपुण्णं, णिव्वत्ति अपुण्णगो ताव ॥ १२१ ॥
>
> पर्याप्तस्य च उदये निजनिजपर्याप्तिनिष्ठितो भवति।
> यावत् शरीरमपूर्णं निर्वृत्यपूर्णकस्तावत् ॥ १२१ ॥

अर्थ—पर्याप्ति नामकर्मके उदयसे जीव अपनी पर्याप्तियोंसे पूर्ण होता है, तथापि जबतक उसकी शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तबतक उसको पर्याप्त नहीं कहते, किन्तु निर्वृत्यपर्याप्त कहते हैं।

भावार्थ—इन्द्रिय श्वासोछ्वास भाषा और मन इन पर्याप्तियोंके पूर्ण नहीं होनेपर भी यदि शरीरपर्याप्ति पूर्ण हो गई है तो वह जीव पर्याप्त ही है, किन्तु उससे पूर्व निर्वृत्यपर्याप्तक कहा जाता है। फिर भी पर्याप्त नामकर्मका उदय रहने पर अपने अपने योग्य अर्थात् एकेन्द्रियके ४ विकलेन्द्रियके ५ और संज्ञी जीवके ६ पर्याप्ति पूर्ण अवश्य होती हैं।

लब्ध्यपर्याप्तका स्वरूप दिखाते हैं।

> उदये दु अपुण्णस्स य, सगसगपज्जत्तियं ण णिट्ठवदि।
> अंतोमुहुत्तमरणं, लद्धिअपज्जत्तगो सो दु ॥ १२२ ॥

---

१ गाथा नं० १२२।

उदये तु अपूर्णस्य च स्वकस्वकपर्याप्तीर्न निष्ठापयति ।
अन्तर्मुहूर्तमरणं लब्ध्यपर्याप्तक स तु ॥ १२२ ॥

अर्थ—अपर्याप्त नामकर्मका उदय होनेसे जो जीव अपने अपने योग्य पर्याप्तियोको पूर्ण न करके अन्तर्मुहूर्त कालमे ही मरणको प्राप्त हो जाय उसको लब्ध्यपर्याप्तक कहते है ।

भावार्थ—जिन जीवोका अपर्याप्त नामकर्मके उदयसे अपने अपने योग्य पर्याप्तियोको पूर्ण न करके अन्तर्मुहूर्तमें ही मरण हो जाय उनको लब्ध्यपर्याप्तक कहते हैं। क्योकि लब्धिनाम अपने-अपने योग्य पर्याप्तियोको पूर्ण करनेकी योग्यताकी प्राप्तिका है। वह जिनकी पर्याप्त अर्थात् पूर्ण नही होती उनको लब्ध्यपर्याप्त कहते हैं।

इस गाथामे जो "तु" शब्द पड़ा है उससे इस प्रकारके जीवोका अन्तर्मुहूर्तमे ही मरण होता है, और "च" शब्दसे इन जीवोकी जघन्य एव उत्कृष्ट दोनो ही प्रकारकी आयुस्थिति अन्तर्मुहूर्त-मात्र ही है, ऐसा अर्थ समझना चाहिये। यह अन्तर्मुहूर्त एक श्वासके अठारहवे भाग प्रमाण होता है। इस प्रकारके लब्ध्यपर्याप्तक जीव एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रियपर्यन्त सबमे ही पाये जाते हैं।

यदि एक जीव एक अन्तर्मुहूर्तमे लब्ध्यपर्याप्तक अवस्थामे अधिकसे अधिक भवोको धारण करे तो कितने कर सकता है? यह बताते है।

तिण्णिसया छत्तीसा, छवट्ठिसहस्सगाणि मरणाणि ।
अंतोमुहुत्तकाले, तावदिया चेव खुद्दभवा[1] ॥ १२३ ॥

त्रीणि शतानि षट्त्रिंशत् षट्सहस्रकाणि मरणानि ।
अन्तर्मुहूर्तकाले तावन्तश्चैव क्षुद्रभवा ॥ १२३ ॥

अर्थ—एक अन्तर्मुहूर्तमे एक लब्ध्यपर्याप्तक जीव छ्यासठ हजार तीन सौ छत्तीस वार मरण और उतने ही भवो–जन्मोको भी धारण कर सकता है। इन भवोको क्षुद्रभव शब्दसे कहा गया।

भावार्थ—एक लब्ध्यपर्याप्तक जीव यदि निरन्तर जन्ममरण करे तो अन्तर्मुहूर्त कालमें ६६३३६ जन्म और उतने ही मरण कर सकता है। इससे अधिक नही कर सकता।

इन भवोको क्षुद्र भव इसलिये कहते हैं कि इनसे अल्प स्थितिवाला अन्य कोई भी भव नही पाया जाता। इन भवोमेसे प्रत्येकका कालप्रमाण श्वासका अठारहवाँ भाग है। फलत. त्रैराशिकके अनुसार ६६३३६ भावोके श्वासोका प्रमाण ३६८५$\frac{1}{3}$ होता है। इतने उच्छ्वासोंके समूह प्रमाण अन्तर्मुहूर्तमे पृथिवीकायिकसे लेकर पचेन्द्रिय तक लब्ध्यपर्याप्तक जीवोके क्षुद्रभव

---

१. तिण्णिसया छत्तीसा छावट्ठि सहस्स चेव मरणाइं। अंतोमुहुत्तकाले तावदिया होंति खुद्दभवा। पट्प्र. कालाणु गा नं. ३५ ॥
छत्तीस तिण्णिसया छावट्ठि सहस्सवार मरणाणि। अंतोमुहुत्तमज्झे पत्तोसि णिगोयवासम्मि ॥ २८ ॥ भा पा.

६६३३६ हो जाते हैं। ध्यान रहे। ३७७३ उच्छ्वासों का एक मुहूर्त होता है।[1]

उक्त भवोंमेंसे यह जीव एकेन्द्रियादिकमेंसे किस-किसके कितने-कितने भवोंको धारण करता है या कर सकता है यह पृथक् पृथक् बताते हैं—

सीदी सट्ठी तालं, वियले चउवीस होंति पंचक्खे।
छावट्ठिं च सहस्सा, सयं च बत्तीसमेयक्खे॥ १२४॥

अशीति षष्टि चत्वारिंशद्विकले चतुर्विंशतिर्भवन्ति पचाक्षे।
षट्षष्टिश्च सहस्राणि शत च द्वात्रिंशमेकाक्षे॥ १२४॥

अर्थ—विकलेन्द्रियोंमें द्वीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ८० भव, त्रीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ६०, चतुरिन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ४० और पंचेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके २४[2], तथा एकेन्द्रियोंके ६६१३२ भावोंको धारण कर सकता है, अधिकको नही।

एकेन्द्रियोकी संख्याको भी स्पष्ट करते हैं—

पुढविदगागणिमारुद, साहारणथूलसुहमपत्तेया।
एदेसु अपुण्णेसु य, एक्केक्के बार खं छक्कं॥ १२५॥

पृथ्वीदकाग्निमारुतसाधारणस्थूलसूक्ष्मप्रत्येकाः।
एतेषु अपूर्णेषु च एकैकस्मिन् द्वादश ख षट्कम्॥ १२५॥

अर्थ—स्थूल और सूक्ष्म दोनो ही प्रकारके जो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और साधारण, और प्रत्येक वनस्पति, इस प्रकार सम्पूर्ण ग्यारह प्रकारके लब्ध्यपर्याप्तकोमेंसे प्रत्येक (हरएक) के ६०१२ भेद होते है।

भावार्थ—स्थूल पृथिवी सूक्ष्म पृथिवी स्थूल जल सूक्ष्म जल स्थूल अग्नि सूक्ष्म अग्नि स्थूल वायु सूक्ष्म वायु स्थूल साधारण सूक्ष्म साधारण तथा प्रत्येक वनस्पति इन ग्यारह प्रकारके लब्ध्यपर्याप्तकोमे से प्रत्येकके ६०१२ भव होते हैं। इसलिये ११ को ६०१२ से गुणा करने पर एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंके उत्कृष्ट भवोंका प्रमाण ६६१३२ निकलता है। जैसाकि ऊपरकी गाथामें बताया गया है।

समुद्घात अवस्थामे केवलियोंके भी अपर्याप्तता कही है सो किस प्रकार हो सकती है? यह बताते हैं—

---

१ आढ्यानलसानुपहतमनुजोच्छ्वासैस्त्रिसप्तसप्तत्रिप्रमितैः।
आहुर्मुहूर्तमन्तर्मुहूर्तमष्टाष्टवर्जितैस्त्रिभागयुतैः॥
आयुरन्तर्मुहूर्तः स्यादेषोऽस्याष्टादशांशकः। उच्छ्वासस्य जघन्यं च नृतिरश्चा लब्ध्यपूर्वके॥ जी. प्र. उद्धृत। गा. १२५

२. असंज्ञिपचेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकके ८, संज्ञिपंचेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकके ८ और मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तकके ८ इस तरह कुल २४ संख्या होती है। जी. प्र.।

पज्जत्तसरीरस्स य, पज्जत्तुदयस्स कायजोगस्स।
जोगिस्स अपुण्णत्तं, अपुण्णजोगो त्ति णिद्दिट्ठं ॥ १२६ ॥

पर्याप्तशरीरस्य च पर्याप्त्युदयस्य काययोगस्य।
योगिनोऽपूर्णत्वमपूर्णयोग इति निर्दिष्टम् ॥ १२६ ॥

अर्थ—जिस सयोग केवलीका शरीर पूर्ण है, और उसके पर्याप्ति नामकर्मका उदय भी मौजूद है, तथा काययोग भी है, उसके अपर्याप्तता किस प्रकार हो सकती है ? तो इसका कारण योगका पूर्ण न होना ही बताया है।

भावार्थ—जिसके अपर्याप्त नामकर्मका उदय हो, अथवा जिसका शरीर पूर्ण न हुआ हो उसको अपर्याप्त कहते है। क्योकि पहले "जाव सरीरमपुण्णं णिव्वत्तिअपुण्णगो ताव" ऐसा कह आये हैं। अर्थात् जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण न हो तब तककी अवस्थाको निर्वृत्यपर्याप्ति कहते है। परन्तु केवलीका शरीर भी पर्याप्त है, और उनके पर्याप्ति नामकर्मका उदय भी है, तथा काययोग भी मौजूद है, तब उसको अपर्याप्त क्यो कहा ? इसका कारण यह है कि यद्यपि उनके काययोग आदि सभी मौजूद हैं तथापि उनके कपाट, प्रतर, लोकपूर्ण तीनो ही समुद्घात अवस्थामे योग पूर्ण नही है, इस ही लिये उनको आगममे गौणतासे अपर्याप्त कहा है, मुख्यतासे अपर्याप्त अवस्था जहा पर पाई जाती है ऐसे प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ और आहारक शरीरकी अपेक्षा छठ्टा ये चार ही गुणस्थान[1] है।

किस-किस गुणस्थानमें पर्याप्त और अपर्याप्त अवस्था पाई जाती है ? यह बताते हैं—

लद्धिअपुण्णं मिच्छे, तत्थ वि विदिये चउत्थ-छट्ठे य।
णिव्वत्तिअपज्जत्ती, तत्थ वि सेसेसु पज्जत्ती ॥ १२७ ॥

लब्ध्यपूर्णं मिथ्यात्वे तत्रापि द्वितीये चतुर्थषष्ठे च।
निर्वृत्यपर्याप्तिः तत्रापि शेषेषु पर्याप्तिः ॥ १२७ ॥

अर्थ—लब्ध्यपर्याप्तक मिथ्यात्व गुणस्थानमे ही होते है। निर्वृत्यपर्याप्तक प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ और छट्ठे गुणस्थानमे होते है। और पर्याप्ति उक्त चारो और शेष सभी गुणस्थानोमे पाई जाती है।

भावार्थ—प्रथम गुणस्थानमे लब्ध्यपर्याप्ति निर्वृत्यपर्याप्ति पर्याप्ति तीनो अवस्था होती है। सासादन असयत और प्रमत्तमे निर्वृत्यपर्याप्त पर्याप्त ये दो अवस्था होती हैं। पर्याप्ति उक्त तथा शेष सब ही गुणस्थानोमे पाई जाती है। प्रमत्त गुणस्थानमे जो निर्वृत्यपर्याप्ति अवस्था कही है, वह आहारक मिश्रयोगकी अपेक्षासे है। इस गाथामे जो च शब्द पडा है। उससे सयोगकेवली भी निर्वृत्यपर्याप्तक होते हैं यह बात गौणतया सूचित की है। जैसा कि ऊपरकी गाथामें बताया गया है।

---

१. निर्वृत्यपर्याप्तकगुणस्थानानि प्रथम-द्वितीय-चतुर्थ-षष्ठानि चत्वार्येवेति परमागमे नियमवचनात् ॥न प्र.॥

सासादन और सम्यक्त्वके अभावका नियम कहाँ-कहाँ पर है, यह बताते हैं—

हेट्ठिमछप्पुढवीणं, जोइसिवणभवणसव्वइत्थीणं ।
पुण्णिदरे ण हि सम्मो, ण सासणो णारयापुण्णे ॥ १२८ ॥

अधःस्तनषट्पृथ्वीनां ज्योतिष्कवनभवनसर्वस्त्रीणाम् ।
पूर्णेतरस्मिन् न हि सम्यक्त्वं न सासनो नारकापूर्णे ॥ १२८ ॥

अर्थ—द्वितीयादिक छह नरक और ज्योतिपी व्यन्तर भवनवासी ये तीन प्रकारके देव तथा सम्पूर्ण स्त्रिया इनको अपर्याप्त अवस्थामें सम्यक्त्व नही होता है । और सासादन सम्यग्दृष्टि अपर्याप्त नारकी नही होता ।

भावार्थ—सम्यक्त्वसहित जीव मरण करके द्वितीयादिक छह नरक ज्योतिषी व्यन्तर भवनवासी देवोमे और समग्र स्त्रियोमे उत्पन्न नही होता । और सासादनसम्यग्यदृष्टि मरण कर नरकको नहीं जाता ।

इति पर्याप्तिप्ररूपणो नाम तृतीयोऽधिकार. ।

४—प्राणरूपणा

अब प्राणप्ररूपणा क्रमप्राप्त है उसमें प्रथम प्राणका निरुक्तिपूर्ण लक्षण कहते हैं—

बाहिरपाणेहिं जहा, तहेव अब्भंतरेहिं पाणेहिं ।
पाणंति जेहिं जीवा, पाणा ते होंति णिद्दिट्ठा ॥१२९॥

बाह्यप्राणैर्यथा तथैवाभ्यन्तरैः प्राणैः ।
प्राणन्ति यैर्जीवाः प्राणास्ते भवन्ति निर्दिष्टाः ॥१२९॥

अर्थ—जिस प्रकार अभ्यन्तरप्राणोंके कार्यभूत नेत्रोका खोलना, वचनप्रवृत्ति, उच्छ्वास निःश्वास आदि बाह्य प्राणोके द्वारा जीव जीते हैं, उसही प्रकार जिन अभ्यन्तर इन्द्रियावरणकर्मके क्षयोपशमादिके द्वारा जीवमे जीवितपनेका व्यवहार हो उनको प्राण कहते हैं ।

भावार्थ—जिनके सद्भावमें जीवमें जीवितपनेका वियोग होनेपर मरणपनेका व्यवहार[1] हो उनको प्राण कहते हैं । ये प्राण पूर्वोक्त पर्याप्तियोके कार्यरूप हैं—अर्थात् प्राण और पर्याप्तिमें कार्य और कारणका अन्तर है । पर्याप्ति कारण हैं और प्राण कार्य हैं, क्योकि गृहीत पुद्गलस्कन्ध विशेषोको इन्द्रिय वचन आदिरूप परिणमावनेकी शक्तिकी पूर्णताको पर्याप्ति, और वचन व्यापार आदिकी कारणभूत योग्यता शक्तिको, तथा वचन आदि रूप प्रवृत्तिको प्राण कहते हैं ।

प्राणके भेदोको गिनाते हैं ।

---

१ जं संयोगे जीवदि मरदि विओगेवि ते वि दह पाणा ॥

पंच वि इंदियपाणा, मणवचिकायेसु तिण्णि बलपाणा ।
आणापाणप्पाणा, आउगपाणेण होंति दस पाणा ॥ १३० ॥

पञ्चापि इन्द्रियप्राणा. मनोवच.कायेषु बलप्राणा. ।
आनापानप्राणा आयुष्कप्राणेन भवन्ति दश प्राणा ॥ १३० ॥

अर्थ—पाच इन्द्रियप्राण-स्पर्शन रसन घ्राण चक्षु श्रोत्र । तीन बलप्राण-मनोबल, वचनबल, कायबल । एक स्वासोच्छ्वास तथा एक आयु इस प्रकार ये दश प्राण है ।

द्रव्य और भाव दोनो ही प्रकारके प्राणोंकी उत्पत्तिकी सामग्री बताते है—

वीरियजुदमदिखउवसमुत्था णोइंदियेंदियेसु बला ।
देहुदये कायाणा, वचीबला आउ आउदये ॥ १३१ ॥

वीर्ययुतमतिक्षयोपशमोत्था नोइन्द्रियेन्द्रियेषु बला. ।
देहोदये कायानौ वचोबल आयु आयुरुदये ॥ १३१ ॥

अर्थ—मनोबल प्राण और इन्द्रिय प्राण वीर्यान्तराय कर्म और मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमरूप अन्तरग कारणसे उत्पन्न होते है । शरीरनामकर्मके उदयसे कायबलप्राण होता है । श्वासोच्छ्वास और शरीरनामकर्मके उदयसे प्राण-स्वासोच्छ्वास उत्पन्न होते है । स्वरनामकर्मके साथ शरीर नामकर्मका उदय होनेपर वचनबल प्राण होता है । आयु कर्मके उदयसे आयुःप्राण होता है ।

भावार्थ—वीर्यान्तराय और अपने अपने योग्य मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न होनेवाले मनोबल और इन्द्रियप्राण, निज और पर पदार्थको ग्रहण करनेमे समर्थ लब्धिनामक भावेन्द्रिय रूप होते हैं । इस ही प्रकार अपने अपने पूर्वोक्त कारणसे उत्पन्न होनेवाले कायबलादिक प्राणोमे शरीरकी चेष्टा उत्पन्न करनेकी सामर्थ्यरूप कायबलप्राण, श्वासोच्छ्वासकी प्रवृत्तिमे कारणभूत शक्तिरूप श्वासोच्छ्वास प्राण, वचनव्यापारको कारणभूत शक्तिरूप वचोबल प्राण तथा नरकादि भव धारण करनेकी शक्तिरूप आयु प्राण होता है ।

प्राणोके स्वामियोको बताते है—

इंदियकायाऊणि य, पुण्णापुण्णेसु पुण्णगे आणा ।
बीइंदियादिपुण्णे, वचीमणो सण्णिपुण्णेव ॥ १३२ ॥

इन्द्रियकायायूंषि च पूर्णापूर्णेषु पूर्णके आना[1] ।
द्वीन्द्रियादिपूर्णे वच मनः सञ्ज्ञिपूर्णे एव ॥ १३२ ॥

अर्थ—इन्द्रिय काय आयु ये तीन प्राण, पर्याप्त और अपर्याप्त दोनोहीके होते हैं । किन्तु स्वासोच्छ्वास पर्याप्तके ही होता है । और वचनबल प्राण पर्याप्त द्वीन्द्रियादिके ही होता है । तथा मनोबल प्राण सञ्ज्ञिपर्याप्तके ही होता है ।

---

१. कायाक्षायूंषि सर्वेषु पर्याप्तिष्वात इष्यते" त सार

एकेन्द्रियादि जीवोमे किसके कितने प्राण होते है, इसका नियम बताते हैं—

दस सण्णीणं पाणा, सेसेगूणंतिमस्स बेऊणा ।
पज्जत्तेसिदरेसु य, सत्त दुगे सेसगेगूणा ॥ १३३ ॥

दश संज्ञिना प्राणाः शेषैकोनमन्तिमस्य द्व्यूना ।
पर्याप्तेष्वितरेषु च सप्त द्विके शेषकैकोना. ॥ १३३ ॥

अर्थ—पर्याप्त संज्ञिपचेन्द्रियके दश प्राण होते है। शेप पर्याप्तकोके एक एक प्राण कम होता जाता है, किन्तु एकेन्द्रियोके दो कम होते हैं। अपर्याप्तक सज्ञी और असज्ञी पचेन्द्रियके सात प्राण होते हैं और शेपके अपर्याप्त जीवोके एक एक प्राण कम होता जाता है।

भावार्थ—पर्याप्त संज्ञिपचेन्द्रियके सबही प्राण होते हैं। असज्ञीके मनोवलप्राणको छोड़कर बाकी नव प्राण होते है। चतुरिन्द्रियके श्रोत्रेन्द्रियको छोड़कर आठ, त्रीन्द्रियके चक्षुको छोड़कर बाकी सात, द्वीन्द्रियके घ्राणको छोड़कर बाकी छह, और एकेन्द्रियके रसनेन्द्रिय तथा वचनबलको छोडकर बाकी चार प्राण होते हैं। यह सम्पूर्ण कथन पर्याप्तककी अपेक्षासे है। अपर्याप्तकमें कुछ विशेपता है। वह इस प्रकार है कि सज्ञि और असज्ञि पंचेन्द्रियके श्वासोच्छ्वास वचोबल मनोबल छोडकर बाकी पाच इन्द्रिय कायबल आयु प्राण इसप्रकार सात प्राण होते है। आगे एक एक कम होता गया है—अर्थात् चतुरिन्द्रियके श्रोत्रको छोड़कर बाकी ६ प्राण, त्रीन्द्रियके चक्षुःको छोडकर ५, और द्वीन्द्रियके घ्राणको छोड़कर ४, तथा एकेन्द्रियके रसनाको छोड़कर बाकी तीन प्राण होते है।

इति प्राणरूपणो नाम चतुर्थोऽधिकार ।

५—संज्ञा प्ररूपणा

सज्ञाका लक्षण और भेद बताते हैं—

इह जाहि वाहिया वि य, जीवा पावंति दारुणं दुक्खं ।
सेवंता वि य उभये, ताओ चत्तारि सण्णाओ ॥ १३४ ॥

इह याभिर्बाधिता अपि च जीवा. प्राप्नुवन्ति दारुण दुःखम् ।
सेवमाना अपि च उभयस्मिन् ताश्चतस्र सज्ञा. ॥ १३४ ॥

अर्थ—जिनसे सक्लेशित होकर जीव इस लोकमें और जिनके विपयका सेवन करनेसे दोनो ही भावोमे दारुण दुःखको प्राप्त होते है उनको सज्ञा कहते हैं। उसके विपयभेदके अनुसार चार भेद हैं—आहार, भय, मैथुन और परिग्रह।

भावार्थ—संज्ञानाम वाछाका है। जिसके निमित्तसे दोनो ही भवोमे दारुण दुःखको प्राप्ति होती है उस वाछाको सज्ञा कहते है। उसके चार भेद हैं,—आहार सज्ञा, भय संज्ञा, मैथुन सज्ञा और परिग्रह सज्ञा। क्योंकि इन आहारादिक चारो ही विषयोकी प्राप्ति और अप्राप्ति दोनो ही अवस्थाओमे यह जीव सक्लिष्ट और पीडित रहा करता है। इस भवमे भी दुःखोको अनुभव करता है और उसके द्वारा अर्जित पाप कर्मके उदयसे परभवमे भी सासारिक दुखोको भोगता है।

आहार संज्ञाका स्वरूप बताते हैं—

आहारदंसणेण य, तस्सुवजोगेण ओमकोठाए।
सादिदरुदीरणाए, हवदि हु आहारसण्णा हु ॥ १३५ ॥

आहारदर्शनेन च तस्योपयोगेन अवमकोष्ठतया।
सातेतरोदीरणया भवति हि आहारसज्ञा हि ॥ १३५ ॥

अर्थ—आहारके देखनेसे अथवा उसके उपयोगसे और पेटके खाली होनेसे तथा असाता वेदनीय कर्मके उदय और उदीरणा होनेपर जीवके नियमसे आहार संज्ञा उत्पन्न होती है।

भावार्थ—किसी उत्तम रसयुक्त विशिष्ट आहारके देखनेसे अथवा पूर्वानुभूत भोजनका स्मरण आदि करनेसे यद्वा पेटके खाली हो जानेसे और असाता वेदनीय कर्मका तीव्र उदय एव उदीरणा होनेसे आहार संज्ञा अर्थात् आहारकी वाछा उत्पन्न होती है।

इस तरह आहारसज्ञाके चार कारण है जिनमे अन्तिम एक असातावेदनीयकी उदीरणा अथवा तीव्र उदय अन्तरंग कारण है और शेष तीन बाह्य कारण है।

भय संज्ञाके कारण और उसका स्वरूप बताते हैं—

अइभीमदंसणेण य, तस्सुवजोगेण ओमसत्तीए।
भयकम्मुदीरणाए, भयसण्णा जायदे चदुहिं ॥ १३६ ॥

अतिभीमदर्शनेन च तस्योपयोगेन अवमसत्वेन।
भयकर्मोदीरणया भयसंज्ञा जायते चतुर्भि ॥ १३६ ॥

अर्थ—अत्यन्त भयकर पदार्थके देखनेसे, अथवा पहले देखेहुए भयकर पदार्थके स्मरणादिसे, यद्वा शक्तिके हीन होने पर और अन्तरंगमे भयकर्मका तीव्र उदय—उदीरणा होनेपर भयसज्ञा उत्पन्न हुआ करती है।

भावार्थ—भयसे उत्पन्न होनेवाली भाग जानेकी या किसीके शरणमे जानेकी अथवा छिपने एवं शरण ढूढनेकी जो इच्छा होती है उसीको भयसंज्ञा कहते हैं। इसके चार कारण हैं जिनमे भयकर्मकी उदीरणा अन्तरंग कारण है और शेप तीन बाह्य कारण है।

मैथुनसज्ञाका कारण पूर्वक स्वरूप बताते हैं—

पणिदरसभोयणेण य, तस्सुवजोगे कुसील सेवाए।
वेदस्सुदीरणाए, मेहुणसण्णा हवदि एवं ॥ १३७ ॥

प्रणीतरसभोजनेन च तस्योपयोगे कुशीलसेवया।
वेदस्योदीरणया मैथुनसज्ञा भवति एवम् ॥ १३७ ॥

अर्थ—कामोत्तेजक स्वादिष्ट और गरिष्ठ रसयुक्त पदार्थोका भोजन करनेसे, और कामकथा नाटक आदिके सुनने एव पहलेके भुक्त विषयोका स्मरण आदि करनेसे तथा कुशीलका सेवन विट आदि कुशीलो पुरुषोकी संगति गोष्ठी आदि करनेसे और वेद कर्मका तीव्र उदय या उदीरणा आदिसे मैथुन सज्ञा होती है।

भावार्थ—मैथुन कर्म या सुरतव्यापारकी इच्छाको मैथुन सज्ञा कहते है। इसके मुख्यतया ये चार कारण हैं जिनमे वेदकर्मका उदय या उदीरणा अन्तरङ्ग और शेप तीन वाह्य कारण हैं।

परिग्रहसज्ञाका वर्णन करते है—

उवयरणदंसणेण य, तस्सुवजोगेण मुच्छिदाए य।
लोहस्सुदीरणाए, परिग्गहे जायदे सण्णा॥ १३८॥

उपकरणदर्शनेन च तस्योपयोगेन मूर्च्छितायै च।
लोभस्योदीरणया परिग्रहे जायते सज्ञा॥ १३८॥

अर्थ—इत्र, भोजन, उत्तम, वस्त्र, स्त्री, धन, धान्य आदि भोगोपभोगके साधनभूत वाह्य पदार्थोंके देखनेसे, अथवा पहलेके भुक्त पदार्थोंका स्मरण या उनकी कथाका श्रवण आदि करनेसे और ममत्व परिणामोके-परिग्रहार्जनको तीव्र गृद्धिके भाव होनेसे, एव लोभकर्मका तीव्र उदय या उदीरणा होनेसे इन चार कारणोसे परिग्रह संज्ञा उत्पन्न होती है।

भावार्थ—भोगोपभोगके बाह्य साधनोके सचय आदिकी इच्छाको परिग्रह सज्ञा कहते हैं। इसके मुख्यतया चार कारण है जोकि इस गाथामे वताये गये हैं। इनमेंसे लोभकी तीव्र उदय-उदीरणा अन्तरग कारण और बाकीके तीन बाह्य कारण हैं।

इस प्रकार चारों संज्ञाओके कारण और स्वरूपका निर्देश करनेके वाद उनके स्वामित्वका वर्णन करनेके उद्देश्यसे किस-किस जीवके कौन-कौनसी संज्ञा होती है, यह वताते हैं—

णट्ठपमाए पढमा, सण्णा ण हि तत्थ कारणाभावा।
सेसा कम्मत्थित्तेणुवयारेणत्थि ण हि कज्जे॥ १३९॥

नष्टप्रमादे प्रथमा सज्ञा न हि तत्र कारणाभावात्।
शेषाः कर्मास्तित्वेनोपचारेण सन्ति न हि कार्ये॥ १३९॥

अर्थ—अप्रमत्त आदि गुणस्थानोमे आहारसंज्ञा नही होती। क्योकि वहाँ पर उसका कारण असाता वेदनीयका तीव्र उदय या उदीरणा नही पाई जाती। शेप तीन संज्ञाए भी वहाँ पर उपचारसे ही होती हैं। क्योकि उनका कारण तत्तत्कर्मोका उदय वहा पर पाया जाता है। फिर भी उनका वहाँ पर कार्य नही हुआ करता।

भावार्थ—साता-असाता वेदनीय और मनुष्य आयु इन तीन प्रकृतियोकी उदीरणा प्रमत्त विरत नामक छट्ठे गुणस्थान तक ही हुआ करती है, आगे नही। इसलिए सातवे गुणस्थानमें और उससे आगेके सभी गुणस्थानोमें आहार सज्ञा नही पाई जाती। किन्तु शेष तीन सज्ञाए उपचारसे होती हैं—वास्तवमें नही। क्योकि उनके कारणभूत कर्मोका वहाँ उदय पाया जाता है। परन्तु भागना, रतिक्रीड़ा, परिग्रहके स्वीकार आदिमें प्रवृत्तिरूप उनका कार्य वहाँ नही हुआ करता। क्योकि वहाँपर ध्यान अवस्था ही है। इन प्रवृत्तियोके मानने या होनेपर ध्यान नही बन सकेगा। तथा फलस्वरूप कर्मोका क्षय और मोक्षको प्राप्ति भी नहीं हो सकेगी।

इति सज्ञा प्ररूपणो नाम पंचमोऽधिकार।

६—मार्गणा महाधिकार

अथ मङ्गलपूर्वक क्रमप्राप्त मार्गणा नामके महाधिकारका वर्णन करते हैं—

धम्मगुणमग्गणाहयमोहारिबलं जिणं णमंसित्ता ।
मग्गणमहाहियारं, विविहहियारं भणिस्सामो ॥ १४० ॥

धर्मगुणमार्गणाहतमोहारिबलं जिन नमस्कृत्य ।
मार्गणामहाधिकारं विविधाधिकारं भणिष्यामः ॥ १४० ॥

अर्थ—सम्यग्दर्शनादि अथवा उत्तम क्षमादि धर्मरूपी धनुष, और ज्ञानादि गुणरूपी प्रत्यंचा-डोरी, तथा चौदह मार्गणारूपी बाणोसे जिसने मोहरूपी शत्रुके बल-सैन्यको नष्ट कर दिया है इस प्रकारके श्री जिनेन्द्रदेवको नमस्कार करके मैं उस मार्गणा महाधिकारका वर्णन करूगा जिसमे कि और भी विविध अधिकारोका अन्तर्भाव पाया जाता है।

भावार्थ—मोहनीय कर्मको सेनाका विघात जिनसे हो सकता है उन गुणो और धर्मोंका उपर्युक्त पांच अधिकारोके द्वारा परिज्ञान हो जाता है। अब साध्यभूत जीवतत्त्वका बोध करानेके लिये करणरूप जीवके उन परिणामों और अधिकरणरूप उन पर्यायोका वर्णन करते है जोकि जीवमे ही पाये जाते हैं या उसके बिना नहीं पाये जाते तथा जिनको कि आगममे मार्गणा शब्दसे कहा है। जैसाकि आगेकी गाथासे जाना जासकेगा।

मार्गणाओके वर्णन करनेवाले इस एक ही अधिकारको महाधिकार शब्दसे कहा है। इसके अनेक कारण हैं—

१. इसके अन्तर्गत विविध अर्थात् गति इन्द्रिय आदि १४ अधिकार हैं। उन चौदहोका समूहरूप यह एक ही मार्गणा नामका अधिकार है।

२. जिन बीस प्ररूपणाओके वर्णन करनेकी प्रारम्भमे प्रतिज्ञा की गई है उनमेसे १४ तो इसके ही भेद होनेसे इसके अन्तर्गत हैं ही, इसके सिवाय गुणस्थान प्रकरणको छोड़कर बाकीके पांच-जीवसमास पर्याप्ति प्राण और संज्ञा जिनका कि ऊपर वर्णन किया जा चुका है तथा एक उपयोग जिसका कि उद्देशानुसार मार्गणाधिकारके अनन्तर वर्णन किया जायगा इसीमे अन्तर्भूत हो जाते है जैसाकि अभेद विवक्षासे प्ररूपणाओके दो ही भेद होते हैं यह बताया जा चुका है।

३. जीवतत्त्वका निश्चय करानेमे यह अधिकार सबसे अधिक प्रयोजनीभूत है।

४. मोक्षमार्गकी अन्तर्गत अवस्थाओके भेदरूप गुणस्थानोंकी जोकि इस ग्रन्थका मुख्य विषय है सिद्धिमे साधनभूत करणरूप जीवके परिणामो और अधिकरणरूप जीवकी पर्यायोका जिसका कि आगे "जाहि व जासु व" शब्दोसे खुलासा कर दिया जायगा यही अधिकार वर्णन करता है।

इस प्रकार मार्गणा महाधिकारके वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा करके सबसे प्रथम उसका निरुक्ति पूर्वक लक्षण कहते हैं—

जाहि व जासु व जीवा, मग्गिज्जते जहा तहा दिट्ठा ।
ताओ चोदस जाणे सुयणाणे मग्गणा होंति[1] ॥ १४१ ॥

यभिर्वा यासु वा जीवा मृग्यन्ते यथा तथा दृष्टा ।
तास्चतुर्दश जानीहि श्रुतज्ञाने मार्गणा भवन्ति ॥ १४१ ॥

अर्थ—प्रवचनमे जिस प्रकारसे देखे हो उसी प्रकारसे जीवादि पदार्थोंका जिन भावोंके द्वारा अथवा जिन पर्यायोमें विचार-अन्वेषण किया जाय उनको ही मार्गणा कहते हैं, उनके चौदह भेद हैं ऐसा समझना चाहिये।

भावार्थ—मार्गण शब्दका अर्थ होता है अन्वेषण। अतएव जिन करणरूप परिणामोंके द्वारा अथवा जिन अधिकरणरूप पर्यायोमे जीवका अन्वेषण किया जा सके उनको कहते हैं मार्गणा। किन्तु ये परिणाम और पर्याय यद्वा तद्वा कपोलकल्पित युक्तिविरुद्ध आगमद्वारा प्रतिपादित न होकर सर्वज्ञ वीतराग जिनेन्द्र भगवानके उपदिष्ट प्रवचन-श्रुतमें जिस तरहसे बताये गये हैं उसके अनुसार ही होने चाहिये। अन्यथा जीवतत्त्वका ठीक-ठीक परिज्ञान नही हो सकता।

तात्पर्य यह है कि यह मार्गणा महाधिकार या तो जीवके उन असाधारण कारणरूप परिणामोका बोध कराता है जोकि गुणस्थानोकी सिद्धिमे साधन है अथवा अपनी जीवकी उन अधिकरणरूप पर्यायो-अवस्थाओको बताता है जिनमे कि विवक्षित गुणस्थानोकी सिद्धि शक्य एव प्राप्ति सभव है। यद्यपि ये परिणाम और पर्याय अशुद्ध जीवके होते हैं फिर भी उसकी शुद्धिमे साधन और आधार हैं अतएव अन्वेष्य हैं। किन्तु ध्यान रहे जैनागममें जिस प्रकारसे इनका वर्णन किया गया है उसी प्रकारसे समझकर और तदनुसार ही उपयोगमे लाने पर ये वास्तवमे कार्यकारी हो सकते हैं। मुख्यतया इन परिणाम या पर्यायरूप मार्गणाओके १४ भेद हैं जो कि आगे गिनाये गये हैं।

निर्दिष्ट चौदह मार्गणाओके नाम बताते हैं—

गइइंदियेसु काये, जोगे वेदे कसायणाणे य ।
संजमदंसणलेस्सा, भवियासम्मत्तसण्णि आहारे ॥ १४२ ॥

गतीन्द्रियेषु काये योगे वेदे कषायज्ञाने च ।
सयमदर्शनलेश्याभव्यतासम्यक्त्वसंज्ञ्याहारे ॥ १४२ ॥

अर्थ—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञा आहार ये चौदह मार्गणा हैं।

भावार्थ—ऊपर मार्गणाका निरुक्त्यर्थ बताते समय करण और अधिकरण इस दो रूपमे अर्थ किया गया है। किन्तु इस गाथामें सर्वत्र सप्तमी विभक्तिका निर्देश करके अधिकरण अर्थ ही व्यक्त किया गया है। इससे करणरूप अर्थका निषेध नही समझना चाहिये। यद्यपि अधिकरण,

---

१. षट्खं सं. सु. गाथा नं० ८३।

अर्थकी यहाँ मुख्यतया विवक्षा है ऐसा सूचित होता है। फिर भी गत्यादि पदोका अर्थ तृतीयान्त एव सप्तम्यन्त दोनो ही तरहका माना गया है[1]।

गाथामे प्रयुक्त "गति" शब्द, कषाय शब्द, और उत्तरार्धमे प्रयुक्त "सजम" आदि शब्दो मे द्वन्द्व समास अथवा विभक्तिका लोप हुआ समझना चाहिए।[2]

सान्तर मार्गणाओके भेद तथा उनके नाम बताते हैं—

उवसम सुहमाहारे, वेगुव्वियमिस्स णरअपज्जत्ते ।
सासणसम्मे मिस्से, सांतरगा मग्गणा अट्ठ ॥ १४३ ॥

उपशम सूक्ष्माहारे वैगूर्विकमिश्रनरापर्याप्ते ।
सासनसम्यक्त्वे मिश्रे सान्तरका मार्गणा अष्ट ॥ १४३ ॥

अर्थ—उपशम सम्यक्त्व, सूक्ष्मसापराय सयम, आहारक काययोग, आहारकमिश्रकाययोग, वैक्रियिक मिश्रकाययोग, अपर्याप्त-लब्ध्यपर्याप्त मनुष्य, सासादन सम्यक्त्व और मिश्र, ये आठ सान्तरमार्गणाए है।

भावार्थ—ऊपरकी गाथामे जिन १४ मार्गणाओके नाम गिनाये गये हैं वे सब निरन्तर मार्गणाओके भेद हैं। जिनमे अन्तर-विच्छेद नही पड़ता उनको निरन्तर मार्गणा और जिनमे विच्छेद पड जाता है उनको सान्तर मार्गणा कहते हैं। ससारी जीवोके उपर्युक्त १० मार्गणाओमेसे किसीका भी विच्छेद नही पड़ता। वे सभी जीवोके और सदा ही पाई जाती हैं। अतएव उनको निरन्तर मार्गणा कहा जाता है।

किन्तु कुछ मार्गणाएं ऐसी भी है जिनमे कि समयके एक नियत प्रमाणतक विच्छेद पाया जाता है। उन्हीको सान्तर मार्गणा कहते है। ये सान्तर मार्गणाए आठ हैं जिनके नाम इस गाथामे गिनाये गये है। इनके विरहकालका[3] प्रमाण आगेकी गाथामे बताया गया है।

वास्तवमे ये सान्तर मार्गणाएं निरन्तर मार्गणाओसे भिन्न नही हैं। तत्त्वत. निरन्तर मार्गणाओके गति, योग, संयम और सम्यक्त्व भेदोके अवान्तर विशेप भेदरूप हैं। जिनका कि आगममे गुणस्थानोके सम्बन्धको दृष्टिमे रखकर अन्तर वताया गया है।

---

१ एतानि गत्यादिपदानि तृतीयान्तानि वा सप्तम्यन्तानि तदा एवं व्याख्येयानि गत्या गत्यां, इन्द्रियेण इन्द्रिये। इत्यादि. जी प्र।

२. गतिकपायसयमादिपु प्राकृतलक्षणेन विभक्तिलोपो वा द्वन्द्वसमासो दृष्टव्य। अधिकरणत्वस्य मुख्यता प्रदर्शनार्थं सप्तम्यन्तनिर्देश। अपभ्रशलक्षणेन तृतीयातनिर्देशो वा। तेन गत्यादीना करणत्वमपि यथासभव संभावनीयम्। म. प्र.

अथवा—"सप्तमीनिर्देश किमर्थ? तेपामधिकरणत्वप्रतिपादनार्थं। तृतीयानिर्देशोऽप्यविरुद्ध। स कथ लभ्यते? न, देशामर्शकत्वान्निर्देशस्य। यत्र गत्यादौ विभक्तिर्न श्रूयते तत्रापि "आइमज्झंतवण्णसरलोवो" इति लुप्ता विभक्तिरित्यप्यूह्यम्। अथवा लेस्साभवियसम्मत्तसण्णिआहारए चेदि एकपदत्वात्तावयवविभक्तय. श्रूयन्ते। धवला १ पृ. १३२-१३३।

३ अन्तर-विच्छेदके समय प्रमाणको ही विरहकाल कहते हैं।

किसी भी विवक्षित गुणस्थान या मार्गणास्थानको छोडकर पुनः उसीके प्राप्त करनेमें जीवको वीचमें जितना समय लगता है उसको अन्तर-विच्छेद या विरह कहते हैं। यह अन्तरकाल उत्कृष्ट और जघन्यके भेदसे दो प्रकारका है। तथा इसका वर्णन भी दो तरहसे किया गया है, एक नाना जीवोंकी अपेक्षासे और दूसरा एक जीवकी अपेक्षासे। यहाँ पर जो आगेकी गाथामें इनके विरहकालका प्रमाण बताया गया है वह नाना जीवोंकी अपेक्षासे सामान्य वर्णन है। एक जीवकी अपेक्षासे विशेष वर्णन होता है। वह ग्रन्थान्तरों[1]में किया गया है। विशेष जिज्ञासुओंको वह वहीं पर देखना चाहिये।

निर्दिष्ट आठ सान्तर मार्गणाओंका उत्कृष्ट और जघन्य कालका प्रमाण कितना है यह बताते हैं—

सत्त दिणा छम्मासा, वासपुधत्तं च वारस मुहुत्ता।
पल्लासंखं तिण्हं, वरमवरं एगसमयो दु ॥१४४॥

सप्त दिनानि पण्मासा वर्षपृथक्त्वं च द्वादश मुहूर्ताः।
पल्यासंख्यं त्रयाणां वरमवरमेकसमयस्तु ॥ १४४ ॥

अर्थ—उक्त आठ अन्तरमार्गणाओंका उत्कृष्ट काल क्रमसे सात दिन, छः महीना, पृथक्त्व[2] वर्ष, पृथक्त्व वर्ष, वारह मुहूर्त और अन्तकी तीन मार्गणाओंका काल पल्यके असंख्यातवें भाग है। और जघन्य काल सबका एक समय है।

भावार्थ—उपशम सम्यक्त्वका उत्कृष्ट विरह काल सात दिन, सूक्ष्मसांपरायका छह महीना, आहारकयोगका पृथक्त्ववर्ष, तथा आहारकमिश्रका पृथक्त्ववर्ष, वैक्रियिकमिश्रका वारह मुहूर्त, अपर्याप्त मनुष्यका पल्यके असंख्यातवें भाग, तथा सासादन सम्यक्त्व और मिश्र इन दोनोंका भी उत्कृष्ट अंतरकाल पल्यके असंख्यातवें भाग है। और जघन्य काल सबका एक समय ही है। मतलब यह कि तीन लोकमें कोई भी उपशम सम्यग्दृष्टि न रहे ऐसा विच्छेद सात दिनतकके लिये पड़ सकता है उसके वाद कोई न कोई उपशम सम्यग्दृष्टि अवश्य उत्पन्न हो। इसी तरह सूक्ष्म साम्पराय आदिके विषयमें समझना चाहिये।

अंतरमार्गणाविशेषोंको दिखाते हैं—

पढमुवसमसहिदाए, विरदाविरदीए चोद्दसा दिवसा।
विरदीए पण्णरसा, विरहिदकालो दु वोधव्वो ॥ १४५ ॥

प्रथमोपशमसहिताया विरताविरतेश्चतुर्दश दिवसाः।
विरतेः पंचदश विरहितकालस्तु वोद्धव्यः ॥ १४५ ॥

अर्थ—प्रथमोपशमसम्यक्त्वसहित पंचमगुणस्थानका उत्कृष्ट विरहकाल चौदह दिन, और छट्ठे सातवें गुणस्थानका उत्कृष्ट विरहकाल पंद्रह दिन समझना चाहिये।

---

१. धवलाका अन्तरमार्गणाधिकार। अथवा त. सू की अ. १ सू. ८ की सर्वार्थसिद्धि टीका।
२. आगममें ३ से ९ तककी संख्याको पृथक्त्व कहा है।

भावार्थ—उपशमसम्यक्त्वके दो भेद है एक प्रथमोपशम सम्यक्त्व दूसरा द्वितीयोपशम सम्यक्त्व। चार अनन्तानुबन्धी कषाय तथा एक दर्शनमोहनीय मिथ्यात्व, अथवा तीनो दर्शनमोहनीय और चार अनंतानुबंधी इस प्रकार पाच या सातके उपशमसे जो हो उसको प्रथमोपशम सम्यक्त्व कहते है। और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका विसंयोजन और दर्शनमोहनीयत्रिकका उपशम होनेसे जो सम्यक्त्व होता है उसको द्वितीयोपशम सम्यक्त्व कहते है। इनमेसे प्रथमोपशम सम्यक्त्वसहित पचम गुणस्थानका उत्कृष्ट विरहकाल चौदह दिन, और छट्ठे सातवे गुणस्थानका पंद्रह दिन है। गाथोक्त "तु" शब्दसे दूसरे सिद्धांतके अनुसार चौबीस[1] दिनका भी अन्तर होता है यह सूचित किया गया है। किन्तु जघन्य विरहकाल सर्वत्र एक समय ही है।

चौदह मार्गणाओंमेसे क्रमानुसार पहली गतिमार्गणाके वर्णनका प्रारम्भ करते हुए प्रथम गतिशब्दकी निरुक्ति और उसके भेदोको गिनाते है—

गइउदयजपज्जाया, चउगइगमणस्स हेउ वा हु गई।
णारयतिरिक्खमाणुसदेवगइ त्ति य हवे चदुधा॥ १४६॥

गत्युदयजपर्याय· चतुर्गतिगमनस्य हेतुर्वा हि गतिः।
नारकतिर्यग्मानुषदेवगतिरिति च भवेत् चतुर्धा॥ १४६॥

अर्थ—गतिनाम कर्मके उदयसे होनेवाली जीवकी पर्यायको अथवा चारो गतियोमे गमन करनेके कारणको गति कहते है। उसके चार भेद हैं, नरकगति तिर्यग्गति मनुष्यगति देवगति।

भावार्थ—गति शब्दके निरुक्तिके अनुसार तीन तरहसे ही निरुक्ति हो सकती है—गम्यते इति गति., गमन वा गति· और गम्यतेऽनेन सा गतिः।

इनमेसे पहली निरुक्तिके अनुसार जीवको प्राप्त होनेवाली किसी भी वस्तुका नाम गति नही समझना चाहिए। किन्तु गतिनामकर्मके उदयसे प्राप्त होनेवाली जीवकी पर्याय विशेषको ही गति शब्दसे ग्रहण करना उचित है। इसी तरह गमनका अर्थ ग्रामादिकेलिए जाना ऐसा न लेकर विवक्षित भवको छोड़कर दूसरे भवका धारण करना–भवान्तररूपमे परिणत होना अर्थ ग्रहण करना चाहिए। तीसरी निरुक्तिके अनुसार नामकर्मकी उस प्रकृतिको गति कहते है जो कि जीवकी पर्यायभवान्तररूप परिणमनमे कारण है। किन्तु इस प्रकरणमे कर्म अर्थ ग्रहण करनेकी मुख्यता[2] नही है। अर्थात् मार्गणाके इस प्रकरणमे जीवकी पर्याय अर्थ करना ही मुख्यतया विवक्षित है।

गतिमार्गणामें कुछ विशेष—चारो गतियोका पृथक् २ वर्णन पाँच गाथाओ द्वारा करते है—

ण रमंति जदो णिच्चं, दव्वे खेत्ते य काल-भावे य।
अण्णोण्णेहिं य जम्हा, तम्हा ते णारया भणिया[3]॥ १४७॥

न रमन्ते यतो नित्य द्रव्ये क्षेत्रे च कालभावे च।
अन्योन्यैश्च यस्मात्तस्मात्ते नारता भणिता.॥ १४७॥

---

१. तु-पुन द्वितीयसिद्धान्तापेक्षया चतुर्विंशतिदिनानि। जी प्र.

२ अत्र मार्गणाप्रकरणे गति नामकर्म न गृह्यते वक्ष्यमाणनारकादि-गतिप्रपंचस्य नारकादिपर्यायेष्वेव सभवात्॥ मं. प्र.।

३ संतसुत्त नं. १२८।

अर्थ—जो द्रव्य क्षेत्र काल भावमे स्वय तथा परस्परमे प्रीतिको प्राप्त नहीं होते उनको नारत (नारकी) कहते हैं।

भावार्थ—शरीर और इन्द्रियोके विपयोमे, उत्पत्ति शयन विहार उठने वैठने आदिके स्थानमे, भोजन आदिके समयमे, अथवा और भी अनेक अवस्थाओमे जो स्वयं अथवा परस्परमे प्रीति (सुख) को प्राप्त न हो उनको नारत कहते हैं। इस गाथामे जो च शब्द पड़ा है उससे इसका दूसरा भी निरुक्ति-सिद्ध अर्थ समझना चाहिये[1]। अर्थात् जो नरकगतिनाम कर्मके उदयसे हो उनको, अथवा नरान्–मनुष्योको कायन्ति—क्लेश पहुँचावे उनको नारक कहते हैं। क्योकि नीचे सातों ही भूमियोमे रहनेवाले नारकी निरन्तर ही स्वाभाविक शारीरिक मानसिक आगन्तुक तथा क्षेत्रजन्य इन पाँच प्रकारके दुखोसे दुखी रहते हैं।

तिर्यग्गतिका स्वरूप वताते हैं—

तिरियंति कुडिलभावं, सुविउलसण्णा णिगिट्ठिमण्णाणा।
अच्चंतपाववहुला, तम्हा तेरिच्छया भणिया[2] ॥ १४८ ॥

तिरोञ्चन्ति कुटिलभावं सुविवृतसंज्ञा निकृष्टमज्ञानाः।
अत्यन्तपापबहुलास्तस्मात्तैरश्चका भणिताः ॥ १४८ ॥

अर्थ—जो मन वचन कायकी कुटिलताको प्राप्त हो, अथवा जिनकी आहारादि विपयक संज्ञा दूसरे मनुष्योको अच्छी तरह प्रकट हो, और जो निकृष्ट अज्ञानी हों तथा जिनमे अत्यन्त पापका वाहुल्य पाया जाय उनको तिर्यञ्च कहते हैं।

भावार्थ—जिनमें कुटिलताकी प्रधानता हो, क्योकि प्रायः करके सब ही तिर्यञ्च जो उनके मनमे होता है उसको वचनके द्वारा व्यक्त नही कर सकते, क्योकि उनके उस प्रकारकी वचन शक्ति ही नही है और जो वचनसे कहते हैं उसको कायसे नही करते। तथा जिनकी आहारादि संज्ञा प्रकट हो, और श्रुतका अभ्यास तथा शुभोपयोगादिके न कर सकनेसे जिनमें अत्यन्त अज्ञानता पाई जाय। तथा मनुष्यकी तरह महाव्रतादिकको धारण न कर सकने और सम्यग्दर्शनकी विशुद्धि आदिके न हो सकनेसे जिनमें अत्यन्त पापका वाहुल्य पाया जाय उनको तिर्यंच कहते हैं।

तात्पर्य यह कि निरुक्तिके अनुसार तिर्यग् गतिका अर्थ मायाकी प्रधानताको वताता है। यथा—तिर.—तिर्यग्भाव—कुटिलपरिणामं अञ्चन्ति इति तिर्यंचः। मायाप्रधान परिणामोंसे संचित कर्मके उदयसे यह गति—पर्याय प्राप्त होती है। यहाँपर जो पर्यायाश्रित भाव हुआ करते हैं वे भी मुख्यतया कुटिलताको ही सूचित करते हैं। उनकी भापा अव्यक्त होनेसे वे अपने मनोभावोंको व्यक्त करनेमें असमर्थ रहा करते हैं। प्राय मैथुनसंज्ञा आदि मनुष्योंकी तरह उनकी गूढ़ नहीं हुआ करती। मनुष्योंके समान इनमें विवेक—हेयोपादेयका भेदज्ञान, श्रुताभ्यास, शुभोपयोग आदि भी

---

१ इस तरहसे इस पहली गतिके दो नाम हैं। नारत और नारक। इनकी निरुक्ति इस प्रकार है—द्रव्यादिपु न रमन्ते इति नरता. स्वार्थिकाण्विधानात् नारता.। अथवा नरकेपु जाता नारक.। नरकाणि अधोभूमिगतबिलानि।

२ सतसुत्त नं १२९।

नही पाया जाता। प्रभाव, सुख, द्युति, लेश्या आदिकी अपेक्षासे भी वे मनुष्योसे निकृष्ट है। महाव्रतादि गुणोको वे धारण नही कर सकते। इस गतिमें जिनका प्रमाण सबसे अधिक है उन एकेन्द्रिय जीवोमें तथा असज्ञि पंचेन्द्रिय पर्यन्त त्रस जीवोंमे भी जिससे सम्यग्दर्शन प्राप्त हो सकता है ऐसी विशुद्धि नही पाई जाती। अतएव यह पर्याय अत्यन्त पाप बहुल है। सारांश यह है कि जिसके होनेपर ये भाव हुआ करते या पाये जाते है जीवकी उस द्रव्यपर्यायको ही तिर्यंगति कहते हैं। मनुष्योंकी अपेक्षा यह निकृष्ट पर्याय है, ऐसा समझना चाहिए।

मनुष्यगतिका स्वरूप बताते हैं—

मण्णंति जदो णिच्चं, मणेण णिउणा मणुक्कडा जम्हा।
मण्णुब्भवा य सव्वे, तम्हा ते माणुसा भणिदा[1]॥ १४९॥

मन्यन्ते यतो नित्य मनसा निपुणा मनसोत्कटा यस्मात्।
मनूद्भवाश्च सर्वे तस्मात्ते मानुषा भणिता.॥ १४९॥

अर्थ—जो नित्य ही हेय-उपादेय तत्त्व-अतत्त्व आप्त-अनाप्त धर्म-अधर्म आदिका विचार करे, और जो मनके द्वारा गुणदोषादिका विचार स्मरण आदि कर सकें, जो पूर्वोक्त मनके विषयमे उत्कृष्ट हो, शिल्पकला आदिमे भी कुशल हो, तथा युगकी आदिमे जो मनुओसे उत्पन्न हो उनको मनुष्य कहते हैं।

भावार्थ—मनका विषय तीव्र होनेसे गुणदोषादि विचार स्मरण आदि जिनमे उत्कृष्ट रूपसे पाया जाय, अवधानादि करनेमे जिनका उपयोग दृढ़ हो, तथा कर्मभूमिकी आदिमे आदीश्वर भगवान् तथा कुलकरोने जिनको व्यवहारका उपदेश दिया इसलिए जो उन्हींको—मनुओकी सन्तान कहे या माने जाते हैं, उनको मनुष्य कहते है। क्योकि अवबोधनार्थक मनु धातुसे मनु शब्द बनता है और जो मनुकी सन्तान हैं उनको कहते हैं मनुष्य। अतएव इस शब्दका यहाँपर जो अर्थ किया गया है वह निरुक्तिके अनुसार है। लक्षणकी अपेक्षासे अल्पारम्भ परिग्रहके परिणामो द्वारा सचित मनुष्य आयु और मनुष्यगति नामकर्मके उदयसे जो ढाई द्वीपके क्षेत्रमे उत्पन्न होनेवाले हैं उनको कहते हैं मनुष्य। ये ज्ञान विज्ञान मन पवित्र सस्कार आदिकी अपेक्षा अन्य जीवोसे उत्कृष्ट हुआ करते हैं। जैसा कि निरुक्तिके द्वारा बताया गया है।

इस गाथामें एक "यत." शब्द है और दूसरा "यस्मात्" शब्द है। अर्थ दोनो शब्दोंका एक ही होता है। अतएव इनमे एक शब्द व्यर्थ पड़ता है। वह व्यर्थ पडकर विशिष्ट अर्थका ज्ञापन करता है कि यद्यपि लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्योंमें यह विशेष स्वरूप-निरुक्त्यर्थ घटित नही होता फिर भी उनको मनुष्यगति नामकर्म और मनुष्य आयुके उदयरूप लक्षणमात्रकी अपेक्षासे मनुष्य कहते है, ऐसा समझना चाहिए।

तिर्यंच तथा मनुष्योके भेदोंको गिनाते हैं—

सामण्णा पंचिंदी, पज्जत्ता जोणिणी अपज्जत्ता।
तिरिया णरा तहा वि य, पंचिंदियभंगदो हीणा॥ १५०॥

१ संतसुत्त नं १३०।

सामान्याः पंचेन्द्रियाः पर्याप्ताः योनिमत्यः अपर्याप्ताः ।
तिर्यञ्चो नरास्तथापि च पंचेन्द्रियभंगतो हीनाः ॥ १५० ॥

अर्थ—तिर्यंचोके पाँच भेद होते हैं। सामान्य तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंच, तिर्यंच, पर्याप्त योनिनी तिर्यंच और अपर्याप्त तिर्यंच। इन्ही पाँच भेदोंमेंसे पचेन्द्रियके एक भेदको छोड़कर बाकीके ये ही चार भेद मनुष्योंके होते हैं।

भावार्थ—तिर्यंचोमें पंचेन्द्रियके प्रतिपक्षी एकेन्द्रियसे लेकर चतुरिन्द्रियतकके जीवोंकी भी सत्ता पाई जाती है इसलिए उनमें एक पंचेन्द्रियका भी भंग रक्खा गया है और उनके सब पाँच भेद माने गये हैं। परन्तु मनष्योंमें यह बात नहीं है। वे सब पंचेन्द्रिय ही होते हैं। उनमें पचेन्द्रियके प्रतिपक्षी किसी भी जीवकी सत्ता नही पाई जाती। अतएव उनमें पंचेन्द्रिय भेदको छोड़कर बाकीके सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और अपर्याप्त मनुष्य; इस तरह चार ही भेद माने गये हैं।

आगममे इन दो गतियोके सम्बन्धमें संख्या स्पर्शन क्षेत्र काल आदिकी अपेक्षासे जो कुछ विशेष वर्णन किया गया है वह सब इन भेदोको एवं इनकी सत्ताको आधार मानकर-रखकर अथवा दृष्टिमें लेकर ही किया गया है। यही कारण है कि यहाँपर भी आचार्यने दोनो गतिवाले जीवोके इन भेदोंका निर्देश कर दिया है जिससे कि यहाँपर भी आगे संख्या आदिकी अपेक्षा किये जानेवाले वर्णनको ठीक-ठीक घटित किया जासके और समझमे आसके कि तत्तत् वर्णनीय विषयके यथार्थ आधार ये जीवस्थान ही हैं न कि उससे भिन्न शरीर-स्थानादि।

देवोंका स्वरूप बताते हैं।

दीव्वंति जदो णिच्चं, गुणेहिं अट्ठेहिं दिव्वभावेहिं।
भासंतदिव्वकाया, तम्हा ते वण्णिया देवा[1] ॥ १५१ ॥

दीव्यन्ति यतो नित्यं गुणैरष्टाभिर्दिव्यभावैः।
भासमानदिव्यकायाः तस्मात्ते वर्णिता देवाः ॥ १५१ ॥

अर्थ—जो देवगतिमे होनेवाले या पाये जानेवाले परिणामों—परिणमनोंसे सदा सुखी रहते है और जो अणिमा महिमा आदि आठ[2] गुणो (ऋद्धियो) के द्वारा सदा अप्रतिहतरूपसे विहार करते हैं और जिनका रूप लावण्य यौवन आदि सदा प्रकाशमान रहता है, उनको परमागममे देव कहा है।

भावार्थ—देव शब्द दिव् धातुसे बनता है जिसके कि क्रीड़ा विजिगीषा व्यवहार द्युति स्तुति मोद मद आदि अनेक अर्थ होते हैं। अतएव निरुक्तिके अनुसार जो मनुष्योमे न पाये जासकने वाले प्रभावसे युक्त हैं तथा कुलाचलो पर वनोमे या महासमुद्रोमे सपरिवार विहार-क्रीड़ा किया करते हैं। बलवानोको भी जीतनेका भाव रखते हैं। पञ्चपरमेष्ठियो या अकृत्रिम चैत्य चैत्यालयो

---

१ षट् खं. संत सु गाथा नं. १३१ किन्तु तत्र "अट्ठहि य दव्वभावेहिं" इति पाठ.।

२ अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व।

आदिकी स्तुति वन्दना किया करते हैं। सदा पंचेन्द्रियोके सम्बन्धी विषयोके भोगोसे मुदित रहा करते हैं, जो विशिष्ट दीप्तिके धारण करनेवाले हैं, जिनका शरीर धातुमलदोष रहित एवं अविच्छिन्न रूप लावण्यसे युक्त सदा यौवन अवस्थामे रहा करता है और जो अणिमा आदि आठ प्रकारकी ऋद्धियोको धारण करनेवाले है उनको देव कहते हैं। यह देवपर्यायके स्वरूपमात्रका निदर्शन है। लक्षणके अनुसार जो अपने कारणो[1]से संचित देवायु और देवगति नामकर्मके उदयसे प्राप्त पर्यायको धारण करनेवाले संसारी जीव है वे सब देव[2] हैं।

इस प्रकार संसारसम्बन्धी चारो गतियोका स्वरूप बताकर ससारसे विलक्षण सिद्धगतिका स्वरूप बताते हैं—

जाइजरामरणभया, संजोगविजोगदुक्खसण्णाओ।
रोगादिगा य जिस्से, ण संति सा होदि सिद्धगई ॥ १५२ ॥

जातिजरामरणभया संयोगवियोगदुःखसंज्ञाः।
रोगादिकाश्च यस्यां न सन्ति सा भवति सिद्धगतिः ॥ १५२ ॥

अर्थ—एकेन्द्रियसे लेकर पचेन्द्रिय तक पाँच प्रकारकी जाति, बुढापा, मरण, भय, अनिष्ट सयोग, इष्ट वियोग, इनसे होनेवाले दुःख आहारादि विषयक सज्ञाऐं—वाछाएँ और रोग आदिकी व्याधि इत्यादि विरुद्ध विषय जिस गतिमे नही पाये जाते उसको सिद्ध[3]गति कहते हैं।

भावार्थ—जाति नामकर्मके उदयसे प्राप्त होनेवाली एकेन्द्रियादिक जीवकी पांच अवस्थाएँ, आयुकर्मके विपाक आदि कारणोसे शरीरके शिथिल होनेपर जरा, नवीन आयुके बन्धपूर्वक भुज्यमान आयुके अभावसे होनेवाले प्राणोंके त्यागरूप मरण, अनर्थकी आशका करके अपकारक वस्तुसे दूर रहने या भागनेकी इच्छारूप भय, क्लेशके कारणभूत अनिष्ट पदार्थको प्राप्तिरूप संयोग, सुखके कारणभूत अभीष्ट पदार्थके दूर होजानेरूप वियोग, इनसे होनेवाले अन्य भी अनेक प्रकारके दुःख तथा आहार आदि विषयक तीन[4] प्रकारकी संज्ञाएँ, शरीरकी अस्वस्थतारूप अनेक प्रकारकी व्याधि तथा आदि शब्दसे मानभग वध बन्धन आदि दुःख जिस गतिमे अपने अपने कारणभूत कर्मोका अभाव होजानेसे नही पाये जाते उसको सिद्धगति कहते हैं।

गति मार्गणाके चार ही भेद हैं, क्योकि वह उस नामकर्म विशेषके उदयकी अपेक्षा रखता है जो कि गति नामसे ही कहा गया है और जिसके चार ही भेद हैं। किन्तु जीवकी जिस गति–द्रव्यपर्याय विशेषको यहां बताया गया है वह मार्गणातीत है। वह किसी कर्मके उदयसे नहीं किन्तु समस्त कर्मोंके क्षयसे प्रादुर्भूत हुआ करती है। अतएव चारो गतियोंके अनन्तर इसका

---

१. त. सू अ. ६ सूत्र न. १९, २०, २१।

२ षट् खं. सं. गाथा न. १३२।

३ षट् ख स सु सूत्र न २३ के अनुसार संसारी जीवोंमे पाई जानेवाली [illegible] अतीत यह जीवकी अवस्था है। ग्रन्थकार भी पहले गाथा नं [illegible]

४. संज्ञाएँ चार है जैसा कि बताया जा चुका है, परन्तु उनमेंसे एक [illegible] होनेसे शेष तीनका ही यहां उल्लेख किया गया है।

पृथक् वर्णन किया गया है और सम्पूर्ण कर्मजन्य विकारी भावोसे रहित इसको बताया गया है। इस अवस्थामे आत्मद्रव्यके सभी स्वाभाविक गुणोंका जो सद्भाव रहता है उसका निदर्शन पहले गाथा नं. ६८ में किया जा चुका है।

गतिमार्गणाके निमित्तको पाकर उसके मुख्य[1] गौण भेदोंके अस्तित्वका निरूपण करके उनकी संख्याका वर्णन करनेके उद्देश्यसे क्रमानुसार सबसे प्रथम नरकगतिमें पाई जानेवाली जीवोंकी संख्याको बताते है—

सामण्णा णेरइया, घणअंगुलविदियमूलगुणसेढी।
विदियादि वारदसअड, छत्तिदुणिजपदहिदा सेढी ॥ १५३ ॥

सामान्या नैरयिका घनांगुलद्वितीयमूलगुणश्रेणी।
द्वितीयादि. द्वादशदशाष्टषट्त्रिद्विनिजपदहिता श्रेणी ॥ १५३ ॥

अर्थ—सामान्यतया सम्पूर्ण नारियोंका प्रमाण घनांगुलके दूसरे वर्गमूलसे गुणित जगच्छ्रेणी प्रमाण है। द्वितीयादि[2] पृथिवियोमे रहनेवाले-पाये जानेवाले नारकियोंका प्रमाण क्रमसे अपने बारहवे, दशवे, आठवे, छट्ठे, तीसरे और दूसरे वर्गमूलसे भक्त जगच्छ्रेणीप्रमाण समझना चाहिए।

भावार्थ—घनांगुलके दूसरे वर्गमूलका[3] जगच्छ्रेणीके साथ गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना ही सातों पृथिवियोके नारकियोंका प्रमाण है। इसमेंसे द्वितीयादिक पृथिवियोंके नारकियोंका प्रमाण पृथक् पृथक् रूपमें बतानेके लिए कहते हैं कि अपने अर्थात् जगच्छ्रेणीका जितना प्रमाण है उसके बारहवें वर्गमूलका जगच्छ्रेणीमें ही भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने दूसरी पृथिवीके नारकी हैं। इसी प्रकार दशवें वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने तीसरी पृथिवीके और आठवें वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने चौथी पृथिवीके, तथा छट्ठे वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने पांचवीं पृथिवीके और तीसरे वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने छट्ठी पृथिवीके, तथा दूसरे वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने सातवी पृथिवीके नारकी होते हैं। यह उत्कृष्ट संख्याका प्रमाण है-अर्थात् एक समयमें ज्यादेसे ज्यादे इतने नारकी हो सकते हैं।

इसतरह नीचेकी छह पृथिवियोंके नारकियोंका प्रमाण बताकर अब प्रथम पृथिवीके नारकियोंका प्रमाण बताते हैं—

---

१ यह ग्रन्थ अशुद्ध जीवद्रव्य और उसके अशुद्ध भावोंका ही प्रधानतया वर्णन करता है, क्योंकि यहां अशुद्ध निश्चयसे विवक्षा मुख्य है। अतएव मार्गणाओंका वर्णन प्रधान है। किन्तु वर्णन अभ्यास-अधूरा न रहे अत. मुख्य लक्ष्यभूत अवस्था—सिद्धगतिका भी गौणतया वर्णन किया गया है। यही बात अन्य प्रकरणोंके सम्बंधमें समझनी चाहिए।

२. क्योंकि प्रथम पृथिवीके नारकियोंका प्रमाण आगेकी गाथामें बताया गया है। इस तरहसे वर्णन करनेका कारण वर्णनकी सुगमता है।

३. दूसरा वर्गमूलका वर्गमूल। जैसे १६ के वर्गमूल ४ का वर्गमूल २ होता है।

हेट्ठिमछप्पुढवीण, रासिविहीणो दु सव्वरासी दु ।
पढमावणिम्हि रासी, णेरइयाणं तु णिद्दिट्ठो ॥ १५४ ॥

अधस्तनषट्पृथ्वीना राशिविहीनस्तु सर्वराशिस्तु ।
प्रथमावनौ राशिः नैरयिकाणा तु निर्दिष्टः ॥ १५४ ॥

अर्थ—नीचेकी छह पृथिवियोंके नारकियोंका जितना प्रमाण हो उसको सम्पूर्ण नारक-राशिमेंसे घटानेपर जो शेष रहे उतना ही प्रथम पृथ्वीके नारकियोंका प्रमाण है ।

तिर्यंग्जीवोंकी संख्या बताते हैं—

संसारी पंचक्खा, तप्पुण्णा तिगदिहीणया कमसो ।
सामण्णा पंचिंदी, पंचिंदियपुण्णतेरिक्खा ॥ १५५ ॥

संसारिणः पचाक्षास्तत्पूर्णाः त्रिगतिहीनकाः क्रमशः ।
सामान्याः पञ्चेन्द्रियाः पचेन्द्रियपूर्णतैरश्चाः ॥ १५५ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण जीवराशिमेंसे सिद्धराशिको घटानेपर जितना प्रमाण रहे उतना ही संसार-राशिका प्रमाण है । संसारराशिमेंसे नारक मनुष्य देव इन तीन राशियोंको घटानेपर जो शेष रहे उतना ही सामान्य तिर्यंचोंका प्रमाण है । सम्पूर्ण पचेन्द्रिय[1] जीवराशिका जितना प्रमाण है उसमेंसे उक्त तीन गतिसम्बन्धी समस्त जीवराशिके प्रमाणको घटानेपर जितना प्रमाण शेष रहे उतने पचेन्द्रिय तिर्यंच हैं । तथा पर्याप्तकों[2]के प्रमाणमेंसे उक्त तीन गतिके पचेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंका प्रमाण घटानेपर जो शेष रहे उतने ही तिर्यंच पचेन्द्रिय पर्याप्त जीव हैं ।

छस्सयजोयणकदिहिदजगपदरं जोणिणीण परिमाणं ।
पुण्णूणा पंचक्खा, तिरियअपज्जत्तपरिसंखा ॥ १५६ ॥

षट्शतयोजनकृतिहृतजगत्प्रतर योनिमतीना परिमाणम् ।
पूर्णोना पचाक्षा तिर्यगपर्याप्तपरिसख्या ॥ १५६ ॥

अर्थ—छहसौ योजनके वर्गका जगत्प्रतरमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही योनिनी तिर्यंचोंका प्रमाण है । और पचेन्द्रिय तिर्यंचोंमेंसे पर्याप्त तिर्यंचोंका प्रमाण घटानेपर जो शेष रहे उतना अपर्याप्त पचेन्द्रिय तिर्यंचोंका प्रमाण है ।

मनुष्योंका प्रमाण बतानेके लिये तीन गाथाओंको कहते हैं—

सेढीसूईअंगुलआदिमतदियपदभाजिदेगूणा ।
सामण्णमणुसरासी, पंचमकदिघणसमा पुण्णा ॥ १५७ ॥

श्रेणी सूच्यङ्गुलादिमतृतीयपदभाजितैकोना ।
सामान्यमनुष्यराशिः पचमकृतिघनसमा पूर्णा ॥ १५७ ॥

१-२. पचेन्द्रिय और पर्याप्तकोंका प्रमाण आगे बतावेंगे ।

अर्थ—सूच्यंगुलके प्रथम और तृतीय वर्गमूलका जगच्छ्रेणीमे भाग देनेसे जो शेष रहे उसमे एक और घटानेपर जो शेप रहे उतना सामान्य मनुष्य राशिका प्रमाण है। इसमेसे द्विरूपवर्गधारामें उत्पन्न पांचवे वर्ग (बादाल) के घनप्रमाण पर्याप्त मनुष्योका प्रमाण है।

भावार्थ—जगच्छ्रेणीमे सूच्यगुलके प्रथम वर्गमूलका भाग देनेपर जो राशि लब्ध हो उसमे पुनः सूच्यंगुलके तृतीय वर्गमूलका भाग देना चाहिये। ऐसा करनेपर जो प्रमाण निष्पन्न हो वही एक कम सामान्य मनुष्य राशिका प्रमाण है। इसमे पर्याप्त मनुष्य पांचवे वर्गके घनप्रमाण हैं।

यह पर्याप्त मनुष्योकी संख्या कितनी होती है इस बातको स्पष्टरूपसे बताते हैं—

तललीनमधुगविमलंधूमसिलागाविचोरभयमेरू।
तटहरिखझसा होंति हु, माणुसपज्जत्तसंखंका ॥ १५८ ॥

तललीनमधुगविमलंधूमसिलागाविचोरभयमेरू ।
तटहरिखझसा भवन्ति हि मानुषपर्याप्तसंख्यांका. ॥ १५८ ॥

अर्थ—तकारसे लेकर सकारपर्यन्त जितने अक्षर इस गाथामें बताये हैं, उतने ही अंकप्रमाण पर्याप्त मनुष्योकी सख्या है।

भावार्थ—इस गाथामे तकारादि अक्षरोसे अङ्कोंका ग्रहण करना चाहिये, परन्तु किस अक्षरसे किस अङ्कका ग्रहण करना चाहिये इसके लिये "कटपयपुरस्थवर्णैर्नवनवपंचाष्टकल्पितैः क्रमशः। स्वरञनशून्य सख्यामात्रोपरिमाक्षरं त्याज्यम्" यह गाथा उपयोगी है। अर्थात् कसे लेकर आगेके झ तकके नव अक्षरोंसे क्रमसे एक दो आदि नव अंक समझने चाहिये। इसी प्रकार टसे लेकर नव अंक और पसे लेकर पाँच अंक, तथा यसे लेकर आठ अक्षरोसे आठ अंक एवं सोलह स्वर और ञ न इनसे शून्य (०) समझना चाहिये। किन्तु मात्रा और उपरिम अक्षर, इससे कोई भी अक ग्रहण नहीं करना चाहिये। इस नियमके और "अकोंको विपरीत[1] गति होती है" इस नियमके अनुसार इस गाथामें कहे हुए अक्षरोंसे पर्याप्त मनुष्योकी संख्या ७९२२८१६२५१४२६४३३७५९३५४३९५०३३६ निकलती है[2]।

मानुषी तथा अपर्याप्त मनुष्योकी सख्या बताते हैं—

पज्जत्तमणुस्साणं, तिचउत्थो माणुसीण परिमाणं।
सामण्णा पुण्णूणा, मणुवअपज्जत्तगा होंति ॥ १५९ ॥

पर्याप्तमनुष्याणां त्रिचतुर्थो मानुषीणां परिमाणम्।
सामान्याः पूर्णोना मानवा अपर्याप्तका भवन्ति ॥ १५९ ॥

अर्थ—पर्याप्त मनुष्योंका जितना प्रमाण है उसमें तीन चौथाई ($\frac{3}{4}$) मानुषियोंका प्रमाण

---

१. अङ्कानां वामतो गतिः।

२. यही संख्या अक्षरों द्वारा अंकप्रमाणमें बतानेवाली दूसरी गाथा इस प्रकार है—
साधुरराजकीर्तेरेणाको भारती विलोलसमधीः। गुणवर्गधर्मनिगलितसंख्यावन्मानवेषु वर्णक्रमा.।

है। सामान्य मनुष्यराशिमेसे पर्याप्तकोका प्रमाण घटानेपर जो शेष रहे उतना ही अपर्याप्त[1] मनुष्योका प्रमाण है।

इस प्रकार चारो ही प्रकारके मनुष्योकी सख्या बताकर अब देवगतिके जीवोकी सख्या बताते हैं—

तिण्णिसयजोयणाणं, वेसदछप्पण्णअंगुलाणं च ।
कदिहदपदरं वेंतर, जोइसियाणं च परिमाणं ॥ १६० ॥

त्रिशतयोजनाना द्विशतषट्पचाशदगुलाना च ।
कृतिहतप्रतरं व्यन्तरज्योतिष्काणा च परिमाणम् ॥ १६० ॥

अर्थ—तीनसौ योजनके वर्गका जगत्प्रतरमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना व्यन्तर देवोका प्रमाण है। और २५६ प्रमाणागुलोके वर्गका जगत्प्रतरमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ज्योतिषियोका प्रमाण है।

घणअंगुलपढमपदं, तदियपदं सेढिसंगुणं कमसो ।
भवणे सोहम्मदुगे, देवाणं होदि परिमाणं ॥ १६१ ॥

घनांगुलप्रथमपदं तृतीयपद श्रेणिसंगुणं क्रमश. ।
भवने सौधर्मद्विके देवाना भवति परिमाणम् ॥ १६१ ॥

अर्थ—जगच्छ्रेणीके साथ घनांगुलके प्रथम वर्गमूलका गुणा करनेसे भवनवासी, और तृतीय वर्गमूलका गुणा करनेसे सौधर्मद्विक-सौधर्म और ऐशान स्वर्गके देवोका प्रमाण निकलता है।

तत्तो एगारणवसगपणचउणियमूलभाजिदा सेढी ।
पल्लासंखेज्जदिमा, पत्तेयं आणदादिसुरा[2] ॥ १६२ ॥

तत एकादशनवसप्तपचचतुर्निजमूलभाजिता श्रेणी ।
पल्यासख्यातका प्रत्येकमानितादिसुराः ॥ १६२ ॥

अर्थ—इसके अनन्तर अपने (जगच्छ्रेणीके) ग्यारहवें नववें सातवे पाचवे चौथे वर्गमूलसे भाजित जगच्छ्रेणी प्रमाण तीसरे कल्पसे लेकर बारहवे कल्पतकके देवोका प्रमाण है। आनतादिकमे आगेके देवोका प्रमाण पल्यके असख्यातवें भाग प्रमाण है।

भावार्थ—ऐशान स्वर्गसे आगे सानत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गके देवोका प्रमाण जगच्छ्रेणीमे जगच्छ्रेणीके ग्यारहवें वर्गमूलका भाग देनेसे जितना लब्ध आवे उतना ही है। इसही प्रकार जगच्छ्रेणीके नववे वर्गमूलका जगच्छ्रेणीमे भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना ब्रह्म ब्रह्मोत्तर स्वर्गके देवोका प्रमाण है। और जगच्छ्रेणीके सातवे वर्गमूलका जगच्छ्रेणीमे ही भाग देनेसे जो लब्ध आवे

---

१ ऊपर अपर्याप्त तिर्यंचोका और यहा पर अपर्याप्त मनुष्योका जो प्रमाण बताया है वह लब्ध्यपर्याप्तकोका समझना चाहिये।

२. षट् खं, ३ गाथा नं.।

उतना लान्तव कापिष्ठ स्वर्गके देवोका प्रमाण है। पांचवे वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना शुक्र महाशुक्र स्वर्गके देवोका प्रमाण है। चौथे वर्गमूलका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना सतार सहस्रार स्वर्गके देवोका प्रमाण है। आनत प्राणत आरण अच्युत नव ग्रैवेयक नव अनुदिश विजय वैजयत जयत अपराजित इन छब्बीस कल्पोमेसे प्रत्येक कल्पके देवोका प्रमाण पल्यके असख्यातवे भाग है। यह प्रमाण सामान्यतया बताया है, किन्तु विशेषरूपमे उत्तरोत्तर-आरणादिकमे सख्यात गुणा हीन[1] है।

सर्वार्थसिद्धिके देवोका तथा सामान्य देवराशिका प्रमाण बताते हैं—

तिगुणा सत्तगुणा वा, सव्वट्ठा माणुसीपमाणादो।
सामण्णदेवरासी, जोइसियादो विसेसाहिया ॥ १६३ ॥

त्रिगुणा सप्तगुणा वा सर्वार्था मानुषीप्रमाणत।
सामान्यदेवराशि. ज्योतिष्कतो विशेषाधिक ॥ १६३ ॥

अर्थ—मानुषियोका जितना प्रमाण है उससे तिगुना अथवा सतगुना सर्वार्थसिद्धिके देवोका प्रमाण है। ज्योतिष्क देवोका जितना प्रमाण है उससे कुछ अधिक सम्पूर्ण देवराशिका प्रमाण है।

भावार्थ—मानुषियोसे तिगुना और सतगुना इस तरह दो प्रकारसे जो सर्वार्थसिद्धिके देवोका प्रमाण बताया है वह दो आचार्योके मतकी अपेक्षासे है। सम्पूर्ण देवोमे ज्योतिषियोका प्रमाण बहुत अधिक है, शेप तीन जातिके देवोका प्रमाण बहुत अल्प है, इसलिए ऐसा कहा है कि सामान्य देवराशि ज्योतिषियोसे कुछ अधिक है।

॥ इति गतिमार्गणाधिकार ॥

अथ इन्द्रियमार्गणाधिकारः—२

क्रमप्राप्त इन्द्रियमार्गणामे इन्द्रियोका विपय स्वरूप भेद आदिका वर्णन करनेसे प्रथम उसका निरुक्ति पूर्वक अर्थ बताते हैं—

अहमिंदा जह देवा, अविसेसं अहमहंति मण्णंता।
ईसंति एक्कमेक्कं, इंदा इव इंदिये जाण[2] ॥ १६४ ॥

अहमिन्द्रा यथा देवा अविशेषमहमहमिति मन्यमाना.।
ईशते एकैकमिन्द्रा इव इन्द्रियाणि जानीहि ॥ १६४ ॥

अर्थ—जिस प्रकार अहमिन्द्र देवोमे दूसरेकी अपेक्षा न रखकर प्रत्येक अपने अपनेको स्वामी मानते है, उसी ही प्रकार इन्द्रियां भी है।

---

१. "[illegible] आरणादिदेवा सख्यातगुणहीना." म प्र.।
२. [illegible] गाथा ८५।

भावार्थ—इन्द्रके समान जो हो उसको इन्द्रिय[१] कहते है। इसलिए जिसप्रकार नव ग्रैवेयकादिवासी अपने अपने विषयोमे दूसरेकी अपेक्षा न रखनेसे अर्थात् इन्द्र सामानिक आदि भेदो तथा स्वामी भृत्य आदि विशेष भेदोसे रहित होनेके कारण किसीकी आज्ञाके वशवर्ती नही हैं। अतएव स्वतन्त्र होनेसे वे सब ही अपने अपनेको इन्द्र मानते है। उसी प्रकार स्पर्शन आदि इन्द्रियाँ भी अपने अपने स्पर्शादिक विषयोमे दूसरी रसना आदिकी अपेक्षा न रखकर स्वतन्त्र हैं। यही कारण है कि इनको इन्द्रो—अहमिन्द्रोके समान होनेसे इन्द्रिय कहते है, क्योकि निरुक्तिके अनुसार यह अर्थ सिद्ध है।

इन्द्रियोके सक्षेपमें भेद और उनका स्वरूप बताते है—

मदिआवरणखओवसमुत्थविसुद्धी हु तज्जबोहो वा।
भाविंदियं तु दव्वं, देहुदयजदेहचिण्ह तु ॥ १६५ ॥

मत्यावरणक्षयोपशमोत्थविशुद्धिर्हि तज्जबोधो वा।
भावेन्द्रिय तु द्रव्य देहुदयजदेहचिन्हं तु ॥ १६५ ॥

अर्थ—इन्द्रियके दो भेद है—एक भावेन्द्रिय दूसरा द्रव्येन्द्रिय। मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न होनेवाली विशुद्धि अथवा उस विशुद्धिसे उत्पन्न होनेवाले उपयोगात्मक ज्ञानको भावेन्द्रिय कहते है। और शरीर नामकर्मके उदयसे बननेवाले शरीरके चिन्हविशेषको द्रव्येन्द्रिय कहते है।

भावार्थ—भावेन्द्रिय दो प्रकारकी हैं एक लब्धिरूप दूसरी उपयोगरूप[३]। पूर्वार्धमे इन्ही दोनो भेदोका स्वरूप बताया गया है। कर्मके क्षयोपशमसे प्रकट हुई अर्थ ग्रहणकी शक्तिरूप विशुद्धिको ही लब्धि कहते है। और उसके होनेपर अर्थ—विषयके ग्रहण करने रूप जो व्यापार होता है उसको उपयोग कहते हैं। भावका अर्थ चित्परिणाम है। ये दोनो भेद चित्परिणामरूप हैं अतएव उनको भावेन्द्रिय कहते है। द्रव्येन्द्रियके भी दो भेद हैं—निर्वृति और उपकरण[४]। जीवविपाकी जाति नामकर्मके उदयके साथ साथ शरीर नामकर्मके उदयसे तत्तत् इन्द्रियके आकारमे जो आत्मप्रदेशो तथा आत्मसम्बद्ध शरीरप्रदेशोकी रचना होती है उसको निर्वृति कहते हैं। इन्द्रिय पर्याप्तिके अनुसार प्राप्त नोकर्म वर्गणाओके द्वारा उपयोगमे बाह्य सहकारी अथवा निर्वृति आदिकी रक्षामे सहायक अवयव बनते हैं उनको उपकरण कहते है।

इन्द्रिय शब्दको निरुक्ति अनेक प्रकारसे आगममे[५] को गई है वहाँसे देखलेना[६] चाहिए।

---

१ इन्द्रा इव इन्द्रियाणीति इवार्थे घ प्रत्ययो निपात्यते मं प्र।

२. व्याकरणके अनुसार इंद्र शब्दसे इव-समान अर्थमें घ—इय प्रत्यय होकर इद्रिय शब्द बनता है।

३. ४—लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्, निर्वृत्युपकरणे द्रव्येंद्रियम्। "त सू. अ २।

५. सर्वार्थसिद्धि आदि।

६. यथा-यदिन्द्रस्यात्मनो लिंग यदि वेन्द्रेण कर्मणा सृष्टं जुष्टं तथा दृष्टं दत्त वेति तदिन्द्रियम् "जी. प्र,।

इन्द्रियकी अपेक्षासे जीवोंके भेद कहते हैं—

फासरसगंधरूवे, सद्दे णाणं च चिण्हयं जेसिं।
इगिबितिचदुपंचिंदिय, जीवा णियभेयभिण्णाओ ॥ १६६ ॥

स्पर्शरसगंधरूपे शब्दे ज्ञानं च चिन्हकं येषाम्।
एकद्वित्रिचतुःपंचेन्द्रियजीवा निजभेदभिन्ना ओ[1] ॥ १६६ ॥

अर्थ—जिन जीवोंके वाह्य चिन्ह (द्रव्येन्द्रिय) और उसके द्वारा होनेवाला स्पर्श रस गंध रूप शब्द इन विषयोंका ज्ञान हो उनको क्रमसे एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय जीव कहते हैं। और इनके भी अनेक अवान्तर भेद हैं।

भावार्थ—जिन जीवोंके स्पर्शविषयक ज्ञान और उसका अवलम्वनरूप द्रव्येन्द्रिय मौजूद हो उनको एकेन्द्रिय जीव कहते हैं। इसी प्रकार अपने अपने अवलम्वनरूप द्रव्येन्द्रियके साथ साथ जिन जीवोंके रसविषयक ज्ञान हो उनको द्वीन्द्रिय और गंधविषयक ज्ञानवालोंको त्रीन्द्रिय तथा रूपविषयक ज्ञानवालोंको चतुरिन्द्रिय और शब्दविषयक ज्ञानवालोंको पंचेन्द्रिय जीव कहते हैं। इन एकेन्द्रियादि जीवोंके भी अनेक अवान्तर भेद हैं[2]। तथा आगे आगेकी इन्द्रियवालोंके पूर्व पूर्वकी इन्द्रिय अवश्य होती हैं। जैसे रसनेन्द्रिय वालोंके स्पर्शनेन्द्रिय अवश्य होगी और घ्राणेन्द्रिय-वालोंके स्पर्शन और रसन अवश्य होगी। इत्यादि पंचेन्द्रिय पर्यन्त ऐसा ही समझना।

इसप्रकार एकेन्द्रियादि जीवोंके इन्द्रियोंके विषयकी वृद्धिका क्रम वताकर अब इन्द्रियवृद्धि-का क्रम बताते हैं—

एइंदियस्स फुसणं, एक्कं वि य होदि सेसजीवाणं।[3]
होंति कमउड्ढियाइं, जिब्भाघाणच्छिसोत्ताइं ॥ १६७ ॥

एकेन्द्रियस्य स्पर्शनमेकमपि च भवति शेपजीवानाम्।
भवन्ति क्रमवर्द्धितानि जिह्वाघ्राणाक्षिश्रोत्राणि ॥ १६७ ॥

अर्थ—एकेन्द्रिय जीवके एक स्पर्शनेन्द्रिय ही होती है। शेष जीवोंके क्रमसे जिह्वा, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र वढ़ जाते हैं।

भावार्थ—एकेन्द्रिय जीवके केवल स्पर्शनेन्द्रिय, द्वीन्द्रियके स्पर्शन रसना (जिह्वा), त्रीन्द्रियके स्पर्शन रसना घ्राण (नासिका), चतुरिन्द्रियके स्पर्शन रसना घ्राण चक्षु और पंचेन्द्रियके स्पर्शन रसना घ्राण चक्षु श्रोत्र होते हैं।

---

१. ओ इति शिष्यसम्बोधनार्थं प्राकृते अव्ययम् ॥ नं. प्र।

२ अर्थात् एकेन्द्रियादिके भी अनेक अवान्तर जातिभेद हैं। देखो तत्त्वार्थसार जीवतत्त्ववर्णन श्लोक ५२ से ६६ तक।

३. एइंदियस्स फुसणं, एक्कं चिय होइ सेसजीवाणं।
होंति कमवड्ढियाइं, जिब्भाघाणच्छिसोत्ताइं ॥ १४२ ॥ पट् नं.।

स्पर्शनादिक इन्द्रियां कितनी दूर तक रक्खे हुए अपने विषयका ज्ञान कर सकती है यह बतानेके लिये तीन गाथाओंमें इन्द्रियोंका विषयक्षेत्र बताते हैं।

धणुवीसडदसयकदी, जोयणछादालहीणतिसहस्सा ।
अट्ठसहस्स धणूणं, विसया दुगुणा असण्णि त्ति ॥ १६८ ॥

धनुर्विंशत्यष्टदशककृतिः योजनषट्चत्वारिंशद्धीनत्रिसहस्राणि ।
अष्टसहस्रं धनुषां विषया द्विगुणा असंज्ञीति ॥ १६८ ॥

अर्थ—स्पर्शन रसना घ्राण इनका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र क्रमसे चार सौ धनुष चौसठ धनुष सौ धनुष प्रमाण है। चक्षुका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र दो हजार नवसौ चौअन योजन है और श्रोत्रेन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र आठ हजार धनुष प्रमाण है। और आगे असंज्ञिपर्यन्त दूना दूना विषयक्षेत्र बढता गया है।

भावार्थ—एकेन्द्रियके स्पर्शनेन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र चारसौ धनुष है। और द्वीन्द्रियादिकै वह दूना दूना होता गया है। अर्थात् द्वीन्द्रियके आठसौ, त्रीन्द्रियके सौलहसौ, चतुरिन्द्रियके बत्तीससौ, असंज्ञीपचेन्द्रियके चौसठसौ धनुष स्पर्शनेन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र है। द्वीन्द्रियके रसनेन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र चौसठ धनुष है और वह भी त्रीन्द्रियादिकके स्पर्शनेन्द्रियके विषयक्षेत्रकी तरह दूना दूना होता गया है। अर्थात् त्रीन्द्रियके १२८ चतुरिन्द्रियके २५६ और असंज्ञीपंचेन्द्रियके रसनाका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र ५१२ धनुष प्रमाण है। इसी प्रकार घ्राण, और श्रोत्रका विषयक्षेत्र भी समझ लेना चाहिये। अर्थात् घ्राणेन्द्रियका विषयक्षेत्र त्रीन्द्रियके १००, चतुरिन्द्रियके २०० और असंज्ञी पचेन्द्रियके ४०० धनुष प्रमाण है। चक्षुरिन्द्रियका विषयक्षेत्र चतुरिन्द्रियके २९५४ और असंज्ञी पचेन्द्रियके ५९०८ योजन है। असंज्ञी पचेन्द्रियके श्रोत्रका विषय ८००० धनुष है।

संज्ञी जीवकी इन्द्रियोंका विषयक्षेत्र बताते हैं—

सण्णिस्स बार सोदे, तिण्हं णव जोयणाणि चक्खुस्स ।
सत्तेतालसहस्सा, बेसदतेसट्ठिमदिरेया ॥ १६९ ॥

सञ्ज्ञिनो द्वादश श्रोत्रे त्रयाणां नव योजनानि चक्षुषः ।
सप्तचत्वारिंशत्सहस्राणि द्विशतत्रिषष्ट्यतिरेकाणि ॥ १६९ ॥

अर्थ—संज्ञी जीवके स्पर्शन रसना घ्राण इन तीन इन्द्रियोंमेंसे प्रत्येकका विषयभूत क्षेत्र नौ नौ योजन है। और श्रोत्रेन्द्रियका उत्कृष्ट विषय क्षेत्र बारह योजन है। तथा चक्षुरिन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र सेतालीस हजार दो सौ त्रेसठ योजनसे कुछ अधिक है।

एकेन्द्रियसे लेकर संज्ञीपचेन्द्रियपर्यंत जीवोंके पाई जानेवाली इन्द्रियोंका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र कितना है, तथा प्रत्येक इन्द्रियका नियत विषय, उसको ग्रहण करनेकी योग्यता तथा उनका आकार किस प्रकारका है, यह आगे दिये गये यन्त्र द्वारा जाना जा सकता है—

एकेन्द्रिय आदि जीवोंके पाई जानेवाली इन्द्रियोंके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रादिका दर्शक यन्त्र ।

इन्द्रिय	एकेन्द्रिय धनुष वि क्षे	द्वीन्द्रिय धनुष वि. क्षे.	त्रीन्द्रिय धनुष वि क्षे	चतुरिन्द्रिय		अस प वि क्षे		स पंचे. योजन वि. क्षे	विषय	योग्यता	आकृति
				धनुष	योजन	धनुष	योजन				
स्पर्शन	४००	८००	१६००	३२००	०	६४००	०	९	८ प्रकारका स्पर्श	बद्धस्पृष्ट	अनेक अनियत
रसना	०	६४	१२८	२५६	०	५१२	०	९	५ विध रस	"	खुरपा
घ्राण	०	०	१००	२००	०	४००	०	९	द्विविध गन्ध	"	तिलपुष्प
चक्षु	०	०	०	०	२९५४	०	१९०८	४७२६३ १ ७ ÷ २०	पञ्च प्रकार रूप	अस्पृष्ट	मसूर अन्न
श्रोत्र	०	०	०	०	०	८००	०	१२	शब्द तथा ७ स्वर	स्पृष्ट	यवनाली

विशेष-इन्द्रियाकार आत्मप्रदेशोंकी अवगाहनाका प्रमाण (गाथा १७२-१७३) तथा तत्तत् इन्द्रियवाले जीवोंके शरीरकी अवगाहनाका जघन्य उत्कृष्ट प्रमाण (गाथा १७३) एवं एकेन्द्रियादि जीवोंकी संख्या (गाथा १७५ आदि) बाह्याभ्यन्तर भेदों, अवान्तर जाति भेदोंका स्वरूप आदि यथास्थान बताया गया है, वहां देखना चाहिये ।

ऊपरकी गाथामें चक्षुरिन्द्रियका जो उत्कृष्ट विषयक्षेत्रका प्रमाण बताया गया है वह किस तरह निष्पन्न होता है यह बात उपपत्तिपूर्वक बताते हैं—

तिण्णिसयसट्ठिविरहिद, लक्खं दशमूलताडिदे मूलम् ।
णवगुणिदे सट्ठिहदे, चक्खुप्फासस्स अद्धाणं ॥ १७० ॥

त्रिशतषष्टिविरहितलक्षं दशमूलताडिते मूलम् ।
नवगुणिते षष्टिहते चक्षुःस्पर्शस्य अध्वा ॥ १७० ॥

अर्थ—तीनसौ साठ कम एक लाख योजन जम्बूद्वीपके विष्कम्भका वर्ग करना और उसका दशगुण करके वर्गमूल निकालना, इससे जो राशि उत्पन्न हो उसमें नवका गुणा और साठका भाग देनेसे चक्षुरिन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र निकलता है ।

भावार्थ—सूर्यका चारक्षेत्र पांचसौ बारह योजन चौडा है । उसमेंसे तीनसौ बत्तीस योजन तो लवणसमुद्रमें हैं और शेष एकसौ अस्सी योजन जम्बूद्वीपमें हैं । इस लिये जम्बूद्वीपके दोनों भागके तीन सौ साठ योजन क्षेत्रको छोड़कर बाकी निन्यानवे हजार छह सौ चालीस योजन प्रमाण जम्बूद्वीपके विष्कम्भकी परिधि करणसूत्रके अनुसार[1] तीनलाख पन्द्रह हजार नवासी ३१५०८९ योजन होती है । इस अभ्यन्तर परिधिको एक सूर्य अपने भ्रमणके द्वारा दो दिन अर्थात् साठ मुहूर्तमें समाप्त करता है । और निषधगिरिके एक भागसे दूसरे भाग तककी अभ्यन्तर वीथीको वह अठारह मुहूर्तमें अपने भ्रमण द्वारा समाप्त करता है । इसके बिलकुल बीचमें अयोध्या नगरी पडती है । इस अयोध्या नगरीके बीचमें बने हुए अपने महलके ऊपरले भागपरसे भरतादि चक्रवर्ती निषधगिरिके ऊपर अभ्यन्तर वीथीमें उदय होते हुए सूर्यके भीतरकी जिन प्रतिबिम्बका दर्शन करते हैं । और निषधगिरिके उदयस्थानसे अयोध्या पर्यन्त उक्त रीतिके अनुसार सूर्यको भ्रमण करनेमें नव मुहूर्त लगते हैं । क्योंकि कर्क सक्रान्तिको यहां १२ मुहूर्तकी रात्रि और १८ मुहूर्त का दिन हुआ करता है, इसलिये साठ मुहूर्तमें इतने क्षेत्र पर जब भ्रमण करे तो नव मुहूर्तमें कितने क्षेत्रपर भ्रमण करे ? इस प्रकार त्रैराशिक करनेसे अर्थात् फल राशि (परिधिका प्रमाण[2]) और इच्छाराशि (नव) का गुणा कर उसमें प्रमाणराशि साठका भाग देनेसे चक्षुरिन्द्रियका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र सेंतालीस हजार दो सौ त्रेसठसे कुछ अधिक[3] निकलता है । अर्थात ज्यादे से ज्यादे दूर तकके पदार्थको संज्ञी जीव चक्षुके द्वारा जान सकता है ।

इन्द्रियोंका विषयक्षेत्र आदि बताकर उनका आकार बताते हैं—

चक्खूसोदं घाणं, जिब्भायारं मसूरजवणाली ।
अतिमुत्तखुरप्पसमं, फासं तु अणेयसंठाणं ॥ १७१ ॥

---

१ "विक्कम्भवग्गदहगुणकरिणो वट्टस्स परिरहो होदि" अर्थात् विष्कम्भका जितना प्रमाण है उसका वर्गकर दशगुण करना पीछे उसका वर्गमूल निकालना ऐसा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उतना ही वृत्तक्षेत्रकी परिधिका प्रमाण होता है ।

२. तीन लाख पन्द्रह हजार नवासी योजन ।

३ सात योजनके बीस भागोंमेंसे एक भाग ।

चक्षुःश्रोत्रघ्राणजिह्वाकारं मसूरयवनाल्य. ।
अतिमुक्तक्षुरप्रसमं स्पर्शनं तु अनेकसस्थानम् ॥ १७१ ॥

अर्थ—मसूरके समान चक्षुका, जवकी नलीके समान श्रोत्रका, तिलके फूलके समान घ्राणका तथा खुरपाके समान जिह्वाका आकार है। और स्पर्शनेन्द्रियके अनेक आकार हैं।[1]

भावार्थ—पूर्वमे भावेन्द्रियोके स्वरूप विषय क्रम वृद्धि विषयक्षेत्रका वर्णन हो चुका है। किन्तु द्रव्येन्द्रियोंका वर्णन बाकी है। अतएव अब उसीका स्वरूप बतानेकी दृष्टिसे इस गाथामे इन्द्रियोंकी बाह्य निर्वृतिका स्वरूप बताया है। अपने अपने स्थान पर नोकर्मरूप पुद्गलवर्गणाओका जो आकार बनता है उसीको बाह्य निर्वृति कहते हैं। चक्षु श्रोत्र घ्राण और जिह्वा इन चार इन्द्रियोका आकार नियत है, जैसा कि इस गाथामें बताया गया है। परन्तु स्पर्शन इन्द्रियका आकार नियत नही है। क्योकि वह सम्पूर्ण शरीरके साथ व्याप्त है और शरीरोंके आकार विभिन्न प्रकारके हुआ करते हैं।[2]

तत्तत् इन्द्रियके स्थानपर अपने अपने आवरण कर्मके क्षयोपशमरूप कार्मण पुद्गलस्कन्धसे युक्त आत्माके प्रदेशोंका जो आकार बनता है उसको आभ्यन्तर निर्वृति कहते हैं। स्पर्शनेन्द्रियकी यह आभ्यन्तर निर्वृति भी भिन्न भिन्न प्रकारकी हुआ करती है।

गाथामें जो तु शब्द है वह उपलक्षण होनेसे सूचित करता है कि आभ्यन्तर निर्वृति तथा बाह्याभ्यन्तर उपकरणोका भी स्वरूप यहाँ आगमानुसार समझ लेना चाहिये।

इन्द्रियोंके (द्रव्येन्द्रियोंके) आकारमें जो आत्माके प्रदेश हैं उनका अवगाहन प्रमाण बताते हैं।

अंगुलअसंखभागं, संखेज्जगुणं तदो विसेसहियं ।
तत्तो असंखगुणिदं, अंगुलसखेज्जयं तत्तु ॥ १७२ ॥

अंगुलासख्यभागं संख्यातगुणं ततो विशेषाधिकम् ।
ततोऽसख्यगुणितमगुलसख्यात तत्तु ॥ १७२ ॥

अर्थ—आत्मप्रदेशोकी अपेक्षा चक्षुरिन्द्रियका[3] अवगाहन घनांगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। और इससे सख्यातगुणा श्रोत्रेन्द्रियका अवगाहन है। श्रोत्रेन्द्रियका जितना प्रमाण है उससे पल्यके असख्यातवे भाग अधिक घ्राणेन्द्रियका अवगाहन है। घ्राणेन्द्रियके अवगाहनसे पल्यके असख्यातवें भागका गुणा करनेपर रसनेन्द्रियके अवगाहनका प्रमाण निष्पन्न होता है। परन्तु सामान्यकी अपेक्षा गुणाकार और भागहारका अपवर्तन करनेसे उक्त चारों ही इन्द्रियोंका अवगाहन प्रमाण घनांगुलके सख्यातवे भागमात्र है।

१-२—यवनालिमसूरातिमुक्तेन्दुर्धसमा क्रमात् । श्रोत्राक्षिघ्राणजिह्वा स्यु· स्पर्शनं नैकसस्थिति. ॥ ५० ॥
त. सा.

मसूराम्बुपृषत्सूचीकलापध्वजसन्निभा. । धराप्तेजोमरुत्काया नानाकारास्तरुत्रसा· ॥५७॥ त.सा. ।

३—द्रव्येन्द्रियके दो भेद हैं, निर्वृति और उपकरण । निर्वृतिके भी दो भेद हैं, बाह्य तथा आभ्यन्तर । यहापर आभ्यन्तर निर्वृतिरूप द्रव्येन्द्रियके प्रदेशोका प्रमाण अवगाहना द्वारा बताया गया है ।

स्पर्शनेन्द्रियके प्रदेशोंका अवगाहनप्रमाण बताते हैं—

सुहमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स तदियसमयम्हि ।
अंगुलअसंखभागं जहण्णमुक्कस्सयं मच्छे ॥ १७३ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य जातस्य तृतीयसमये ।
अंगुलासंख्यभागं जघन्यमुत्कृष्टकं मत्स्ये ॥ १७३ ॥

अर्थ—स्पर्शनेन्द्रियकी जघन्य अवगाहना घनांगुलके असंख्यातवे भागप्रमाण है। और यह अवगाहना सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तकके उत्पन्न होनेसे तीसरे समयमे होती है। उत्कृष्ट अवगाहना महामत्स्यके होती है, इसका प्रमाण सख्यात घनांगुल है।

इस प्रकार इन्द्रियज्ञानवाले संसारी जीवोंका वर्णन करके अतीन्द्रियज्ञानवाले जीवोंका निरूपण करते हैं—

ण वि इंदियकरणजुदा, अवग्गहादीहि गाहया अत्थे[1] ।
णेव य इंदियसोक्खा, अणिंदियाणंतणाणसुहा ॥ १७४ ॥

नापि इन्द्रियकरणयुता अवग्रहादिभिर्ग्राहिका अर्थे।
नैव च इन्द्रियसौख्या अनिन्द्रियानन्तज्ञानसुखाः ॥ १७४ ॥

अर्थ—जीवन्मुक्त तथा परम मुक्त जीव इन्द्रियोंकी क्रियासे युक्त नही हैं। तथा वे अवग्रहादिक क्षायोपशमिक ज्ञानके द्वारा पदार्थका ग्रहण नही करते। इसी तरह वे इन्द्रियजन्य सुखसे भी युक्त नही हैं, क्योंकि उन दोनों ही प्रकारके जीवोंका अनन्त ज्ञान और अनन्त सुख अतीन्द्रिय है।

भावार्थ—उन जीवोंका अनन्त ज्ञान सुख अपनी प्रवृत्तिमें इन्द्रिय व्यापारकी अपेक्षा नही रखता, क्योंकि वह निरावरण है। जो सावरण हुआ करता है उसको अपनी प्रवृत्तिमें दूसरेकी सहायता की अपेक्षा हुआ करती है। जो अपना कार्य करनेमे स्वयं ही समर्थ है उसको दूसरेकी अपेक्षा नही हुआ करती और न आवश्यकता ही है। इसीलिये ये दोनों ही प्रकारके जीव—जीवन्मुक्त-सयोगकेवली और अयोगकेवली तथा सिद्ध परमात्मा इन्द्रिय व्यापारसे रहित हैं। वे त्रिकालवर्ती तीन लोकके समस्त पदार्थोंको अनन्त ज्ञानके द्वारा युगपत् प्रत्यक्ष ग्रहण करते हैं। अवग्रह ईहा अवाय धारणा स्मृति प्रत्यभिज्ञान तर्क अनुमान आदि क्षायोपशमिक ज्ञानोंके द्वारा वे क्रमसे और योग्य विषयोंका ही ग्रहण नही किया करते। इसी प्रकार उनका सुख भी इन्द्रियजन्य नही है, क्योंकि उसके कारणभूत सभी प्रतिपक्षी कर्मोंका सर्वथा अभाव हो चुका है।

जीवप्रबोधिनी तथा मंदप्रबोधिनी दोनों ही टीकाओंमें इस गाथाका अर्थ सिद्ध पर्यायमें घटित किया है और वह नि:सन्देह ठीक है, क्योंकि सिद्धोंमे किसी भी अपेक्षासे इन्द्रियवत्ता नहीं पाई जाती, जब कि जीवन्मुक्त सकल परमात्माओंमें द्रव्यकी अपेक्षासे इन्द्रियोंका अस्तित्व पाया जाता है। फिर भी यहाँ तथा अन्यत्र भी परमागममें जो भावरूप अर्थको मुख्य मानकर इन्द्रियोका वर्णन

१—षट् खं. संत सुत्त गाथा नं. १४० ।

किया गया है उसको दृष्टिमें रखकर इस गाथाके चारो ही वाक्योका अर्थ तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानवर्ती सयोगकेवली तथा अयोगकेवलीमे भी घटित होता है, क्योकि द्रव्येन्द्रियोके रहते हुए भी वे उनके करण रूप नही है, क्योकि उनका ज्ञान और सुख क्षायिक होनेसे अतीन्द्रिय है। क्षायोपशमिक ज्ञान एव सुखको ही करण—अवलम्बनरूप सहकारी कारण इन्द्रियो आदिकी अपेक्षा हुआ करती है। अतएव इस गाथाका अर्थ जीवन्मुक्त अरिहन्तोंमे भी घटित होता है, क्योंकि उनका ज्ञान क्षायिक है; अतएव उनके ज्ञानमे इन्द्रियाँ करणरूप नही हुआ करतीं। जिस प्रकार अवग्रहादिके द्वारा पदार्थोंका ज्ञान क्रमसे हुआ करता है इस तरहसे उनका ज्ञान क्रमवर्ती नही है। इसी प्रकार यद्यपि पुण्योदयसे उनको सर्वोत्कृष्ट भोगोपभोगकी सामग्री प्राप्त है फिर भी वे उनका भोगोपभोग नही करते। उनका अनन्त ज्ञान और अनत सुख सब अनिन्द्रिय ही है। इस प्रकार प्रकरणगत भावरूप इन्द्रियोंकी अपेक्षासे सभी प्रत्यक्ष केवली अनिन्द्रिय ही हैं, फिर भी द्रव्येन्द्रियोके अस्तित्वकी अपेक्षासे अरिहतोको पचेद्रियोमे परिगणित किया है। जैसा कि सत्प्ररूपणाके सूत्र नं० ३७ से विदित होता है। परन्तु उस सूत्रका आशय क्या है यह बात आगमके निम्न लिखित वाक्योसे भले प्रकार जानी जा सकती है—

"इन्द्रियत्वादिति चेन्नार्षार्थानवबोधात्", स्यादेतत्, एवमागमः प्रवृत्तः "पचेन्द्रिया असंज्ञिपचेन्द्रियादारभ्य आ अयोगकेवलिन." इति[1]। अत इन्द्रियत्वात्तत्कार्येणापि ज्ञानेन भवितव्यम् इति। तन्न, किं कारणम्? आर्षार्थानवबोधात्। आर्षे हि सयोग्ययोगिकेवलिनोः पचेन्द्रियत्व द्रव्येन्द्रियं प्रत्युक्तम् न भावेन्द्रियं प्रति। यदि हि भावेन्द्रिय प्रत्यभविष्यत् अपि तु तर्हि असंक्षीणसकलावरणत्वात् सर्वज्ञतैवास्य न्यवर्तिष्यत। राजवार्तिक १-३०-९।

तथा—पक्खीणजादिकम्मो, अणतवरवीरिओ अधिकतेजो।
जादो अणिदिओ सो, णाणं सोक्ख च परिणमदि ॥ १९ ॥

सोक्खं वा पुण दुक्ख केवलणाणिस्स णत्थि देहगद।
जम्हा अणिदियत्त जाद तम्हा दु तं णेय ॥ २१ ॥ प्रवचनसार

सक्षेपसे एकेन्द्रियादि जीवोकी संख्याको बताते हैं—

थावरसंखपिपीलिय, भमरमणुस्सादिगा सभेदा जे।
जुगवारमसंखेज्जा, णंताणंता णिगोदभवा ॥ १७५ ॥

स्थावरशंखपिपीलिकाभ्रमरमनुष्यादिकाः सभेदा ये।
युगवारमसंख्येयाः अनन्तानन्ता निगोदभवाः ॥ १७५ ॥

अर्थ—स्थावर एकेन्द्रिय जीव, शख आदिक द्वीन्द्रिय, चीटी आदि त्रीन्द्रिय, भ्रमर आदि चतुरिन्द्रिय, मनुष्यादिक पचेन्द्रिय जीव अपने अपने अतर्भेदोंसे[2] युक्त असंख्यातासख्यात हैं और निगोदिया जीव अनन्तानन्त हैं।

---

१. षट् खं सत्प्ररूपणा सूत्र नं ३७।
२—तत्त्वार्थसार जीवतत्त्ववर्णन श्लोक ५३ से ६६ तक।

भावार्थ—त्रस प्रत्येक वनस्पति पृथिवी जल अग्नि वायु इनको छोड़कर बाकी संसारी जीवोंका (साधारण जीवोका) प्रमाण अनन्तानन्त है और साधारणको छोड़कर बाकी एकेन्द्रिय स्थावर तथा द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय पचेन्द्रिय इनमे प्रत्येकका प्रमाण असख्यात लोकमात्र असंख्यातासंख्यात है।

तसहीणो संसारी, एयक्खा ताण संखगा भागा।
पुण्णाणं परिमाणं, सखेज्जदिमं अपुण्णाणं ॥ १७६ ॥

त्रसहीना संसारिण एकाक्षास्तेषा सख्यका भागा।
पूर्णानां परिमाण संख्येयकमपूर्णानाम्॥ १७६ ॥

अर्थ—संसारराशिमेसे त्रसराशिको घटानेपर जितना शेष रहे उतने ही एकेन्द्रिय जीव हैं और एकेन्द्रिय जीवोंकी राशिमे सख्यातका भाग देना उसमे एक भागप्रमाण अपर्याप्तक और शेष बहुभागप्रमाण पर्याप्तक जीव हैं।

बादरसुहमा तेसिं, पुण्णापुण्णे त्ति छव्विहाणं पि।
तक्कायमग्गणाये, भणिज्जमाणक्कमो णेयो ॥ १७७ ॥

बादरसूक्ष्मास्तेषा पूर्णापूर्णं इति षड्विधानामपि।
तत्कायमार्गणायां भणिष्यमाणक्रमो ज्ञेय ॥ १७७ ॥

अर्थ—एकेन्द्रिय जीवोके सामान्यसे दो भेद हैं बादर और सूक्ष्म। इसमे भी प्रत्येकके पर्याप्तक और अपर्याप्तकके भेदसे दो दो भेद हैं। इस प्रकार एकेन्द्रियोकी छह राशियोंकी सख्याका क्रम कायमार्गणामे कहेंगे वहाँसे ही समझ लेना।

भावार्थ—एकेन्द्रिय जीवोंकी छह राशियोंका प्रमाण कायमार्गणामे विशेषरूपसे कहेंगे। संक्षेपमे छहो राशियोंका प्रमाण इस प्रकार है—एकेन्द्रिय जीवराशिके प्रमाणमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर एक भागप्रमाण बादर एकेन्द्रिय और बहुभाग सूक्ष्म एकेन्द्रिय है। बादर एकेन्द्रियोमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर एक भाग पर्याप्त बहुभाग अपर्याप्त हैं। सूक्ष्म जीवराशिमे संख्यातका भाग देनेपर बहुभाग पर्याप्त और एक भागप्रमाण अपर्याप्त जीवोका प्रमाण हैं।

इस प्रकार एकेन्द्रिय जीवोकी संख्याको सामान्यसे बताकर अब त्रसजीवोकी संख्याको तीन गाथाओंमें बताते हैं—

बितिचपमाणमसंखेणवहिदपदरंगुलेण हिदपदरं।
हीणकमं पडिभागो, आवलियासंखभागो दु ॥ १७८ ॥

द्वित्रिचतु पचमानमसख्येनावहितप्रतरागुलेन हितप्रतरम्।
हीनक्रमं प्रतिभाग आवलिकासख्यभागस्तु ॥ १७८ ॥

अर्थ—प्रतरांगुलके असख्यातवें भागका जगत्प्रतरमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना सामान्यसे त्रसराशिका प्रमाण है। परन्तु पूर्व पूर्व द्वीन्द्रियादिककी अपेक्षा उत्तरोत्तर त्रीन्द्रियादिकका प्रमाण क्रमसे हीन हीन है और इसका प्रतिभागहार आवलिका असख्यातवां भाग है।

इस उक्त त्रसराशिके प्रमाणको स्पष्टरूपसे विभक्त करते हैं—

वहुभागे समभागो चउण्णमेदेसिमेक्कभागम्हि ।
उत्तकमो तत्थ वि वहु,भागो बहुगस्स देओ दु ॥ १७९ ॥

वहुभागे समभागश्चतुर्णामेतेषामेकभागे ।
उक्तक्रमस्तत्रापि बहुभागो बहुकस्य देयस्तु ॥ १७९ ॥

अर्थ—त्रसराशिमें आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देकर लब्ध बहुभागके समान चार भाग करना और एक एक भागको द्वीन्द्रियादि चारोंहीमें विभक्त कर, शेष एक भागमें फिरसे आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देना चाहिये, और लब्ध बहुभागको बहुत संख्यावालेको देना चाहिये। इस प्रकार अंतपर्यंत करना चाहिये।

भावार्थ—कल्पना कीजिये कि त्रसराशिका प्रमाण दोसौ छप्पन है और प्रतिभागहाररूप आवलिके असंख्यातवें भागका प्रमाण ४ चार है। इसलिए दोसौ छप्पनमें चारका भाग देनेसे लब्ध ६४ आते हैं। इस ६४ रूप एक भागको अलग रख देने पर बहुभागका प्रमाण एकसौ बानवे बाकी रहता है, इस वहुभागके अड़तालीस अड़तालीसप्रमाण समान चार भाग करके द्वीन्द्रियादि चारोंको विभक्त करना चाहिये। शेष चौसठमें फिर चारका भाग देना चाहिए। इससे लब्ध सोलहरूप एक भागको अलग रखकर बाकी अड़तालीसप्रमाण बहुभागको बहुत संख्यावाले द्वीन्द्रियको देना चाहिए। और शेष सोलहरूप एकभागमें फिर चारका भाग देनेसे लब्ध बारहरूप बहुभागको क्रमप्राप्त त्रीन्द्रियको देना चाहिये और शेष चारप्रमाण एक भागमें फिर चारका भागदेनेसे लब्ध तीनरूप बहुभागको चतुरिन्द्रियको देना चाहिये। और शेष एक पंचेन्द्रियको देना चाहिये। इस प्रकार त्रसोंकी २५६ राशिमेंसे द्वीन्द्रियोंका प्रमाण ९६, त्रीन्द्रियोंका प्रमाण ६०, चतुरिन्द्रियोंका प्रमाण ५१ और पंचेन्द्रियोंका प्रमाण ४९ हुआ। जिसप्रकार अंकसंदृष्टिमें यह प्रमाण बताया है उसीप्रकार अर्थसंदृष्टिमें भी समझना; परन्तु अंकसंदृष्टि ही अर्थसंदृष्टि नहीं समझ लेना चाहिये।

त्रसोंमे पर्याप्तक और अपर्याप्तकोंका प्रमाण बताते हैं—

तिविपचपुण्णपमाणं, पदरंगुलसंखभागहिदपदरं ।
हीणकमं पुण्णूणा, बितिचपजीवा अपज्जत्ता ॥ १८० ॥

त्रिद्विपञ्चचतुः पूर्णप्रमाणं प्रतराङ्गुलसंख्यभागहितप्रतरम् ।
हीनक्रमं पूर्णोना द्वित्रिचतुःपंचजीवा अपर्याप्ताः ॥ १८० ॥

अर्थ—प्रतराङ्गुलके संख्यातवें भागका जगत्प्रतरमें भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही त्रीन्द्रिय द्वीन्द्रिय पंचेन्द्रिय चतुरिन्द्रियमेंसे प्रत्येकके पर्याप्तकका प्रमाण है। परन्तु यह प्रमाण "बहुभागे समभागो" इस गाथामें कहे हुए क्रमके अनुसार उत्तरोत्तर हीन हीन है। अपनी अपनी समस्त राशिमेंसे पर्याप्तकोंका प्रमाण घटानेपर अपर्याप्तक द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय जीवोंका प्रमाण निकलता है।

इति इन्द्रियमार्गणाधिकारः समाप्तः ॥

अथ कायमार्गणा—३

अब कायमार्गणाके वर्णनका अवसर क्रमसे प्राप्त है। अतः उसके आदिमें कायका लक्षण और उसके भेदोंको बताते है—

जाईअविणाभावी, तसथावरउदयजो हवे काओ।[1]
सो जिणमदम्हि भणिओ, पुढवीकायादिछब्भेयो ॥ १८१ ॥

जात्यविनाभावित्रसस्थावरोदयजो भवेत् कायः।
स जिनमते भणितः पृथ्वीकायादिषड्भेदः ॥ १८१ ॥

अर्थ—जाति नामकर्मके अविनाभावी त्रस और स्थावर नामकर्मके उदयसे होनेवाली आत्माकी पर्यायको जिनमतमें काय कहते है। इसके छह भेद है। पृथिवी जल अग्नि वायु वनस्पति और त्रस।

भावार्थ—यद्यपि काय शब्दका अर्थ शरीर होता है और निरुक्तिके अनुसार यह अर्थ भी संगत है। फिर भी यहाँ यह निरुक्तार्थ गौण एवं उपचरित है, मुख्य नही है। इसीलिये आचार्यने कायका लक्षण बताते हुए यहां पर इस बातको स्पष्ट कर दिया है कि मार्गणाके प्रकरणमे कायका अर्थ जातिनामकर्मके उदयसे अविनाभावी त्रस एवं स्थावर नामकर्मके उदयसे होनेवाली जीवकी पर्याय विशेष है। शरीर नामकर्मके उदयसे होनेवाला कार्य यहाँ पर काय शब्दसे अभीष्ट नही है[2]। इस तरहके शरीरमें स्थित जीवकी पर्याय ही वास्तवमें काय शब्दसे यहाँ अभिप्रेत है। यदि निरुक्तार्थको शरीररूप मुख्य माना जायगा तो आगमके अनेक विषय विसंगत हो जांयगे। वायुकायिक आदिको स्थावर नही कहा जा सकेगा, क्योकि वे स्थानशील नही है-सदा ही चलते

१—चीयत इति कायः। नेष्टकादिचयेन व्यभिचारः, पृथिव्यादिकर्मभिरिति विशेषणात् औदारिकादिकर्मभिः पुद्गलविपाकिभिश्चीयत इतिचेन्न, पृथिव्यादिकर्मणां सहकारिणामभावे ततश्चयनानुपपत्ते। कार्मणशरीरस्थाना जीवाना पृथिव्यादिकर्मभिश्चितनोकर्मपुद्गलाभावादकायत्व स्यादिति चेन्न, तच्चयनहेतुकर्मणस्तत्रापि सत्त्वतस्तद्व्यपदेशस्य न्याय्यत्वात्। अथवा आत्मप्रवृत्त्युपचितपुद्गलपिण्डः कायः। अत्रापि स दोषो न निवार्यत इति चेन्न, आत्मप्रवृत्त्युपचितकर्मपुद्गलपिण्डस्य तत्र सत्त्वात्। आत्मप्रवृत्त्युपचितनोकर्मपुद्गलपिण्डस्य तत्रासत्त्वात् न तस्य कायव्यपदेश इति चेन्न, तच्चयनहेतुकर्मणस्तत्रास्तित्वतस्तस्य तद्व्यपदेशसिद्धेः। उक्तं च—

अप्पप्पवुत्तिसंचिदपोग्गलपिंडं वियाण कायो त्ति।
सो जिणमदम्हि भणिओ पुढविक्कायादयो सो दो ॥ ८६ ॥
जहभारवहो पुरिसो, वहइ भरं गेण्हिऊण कायोलिं।
एमेव वहइ जीवो कम्मभरं कायकायोलिं ॥ ८७ ॥ सत्प्ररूपणा। गो. जी. २०२

२—कायते-त्रस इति स्थावर इति च व्यवहर्तृजनैः शब्द्यते—कथ्यते इति कायः, चीयते-पुष्टिं नीयते पुद्गलस्कन्धैरिति वा कायः—औदारिकादिशरीरं, कायस्य आत्मपर्यायोऽपि काय इत्युपचर्यते। जाति-त्रसस्थावरनामकर्मणां जीवविपाकित्वेन तेषां कार्यस्य जीवपर्यायस्य काय इति व्यवहारसिद्धेः। पुद्गलविपाकिशरीरनामकर्मोदयकार्यत्वेन अत्र शरीरस्यैव कायशब्देन ग्रहणं नास्ति ॥ जी. प्र. ॥

रहते हैं। तथा सब स्थावरोंको भी त्रस कहा जा सकेगा, क्योंकि वे भी उद्वेगको प्राप्त हैं[1]। इत्यादि।

सामान्यतया जाति नामकर्मके एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रियतक पाच भेद होते हैं। फिर भी इनके त्रस और स्थावर नामकर्मके उदयके सम्बन्धसे दो भेद किये गये हैं—एकेन्द्रिय और द्वीन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय तक। जिन जीवोंके एकेन्द्रिय जातिनामकर्मका उदय पाया जाता है उनके स्थावर नामकर्मका भी उदय हुआ करता है और जिनके द्वीन्द्रियसे लेकर पचेन्द्रियतककी किसी भी जातिका उदय होता है उनके त्रस नामकर्मका उदय हुआ करता है, क्योंकि त्रस स्थावर कर्मोंका उदय जातिका अविनाभावी—उससे अविरुद्ध बताया गया है। जिस तरह गतिसे अविरुद्ध जातिकर्मका उदय हुआ करता है उसी प्रकार जातिसे अविरुद्ध-अविनाभावी स्थावर और त्रस नामकर्मोंका उदय हुआ करता है। शरीरकर्मके उदयसे आगत नोकर्मवर्गणाओंकी रचना इन्हीं जात्यविनाभावी त्रस या स्थावर नामकर्मके उदयके अनुसार हुआ करती है। ऐसा नहीं है कि शरीरके अनुसार इन जीवविपाकी जात्यादि कर्मोंका उदय होता हो। जैसा कि गाथाके पूर्वार्धसे विदित होता है तथा देखा जाता है कि विग्रह गतिमें[2] शरीरके उदय और कार्यके पूर्व त्रस-स्थावर कर्मोदयके अनुसार जीवकी वह पर्याय और संज्ञाभिधान माना गया है। अतएव यहाँ पर कायसे शरीरका ग्रहण करके कोई भ्रममें न पड़े, इसीलिये जीवविपाकी कर्मोंके उदयसे जन्य जीवपर्यायरूप कायका लक्षण ग्रंथकारोंने स्पष्टतया बता दिया है।

पांच स्थावरोंमेसे वनस्पतिको छोड़कर बाकी पृथिवी आदि चार स्थावरोंकी उत्पत्तिका कारण बताते हैं—

पुढवी आऊ तेऊ, वाऊ कम्मोदयेण तत्थेव।
णियवण्णचउक्कजुदो, ताणं देहो हवे णियमा ॥ १८२ ॥

पृथिव्यप्तेजोवायुकर्मोदयेन तत्रैव।
निजवर्णचतुष्कयुतस्तेषां देहो भवेन्नियमात् ॥ १८२ ॥

अर्थ—पृथिवी, अप्-जल, तेज-अग्नि, वायु इनका शरीर नियमसे अपने अपने पृथिवी आदि नामकर्मके उदयसे, अपने अपने योग्य-रूप रस गन्ध स्पर्शसे युक्त पृथिवी आदिकमें बनता है।

भावार्थ—पृथिवी आदि नामकर्मके उदयसे पृथिवीकायिक आदि जीवोंके अपने अपने योग्य रूप रस गंध स्पर्शसे युक्त पृथिवी आदि पुद्गलस्कन्ध शरीररूप परिणत हो जाते[3] हैं। अर्थात् शरीर

१—त्रसनामकर्मोदयवशीकृतास्त्रसाः। स्थावरनामकर्मोदयवशवर्तिनः स्थावराः॥ त्रस्यन्तीति त्रसाः. स्थानशीलाः स्थावरा इति चेन्न, आगमविरोधात्। आगमे हि कायानुवादे त्रसा द्वीन्द्रियादारभ्य आ आयोगकेवलिन इति, तस्मान्न चलनाचलनापेक्षं त्रसस्थावरत्वं कर्मोदयापेक्षमेव ॥ स. सि. २-१२ ॥

२—विग्रहगतौ वर्तमानः पृथिवीत्वविशिष्ट स्थावरकायनामकर्मोदयकृतपर्यायः पृथिवीजीवः ॥ म. प्र ॥

३—जी. प्र. तथा म. प्र. दोनों टीकाओंमें पृथिवी आदि स्थावरोंके तीन भेद बताये गये हैं—पृथिवीकाय, पृथिवीकायिक, पृथिवीजीव। किन्तु "सर्वार्थसिद्धि" आदिमें एक एक सामान्य पृथिवी, जल, अग्नि वायु और वनस्पति भेद भी बताकर चार चार भेद कहे हैं।

योग्य प्राप्त नोकर्मवर्गणाओंका परिणाम और रचना जात्यविनाभावी स्थावर या त्रस नामकर्म एवं उनके अवान्तर भेदरूप जीवविपाकी कर्मके उदयके अनुरूप हुआ करती है।

शरीरके भेद और उनके लक्षण कारण सहित बताते हैं—

बादरसुहुमुदयेण य, बादरसुहुमा हवंति तद्देहा।
घादसरीरं थूलं, अघाददेहं हवे सुहुमं ॥ १८३ ॥

बादरसूक्ष्मोदयेन च बादरसूक्ष्मा भवन्ति तद्देहाः।
घातशरीरं स्थूलमघातदेहं भवेत् सूक्ष्मम् ॥ १८३ ॥

अर्थ—बादर नामकर्मके उदयसे बादर और सूक्ष्म नामकर्मके उदयसे सूक्ष्म शरीर हुआ करता है। जो शरीर दूसरेको रोकनेवाला हो अथवा जो स्वय दूसरेसे रुके उसको बादर-स्थूल कहते हैं और जो दूसरेको न तो रोके और न स्वय दूसरेसे रुके उसको सूक्ष्म शरीर कहते हैं।

भावार्थ—नामकर्मके भेदोमें जाति, स्थावर, त्रस ये तीन भेद जिस तरह जीवविपाकी कर्मोंके भेद हैं, जो कि कायकी उत्पत्ति या व्यपदेशमे मुख्य अन्तरग कारण है। उसी प्रकार शरीरके दो प्रकार बादर और सूक्ष्म होनेमे भी नामकर्मके दो जीवविपाकी ही कर्म—बादर और सूक्ष्म कारण हैं। जो जीव बादर नामकर्मके उदयसे युक्त हैं उनके शरीरनामकर्मके उदयसे सचित नोकर्म-वर्गणाओंकी बादर शरीररूप रचना हुआ करती है और जो जीव सूक्ष्म नामकर्मके उदयसे युक्त हैं उनके शरीर नामकर्मके उदयसे प्राप्त शरीर योग्य नोकर्मवर्गणाओसे सूक्ष्म शरीरका परिणमन हुआ करता है। अतएव आशय इस प्रकार समझना चाहिये कि जिनका शरीर बादर है वे जीव बादर है और जिनका शरीर सूक्ष्म है वे जीव सूक्ष्म है, क्योकि कार्य कारणका ज्ञापक हुआ करता है।

शरीरका प्रमाण बताते है—

तद्देहमंगुलस्स, असंखभागस्स विंदमाणं तु।
आधारे थूला ओ[1], सव्वत्थ णिरंतरा सुहुमा ॥ १८४ ॥

तद्देहमंगुलस्यासख्यभागस्य वृन्दमानं तु।
आधारे स्थूलाः ओ सर्वत्र निरन्तराः सूक्ष्माः ॥ १८४ ॥

अर्थ—बादर और सूक्ष्म दोनो ही तरहके शरीरोका प्रमाण घनागुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इनमेसे स्थूल शरीर आधारकी अपेक्षा रखता है। किन्तु सूक्ष्म शरीर विना अन्तर-व्यवधानके ही सब जगह अनन्तानन्त भरे हुए है। उनको आधारकी अपेक्षा नही रहा करती।

भावार्थ—बादर सूक्ष्म जीवोकी अवगाहनाका प्रमाण जीवसमासमे निरूपित ६४ अव-गाहना स्थानोके वर्णनसे जाना जा सकता है। उससे यह बात भी मालूम हो जायगी कि जिस अवगाहनामे पुद्गलके अणु अधिक हो वह बादर और जिससे कम हो वह सूक्ष्म, ऐसा नही है। क्योकि यद्यपि उक्त अवगाहना स्थानोमे सबसे जघन्य अवगाहना सूक्ष्म (सूक्ष्मनिगोदियालब्ध्य-पर्याप्तक) जीवकी और उत्कृष्ट अवगाहना बादर (महामत्स्य) जीवकी है। फिर भी मध्यके भेदोमे अनेक स्थान ऐसे है जिनकी कि सूक्ष्म होते हुए भी अवगाहनाका प्रमाण बादरस्थानकी अपेक्षा

---

१. इस गाथामें यह "ओ" शब्द केवल शिष्योके सम्बोधन में आया है।

अधिक है। अतएव समझना चाहिये कि बादर-सूक्ष्म भेद अवगाहनाके अणुओंकी अधिकता या अल्पतापर निर्भर नहीं हैं। किन्तु उनके परिणमनकी विशेषता पर वे निर्भर हैं। अतएव जो शरीर घातरूप है जो दूसरेसे स्वयं रुकता या दूसरेको रोकता है वह बादर है और जो न किसीसे रुकता या न किसीको रोकता है वह सूक्ष्म शरीर है। बादर जीवोंका शरीर बादर और सूक्ष्म जीवोंका शरीर सूक्ष्म हुआ करता है। आगे भी[1] प्रत्येकशरीर-साधारणशरीर आदि शब्दोंका अर्थ इसी प्रकार समझना चाहिये।

वनस्पतिकायका स्वरूप और उसके भेद बताते हैं—

उदये दु वणप्फदिकम्मस्स य जीवा वणप्फदी होंति।
पत्तेयं सामण्णं, पदिट्ठिदिदरे त्ति पत्तेयम् ॥ १८५ ॥

उदये तु वनस्पतिकर्मणश्च जीवा वनस्पतयो भवन्ति।
प्रत्येकं सामान्यं प्रतिष्ठितेतरे इति प्रत्येकम् ॥ १८५ ॥

अर्थ—स्थावर नामकर्मका अवान्तर विशेष भेद जो वनस्पति नामकर्म है उसके उदयसे जीव वनस्पति होते हैं। उनके दो भेद है—एक प्रत्येक दूसरा साधारण। प्रत्येकके भी दो भेद हैं; प्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित।

भावार्थ—जो एक ही जीव प्रत्येक वनस्पति नामकर्मके उदयसे युक्त होकर पूरे एक शरीरका मालिक हो उस जीवको प्रत्येक वनस्पति कहते हैं। जिस एक ही शरीरमे अनेक जीव समानरूपसे रहे उस शरीरको साधारण शरीर कहते है। और इस तरहके साधारण-शरीरके धारण करनेवाले उन जीवोंको साधारण वनस्पति जीव कहते हैं, क्योंकि इनके साधारण-वनस्पति नामकर्मका उदय पाया जाता है। प्रत्येक वनस्पतिके भी दो भेद है एक प्रतिष्ठित दूसरे अप्रतिष्ठित। प्रतिष्ठित प्रत्येक उसको कहते हैं कि जिस एक ही जीवके उस विवक्षित शरीरमे मुख्यरूपसे-व्यापक होकर रहनेपर भी उसके आश्रयसे दूसरे अनेक निगोदिया जीव भी रहे। किन्तु जहाँपर यह बात नहीं है,—एक जीवके मुख्यतया रहते हुए भी उसके आश्रयसे दूसरे निगोदिया जीव नहीं रहते उनको अप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं।

वनस्पति जीवोंके अवान्तर भेदोंको प्रकारान्तरसे बताते हैं—

मूलग्गपोरबीजा, कंदा तह खंदबीज बीजरुहा।
सम्मुच्छिमा य भणिया, पत्तेयाणंतकाया य ॥ १८६ ॥

मूलाग्रपर्वबीजा कन्दास्तथा स्कन्धबीजबीजरुहाः।
सम्मूर्छिमाश्च भणिताः प्रत्येकानन्तकायाश्च ॥ १८६ ॥

अर्थ—जिन वनस्पतियोंका बीज, मूल, अग्र, पर्व, कन्द अथवा स्कन्ध है। अथवा जो बीजसे उत्पन्न होती हैं यद्वा जो सम्मूर्च्छन हैं वे सभी वनस्पतियां सप्रतिष्ठित तथा अप्रतिष्ठित दोनो प्रकारकी होती है।

---

१. एकं प्रति नियतं प्रत्येकं, एकजीवस्य शरीरमित्यर्थः। प्रत्येकं शरीरं येषां ते प्रत्येकशरीरा' (जीवा) समानमेव सामान्यं। सामान्यं शरीरं येषां ते सामान्यशरीराः। जी. प्र. गा. १८५॥

भावार्थ—वनस्पति अनेक प्रकारकी होती है। कोई तो मूलसे उत्पन्न होती है, जैसे अदरख हल्दी आदि। कोई अग्रसे उत्पन्न होती है, जैसे गुलाब, आर्यका, उदीची आदि। कोई पर्व-पंगोलीसे उत्पन्न होती है, जैसे ईख, बेंत आदि। कोई कन्दसे उत्पन्न होती है, जैसे पिंडालू, सूरण आदि। कोई स्कन्धसे उत्पन्न होती है, जैसे सल्लकी, कटकी, पलाश, ढाक आदि। कोई अपने अपने बीजसे उत्पन्न होती है, जैसे गेहूँ, चना, धान आदि। कोई सम्मूर्छन-मिट्टी जल आदिके सम्बन्धसे ही उत्पन्न हो जाती है, जैसे घास आदि। ये सब ही वनस्पति सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक इस तरह दोनों प्रकारकी हुआ करती है।

यह बात भी ध्यानमे रहनी चाहिये कि यहाँपर बताये गये वनस्पतिके भेदोमे एक भेद सम्मूर्च्छन भी बताया है वह वनस्पतिके अनेक कारणजन्य प्रकारोमेसे एक प्रकार है। जिसका आशय इतना ही है कि उसकी उत्पत्तिका कोई बीज निश्चित नही है। जैसा कि अन्य वनस्पतियोके मूल आदि बीज निश्चित हैं। जन्मके तीन (सम्मूर्छन गर्भ उपपाद) प्रकारोमेसे एक सम्मूर्च्छन भेद है। वह तो एकेन्द्रिय जीवोसे लेकर ससारी जीवोंमें चतुरिन्द्रिय तक सभी जीवोका तथा किन्ही-किन्ही पंचेन्द्रिय जीवोंका भी हुआ करता है। दोनो ही सम्मूर्च्छनोमें सामान्य विशेषका अन्तर है। सम्मूर्च्छन जन्म सामान्य है और यह भेद विशेष है।

सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकी पहचान—चिह्न बताते हैं।

गूढसिरसंधिपव्वं, समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं।
साहारणं सरीरं, तव्विवरीयं च पत्तेयं॥ १८७॥

गूढशिरासन्धिपर्वं समभङ्गमहीरुकं च छिन्नरुहम्।
साधारणं शरीरं तद्विपरीत च प्रत्येकम्॥ १८७॥

अर्थ—जिनकी शिरा—बहिः स्नायु, सन्धि-रेखाबन्ध, और पर्व—गांठ अप्रकट हो, और जिसका भग करनेपर समान भग हो, और दोनो भंगोमे परस्पर हीरुक—अन्तर्गत सूत्र-तन्तु न लगा रहे, तथा छेदन करने पर भी जिसकी पुनः वृद्धि हो जाय, उनको सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कहते है। और जो विपरीत हैं—इन चिन्होसे रहित है वे सब अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कही गयी हैं।

भावार्थ—यद्यपि वनस्पतिके जो दो भेद गिनाये हैं उनमे प्रत्येकसे साधारण भेद भिन्न ही है। परन्तु यहाँपर साधारण जीवोसे आश्रित होनेके कारण उपचारसे ताल[2] नालिकेर तिंतिणीक आदि प्रत्येक वनस्पतिके भेदोको भी साधारण शब्दसे कह दिया है।

मूले कंदे छल्ली, पवाल सालदलकुसुम फलबीजे।
समभंगे सदि णंता, असमे सदि होंति पत्तेया॥ १८८॥

मूले कन्दे त्वक्प्रवालशालादलकुसुमफलबीजे।
समभंगे सति नान्ता असमे सति भवन्ति प्रत्येका॥ १८८॥

---

१. मं. प्र टीकाकारने इन तीन गाथाओंको माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवकी बताया है। उन्होंने इस गाथाको १९० नं० पर और उसको यहाँ नं. १८७ पर रक्खा है। जी. प्र. मे ऐसा नही है।

२. सं. टीकाकारने तालका और पं. टोडरमलजीसा. ने उसकी जगह आम्रका उदाहरण दिया है।

अर्थ—जिन वनस्पतियोंके मूल, कन्द, त्वचा, प्रवाल-नवीन कोंपल अथवा अंकुर, क्षुद्रशाखा-टहनी, पत्र, फूल, फल, तथा बीजोंको तोडनेसे समान भग हो, विना ही हीरुकके भग हो जाय, उसको सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कहते हैं। और जिनका भग समान न हो उनको अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कहते हैं।

कंदस्स व मूलस्स व, सालाखंदस्स वावि बहुलतरा।
छल्ली साणंतजिया, पत्तेयजिया तु तणुकदरी ॥ १८९ ॥

कन्दस्य वा मूलस्य वा शाखास्कन्धस्य वापि बहुलतरी।
त्वक् सा अनन्तजीवा प्रत्येकजीवा तु तनुकतरी ॥ १८९ ॥

अर्थ—जिस वनस्पतिके कन्द मूल क्षुद्रशाखा या स्कन्धकी छाल मोटी हो उसको अनन्तजीव-सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं। और जिसकी छाल पतली हो उसको अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कहते हैं।

बीजे जोणीभूदे, जीवो चंकमदि सो व अण्णा वा।
जे वि य मूलादीया, ते पत्तेया पढमदाए ॥ १९० ॥

बीजे योनीभूते जीवः चंक्रामति स वा अन्यो वा।
येऽपि च मूलादिकास्ते प्रत्येका. प्रथमतायाम् ॥ १९० ॥

अर्थ—जिस योनीभूत बीजमे वही जीव या कोई अन्य जीव आकर उत्पन्न हो वह और मूल आदिक वनस्पतियां प्रथम अवस्थामे अप्रतिष्ठित प्रत्येक होती हैं।

भावार्थ—ग्रन्थकर्ता आचार्य, ऊपर गाथा नं १८६ मे प्रत्येक वनस्पतिके जो भेद बता चुके हैं उन्हीके विषयमे यहाँपर दो विशेष बाते बता रहे हैं। एक तो यह कि जब वे मूल आदिक बीज पर्यन्त सभी वनस्पतियाँ बीजरूपमे होती हैं, उनके पुद्गल स्कन्ध इस योग्य रहते हैं कि उनमे रहने-वाले जीवके निकल जानेपर भी वाह्य कारणोके मिलते ही पुनः उनमे जीव आकर उत्पन्न हो सकता है। अर्थात् जबतक उनमेसे अङ्कुर उत्पन्न करनेकी शक्ति नष्ट नही हुई है तबतक उनमे या तो वही जीव आकर उत्पन्न हो जाता है जो कि पहले उनमे था। या कोई दूसरा जीव भी कही अन्यत्रसे मरण करके आकर उत्पन्न हो जा सकता है।

दूसरी बात यह कि वे मूल कन्द आदि सभी वनस्पतिया जिनको पहले सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहा है वे अपनी उत्पत्तिके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मूहूर्त पर्यन्त अप्रतिष्ठित प्रत्येक ही रहती हैं।

इस प्रकार प्रत्येक और साधारणके भेदसे दो प्रकारकी वनस्पतियोमे से प्रत्येकका वर्णन करके अब क्रमसे साधारण वनस्पतिका वर्णन करते हैं।

साहारणोदयेण णिगोदसरीरा[1] हवंति सामण्णा।
ते पुण दुविहा जीवा, वादर सुहुमा त्ति विण्णेया ॥ १९१ ॥

---

१ नि-गो-द = नियतां निश्चिता गा भूमिमाश्रयं ददाति यत् तत् निगोद शरीर येषां ते निगोदशरीरा। अर्थात् एकस्मिन्नेव नियते शरीरे ये अनन्तानन्ता अपि जीवा 'समानरूपेण वसन्ति ते' निगोदशरीराः "साधारणा भण्यन्ते। साधारण शरीरं येषा ते" इत्यादि षट् खं. १ पृ. २६१।

साधारणोदयेन निगोदशरीरा भवन्ति सामान्याः।
ते पुनर्द्विविधा जीवा बादर-सूक्ष्मा इति विज्ञेयाः॥ १९१ ॥

अर्थ—जिन जीवोंका शरीर साधारण नामकर्मके उदयके कारण निगोदरूप होता है उन्हींको सामान्य या साधारण कहते है। इनके दो भेद हैं—एक बादर दूसरा सूक्ष्म।

भावार्थ—जिन जीवोके साधारण नामकर्मका उदय होता है उनका शरीर इस प्रकार होता है कि जो अनन्तानन्त जीवोको समानरूपसे आश्रय दे सके। इस शरीरमे एक जीव मुख्य नही रहता अनन्तानन्त जीव रहते है और वे भी सब समानरूपसे रहते हैं। यही कारण है कि इन जीवो का नाम सामान्य या साधारण है। इनके दो भेद हैं—एक बादर दूसरा सूक्ष्म।

इनको साधारण क्यों कहते हैं यह बतानेके लिये इनका स्वरूप या लक्षण बताते हैं—

साहारणमाहारो, साहारणमाणपाणगहणं च।
साहारणजीवाणं, साहारणलक्खणं भणियं[1] ॥ १९२ ॥

साधारणमाहारः साधारणमानपानग्रहणं च।
साधारणजीवाना साधारणलक्षणं भणितम्॥ १९२ ॥

अर्थ—इन साधारण जीवोका साधारण अर्थात् समान ही तो आहार होता है और साधारण-समान अर्थात् एक साथ ही श्वासोच्छ्वासका ग्रहण होता है। इस तरहसे साधारण जीवोका लक्षण परमागममें साधारण ही बताया है।

भावार्थ—साथ ही उत्पन्न होनेवाले जिन अनन्तानन्त साधारण जीवोंकी आहारादि पर्याप्ति और उनके कार्य सदृश तथा समान कालमे होते हो उनको साधारण जीव कहते है।

जत्थेक्क[2] मरइ जीवो, तत्थ दु मरणं हवे अणंताणं।
वक्कमइ जत्थ एक्को, वक्कमणं तत्थ णंताणं ॥ १९३ ॥

यत्रैको म्रियते जीवस्तत्र तु मरणं भवेदनन्तानाम्।
प्रक्रामति यत्र एकः प्रक्रमणं तत्रानन्तानाम्॥ १९३ ॥

अर्थ—साधारण जीवोमें जहाँपर एक जीव मरण करता है वहांपर अनन्त जीवोका मरण होता है और जहाँपर एक जीव उत्पन्न होता है वहाँ अनन्त जीवोका उत्पाद होता है।

भावार्थ—साधारण जीवोंमें उत्पत्ति और मरणकी अपेक्षा भी सादृश्य है। प्रथम समयमें उत्पन्न होनेवाले साधारण जीवोंकी तरह द्वितीयादि समयोमे भी उत्पन्न होनेवाले साधारण जीवोका जन्म मरण साथ ही होता है। यहाँ इतना विशेष समझना कि एक बादर निगोद शरीरमे या सूक्ष्म निगोद शरीरमें साथ ही उत्पन्न होनेवाले अनन्तानन्त साधारण जीव या तो पर्याप्तक ही होते हैं या अपर्याप्तक ही होते हैं किन्तु मिश्ररूप नही होते, क्योकि उनके समान कर्मोदयका नियम है।

---

१ षट् खं. गाथा नं. १४५। षट् खं ३ गा नं. ७४।

२. जत्थेक्कु. वक्कमदि, इति षट् खं १ गाथा नं. १४६।

वादर निगोदिया जीवोंके शरीरके आधारके स्वरूप प्रतिपादन करते हुए दो गाथाओ द्वारा वताते हैं—

खंधा असंखलोगा, अंडरआवासपुलविदेहा वि।
हेट्ठिल्लजोणिगाओ, असंखलोगेण गुणिदकमा ॥ १९४ ॥

स्कन्धा असंख्यलोका अंडरावासपुलविदेहा अपि।
अधस्तनयोनिका असंख्यलोकेन गुणितक्रमा[1] ॥ १९४ ॥

अर्थ—स्कन्धोका प्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण है। और अंडर आवास पुलवि तथा देह ये क्रमसे उत्तरोत्तर असख्यात लोक असंख्यात लोक गुणित हैं, क्योकि वे सभी अधस्तनयोनिक हैं—इनमें पूर्व पूर्व आधार और उत्तरोत्तर आधेय हैं।

भावार्थ—अपने योग्य असंख्यातका लोकके समस्त प्रदेशोंसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उतना समस्त स्कन्धोका प्रमाण है। और एक एक स्कन्धमे असख्यात लोकप्रमाण अंडर हैं, एक एक अंडरमें असंख्यात लोकप्रमाण आवास हैं, एक एक आवासमें असंख्यात लोकप्रमाण पुलवि हैं। एक एक पुलविमे असंख्यात लोकप्रमाण बादर निगोदिया जीवोके शरीर है। इसलिये जब एक स्कन्धमे असख्यात लोकप्रमाण अडर हैं तब समस्त स्कन्धोमे कितने अडर होगे? इस प्रकार इनका त्रैराशिक करनेसे अडरोंका प्रमाण निकलता है। इसी तरह आगे भी त्रैराशिक करनेसे आवास पुलवि तथा देह इनका भी उत्तरोत्तर क्रमसे असख्यात लोक असख्यात लोक गुणा प्रमाण निकलता है।

इस बातको दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट करके बताते हैं—

जम्बूदीवं भरहो, कोसलसागेदतग्घराइं वा।
खंधंडरआवासा, पुलविशरीराणि दिट्ठंता ॥ १९५ ॥

जम्बूद्वीपो भरत. कोशलसाकेततद्गृहाणि वा।
स्कन्धाण्डरावासा. पुलविशरीराणि दृष्टान्ता ॥ १९५ ॥

अर्थ—जम्बूद्वीप भरतक्षेत्र कोशलदेश साकेता-अयोध्यानगरी और साकेता नगरीके घर ये क्रमसे स्कन्ध अंडर आवास पुलवि और देहके दृष्टान्त हैं।

भावार्थ—जिस प्रकार जम्बूद्वीप आदिक एक एक द्वीपमे भरतादिक अनेक क्षेत्र, एक एक भरतादि क्षेत्रमें कोशल आदि अनेक देश, और एक एक कोशल आदि देश मे अयोध्या आदि अनेक नगरी, और उन एक एक नगरीमें अनेक घर होते हैं। उसी प्रकार एक एक स्कन्धमे असंख्यात लोक असंख्यात लोकप्रमाण अंडर, एक एक अंडरमे असख्यात लोक असख्यात लोकप्रमाण आवास, एक एक आवासमें असंख्यात लोक असख्यात लोकप्रमाण पुलवि, और एक एक पुलविमें असंख्यात लोक असंख्यात लोकप्रमाण बादर निगोदिया जीवोंके शरीर होते हैं।

---

१. स्कन्ध अंडर आवास आदि प्रत्येक जीवोंके शरीरविशेष हैं।

उक्त एक एक निगोदशरीरमें द्रव्यकी अपेक्षासे जीवोका प्रमाण कितना है सो बताते है—

एगणिगोदसरीरे, जीवा दव्वप्पमाणदो दिट्ठा ।
सिद्धेहिं अणंतगुणा, सव्वेण विदीदकालेण[1] ॥ १९६ ॥

एकनिगोदशरीरे जीवा द्रव्यप्रमाणतो दृष्टाः ।
सिद्धैरनन्तगुणाः सर्वेण व्यतीतकालेन ॥ १९६ ॥

अर्थ—समस्त सिद्धराशिका और सम्पूर्ण अतीत कालके समयोका जितना प्रमाण है द्रव्यकी अपेक्षासे उनसे अनन्तगुणे जीव एक निगोदशरीरमे रहते है ।

भावार्थ—यहाँपर कालके आश्रयसे एक शरीरमे पाये जानेवाले जीवोकी सख्या बताई गई है। क्षेत्र तथा भावकी अपेक्षासे उनकी सख्या आगमके अनुसार जानी जा सकती है ।

नित्यनिगोदका स्वरूप या लक्षण बताते हैं—

अत्थि अणंता जीवा, जेहिं ण पत्तो तसाण परिणामो ।
भावकलंकसुपउरा, णिगोदवासं ण मुंचंति[2] ॥ १९७ ॥

सन्ति अनन्ता जीवा यैर्न प्राप्तः त्रसानां परिणामः ।
भावकलङ्कसुप्रचुरा निगोदवास न मुञ्चन्ति ॥ १९७ ॥

अर्थ—ऐसे अनन्तानन्त जीव हैं कि जिन्होने त्रसोकी पर्याय अभी तक कभी भी नही पाई है। और जो निगोद अवस्थामे होनेवाले दुर्लेश्यारूप परिणामोसे अत्यन्त अभिभूत रहनेके कारण निगोदस्थानको कभी नही छोडते ।

भावार्थ—निगोदके दो[3] भेद है। एक नित्य निगोद दूसरा चतुर्गति निगोद। जिसने कभी त्रस पर्यायको प्राप्त कर लिया हो उसको चतुर्गति निगोद कहते है। और जिसने अभीतक कभी भी त्रस पर्यायको न पाया हो, अथवा जो भविष्यमे भी कभी त्रस पर्यायको नही पावेगा उसको नित्यनिगोद कहते हैं, क्योकि नित्य शब्दके दोनो ही अर्थ होते है एक तो अनादि[4] दूसरा अनादि अनन्त। इन दोनो ही प्रकारके जीवोको सख्या अनन्तानन्त है ।

गाथामे आया हुआ 'प्रचुर' शब्द प्रायः अथवा आभीक्ष्ण्य अर्थको सूचित[5] करता है। अतएव छह महीना आठ समयमे छहसौ आठ जीवोके उसमेसे निकलकर मोक्षको चले जाने पर भी कोई बाधा नही आती ।

इस तरह स्थावर कायके पाँचों भेदोका वर्णन समाप्त हो जाने पर अब क्रमानुसार त्रसकायका वर्णन अवसर प्राप्त है उसमे सबसे प्रथम दो गाथाओमे त्रस जीवो का स्वरूप भेद और उनका क्षेत्र आदि बताते है—

---

१. षट्खं. १ गा. १४७, २१० । तथा खं. ४ गा, ४३ ।

२. षट्ख १ गा, १४८, खं. ४ गा. ४२ । किन्तु तत्र "भावकलंकइपउरा" इति पाठ ।

३. देखो गाथा नं० ७३ "णिच्चचदुग्गदिणिगोदथूलिदरा" इति ।

४ चतुर्गति निगोदमे कितने ही जीव सादि सान्त निगोदभवके धारण करनेवाले भी हुआ करते हैं।

५. जी, प्र. तथा मं. प्र. टीका ।

बिहि तिहि चहुहिं पंचहिं, सहिया जे इंदिएहिं लोयम्हि ।
ते तसकाया जीवा, णेया वीरोवदेसेण ॥ १९८ ॥

द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिः पंचभिः सहिता ये इन्द्रियैर्लोके ।
ते त्रसकाया जीवा ज्ञेया वीरोपदेशेन ॥ १९८ ॥

अर्थ—जो जीव दो तीन चार पाँच इन्द्रियोंसे युक्त हैं उनको वीर भगवानके उपदेशानुसार त्रस काय समझना चाहिये।

भावार्थ—पूर्वोक्त स्पर्शनादिक पांच इन्द्रियोमेंसे आदिकी दो, तीन, चार, या पाँच इन्द्रियोंसे जो युक्त हैं उनको त्रस कहते हैं। अत एव इन्द्रियोकी अपेक्षासे त्रसोंके चार भेद हो जाते हैं—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय।

उववादमारणंतिय, परिणदतसमुज्झिऊण सेसतसा ।
तसणालिबाहिरम्हि य, णत्थि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥ १९९ ॥

उपपादमारणान्तिकपरिणतत्रसमुज्झित्वा शेषत्रसाः ।
त्रसनालीबाह्ये च न सन्तीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥ १९९ ॥

अर्थ—उपपाद जन्मवाले और मारणान्तिक समुद्घातवाले त्रस जीवोको छोड़कर बाकीके त्रस जीव त्रसनालीके बाहर नहीं रहते यह जिनेन्द्रदेवने कहा है।

भावार्थ—किसी भी विवक्षित भवके प्रथम समयकी पर्यायको उपपाद कहते हैं। अपनी आयुके अन्तिम अन्तर्मुहूर्तमें जो समुद्घात होता है उसको मारणान्तिक समुद्घात कहते हैं। लोकके बिलकुल मध्यमें एक एक राजू चौड़ी और मोटी तथा चोदह राजू ऊंची नाली है अर्थात् इस तरह के लम्बाई चौडाई ऊँचाई वाला जो लोकका मध्यवर्ती प्रदेश है उसको त्रसनाली कहते हैं, क्योंकि त्रस जीव इसके भीतर ही रहते हैं—बाहर नहीं रहते। किन्तु उपपाद जन्मवाले और मारणान्तिक समुद्घातवाले त्रस, तथा इस गाथामें च शब्दको ग्रहण किया है इसलिये केवलसमुद्घातवाले भी त्रस जीव त्रसनालीके बाहर कदाचित् रहते हैं। वह इस प्रकारसे कि लोकके अन्तिम वातवलयमें स्थित कोई जीव मरण करके विग्रहगति द्वारा त्रसनालिमें त्रसपर्यायसे उत्पन्न होनेवाला है, वह जीव जिस समयमें मरण करके प्रथम मोड़ा लेता है उस समयमें त्रसपर्यायको धारण करने पर भी त्रसनालीके बाहर है। इसलिये उपपादकी अपेक्षा त्रस जीव त्रसनालीके बाहर रहता है। इस ही प्रकार त्रसनालीमें स्थित किसी त्रसने मारणान्तिक समुद्घातके द्वारा त्रसनालीके बाहिरके प्रदेशोंका स्पर्श किया, क्योंकि उसको मरण करके वहीं उत्पन्न होना है, तो उस समयमें भी त्रस जीवका अस्तित्व त्रसनालीके बाहिर पाया जाता है। इस ही तरह जब केवली केवलसमुद्घातके द्वारा त्रसनालीके बाह्य प्रदेशोंका स्पर्श करते हैं उस समयमें भी त्रसनालीके बाहर त्रस जीवका सद्भाव पाया जाता है। परन्तु इन तीन अवस्थाओंको छोड़कर अन्य किसी भी अवस्थामें त्रस जीव त्रसनालीके बाहर नहीं पाये जाते या नहीं रहा करते।

ऊपर जिस तरह वनस्पतियोंमें प्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित ये दो भेद बताये हैं उस ही तरह दूसरे जीवोंमें भी ये दो भेद पाये जाते हैं यह विशेष बात बताते हैं—

पुढवीआदिचउण्हं, केवलिआहारदेवणिरयंगा ।
अपदिट्ठिदा णिगोदेहिं, पदिट्ठिदंगा हवे सेसा ॥ २०० ॥

पृथिव्यादिचतुर्णां केवल्याहारदेवनिरयागानि ।
अप्रतिष्ठितानि निगोदै. प्रतिष्ठितांगा भवन्ति शेषा· ॥ २०० ॥

अर्थ—पृथिवी, जल अग्नि और वायुकायिक जीवोका शरीर तथा केवलियोका शरीर आहारकशरीर और देव-नारकियोका शरीर बादर निगोदिया जीवोसे अप्रतिष्ठित[1] है। शेष वनस्पतिकायके जीवोका शरीर तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय तिर्यंच और मनुष्योंका शरीर निगोदिया जीवोसे प्रतिष्ठित है।

स्थावरकायिक और त्रसकायिक जीवोका आकार बताते हैं—

मसुरंवुबिंदुसूई, कलावधयसण्णिहो हवे देहो ।
पुढवीआदिचउण्हं, तरुतसकाया अणेयविहा ॥ २०१ ॥

मसूराम्बुबिन्दुसूचीकलापध्वजसन्निभो भवेद्देह· ।
पृथिव्यादिचतुर्णां तरुत्रसकाया अनेकविधाः ॥ २०१ ॥

अर्थ—मसूर (अन्नविशेष) जलकी बिन्दु, सुइयोका समूह, ध्वजा, इनके सदृश क्रमसे पृथिवी अप् तेज वायुकायिक जीवोका शरीर होता है। और वनस्पति तथा त्रसोका शरीर अनेक प्रकारका होता है।

भावार्थ—जिस तरहका मसूरादिकका आकार है उस ही तरहका पृथिवीकायिकादिकका शरीर होता है, किन्तु वनस्पति और त्रसोंका शरीर अनियत संस्थान होनेसे एक प्रकारका नही किन्तु अनेक प्रकारकी भिन्न-भिन्न आकृतियोवाला ही हुआ करता है। ध्यान रहे पृथ्वीकायिकादिके जो दृष्टिगोचर शरीर है वे अनेकों जीवोके शरीरोके समूहरूप हैं, अतएव उनका नियत संस्थान घनांगुलके असख्यातवे भागप्रमाण होनेसे दिखाई नही पड़ता।

इस प्रकार कायमार्गणाका निरूपण करके, अब कायविशिष्ट यह संसारी जीव कायके द्वारा ही कर्मभारका वहन करता है यह दृष्टान्त द्वारा बताते है।

जह भारवहो पुरिसो वहइ भरं गेहिऊण कावलियं ।
एमेव वहइ जीवो कम्मभरं कायकावलियं[2] ॥ २०२ ॥

यथा भारवह पुरुषो वहति भार गृहीत्वा कावटिकाम् ।
एवमेव वहति जीवः कर्म्मभरं कायकावटिकाम् ॥ २०२ ॥

अर्थ—जिस प्रकार कोई भारवाही पुरुष कावटिकाके[3] द्वारा भारका वहन करता है, उस ही प्रकार यह जीव कायरूपी कावटिकाके द्वारा कर्मभारका वहन करता है।

१ अर्थात् इतने जीवोके शरीरके आश्रय निगोदिया जीव नही रहते है।

२. षट्खं. १ गा. ८७।

३. वहंगी कावड़ी।

भावार्थ—जिस प्रकार मजूर कावटिकाके द्वारा निरन्तर बोझा ढोता है और उससे रहित होने पर सुखी होता है, उस ही प्रकार यह ससारी जीव कायके द्वारा अनत दुःखोके कारण कर्मरूपी बोझाको लेकर नाना गतियोमे लिये लिये फिरता है और उनके फलस्वरूप दुःखोंको भोगता है। तात्पर्य यह है कि इस काय और कर्मके अभावमे ही जीव परम सुखी होता है।

कायमार्गणासे रहित सिद्धोका स्वरूप बताते है—

> जह कंचणमग्गिगयं, मुंचइ किट्टेण कालियाए य।
> तह कायबंधमुक्का, अकाइया झाणजोगेण[1] ॥ २०३ ॥

> यथा कचनमग्निगतं मुच्यते किट्टेन कालिकया च।
> तथा कायबन्धमुक्ता अकायिका ध्यानयोगेन ॥ २०३ ॥

अर्थ—जिस प्रकार मलिन भी सुवर्ण अग्निके द्वारा सुसंस्कृत होकर बाह्य और अभ्यन्तर दोनों ही प्रकारके मलसे रहित हो जाता है उस ही प्रकार ध्यानके द्वारा यह जीव भी शरीर और कर्मबन्ध दोनोंसे रहित होकर सिद्ध हो जाता है।

भावार्थ—जिस प्रकार सोलह तावके द्वारा तपाये हुए सुवर्णमें बाह्य किट्टिका और अभ्यतर कालिका इन दोनो ही प्रकारके मलका बिलकुल अभाव होजानेपर फिर किसी दूसरे मलका सम्बन्ध नही होता उस ही प्रकार महाव्रत और धर्मध्यानादिसे सुसंस्कृत एवसुतप्त आत्मामेसे एक बार शुक्लध्यान रूपी अग्निके द्वारा बाह्य मल काय और अन्तरग मल कर्मके सम्बन्धके सर्वथा छूट जाने पर फिर उनका बन्ध नही होता और वे सदाके लिये काय और कर्मसे रहित होकर सिद्ध हो जाते हैं। इस तरहसे इस गाथामे आचार्यने काय मार्गणाके वर्णनका वास्तविक प्रयोजन बता दिया है।

ग्यारह गाथाओमे पृथिवी कायिकादि जीवोंकी संख्याको बताते है—

> आउड्ढरासिवारं लोगे अण्णोण्णसंगुणे तेऊ।
> भूजलवाऊ अहिया पडिभागोऽसंखलोगो दु ॥ २०४ ॥

> सार्धत्रयराशिवारं लोके अन्योन्यसगुणे तेज.।
> भूजलवायवः अधिका प्रतिभागोऽसख्यलोकस्तु ॥ २०४ ॥

अर्थ—शलाकात्रयनिष्ठापनकी विधिसे लोकका साढे तीनवार परस्पर गुणा करनेसे तेजस्कायिक जीवोका प्रमाण निकलता है। पृथिवी जल वायुकायिक जीवोका उत्तरोत्तर तेजस्कायिक जीवों की अपेक्षा अधिक अधिक प्रमाण है। इस अधिकताके प्रतिभागहारका प्रमाण असंख्यात लोक है।

भावार्थ—लोकप्रमाण (जगच्छ्रेणीके घनका जितना प्रमाण हो उसके बराबर) शलाका, विरलन, देय इस प्रकार तीन राशि स्थापन करना। विरलन राशिका विरलनकर (एक एक बखेर कर) प्रत्येक एकके ऊपर उस लोकप्रमाण देय राशिका स्थापन करना और उन देय राशियोंका परस्पर गुणा करना, और शलाका राशिमेसे एक कम करना। इस उत्पन्न महाराशिप्रमाण फिर

---

१. षट् खं १ गा. १४४।

विरलन और देय ये दो राशि स्थापन करना, तथा विरलन राशिका विरलन कर प्रत्येक एकके ऊपर देयराशि रखकर पूर्वकी तरह परस्पर गुणा करना, और शलाका राशिमेसे एक और कम करना इस ही प्रकारसे शलाका राशिमेसे एक-एक कम करते करते जब समस्त शलाका राशि समाप्त हो जाय तब उस उत्पन्न महाराशिप्रमाण फिर विरलन देय शलाका ये तीन राशि स्थापन करना, और विरलन राशिका विरलन कर और उसके प्रत्येक एकके ऊपर देयराशिको स्थापित करके देय राशिका उक्त रीतिसे ही गुणा करते करते तथा पूर्वोक्त रीतिसे ही शलाका राशिमेसे एक-एक कम करते करते जब दूसरी बार भी शलाका राशि समाप्त हो जाय, तब उत्पन्न महाराशिप्रमाण फिर तीसरी बार उक्त तीन राशि स्थापन करना। और उक्त विधानके अनुसार ही विरलन राशिका विरलन कर और देय राशिका परस्पर गुणा तथा शलाका राशिमेसे एक-एक कम करना। इस प्रकारशलाका त्रयनिष्ठापन कर चौथी वारकी स्थापित महाशलाकाराशिमेसे पहली दूसरी और तीसरी शलाका राशिका प्रमाण घटाने पर जो शेष रहे उतनी बार उक्त क्रमसे ही विरलन राशिका विरलन कर और देयराशिका परस्पर गुणा तथा शेष महाशलाका राशिमेसे एक एक कम करना। इस पद्धतिसे साढे तीनवार लोकका गुणा करने पर अन्तमे जो महाराशि उत्पन्न हो उतना ही तैजस्कायिक जीवोका प्रमाण है। इस तेजस्कायिक जीवराशिमे असख्यात लोकका भाग देने से जो लब्ध आवे उस एक भागको तैजस्कायिक जीवराशिमे मिलाने पर पृथिवीकायिक जीवोका प्रमाण निकलता है। और पृथिवीकायिक जीवोके प्रमाणमें असख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उस एक भागको पृथिवीकायिक जीवोके प्रमाणमे मिलाने पर जलकायिक जीवोका प्रमाण निकलता है। जलकायके जीवोके प्रमाणमे असख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उस एक भागको जलकायकि जीवराशिमे मिलाने पर वायुकायिक जीवोका प्रमाण निकलता है। इस तरहसे चारो धातुरूप माने गये स्थावर जीवोकी संख्या और उसका अल्पबहुत्व मालूम हो सकता है।

अपदिट्ठिदपत्तेया, असखलोगप्पमाणया होंति।
तत्तो पदिट्ठिदा पुण, असंखलोगेण संगुणिदा ॥ २०५ ॥

अप्रतिष्ठितप्रत्येका असख्यलोकप्रमाणका भवन्ति।
तत प्रतिष्ठिता पुन असख्यलोकेन सगुणिता ॥ २०५ ॥

अर्थ—अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव असंख्यात लोकप्रमाण है, और इससे भी असख्यात लोकगुणा प्रतिष्ठितप्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवोका प्रमाण है।

तसरासिपुढविआदी, चउक्कपत्तेयहीणसंसारी।
साहारणजीवाणं, परिमाणं होदि जिणदिट्ठं ॥ २०६ ॥

त्रसराशिपृथिव्यादिचतुष्कप्रत्येकहीनससारी।
साधारणजीवाना परिमाणं भवति जिनदिष्टम् ॥ २०६ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण संसारी जीवराशिमेसे त्रस राशिका[1] प्रमाण और पृथिव्यादि चतुष्क (पृथिवी

---

१. जो कि आगे गाथा नं २१२ मे बताया गया है। अर्थात् आवलीके असख्यातवे भागसे भक्त प्रतरागुलका भाग जगत्प्रतरमें देनसे जितना प्रमाण रहे।

अप् तेज वायु) तथा प्रत्येक वनस्पतिकायका प्रमाण जोकि ऊपर बताया गया है घटाने पर जो शेष रहे उतना ही साधारण जीवोंका प्रमाण है, ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

सगसगअसंखभागो, बादरकायाण होदि परिमाणं।
सेसा सुहमपमाणं, पडिभागो पुव्वणिद्दिट्ठो ॥२०७॥

स्वकस्वकासंख्यभागो बादरकायानां भवति परिमाणम्।
शेषाः सूक्ष्मप्रमाणं प्रतिभागः पूर्वनिर्दिष्टः ॥ २०७ ॥

अर्थ—अपनी अपनी राशिका असंख्यातवां भाग बादरकायिक जीवोंका प्रमाण है और शेष बहुभाग सूक्ष्म जीवोंका प्रमाण है। इसके प्रतिभागहारका प्रमाण पूर्वोक्त असंख्यात लोक प्रमाण है।

भावार्थ—पृथिवी कायिकादि जीवोंकी अपनी अपनी राशिमें असंख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना अर्थात् एक भागप्रमाण तो बादरजीवोंका प्रमाण होता है और शेष बहुभागप्रमाण सूक्ष्म जीवोंका प्रमाण है।

सूक्ष्म जीवोंमें भी पर्याप्तक और अपर्याप्तकोंका प्रमाण कारण सहित बताते हैं।

सुहुमेसु संखभागं, संखा भागा अपुण्णगा इदरा।
जस्सि अपुण्णद्धादो, पुण्णद्धा संखगुणिदकमा ॥ २०८ ॥

सूक्ष्मेषु संख्यभागः संख्या भागा अपूर्णकाः इतरे।
यस्मादपूर्णाद्धातः पूर्णाद्धा संख्यगुणितक्रमाः ॥ २०८ ॥

अर्थ—सूक्ष्म जीवोंमें अपनी अपनी राशिके संख्यात भागोंमेंसे एक भागप्रमाण अपर्याप्तक और बहुभागप्रमाण पर्याप्तक हैं। कारण यह है कि अपर्याप्तकके कालसे पर्याप्तकका काल संख्यात गुणा है[1]।

भावार्थ—मृदु पृथ्वीकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट आयुका प्रमाण बारह हजार वर्ष, कठोर पृथ्वीकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट आयुका प्रमाण २२ हजार वर्ष, जलकायिक जीवोंकी ७ हजार वर्ष, तेजस्कायिक जीवोंकी तीन दिन, वातकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट आयुका प्रमाण तीन हजार वर्ष और वनस्पतिकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट आयुका प्रमाण १० हजार वर्षप्रमाण है। किन्तु अपर्याप्तक अवस्थाका काल केवल अन्तर्मुहूर्त मात्र ही है। अतएव अपर्याप्तक अवस्थासे पर्याप्तक अवस्थाका सचय काल सख्यातगुणा हो जानेसे अपर्याप्तकोंकी अपेक्षा पर्याप्तक जीवोंका प्रमाण संख्यातगुणा हो जाता है।

पल्लासंखेज्जवहिद, पदरंगुलभाजिदे जगप्पदरे।
जलभूणिपबादरया पुण्णा आवलि असंखभजिदकमा ॥ २०९ ॥

पल्यासंख्यातावहितप्रतरांगुलभाजिते जगत्प्रतरे।
जलभूनिपबादरकाः पूर्णा आवल्यसंख्यभजितक्रमाः ॥२०९॥

---

१. यहां पर जीवोंकी संख्या और उनका अल्पबहुत्व कालकी अपेक्षासे बताया गया है।

अर्थ—पल्यके असंख्यातवे भागसे भक्त प्रतरागुलका जगत्प्रतरमें भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना बादर पर्याप्त जलकायिक जीवोका प्रमाण है। इसमे आवलिके असख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध रहे उतना बादर पर्याप्त पृथिवीकायिक जीवोका प्रमाण है। इसमे भी आवलिके असख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध रहे उतना सप्रतिष्ठित प्रत्येक पर्याप्त जीवराशिका प्रमाण होता है। पूर्वकी तरह इसमे भी आवलिके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध रहे उतना अप्रतिष्ठित प्रत्येक पर्याप्त जीवराशिका प्रमाण होता है।

विंदावलिलोगाणमसंखं संखं च तेउवाऊणं।
पज्जताण पमाणं, तेहिं विहीणा अपज्जत्ता ॥ २१० ॥

वृन्दावलिलोकानामसख्यं सख्यं च तेजोवायूनाम्।
पर्याप्तानां प्रमाण तैर्विहीना अपर्याप्ता. ॥ २१० ॥

अर्थ—घनावलिके[1] असंख्यात भागोमेसे एक भाग प्रमाण बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीवो का प्रमाण है। और लोकके सख्यात भागोमेसे एक भाग प्रमाण बादर पर्याप्त वायुकायिक जीवोका प्रमाण है। अपनी अपनी सम्पूर्ण राशिमेसे पर्याप्तकोका प्रमाण घटानेपर जो शेष रहे वही अपर्याप्तकोंका प्रमाण है।

भावार्थ—सूक्ष्म जीवोंका अलग वर्णन किया गया है। इसलिये "पल्लासखेज्जवहिद" और विंदावलिलोगाण" इन उपर्युक्त दोनो ही गाथाओमे बादर जीवोका ही प्रमाण समझना चाहिये। और इन दो गाथाओमें कहे हुए पर्याप्तक जीवोके प्रमाणको अपनी-अपनी सामान्य राशिमेसे घटाने पर जो शेष रहे उतना ही अपर्याप्तकोका प्रमाण है, ऐसा समझना चाहिये।

साहरणबादरेसु असंखं भागं असंखगा भागा।
पुण्णाणमपुण्णाणं, परिमाणं होदि अणुकमसो ॥ २११ ॥

साधारणबादरेषु असंख्यं भागमसख्यका भागाः।
पूर्णानामपूर्णानां परिमाणं भवत्यनुक्रमश ॥ २११ ॥

अर्थ—साधारण बादर वनस्पतिकायिक जीवोका जो प्रमाण बताया है उसके असख्यात भागोमेसे एक भाग प्रमाण पर्याप्त और बहुभागप्रमाण अपर्याप्त हैं।

भावार्थ—बादर जीवोमें पर्याप्त अवस्था अत्यन्त दुर्लभ है यह बात उनकी अल्प संख्या बताकर अचार्यने यहां प्रकट की है।

आवलिअसंखसंखेणवहिदपरगुलेण हिदपदरं।
कमसो तसतप्पुण्णा पुण्णूणतसा अपुण्णा हु ॥ २१२ ॥

आवल्यसख्यसंख्येनावहितप्रतरागुलेन हितप्रतरम्।
क्रमशस्त्रसतत्पूर्णा पूर्णोनत्रसा अपूर्णा हि ॥ २१२ ॥

---

१. आवलीके समयोका घन करने पर जो प्रमाण हो उसीको वृन्दावलि या घनावलि कहते हैं।

अर्थ—आवलीके असंख्यातवे भागसे भक्त प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही सामान्य त्रसराशिका प्रमाण है और सख्यात से भक्त प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो लब्ध आवे उतना पर्याप्त त्रस जीवोका प्रमाण है। सामान्य त्रसराशिमेसे पर्याप्तकोंका प्रमाण घटाने पर शेष अपर्याप्त त्रसोका प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—ऊपरकी गाथाकी तरह इस गाथा मे भी पर्याप्त त्रस जीवोंका प्रमाण अल्प बतानेका कारण यही है कि त्रसोंमे पर्याप्त अवस्था अत्यन्त दुर्लभ है।

बादर तेजस्कायिकादि छह जीवराशियोके प्रमाणका विशेप रूपसे ज्ञान करानेके लिये उनकी अर्द्धच्छेद संख्याको बताते हैं।

आवलिअसंखभागेणवहिदपल्लूणसायरद्धछिदा।
बादरतेपणिभूजलवादाणं चरिमसागरं पुण्णं ॥ २१३ ॥

आवल्यसख्यभागेनावहितपल्योनसागरार्धच्छेदाः।
बादरतेपनिभूजलवातानां चरमः सागरः पूर्णः ॥ २१३ ॥

अर्थ—आवलिके असंख्यातवे भागसे भक्त पल्यको सागरमेसे घटाने पर जो शेष रहे उतने बादर तेजस्कायिक जीवोके अर्द्धच्छेद हैं और अप्रतिष्ठित प्रत्येक, प्रतिष्ठित प्रत्येक, बादर पृथ्वी कायिक, बादर जलकायिक जीवोके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण क्रमसे आवलिके असंख्यातमें भागका दो वार, तीन वार, चार वार, पांच वार पल्यमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको सागरमें घटानेसे निकलता है और बादर वातकायिक जीवोंके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण पूर्ण सागरप्रमाण है।

भावार्थ—किसी राशिको जितनी वार आधा आधा करनेसे एक शेष रहे उसको अर्द्धच्छेदराशि कहते हैं। जैसे दोकी एक, चारकी दो, आठकी तीन, सोलहकी चार और बत्तीसकी पांच अर्द्धच्छेद राशि है। इस ही प्रकार बादर तेजस्कायिक जीवोंकी अर्द्धच्छेद राशिका प्रमाण एक वार आवलीके असंख्यातवे भागसे भाजित पल्यके एक भागको सागरमेसे घटानेपर जो शेष रहे उतना है। दो वार आवलीके असंख्यातवे भागसे भाजित पल्यको सागरमें घटानेपर अप्रतिष्ठित प्रत्येक जीवोके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण निकलता है। तीन वार आवलीके असंख्यातवें भागसे भाजित पल्यको सागरमेसे घटाने पर शेष प्रतिष्ठित प्रत्येक जीवोके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण होता है। चार वार आवलीके असंख्यातवें भागसे भाजित पल्यको सागरमेसे घटानेसे बादर पृथ्वीकायिक जीवोके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण निकलता है। पांच वार आवलीके असंख्यातवे भागसे भाजित पल्यको सागरमेसे घटानेपर शेष बादर जलकायिक जीवोंके अर्द्धच्छेदोक प्रमाण होता है। और बादर वातकायिका जीवोके अर्द्धच्छेदोका प्रमाण पूर्ण सागर प्रमाण है।

ते वि विसेसेणहिया, पल्लासंखेज्जभागमेत्तेण।
तम्हा ते रासीओ असंखलोगेण गुणिदकमा ॥२१४॥

तेपि विशेषेणाधिकाः पल्यासंख्यातभागमात्रेण।
तस्मात्ते राशयोऽसंख्यलोकेन गुणितक्रमाः ॥ २१४ ॥

अर्थ—ये प्रत्येक अर्द्धच्छेद राशि पल्यके असख्यातवे असख्यातवे भाग उत्तरोत्तर अधिक है। इसलिये ये सभी राशि (तेजस्कायिकादि जीवोंके प्रमाण) क्रमसे उत्तरोत्तर असख्यात लोकगुणी है।

भावार्थ—वादर तेजस्कायिक जीवोकी अपेक्षा अप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठितोकी अपेक्षा प्रतिष्ठित जीवोंके अर्द्धच्च्छेद पल्यके असख्यातवें असख्यातवे भाग अधिक हैं। इसी प्रकार पृथिवीकायिकादिके भी अर्द्धच्छेद पूर्वकी अपेक्षा पल्यके असंख्यातवे भाग अधिक है। इसलिये पूर्व पूर्व राशिकी अपेक्षा उत्तरोत्तर राशि (मूल) असख्यात लोकगुणो है।

उक्त असख्यात लोकगुणितक्रमको निकालनेके लिये करणसूत्रको कहते हैं—

> दिण्णच्छेदेणवहिद, इट्ठच्छेदेहिं पयदविरलणं भजिदे।
> लद्धमिदइट्ठरासीणण्णोण्णहदीए होदि पयदधण ॥ २१५ ॥
> देयच्छेदेनावहितेष्टच्छेदै प्रकृतविरलन भाजिते।
> लब्धमितेष्टराश्यन्योन्यहत्या भवति प्रकृतधनम् ॥ २१५ ॥

अर्थ—देयराशिके अर्द्धच्छेदोसे भक्त इष्ट राशिके अर्द्धच्छेदोका प्रकृत विरलन राशिमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतनी जगह इष्ट राशिको रखकर परस्पर गुणा करनेसे प्रकृत धन होता है।

भावार्थ—इसकी अकसदृष्टि इस प्रकार है कि जब सोलह जगह दूआ माड (सोलह जगह दोका अक रखकर) परस्पर गुणा करनेसे पण्णट्ठी (६५५३६) उत्पन्न होती है तब ६४ जगह दूआ माड़ परस्पर गुणा करनेसे कितनी राशि उत्पन्न होगी ? तो देयराशि दोके अर्धच्छेद एकका इष्टराशि पण्णट्ठीके अर्धच्छेद सोलहमे भाग देनेसे लब्ध सोलहका भाग प्रकृत विरलन राशि ६४ मे दिया, इससे चारकी सख्या लब्ध आई। इसलिये चार जगह पर पण्ट्ठीको रखकर परस्पर गुणा करनेसे एकट्ठी प्रमाण प्रकृत धन होता है। इस ही प्रकार अर्थसदृष्टिमे जब इतनी जगह (अर्द्धच्छेदोंकी राशिप्रमाण) दूआ माड़ि परस्पर गुणा करनेसे इतनी राशि उत्पन्न होती है तब इतनी जगह (आगेकी राशिके अर्धच्छेदप्रमाण) दूआ माडि परस्पर गुणा करनेसे कितनी राशि उत्पन्न होगी ? इस प्रकार उक्त क्रमसे त्रैराशिक विधान करने पर पूर्व पूर्वकी अपेक्षा उत्तरोत्तर राशि असख्यात लोकगुणी सिद्ध होती है।

इति कायमार्गणाधिकार

०

अथ योगमार्गणा ४

अब योगमार्गणाका वर्णन क्रम प्राप्त है इसलिये प्रथम ही योगका सामान्य लक्षण कहते है—

> पुग्गलविवाइदेहोदयेण मणवयणकायजुत्तस्स।
> जीवस्स जा हु सत्ती, कम्मागमकारण जोगो ॥२१६॥

पुद्गलविपाकिदेहोदयेन मनोवचनकाययुक्तस्य ।
जीवस्य या हि शक्तिः कर्मागमकारण योग ॥ २१६ ॥

अर्थ—पुद्गलविपाकी शरीरनामकर्मके उदयसे मन वचन कायसे युक्त जीवको जो कर्मोंके ग्रहण करनेमे कारणभूत शक्ति है उसको योग कहते है।

भावार्थ—आत्माकी अनन्त शक्तियोमेसे एक योग शक्ति भी है। उसके दो भेद हैं, एक भावयोग दूसरा द्रव्ययोग। पुद्गलविपाकी आङ्गोपागनामकर्म और शरीरनामकर्मके उदयसे, मन वचन काय पर्याप्ति जिसकी पूर्ण हो चुकी हैं और जो मनोवाक्कायवर्गणाका अवलम्बन रखता है ऐसे ससारी जीवकी जो समस्त प्रदेशोमे रहनेवाली कर्मोके ग्रहण करनेमे कारणभूत शक्ति है उसको भावयोग कहते हैं और इस ही प्रकारके जीवके प्रदेशोका जो परिस्पन्दन होता है उसको द्रव्ययोग कहते है। यहाँ पर कर्मशब्द उपलक्षण है, इसलिए कर्म और नोकर्म दोनोको ग्रहण करनेवाला योग होता है ऐसा समझना चाहिये। जिस प्रकार लोहेमे रहनेवाली दहनशक्ति अग्निके सम्बन्धसे काम किया करती है उसी प्रकार जीवके समस्त लोक प्रमाण प्रदेशोमे कर्म नोकर्म को ग्रहण करने की सामर्थ्य पायी जाती है फिर भी पुद्गलविपाकी शरीर और आगोपाग नामकर्मके उदयसे प्राप्त मनोवर्गणा भाषावर्गणा और आहारवर्गणाके पुद्गल स्कन्धोके सयोगसे ही वह कर्म नोकर्मको ग्रहण करनेका कार्य किया करता है।

योगविशेषका लक्षण कहते है।

मणवयणाणपउत्ती, सच्चासच्चुभयअणुभयत्थेसु।
तण्णामं होदि तदा, तेहि दु जोगा हु तज्जोगा॥२१७॥

मनोवचनयो प्रवृत्तय सत्यासत्योभयानुभयार्थेपु।
तन्नाम भवति तदा तैस्तु योगात् हि तद्योगा ॥ २१७ ॥

अर्थ—सत्य असत्य उभय अनुभय इन चार प्रकारके पदार्थोंसे जिस पदार्थको जानने या कहनेके लिए जीवके मन वचनकी प्रवृत्ति होती है उस समयमे मन और वचनका वही नाम होता है और उसके सम्बन्धसे उस प्रवृत्तिका भी वही नाम होता है।

भावार्थ—सत्य पदार्थको जाननेके लिए किसी मनुष्यके मनकी या कहनेके लिये वचनकी प्रवृत्ति हुई तो उसके मनको सत्य मन और वचनको सत्य वचन कहेगे.। तथा उनके द्वारा होनेवाले योगको सत्य मनोयोग और सत्य वचनयोग कहेगे। इस ही प्रकारसे मन और वचनके असत्य उभय अनुभय इन तीनो भेदोको भी समझना चाहिये।

सम्यग्ज्ञानके विषयभूत पदार्थको सत्य कहते हैं, जैसे यह जल है। मिथ्याज्ञानके विषयभूत पदार्थको मिथ्या कहते हैं, जैसे मरीचिकाको यह जल है। दोनोके विषयभूत पदार्थको उभय कहते है, जैसे कमण्डलुको यह घट है, क्योकि कमण्डलु घटका काम देता है इसलिये कथचित् सत्य है और घटाकार नही है इसलिये कथचित् असत्य भी है। जो दोनो ही प्रकारके ज्ञानका विषय न हो उसको अनुभय कहते हैं, जैसे सामान्यरूपसे यह प्रतिभास होना कि "यह कुछ है"। यहाँ पर सत्य असत्यका कुछ भी निर्णय नही हो सकता, इसलिये अनुभय है। क्योकि स्वार्थ क्रियाकारी विशेष निर्णय न होनेसे सत्य नही कहा जा सकता और सामान्य प्रतिभास होता है अतएव उसको असत्य भी नही कह सकते।

योगविशेषोका लक्षण कहते है—

सब्भावमणो[1] सच्चो, जो जोगो तेण सच्चमणजोगो ।
तव्विवरोओ मोसो, जाणुभयं सच्चमोसो त्ति ॥२१८॥

सद्भावमन सत्यं यो योगस्तेन सत्यमनोयोग ।
तद्विपरीतो मृषा जानीहि उभयं सत्यमृषेति ॥ २१८ ॥

अर्थ—समीचीन भावमनको (पदार्थको जाननेकी शक्तिरूप ज्ञानको) अर्थात् समीचीन पदार्थको विषय करनेवाले मनको सत्यमन कहते है और उसके द्वारा जो योग होता है उसको सत्यमनोयोग कहते हैं। सत्य से जो विपरीत है उसको मिथ्या कहते हैं। तथा सत्य और मिथ्या दोनों ही प्रकारके मनको उभय मन कहते हैं। ऐसा हे भव्य तू जान।

ण[2] य सच्चमोसजुत्तो, जो दु मणो सो असच्चमोसमणो ।
जो जोगो तेण हवे, असच्चमोसो दु मणजोगो ॥२१९॥

न च सत्यमृषायुक्त यत्तु मन तदसत्यमृषामन ।
यो योगस्तेन भवेत् असत्यमृषा तु मनोयोग ॥ २१९ ॥

अर्थ—जो न तो सत्य हो और न मृषा हो उसको असत्यमृषा मन कहते है। अर्थात् अनुभयरूप पदार्थके जाननेकी शक्तिरूप जो भावमन हैं उसको असत्यमृषा कहते है और उसके द्वारा जो योग होता हैं उसको असत्यमृषामनोयोग कहते हैं।

दसविहसच्चे[3] वयणे, जो जोगो सो दु सच्चवचिजोगो ।
तव्विवरीओ मोसो, जाणुभयं सच्चमोसो त्ति ॥२२०॥

दशविधसत्ये वचने यो योग स तु सत्यवचोयोग ।
तद्विपरीतो मृषा जानीहि उभयं सत्यमृषेति ॥ २२० ॥

अर्थ—वक्ष्यमाण जनपद आदि दश प्रकारके सत्य अर्थके वाचक वचनको सत्यवचन और उससे होनेवाले योग-प्रयत्नविशेषको सत्यवचनयोग कहते हैं। तथा इससे जो विपरीत है उसको मृषा और जो कुछ सत्य और कुछ मृषाका वाचक है उसको उभयवचनयोग कहते हैं। ऐसा हे भव्य तू समझ।

जो[4] णेव सच्चमोसो, सो जाण असच्चमोसवचिजोगो ।
अमणाणं जा भासा, सण्णीणामंतणी आदी ॥२२१॥

---

१. सब्भावो सच्चमणो, जो जोगो तेण सच्चमणजोगो । तव्विवरीदो मोसो जाणुभयं सच्चमोस ति ॥ १५४ ॥ षट् ख, १
२. षट् खं. १ गाथा १५५ ॥
३ षट् खं. १ गा १५६ ॥
४. षट् ख १ गाथा १५७ ॥ तत्र "तं जाण, यादी" इति पाठ. ।

यो नैव सत्यमृषा स जानीहि असत्यमृषावचोयोगः ।
अमनसा या भाषा संज्ञिनामामन्त्रण्यादिः ॥ २२१ ॥

अर्थ—जो न सत्यरूप हो और न मृषारूप ही हो उसको अनुभय वचनयोग कहते हैं। असञ्ज्ञियोकी समस्त भाषा और सञ्ज्ञियोकी आमन्त्रणी आदिक भाषा अनुभय भाषा कही जाती है।

भावार्थ—द्वीन्द्रियसे लेकर असञ्ज्ञी पचेन्द्रिय तक सभी अमनस्क जीवोकी अनक्षरात्मक भाषा और सञ्ज्ञी पचेन्द्रियोकी वक्ष्यमाण आमन्त्रणी आदि भाषाएँ अनुभय वचन हैं और उनके लिये जो प्रयत्न होता है उसको अनुभय वचन योग कहते है।

दशप्रकारका सत्य बताते हैं—

जणवदसम्मदिठवणा, णामे रूवे पडुच्चववहारे ।
सम्भावणे य भावे, उवमाए दसविहं सच्चं ॥२२२॥

जनपदसम्मतिस्थापनानाम्नि रूपे प्रतीत्यव्यहारयो ।
संभावनाया च भावे उपमाया दशविध सत्यम् ॥ २२२ ॥

अर्थ—जनपदसत्य, सम्मतिसत्य, स्थापनासत्य, नामसत्य, रूपसत्य, प्रतीत्यसत्य, व्यवहारसत्य संभावनासत्य, भावसत्य, उपमासत्य, इस प्रकार सत्यके दश भेद है।

दश प्रकारके सत्यके दो गाथाओमे दृष्टान्त बताते है—

भत्तं देवी चंदप्पह–, पडिमा तह य होदि जिणदत्तो ।
सेदो दिग्घो रज्झदि, कूरो त्ति य जं हवे वयणं ॥ २२३ ॥
सक्को जंबूदीवं, पल्लट्टदि पाववज्जवयणं च ।
पल्लोवमं च कमसो, जणवदसच्चादिदिट्ठंता ॥ २२४ ॥

भक्त देवी चन्द्रप्रभप्रतिमा तथा च भवति जिनदत्त. ।
श्वेतो दीर्घो रध्यते क्रूरमिति च तद्भवेद्वचनम् ॥२२३॥
शक्रो जम्बूद्वीप परिवर्तयति पापवर्जवचनं च ।
पल्योपम च क्रमशो जनपदसत्यादिदृष्टाता ॥ २२४ ॥

अर्थ—उक्त दश प्रकारके सत्यवचनके ये दश दृष्टात हैं। भक्त, देवी, चन्द्रप्रभप्रतिमा, जिनदत्त, श्वेत, दीर्घ, भात पकाया जाता है, शक्र जम्बूद्वीपको पलट सकता है, पाप रहित 'यह प्रासुक है' ऐसा वचन और पल्योपम।

भावार्थ—तत्तद्देशवासी मनुष्योके व्यवहारमे जो शब्द रूढ हो रहा है उसको जनपदसत्य कहते है। जैसे-भक्त, भात, भाटु, भेटु, वटक, मूकुडु, क्रूलू, चोरु आदि भिन्न भिन्न शब्दोसे एक ही चीजको कहा जाता है। बहुत मनुष्योकी सम्मतिसे जो सर्व साधारणमे रूढ हो उसको सम्मतिसत्य या संवृतिसत्य कहते हैं। जैसे पट्टराणीके सिवाय किसी साधारण स्त्रीको भी देवी कहना। किसी वस्तुमे उससे भिन्न वस्तुके समारोप करनेवाले वचनको स्थापनासत्य कहते हैं। जैसे चन्द्रप्रभ भगवानकी प्रतिमाको चन्द्रप्रभ कहना। दूसरी कोई अपेक्षा न रखकर केवल व्यवहारके लिये जो किसी-

का सज्ञाकर्म करना इसको नामसत्य कहते हैं। जैसे जिनदत्त। यद्यपि उसको जिनेन्द्रने दिया नही है तथापि व्यवहारके लिये उसको जिनदत्त कहते हैं। पुद्‌गलके रूपादिक अनेक गुणोमेसे रूपकी प्राधानतासे जो वचन कहा जाय उसको रूपसत्य कहते हैं। जैसे किसी मनुष्यको काला कहना। यद्यपि उसके शरीरमे अन्य वर्ण भी पाये जाते है। अथवा उसके शरीरमे रसादिकके रहने पर भी रूपगुणकी अपेक्षा उसको श्वेत कहना। किसी विवक्षित पदार्थकी अपेक्षासे दूसरे पदार्थके स्वरूपका कथन करना इसको प्रतीत्यसत्य अथवा आपेक्षिक सत्य कहते हैं। जैसे किसी छोटे या पतले पदार्थ-की अपेक्षासे दूसरे पदार्थको बडा लम्बा या स्थूल कहना। नैगमादि नयोकी प्रधानतासे जो वचन बोला जाय उसको व्यवहार सत्य कहते हैं। जैसे नैगम नयकी प्रधानतासे "भात पकाता हूँ" सग्रह-नयकी अपेक्षा "सम्पूर्ण सत् है 'अथवा' सम्पूर्ण असत् है" आदि। असभवताका परिहार करते हुए वस्तुके किसी धर्मका निरूपण करनेमे प्रवृत्त वचनको संभावना सत्य कहते है। जैसे शक्र (इन्द्र) जम्बूद्वीपको लौट दे अथवा उलट सकता है। आगमोक्त विधि-निषेधके अनुसार अतीन्द्रिय पदार्थों-में संकल्पित परिणामोको भाव कहते हैं, उसके आश्रित जो वचन हो उसको भावसत्य कहते हैं। जैसे शुष्क पक्व तप्त और नमक मिर्च खटाई आदिसे-अच्छी तरह मिलाया हुआ द्रव्य प्रासुक होता है। यहाँ पर यद्यपि सूक्ष्म जीवोको इन्द्रियोसे देख नही सकते, तथापि आगम प्रामाण्यसे उसकी प्रासुकताका वर्णन किया जाता है। इसलिये इस ही पापवर्ज वचनको भावसत्य कहते हैं। दूसरे प्रसिद्ध सदृश पदार्थको उपमा कहते है। इसके आश्रयसे जो वचन बोला जाय उसको उपमासत्य कहते हैं। जैसे पल्य। यहा पर रोमखण्डोका आधारभूत गड्ढा, पल्य अर्थात् खासके सदृश होता है इसलिये उसको पल्य कहते है। इस सख्याको उपमासत्य कहते हैं। इस प्रकार ये दशप्रकारके सत्यके दृष्टात हैं, इसलिये और भी इस ही तरह जानना।

दो गाथाओमे अनुभय वचनके भेदोंको गिनाते हैं।

आमंतणि आणवणी, याचणिया पुच्छणी य पण्णवणी।
पच्चक्खाणी संसयवयणी, इच्छाणुलोमा य ॥ २२५ ॥
णवमी अणक्खरगदा, असच्चमोसा हवंति भासाओ।
सोदाराणं जम्हा, वत्तावत्तंससंजणया ॥ २२६ ॥

आमन्त्रणी आज्ञापनी याचनी आपृच्छनी च प्रज्ञापनी।
प्रत्याख्यानी संशयवचनी इच्छानुलोम्नी च ॥ २२५ ॥
नवमी अनक्षरगता असत्यमृषा भवन्ति भाषा.।
श्रोतृणा यस्मात् व्यक्ताव्यक्तांशसज्ञापिका. ॥ २२६ ॥

अर्थ—आमन्त्रणी, आज्ञापनी, याचनी, आपृच्छनी, प्रज्ञापनी, प्रत्याख्यानी, सशयवचनी, इच्छानुलोम्नी, अनक्षरगता ये नव प्रकारकी अनुभयात्मक भाषाए हैं, क्योंकि इनके सुननेवालेको व्यक्त और अव्यक्त दोनो ही अशोंका ज्ञान होता है।

भावार्थ—हे देवदत्त! यहाँ आओ, इस तरहके बुलानेवाले वचनोको आमन्त्रणी भाषा कहते हैं। यह काम करो, इस तरहके आज्ञा वचनोको आज्ञापनी भाषा कहते हैं। यह मुझको दो, इस तरहके प्रार्थना वचनोको याचनी भाषा कहते हैं। यह क्या है? इस तरहके प्रश्नवचनोको आपृच्छनी

भाषा कहते हैं। मैं क्या करूं, इस तरहके सूचना वाक्योंको प्रज्ञापनी भाषा कहते हैं। इसको छोड़ता हूं, इस तरहके छोड़नेवाले वाक्योंको प्रत्याख्यानी भाषा कहते हैं। यह वलाका है अथवा पताका, ऐसे संदिग्ध वचनोंको संशयवचनी भाषा कहते हैं। मुझको भी ऐसा ही होना चाहिये, ऐसे इच्छाको प्रकट करनेवाले वचनोंको इच्छानुलोम्नी भाषा कहते हैं। द्वीन्द्रियादिक असंज्ञिपंचेन्द्रियपर्यन्त जीवोंकी भाषा अनक्षरात्मक होती है। ये सब ही भाषाएं अनुभयवचनरूप हैं। कारण यह कि इनके सुननेसे व्यक्त और अव्यक्त दोनों ही अंशोंका बोध होता है, क्योंकि सामान्य अंशके व्यक्त होनेसे इनको असत्य भी नहीं कह सकते, और विशेष अंशके व्यक्त न होनेसे इनको सत्य भी नहीं कह सकते। अतएव ये नव प्रकारके वाक्य अनुभय वचन कहे जाते हैं। इसीतरहके अन्य भी जो वचन हों, उनको इन्हीं भेदोंमें अन्तर्भूत समझना चाहिये।

चारों प्रकारके मनोयोग तथा वचनयोगका मूलकारण बताते हैं।

मणवयणाणं मूलणिमित्तं खलु पुराणदेहउदओ दु।
मोसुभयाणं मूलणिमित्तं खलु होदि आवरणं ॥ २२७ ॥

मनोवचनयोर्मूलनिमित्तं खलु पूर्णदेहोदयस्तु।
मृषोभययोर्मूलनिमित्तं खलु भवत्यावरणम् ॥ २२७ ॥

अर्थ—सत्य और अनुभय मनोयोग तथा वचनयोगका मूल कारण पर्याप्ति और शरीर नामकर्मका उदय है। मृषा और उभय मनोयोग तथा वचनयोगका मूल कारण अपना-अपना आवरण कर्म है।

भावार्थ—गाथाके पूर्वार्धमें यद्यपि सामान्यतया मन वचन शब्दका ही प्रयोग पाया जाता है, फिर भी उत्तरार्धमें मृषा और उभय शब्दका प्रयोग पाये जानेके कारण पारिशेष्यात् उनका अर्थ सत्य एवं अनुभयरूप ही करना चाहिये।

असत्य और उभय मन वचनका कारण दर्शनमोह तथा चारित्रमोहको न कहकर आवरणको इसलिये बताया है कि ये दोनों ही योग असंयत सम्यग्दृष्टि तथा संयमीके भी पाये जाते हैं।

केवली भगवानके जो सत्य एवं अनुभय योग पाये जाते हैं उनके व्यवहारका कारण सम्पूर्ण आवरणका अभाव है।

सयोगकेवली भगवानके मनोयोगकी संभवता बताते हैं—

मणसहियाणं वयणं, दिट्ठं तप्पुव्वमिदि सजोगम्मि।
उत्तो मणोवयारेणिंदियणाणेण हीणम्हि ॥ २२८ ॥

मनः सहितानां वचनं दृष्टं तत्पूर्वमिति सयोगे।
उक्तो मन उपचारेणेन्द्रियज्ञानेन हीने ॥ २२८ ॥

अर्थ—अस्मदादिक छद्मस्थ मनसहित जीवोंके वचनप्रयोग मनपूर्वक ही होता है। इसलिये इन्द्रियज्ञानसे रहित सयोगकेवलीके भी उपचारसे मन कहा है।

भावार्थ—यद्यपि उनके मन मुख्यतया नही है, तथापि उनके वचनप्रयोग होता है। और वह वचनप्रयोग अस्मदादिकके बिना मनके होता नही, इसलिये उनके भी उपचारसे मनकी कल्पना की जाती है।

अस्मदादिक निरतिशय पुरुषोंमें होनेवाले स्वभावको देखकर सातिशय भगवान्में भी उसकी कल्पना करना अयुक्त है, फिर भी उसकी कल्पना करनेका क्या हेतु है ? यह बताते है—

अंगोवंगुदयादो, दव्वमणट्ठं जिणिंदचंदम्हि।
मणवग्गणखंधाणं आगमणादो दु मणजोगो ॥ २२९ ॥

आंगोपांगोदयात् द्रव्यमनोर्थं जिनेन्द्रचन्द्रे।
मनोवर्गणास्कन्धानामागमनात् तु मनोयोग ॥ २२९ ॥

अर्थ—आंगोपांग नामकर्मके उदयसे हृदयस्थानमें,जीवोके द्रव्यमनकी विकसित-खिले हुए अष्ट दल पद्मके आकारमें रचना हुआ करती है। यह रचना जिन मनोवर्गणाओके द्वारा हुआ करती है उनका अर्थात् इस द्रव्यमनकी कारणभूत मनोवर्गणाओंका श्री जिनेन्द्रचन्द्र भगवान् सयोगकेवलीके भी आगमन हुआ करता है, इसलिये उनके उपचारसे मनोयोग कहा है।

भावार्थ—यद्यपि सयोगकेवली भगवान्के क्षायिक भाव ही पाये जाते है, अतएव उनके भावमन जो कि क्षायोपशमिक भाव है नही पाया जाता। फिर भी उपचारसे उनके मन कहा है, क्योकि उनके आत्मप्रदेशोमे कार्मण वर्गणा और नोकर्मवर्गणाओको आकर्षित करनेकी शक्तिरूप भावमन पाया जाता है। साथ ही मनोवर्गणाओके आगमनपूर्वक जो द्रव्यमनका परिणमन होता है सो वह भी उनके पाया जाता है। यही उनके मनको कहनेके लिये उपचारमे निमित्त है। तथा गाथामे प्रयुक्त तु शब्दके द्वारा सर्वजीवदया, तत्त्वार्थदेशना और शुक्लध्यानादिकी प्रवृत्तिके प्रयोजनको भी सूचित कर दिया गया है।

काययोगकी आदिमे निरुक्तिपूर्वक औदारिक काययोगका वर्णन करते है—

पुरुमहदुदारुरालं, एयट्ठो संविजाण तम्हि भवं।
ओरालियं तमुच्चइ, ओरालियकायजोगो सो[1] ॥ २३० ॥

पुरुमहदुदारमुरालमेकार्थः संविजानीहि तस्मिन् भवं।
औरालिकं तदुच्यते औरालिककाययोग स ॥ २३० ॥

अर्थ—पुरु, महत्, उदार, उराल, ये सब शब्द एक ही स्थूल अर्थके वाचक हैं। उदारमे जो होय उसको कहते है औदारिक[2]। तथा औदारिक-उदारमे होनेवाला जो काययोग उसको कहते हैं औदारिक काययोग। यह निरुक्त्यर्थ है, ऐसा समझना चाहिये।

---

१ पुरुमहमुदारुरालं एयट्ठो त वियाण तम्हि भवं।
ओरालियं ति वुत्तं ओरालियकायजोगो सो ॥ १६० ॥ षट् खं १।

२. उदारे भवम् औदारिकम्, उराले भवम् औरालिकम्। इस तरह उदार या उराल शब्दसे भव अर्थमें ठण् प्रत्यय होकर औदारिक औरालिक शब्द बनते हैं।

भावार्थ—मनुष्य और तिर्यंचोका शरीर वैक्रियिक आदि शरीरोकी अपेक्षासे स्थूल होता है, अतएव उसको उदार अथवा उराल कहते हैं और इसके द्वारा होनेवाला जो योग उसको कहते हैं औदारिक काययोग। इस तरहसे यह योगरूढ़ संज्ञा है। तात्पर्य यह है कि—औदारिक शरीररूप परिणमन करनेके योग्य नोकर्मवर्गणाओंको आकर्षित करनेकी जो आत्मामें शक्ति है उसको अथवा उस शरीरके अवलम्वनसे होनेवाले आत्मप्रदेशोके परिस्पन्दनको औदारिक काययोग कहते हैं।

औदारिक मिश्रकाययोगका स्वरूप वताते हैं—

ओरालिय[1] उत्तत्थं, विजाण मिस्सं तु अपरिपुण्णं तं।
जो तेण संपजोगो ओरालियमिस्सजोगो सो॥ २३१॥

औरालिकमुक्तार्थं विजानीहि मिश्रं तु अपरिपूर्णं तत्।
यस्तेन संप्रयोग औरालिकमिश्रयोग. सः॥ २३१॥

अर्थ—हे भव्य! ऐसा समझ कि जिस औदारिक शरीरका स्वरूप पहले वता चुके हैं वही शरीर जव तक पूर्ण नही हो जाता तवतक मिश्र कहा जाता है और उसके द्वारा होनेवाले योगको औदारिक मिश्रकाययोग कहते हैं।

भावार्थ—शरीर पर्याप्तिसे पूर्व कार्मण शरीरकी सहायतासे होनेवाले औदारिक काययोगको औदारिक मिश्रकाययोग कहते हैं, क्योंकि यह योग केवल औदारिक वर्गणाओके ही अवलम्बनसे नही होता, इसमे कार्मण वर्गणाओका भी अवलम्वन रहता है, अतएव इसको मिश्रयोग कहते हैं।

वैक्रियिक काययोगका स्वरूप वताते हैं—

विविहगुणइड्ढिजुत्तं, विक्किरियं वा हु होदि वेगुव्वं।
तिस्से भवं च णेयं, वेगुव्वियकायजोगो सो[2]॥ २३२॥

विविधगुणर्द्धियुक्तं विक्रियं वा हि भवति विगूर्वम्।
तस्मिन् भवं च ज्ञेयं वैगूर्विककाययोगः स.॥ २३२॥

अर्थ—नाना प्रकारके गुण और ऋद्धियोंसे युक्त देव तथा नारकियोंके शरीरको वैक्रियिक अथवा विगूर्व कहते हैं और इसके द्वारा होनेवाले योगको वैगूर्विक अथवा वैक्रियिक काययोग कहते हैं।

भावार्थ—शुभ या अशुभ अनेक प्रकारकी अणिमा महिमा आदि ऋद्धियोंसे[3] युक्त शरीरमे या उनके द्वारा जो आत्माके प्रदेशोंमे परिस्पन्दन होता है उसको वैक्रियिक काययोग कहते हैं।

---

१. ओरालियमुत्तत्थं, विजाण मिस्सं च अपरिपुण्णं ति।
जो तेण संपजोगो ओरालियमिस्सको जोगो॥ १६१॥ षट्. खं. १।

२. षट्. खं. १ 'विविहगुणइड्ढिजुत्तं वेउव्वियमहव विकिरिया चेव।
तिस्से भवं च णेयं वेउव्वियकायजोगो सो॥ १६२॥

३. अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व। विक्रियाके ये आठ भेद ही प्रसिद्ध हैं, परन्तु इनके और भी अनेक भेद होते हैं। देखो राजवार्तिक।

विक्रियाका अर्थ शरीरके स्वाभाविक आकारके सिवाय विभिन्न आकार बनाना है। देव और नारकियोंके शरीरका निर्माण जिन वर्गणाओंसे हुआ करता है उनमें यह योग्यता रहा करती है, अतएव उनको वैक्रियिक या वैगूर्विक वर्गणा कहते हैं। इनसे निष्पन्न शरीरको वैक्रियिक शरीर और उसके अवलम्बनसे होनेवाले आत्मप्रदेशोंके स्पन्दनको वैक्रियिक काययोग कहते है। यह विक्रिया शुभ और अशुभ अथवा पृथक् और अपृथक् दोनो तरहकी मानी गई है। इसके करनेमे अथवा वैक्रियिक वर्गणाओके निमित्तसे होनेवाली आत्मप्रदेशोकी सकम्पताको वैक्रियिक काययोग कहते हैं। यह विक्रियाकी योग्यता स्वभावत. सभी देवो और नारकियोमे पाई जाती है, क्योकि उनके शरीरका निर्माण ही उन्ही वर्गणाओंसे हुआ करता है। किन्तु यह विक्रिया-विविधकरणता देवो तथा नारकियोके शरीरके सिवाय अन्य शरीरोमे भी सभव है या नही। है, तो किन-किन शरीरोमे सभव है यह आगेकी गाथामें बताते हैं।

> बादरतेऊवाऊ, पंचिंदियपुण्णगा विगुव्वंति।
> ओरालियं शरीरं, विगुव्वणप्पं हवे जेसिं ॥ २३३ ॥

> बादरतेजोवायुपञ्चेन्द्रियपूर्णका विगूर्वन्ति।
> औरालिक शरीर विगूर्वणात्मकं भवेत् येषाम् ॥ २३३ ॥

अर्थ—बादर तेजस्कायिक और वायुकायिक तथा संज्ञी पर्याप्त पचेन्द्रिय तिर्यञ्च एव मनुष्य तथा भोगभूमिज तिर्यक् मनुष्य भी अपने औदारिक शरीरके द्वारा जिनके कि शरीरमे यह योग्यता पाई जाती है विक्रिया किया करते हैं।

भावार्थ—यद्यपि इन जीवोका शरीर औदारिक है, देव नारकियोके समान वैक्रियकवर्गणाओ-से निष्पन्न वैक्रियिक नही है। फिर भी इन जीवोके शरीरमे नाना[1] आकाररूप बननेकी योग्यता पाई जाती है। परन्तु इनके अपृथक् विक्रिया हुआ करती है और भोगभूमिज तथा चक्रवर्ती पृथक् विक्रिया किया करते हैं।

वैक्रियिक मिश्रकाययोगका स्वरूप बताते है—

> वेगुव्विय उत्तत्थं, विजाण मिस्सं तु अपरिपुण्णं तं।
> जो तेण संपजोगो, वेगुव्वियमिस्सजोगो सो[2] ॥ २३४ ॥

> वैगूर्विकमुक्तार्थं विजानीहि मिश्र तु अपरिपूर्णं तत्।
> यस्तेन सप्रयोगो वैगूर्विकमिश्रयोग: स: ॥ २३४ ॥

अर्थ—वैगूर्विकका अर्थ बताया जा चुका है। जब तक वह वैक्रियिक शरीर पूर्ण नही होता तब तक उसको वैक्रियिक मिश्र कहते हैं और उसके द्वारा होनेवाले योगको—आत्मप्रदेशपरिस्पन्दन-को वैक्रियिक मिश्रकाययोग कहते हैं।

---

१. वि-विविधा क्रिया विक्रिया। तस्या भव , सा प्रयोजनं-यस्येति वा वैक्रियिक । "य· वैगूर्विककायार्थं तद्रूपपरिणमनयोग्यशरीरवर्गणास्कन्धाकर्षणशक्तिविशिष्टात्मप्रदेशपरिस्पन्द स वैगूर्विककाययोग इति ज्ञेय ।" जी प्र.।

२. षट् खं १ गा. १६३।

भावार्थ—उत्पत्तिके समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त पर्यंत जब कार्मण शरीरकी सहायतासे वैक्रियिक शरीरकी वर्गणाओंके द्वारा योग होता है तब उसको वैक्रियिक मिश्रकाययोग कहते हैं। अर्थात् जबतक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तबतक होनेवाले काययोगको मिश्रकाययोग समझना चाहिये।

आहारक काययोगका निरूपण करते हैं—

आहारस्सुदयेण य, पमत्तविरदस्स होदि आहारं।
असंजमपरिहरणट्ठं, संदेहविणासणट्ठं च ॥ २३५ ॥

आहारस्योदयेन च प्रमत्तविरतस्य भवति आहारकम्।
असंयमपरिहरणार्थं संदेहविनाशनार्थं च ॥ २३५ ॥

अर्थ—असंयमका परिहार करनेके लिए तथा संदेहको दूर करनेके लिए आहारक ऋद्धिके धारक छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनिके आहारक शरीर नामकर्मके उदयसे आहारक शरीर होता है।

भावार्थ—यह शरीर औदारिक अथवा वैक्रियिक शरीरकी तरह जीवन भर नहीं रहा करता, किन्तु जिनको आहारक ऋद्धि प्राप्त है ऐसे प्रमत्त मुनि अपने प्रयोजन वश उसको उत्पन्न किया करते हैं। इसके लिए मुनियोंके मुख्यतया दो प्रयोजन बताये गये हैं-असंयमका परिहार और संदेह-का निवारण। ढाई द्वीपमें पाये जानेवाले तीर्थों आदिकी वन्दनाके लिये जानेमें जो असंयम हो सकता है वह न हो इसलिये। अर्थात् विना असंयमके अंशके भी तीर्थक्षेत्रों आदिके वन्दनाकर्मकी सिद्धि। इसी तरह कदाचित् श्रुतके किसी अर्थके विषयमें ऐसा कोई सन्देह हो जो कि ध्यानादिके लिये बाधक हो और उसकी निवृत्ति केवली श्रुतकेवलीके विना हो नहीं सकती हो तो उस सन्देहको दूर करनेके लिये भी आहारक शरीरका निर्माण हुआ करता है। किन्तु यह शरीर आहारक शरीर नामकर्मके उदयके बिना नहीं हुआ करता तथा मुनियोंके ही होता है और उनके भी अप्रमत्त अवस्थामें न होकर प्रमत्त अवस्थामें ही उत्पन्न हुआ करता है।

आहारक शरीर किस अवस्थामें और किन-किन प्रयोजनोंसे मुनियोंके उत्पन्न हुआ करता है इस बातको आचार्य स्पष्ट करते हैं—

णियखेत्ते केवलिदुगविरहे णिक्कमणपहुदिकल्लाणे।
परखेत्ते संवित्ते, जिणजिणघरवंदणट्ठं च ॥ २३६ ॥

निजक्षेत्रे केवलिद्विकविरहे निःक्रमणप्रभृतिकल्याणे।
परक्षेत्रे संवृत्ते जिनजिनगृहवन्दनार्थं च ॥ २३६ ॥

अर्थ—अपने क्षेत्रमें केवली तथा श्रुतकेवलीका अभाव होनेपर किन्तु दूसरे क्षेत्रमें जहाँ पर कि औदारिक शरीरसे उस समय पहुँचा नहीं जा सकता केवली या श्रुतकेवलीके विद्यमान रहनेपर अथवा तीर्थंकरोंके दीक्षा कल्याण आदि तीन कल्याणकोंमेंसे किसीके होनेपर तथा जिन जिनगृह-चैत्य चैत्यालयोंकी वन्दनाके लिए भी आहारक ऋद्धिवाले छट्ठे गुणस्थानवर्ती प्रमत्त मुनिके आहारक शरीर नामकर्मके उदयसे यह शरीर उत्पन्न हुआ करता है।

आहारक शरीरका स्वरूप बताते हैं—

उत्तम अगम्हि हवे, धादुविहीणं सुहं असहणणं ।
सुहसंठाणं धवलं, हत्थपमाणं पसत्थुदयं ॥ २३७ ॥

उत्तमाङ्गे भवेद् धातुविहीन शुभमसहननम् ।
शुभसस्थान धवल हस्तप्रमाण प्रशस्तोदयम् ॥ २३७ ॥

अर्थ—यह आहारक शरीर रसादिक धातु[1] और सहननोसे रहित तथा समचतुरस्र सस्थानसे युक्त एव चन्द्रकांत मणिके समान श्वेत, और शुभ नामकर्मके उदयसे शुभ अवयवोसे[2] युक्त हुआ करता है। यह एक हस्तप्रमाण[3] वाला और आहारक शरीर आदि प्रशस्त नामकर्मोके उदयसे उत्तमांग शिरमेसे उत्पन्न हुआ करता है।

आहारक शरीरके जघन्य और उत्कृष्ट कालका प्रमाण आदि विशेष परिचय देते हैं—

अव्वाघादी अंतोमुहुत्तकालट्ठिदी जहण्णिदरे ।
पज्जत्तीसंपुण्णे, मरणं पि कदाचि संभवई ॥ २३८ ॥

अव्याघाति अन्तर्मुहूर्तकालस्थिती जघन्येतरे ।
पर्याप्तिसंपूर्णायां मरणमपि कदाचित् संभवति ॥ २३८ ॥

अर्थ—यह आहारक शरीर दोनो ही तरफसे व्याघात रहित है। न तो इस शरीरके द्वारा किसी भी अन्य पदार्थका व्याघात होता है और न किसी दूसरे पदार्थके द्वारा इस आहारक शरीरका ही व्याघात हुआ करता है, क्योकि इसमे यह सामर्थ्य है—यह इतना सूक्ष्म हुआ करता है कि वज्रपटलको भी भेद कर जा सकता है। इसकी जघन्य और उत्कृष्ट दोनो ही प्रकारकी स्थिति अन्तर्मुहूर्तप्रमाण ही है। आहारक शरीर पर्याप्तिके पूर्ण होनेपर कदाचित् आहारक ऋद्धिवाले मुनिका मरण भी हो सकता है।

आहारक काययोगका निरुक्तिसिद्ध अर्थ बताते हैं—

आहरदि अणेण मुणी, सुहमे अत्थे सयस्स संदेहे ।
गत्ता केवलिपासं तम्हा आहारगो जोगो[4] ॥ २३९ ॥

आहरत्यनेन मुनिः सूक्ष्मानर्थान् स्वस्य सदेहे ।
गत्वा केवलिपार्श्वं तस्मादाहारको योगः ॥ २३९ ॥

---

१ रस, रक्त, मास, मेद, अस्थि, मज्जा, वीर्य ।

२. त सू, अ २ सू ४९ मे प्रयुक्त शुभ और विशुद्ध शब्दोका अर्थ सर्वार्थसिद्धिमें इस प्रकार लिखा है—शुभकारणत्वाच्छुभव्यपदेश । शुभकर्मण आहारककाययोगस्य कारणत्वाच्छुभमित्युच्यते। अन्नस्य प्राणव्यपदेशवत् । विशुद्धकार्यत्वाद्विशुद्धव्यपदेश. । विशुद्धस्य पुण्यस्य कर्मण अशबलस्य निरवद्यस्य कार्यत्वाद्विशुद्धमित्युच्यते । तन्तूना कार्पासव्यपदेशवत् ।

३ व्यवहारागुलकी अपेक्षा २४ अंगुल प्रमाण अथवा अरत्निप्रमाण।

४ षट् ख. १ गा न. १६४ ।

अर्थ—छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनि अपनेको सदेह होनेपर इस शरीरके द्वारा केवलीके पासमे जाकर सूक्ष्म पदार्थोंका आहरण (ग्रहण) करता है इसलिये[1] इस शरीरके द्वारा होनेवाले योगको आहारक काययोग कहते हैं।

आहारकमिश्रयोगका निरूपण करते हैं—

आहारयमुत्तत्थं, विजाण मिस्सं तु अपरिपुण्णं तं।
जो तेण संपजोगो, आहारयमिस्सजोगो सो[2] ॥ २४० ॥

आहारकमुक्तार्थं विजानीहि मिश्रं तु अपरिपूर्णं तत्।
यस्तेन संप्रयोग आहारकमिश्रयोग. सः ॥ २४० ॥

अर्थ—आहारक शरीरका अर्थ ऊपर बताया जा चुका है। जब तक वह पर्याप्त नही होता तब तक उसको आहारकमिश्र कहते हैं और उसके द्वारा होनेवाले योगको आहारकमिश्रयोग कहते हैं।

भावार्थ—अपर्याप्त कालमें आई हुई आहारक वर्गणाएं औदारिकशरीरकी वर्गणाओंसे मिश्रित रहा करती हैं उस समय योग—आत्मप्रदेशोंका परिस्पन्दन भी अपरिपूर्ण शक्तियुक्त रहा करता है।

कार्मणकाययोगको बताते हैं—

कम्मेव य कम्मभवं, कम्मइयं जो दु तेण संजोगो।
कम्मइयकायजोगो, इगिविगतिगसमयकालेसु[3] ॥ २४१ ॥

कर्मैव च कर्मभवं कार्मणं यस्तु तेन सयोगः।
कार्मणकाययोग एकद्विकत्रिकसमकालेषु ॥ २४१ ॥

अर्थ—ज्ञानावरणादिक अष्ट कर्मोंके समूहको अथवा कार्मणशरीर नामकर्मके उदयसे होनेवाली कायको कार्मणकाय कहते हैं और उसके द्वारा होनेवाले योग-कर्माकर्षण शक्तियुक्त आत्मप्रदेशोंके के परिस्पन्दनको कार्मणकाययोग कहते हैं। यह योग एक दो अथवा तीन समय तक होता है।

भावार्थ—विग्रहगतिमें और केवलि[4] समुद्घातमें भी तीन समय पर्यन्त ही कार्मणकाययोग होता है; किन्तु दूसरे योगोंका ऐसा नियम नही है। यह बात गाथामे आये हुए तु शब्दसे सूचित होती है। यहां पर जो समय और काल ये एक ही अर्थके वाचक दो शब्द दिये हैं उससे यह भी सूचित होता है कि शेष योगोंका अव्याघातकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त और व्याघातकी अपेक्षा एक

---

१. ततः कारणात् शरीरपर्याप्तिनिष्पत्तौ सत्यामाहारकवर्गणाभिः आहारकशरीरयोग्यपुद्गलस्कन्धाकर्षण-शक्तिविशिष्टात्मप्रदेशपरिस्पन्दः आहारककाययोग इति ज्ञातव्यम् ॥ जी. प्र.।

२,३,—षट् खं १ गा. नं. १६५, १६६।

४. दो प्रतर और एक लोकपूर्ण समुद्घातकी अपेक्षा केवलसमुद्घातमें भी कार्मणयोगको तीन ही समय लगते हैं।

समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्तपर्यन्त काल है। यह काल एक जीवकी अपेक्षासे है। किन्तु नाना जीवोकी अपेक्षा आठ अन्तर मार्गणाओको छोडकर बाकी निरन्तरमार्गणाओका सब काल है।

योगप्रवृत्तिका प्रकार बताते हैं।

वेगुव्विय-आहारयकिरिया, ण समं पमत्तविरदम्हि ।
जोगो वि एक्ककाले, एक्केव य होदि णियमेण ॥ २४२ ॥

वैगूर्विकाहारकक्रिया न सम प्रमत्तविरते ।
योगोऽपि एककाले एक एव च भवति नियमेन ॥ २४२ ॥

अर्थ—छट्ठे गुणस्थानमे वैक्रियिक और आहारक शरीरकी क्रिया युगपत् नही होती और योग भी नियमसे एक कालमे एक ही होता है।

भावार्थ—योगमार्गणाके विषयमे यहाँ पर दो विशेष बाते बताई गई है। एक तो यह कि एक समयमें एक ही योग होता है। अर्थात् कोई भी दो या अनेक योग एक साथ नही हो सकते। किन्तु इस परसे शंका हो सकती थी कि यद्यपि दो योग एक साथ नही होते, परन्तु किसी भी एक योगके साथ दूसरे योगकी क्रिया तो हो सकती है। अतएव दूसरी बात यह स्पष्ट की गई है कि छट्ठे गुणस्थानमे वैक्रियिक और आहारक ये दो क्रियाए भी एक साथ नही हुआ करती। इस पर से गणधरादिकोके अन्य ऋद्धियोकी क्रियाओका युगपत् होना सभव है ऐसा सूचित होता है।

योगरहित जीव कौन है और उनका स्वरूप क्या है इस बातका वर्णन करते है—

जेसिं ण संति जोगा, सुहासुहा पुण्णपावसंजणया ।
ते होंति अजोगिजिणा, अणोवमाणंतबलकलिया[1] ॥ २४३ ॥

येषां न सन्ति योगाः शुभाशुभा पुण्यपापसजनकाः ।
ते भवन्ति अयोगिजिना अनुपमानन्तबलकलिताः ॥ २४३ ॥

अर्थ—जिनके पुण्य और पापके कारणभूत शुभाशुभ योग नही हैं उनको अयोगिजिन कहते है। वे अनुपम और अनन्त बल करके युक्त होते है।

भावार्थ—अन्तिम गुणस्थानवर्ती तथा उससे अतीत आत्मा योगसे रहित हैं। अस्मदादिकमें बल योगके आश्रयसे ही देखने या अनुभवमे आता है। अतएव किसीको यह शंका न हो कि जो योगसे रहित है वे बलसे भी रहित होगे। यहाँ कहा गया है कि वे इस तरहके बलसे युक्त हैं कि जो अनुपम है और अनन्त है।

शरीरमे कर्म और नोकर्मका विभाग करते हैं—

ओरालियवेगुव्विय, आहारयतेजणामकम्मुदये ।
चउणोकम्मसरीरा, कम्मेव य होदि कम्मइयं ॥ २४४ ॥

औरालिकवैगूर्विकाहारकतेजोनामकर्मोदये ।
चतुर्नोकर्मशरीराणि कर्मैव च भवति कार्मणम् ॥ २४४॥

---

१. षट् खं, १ गा. नं १५३।

अर्थ—औदारिक वैक्रियिक आहारक तैजस नामकर्मके उदयसे होनेवाले चार शरीरोको नोकर्म कहते हैं और कार्मण शरीर नामकर्मके उदयसे होनेवाले ज्ञानावरणादिक आठ कर्मोके समूहको कार्मण शरीर कहते है।

भावार्थ—काय-शरीरके निमित्तसे होनेवाले आत्मप्रदेशोके परिस्पन्दनको काययोग कहा है। शरीर पाच हैं। वे दो भागोमे विभक्त हैं—कर्म और नोकर्म। तैजसशरीर योगमे निमित्त नही माना है। नोकर्ममे नो शब्दका अर्थ ईषत् और विरुद्ध होता है। औदारिकादिक कर्मोके सहायक होनेसे ईषत् कर्म या नोकर्म हैं। अथवा गुणोका साक्षात् घात करने और आत्माको पराधीन बनानेमें कर्मके समान काम नही करते, इसलिये भी नोकर्म हैं।

औदारिक आदि शरीरोके समयप्रबद्ध आदिकी सख्याको बताते है—

परमाणूहिं अणंतेहि, वग्गणसण्णा हु होदि एक्का हु।
ताहि अणताहिं णियमा, समयपबद्धो हवे एक्को ॥ २४५ ॥

परमाणुभिरनन्तैर्वर्गणासज्ञा हि भवत्येका हि।
ताभिरनन्तैर्नियमात् समयप्रबद्धो भवेदेक. ॥ २४५ ॥

अर्थ—अनन्त (अनन्तानन्त) परमाणुओकी एक वर्गणा होती है और अनन्त वर्गणाओका नियमसे एक समयप्रबद्ध होता है।

भावार्थ—इस गाथामें वर्गणा और समयप्रबद्धका प्रमाण बताया गया है। सिद्धराशिके अनन्तवें भाग और अभव्यराशिसे अनतगुणे परमाणुओकी एक वर्गणा[1] हुआ करती है और उतनी ही वर्गणाओंका एक समयप्रबद्ध हुआ करता है। एक समयमे जितने कर्म-नोकर्मरूपमे पुद्गलस्कन्ध आत्माके साथ बधते हैं उनके समूहको समयप्रबद्ध[2] कहते हैं।

ताण समयपबद्धा, सेढिअसंखेज्जभागगुणिदकमा।
णंतेण य तेजदुगा, परं परं होदि सुहुमं खु ॥ २४६ ॥

तेषा समयप्रबद्धा श्रेण्यसंख्येयभागगुणितक्रमा.।
अनन्तेन च तेजोद्विका पर परं भवति सूक्ष्मं खलु ॥ २४६ ॥

अर्थ—औदारिक वैक्रियिक आहारक इन तीन शरीरोके समयप्रबद्ध उत्तरोत्तर क्रमसे श्रेणिके असंख्यातवें भागसे गुणित हैं और तैजस तथा कार्मण शरीरोके समयप्रबद्ध अनन्तगुणे है। किन्तु ये पांचों ही शरीर उत्तरोत्तर सूक्ष्म हैं।

भावार्थ—औदारिकसे वैक्रियिकके और वैक्रियिकसे आहारकके समयप्रबद्ध श्रेणिके असंख्यातवे भाग गुणित हैं। किन्तु आहारकसे तैजसके अनन्तगुणे और तैजससे कार्मणशरीरके समयप्रबद्ध

---

१ यद्यपि पुद्गलकी संख्याताणुवर्गणा और असंख्याताणुवर्गणा भी होती हैं। परन्तु यहा शरीरके प्रकरणमें तद्योग्य वर्गणाओका ही ग्रहण अभीष्ट है।

२. समये समयेन वा कर्मनोकर्मतया आत्मना प्रबध्यते स्म य. पुद्गलस्कन्ध स समयप्रबद्धः।

अनन्तगुणे हैं। इस तरह समयप्रबद्धोंकी सख्याके अधिक अधिक होनेपर भी ये पाँचो ही शरीर उत्तरोत्तर सूक्ष्म सूक्ष्म हैं [1]।

औदारिकादिक शरीरोके समयप्रबद्ध और वर्गणाओंका अवगाहनप्रमाण बताते हैं—

ओगाहणाणि[2] ताणं, समयपबद्धाण वग्गणाणं च।
अंगुलअसखभागा, उवरुवरिमसंखगुणहीणा ॥ २४७ ॥

अवगाहनानि तेषा समयप्रबद्धाना वर्गणाना च।
अंगुलासख्यभागा उपर्युपरि असख्यगुणहीनानि ॥ २४७ ॥

अर्थ—इन शरीरोके समयप्रबद्ध और वर्गणओंकी अवगाहनाका प्रमाण सामान्यसे घनागुलके असख्यातवे भाग है, किन्तु विशेषतया आगे आगेके शरीरोके समयप्रबद्ध और वर्गणाओकी अवगाहनाका प्रमाण क्रमसे असख्यातगुणा असख्यातगुणा हीन है।

भावार्थ—औदारिकसे वैक्रियिक और वैक्रियिकसे आहारक तथा आहारकसे तैजस एवं तैजससे कार्माण शरीरके समयप्रबद्ध और उनकी वर्गणाओकी अवगाहना सूच्यगुलके असख्यातवें भागसे गुणित रूपमे उत्तरोत्तर छोटी छोटी होती गई है।

इस ही प्रमाणको माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव भी कहते हैं—

तस्समयबद्धवग्गणओगाहो सूइअंगुलासंख-।
भागहिदविंदअंगुलमुवरुवरिं तेण भजिदकमा ॥ २४८ ॥

तत्समयबद्धवर्गणावगाह सूच्यगुलासंख्य-।
भागहितवृन्दागुलमुपर्युपरि तेन भजितक्रमाः॥ २४८ ॥

अर्थ—औदारिकादि शरीरोंके समयप्रबद्ध तथा वर्गणाओका अवगाहन सूच्यंगुलके असख्यातवें भागसे भक्त घनागुलप्रमाण है और पूर्व पूर्वकी अपेक्षा आगे आगेकी अवगाहना क्रमसे असंख्यात-गुणी असख्यातगुणी हीन हैं।

विस्रसोपचयका स्वरूप बताते हैं—

जीवादो णंतगुणा, पडिपरमाणुम्हि विस्ससोवचया।
जीवेण य समवेदा, एक्केक्कं पडि समाणा हु ॥ २४९ ॥

जीवतोऽनन्तगुणाः प्रतिपरमाणौ विस्रसोपचया[1]।
जीवेन च समवेता एकैक प्रति समाना[2] हि ॥ २४९ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त कर्म और नोकर्मके प्रत्येक परमाणुपर समान सख्याको लिए हुए जीवराशिसे अनन्तगुणे विस्रसोपचयरूप परमाणु जीवके साथ सम्बद्ध हैं।

---

१. तत्वार्थसूत्र अ २, सूत्र न. ३७, ३८, ३९।

२. इस गाथाकी सस्कृतव्याख्या श्रीमदभयचन्द्रसूरिने और हिंदीभाषा टीका विद्वद्वर्य श्रीटोडरमल्लजीने की है, इसलिये हमने भी इसको यहांपर लिख दिया है। किन्तु केशववर्णी की टीकामें इसकी व्याख्या हमारे देखनेमें नही आई है।

भावार्थ—जीवके प्रत्येक प्रदेशोंके साथ जो कर्म और नोकर्म बंधे हैं, उन कर्म और नोकर्मके प्रत्येक परमाणुके साथ जीवराशिसे अनन्तानन्तगुणे विस्रसोपचयरूप परमाणु भी सम्बद्ध हैं जो कर्मरूप या नोकर्मरूप तो नहीं हैं, किन्तु कर्मरूप या नोकर्मरूप होनेके लिये उम्मेदवार हैं। उन परमाणुओंको विस्रसोपचय[1] कहते हैं।

कर्म और नोकर्मके उत्कृष्ट संचयका स्वरूप तथा स्थान बताते हैं।

उक्कस्सट्ठिदिचरिमे, सगसगउक्कस्ससंचओ होदि।
पणदेहाणं वरजोगादिससामग्गिसहियाणं॥ २५०॥

उत्कृष्टस्थितिचरमे स्वकस्वकोत्कृष्टसंचयो भवति।
पञ्चदेहानां वरयोगादिस्वसामग्रीसहितानाम्॥ २५०॥

अर्थ—उत्कृष्ट योगको आदि लेकर जो जो सामग्री तत्तत् कर्म या नोकर्मके उत्कृष्ट संचयमें कारण है उस उस सामग्रीके मिलनेपर औदारिकादि पांचो ही शरीरवालोंके उत्कृष्ट स्थितिके अन्तसमयमें अपने अपने कर्म और नोकर्मका उत्कृष्ट संचय होता है।

भावार्थ—स्थितिके प्रथम समयसे लेकर प्रतिसमय समयप्रबद्धका बंध होता है और उसके एक एक निषेककी निर्जरा होती है, बाकीके निषेकोंका प्रतिसमय संचय होता जाता है। इस प्रकार उन शेष समयोंमें शेष निषेकोंका संचय होते होते स्थितिके अन्त समयमें आयु कर्मको छोड़कर शेष कर्म और नोकर्मका उत्कृष्ट संचय होता है। इसका प्रमाण डेढ गुणहानिके साथ समयप्रबद्धका गुणा करनेपर जो हो उतना हुआ करता है। तथा यह संचय उत्कृष्ट योगादिक अपनी अपनी सामग्रीके मिलनेपर पांचो शरीरवालोंके होता है।

उत्कृष्ट संचयकी सामग्रीविशेषको श्रीमान्नेमिचन्द्र त्रैविद्यदेव बताते हैं—

आवासया हु भवअद्धाउस्सं जोगसंकिलेसो य।
ओकट्टुक्कट्टणगा, छच्चेदे गुणिदकम्मंसे॥ २५१॥

आवश्यकानि हि भवाद्धा आयुष्यं योगसंक्लेशौ च।
अपकर्षणोत्कर्षणके षट् चैते गुणितकर्मांशे॥ २५१॥

अर्थ—कर्मोंका उत्कृष्ट संचय करनेके लिये प्रवर्तमान जीवके उनका उत्कृष्ट संचय करनेके लिये ये छह आवश्यक कारण होते हैं—भवाद्धा, आयुष्य, योग, संक्लेश, अपकर्षण, उत्कर्षण।

पांच शरीरोंकी उत्कृष्ट स्थितिका प्रमाण बताते हैं—

पल्लतियं उवहीणं, तेत्तीसंतोमुहुत्त उवहीणं।
छावट्ठी कम्मट्ठिदि, बंधुक्कस्सट्ठिदी ताणं॥ २५२॥

पल्यत्रयमुदधीनां त्रयस्त्रिंशदन्तर्मुहूर्त उदधीनाम्।
षट्षष्टिः कर्मस्थितिर्बन्धोत्कृष्टस्थितिस्तेषाम्॥ २५२॥

---

[1] विस्रसा-स्वभावेन-आत्मपरिणामनिरपेक्षतयैव उपचीयन्ते-तत्तत्कर्मनोकर्मपरमाणुस्निग्ध-रूक्षत्वगुणेन प्रतिपद्यन्त इति विस्रसोपचयाः। कर्मनोकर्मपरिणतिरहितपरमाणवः।

अर्थ—औदारिक शरीरकी उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य, वैक्रियिक शरीरकी तेतीस सागर, आहारक शरीरकी अन्तर्मुहूर्त, तैजस शरीरकी छयासठ सागर है। कार्मण शरीरकी उत्कृष्ट स्थिति उतनी ही समझनी चाहिये जितनी कि कर्मोंके स्थितिबंध प्रकरणमे बताई गई है। वह सामान्यतया तो सत्तर कोडाकोडी सागर है किन्तु विशेषरूपसे ज्ञानावरण दर्शनावरण वेदनीय और अन्तराय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति तीस कोडाकोडी सागर है। मोहनीयकी सत्तर कोडाकोडी सागर, नाम गोत्रकी बीस कोडाकोडी सागर और आयु कर्मकी केवल तेतीस सागर उत्कृष्ट स्थिति है।

पाँच शरीरोको उत्कृष्ट स्थितिके गुणहानि आयामका प्रमाण बताते हैं—

अंतोमुहुत्तमेत्तं, गुणहाणी होदि आदिमतिगाणं।
पल्लासंखेज्जदिमं, गुणहाणी तेजकम्माणं ॥ २५३ ॥

अन्तर्मुहूर्तमात्रा गुणहानिर्भवति आदिमत्रिकाणाम्।
पल्यासंख्याता गुणहानिस्तेजःकर्मणोः ॥ २५३ ॥

अर्थ—औदारिक, वैक्रियिक और आहारक इन तीन शरीरोमेसे प्रत्येककी उत्कृष्ट स्थिति संबंधी गुणहानि तथा गुणहानि आयामका प्रमाण अपने अपने योग्य अन्तर्मुहूर्तमात्र है। और तैजस तथा कार्माण शरीरकी उत्कृष्ट स्थितिसम्बन्धी गुणहानिका प्रमाण यथायोग्य पल्यके असंख्यातवें भागमात्र है।

भावार्थ—नानागुणहानि और गुणहानि आयामके प्रमाणकी न्यूनाधिकता समयप्रबद्धमे पड़नेवाली कर्म-नोकर्मकी स्थितिके अनुसार हुआ करती है। फलत इन तीन शरीरोके समयप्रबद्धोमे पड़नेवाली उत्कृष्ट स्थितिके अनुसार ही उनका प्रमाण भी यथायोग्य न्यूनाधिक अन्तर्मुहूर्त मात्र हुआ करता है, क्योकि औदारिककी उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य, वैक्रियिककी ३३ सागर और आहारककी अन्तर्मुहूर्त मात्र है। किन्तु तैजस शरीरकी उत्कृष्ट स्थिति छयासठ सागर और कार्मण शरीरकी उत्कृष्ट स्थिति दर्शनमोहकी अपेक्षा सत्तर कोडाकोडी सागर है। अतएव इनकी गुणहानिका प्रमाण भी सामान्यतया पल्यके असंख्यातवे भागमात्र किन्तु विशेषतया न्यूनाधिक प्रमाण ही समझना चाहिये।

औदारिक आदि शरीरोके समयप्रबद्धका बध उदय और सत्त्व अवस्थामें द्रव्य प्रमाण कितना रहता है सो बताते हैं—

एक्कं समयपबद्धं, बंधदि एक्कं उदेदि चरिमम्मि।
गुणहाणीण दिवड्ढं, समयपबद्धं हवे सत्तं ॥ २५४ ॥

एकं समयप्रबद्धं बध्नाति एकमुदेति चरमे।
गुणहानीनां द्व्यर्धं समयप्रबद्धं भवेत् सत्त्वम् ॥ २५४ ॥

अर्थ—प्रतिसमय एक समयप्रबद्धका बंध होता है और एक ही समयप्रबद्धका उदय होता है। किन्तु फिर भी अन्तमें कुछ कम डेढ गुणहानिगुणित समयप्रबद्धोंकी सत्ता रहती है।

भावार्थ—पांचों शरीरोमेसे तैजस और कार्मण शरीरका तो प्रतिसमय बंध उदय सत्त्व पाया जाता है, क्योकि इन दोनोके समयप्रबद्धका बध उदय प्रतिसमय होता है, तथा किसी विवक्षित

समयप्रबद्धके चरम निषेकके समयमे डेढ गुणहानिगुणित समयप्रबद्धोंकी सत्ता रहती है; परन्तु औदारिक और वैक्रियिक शरीरके समयप्रबद्धोमें कुछ विशेषता है। वह इस प्रकार है कि जिस समयमे शरीर ग्रहण किया जाता है उस समयमे बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धके प्रथम निषेकका उदय होता है और द्वितीय आदि समयोमे द्वितीय आदि निषेकोंका उदय होता है। दूसरे समयमे बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धका प्रथम निषेक तथा साथही प्रथम समयमे बद्ध समयप्रबद्धका द्वितीय निषेक भी उदित होता है। इस ही तरह तृतीय आदि समयोका हिसाब समझना चाहिये। इसलिये इस क्रमसे समयप्रबद्धोंके निषेक शेष रहते रहते अन्तमे द्व्यर्धगुणहानिगुणित समयप्रबद्धोकी सत्ता रह जाती है। आहारक शरीरके विषयमें विशेषता है वह यह कि उसका जो अन्तर्मुहूर्त प्रमाण स्थिति काल है उसके प्रथम समयसे लेकर अन्त समयमे कुछ कम डेढ़ गुणहानि गुणित समयप्रबद्ध मात्र द्रव्यका उदय और सत्त्व संचय युगपत् हुआ करता है।

औदारिक और वैक्रियिक शरीरमे पाई जानेवाली विशेषताको बताते हैं—

णवरि य दुसरीराणं, गलिदवसेसाउमेत्तठिदिबंधो।
गुणहाणीण दिवड्ढं, संचयमुदयं च चरिमम्हि ॥ २५५ ॥
नवरि च द्विशरीरयोर्गलितावशेषायुर्मात्रस्थितिबंधः।
गुणहानीनां द्व्यर्धं संचयमुदयं च चरमे ॥ २५५ ॥

अर्थ—औदारिक और वैक्रियिक शरीरमे यह विशेषता है कि इन दोनों शरीरोंके बध्यमान समयप्रबद्धोकी स्थिति भुक्त आयुसे अवशिष्ट आयुकी स्थितिप्रमाण हुआ करती है और इनका आयुके अन्त्य समयमे डेढ़ गुणहानिमात्र उदय तथा संचय रहता है।

भावार्थ—शरीरग्रहणके प्रथम समयमे बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धकी स्थिति पूर्ण आयुप्रमाण होती है और दूसरे समयमें बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धकी स्थिति एक समय कम आयुप्रमाण और तीसरे समयमे बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धकी स्थिति दो समय कम आयु प्रमाण होती है। इस ही प्रकार आगेके समयप्रबद्धोकी स्थिति समझना चाहिये। इस क्रमके अनुसार अन्त्य समयमे बंधको प्राप्त होनेवाले समयप्रबद्धकी स्थिति एक समयमात्र होती है।

आयुके प्रथम समयसे लेकर अन्त्य समय पर्यन्त बंधनेवाले समयप्रबद्ध आयुपर्यन्त ही रह सकते हैं। उनकी स्थिति आयुके अन्तिम समयके अनन्तर नही रह सकती। यही कारण है कि वर्तमान आयुके अन्त्य समयमे कुछ कम डेढ़ गुणहानिमात्र समयप्रबद्धोंका युगपत् उदय तथा संचय रहा करता है। देव नारकियोंके वैक्रियिक शरीर और मनुष्य तिर्यंचोंके औदारिक शरीरमें यही क्रम पाया जाता है।

किस प्रकारकी आवश्यक सामग्रीसे युक्त जीवके किस स्थानपर औदारिक शरीरका उत्कृष्ट संचय होता है यह बताते हैं—

ओरालियवरसंचं, देवुत्तरकुरुवजादजीवस्स।
तिरियमणुस्सस्स हवे, चरिमदुचरिमे तिपल्लठिदिगस्स ॥ २५६ ॥
औरारिकवरसंचयं देवोत्तरकुरुपजातजीवस्य।
तिर्यग्मनुष्यस्य भवेत् चरमद्विचरमे त्रिपल्यस्थितिकस्य ॥ २५६ ॥

अर्थ—तीन पल्यकी स्थितिवाले देवकुरु तथा उत्तरकुरुमे उत्पन्न होनेवाले तिर्यंच और मनुष्योके चरम तथा द्विचरम समयमे औदारिक शरीरका उत्कृष्ट सचय होता है।

वैक्रियिक शरीरके उत्कृष्ट संचयका स्थान बताते हैं—

वेगुव्वियवरसंचं, वावीससमुद्दआरणदुगम्हि।
जम्हा वरजोगस्स य, वारा अण्णत्थ ण हि बहुगा ॥ २५७ ॥

वैगूर्विकवरसंचय द्वाविंशतिसमुद्रआरणद्विके।
यस्मात् वरयोगस्य च वारा अन्यत्र न हि बहुकाः ॥ २५७ ॥

अर्थ—वैक्रियिक शरीरका उत्कृष्ट सचय, बाईस सागरकी आयुवाले आरण और अच्युत स्वर्गके ऊपरके विमानोमे रहनेवाले देवोंके ही होता है, क्योकि वैक्रियिक शरीरका उत्कृष्ट योग तथा उसके योग्य दूसरी सामग्रियाँ अन्यत्र अनेकवार नही होती।

भावार्थ—आरण अच्युत स्वर्गके उपरितन विमानोमे रहनेवाले देवोके ही, जिनकी आयु बाईस सागरकी है, वैक्रियिक शरीरका उत्कृष्ट योग तथा दूसरी सामग्री अनेक वार होती है, इसलिये इन देवोके ही वैक्रियिक शरीरका उत्कृष्ट सचय होता है। अर्थात् वैक्रियिक शरीरके उत्कृष्ट योग बहुत वार अन्यत्र नही पाये जाते तथा तद्योग्य अन्य सामग्री भी दूसरी जगह नही पाई जाती, अतएव वैक्रियिक शरीरका उत्कृष्ट संचय यही पर हुआ करता है, न ऊपर तथा नीचेके पटलोमे और न नरकोमे ही वह पाया जाता है।

तैजस तथा कार्मणके उत्कृष्ट सचयका स्थान बताते है—

तेजासरीरजेट्ठं, सत्तमचरिमम्हि विदियवारस्स।
कम्मस्स वि तत्थेव य, णिरये बहुवारभमिदस्स ॥ २५८ ॥

तैजसशरीरज्येष्ठ सप्तमचरमे द्वितीयवारस्य।
कार्मणस्यापि तत्रैव च निरये बहुवारभ्रमितस्य ॥ २५८ ॥

अर्थ—तैजस शरीरका उत्कृष्ट सचय सप्तम पृथिवीमे दूसरी वार उत्पन्न होनेवाले जीवके होता है और कार्मण शरीरका उत्कृष्ट सचय अनेक वार नरकोमे भ्रमण करके सप्तम पृथिवीमे उत्पन्न होनेवाले जीवके होता है। आहारक शरीरका उत्कृष्ट सचय आहारक शरीरका उत्थान करनेवाले प्रमत्तविरतके ही होता है।

भावार्थ—ऊपर उत्कृष्ट सचय करनेमे कारणभूत छह आवश्यक बताये गये है। भवाद्धा, आयुष्य, योग, सक्लेश, अपकर्षण और उत्कर्षण। इनको भी यहापर यथायोग्य समझकर घटित कर लेना चाहिये। भवसम्बन्धी कालके प्रमाणको भवाद्धा, आयुके प्रमाणको आयुष्य, योगका अर्थ प्रसिद्ध है। तीन प्रकारके योगोमे से यथासम्भव कोई भी योगका स्थान होना चाहिये। संक्लेशसे अभिप्राय कषायकी तीव्रतासे है। उपरितन निषेकोके परमाणुओको नीचेके निषेकोमे मिलानेको अपकर्षण और नीचेके निषेकोंके परमाणुओको उपरितन निषेकोमे मिलानेका नाम उत्कर्षण है। इस तरह ये छह आवश्यक हैं जिनको कि उत्कृष्ट सचयके सम्बन्धमें यथायोग्य समझ लेना चाहिये।

योगमार्गणामे जीवोकी संख्याको वताते हैं—

बादरपुण्णा तेऊ, सगरासीए असंखभागमिदा ।
विक्किरियसत्तिजुत्ता, पल्लासंखेज्जया वाऊ ॥ २५९ ॥

बादरपूर्णा तैजसाः स्वकराशेरसंख्यभागमिताः ।
विक्रियाशक्तियुक्ताः पल्यासंख्याता वायवः ॥ २५९ ॥

अर्थ—बादर पर्याप्तक तैजसकायिक जीवोंका जितना प्रमाण है उनमें असंख्यातवें भागप्रमाण विक्रिया शक्तिसे युक्त हैं और वायुकायिक जितने जीव हैं उनमें पल्यके असंख्यातवें भाग विक्रियाशक्तिसे युक्त हैं।

भावार्थ—घनावलिके असंख्यातवे भागप्रमाण सम्पूर्ण बादर पर्याप्त, तैजस जीवोंका प्रमाण है। उनमे असख्यातवे भाग विक्रिया शक्तिवाले जीवोका प्रमाण है। तथा लोकके असंख्यातवें भाग बादर पर्याप्त वातकायिक जीव हैं। उनमे पल्यके असंख्यातवे भाग विक्रियाशक्तिवाले जीव हैं।

पल्लासंखेज्जाहयविंदंगुलगुणिदसेढिमेत्ता हु ।
वेगुव्वियपंचक्खा, भोगभुमा पुह विगुव्वंति ॥ २६० ॥

पल्यासंख्याताहतवृन्दांगुलगुणितश्रेणिमात्रा हि ।
वैगूर्विकपञ्चाक्षा भोगभूमाः पृथक् विगूर्वन्ति ॥ २६० ॥

अर्थ—पल्यके असख्यातवे भागसे अभ्यस्त (गुणित) घनांगुलका जगच्छ्रेणीके साथ गुणा करने पर जो लब्ध आवे उतने ही पर्याप्त पचेन्द्रिय तिर्यंचो और मनुष्योमे वैक्रियिक योगके धारक हैं। और भोगभूमिया तिर्यंच तथा मनुष्य कर्मभूमियाओमे चक्रवर्ती[1] पृथक् विक्रिया भी करते हैं।

भावार्थ—विक्रिया दो प्रकारकी होती है, एक पृथक् विक्रिया दूसरी अपृथक् विक्रिया। अपने शरीरके सिवाय दूसरे शरीरादिक बनाना इसको पृथक् विक्रिया कहते हैं। और अपने शरीरके ही अनेक आकार बनाना इसको अपृथक् विक्रिया कहते हैं। इन दोनों प्रकारकी विक्रियाके धारक तिर्यंच तथा मनुष्योकी संख्या ऊपर कही गई है। यहाँपर कर्मभूमिजोमे चक्रवर्तीकी पृथक् विक्रिया बताई है, इससे शेप कर्मभूमिजोके अपृथक् विक्रियाका होना ही प्रमाणित होता है।

देवेहिं सादिरेया, तिजोगिणो तेहिं हीणतसपुण्णा ।
वियजोगिणो तदूणा, संसारी एक्कजोगा हु ॥ २६१ ॥

देवैः सातिरेकाः त्रियोगिनस्तैर्हीनाः त्रसपूर्णाः ।
द्वियोगिनस्तदूना संसारिणः एकयोगा हि ॥ २६१ ॥

अर्थ—देवोंसे कुछ अधिक त्रियोगियोका प्रमाण है। पर्याप्त त्रसराशिमेसे त्रियोगियोको घटानेपर जो शेप रहे उतना द्वियोगियोका प्रमाण है। संसारराशिमेसे द्वियोगी तथा त्रियोगियोका प्रमाण घटानेसे एकयोगियोंका प्रमाण निकलता है।

---

१. टीकाकारने भोगभूमिजोंके समान चक्रवर्तीके भी पृथक् विक्रिया बताई है। किन्तु गाथाके किस शब्दसे यह अर्थ निकलता है यह हमारी समझमें नहीं आया। यह विशेष व्याख्यान हो सकता है।

भावार्थ—नारकी[1] देव[2] सञ्ज्ञीपचेन्द्रिय तिर्यंच[3] पर्याप्त मनुष्य[4] ~~कर्मोंका~~ इनका जितना प्रमाण है उतना ही त्रियोगियोंका प्रमाण है। त्रसराशिमेंसे[5] त्रियोगियोंका प्रमाण घटानेपर द्वियोगियोका और संसारराशिमेंसे[6] त्रियोगी तथा द्वियोगियोका प्रमाण घटानेपर एकयोगियोका प्रमाण निकलता है।

अंतोमुहुत्तमेत्ता चउमणजोगा कमेण संखगुणा।
तज्जोगो सामण्णं चउवचिजोगा तदो दु संखगुणा ॥ २६२ ॥

अन्तर्मुहूर्तमात्रा चतुर्मनोयोगा क्रमेण सख्यगुणाः।
तद्योग· सामान्य चतुर्वचोयोगा· ततस्तु संख्यगुणा ॥ २६२ ॥

अर्थ—सत्य असत्य उभय अनुभय इन चार मनोयोगोमे प्रत्येकका काल यद्यपि अन्तर्मुहूर्त-मात्र है तथापि पूर्व पूर्वकी अपेक्षा उत्तरोत्तरका काल क्रमसे संख्यातगुणा संख्यातगुणा है और चारो-की जोड़का जितना प्रमाण है उतना सामान्य मनोयोगका काल है। इस प्रकार चारो मनोयोगोके जोड़का जितना प्रमाण है उससे सख्यातगुणा काल चारो वचनयोगोका है। और प्रत्येक वचनयोगका काल भीअन्तर्मुहूर्त है। तथा पूर्व पूर्वकी अपेक्षा उत्तरोतरका प्रमाण संख्यातगुणा संख्यातगुणा है। और चारोंके जोड़का प्रमाण भी अन्तर्मुहूर्त है।

तज्जोगो सामण्णं काओ संखाहदो तिजोगमिदं।
सव्वसमासविभजिदं सगसगगुणसंगुणे दु सगरासी ॥ २६३ ॥

तद्योग· सामान्य काय· संख्याहत· त्रियोगिमितम्।
सर्वसमासविभक्त स्वकस्वकगुणसगुणे तु स्वकराशिः ॥ २६३ ॥

अर्थ—चारो वचनयोगोके जोडका जो प्रमाण हो वह सामान्य वचनयोगका काल है। इससे संख्यातगुणा काययोगका काल है। तीनो योगोके कालको जोड देनेसे जो समयोका प्रमाण हो उसका पूर्वोक्त त्रियोगिजीवराशिमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उस एक भागसे अपने अपने कालके समयोसे गुणा करने पर अपनी अपनी राशिका प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—कल्पना कीजिये कि सत्यमनोयोगका काल सबसे कम होनेके कारण एक अन्तर्मुहूर्त है और यही गुणाकारके सख्यातका प्रमाण ४ है तो असत्य उभय अनुभय मनोयोगके कालका प्रमाण क्रमसे ४,१६,६४ अन्तर्मुहूर्त होगा और सबका जो ८५ होगा।

इसी प्रकार वचनयोगके सत्य असत्य उभय अनुभय वचनयोगका भी काल क्रमसे ८५×४, ८५×१६, ८५×६४, ८५×२५६ अन्तर्मुहूर्त तथा सबका जोड़ ८५×३४० अन्तर्मुहूर्त और काययोगका काल ८५×१३६० होगा। इन सबके मिलानेसे तीनो योगोके जोड़का काल ८५×१७०१ अन्तर्मुहूर्तमात्र होता है। इसके जितने समय हो उनका त्रियोगिजीवोंके प्रमाणमें भाग दीजिये। लब्ध एक भागके साथ सत्यमनोयोगोके कालके जितने समय हैं उनका गुणा कीजिये जो लब्ध आवे वह सत्यमनोयोगवाले जीवोंका प्रमाण है। इस ही प्रकार असत्यमनोयोगीसे लेकर काययोगी पर्यन्त जीवोमे प्रत्येकका प्रमाण समझना। इस अंक संदृष्टिके अनुसार अर्थ संदृष्टिमे

१ से ६ इनका प्रमाण जाननेके लिये देखो क्रमसे गाथा न. १५३, १६३, १५५–२६१–२६३, १५७–१५८, १४८, १५५।

भी सत्यमनोयोगसे काययोगवालोतकका उत्तरोत्तर संख्यातगुणा सख्यातगुणा प्रमाण समझ लेना चाहिये।

कम्मोरालियमिस्सयओरालद्धासु संचिदअणंता।
कम्मोरालियमिस्सयओरालियजोगिणो जीवा ॥ २६४ ॥

कार्मणौदारिकमिश्रकौरालाद्धासु संचितानन्ताः।
कार्मणौरालिकमिश्रकौरालिकयोगिनो जीवाः ॥ २६४ ॥

अर्थ—कार्मणकाययोग औदारिकमिश्रयोग तथा औदारिककाययोगके समयमें एकत्रित होनेवाले कार्मणयोगी औदारिकमिश्रयोगी तथा औदारिकाययोगी जीव अनन्तानन्त हैं।

इस ही अर्थको स्पष्ट करते हैं—

समयत्तयसंखावलिसंखगुणावलिसमाससहिदरासी।
सगगुणगुणिदे थोवो असंखसंखाहदो कमसो ॥ २६५ ॥

समयत्रयसख्यावलिसख्यगुणावलिसमासहितराशिम्।
स्वकगुणगुणितं स्तोकः असख्यसख्याहतः क्रमशः ॥ २६५ ॥

अर्थ—कार्मणकाययोगका काल तीन समय, औदारिकमिश्रयोगका काल संख्यात आवली, औदारिक काययोगका काल संख्यात गुणित (औदारिकमिश्रके कालसे) आवली है। इन तीनोंको जोड़ देनेसे जो समयोंका प्रमाण हो उसका एकयोगिजीवराशिमे भाग देनेसे लब्ध एक भागके साथ कार्मणकालका गुणा करने पर कार्मणकाययोगी जीवोंका प्रमाण निकलता है। इस ही प्रकार उसी एक भागके साथ औदारिक मिश्रकाल तथा औदारिककालका गुणा करने पर औदारिकमिश्र-काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंका प्रमाण होता है। इन तीनो तरहके जीवोंमे सबसे कम कार्मण काययोगी है उनसे असंख्यातगुणे औदारिकमिश्रयोगी हैं और उनसे संख्यातगुणे औदारिककाययोगी है।

चार गाथाओंमे वैक्रियिकमिश्र तथा वैक्रियिककाययोगके धारक जीवोंका प्रमाण बताते हैं—

सोवक्कमाणुवक्कमकालो संखेज्जवासठिदिवाणे।
आवलिअसंखभागो संखेज्जावलिपमा कमसो ॥ २६६ ॥

सोपक्रमानुपक्रमकालः सख्यातवर्षस्थितिवाने।
आवल्यसंख्यभाग. संख्यातावलिप्रम क्रमशः ॥ २६६ ॥

अर्थ—संख्यात वर्षकी स्थितिवाले उसमें भी प्रधानतया जघन्य दश हजार वर्षकी स्थितिवाले व्यन्तर देवोंका सोपक्रम तथा अनुपक्रम काल क्रमसे आवलीके असंख्यातवें भाग और संख्यात आवली प्रमाण है।

भावार्थ—उत्पत्तिसहित कालको सोपक्रम काल कहते हैं। और उत्पत्तिरहित कालको अनुपक्रम काल कहते हैं। यदि व्यन्तर देव निरन्तर उत्पन्न हो तो आवलीके असंख्यातवें भागमात्र-कालपर्यन्त उत्पन्न होते ही रहें। यदि कोई भी व्यन्तर देव उत्पन्न न हो तो ज्यादेसे ज्यादे संख्यात आवलीमात्र काल पर्यन्त (बारह मुहूर्त) उत्पन्न न हों पीछे कोई न कोई उत्पन्न हो ही।

तहिं सव्वे सुद्धसला सोवक्कमकालदो दु संखगुणा ।
तत्तो संखगुणूणा अपुण्णकालम्हि सुद्धसला ॥ २६७ ॥

तस्मिन् सर्वा शुद्धशलाकाः सोवक्रमकालतस्तु संख्यगुणा ।
ततः संख्यागुणोना अपूर्णकाले शुद्धशलाकाः ॥ २६७ ॥

अर्थ—जघन्य दश हजार वर्षकी स्थितिमे अनुपक्रमकालको छोडकर पर्याप्त तथा अपर्याप्त कालसम्बन्धी सोपक्रम कालकी शलाकाओका प्रमाण सोपक्रमकालके प्रमाणसे सख्यात गुणा है और इससे संख्यातगुणा कम अपर्याप्तकालसम्बन्धी सोपक्रमकालकी शलाकाओका प्रमाण है ।

भावार्थ—स्थितिके प्रमाणमे जितनो वार सोपक्रम कालका सम्भव हो उसको शलाका कहते हैं । अनुपक्रम कालको छाड़कर बाकोके पर्याप्त अपर्याप्त समयमे इन सब शुद्ध शलाकाओका प्रमाण सोपक्रम कालके प्रमाण आवलीके असंख्यातवें भागसे संख्यातगुणा है । तथा इससे सख्यातगुणा कम अपर्याप्तकालकी सोपक्रम शलाकाओका प्रमाण है ।

तं सुद्धसलागाहिदणियरासिमपुण्णकाललद्धाहि ।
सुद्धसलागाहिं गुणे वेंतरवेगुव्वमिस्सा हु ॥ २६८ ॥

त शुद्धशलाकाहितनिजराशिमपूर्णकाललब्धाभि. ।
शुद्धशलाकाभिर्गुणे व्यन्तरवैगूर्वमिश्रा हि ॥ २६८ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त व्यन्तर देवोके प्रमाणमे उपर्युक्त सर्व कालसम्बन्धी शुद्ध उपक्रम शलाका प्रमाणका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका अपर्याप्त-काल-सम्बन्धी शुद्ध उपक्रम शलाकाके साथ गुणा करनेपर जो प्रमाण हो उतने ही वैक्रियिकमिश्रयोगके धारक व्यन्तरदेव समझने चाहिये ।

भावार्थ—संख्यात वर्षको स्थितिवाले व्यन्तर देव अधिक उत्पन्न होते है इसलिये उनकी ही मुख्यतासे यहाँ यह प्रमाण बताया है ।

तहि सेसदेवणारयमिस्सजुदे सव्वमिस्सवेगुव्वं ।
सुरणिरयकायजोगा, वेगुव्वियकायजोगा हु ॥ २६९ ॥

तस्मिन् शेषदेवनारकमिश्रयुते सर्वमिश्रवैगूर्वम् ।
सुरनिरयकाययोगा वैगूर्विककाययोगा हि ॥ २६९ ॥

अर्थ—वैक्रियिक मिश्र काययोगके धारक उक्त व्यन्तरोके प्रमाणमे शेष भवनवासी, ज्योतिषी, वैमानिक और नारकियोके मिश्र काययोगवालोका प्रमाण मिलानेसे सम्पूर्ण मिश्र वैक्रियिक काययोगवालोका प्रमाण होता है । और देव तथा नारकियोके काययोगवालोका प्रमाण मिलनेसे समस्त वैक्रियिक काययोगवालोका प्रमाण होता है ।

आहारककाययोगी तथा आहारकमिश्रयोगियोका प्रमाण बताते हैं—

आहारकायजोगा, चउवण्णं होंति एकसमयम्हि ।
आहारमिस्सजोगा, सत्तावीसा दु उक्कस्सं ॥ २७० ॥

आहारकाययोगाः चतुष्पञ्चाशत् भवन्ति एकसमये ।
आहारमिश्रयोगाः सप्तविंशतिस्तूत्कृष्टम् ॥ २७० ॥

अर्थ—एक समयमे आहारककाययोगवाले जीव अधिकसे अधिक चौअन होते हैं और आहारक-मिश्रयोगवाले जीव अधिकसे अधिक सत्ताइस होते हैं। यहांपर जो उत्कृष्ट शब्द है वह मध्यदीपक है।

भावार्थ—जिस प्रकार देहलीपर रक्खा हुआ दीपक बाहर और भीतर दोनों जगह प्रकाश करता है उस ही प्रकार यह शब्द भी पूर्वोक्त तथा जिसका आगे वर्णन करेंगे ऐसी दोनो ही सख्याओको उत्कृष्ट अपेक्षा समझना यह सूचित करता है।

इति योगमार्गणाधिकारः ॥

•

अथ वेदमार्गणा ५

क्रमप्राप्त वेदमार्गणाका निरूपण करते हैं—

पुरिसिच्छिसंढवेदोदयेण पुरिसिच्छिसंढओ भावे ।
णामोदयेण दव्वे, पाएण समा कहिं विसमा ॥ २७१ ॥

पुरुषस्त्रीषण्ढवेदोदयेन पुरुषस्त्रीषण्ढाः भावे ।
नामोदयेन द्रव्ये प्रायेण समा. क्वचिद् विषमा ॥ २७१ ॥

अर्थ—पुरुष स्त्री और नपुंसक वेदकर्मके उदयसे भावपुरुष भावस्त्री भावनपुंसक होता है। और नामकर्मके उदयसे द्रव्यपुरुष द्रव्यस्त्री द्रव्यनपुसक होता है। सो यह भाववेद और द्रव्यवेद प्रायः करके समान होता है, परन्तु कही कही विषम भी होता है।

भावार्थ—वेदनामक नोकषायके उदयसे जीवोके भाववेद होता है, और निर्माण नामकर्म सहित आगोपागनामकर्मके उदयसे द्रव्यवेद होता है। ये दोनों ही वेद प्राय.करके तो समान ही होते हैं, अर्थात् जो भाववेद वही द्रव्यवेद और जो द्रव्यवेद वही भाववेद। परन्तु कही कही विषमता भी हो जाती है, अर्थात् भाववेद दूसरा और द्रव्यवेद दूसरा। यह विषमता देवगति और नरकगतिमे तो सर्वथा नही पाई जाती। मनुष्य और तिर्यंग्गतिमे जो भोगभूमिज है उनमें भी नहीं पाई जाती। बाकीके तिर्यंग् मनुष्योमे क्वचित् वैषम्य भी पाया जाता है।

वेदस्सुदीरणाए, परिणामस्स य हवेज्ज संमोहो ।
संमोहेण ण जाणदि, जीवो हि गुणं व दोषं वा ॥ २७२ ॥

वेदस्योदीरणायां परिणामस्य च भवेत् संमोहः ।
समोहेन न जानाति जीवो हि गुणं वा दोपं वा ॥ २७२ ॥

अर्थ—वेद नोकषायके उदय तथा उदीरणा होनेसे जीवके परिणामोमे बड़ा भारी मोह उत्पन्न होता है और इस मोहके होनेसे यह जीव गुण अथवा दोपका विचार नही कर सकता।

पुरुगुणभोगे सेदे, करेदि लोयम्मि पुरुगुणं कम्मं ।
पुरुउत्तमो य जम्हा, तम्हा सो वण्णिओ पुरिसो[1] ॥ २७३ ॥

पुरुगुणभोगे शेते करोति लोके पुरुगुणं कर्म ।
पुरुरुत्तमश्च यस्मात् तस्मात् स वर्णित पुरुषः[2] ॥ २७३ ॥

अर्थ—उत्कृष्ट गुण अथवा उत्कृष्ट भोगोका जो स्वामी हो, अथवा जो लोकमें उत्कृष्ट गुणयुक्त कर्मको करे, यद्वा जो स्वयं उत्तम हो उसको पुरुष कहते है ।

भावार्थ—उत्कृष्ट सम्यग्ज्ञानादि गुणोका वह स्वामी होता है, इन्द्र चक्रवर्ती आदि पदोंको भोगता है, चारों पुरुषार्थोंका पालन करता है, परमेष्ठिपदमे स्थित रहता है, इसलिये इसको पुरुष कहते हैं ।

छादयदि सयं दोसे, णयदो छाददि परं वि दोसेण ।
छादणसीला जम्हा, तम्हा सा वण्णिया इत्थी[3] ॥ २७४ ॥

छायदत्ति स्वक दोषैः नयत. छायदति परमपि दोषेण ।
छादनशीला यस्मात् तस्मात् सा वर्णिता स्त्री ॥ २७४ ॥

अर्थ—जो मिथ्यादर्शन अज्ञान असयम आदि दोषोसे अपनेको आच्छादित करे और मृदु भाषण, तिरछी चितवन आदि व्यापारसे जो दूसरे पुरुषोको भी हिंसा अब्रम्ह आदि दोषोसे आच्छादित करे, उसको अच्छादन--स्वभावयुक्त होनेसे स्त्री कहते है ।

भावार्थ—यद्यपि तीर्थंकरोकी माता, या सम्यक्त्वादि गुणोंसे भूषित दूसरी भी बहुत सी स्त्रियाँ अपनेको तथा दूसरोको दोषोसे आच्छादित नही भी करती हैं-उनमे यह लक्षण नही भी घटित होता है तव भी बहुलताकी अपेक्षा यह निरुक्तिसिद्ध[4] लक्षण किया है । निरुक्तिके द्वारा मुख्यतया प्रकृति प्रत्ययसे निष्पन्न अर्थका बोधमात्र कराया जाता है ।

णेवित्थी णेव पुमं, णउंसओ उहयलिंगवदिरित्तो ।
इट्ठावग्गिसमाणगवेदणगरुओ कलुसचित्तो[5] ॥ २७५ ॥

नैव स्त्री नैव पुमान् नपु सक उभयलिंगव्यतिरिक्तः ।
इष्टापाकाग्निसमानकवेदनागुरुकः कलुषचित्त ॥ २७५ ॥

---

१ पट् खं. गा. १७१ ।

२ यद्यपि शीङ् धातुका अर्थ स्वप्न है, तथापि "धातूनामनेकार्था" इस नियमके अनुसार स्वामी, करना तथा स्थिति अर्थ मानकर पृषोदरादि गणके द्वारा तालव्य शकारको मूर्धन्य बनाकर यह शब्द सिद्ध किया गया है । पुरुषु शेते इति पुरुष इत्यादि । अथवा बोऽन्तकर्मणि इस धातुसे इस शब्दकी सिद्धि समझना चाहिये । पुरु शब्दका अर्थ उत्तम होता है ।

३ पट् खं १ गाथा १७० । तत्र "दोसेण यदो" इति पाठ ।

४. स्वयं परं वा दोषैः स्त्रीणाति आच्छादयति इति स्त्री ।

५. णेवित्थी णेव पुमं, णवुंसओ उभयलिंगवदिरतो । इट्ठावागसमाणगवेयणगरुओ कलुसचित्तो ॥१७२॥ षट् खं. १ ।

अर्थ—जो न स्त्री हो और न पुरुष हो ऐसे दोनो ही लिंगोसे रहित जीवको नपुंसक[1] कहते हैं। इसके अवा (भट्टा) में पकती हुई ईंटकी अग्निके समान तीव्र कषाय होती है। अतएव इसका चित्त प्रतिसमय कलुषित रहता है।

वेदरहित जीवोंको बताते है—

तिणकारिसिट्ठपागग्गिसरिसपरिणामवेदणुम्मुक्का।
अवगयवेदा जीवा, सगसंभवणंतवरसोक्खा[2] ॥ २७६ ॥

तृणकारोषेष्टपाकाग्निसदृशपरिणावेदनोन्मुकाः।
अपगतवेदा जीवा स्वकसम्भवानन्तरवरसौख्या. ॥ १७६ ॥

अर्थ—तृणकी अग्नि कारीष अग्नि इष्टपाक अग्नि (अवाकी अग्नि) के समान वेदके परिणामोसे रहित जीवोको अपगतवेद कहते है। ये जीव अपनी आत्मासे ही उत्पन्न होनेवाले अनन्त और सर्वोत्कृष्ट सुखको भोगते है।

भावार्थ—तृणकी अग्निके समान पुरुषवेदकी कषाय और कारीष-कडेकी अग्निके समान स्त्रीवेदकी कषाय तथा अवा-भट्टेकी अग्निके समान नपुंसक वेदकी कषायसे जो रहित हैं वे दुःखी नही हैं; किन्तु आत्मोत्थ सर्वोत्कृष्ट अनन्त सुखके भोक्ता हुआ करते हैं।

अब श्री माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव वेदमार्गणामे पांच गाथाओ द्वारा जीवसंख्याका वर्णन करते हैं—

जोइसियवाणजोणिणितिरिक्खपुरुसा य सण्णिणो जीवा।
तत्तेउपम्मलेस्सा, संखगुणूणा कमेणेदे ॥ २७७ ॥

ज्योतिष्कवानयोनिनीतिर्यक्पुरुषाश्च संज्ञिनो जीवाः।
तत्तेजःपद्मलेश्याः सख्यगुणोना. क्रमेणैते ॥ २७७ ॥

अर्थ—ज्योतिषी, व्यन्तर, योनिनी तिर्यंच तिर्यक् पुरुष, संज्ञी तिर्यंच, तेजोलेश्यावाले सज्ञी तिर्यंच तथा सज्ञी तिर्यंच पद्मलेश्यावाले जीव क्रमसे उत्तरोत्तर सख्यातगुणे संख्यातगुणे हीन हैं।

भावार्थ—६५५३६ से गुणित प्रतरागुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही ज्योतिषी जीवोका प्रमाण है। इसमे क्रमसे संख्यातगुणा सख्यातगुणा कम करनेसे आगे आगेकी राशिका प्रमाण निकलता है।

अर्थात् ज्योतिषियोंके प्रमाणसे उत्तरोत्तर व्यन्तर, तिर्यंचयोनिनी, तिर्यक् पुरुष आदिका प्रमाण क्रमसे सख्यातवें भागमात्र है।

इगिपुरिसे बत्तीसं, देवी तज्जोगभजिददेवोघे।
सगगुणगारेण गुणे, पुरुसा महिला य देवेसु ॥ २७८ ॥

एकपुरुषे द्वात्रिंशद्देव्यः तद्योगभक्तदेवोघे।
स्वकगुणकारेण गुणे पुरुषा महिलाश्च देवेषु ॥ २७८ ॥

---

१. न स्त्री न पुमानिति नपुंसक।

२. कारिसतणिट्ठिवागग्गिसरिसपरिणामवेयणुम्मुक्का ॥ इति षट् खं. १ गा १७२ ॥

अर्थ—देवगतिमे एक देवकी कमसे कम बत्तीस देवियां होती हैं। इसलिये देव और देवियोके जोड़रूप तेतीसका समस्त देवराशिमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका अपने अपने गुणाकारके साथ गुणा करनेसे देव और देवियोका प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—समस्त देवराशिमे तेतीसका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका एकके साथ गुणा करने से देवोका और बत्तीसके साथ गुणा करनेसे देवियोका प्रमाण निकलता है। अर्थात् सम्पूर्ण देवराशिके ३३ भागोमेसे एक भाग प्रमाण पुरुषवेदी और ३२ भागप्रमाण स्त्रीवेदी जीव हैं। यद्यपि इन्द्रादिकोको देवियोका प्रमाण अधिक है, तथापि प्रकीर्णक देवोकी अपेक्षा इन्द्रादिका प्रमाण अत्यल्प[1] है, अतः उनकी यहां पर विवक्षा नही की है।

देवेहिं सादिरेया, पुरिसा देवीहिं साहिया इत्थी।
तेहिं विहीण सवेदो, रासी संढाण परिमाणं ॥ २७९ ॥

देवैः सातिरेका, पुरुषा देवीभिः साधिका स्त्रियः।
तैर्विहीनः सवेदो राशिः षण्ढाना परिमाणम् ॥ २७९ ॥

अर्थ—देवोसे कुछ अधिक मनुष्य और तिर्यंग्गतिसहित पुवेदवालोका प्रमाण है और देवियोसे कुछ अधिक मनुष्य तथा तिर्यंग्गति सहित स्त्रीवेदवालोका प्रमाण है। सवेद राशिमेसे पुवेद तथा स्त्रीवेदका प्रमाण घटानेसे जो शेष रहे वह नपुसकवेदियोका प्रमाण है।

गब्भणपुइत्थिसण्णी, सम्मुच्छणसण्णिपुण्णगा इदरा।
कुरुजा असण्णिगब्भजणपुइत्थीवाणजोइसिया ॥ २८० ॥
थोवा तिसु संखगुणा, तत्तो आवलिअसंखभागगुणा।
पल्लासंखेज्जगुणा, तत्तो सव्वत्थ संखगुणा ॥ २८१ ॥

गर्भनपुस्त्रीसंज्ञिनः सम्मूर्छनसंज्ञिपूर्णका इतरे।
कुरुजा असंज्ञिगर्भजनपु स्त्रीवानज्योतिष्काः ॥ २८० ॥
स्तोकाः त्रिषु सख्यगुणा तत आवल्यसख्यभागगुणा।
पल्यासख्येयगुणा ततः सर्वत्र सख्यगुणाः ॥ २८१ ॥

अर्थ—गर्भज संज्ञी नपुसक १ पुल्लिंगी २ तथा स्त्रीलिङ्गी ३, सम्मूर्छन संज्ञी पर्याप्त ४ और अपर्याप्त ५, भोगभूमिया ६, असज्ञी गर्भज नपुंसक ७ पुल्लिगी ८ तथा स्त्रीलिंगी ९, तथा व्यन्तर १० और ज्योतिषी ११ इन ग्यारह स्थानोको क्रमसे स्थापन करना चाहिये। जिसमे पहला स्थान सबसे स्तोक है। और उससे आगेके तीन स्थान सख्यातगुणे सख्यातगुणे हैं। पांचवां स्थान आवलीके असख्यातवें भाग गुणा है। छट्ठा स्थान पल्यके असख्यातवें भागगुणा है। इससे आगेके पाचो ही स्थान क्रमसे सख्यातगुणे सख्यातगुणे हैं।

भावार्थ—चौथे और पांचवे स्थानवाले जीव नपुंसक ही होते हैं। छट्ठे स्थानवाले पुल्लिंग और स्त्रीलिङ्ग ही होते है। ६५५३६ से गुणित प्रतरागुलका, आठवार सख्यातका, एकवार

1. इन्द्रोसे प्रकीर्णक असंख्यातगुणे हैं।

आवलीके असंख्यातवें भागका, एकवार पल्यके असंख्यातवें भागका, जगत्प्रतरमें भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही पहले स्थानका प्रमाण है। इससे आगेके तीन स्थान क्रमसे संख्यातगुणे संख्यातगुणे हैं। पाचवाँ स्थान आवलीके असंख्यातवें भागगुणा, छट्ठा स्थान पल्यके असंख्यातवें भागगुणा, सातवाँ आठवाँ नौवाँ दशवाँ ग्यारहवाँ स्थान क्रमसे संख्यातगुणा संख्यातगुणा है।

इति वेदमार्गणाधिकार.॥

●

अथ कषायमार्गणा ६

क्रमप्राप्त कषाय मार्गणाके वर्णनकी आदिमें प्रथम कषायका निरुक्तिसिद्ध लक्षण बताते हैं—

सुहदुक्खसुबहुसस्सं[1], कम्मक्खेत्तं कसेदि जीवस्स।
संसारदूरमेरं, तेण कसाओ त्ति णं बेंति॥ २८२॥

सुखदुःखसुबहुसस्यं कर्मक्षेत्रं कृषति जीवस्य।
संसारदूरमर्यादं तेन कषाय इतीमं ब्रुवन्ति॥ २८२॥

अर्थ—जीवके सुख दुःख आदि रूप अनेक प्रकारके धान्यको उत्पन्न करनेवाले तथा जिसकी संसाररूप मर्यादा अत्यन्त दूर है ऐसे कर्मरूपी क्षेत्र (खेत) का यह कर्षण करता है, इसलिये इसको कषाय कहते हैं।

भावार्थ—कृष् विलेखने धातुसे यह कषाय शब्द बना है जिसका अर्थ जोतना होता है। कषाय यह किसानके स्थानापन्न है। जिस तरह किसान लम्बे चौड़े खेतको इसलिये जोतता है कि उसमें बोया हुआ बीज अधिकसे अधिक प्रमाणमें उत्पन्न हो उसी तरह कषाय द्रव्यापेक्षया अनाद्यनिधन कर्मरूपी क्षेत्रको जिसकी कि सीमा बहुत दूर तक है इस तरहसे जोतता है कि शुभाशुभ फल इसमें अधिकसे अधिक उत्पन्न हो।

बंधनेवाले कर्मोंमें अनुभागबंध और स्थितिबंध इसका कार्य है यही बात इस गाथामें क्रमसे दो वाक्यों द्वारा बताई गई है।

कृष् धातुकी अपेक्षासे कषाय शब्दका अर्थ बताकर अब हिंसार्थक कष् धातुकी अपेक्षासे कषाय शब्दकी निरुक्ति बताते हैं—

सम्मत्तदेससयलचरित्तजहक्खादचरणपरिणामे।
घादंति वा कसाया, चउसोल असंखलोगमिदा॥ २८३॥

सम्यक्त्वदेशसकलचरित्रयथाख्यातचरणपरिणामान्।
घातयन्ति वा कषायाः चतुःषोडशासंख्यलोकमिताः॥ २८३॥

---

१. षट् खं. १ गा. ९०।

शैलास्थिकाष्ठवेत्रान् निजभेदेनानुहरन् मानः ।
नारकतिर्यग्नरामरगतिषूत्पादकः क्रमशः ॥ २८५ ॥

अर्थ—मान भी चार प्रकारका होता है। पत्थरके समान, हड्डीके समान, काठके समान तथा बेतके समान। ये चार प्रकारके मान भी क्रमसे नरक तिर्यञ्च मनुष्य तथा देवगतिके उत्पादक है।

भावार्थ—जिस प्रकार पत्थर किसी तरह नही नमता इस ही प्रकार जिसके उदयसे जीव किसी भी तरह नम्र न हो उसको शैलसमान [पत्थरके समान] मान कहते हैं। ऐसे मानके उदयसे नरकगति उत्पन्न होती हैं। इस ही तरह अस्थिसमान [हड्डीके समान] आदिक मानको भी समझना चाहिये।

वेणुवमूलोरब्भयसिंगे गोमुत्तए य खोरप्पे।
सरिसी माया णारयतिरियणरामरगईसु खिवदि जियं[1] ॥ २८६ ॥

वेणूपमूलोरभ्रकशृंगेण गोमूत्रेण च क्षुरप्रेण।
सदृशी माया नारकतिर्यग्नरामरगतिषु क्षिपति जीवम् ॥ २८६ ॥

अर्थ—माया भी चार प्रकारकी होती है। वाँसकी जड़के समान, मेढेके सींगके समान, गोमूत्रके समान, खुरपाके समान। यह चार तरहकी माया भी क्रमसे जीवको नरक तिर्यंच मनुष्य और देवगतिमें ले जाती है।

भावार्थ—मायाके ये चार भेद कुटिलताकी अपेक्षासे हैं। जितनी अधिक कुटिलता जिसमे पाई जाय वह उतनी ही उत्कृष्ट माया कही जाती है और वह उक्त क्रमानुसार गतियोकी उत्पादक होती है। वेणुमूलमे सबसे अधिक वक्रता पाई जाती है, इसलिये शक्तिकी अपेक्षा उत्कृष्ट मायाका यह दृष्टांत है। इसी प्रकार अनुत्कृष्ट मायाका मेषशृङ्ग, अजघन्य मायाका गोमूत्र और जघन्य मायाका खुरपा दृष्टांत समझना चाहिये।

किमिरायचक्कतणुमलहरिद्दराएण सरिसओ लोहो।
णारयतिरिक्खमाणुसदेवेसुप्पायओ कमसो[2] ॥ २८७ ॥

क्रिमिरागचक्रतनुमलहरिद्रारागेण सदृशो लोभः।
नारकतिर्यग्मानुषदेवेषूत्पादकः क्रमशः ॥ २८७ ॥

अर्थ—लोभ कषाय भी चार प्रकारका है। क्रिमिरागके समान, चक्रमल (रथ आदिकके पहियोंके भीतरका ओगन) के समान, शरीरके मलके समान, हल्दीके रगके समान। यह भी क्रमसे नरक तिर्यंच मनुष्य देवगतिका उत्पादक है।

भावार्थ—जिस प्रकार किरिमिजीका रंग अत्यत गाढ होता है—बड़ी ही मुश्किलसे छूटता है उसी प्रकार जो लोभ सबसे जादे गाढ़ हो उसको किरिमिजीके समान कहते हैं। इससे जो जल्दी-जल्दी छूटनेवाले हैं उनको क्रमसे ओगन, शरीरमल, हल्दीके रंगके सदृश समझना चाहिये।

---

१. षट् खं. १ गा १७६। २. षट् खं. १ गा. १७७।

नरकादि गतियोंमे उत्पत्तिके प्रथम समयमें बहुलता अथवा आचार्योंके भिन्न-भिन्न मतकी अपेक्षासे क्रोधादिकके उदयका नियम क्या है सो बताते हैं—

णारयतिरिक्खिणरसुरगईसु उप्पण्णपढमकालम्हि ।
कोहो माया माणो लोहुदओ अणियमो वापि ॥ २८८ ॥

नारकतिर्यग्नरसुरगतिषूत्पन्नप्रथमकाले ।
क्रोधो माया मानो लोभोदयः अनियमो वापि ॥ २८८ ॥

अर्थ—नरक तिर्यंच मनुष्य तथा देवगतिमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमे क्रमसे क्रोध माया मान और लोभका उदय होता है। अथवा यह नियम नही भी है।

भावार्थ—नरकगतिमें उत्पन्न होनेवाले जीवके प्रथम समयमें नियमसे क्रोधका उदय होता है। इस ही प्रकार तिर्यग्गतिमे उत्पन्न होनेवाले जीवके प्रथम समयमे नियमसे माया कषायका उदय होता है और मनुष्यगतिके प्रथम समयमे नियमसे मानका तथा देवगतिके प्रथम समयमे नियमसे लोभ कषायका उदय होता है। यह नियम कषायप्राभृत द्वितीय सिद्धातके व्याख्याता यतिवृषभाचार्यके अभिप्रायानुसार है। किन्तु महाकर्म प्रकृतिप्राभृत प्रथम सिद्धांतके व्याख्याता भूतवली आचार्यके अभिप्रायसे यह नियम नही है[1]।

कषायरहित जीवोको बताते है—

अप्पपरोभयबाधणबंधासंजमणिमित्तकोहादी ।
जेसिं णत्थि कसाया अमला अकसाइणो जीवा[2] ॥ २८९ ॥

आत्मपरोभयबाधनबन्धासंयमनिमित्तक्रोधादयः ।
येषां न सन्ति कषाया अमला अकषायिणो जीवाः ॥ २८९ ॥

अर्थ—जिनके स्वयंको दूसरेको तथा दोनोको ही बाधा देने और बन्धन करने तथा असयम करनेमें निमित्तभूत क्रोधादिक कषाय नही हे तथा जो बाह्य और अभ्यन्तर मलसे रहित है ऐसे जीवोको अकषाय कहते है।

भावार्थ—यद्यपि गाथामें कषाय शब्दका ही उल्लेख है तथापि यहा नोकषायका भी ग्रहण कर लेना चाहिये। गुणस्थानोंकी[3] अपेक्षा ग्यारहवे गुणस्थानसे लेकर सभी जीव अकषाय है।

क्रोधादि कषायोके शक्ति आदिकी अपेक्षासे स्थान बताते है।

कोहादिकसायाणं, चउ चउदस वीस होंति पद संखा ।
सत्तीलेस्साआउगबंधाबंधगदभेदेहिं ॥ २९० ॥

क्रोधादिकषायाणां चत्वारश्चतुर्दश विंशति भवन्ति पदसंख्याः ।
शक्तिलेश्याऽऽयुष्कबंधाबंधगतभेदैः ॥ २९० ॥

---

१. देखो जी प्र तथा मन्द प्र टीका। २ पट्खं. १ गा. १७८।

३ यद्यपि सिद्ध परमेष्ठी भी अकषाय ही है। फिर भी गुणस्थानोकी अपेक्षासे अन्तिम चार गुणस्थान वाले ही आगममें अकषाय स्व्द से कहे गये हैं। देखो पट् खं १ सू. १४४।

अर्थ—शक्ति, लेश्या तथा आयुके बन्धाबन्ध गत भेदोकी अपेक्षासे क्रोधादि कषायोके क्रमसे चार चौदह और बीस स्थान होते हैं।

भावार्थ—शक्तिकी अपेक्षा चार, लेश्याकी अपेक्षा चौदह और आयुके बन्धाबन्धकी अपेक्षा क्रोधादि कषायोके बीस स्थान होते हैं।

शक्तिकी अपेक्षासे होनेवाले चार स्थानोंको गिनाते हैं—

> सिलसेलवेणुमूलक्किमिरायादी कमेण चत्तारि।
> कोहादिकसायाणं सत्तिं पडि होंति णियमेण ॥ २९१ ॥
>
> शिलाशैलवेणुमूलक्रिमिरागादीनि क्रमेण चत्वारि।
> क्रोधादिकषायाणां शक्तिं प्रति भवन्ति नियमेन ॥ २९१ ॥

अर्थ—शिलाभेद आदिक चार प्रकारका क्रोध, शैलसमान आदिक चार प्रकारका मान, वेणु (बांस) मूलके समान आदिक चार तरहकी माया, क्रिमिरागके समान आदिक चार प्रकारका लोभ, इस तरह क्रोधादिक कषायोके उक्त नियमके अनुसार क्रमसे शक्तिकी अपेक्षा चार-चार स्थान है।

लेश्याकी अपेक्षा होनेवाले चौदह स्थानोको गिनाते है—

> किण्हं सिलासमाणे, किण्हादी छक्कमेण भूमिम्हि।
> छक्कादी सुक्को त्ति य, धूलिम्मि जलम्मि सुक्केक्का ॥ २९२ ॥
>
> कृष्णा शिलासमाने कृष्णादयः षट् क्रमेण भूमौ।
> षट्कादि. शुक्लेति च धूलौ जले शुक्लैका ॥ २९२ ॥

अर्थ—शिलासमान क्रोधमे केवल कृष्ण लेश्याकी अपेक्षासे एक ही स्थान होता है। पृथ्वी-समान क्रोधमे कृष्ण आदिक लेश्याकी अपेक्षा छह स्थान हैं। धूलिसमान क्रोधमे छह लेश्याओसे लेकर शुक्ललेश्या पर्यंत छह स्थान होते हैं। और जल समान क्रोधमे केवल एक शुक्ललेश्या ही होती है।

भावार्थ—शिलासमान क्रोधमे केवल कृष्णलेश्याका एक ही स्थान होता है। पृथ्वीभेद समान क्रोधमे छह स्थान होते हैं, पहला कृष्णलेश्याका, दूसरा कृष्ण नील लेश्याका, तीसरा कृष्ण नील कपोत लेश्याका, चौथा कृष्ण नील कपोत पीत लेश्याका, पांचवाँ कृष्ण नील कपोत पीत पद्म लेश्याका, छट्ठा कृष्ण नील कपोत पीत पद्म शुक्ललेश्याका। इस ही प्रकार धूलिरेखा समान क्रोधमे भी छह स्थान होते हैं। पहला कृष्णादिक छह लेश्याका, दूसरा कृष्णरहित पाँच लेश्याका, तीसरा कृष्ण नीलरहित चार लेश्याका, चौथा कृष्ण नील कपोतरहित अन्तकी तीन शुभ लेश्याओका, पाँचवाँ पद्म और शुक्ल लेश्याका, छट्ठा केवल शुक्ल लेश्याका। जलरेखा समान क्रोधमे एक शुक्ल लेश्याका ही स्थान होता है। जिस प्रकार क्रोधके लेश्याओकी अपेक्षा ये चौदह स्थान बताये हैं उस ही तरह मानादिक कपायमें भी चौदह भेद समझना चाहिये।

आयुके बधाबंधकी अपेक्षासे तीन गाथाओ द्वारा बीस स्थानोको गिनाते हैं—

> सेलगकिण्हे सुण्णं, णिरयं च य भूगएगबिट्ठाणे।
> णिरयं इगिबितिआऊ, तिट्ठाणे चारि सेसपदे ॥ २९३ ॥

शलगकृष्णे शून्य निरयं च च भूगैकद्विस्थाने ।
निरयमेकद्वित्र्यायुस्त्रिस्थाने चत्वारि शेषपदे ॥ २९३ ॥

अर्थ—शैलगत कृष्णलेश्यामे कुछ स्थान तो ऐसे हैं कि जहाँ पर आयुबन्ध नही होता। इसके अनन्तर कुछ स्थान ऐसे हैं कि जिनमे नरक आयुका बन्ध होता है। इसके बाद पृथ्वीभेदगत पहले और दूसरे स्थानमे नरक आयुका ही बन्ध होता है। इसके भी बाद कृष्ण नील कपोत लेश्याके तीसरे भेदमे (स्थानमे) कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ नरक आयुका ही बन्ध होता है और कुछ स्थान ऐसे है जहाँपर नरक तिर्यंच दो आयुका बन्ध हो सकता है तथा कुछ स्थान ऐसे है जहाँपर नरक तिर्यच तथा मनुष्य तीनो ही आयुका बन्ध हो सकता है। शेषके तीन स्थानोमे चारो आयुका बन्ध हो सकता है।

धूलिगछक्कट्ठाणे, चउराऊतिगदुगं च उवरिल्लं ।
पणचदुठाणे देवं, देवं सुण्णं च तिट्ठाणे ॥ २९४ ॥

धूलिगषट्कस्थाने चतुरायूषि त्रिकद्विक चोपरितनम् ।
पञ्चचतुर्थस्थाने देव देवं शून्य च तृतीयस्थाने ॥ २९४ ॥

अर्थ—धूलिभेदगत छह लेश्यावाले प्रथम भेदके कुछ स्थानोमे चारो आयुका वन्ध होता है। इसके अनन्तर कुछ स्थानोमे नरक आयुको छोडकर शेष तीन आयुका और कुछ स्थानोमे नरक तिर्यञ्चको छोडकर शेष दो आयुका बन्ध होता है। कृष्णलेश्याको छोड़कर पाचलेश्यावाले दूसरे स्थानमे तथा कृष्ण नीललेश्याको छोडकर शेष चार लेश्यावाले तृतीयस्थानमे केवल देव आयुका बंध होता है। अन्तकी तीन लेश्यावाले चौथे भेदके कुछ स्थानोमे देवायुका वन्ध होना है और कुछ स्थानोमे आयुका अबन्ध है।

सुण्णं दुगइगिठाणे, जलम्हि सुण्णं असंखभजिदकमा ।
चउचोदसवीसपदा, असंखलोगा हु पत्तेयं ॥ २९५ ॥

शून्य द्विकैकस्थाने जले शून्यमसंख्यभजितक्रमा. ।
चतुश्चतुर्दशविंशतिपदा असख्यलोका हि प्रत्येकम् ॥ २९५ ॥

अर्थ—इस ही के (धूलि भेदगत ही के) पद्म और शुक्ललेश्यावाले पाचवे स्थानमे और केवल शुक्ललेश्यावाले छट्ठे स्थानमे आयुका अवन्ध है। तथा जलभेदगत केवल शुक्ललेश्यावाले एक स्थानमे भी आयुका अवन्ध है। इस प्रकार कषायोके शक्तिकी अपेक्षा चार भेद, लेश्याओकी अपेक्षा चौदह भेद, आयुके वन्धावन्धकी अपेक्षा वीस भेद होते हैं। इनमे प्रत्येकके अवान्तर भेद असंख्यात लोकप्रमाण हैं। तथा अपने-अपने उत्कृष्टसे अपने अपने जघन्य पर्यन्त क्रमसे असख्यातगुणे असंख्यातगुणे हीन हैं।

भावार्थ—इन चार चौदह और वीस भेदोका यंत्र यही आगे दिया जा रहा है। उससे विशेष स्पष्ट जाना जा सकता है।

कषायोंके शक्तिस्थान, लेश्यास्थान और आयुर्बन्धाबन्धस्थानका यन्त्र

शक्तिस्थान ४	शिलाभेद १		पृथ्वीभेद १							
लेश्यास्थान १४	१ कृष्ण		१	२ कृ. नी.	३ कृष्ण नील कापोत			४ कृ नी. का पी	५ कृ. नी. का. पी. प	६ कृ. नी. का. पी. प. शु.
आयुर्बन्धा- बन्धस्थान २०	०	१ नरक	१ नरक	१ नरक	१ नरक	२ नरक तिर्यंग्	३ नरक तिर्यंक् मनुष्य	४ नरक तिर्यं. मनु. देव.	४ नरक तिर्यंग् मनुष्य देव.	४ नरक तिर्यंग् मनुष्य देव.

क्तस्थान ४	धूलि भेद १									जल रेखा १
लेश्यास्थान १४	६ कृ नी का. पी प शु.			५ नी का पी. प. शु	४ का. पी प शु.	३ पी प. शु		२ प. शु.	१ शु	१ शु.
आयुर्बन्धा- बन्धस्थान २०	४ नरक. तिर्य. मनु. देव	३ — तिर्यंग् मनु देव	२ — — मनु देव.	१ देव	१ देव	१ देव	०	०	०	०

अब श्री माधवचन्द्र त्रैविद्यदेव कषायमार्गणामें तीन गाथाओं द्वारा जीवोंकी संख्या बताते हैं—

पुह पुह कसायकालो, णिरये अंतोमुहुत्तपरिमाणो ।
लोहादी संखगुणो, देवेसु य कोहपहुदीदो ॥ २९६ ॥

पृथक् पृथक् कषायकाल निरये अन्तर्मुहूर्तपरिमाण ।
लोभादि: सख्यगुणो देवेषु च क्रोधप्रभृतितः ॥ २९६ ॥

अर्थ—नरकमे नारकियोके लोभादि कषायका काल सामान्यसे अन्तर्मुहूर्तमात्र होने पर भी पूर्व-पूर्वकी अपेक्षा उत्तरोत्तर कषायका काल पृथक्-पृथक् सख्यातगुणा संख्यातगुणा है और देवोमे क्रोधादिक लोभपर्यन्त कषायोका काल सामान्यसे अन्तर्मुहूर्त किंतु विशेषरूपसे पूर्व-पूर्वकी अपेक्षा उत्तरोत्तरका संख्यातगुणा सख्यातगुणा काल है।

भावार्थ—यद्यपि सामान्यसे प्रत्येक कषायका काल अन्तर्मुहूर्त है, तथापि नारकियोके जितना लोभका काल है उससे सख्यातगुणा मायाका काल है, और जितना मायाका काल है उससे संख्यातगुणा मानका काल है, मानके कालसे भी सख्यातगुणा क्रोधका काल है। किन्तु देवोमे इससे विपरीत है। अर्थात् जितना क्रोधका काल है उससे सख्यातगुणा मानका काल है, मानसे सख्यातगुणा मायाका और मायासे संख्यातगुणा लोभका काल है।

सव्वसमासेणवहिदसगसगरासी पुणो वि संगुणिदे ।
सगसगगुणगारेहिं य सगसगरासीण परिमाणं ॥ २९७ ॥

सर्वसमासेनावहितस्वकस्वकराशौ पुनरपि संगुणिते ।
स्वकस्वकगुणकारैश्च स्वकस्वकराशीना परिमाणम् ॥ २९७ ॥

अर्थ—अपनी-अपनी गतिमे सम्भव जीवराशिमे समस्त कषायोके उदयकालके जोड़का भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका अपने-अपने गुणाकारसे गुणन करने पर अपनी अपनी राशिका परिमाण निकलता है।

भावार्थ—कल्पना कीजिये कि देवगतिमे देव राशिका प्रमाण १७०० है और क्रोधादिकके उदयका काल क्रमसे ४,१६,६४,२५६ है। इसलिये समस्त कषायोदयके कालका जोड ३४० हुआ। इसका उक्त देवराशिमे भाग देनेसे लब्ध ५ आते हैं। इस लब्ध राशिका अपने-अपने कषायोदय-कालसे गुणा करने पर अपनी-अपनी राशिका प्रमाण निकलता है। यदि क्रोधकषायवालोंका प्रमाण निकालना हो तो ४ से गुणा करने पर बीस निकलता है, यदि मानकषायवालोका प्रमाण निकालना हो तो १६ से गुणा करने पर ८० प्रमाण निकलता है। इस ही प्रकार आगे भी समझना। जिस तरह यह देवोंकी अंकसदृष्टि कही उस ही तरह नारकियोकी भी समझना, किन्तु अकसदृष्टिको ही अर्थसदृष्टि नही समझना। क्रोधादि कषायवाले जीवोकी संख्या निकालनेका यह क्रम केवल देव तथा नरकगतिमे ही समझना।

मनुष्य तथा तिर्यंचोंमे कषायवाले जीवोका प्रमाण बताते हैं—

णरतिरिय लोहमायाकोहो माणो बिइंदियादिव्व ।
आवलिअसंखभज्जा, सगकालं वा समासेज्ज ॥ २९८ ॥

नरतिरश्चो. लोभमायाक्रोधो मानो द्वीन्द्रियादिवत् ।
आवल्यसख्यभाज्या. स्वघककाल वा समासाद्य ॥ २९८ ॥

अर्थ—जिस प्रकार द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय तथा पंचेन्द्रिय जीवोकी संख्या पहले

निकाली है उस ही क्रमसे मनुष्य तथा तिर्यचोके लोभ माया क्रोध और मानवाले जीवोंका प्रमाण आवलीके असंख्यातवे भाग क्रमसे निकालना चाहिये। अथवा अपने-अपने कालकी अपेक्षासे उक्त कषायवाले जीवोंका प्रमाण निकालना चाहिये।

भावार्थ—चारो कषायोका जितना प्रमाण है उसमे आवलीके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उस एक भागको छोड़कर बहुभागको चारो जगह समान रूपसे विभक्त करना और शेष एक भागका "बहुभागे समभागो" इस गाथामें कहे हुए क्रमके अनुसार विभाग करनेसे चारो कषायवालोका प्रमाण निकलता है। अथवा यदि इतने कालमें इतने जीव रहते हैं तो इतने कालमे कितने रहेगे इस त्रैराशिक विधानसे भी कषायवालोका प्रमाण निकलता है।

इति कषायमार्गणाधिकारः

•

अथ ज्ञानमार्गणाधिकारः ७

क्रमप्राप्त ज्ञानमार्गणाके प्रारम्भमे ज्ञानका निरुक्तिसिद्ध सामान्य लक्षण कहते हैं—

जाणइ तिकालविसए, दव्वगुणे पज्जए य बहुभेदे[1]।
पच्चक्खं च परोक्खं, अणेण णाणं ति णं बेंति ॥ २९९ ॥

जानाति त्रिकालविषयान् द्रव्यगुणान् पर्यायांश्च बहुभेदान्।
प्रत्यक्षं च परोक्षमनेन ज्ञानमिति इदं ब्रुवन्ति ॥ २९९ ॥

अर्थ—जिसके द्वारा जीव त्रिकालविषयक भूत भविष्यत् वर्तमान कालसम्बन्धी समस्त द्रव्य और उनके गुण तथा उनकी अनेक प्रकारकी पर्यायोको जाने उसको ज्ञान कहते हैं। इसके दो भेद हैं, एक प्रत्यक्ष दूसरा परोक्ष।

भावार्थ—छह द्रव्य—जीव पुद्गल धर्म अधर्म आकाश काल, पंच अस्तिकाय—कालको छोड़कर बाकी द्रव्य, सात तत्व—जीव अजीव आस्रव बंध संवर निर्जरा मोक्ष, नव पदार्थ—पुण्य-पाप-सहित सात तत्त्व, इनके गुण और इन द्रव्यो आदिकी अनेक प्रकारकी पर्यायो-अवस्थाओके त्रैकालिक स्वरूपको जिसके द्वारा जाना जाय उसको ज्ञान कहते हैं। अवबोधार्थक ज्ञा धातुसे यह शब्द निष्पन्न हुआ है। जीवकी चैतन्यशक्तिके आकार परिणमनरूप उपयोगको ही ज्ञान कहते हैं। द्रव्य गुण और उनकी त्रैकालिक अवस्थाएं उसके विषय हैं। इस ज्ञानके सामान्यतया दो भेद हैं—प्रत्यक्ष और परोक्ष। आत्माके सिवाय—उससे भिन्न इन्द्रिय और मनकी अपेक्षा—सहायतासे जो होता है उसको परोक्ष ज्ञान कहते हैं। जो विशद है स्पष्ट है इन्द्रिय और मनकी सहायताके बिना ही अपने विषयको ग्रहण करता है उसको प्रत्यक्ष ज्ञान कहते हैं।

ज्ञानके भेदोको दिखाते हुए उनका क्षायोपशमिक और क्षायिकरूपसे विभाग करते हैं—

पंचेव होंति णाणा, मदिसुदओहीमणं च केवलयं।
खयउवसमिया चउरो, केवलणाणं हवे खइयं ॥ ३०० ॥

[1] [illegible] "[illegible] तिकालसहिए, दव्वगुणे पज्जए य बहुभेए।" इत्यादि।

पंचैव भवन्ति ज्ञानानि मतिश्रुतावधिमनश्च केवलम् ।
क्षायोपशमिकानि चत्वारि केवलज्ञानं भवेत् क्षायिकम् ॥ ३०० ॥

अर्थ—ज्ञानके पाच भेद है—मति श्रुत अवधि मन पर्यय तथा केवल । इनमे आदिके चार ज्ञान क्षायोपशमिक है और केवलज्ञान क्षायिक है ।

भावार्थ—सम्यग्ज्ञान पाँच ही है । इनमेसे आदिके चार ज्ञान जो क्षायोपशमिक हैं वे अपने-अपने प्रतिपक्षी मतिज्ञानावरणादि कर्मोके क्षयोपशमसे होते हैं । सर्वघातिस्पर्धकोंका उदयाभावी क्षय सदवस्थारूप उपशम और देवघातिका उदय हो तो क्षयोपशम कहा जाता है । प्रतिपक्षी कर्मकी इस अवस्थामें होनेवाले ज्ञानको क्षायोपशमिक कहते हैं । अन्तिम केवलज्ञान क्षायिक है । वह सम्पूर्ण ज्ञानावरणके क्षयसे प्रकट हुआ करता है ।

मिथ्याज्ञानका कारण और स्वामी बताते हैं—

अण्णाणतियं होदि हु, सण्णाणतियं खु मिच्छअणउदये ।
णवरि विभंगं णाणं, पंचिंदियसण्णिपुण्णेव ॥ ३०१ ॥

अज्ञानत्रिक भवति खलु[1] सद्ज्ञानत्रिकं खलु मिथ्यात्वानोदये ।
नवरि विभगं ज्ञान पंचेन्द्रियसज्ञिपूर्णं एव ॥ ३०१ ॥

अर्थ—आदिके तीन [मति श्रुत अवधि] ज्ञान समीचीन भी होते हैं और मिथ्या भी होते हैं । ज्ञान के मिथ्या होनेका अन्तरंग कारण मिथ्यात्व तथा अनन्तानुबन्धीकषायका उदय है । मिथ्या अवधिको विभग भी कहते है । इसमे यह विशेषता है कि यह विभंगज्ञान सज्ञी पर्याप्त पचेन्द्रियके ही होता है ।

भावार्थ—यहांपर मिथ्याज्ञानका सकारण स्वरूप पहले और दूसरे गुणस्थानवर्ती ज्ञानको दृष्टिमे रखकर कहा गया है ।

मिश्रज्ञानका कारण और मन पर्ययज्ञानका स्वामी बताते हैं—

मिस्सुदये सम्मिस्सं, अण्णाणतियेण णाणतियमेव ।
संजमविसेससहिए, मणपज्जवणाणमुद्दिट्ठं ॥ ३०२ ॥

मिश्रोदये संमिश्रमज्ञानत्रयेण ज्ञानत्रयमेव ।
संयमविशेषसहिते मन पर्ययज्ञानमुद्दिष्टम् ॥ ३०२ ॥

अर्थ—मिश्र प्रकृतिके उदयसे आदिके तीन ज्ञानोमे समीचीनता तथा मिथ्यापना दोनो ही पाये जाते है, इसलिये इस तरहके इन तीनो ही ज्ञानोंको मिश्रज्ञान कहते है । मन पर्यय ज्ञान जिनके संयम होता है उन्हीके होता है ।

भावार्थ—मन पर्ययज्ञान प्रमत्त गुणस्थानसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान पर्यन्त सात

---

१. हु का अर्थ खलु होता है । इस तरह इस गाथामें दो बार खलु शब्द आ जाता है । दूसरे खलु शब्दसे अधिकतया स्पष्ट प्रतिपत्ति अर्थ सूचित करना बताया है ।

गुणस्थानोमे होता है, परन्तु इनमे भी जिनका चारित्र उत्तरोत्तर वर्धमान होता है उन्हीके होता है।

तीन गाथाओमे दृष्टांत द्वारा मिथ्याज्ञानोको स्पष्ट करते हैं—

विसजंतकूडपंजरबंधादिसु विणुवएसकरणेण।
जा खलु पवट्टइ मई, मइअण्णाणं ति णं वेंति[1] ॥ ३०३ ॥

विषयन्त्रकूटपंजरबंधादिषु विनोपदेशकरणेन।
या खलु प्रवर्तते मतिः मत्यज्ञानमिति इद ब्रुवन्ति ॥ ३०३ ॥

अर्थ—दूसरेके उपदेशके बिना ही विष यन्त्र कूट पंजर तथा बंध आदिकके विषयमे जो बुद्धि प्रवृत्त होती है उसको मत्यज्ञान कहते हैं।

भावार्थ—जिसके खानेसे जीव मर सके उस द्रव्यको विष कहते हैं। भीतर पैर रखते ही जिसके किवाड़ बन्द हो जाय और जिसके भीतर बकरी आदिको बांधकर सिंह आदिकको पकड़ा जाता है उसको यन्त्र कहते हैं जिससे चूहे वगैरह पकड़े जाते है। उसको कूट कहते है। रस्सीमे गाँठ लगाकर जो जाल बनाया जाता है उसको पंजर कहते हैं। हाथी आदिको पकड़नेके लिए जो गड्ढे आदिक बनाये जाते हैं उनको बंध कहते हैं। इत्यादि पदार्थोमे दूसरेके उपदेशके बिना जो बुद्धि प्रवृत्त होती है उसको मत्यज्ञान कहते है, क्योकि उपदेशपूर्वक होनेसे वह ज्ञान श्रुतज्ञान कहा जायगा।

आभीयमासुरक्खं[2], भारहरामायणादिउवएसा।
तुच्छा असाहणीया, सुयअण्णाणं ति णं वेंति ॥ ३०४ ॥

आभीतमासुरक्ष[3]भारतरामायणाद्युपदेशाः।
तुच्छा असाधनीया श्रुताज्ञानमिति इदं ब्रुवन्ति ॥ ३०४ ॥

अर्थ—चौरशास्त्र, तथा हिंसाशास्त्र, भारत, रामायण आदि के परमार्थशून्य अतएव अनादरणीय उपदेशोंको मिथ्या श्रुतज्ञान कहते हैं।

भावार्थ—आदि शब्दसे सभी हिंसादि पाप कर्मोके विधायक तथा असमीचीन तत्त्वके प्रतिपादक ग्रन्थोको कुश्रुत और उनके ज्ञान को श्रुतज्ञान समझना चाहिये।

विवरीयमोहिणाणं, खओवसमियं च कम्मबीजं च।
वेभंगो त्ति पउच्चइ, समत्तणाणीण समयम्हि[4] ॥ ३०५ ॥

---

१ षट् ग. १ गा. १७९।

२. षट् गं. १ गा. १८०।

३. आ समन्तात् भीता आभीताश्चौरास्तेषा शास्त्रमाभीतम्। असवः प्राणाः तेषा रक्षा येभ्य. ते असुरक्षास्तलवरास्तेषा शास्त्रमासुरक्षम्।

४. षट् गं. १ गा. १८१।

विपरीतमवधिज्ञानं क्षायोपशमिकं च कर्म्मबीजं च।
विभग इति प्रोच्यते समासज्ञानिनां समये ॥ ३०५ ॥

अर्थ—सर्वज्ञोके उपदिष्ट आगममे विपरीत अवधिज्ञानको विभंग कहते है। इसके दो भेद है—एक क्षायोपशमिक दूसरा भवप्रत्यय।

भावार्थ—देव नारकियोके विपरीत अवधिज्ञानको भवप्रत्यय विभंग कहते है, और मनुष्य तथा तिर्यचोके विपरीत अवधिज्ञानको क्षायोपशमिक विभंग कहते हैं। इस विभंगका अंतरग कारण मिथ्यात्व आदिक कर्म है। विभंग शब्दका निरुक्तिसिद्ध[1] अर्थ यह है कि मिथ्यात्व या अनन्तानुबन्धी कषायके उदयसे अवधिज्ञान की विशिष्टता-समीचीनताका भंग होकर उसमें अयथार्थता आ जाती है, इसलिए उसको विभंग कहते हैं। इसको कर्मबीज इसलिए कहा है कि मिथ्यात्वादि कर्मोके बन्धका वह कारण है। परन्तु साथ ही च शब्दका उच्चारण करके यह भी सूचित कर दिया गया है कि कदाचित् नरकादि गतियोमें पूर्वभवका ज्ञान कराकर वह सम्यक्त्वको उत्पत्तिमें भी निमित्त हो जाता है।

अब नौ गाथाओंमें मतिज्ञानका स्वरूप, उत्पत्ति, कारण, भेद और विषय दिखाते है—

अहिमुहणियमियबोहणमाभिणिबोहयमणिदिइंदियजं।
अवगहईहावायाधारणगा होंति[2] पत्तेयं ॥ ३०६ ॥

अभिमुखनियमितबोधनमाभिनिबोधिकमनिन्द्रियेन्द्रियजम्।
अवग्रहेहावायधारणका भवन्ति प्रत्येकम् ॥ ३०६ ॥

अर्थ—इन्द्रिय और अनिन्द्रिय (मन) की सहायतासे अभिमुख और नियमित पदार्थका जो ज्ञान होता है उसको आभिनिबोधिक कहते है। इसमे प्रत्येकके अवग्रह ईहा अवाय धारणा ये चार-चार भेद है।

भावार्थ—स्थूल वर्तमान योग्य क्षेत्रमे अवस्थित पदार्थको अभिमुख कहते हैं। और जैसे चक्षुका रूप विषय नियत है इस ही तरह जिस जिस इन्द्रियका जो-जो विषय निश्चित है उसको नियमित कहते है। इस तरहके पदार्थोका मन अथवा स्पर्शन आदिक पाँच इन्द्रियोकी सहायतासे जो ज्ञान होता है उसको आभिनिबोधिक मतिज्ञान[3] कहते हैं। इस प्रकार मन और इन्द्रिय रूप सहकारी निमित्तभेदकी अपेक्षासे मतिज्ञानके छह भेद हो जाते है। इसमे भी प्रत्येकके अवग्रह ईहा अवाय धारणा ये चार-चार भेद हैं। प्रत्येकके चार-चार भेद होते हैं, इसलिये छहको चारसे गुणा करने पर मतिज्ञानके चौबीस भेद हो जाते हैं—

अवग्रहके भी भेद आदिक दिखाते हैं।

---

१ बि—विशिष्टस्य अवधिज्ञानस्य भग. विपर्यय. इति विभंग.।

२. षट् ख १ गा १८२।

३ मतिज्ञानका ही निरुक्ति सिद्ध अर्थ बतानेवाला पर्यायवाचक शब्द अभिनिबोध है। अभि—नि—बोध इन तीन शब्दोको और उनके अर्थको दृष्टिमें रखकर आभिनिबोधिक शब्दके द्वारा इस गाथामें मति-ज्ञानका अर्थ और स्वरूप बताया गया है।

वेंजणअत्थअवग्गहभेदा हु हवंति पत्तपत्तत्थे।
कमसो ते वावरिदा, पढमं ण हि चक्खुमणसाणं॥ ३०७॥

व्यञ्जनार्थावग्रहभेदौ हि भवतः प्राप्ताप्राप्तार्थे।
क्रमशस्तौ व्यापृतौ प्रथमो न हि चक्षुर्मनसोः॥ ३०७॥

अर्थ—अवग्रहके दो भेद हैं, एक व्यञ्जनावग्रह दूसरा अर्थावग्रह। जो प्राप्त अर्थके विषयमें होता है उसको व्यञ्जनावग्रह कहते हैं और जो अप्राप्त अर्थके विषयमें होता है उसको अर्थावग्रह कहते हैं। और ये पहले व्यजनावग्रह पीछे अर्थावग्रह इस क्रमसे होते हैं। तथा व्यंजनावग्रह चक्षु और मनसे नही होता।

भावार्थ—इन्द्रियोसे प्राप्त-सम्बद्ध अर्थको व्यजन कहते हैं, और अप्राप्त—असम्बद्ध पदार्थको अर्थ कहते हैं। और इनके ज्ञानको क्रमसे व्यञ्जनावग्रह, अर्थावग्रह कहते हैं। शंका—राजवार्तिकादिकमे व्यञ्जन शब्दका अर्थ अव्यक्त किया है, और यहाँ पर प्राप्त अर्थ किया है, इसलिए परस्पर विरोध आता है। उत्तर-व्यञ्जन शब्दके अनभिव्यक्ति तथा प्राप्ति दोनो अर्थ होते हैं। इसलिए इसका ऐसा अर्थ समझना चाहिये कि इन्द्रियोसे सम्वद्ध होने पर भी जब तक प्रकट न हो तब तक उसको व्यञ्जन कहते हैं, प्रकट होने पर अर्थ कहते हैं। अतएव चक्षु और मनके द्वारा व्यञ्जनावग्रह नही होता, क्योकि ये अप्राप्यकारी हैं। जिस तरह नवीन मट्टीके सकोरा आदिपर एक दो पानी की बूंद पडनेसे वह व्यक्त नही होती, किन्तु अधिक बूंद पड़नेसे वही व्यक्त हो उठती है। इस ही तरह श्रोत्रादिकके द्वारा प्रथम अव्यक्त शब्दादिकके ग्रहणको व्यञ्जनावग्रह, और पीछे उसहीको प्रकटरूपसे ग्रहण करने पर अर्थावग्रह कहते हैं। व्यञ्जन पदार्थका अवग्रह ही होता है, ईहा आदिक नही होते, और वह चक्षु तथा मनसे नही होता, शेष इन्द्रियोसे ही होता है। इसलिए चार इन्द्रियोकी अपेक्षा व्यञ्जनावग्रहके चार ही भेद होते हैं। पूर्वोक्त चौवीस भेदोमे इन चार भेदोको भी मिलाने पर मतिज्ञानके अट्ठाईस भेद हो जाते हैं। ऊपरके गाथामें जो २४ भेद बताये हैं वे केवल अर्थके विषयमे हैं। इस गाथामे व्यञ्जन विषयक अवग्रहके ४ भेद गिनाये हैं। इस तरह दोनोके मिलाकर २८ भेद हो जाते हैं।

विसयाणं विसईणं, संजोगाणंतरं हवे णियमा।
अवगहणाणं गहिदे, विसेसकंखा हवे ईहा॥ ३०८॥

विषयाणां विषयिणां संयोगानन्तरं भवेत् नियमात्।
अवग्रहज्ञानं गृहीते विशेषकांक्षा भवेदीहा॥ ३०८॥

अर्थ—पदार्थ और इन्द्रियोका योग्य क्षेत्रमे अवस्थानरूप सम्वन्ध होने पर सामान्य अवलोकन या निर्विकल्प ग्रहणरूप दर्शन होता है और इसके अनन्तर विशेष आकार आदिकको ग्रहण करने वाला अवग्रह ज्ञान होता है। इसके अनन्तर जिस पदार्थको अवग्रहने ग्रहण किया है उसहीके किसी विशेष अंशको ग्रहण करनेवाला ईहा ज्ञान होता है।

भावार्थ—जिस तरह किसी दाक्षणात्य पुरुषको देखकर यह कुछ है इस तरहका जो महा सामान्य रूप अवलोकन होता है उसको दर्शन कहते हैं। इसके अनन्तर 'यह पुरुष है' इस

तरहके ज्ञानको अवग्रह कहते हैं। और इसके अनन्तर "यह दाक्षिणात्य ही होना चाहिये" इस तरहके विशेष ज्ञानको ईहा कहते हैं।

ईहणकरणेण जदा, सुणिण्णओ होदि सो अवाओ दु।
कालांतरे वि णिण्णिदवत्थुसमरणस्स कारणं तुरियं ॥ ३०९ ॥

ईहनकरणेन यदा सुनिर्णयो भवति स अवायस्तु।
कालान्तरेऽपि निर्णीतवस्तुस्मरणस्य कारण तुर्यम् ॥ ३०९ ॥

अर्थ—ईहा ज्ञानके अनन्तर वस्तुके विशेष चिन्होको देखकर जो उसका विशेष निर्णय होता है उसको अवाय कहते हैं। जैसे भाषा वेष विन्यास आदिको देखकर "यह दाक्षिणात्य ही है" इस तरहके निश्चयको अवाय कहते हैं। जिसके द्वारा निर्णीत वस्तुका कालान्तरमे भी विस्मरण न हो उसको धारणाज्ञान कहते हैं।

उक्त चार तरहके ज्ञानोका बारह तरहका विषय दिखाते हैं—

बहु बहुविहं च खिप्पाणिस्सिदणुत्तं धुवं च इदरं च।
तत्थेक्केक्के जादे, छत्तीसं तिसयभेदं तु ॥ ३१० ॥

बहु बहुविधं च क्षिप्रानि.सृतानुक्तं ध्रुवं च इतरच्च।
तत्रैकैकस्मिन् जाते षट्त्रिंशत् त्रिशतभेद तु ॥ ३१० ॥

अर्थ—उक्त मतिज्ञानके विषयभूत पदार्थके बाहर भेद है। बहु, अल्प, बहुविध, एकविध या अल्पविध, क्षिप्र, अक्षिप्र, अनि सृत, नि.सृत, अनुक्त, उक्त, ध्रुव, अध्रुव। इनमेसे प्रत्येक विषयमे मतिज्ञानके उक्त अट्ठाईस भेदोकी प्रवृत्ति होती है, इसलिये बारहको अट्ठाईससे गुणा करनेपर मतिज्ञानके तीनसौ छत्तीस भेद होते हैं।

बहुवत्तिजादिगहणे, बहुबहुविहमियरमियरगहणम्हि।
सगणामादो सिद्धा, खिप्पादी सेदरा य तहा ॥ ३११ ॥

बहुव्यक्तिजातिग्रहणे बहु बहुविधमितरदितरग्रहणे।
स्वकनामत सिद्धाः क्षिप्रादय सेतराश्च तथा ॥ ३११ ॥

अर्थ—एक जातिकी बहुत सी व्यक्तियोको बहु कहते हैं। अनेक जातिके बहुत पदार्थोको बहुविध कहते है। एक जातिकी एक दो व्यक्तिको अल्प (एक) कहते हैं। एक जातिकी अनेक व्यक्तियोको एकविध कहते हैं अथवा दो जातियोके अनेक व्यक्तियोको अल्पविध कहते हैं। क्षिप्रादिक तथा उनके प्रतिपक्षियोका उनके नामसे ही अर्थ सिद्ध है।

भावार्थ—शीघ्र पदार्थको क्षिप्र कहते है जैसे तेजीसे बहता हुआ जलप्रवाह। मन्द गतिसे चलनेवाले पदार्थको अक्षिप्र कहते है, जैसे कछुआ अथवा धीरे-धीरे चलनेवाला घोड़ा, मनुष्य आदि छिपे हुए अप्रकट पदार्थको अनि सृत कहते हैं, जैसे जलमे डूबा हुआ हस्ती आदि। प्रकट पदार्थको नि सृत कहते है, जैसे सामने खड़ा हुआ हस्ती। जो पदार्थ अभिप्रायसे समझा जाय उसको अनुक्त कहते है। जैसे किसीके हाथ या शिरसे इशारा करनेपर किसी कामके विषयमे हां या ना

समझना। अथवा कथित शब्दोंके सिवाय वक्ताका अभिप्राय उन्ही शब्दोंसे समझ लेना[1]। जो शब्दके द्वारा कहा जाय उसको उक्त कहते हैं, जैसे यह घट है। स्थिर पदार्थको ध्रुव कहते हैं, जैसे पर्वत आदि। क्षणस्थायी (अस्थिर) पदार्थको अध्रुव कहते हैं, जैसे बिजली आदि।

अनि.सृत ज्ञानविशेषको दिखाते हैं—

वत्थुस्स पदेसादो, वत्थुग्गहणं तु वत्थुदेसं वा।
सयलं वा अवलंबिय, अणिस्सिदं अण्णवत्थुगई॥ ३१२॥

वस्तुनः प्रदेशात् वस्तुग्रहणं तु वस्तुदेशं वा।
सकलं वा अवलम्ब्य अनिःसृतमन्यवस्तुगति. ॥ ३१२॥

अर्थ—वस्तुके एकदेशको देखकर समस्त वस्तुका ज्ञान होना, अथवा वस्तुके एकदेश या पूर्ण वस्तुका ग्रहण करके उसके निमित्तसे किसी दूसरी वस्तुके होनेवाले ज्ञानको भी अनि.सृत कहते हैं।

भावार्थ—किसी भी वस्तुके व्यक्त अंशको देखकर-जानकर सम्पूर्ण अव्यक्त वस्तुका ज्ञान होना, यद्वा किसी भी पदार्थ या उसके अंशको जानकर दूसरी भिन्न वस्तुको जान लेना अनिःसृत ज्ञान कहा जाता है।

इसका दृष्टान्त दिखाते हैं—

पुक्खरगहणे काले, हत्थिस्स य वदणगवयगहणे वा।
वत्थुंतरचंदस्स य, धेणुस्स य बोहणं च हवे॥ ३१३॥

पुष्करग्रहणे काले हस्तिनश्च वदनगवयग्रहणे वा।
वस्त्वन्तरचन्द्रस्य च धेनोश्च बोधनं च भवेत्॥ ३१३॥

अर्थ—जलमे डूबे हुए हस्तीकी सूंडको देखकर उसी समयमें जलमग्न हस्तीका ज्ञान होना, अथवा मुखको देखकर उस ही समय उससे भिन्न किन्तु उसके सदृश चन्द्रमाका ज्ञान होना, अथवा गवयको देखकर उसके सदृश गौका ज्ञान होना। इनको अनि सृत ज्ञान कहते हैं।

सामान्य विषय अर्ध विषय और पूर्ण विषयकी अपेक्षासे मतिज्ञानके स्थानोंको गिनाते हैं—

एक्कचउक्कं चउवीसट्ठावीसं च तिप्पडिं किच्चा।
इगिछब्बारसगुणिदे, मदिणाणे होंति ठाणाणि॥ ३१४॥

एकचतुष्कं चतुर्विंशत्यष्टाविंशतिश्च त्रिःप्रति कृत्वा।
एकषड्द्वादशगुणिते मतिज्ञाने भवन्ति स्थानानि॥ ३१४॥

अर्थ—मतिज्ञान सामान्यकी अपेक्षा एक भेद, अवग्रह ईहा अवाय धारणाकी अपेक्षा चार भेद, पाँच इन्द्रिय और छट्ठे मनसे अवग्रहादि चारके गुणा करनेकी अपेक्षा चौबीस भेद, अर्थावग्रह और व्यञ्जनावग्रह दोनोकी अपेक्षासे अट्ठाईस भेद, मतिज्ञानके होते हैं। इनको क्रमसे तीन पंक्तियोंमें स्थापना करके इनका एक छह और बारहके साथ यथाक्रमसे गुणा करनेपर मतिज्ञानके सामान्य, अर्ध और पूर्ण स्थान होते हैं।

---

१. अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः। परेंगितज्ञानफला हि बुद्धय.।

भावार्थ—विषयसामान्यसे यदि इन चारका गुणा किया जाय तो क्रमसे एक चार चौवीस और अट्ठावीस स्थान होते हैं। और यदि इन चार ही का बहु आदिक छहसे गुणा किया जाय तो मतिज्ञानके अर्ध स्थान[1] होते हैं। और बहु आदिक बारहसे यदि गुणा किया जाय तो पूर्ण स्थान[2] होते हैं।

क्रमप्राप्त श्रुतज्ञानका विशेष वर्णन करनेसे पहले उसका सामान्य लक्षण कहते हैं—

अत्थादो अत्थंतरमुवलभंतं भणंति सुदणाणं।
आभिणिबोहियपुव्वं, णियमेणिह सद्दजं पमुहं[3] ॥ ३१५ ॥

अर्थादर्थान्तरमुपलभमानं भणन्ति श्रुतज्ञानम्।
आभिनिबोधिकपूर्वं नियमेनेह शब्दजं प्रमुखम् ॥ ३१५ ॥

अर्थ—मतिज्ञानके विषयभूत पदार्थसे भिन्न पदार्थके ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान नियमसे मतिज्ञानपूर्वक होता है। इस श्रुतज्ञानके अक्षरात्मक अनक्षरात्मक इस तरह, अथवा शब्दजन्य और लिंगजन्य इस तरहसे दो भेद हैं, किन्तु इनमे शब्दजन्य श्रुतज्ञान मुख्य है।

भावार्थ—मतिज्ञानके द्वारा जाने हुए पदार्थका अवलम्बन लेकर किन्तु उससे भिन्न ही अर्थको श्रुतज्ञान विषय किया करता है। अतएव यह नियम है कि मतिज्ञानपूर्वक ही श्रुतज्ञान हुआ करता है। मतिज्ञानके विषयका अवलम्बन लिये बिना श्रुतज्ञान उत्पन्न नही हुआ करता। यद्यपि उसका मूल कारण श्रुतज्ञानावरणकर्मका क्षयोपशम है। फिर भी उसको मतिज्ञानके विषयका अवलम्बन चाहिये।

श्रुतज्ञानके यद्यपि अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक अथवा शब्दज और लिंगज, इस तरह दो भेद हैं। किन्तु अक्षरात्मक-शब्दजन्य श्रुतज्ञान ही मुख्य माना है, क्योंकि प्रथम तो निरुक्त्यर्थ करने पर उसके विषयमे शब्दप्रधानता स्वय व्यक्त हो जाती है। दूसरी बात यह कि नामोच्चारण लेन-देन आदि समस्त लोकव्यवहारमे तथा उपदेश शास्त्राध्ययन ध्यान आदिकी अपेक्षा मोक्षमार्गमे भी शब्द और तज्जन्य बोध-श्रुतज्ञानकी ही मुख्यता है। अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रियतक सभी जीवोके पाया जाता है, परन्तु वह लोक व्यवहार और मोक्षमार्गमे भी उस तरह उपयोगी न होनेके कारण मुख्य नही है। फिर भी यहाँ आचार्यने उसके स्वरूपका परिज्ञान कराया है।

श्रुतज्ञानके उन्ही अक्षरात्मक अनक्षरात्मक दो भेदोके स्वरूपको दृष्टिमे रखकर उनका भिन्न-भिन्न प्रमाण बताते हैं—

लोगाणमसंखमिदा, अणक्खरप्पे हवंति छट्ठाणा।
वेरूवछट्ठवग्गपमाणं रूऊणमक्खरगं ॥ ३१६ ॥

लोकानामसंख्यमितानि अनक्षरात्मके भवन्ति षट् स्थानानि।
द्विरूपषष्ठवर्गप्रमाणं रूपोनमक्षरगम् ॥ ३१६ ॥

१—६, २४, १४४, १६८। २—१२, ४८, २८८, ३३६। ३—षट् ख. १गा. १८३।

अर्थ—अनन्तभागवृद्धि असख्यातभागवृद्धि सख्यातभागवृद्धि सख्यातगुणवृद्धि असंख्यातगुणवृद्धि अनन्तगुणवृद्धि इन षट्स्थानपतित वृद्धिकी अपेक्षासे पर्याय पर्यायसमासरूप अनक्षरात्मक श्रुतज्ञानके सबसे जघन्य स्थानसे लेकर उत्कृष्ट स्थान पर्यन्त असंख्यात लोकप्रमाण भेद होते हैं। द्विरूपवर्गधारामे छट्ठे वर्गका जितना प्रमाण है (एकट्ठी[1]) उसमे एक कम करनेसे जितना प्रमाण बाकी रहे उतना ही अक्षरात्मक श्रुतज्ञानका प्रमाण है।

भावार्थ—अनक्षरात्मक श्रुतज्ञानके असंख्यात भेद हैं। अपुनरुक्त अक्षरात्मक श्रुतज्ञानके संख्यात भेद हैं, और पुनरुक्त अक्षरात्मकका प्रमाण इससे कुछ अधिक है।

दूसरी तरहसे श्रुतज्ञानके भेद दो गाथाओमे गिनाते हैं—

पज्जायक्खरपदसंघादं[2] पडिवत्तियाणिजोगं च।
दुगवारपाहुडं च य, पाहुडयं वत्थु पुव्वं च॥ ३१७॥
तेसिं च समासेहि य, वीसविहं वा हु होदि सुदणाणं।
आवरणस्स वि भेदा, तत्तियमेत्ता हवंति त्ति॥ ३१८॥

पर्यायाक्षरपदसघातं प्रतिपत्तिकानुयोग च।
द्विकवारप्राभृत च च प्राभृतक वस्तु पूर्वं च॥ ३१७॥
तेषा च समासैश्च विंशविध वा हि भवति श्रुतज्ञानम्।
आवरणस्यापि भेदा तावन्मात्रा भवन्ति इति॥ ३१८॥

अर्थ—पर्याय पर्यायसमास अक्षर अक्षरसमास पद पदसमास सघात सघातसमास प्रतिपत्तिक प्रतिपत्तिकसमास अनुयोग अनुयोगसमास प्राभृतप्राभृत प्राभृतप्राभृतसमास प्राभृत प्राभृतसमास वस्तु वस्तुसमास पूर्व पूर्वसमास, इस तरह श्रुतज्ञानके बीस भेद हैं। इस ही लिये श्रुतज्ञानावरण कर्मके भी बीस भेद होते है। किन्तु पर्यायावरण कर्मके विषयमे कुछ भेद है उसको आगेकी गाथामे बतावेगे।

चार गाथाओमे पर्यायज्ञानका स्वरूप दिखाते हैं—

णवरि विसेसं जाणे, सुहमजहण्णं तु पज्जयं णाणं।
पज्जायावरणं पुण, तदणंतरणाणभेदम्हि॥ ३१९॥

नवरि विशेषं जानीहि सूक्ष्मजघन्यं तु पर्यायं ज्ञानम्।
पर्यायावरणं पुनः तदनन्तरज्ञानभेदे॥ ३१९॥

अर्थ—सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तकके जो सबसे जघन्य ज्ञान होता है उसको पर्याय ज्ञान कहते है। इसमे विशेषता केवल यही है कि इसके आवरण करनेवाले कर्मके उदयका फल इसमे (पर्याय ज्ञानमे) नही होता, किन्तु इसके अनन्तर ज्ञानके (पर्यायसमास) प्रथम भेदमे ही होता है।

भावार्थ—यदि पर्यायावरण कर्मका फल पर्यायज्ञान होजाय तो ज्ञानोपयोगका अभाव होनेसे

---

१. देखो "एकट्ठ च च य" आदि गाथा नं. ३५४।
२. षट् खं ६ पृ. २१।

जीवका भी अभाव होजाय, इसलिये कम-से-कम पर्यायरूप ज्ञान जीवके अवश्य पाया जाता है। श्रुतज्ञानका सबसे जघन्य भेद यह पर्यायज्ञान ही है। इसका स्वामी सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव है, किन्तु इसमें और भी जो विशेषता है उसको आगेकी गाथामें बताते हैं—

सुहमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स पढमसमयम्हि।
हवदि हु सव्वजहण्णं णिच्चुग्घाडं णिरावरणं[1] ॥ ३२० ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य जातस्य प्रथमसमये।
भवति हि सर्वजघन्यं नित्योद्घाटं निरावरणम् ॥ ३२० ॥

अर्थ—सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें सबसे जघन्य ज्ञान होता है। इसीको पर्याय ज्ञान कहते हैं। इतना ज्ञान हमेशह निरावरण तथा प्रकाशमान रहता है।

पर्याय ज्ञानके स्वामीकी और भी विशेषता दिखाते हैं—

सुहमणिगोदअपज्जत्तगेसु सगसंभवेसु भमिऊण।
चरिमापुण्णतिवक्काणादिमवक्कट्ठियेव हवे ॥ ३२१ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकेषु स्वकसम्भवेषु भ्रमित्वा।
चरमापूर्णत्रिवक्राणामादिमवक्रस्थिते एव भवेत् ॥ ३२१ ॥

अर्थ—सूक्ष्मनिगोदिया लब्धपर्याप्तक जीवके अपने जितने भव (छह हजार बारह) सम्भव हैं उनमें भ्रमण करके अन्तके अपर्याप्त शरीरको तीन मोड़ाओंके द्वारा ग्रहण करनेवाले जीवके प्रथम मोड़ाके समयमें यह सर्व जघन्य ज्ञान होता है।

सुहमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स पढमसमयम्हि।
फासिंदियमदिपुव्वं सुदणाणं लद्धिअक्खरयं[2] ॥ ३२२ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य जातस्य प्रथमसमये।
स्पर्शेन्द्रियमतिपूर्वं श्रुतज्ञानं लब्ध्यक्षरकम् ॥ ३२२ ॥

अर्थ—सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें स्पर्शन इन्द्रिय-जन्य मतिज्ञानपूर्वक लब्ध्यक्षररूप श्रुतज्ञान होता है।

भावार्थ—लब्धि नाम श्रुतज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमका[3] है, और अक्षर नाम अविनश्वरका है, इसलिये इस ज्ञानको लब्ध्यक्षर कहते हैं, क्योंकि इस क्षयोपशमका कभी विनाश नहीं होता, कमसे कम इतना क्षयोपशम तो जीवके रहता ही है[4]।

पर्यायसमास ज्ञानका निरूपण करते हैं—

---

१. २ षट् ख ६ २२ पृ। ३. अर्थ ग्रहणशक्तिको भी लब्धि कहते हैं।

४. "लब्ध्यक्षरत्वात्" राजवार्तिक अ. १ सू १६ वार्तिक नं १७ से मालूम होता है कि पर्याय ज्ञानसे अधिक ज्ञानको भी लब्ध्यक्षर कहते हैं। यहाँ भी आगे गाथा नं. ३३१ की व्याख्यासे यही बात मालूम हो सकेगी।

अवरुवरिम्मि अणंतमसंखं संखं च भागवड्ढीए।
संखमसंखमणंतं, गुणवड्ढी होंति हु कमेण॥ ३२३॥

अवरोपरि अनन्तमसख्यं सख्यं च भागवृद्धयः।
संख्यमसख्यमनन्तं गुणवृद्धयो भवन्ति हि क्रमेण॥ ३२३॥

अर्थ—सर्व जघन्य पर्याय ज्ञानके ऊपर क्रमसे अनन्तभागवृद्धि असंख्यातभागवृद्धि संख्यातभागवृद्धि संख्यातगुणवृद्धि असख्यातगुणवृद्धि अनन्तगुणवृद्धि ये छह वृद्धि होती हैं।

जीवाणं च य रासी, असंखलोगा वरं खु संखेज्जं।
भागगुणम्हि य कमसो, अवट्ठिदा होंति छट्ठाणे॥ ३२४॥

जीवानां च च राशि. असंख्यलोका वरं खलु संख्यातम्।
भागगुणयोश्च क्रमशः अवस्थिता भवन्ति षट्स्थाने॥ ३२४॥

अर्थ—समस्त जीवराशि, असंख्यात लोकप्रमाण राशि, उत्कृष्ट सख्यात राशि ये तीन राशि पूर्वोक्त अनन्तभागवृद्धि आदि छह स्थानोमें भागहार और गुणाकारकी क्रमसे अवस्थित राशि हैं।

भावार्थ—अनन्तभागवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि इनका भागहार और गुणाकार समस्त जीवराशिप्रमाण अवस्थित है, असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धि इनका भागहार और गुणाकार असंख्यातलोकप्रमाण अवस्थित है। संख्यातभागवृद्धि सख्यातगुणवृद्धि इनका भागहार और गुणाकार उत्कृष्ट संख्यात अवस्थित है।

लाघवके लिये छह वृद्धियोकी छह संज्ञा रखते हैं—

उव्वंकं चउरंकं, पणछस्सत्तंक अट्ठअंकं च।
छव्वड्ढीणं सण्णा, कमसो संदिट्ठिकरणट्ठं॥ ३२५॥

उर्वंकश्चतुरङ्कः पंचषट्सप्तांक. अष्टांकश्च।
षड्वृद्धीनां संज्ञा क्रमशः संदृष्टिकरणार्थम्॥ ३२५॥

अर्थ—लघुरूप संदृष्टिकेलिये क्रमसे छह वृद्धियोंकी ये छह संज्ञाएं हैं। अनन्तभागवृद्धिकी-उर्वङ्क, असंख्यातभागवृद्धिकी चतुरङ्क. संख्यातभागवृद्धिकी पंचाङ्क संख्यातगुणवृद्धिकी षडङ्क, असंख्यातगुणवृद्धिकी सप्ताङ्क, अनन्तगुणवृद्धिकी अष्टाङ्क।

भावार्थ—अनन्तभाग आदि ६ वृद्धियोंके सूचक क्रमसे ये छह संकेत हैं। ३, ४, ५, ६, ७ और ८।

अंगुलअसंखभागे, पुव्वगवड्ढीगदे दु परवड्ढी।
एक्कं वारं होदि हु पुणो पुणो चरिमउड्ढित्ती॥ ३२६॥

अंगुलासंख्यातभागे पूर्वगवृद्धिगते तु परवृद्धिः।
एकं वारं भवति हि पुनः पुनः चरमवृद्धिरिति॥ ३२६॥

अर्थ—सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागप्रमाण पूर्ववृद्धि होजानेपर एक वार उत्तर वृद्धि होती है। यह नियम अंतकी वृद्धि पर्यन्त समझना चाहिये।

भावार्थ—सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागका जितना प्रमाण है उतनी बार अनन्तभागवृद्धि हो जाने पर एक बार असख्यातभागवृद्धि होती है, इसके अनन्तर पुन सूच्यगुलके असख्यातवे भागका जितना प्रमाण है उतनी बार अनन्तभागवृद्धि होनेपर फिर एकबार असख्यातभागवृद्धि होती है। इसी क्रमसे असख्यात भागवृद्धि भी जब सूच्यगुलके असख्यातवे भागप्रमाण बार होजाय तब सूच्यगुलके असख्यातवे भागप्रमाण अनन्तभागवृद्धि होने पर एक बार सख्यातभागवृद्धि होती है। इस ही तरह अन्तकी वृद्धिपर्यन्त जानना।

आदिमछट्ठाणम्हि य, पंच य वड्ढी हवंति सेसेसु ।
छव्वड्ढीओ होंति हु, सरिसा सवत्थ पदसंखा ॥ ३२७ ॥

आदिमषट्स्थाने च पञ्च च वृद्धयो भवन्ति शेषेषु।
षड्वृद्धयो भवन्ति हि सदृशा सर्वत्र पदसंख्या ॥ ३२७ ॥

अर्थ—असख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोमेसे प्रथम षट्स्थानमे पाँच ही वृद्धि होती है; अष्टाक वृद्धि नही होती। शेष सम्पूर्ण षट्स्थानोमे अष्टाङ्कसहित छहो वृद्धि होती हैं। सूच्यगुलका असख्यातवाँ भाग अवस्थित है, इसलिये पदोंकी संख्या सब जगह सदृश ही समझनी चाहिये।

प्रथम षट्स्थानमे अष्टाङ्कवृद्धि क्यो नही होती ? इसका हेतु लिखते है—

छट्ठाणाणं आदी, अट्ठंकं होदि चरिमसुव्वंकं ।
जम्हा जहण्णणाणं, अट्ठंकं होदि जिणदिट्ठं ॥ ३२८ ॥

षट्स्थानानामादिरष्टाङ्कं भवति चरममुर्वङ्कम् ।
यस्माज्जघन्यज्ञानमष्टाकं भवति जिनदृष्टम्[1] ॥ ३२८ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण षट्स्थानोंमे आदिके स्थानको अष्टाक और अन्तके स्थानको उर्वङ्क कहते हैं, क्योकि जघन्य पर्यायज्ञान भी अगुरुलघु गुणके अविभाग प्रतिच्छेदोकी अपेक्षा अष्टाङ्क प्रमाण होता है, ऐसा जिनेन्द्रदेवने प्रत्यक्ष देखा है।

एक्कं खलु अट्ठंकं, सत्तंकं कंडयं तदो हेट्ठा ।
रूवहियकंडएण य, गुणिदकमा जावमुव्वंकं ॥ ३२९ ॥

एक खलु अष्टाङ्क सप्ताङ्क काण्डक ततोऽधः ।
रूपाधिककाण्डकेन च गुणितक्रमा यावदुर्वङ्कः ॥ ३२९ ॥

अर्थ—एक षट्स्थानमे एक अष्टाङ्क होता है। और सप्ताङ्क अर्थात् असंख्यातगुणवृद्धि, काण्डक-सूच्यगुलके असंख्यातवे भाग प्रमाण हुआ करती है। इसके नीचे षडंक अर्थात् सख्यातगुणवृद्धि और पचाक अर्थात् संख्यातभागवृद्धि तथा चतुरक—असंख्यातभागवृद्धि एवं उर्वंक—अनतभागवृद्धि ये चार वृद्धियां उत्तरोत्तर क्रमसे एक अधिक सूच्यगुलके असख्यातवे भाग से गुणित हैं।

भावार्थ—असख्यातगुणवृद्धिका प्रमाण सूच्यगुलके असख्यातवे भागप्रमाण है। इसको एक अधिक सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागसे गुणित करनेपर जो प्रमाण हो उतनी बार सख्यातगुणवृद्धि

१—'जिणदिट्ठ' का अर्थ जिनदिष्ट' और जिनदृष्ट दोनो ही तरह से किया गया है।

होगी। पुनः इसका भी एक अधिक सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागसे गुणा करनेपर जो प्रमाण हो उतनी बार सख्यातभागवृद्धि होगी। इसी तरह आगे भी पूर्व प्रमाणको एक-एक अधिक सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागसे गुणित करनेपर जो प्रमाण हो उतनी उतनी बार क्रमसे असख्यातभागवृद्धि और अनन्तभागवृद्धि होंगी। उदाहरणार्थ कल्पना कीजिए कि सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागका प्रमाण २ है। तो एक षट् स्थानमे सप्तांक २ बार, षडंक २×३=६ बार, पंचांक ६×३=१८ बार, चतुरंक १८×३=५४ बार और उर्वंक ५४×३=१६२ बार आवेगा।

सम्पूर्ण षड्वृद्धियोंका जोड़ बताते हैं—

सव्वसमासो णियमा, रूवाहियकंडयस्स वग्गस्स।
विंदस्स य संवग्गो, होदि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं॥ ३३०॥

सर्वसमासो नियमात् रूपाधिककाण्डकस्य वर्गस्य।
वृन्दस्य च संवर्गो भवतीति जिनैर्निर्दिष्टम्॥ ३३०॥

अर्थ—एक अधिक काण्डकके वर्ग और घनको परस्पर गुणा करनेसे जो प्रमाण लब्ध आवे उतना ही एक षट्स्थानपतित वृद्धियोके प्रमाणका जोड़ है, ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

भावार्थ—एक अधिक सूच्यंगुलके असख्यातवे भागको पांच जगह रखकर परस्पर गुणा करनेसे जो लब्ध आवे उतनी बार एक षट्स्थानमें अनन्तभागवृद्धि आदि होते हैं।

उक्कस्ससंखमेत्तं, तत्तिचउत्थेक्कदालछप्पण्णं।
सत्तदसमं च भागं, गंतूण[1] य लद्धिअक्खरं दुगुणं॥ ३३१॥

उत्कृष्टसंख्यातमात्रं तत्त्रिचतुर्थैकचत्वारिंशत्षट्पञ्चाशम्।
सप्तदशमं च भागं गत्वा च लब्ध्यक्षरं द्विगुणम्॥ ३३१॥

अर्थ—एक अधिक काण्डकसे गुणित सूच्यंगुलके असख्यातवे भागप्रमाण अनन्तभागवृद्धिके स्थान, और सूच्यंगुलके असख्यातवे भागप्रमाण असंख्यातवृद्धिके स्थान, इन दो वृद्धियोको जघन्य ज्ञानके ऊपर हो जानेपर एक वार संख्यातभागवृद्धिका स्थान होता है। इसके आगे उक्त क्रमानुसार उत्कृष्ट संख्यातमात्र सख्यातभागवृद्धियोके होजानेपर उसमे प्रक्षेपक वृद्धिके होनेसे लब्ध्यक्षरका प्रमाण दूना हो जाता है। परन्तु प्रक्षेपकको वृद्धि कहाँ-कहाँ पर कितनी कितनी होती है यह बताते हैं। उत्कृष्ट संख्यातमात्र पूर्वोक्त सख्यातभागवृद्धिके स्थानोमेसे तीन—चौथाई भागप्रमाण स्थानोके होजानेपर प्रक्षेपक और प्रक्षेपकप्रक्षेपक इन दो वृद्धियोको जघन्य ज्ञानके ऊपर होजानेसे लब्ध्यक्षर-का प्रमाण दूना हो जाता है। पूर्वोक्त संख्यातभागवृद्धियुक्त उत्कृष्ट सख्यातमात्र स्थानोके छप्पन भागोमेसे इकतालीस भागोंके वीत जानेपर प्रक्षेपक और प्रक्षेपकप्रक्षेपकको वृद्धि होनेसे साधिक (कुछ अधिक) जघन्यका दूना प्रमाण होजाता है। अथवा संख्यातभागवृद्धिके उत्कृष्ट सख्यातमात्र स्थानोमेंसे दशभागमें सातभाग प्रमाण स्थानोके अनन्तर प्रक्षेपक प्रक्षेपकप्रक्षेपकके तथा पिशुली इन तीन वृद्धियोको साधिक जघन्यके ऊपर करनेसे साधिक जघन्यका प्रमाण दूना होता है।

---

१. गंतूणय—गत्वा चेति चशब्देन सप्तदशमभागादिषु स्थानेषु गत्वा द्विगुणं द्विगुणं भवतीति वीप्सालक्षण-समुच्चयो।ज्ञाप्यते मं. प्र.।

एवं असखलोगा, अणक्खरप्पे हवंति छट्ठाणा ।
ते पज्जायसमासा, अक्खरगं उवरि वोच्छामि[1] ॥ ३३२ ॥

एवमसंख्यलोका अनक्षरात्मके षट्स्थानानि ।
ते पर्यायसमासा अक्षरगमुपरि वक्ष्यामि ॥ ३३२ ॥

अर्थ—इस प्रकार अनक्षरात्मक श्रुतज्ञानमे असख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान होते है । ये सब ही पर्यायसमास ज्ञानके भेद है । अब इसके आगे अक्षरात्मक श्रुतज्ञानका वर्णन करेगे ।

अर्थाक्षर श्रुतज्ञानको बताते है ।

चरिमुव्वंकेणवहिदअत्थक्खरगुणिदचरिममुव्वंकं ।
अत्थक्खरं तु णाणं होदि त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठं[2] ॥ ३३३ ॥

चरिमोर्वंकेणावहितार्थाक्षरगुणितचरमोर्वङ्कम् ।
अर्थाक्षर तु ज्ञान भवतीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥ ३३३ ॥

अर्थ—अन्तके उर्वकका अर्थाक्षरसमूहमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको अन्तके उर्वंकसे गुणा करनेपर अर्थाक्षर ज्ञानका प्रमाण होता है ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है ।

भावार्थ—असख्यात-लोकप्रमाण षट्स्थानोमे अन्तके षट्स्थानकी अन्तिम उर्वंक-वृद्धिसे युक्त उत्कृष्ट पर्यायसमास ज्ञानसे अनन्तगुणा अर्थाक्षर ज्ञान होता है । यह अर्थाक्षर सम्पूर्ण श्रुतज्ञानरूप है । इसमे एक कम एकट्ठीका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही अर्थाक्षर ज्ञानका प्रमाण होता है

श्रुतनिवद्ध विषयका प्रमाण बताते हैं ।

पण्णवणिज्जा भावा, अणंतभागो दु अणभिलप्पाणं ।
पण्णवणिज्जाणं पुण, अणंतभागो सुदणिवद्धो[3] ॥ ३३४ ॥

प्रज्ञापनीया भावा अनन्तभागस्तु अनभिलप्यानाम् ।
प्रज्ञापनीयानां पुन अनन्तभाग. श्रुतनिवद्धः ॥ ३३४ ॥

अर्थ—अनभिलप्य पदार्थोके अनन्तवें भाग प्रमाण प्रज्ञापनीय पदार्थ होते है । और प्रज्ञापनीय पदार्थोके अनन्तवें भाग प्रमाण श्रुतमे निवद्ध हैं ।

भावार्थ—जो केवल केवलज्ञानके द्वारा जाने जा सकते हैं, किन्तु जिनका वचनके द्वारा निरूपण नही किया जा सकता ऐसे पदार्थ अनन्तानन्त है । इस तरहके पदार्थोसे अनन्तमे भाग प्रमाण वे पदार्थ हैं कि जिनका वचनके द्वारा निरूपण हो सकता है, उनको प्रज्ञापनीय भाव कहते हैं । जितने प्रज्ञापनीय पदार्थ है उनका भी अनन्तवा भाग श्रुतमे निरूपित है ।

एयक्खरादु उवरिं, एगेगेणक्खरेण वड्ढंतो ।
संखेज्जे खलु उड्ढे पदणामं होदि सुदणाणं[4] ॥ ३३५ ॥

१, २ षट् खं. ६, पृ २२ । ३. षट् खं. ८, पृ. ५७ । ४,—ष. ख ६ पृ २१ ।

एकाक्षरात्तूपरि एकैकेनाक्षरेण वर्धमाना.
संख्येये खलु वृद्धे पदनाम भवति श्रुतज्ञानम् ॥ ३३५ ॥

अर्थ—अक्षर ज्ञानके ऊपर क्रमसे एक-एक अक्षरकी वृद्धि होते होते जब संख्यात अक्षरोंकी वृद्धि होजाय तब पदनामक श्रुतज्ञान होता है। अक्षर ज्ञानके ऊपर और पदज्ञानके पूर्व तक जितने ज्ञानके विकल्प हैं वे सब अक्षरसमास ज्ञानके भेद हैं।

एक पदके अक्षरोंका प्रमाण बताते हैं—

सोलससयचउतीसा, कोडी तियसीदिलक्खयं चेव।
सत्तसहस्साट्ठसया, अट्ठासीदी य पदवण्णा[1] ॥ ३३६ ॥

षोडशशतचतुस्त्रिंशत्कोटयः त्र्यशीतिलक्षक चैव।
सप्तसहस्राण्यष्टशतानि अष्टाशीतिश्च पदवर्णाः ॥ ३३६ ॥

अर्थ—सोलहसौ चौंतीस कोटि तिरासी लाख सात हजार आठसौ अठासी (१६३४८३०७-८८८) एक पदमें अक्षर होते हैं।

भावार्थ—पद तीन तरहके होते हैं—अर्थ पद, प्रमाण पद, मध्यम पद। इनमेंसे "सफेद गौको रस्सीसे बांधो" "अग्निको लाओ" इत्यादि अनियत अक्षरोंके समूहरूप किसी अर्थविशेषके बोधक वाक्यको अर्थपद कहते हैं। आठ आदिक अक्षरोंके समूहको प्रमाणपद कहते हैं, जैसे अनुष्टुप् श्लोक के एक पादमें आठ अक्षर होते हैं। इस ही तरह दूसरे छन्दोंके पदोंमें भी तत्तत् छन्दके लक्षणके अनुसार नियत संख्यामें अक्षरोंका प्रमाण न्यूनाधिक होता है। परन्तु इस गाथामें कहे हुए पदके अक्षरोंका प्रमाण सर्वदाके लिये निश्चित है, इस ही को मध्यमपद कहते हैं। परमागममें द्रव्यश्रुतका ज्ञान करानेके लिये जहां पदोंका प्रमाण बताया गया है वहां यह मध्यम पद ही समझना चाहिये। शेष अर्थपद और प्रमाणपद लोक व्यवहारके अनुसार हुआ करते हैं।

संघात श्रुतज्ञानको बताते हैं—

एयपदादो उवरिं, एगेगेणक्खरेण वड्ढंतो।
संखेज्जसहस्सपदे, उड्ढे संघादणाम सुदं[2] ॥ ३३७ ॥

एकपदादुपरि एकैकेनाक्षरेण वर्धमाना.।
संख्यातसहस्रपदे वृद्धे संघातनाम श्रुतम् ॥ ३३७ ॥

अर्थ—एक पदके आगे भी क्रमसे एक-एक अक्षरकी वृद्धि होते होते संख्यात हजार पदोंकी वृद्धि होजाय उसको संघातनामक श्रुतज्ञान कहते हैं। एक पदके ऊपर और संघातनामक ज्ञानके

१,—ष. खं. ६ पृ २३।
२—ष खं. पृ. २३।
तच्च चतसृणां गतीनां मध्ये एकतमगतिस्वरूपनिरूपकमध्यमपदसमुदायरूपसंघातश्रवणजनितार्थज्ञानं मं प्र. तथा जी प्र.। "तत्थ णिरयगईए जत्तिएहि पदेहि एगा पुढवी परूविज्जदि तत्तियाणं पदाणं तेहितो उप्पण्णसुदणाणस्स य संघादसण्णा त्ति दट्ठं होदि।" इति षट्. खं. ६ पृ. २३।

पूर्व जितने ज्ञानके भेद हैं वे सब पदसमासके भेद हैं। यह संघात नामक श्रुतज्ञान चार गतिमेंसे एक गतिके स्वरूपका निरूपण करनेवाले अपुनरुक्त मध्यम पदोके समूहसे उत्पन्न अर्थज्ञानरूप है।

प्रतिपत्तिक श्रुतज्ञानका स्वरूप बताते हैं—

एक्कदरगदिणिरूवयसंघादसुदादु[1] उवरि पुव्वं वा।
वण्णे संखेज्जे संघादे उड्ढम्हि पडिवत्ती ॥ ३३८ ॥

एकतरगतिनिरूपकसघातश्रुतादुपरि पूर्वं वा।
वर्णे संख्येये संघाते वृद्धे प्रतिपत्ति.॥ ३३८॥

अर्थ—चार गतिमेसे एक गतिका निरूपण करनेवाले संघात श्रुतज्ञानके ऊपर पूर्वकी तरह क्रमसे एक-एक अक्षरकी तथा पदो और सघातोकी वृद्धि होते होते जब संख्यात[2] हजार सघातकी वृद्धि हो जाय तब एक प्रतिपत्ति नामक श्रुतज्ञान होता है। सघात और प्रतिपत्ति श्रुतज्ञानके मध्य मे जितने ज्ञानके विकल्प है उतने ही संघातसमासके भेद हैं। यह ज्ञान नरकादि चार गतियोका विस्तृत स्वरूप जाननेवाला है।

अनुयोग श्रुतज्ञानका स्वरूप बताते हैं—

चउगइसरूवरूवयपडिवत्तीदो[3] दु उवरि पुव्वं वा।
वण्णे संखेज्जे पडिवत्तीउड्ढम्हि अणियोग ॥ ३३९ ॥

चतुर्गतिस्वरूपरूपकप्रतिपत्तितस्तु उपरि पूर्वं वा।
वर्णे संख्याते प्रतिपत्तिवृद्धे अनुयोगम् ॥ ३३९॥

अर्थ—चारों गतियोके स्वरूपका निरूपण करनेवाले प्रतिपत्ति ज्ञानके ऊपर क्रमसे पूर्वकी तरह एक-एक अक्षरकी वृद्धि होते होते जब सख्यात हजार प्रतिपत्तिकी वृद्धि होजाय तव एक अनुयोग श्रुतज्ञान होता है। इसके पहले और प्रतिपत्ति ज्ञानके ऊपर सम्पूर्ण प्रतिपत्तिसमास ज्ञानके भेद हैं। अन्तिम प्रतिपत्तिसमासज्ञानके भेदमे एक अक्षरकी वृद्धि होनेसे अनुयोग श्रुतज्ञान होता है। इस ज्ञानके द्वारा चौदह मार्गणाओका विस्तृत स्वरूप जाना जाता है।

प्राभृतप्राभृतकका स्वरूप दो गाथाओ द्वारा बताते हैं—

चोद्दसमग्गणसंजुदअणियोगादुवरि वड्ढिदे वण्णे।
चउरादीअणियोगे दुगवारं पाहुडं होदि[4] ॥ ३४० ॥

चतुर्दशमार्गणासंयुतानुयोगादुपरि वर्धिते वर्णे।
चतुराद्यनुयोगे द्विकवारं प्राभृत भवति ॥ ३४०॥

अर्थ—चौदह मार्गणाओका निरूपण करनेवाले अनुयोग ज्ञानके ऊपर पूर्वोक्त क्रमके अनुसार एक एक अक्षरकी वृद्धि होते होते जब चतुरादि अनुयोगोकी वृद्धि हो जाय तब प्राभृतप्राभृतक श्रुत-

---

१, २—संख्यातसहस्रेषु वृद्धेषु, इति म. प्र., जी. प्र.।

३ ष. खं पृ २४ जत्तिएहि पदेहि एयगइइन्द्रियकायजोगादओ परुविज्जति तेसिं पडिवत्ती सण्णा।

४—ष ख ६ पृ २४।

ज्ञान होता है। इसके पहले और अनुयोग ज्ञानके ऊपर जितने ज्ञानके विकल्प हैं वे सब अनुयोगसमासके भेद जानना।

अहियारो पाहुडयं, एयट्ठो पाहुडस्स अहियारो।
पाहुडपाहुडणामं, होदि त्ति जिणेहिं णिदिट्ठं ॥ ३४१ ॥

अधिकार प्राभृतमेकार्थं. प्राभृतस्याधिकार।
प्राभृतप्राभृतनामा भवतीति जिनैर्निष्टम् ॥ ३४१ ॥

अर्थ—प्राभृत और अधिकार ये दोनो शब्द एक ही अर्थके वाचक हैं। अत एव प्राभृतके अधिकारको प्राभृतप्राभृत कहते हैं, ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

भावार्थ—वस्तुनाम श्रुतज्ञानके एक अधिकारको प्राभृत और अधिकारके अधिकारको प्राभृतप्राभृत कहते है।

प्राभृतका स्वरूप बताते है—

दुगवारपाहुडादो, उवरिं वण्णे कमेण चउवीसे।
दुगवारपाहुडे संउड्ढे खलु होदि पाहुडयं[1] ॥ ३४२ ॥

द्विकवारप्राभृतादुपरि वर्णे क्रमेण चतुर्विंशतौ।
द्विकवारप्राभृते संवृद्धे खलु भवति प्राभृतकम् ॥ ३४२ ॥

अर्थ—प्राभृतप्राभृत ज्ञानके ऊपर पूर्वोक्त क्रमसे एक एक अक्षरकी वृद्धि होते होते जब चौबीस प्राभृतप्राभृतकी वृद्धि होजाय तब एक प्राभृतक श्रुतज्ञान होता है। प्राभृतके पहले और प्राभृतप्राभृतके ऊपर जितने ज्ञानके विकल्प हैं वे सब ही प्राभृतप्राभृतसमासके भेद जानना। उत्कृष्ट प्राभृतप्राभृतसमासके भेदमे एक अक्षरकी वृद्धि होनेसे प्राभृत ज्ञान होता है।

वस्तु श्रुतज्ञानका स्वरूप बताते हैं।

वीसं वीसं पाहुडअहियारे एक्कवत्थुअहियारो।
एक्केक्कवण्णउड्ढी, कमेण सव्वत्थ णायव्वा[2] ॥ ३४३ ॥

विंशतौ विंशतौ प्राभृताधिकारे एको वस्त्वधिकार.।
एकैकवर्णवृद्धिः क्रमेण सर्वत्र ज्ञातव्या ॥ ३४३ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त क्रमानुसार प्राभृत ज्ञानके ऊपर एक-एक अक्षरकी वृद्धि होते होते जब क्रमसे वीस प्राभृतकी वृद्धि हो जाय तब एक वस्तु अधिकार पूर्ण होता है। वस्तु ज्ञानके पहले और प्राभृत ज्ञानके ऊपर जितने विकल्प हैं वे सब प्राभृतसमास ज्ञानके भेद हैं। उत्कृष्ट प्राभृतसमासमे एक अक्षरकी वृद्धि होनेसे वस्तु नामक श्रुतज्ञान पूर्ण होता है।

भावार्थ—गाथामे "वीस वीस" ऐसा वीप्सा वचन दिया है। इससे ऐसा समझना चाहिये कि

१, प. सं. ६ पृ. २५।
२. प सं ६ पृ. २५।

एक एक वस्तु अधिकारमें बीस बीस प्राभृत होते हैं और एक एक प्राभृतमे चौबीस चौबीस प्राभृत-प्राभृत होते हैं। अक्षरज्ञानके प्रथम भेदसे लेकर उत्कृष्ट भेद पर्यन्त एक एक अक्षरकी वृद्धि होती है। इसी प्रकार पद संघातादिककी भी वृद्धि उसी क्रमसे पूर्वसमासके अन्तिम भेद तक—क्रियाविशालसमासके उत्कृष्ट स्थान पर्यन्त होती जाती है।

पूर्व ज्ञानके भेदोंको संख्या बताते हैं—

> दस चोद्दसट्ठ अट्ठारसयं बारं च बार सोलं च।
> वीसं तीसं पण्णारसं च दस चदुसु वत्थूणं ॥ ३४४ ॥

> दश चतुर्दशाष्ट अष्टादशक द्वादश च द्वादश षोडश च।
> विंशति: त्रिंशत् पञ्चदश च दश चतुर्षु वस्तूनाम् ॥ ३४४ ॥

अर्थ—पूर्व ज्ञान के चौदह भेद हैं जिनमेंसे प्रत्येकमें क्रमसे दश, चौदह, आठ, अठारह, बारह, बारह, सोलह, बीस, तीस, पन्द्रह, दश, दश, दश, दश वस्तु नामक अधिकार हैं।

चौदह पूर्वके नाम गिनाते हैं—

> उप्पायपुव्वगाणियविरियपवादत्थिणत्थियपवादे।
> णाणासच्चपवादे आदाकम्मप्पवादे य ॥ ३४५ ॥
> पच्चक्खाणे विज्जाणुवादकल्लाणपाणवादे य।
> किरियाविसालपुव्वे कमसोथ तिलोयबिंदुसारे य ॥ ३४६ ॥

> उत्पादपूर्वाग्रायणीयवीर्यप्रवादास्तिनास्तिकप्रवादानि।
> ज्ञानसत्यप्रवादे आत्मकर्मप्रवादे च ॥ ३४५ ॥
> प्रत्याख्यान वीर्यानुवादकल्याप्राणवादानि च।
> क्रियाविशालपूर्वं क्रमश: अथ त्रिलोकबिन्दुसार च ॥ ३४६ ॥

अर्थ—उत्पादपूर्व, आग्रायणीयपूर्व, वीर्यप्रवाद, अस्तिनास्तिप्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्यान, वीर्यानुवाद, कल्याणवाद, प्राणवाद, क्रियाविशाल, त्रिलोकबिन्दुसार, इस तरहसे ये क्रमसे पूर्वज्ञानके चौदह भेद हैं।

भावार्थ—वस्तुज्ञानके ऊपर एक-एक अक्षरकी वृद्धिके क्रमसे पद संघातआदिकी वृद्धि होते-होते जब क्रमसे दश वस्तुकी वृद्धि होजाय तब पहला उत्पादपूर्व होता है। इसके आगे क्रमसे अक्षर पद संघात आदिककी वृद्धि होते-होते जब चौदह वस्तुकी वृद्धि होजाय तब दूसरा आग्रायणीय पूर्व होता है। इसके आगे भी उसी प्रकार क्रमसे अक्षर पद संघात आदिकी वृद्धि होते-होते जब क्रमसे आठ वस्तुकी वृद्धि होजाय तब तीसरा वीर्यप्रवाद होता है। इसके आगे क्रमसे अक्षरादिककी वृद्धि होते होते जब अठारह वस्तुकी वृद्धि होजाय तब चौथा अस्तिनास्तिप्रवाद होता है। इस ही तरह आगेके पाचवे आदिक पूर्व भी क्रमसे बारह, बारह, सोलह, बीस, तीस, पन्द्रह, दश, दश, दश, दश, वस्तुकी वृद्धिके होनेसे होते हैं। अर्थात् अस्तिनास्तिप्रवादके ऊपर क्रमसे बारह वस्तुकी वृद्धि होनेसे पाँचवाँ ज्ञानपवाद और ज्ञानप्रवादके ऊपर भी क्रमसे बारह वस्तुकी वृद्धि होनेसे सत्यप्रवाद होता है। इस ही तरह आगेके आत्मप्रवाद आदिकका प्रमाण भी समझना चाहिये।

चौदह पूर्वके समस्त वस्तु और उनके अधिकारभूत समस्त प्राभृतोंके जोड़का प्रमाण बताते हैं।

पणणउदिसया वत्थू, पाहुडया तियसहस्सणवयसया।
एदेसु चोद्दसेसु वि, पुव्वेसु हवंति मिलिदाणि॥ ३४७॥

पञ्चनवतिशतानि वस्तूनि प्राभृतकानि त्रिसहस्रनवशतानि।
एतेषु चतुर्दशस्वपि पूर्वेषु भवन्ति मिलितानि॥ ३४७॥

अर्थ—इन चौदह पूर्वोंके सम्पूर्ण वस्तुओंका जोड़ एकसौ पचानवे (१९५) होता है। और एक एक वस्तुमें वीस वीस प्राभृत होते हैं, इसलिये सम्पूर्ण प्राभृतोंका प्रमाण तीन हजार नौ सौ (३९००) होता है।

पहले वीस प्रकारका जो श्रुतज्ञान बताया था उस ही का दो गाथाओंमे उपसंहार करते हैं—

अत्थक्खरं च पदसंघातं पडिवत्तियाणिजोगं च।
दुगवारपाहुडं च य पाहुडयं वत्थु पुव्वं च॥ ३४८॥
कमवण्णुत्तरवड्डिय, ताण समासा य अक्खरगदाणि।
णाणवियप्पे वीसं गंथे, बारस य चोद्दसयं॥ ३४९॥

अर्थाक्षरं च पदसंघातं प्रतिपत्तिकानुयोगं च।
द्विकवारप्राभृतं च च प्राभृतकं वस्तु पूर्वं च॥ ३४८॥

क्रमवर्णोत्तरवर्धिते तेषां समासाश्च अक्षरगताः।
ज्ञानविकल्पे विंशतिः ग्रन्थे द्वादश च चतुर्दशकम्॥ ३४९॥

अर्थ—अर्थाक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्तिक, अनुयोग, प्राभृतप्राभृत, प्राभृत, वस्तु, पूर्व, ये नव तथा क्रमसे एक-एक अक्षरकी वृद्धिके द्वारा उत्पन्न होनेवाले अक्षरसमास आदि नव इस तरह अठारह भेद द्रव्यश्रुतके होते हैं। पर्याय और पर्यायसमासके मिलानेसे वीस भेद ज्ञानरूप श्रुतके होते हैं। यदि ग्रन्थरूप श्रुतकी विवक्षा की जाय तो आचाराङ्ग आदि बारह और उत्पादपूर्व आदि चौदह भेद होते हैं।

भावार्थ—द्रव्यश्रुत और भावश्रुत इस तरहसे श्रुतके जो दो भेद किये गये हैं उनमे शब्दरूप और ग्रन्थरूप सब द्रव्यश्रुत है और जो ज्ञानरूप है वह सब भावश्रुत है। गाथाके अन्तमें जो "च" है उससे अगवाह्य सामायिक आदि चौदह प्रकीर्णकोंका भी ग्रहण कर लेना चाहिये।

द्वादशाङ्गके समस्त पदोंकी संख्या बताते हैं—

बारुत्तरसयकोडी, तेसीदी तह य होंति लक्खाणं।
अट्ठावण्णसहस्सा पंचेव पदाणि अंगाणं॥ ३५०॥

द्वादशोत्तरशतकोट्य त्र्यशीतिस्तथा भवन्ति लक्षाणाम्।
अष्टापञ्चाशत्सहस्राणि पंचैव पदानि अङ्गानाम्॥ ३५०॥

अर्थ—द्वादशांगके समस्त पद एक सौ बारह करोड़ व्यासी लाख अट्ठावन हजार पांच (११२८३५८००५) होते हैं।

अंगबाह्य अक्षर कितने है उनका प्रमाण बताते है—

अडकोडिएयलक्खा अट्ठसहस्सा य एयसदिगं च ।
पण्णत्तरि वण्णाओ, पइण्णयाणं पमाणं तु ॥ ३५१ ॥

अष्टकोटयेकलक्षाणि अष्टसहस्राणि च एकशतकं च ।
पंचसप्ततिः वर्णाः प्रकीर्णकानां प्रमाणं तु ॥ ३५१ ॥

अर्थ—आठ करोड़ एक लाख आठ हजार एक सौ पचहत्तर (८०१०८१७५) प्रकीर्णक (अंगबाह्य) अक्षरोंका प्रमाण है ।

चार गाथाओ द्वारा उक्त अर्थको समझनेकी प्रक्रिया बताते हैं—

तेत्तीस वेंजणाइं, सत्तावीसा सरा तहा भणिया ।
चत्तारि य जोगवहा, चउसट्ठी मूलवण्णाओ ॥ ३५२ ॥

त्रयस्त्रिंशत् व्यंजनानि सप्तविंशतिः स्वरास्तथा भणिताः ।
चत्वारश्च योगवहाः चतुःषष्टिः मूलवर्णाः ॥ ३५२ ॥

अर्थ—तेतीस व्यंजन सत्ताईस स्वर चार योगवाह इस तरह कुल चौसठ मूलवर्ण होते हैं ।

भावार्थ—स्वरके बिना जिनका उच्चारण न हो सके ऐसे अर्धाक्षरोको व्यंजन कहते है । उनके क् ख् से ह् पर्यन्त तेतीस भेद हैं । अ इ उ ऋ लृ ए ऐ ओ औ ये नव स्वर है, इनके ह्रस्व दीर्घ प्लुतकी अपेक्षा सत्ताईस भेद होते है । अनुस्वार विसर्ग जिव्हामूलीय उपध्मानीय ये चार योगवाह हैं । सब मिलकर चौसठ अनादिनिधन मूलवर्ण हैं ।

यद्यपि दीर्घ लृ वर्ण संस्कृतमे नही है तब भी अनुकरणमे अथवा देशान्तरोकी भाषामे आता है, इसलिये चौसठ वर्णोंमे इसका भी पाठ है।

चउसट्ठिपदं विरलिय, दुगं च दाउण संगुणं किच्चा ।
रूऊणं च कए पुण, सुदणाणस्सक्खरा होंति ॥ ३५३ ॥

चतुःषष्ठिपदं विरलयित्वा द्विकं च दत्वा संगुणं कृत्वा ।
रूपोने च कृते पुनः श्रुतज्ञानस्याक्षराणि भवन्ति ॥ ३५३ ॥

अर्थ—उक्त चौसठ अक्षरोका विरलन करके प्रत्येकके ऊपर दो अङ्क देकर परस्पर सम्पूर्ण दोके अङ्कोका गुणा करनेसे लब्ध राशिमे एक घटा देनेपर जो प्रमाण रहता है उतने ही श्रुतज्ञानके अपुनरुक्त अक्षर होते हैं ।

वे अक्षर कितने हैं उसका प्रमाण बताते हैं[1]—

१—इनके संयोगका विस्तृत विधान उदाहरणपूर्वक बडी टीकामें दिखाया गया है । वहांसे देखकर समझ लेना चाहिये जिससे मालूम हो सकेगा कि किस-किस अक्षरके कितने-कितने सयोगी भंग बनते हैं और वे किस प्रकार से बनते है ।

एकट्ठ च च य छस्सत्तयं च च य सुण्णसत्ततियसत्ता ।
सुण्णं णव पण पंच य एक्कं छक्केक्कगो य पणगं च ॥ ३५४ ॥

एकाष्ट च च च षट्सप्तकं च च च शून्यसप्तत्रिकसप्त ।
शून्यं नव पंच पंच च एकं षट्कैककश्च पंचकं च ॥ ३५४ ॥

अर्थ—परस्पर गुणा करनेसे उत्पन्न होनेवाले अक्षरोंका प्रमाण इस प्रकार—एक आठ चार चार छह सात चार चार शून्य सात तीन सात शून्य नव पांच पांच एक छह एक पांच ।

भावार्थ—१८४४६७४४०७३७०९५५१६१५ इतने अंगप्रवृष्ट और अंगवाह्य श्रुतके समस्त अपुनरुक्त अक्षर हैं । पुनरुक्त अक्षरोंकी संख्याका नियम नहीं है ।

इन अक्षरोमेंसे अंगप्रविष्ट और अंगवाह्य श्रुतके अक्षरों का विभाग करते हैं—

मज्झिमपदक्खरवहिदवण्णा ते अंगपुव्वगपदाणि ।
सेसक्खरसंखा ओ, पइण्णयाणं पमाणं तु ॥ ३५५ ॥

मध्यमपदाक्षरावहितवर्णास्ते अंगपूर्वपदानि ।
शेपाक्षरसंख्या अहो प्रकीर्णकानां प्रमाणं तु ॥ ३५५ ॥

अर्थ—मध्यमपदके अक्षरोंका जो प्रमाण है उसका समस्त अक्षरोंके प्रमाणमें भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने अंग और पूर्वगत मध्यम पद होते हैं । शेप जितने अक्षर रहे उतना अंगवाह्य अक्षरोंका प्रमाण है ।

भावार्थ—पहले मध्यम पदके अक्षरोंका प्रमाण वताया है कि एक मध्यम पदमें सोलह सौ चौंतीस करोड़ तिरासी लाख सात हजार आठसौ अठासी अक्षर होते हैं । जव इतने अक्षरोंका एक पद होता है तव समस्त अक्षरोंके कितने पद होगे इस तरह त्रैराशिक करनेसे—अर्थात् फलराशि एक मध्यम पद और इच्छाराशि समस्त अक्षरोंके प्रमाणका परस्पर गुणा कर उसमें प्रमाण राशि-एक मध्यम पदके समस्त अक्षरोंके प्रमाणका भाग देनेसे जो लब्ध आवे वह समस्त मध्यम पदोंका प्रमाण[1] होता है । इन समस्त मध्यम पदोंके जितने अक्षर हुए वे अंगप्रविष्ट अक्षर हैं और जो शेप अक्षर रहे वे अंगवाह्य अक्षर[2] हैं । गाथामें ओ शब्द भव्योंको सम्बोधन करनेके लिये अहो के अर्थमें प्रयुक्त हुआ है । अर्थात् हे भव्यो ! अंग पूर्वके पदोंका और प्रकीर्णकोंके अक्षरोंका प्रमाण इस प्रकार समझो ।

तीन गाथाओंमें अंगोंके और पूर्वोंके पदोंकी संख्या वताते हैं—

आयारे सुद्दयडे, ठाणे समवायणामगे अंगे ।
तत्तो विक्खापण्णत्तीए णाहस्स धम्मकहा ॥ ३५६ ॥
तोवासयअज्झयणे, अंतयडे णुत्तरोववाददसे ।
पण्हाणं वायरणे, विवायसुत्ते य पदसंखा ॥ ३५७ ॥

१—११२८३५८००५ ।

२—८०१०८१७५ । [illegible]

आचारे सूत्रकृते स्थाने समवायनामके अंगे ।
ततो व्याख्याप्रज्ञप्तौ नाथस्य धर्मकथायां ॥ ३५६ ॥
तत उपासकाध्ययने अन्तकृते अनुत्तरौपपाददशे ।
प्रश्नानां व्याकरणे विपाकसूत्रे च पदसख्या ॥ ३५७ ॥

अर्थ—आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग समवायाग, व्याख्याप्रज्ञप्ति, धर्मकथाग, उपासकाध्ययनांग, अन्तःकृद्दशाग, अनुत्तरौपपादिकदशाग, प्रश्नव्याकरण और विपाकसूत्र इन ग्यारह अंगोके पदोकी संख्या क्रमसे निम्नलिखित है ।

अट्ठारस छत्तीसं, वादालं अडकडी अड वि छप्पण्णं ।
सत्तरि अट्ठावीसं, चउदालं सोलससहस्सा ॥ ३५८ ॥
इगिदुगपंचेयारं, तिवीसदुतिणउदिलक्ख तुरियादी ।
चुलसीदिलक्खमेया, कोडी य विवागसुत्तम्हि ॥ ३५९ ॥

अष्टादश षट्त्रिंशत् द्वाचत्वारिंशत् अष्टकृतिः अष्टद्वि षट्पचाशत् ।
सप्ततिः अष्टविंशतिः चतुश्चत्वारिंशत् षोडशसहस्राणि ॥ ३५८ ॥
एकद्विकपंचैकादशत्रयोविंशतिद्वित्रिनवतिलक्ष चतुर्थादिषु ।
चतुरशीतिलक्षमेका कोटिश्च विपाकसूत्रे ॥ ३५९ ॥

अर्थ—आचारांगमे अठारह हजार पद हैं, सूत्रकृतांगमे छत्तीस हजार, स्थानागमे बियालीस हजार, समवायागमे एक लाख चौसठ हजार, व्याख्याप्रज्ञप्तिमे दो लाख अट्ठाईस हजार, धर्मकथाग मे पाच लाख छप्पन हजार, उपासकाध्ययनागमे ग्यारह लाख सत्तर हजार अत कृद्दशागमे तेईस लाख अट्ठाईस हजार, अनुत्तरौपपादिक दशांगमे बानवे लाख चवालिस हजार, प्रश्न व्याकरण अगमे तिरानबे लाख सोलह हजार पद हैं। तथा ग्यारहवें विपाकसूत्र अगमे एक करोड़ चौरासी लाख पद हैं ।

सम्पूर्ण पदोका जोड़ बताते है—

बापणनरनोनानं, एयारंगे जुदी हु वादम्हि ।
कनजतजमताननमं, जनकनजयसीम बाहिरे वण्णा ॥३६०॥

बापणनरनोनानं एकादशागे युतिर्हि वादे ।
कनजतजमताननमं जनकनजयसीम बाह्ये वर्णाः ॥३६०॥

अर्थ—पूर्वोक्त ग्यारह अगोके पदोका जोड़ चार करोड़ पन्द्रह लाख दो हजार (४१५०२०००) होता है। बारहवे दृष्टिवाद अंगमें सम्पूर्ण पद एक अरब आठ करोड़ अड़सठ लाख छप्पन हजार पांच (१०८६८५६००५) होते हैं। अंगबाह्य अक्षरोका प्रमाण आठ करोड एक लाख आठ हजार एक सौ पचहत्तर (८०१०८१७५) है।

बारहवे अगके भेद और उनके पदोका प्रमाण बताते हैं—

चंदरविजंबुदीवयदीवसमुद्दयवियाहपण्णत्ती ।
परियम्मं पचविहं सुत्तं पढमाणिजोगमदो ॥३६१॥

पुव्वं जलथलमाया आगासयरूवगयमिमा पंच ।
भेदा हु चूलियाए तेसु पमाणं इणं कमसो ॥३६२॥

चन्द्ररविजम्बूद्वीपकद्वीपसमुद्रकव्याख्याप्रज्ञप्तयः ।
परिकर्म पंचविधं सूत्रं प्रथमानुयोगमत ॥३६१॥
पूर्वजलस्थलमायाकाशकरूपगता इम पंच ।
भेदा हि चूलिकायाः तेषु प्रमाणमिदं क्रमश. ॥३६२॥

अर्थ—बारहवे दृष्टिवाद अंगके पाँच भेद हैं—परिकर्म सूत्र प्रथमानुयोग पूर्वगत चूलिका । इसमे परिकर्मके पाँच भेद हैं—चन्द्रप्रज्ञप्ति सूर्यप्रज्ञप्ति जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति द्वीपसागरप्रज्ञप्ति व्याख्याप्रज्ञप्ति । सूत्रका अर्थ सूचित करनेवाला है, इस भेदमें जीव अबंधक ही है, अकर्त्ता ही है, निर्गुण ही है अभोक्ता ही है, स्वप्रकाशक ही है, परप्रकाशक ही है, अस्तिरूप ही है, नास्तिरूप ही है, इत्यादि क्रियावाद अक्रियावाद अज्ञान विनयरूप ३६३ मिथ्यामतोंको पूर्वपक्ष में रखकर दिखाया गया है। प्रथमानुयोगका अर्थ है कि प्रथम अर्थात् मिथ्यादृष्टि या अव्रतिक अव्युत्पन्न श्रोताको लक्ष्य करके जो प्रवृत्त हो । इसमें ६३ शलाका पुरुषो आदिका वर्णन किया गया है । पूर्वगतके चौदह भेद हैं, जिनका वर्णन आगे करेंगे। चूलिकाके पाँच भेद हैं; जलगता स्थलगता मायागता आकाशगता रूपगता । अब इनके पदोका प्रमाण क्रमसे बताते हैं ।

गतनम मनगं गोरम मरगत जवगातनोननं जजलक्खा ।
मननन धममननोननतामं रनधजधराननजलादी ॥३६३॥
याजकनामेनाननमेदाणि पदाणि होंति परिकम्मे ।
कानवधिवाचनाननमेसो पुण चूलियाजोगो ॥३६४॥

गतनम मनगं गोरम मरगत जवगातनोनन जजलक्षाणि ।
मननन धममननोननतामं रनधजधरानन जलादिषु ॥३६३॥
याजकनामेनाननमेतानि पदानि भवन्ति परिकर्मणि ।
कानवधिवाचनाननमेषः पुनः चूलिकायोगः ॥३६४॥

अर्थ—क्रमसे चन्द्रप्रज्ञप्तिमें छत्तीस लाख पांच हजार[1] ; सूर्यप्रज्ञप्तिमे पांच लाख तीन हजार, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिमे तीन लाख पच्चीस हजार, द्वीपसागरप्रज्ञप्तिमे बावन लाख छत्तीस हजार, व्याख्या-

१—अक्षरोंसे अंकोंका बोध करानेकी रीति गाथा नं १५८ की टीकामें "कटपयपुरस्थवर्णैं "आदि गाथा द्वारा बताई गई है। उसीके अनुसार अक्षरोंसे अंकोंको जानकर पदोंको प्रमाण संख्या समझ लेनी चाहिये—चन्द्रप्रज्ञप्तिके गतनमनोननं–३६०५००० । सूर्यप्रज्ञप्ति के मनग नोननं–५०३००० । जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिमें गोरम नोननं–३२५००० । द्वीपसागरप्रज्ञप्तिके मरगतनोननं–५२३६००० । व्याख्याप्रज्ञप्तिमें जवगातनोननं–८४३६००० । सूत्रके जलजक्खा–८८००००० । प्रथमानुयोगके मननन–५००० । चौदह पूर्वोंके धममननोननतामं–९५५०००००५ । प्रत्येक चूलिकाके रनधजधरानन–२०९८९२०० । परिकर्मके याजकनामे नानन–१८१०५००० । चूलिकाके कानवधिवाचनानन–१०४९४६००० । यही प्रमाण टीकामें वाक्य द्वारा बताया गया है ।

प्रज्ञप्तिमे चौरासी लाख छत्तीस हजार पद हैं। सूत्रमे अठासी लाख पद है। प्रथमानुयोगमे पाँच हजार पद हैं। चौदह पूर्वोमे पचानवे करोड पचास लाख पाँच पद है। पाँचो चूलिकाओमेसे प्रत्येकमे दो करोड़ नौ लाख नवासी हजार दो सौ पद है। चन्द्रप्रज्ञप्ति आदि पाँच प्रकारके परिकर्म के पदोंका जोड़ एक करोड इक्यासी लाख पांच हजार है। पाँच प्रकारकी चूलिकाके पदोका जोड़ दश करोड़ उनचास लाख छ्यालीस हजार (१०४९४६०००) है।

भावार्थ—यहाँ पर जो अक्षर तथा पदोका प्रमाण बताया है वह अपुनरुक्त अक्षर तथा पदोका प्रमाण समझना।

चौदह पूर्वोमेसे प्रत्येक पूर्वके पदोका प्रमाण बताते हैं—

पण्णट्ठदाल पणतीस तीस पण्णास पण्ण तेरसदं।
णउदी दुदाल पुव्वे पणवण्णा तेरससयाइं ॥३६५॥
छस्सयपण्णासाइं चउसयपण्णास छसयपणुवीसा।
विहि लक्खेहि दु गुणिया पंचम रूऊण छज्जुदा छट्ठे ॥३६६॥

पचाशदष्टचत्वारिंशत् पचत्रिंशत् पचाशत् पंचाशत् त्रयोदशशतम्।
नवतिः द्वाचत्वारिंशत् पूर्वे पचपचाशत् त्रयोदशशतानि ॥ ३६५ ॥
षट्शतपचाशानि चतुःशतपचाशत् षट्शतपचविंशतिः।
द्वाभ्यां लक्षाभ्या तु गुणितानि पंचम रूपोनं षट्युतानि षष्ठे॥ ३६६ ॥

अर्थ—दोनो गाथाओमे उत्पादपूर्व आदि १४ पूर्वोकी बताई गई संख्याको दो लाखसे गुणा करना चाहिये। विशेष यह है कि इस तरहसे गुणित करनेपर जो सख्या उत्पन्न हो उनमेसे पाँचवे पूर्वकी संख्या निकालनेके लिये एक कम कर देना चाहिये और छट्ठे पूर्वका प्रमाण जाननेके लिये छह जोड़ देने चाहिये। ऐसा करनेसे पूर्वोका नियत प्रमाण निकल आता है। दो लाखसे गुणा जिस जिस सख्याके साथ करना चाहिये वह उत्पादपूर्वादिकी गाथोक्त सख्या क्रमसे इस प्रकार है—उत्पादपूर्व को ५०, आग्रायणीय ४८, वीर्यप्रवाद ३५, अस्तिनास्तिप्रवाद, ३०, ज्ञानप्रवाद ५०, सत्यप्रवाद ५०, आत्मप्रवाद १३००, कर्मप्रवाद ९०, प्रत्याख्यान ४२, विद्यानुवाद ५५, कल्याणवाद १३००, प्राणवाद ६५०, क्रियाविशाल ४५०, त्रिलोकबिन्दुसार ६२५।

भावार्थ—ऐसा करनेपर प्रत्येक पूर्वके पदोका जो प्रमाण होगा वह इस प्रकार है—चौदह पूर्वोमेसे क्रमसे प्रथम उत्पादपूर्वमे एक करोड पद हैं। दूसरे आग्रायणीय पूर्वमे छयानवे लाख पद हैं। तीसरे वीर्यप्रवादमे सत्तर लाख पद हैं। चतुर्थ अस्तिनास्तिप्रवाद पूर्वमें साठ लाख पद हैं। पाँचमे ज्ञानप्रवादमे एक कम एक करोड़ (९९९९९९९) पद है। छट्ठे सत्यप्रवाद पूर्वमे एक करोड़ छह (१००००००६) पद हैं। सातवे आत्मप्रवादमे छब्बीस करोड़ पद है। आठवें कर्मप्रवाद पूर्वमे एक करोड़ अस्सी लाख पद हैं। नौवे प्रत्याख्यान पूर्वमे चउरासी लाख पद हैं। दशवे विद्यानुवाद पूर्वमे एक करोड दश लाख पद है। ग्यारहवे कल्याणवाद पूर्वमे छब्बीस करोड़ पद हैं। बारहवे प्राणवाद पूर्वमे तेरह करोड़ पद हैं। तेरहवे क्रियाविशाल पूर्वमें नौ करोड़ पद हैं। चौदहवें त्रिलोकबिन्दुसारमे बारह करोड़ पचास लाख पद हैं। इन चौदह पूर्वोमेसे किस पूर्वमे कितने कितने पद हैं यह इन दो गाथाओमे बता दिया है। किन्तु अब प्रकरण पाकर यहाँपर द्वादशांग तथा

चौदह पूर्वोमे किस किस विषयका वर्णन है यह सक्षेपसे विशेष बताया जाता है। प्रथम आचारांगमे "किस तरह आचरण करे ? किस तरह खडा हो ? किस तरह बैठे ? किस तरह शयन करे ? किस तरह भाषण करे ? किस तरह भोजन करे ? जिससे कि पापका बन्ध न हो। अर्थात् किस तरहमे इन क्रियाओंके तथा अन्य भी इस तरहकी क्रियाओके करनेपर भी पापका बन्ध नही होता ?" इत्यादि प्रश्नोके अनुसार "यत्नपूर्वक आचरण करे, यत्नपूर्वक खड़ा हो, यत्नपूर्वक बैठे, यत्नपूर्वक शयन करे, यत्नपूर्वक भाषण करे, यत्नपूर्वक भोजन करे, इस तरहसे पापका बन्ध नही होता।"[१] अर्थात् किसी भी क्रियाके यत्नाचार पूर्वक प्रमाद रहित होकर करनेपर पापका बन्ध नही होता। इत्यादि उत्तररूप वाक्यो द्वारा मुनियोके समस्त आचरणका वर्णन[२] है। दूसरे[३] सूत्रकृतागमे ज्ञानविनय आदि निर्विघ्न अध्ययनक्रियाका अथवा प्रज्ञापना कल्पाकल्प छेदोपस्थापना आदि व्यवहारधर्मक्रियाका, तथा स्वसमय और परसमयका स्वरूप सूत्रोके द्वारा बताया गया है। तीसरे स्थानाग[४]मे सम्पूर्ण द्रव्योके एकसे लेकर कितने विकल्प हो सकते हैं उन विकल्पोका वर्णन किया है। जैसे सामान्यकी अपेक्षासे जीवद्रव्यका एक ही स्थान (विकल्प = भेद) है, ससारी और मुक्तकी अपेक्षासे दो भेद हैं, उत्पाद व्यय ध्रौव्यकी अपेक्षासे तीन भेद हैं, चार गतियोसे चार भेद हैं। इस ही तरह पुद्गल आदिक द्रव्योंके भी विकल्प समझना। चौथे समवायागमे[५] सम्पूर्ण द्रव्योमे परस्पर किस किस धर्मकी अपेक्षासे सादृश्य है यह बताया है। पाचवे व्याख्याप्रज्ञप्ति[६] अगमे जीव है या नही ? वक्तव्य है अथवा अवक्तव्य है ? नित्य है या अनित्य है ? एक है या अनेक है ? इत्यादि गणधरदेवके साठ हजार प्रश्नोंका व्याख्यान है। छट्ठे नाथधर्मकथा[७] अथवा ज्ञातृधर्मकथा अंगमे जीवादि वस्तुओका स्वभाव, तीर्थंकरोका माहात्म्य, तीर्थंकरोकी दिव्यध्वनिका समय तथा माहात्म्य, उत्तम क्षमा आदि दश धर्म, सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रयधर्मका स्वरूप बताया है। तथा गणधर इन्द्र चक्रवर्ती आदिकी कथा उपकथाओंका वर्णन है। सातवें उपासकाध्ययन[८] अगमे उपासकोंकी (श्रावकोंकी) सम्यग्दर्शनादि ग्यारह प्रतिमासम्बन्धी व्रत गुण शील आचार तथा दूसरे क्रियाकाण्ड और उनके मन्त्रादिकोंका सविस्तार वर्णन किया है। आठवें अन्तकृद्दशागमें प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमे[९] जो दश दश मुनि चार प्रकारका उपसर्ग सहन करके संसारके अन्तको

---

१. कथं चरे. कथं चिट्ठे कथमासे कथ सए, कथं भुंजीज्ज भासेज्ज जदो पावं ण बंधई" इसके उत्तरमे "चरे जदं चिट्ठे जदमासे जदं सये, जद भुंजीज्ज भासेज्ज एवं पावं ण बंधई" इत्यादि।

२—आचरते-मोक्षमार्गमाराधयन्ति अस्मिन्ननेनेति वा आचार.।

३—सूत्रै कृतं-करण-क्रिया विशेष वर्ण्यते यस्मिन् तत् सूत्रकृतम्।

४—एकाद्येकोत्तराणि स्थानानि तिष्ठन्ति यस्मिन् तत् स्थानं।

५—द्रव्यक्षेत्रकालभावानाश्रित्य जीवाद्यर्था. सग्रहेण-सादृश्यसामान्येन अवेयन्ते ज्ञायन्ते यस्मिन् तत् समवायम्।

६—वि-विविधा आख्या -गणधरदेवकृतषष्टिसहस्रप्रश्नानि प्र-प्रकर्षेण ज्ञाप्यन्ते यत्र सा व्याख्याप्रज्ञप्ति।

७—नाथा-त्रिलोकेश्वरस्वामिनस्तीर्थंकरास्तेषां धर्मकथा। अथवा ज्ञातृणां तीर्थकरादीनां धर्मकथा।

८—आहारादिदानै. पूजाविधानैश्च संघमुपासंते ते उपासकास्ते अधीयंते-पठयन्ते-वर्ण्यन्ते यस्मिन् तत् उपासकाध्ययनं।

९—एक तीर्थंकरके अनन्तर जब तक दूसरा तीर्थंकर उत्पन्न न हो तब तकके समयको प्रथम तीर्थंकरका तीर्थ कहते हैं।

प्राप्त हुए उनका वर्णन है। नौवें अनुत्तरौपपादिकदशागमे प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमे होनेवाले उन दश-दश दक्ष मुनियोका वर्णन है जो कि घोर उपसर्गको सहन करके अन्तमे समाधिके द्वारा अपने प्राणोका त्याग करके विजय आदि पांच प्रकारके अनुत्तर विमानोमे उत्पन्न हुए। दशवें प्रश्न-व्याकरण अगमे दूतवाक्य नष्ट मुष्टि चिन्ता आदि अनेक प्रकारके प्रश्नोके अनुसार तीन काल सम्बन्धी धन-धान्यादिका लाभालाभ सुख दु ख जीवन मरण जय पराजय आदि फलका वर्णन है। और प्रश्नके अनुसार आक्षेपणी विक्षेपणी सवेजनी निर्वेजनी इन चार प्रकारकी कथाओका वर्णन है। ग्यारहवे विपाकसूत्रमे द्रव्य क्षेत्र काल भावके अनुसार शुभाशुभकर्मोकी तीव्र मद मध्यम आदि अनेक प्रकारकी अनुभाग—शक्तिके फल देनेरूप विषयका वर्णन है। बारहवे दृष्टिवाद[1] अगमे तीन सौ त्रेसठ मिथ्या मतोका वर्णन और उनका निराकरण है। दृष्टिवाद अगके पाच भेद हैं—परिकर्म सूत्र प्रथमानुयोग पूर्वगत चूलिका। परिकर्ममे गणितके करणसूत्रोका वर्णन है। इसके पाच भेद हैं, चन्द्रप्रज्ञप्ति सूर्यप्रज्ञप्ति जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति द्वीपसागरप्रज्ञप्ति व्याख्याप्रज्ञप्ति। चन्द्रप्रज्ञप्तिमे चन्द्रमा-सम्बन्धी विमान आयु परिवार ऋद्धि गमन हानि वृद्धि पूर्ण ग्रहण अर्ध ग्रहण चतुर्थांश ग्रहण आदिका वर्णन है। इसी प्रकार सूर्यप्रज्ञप्तिमे सूर्यसम्बन्धी आयु परिवार गमन ग्रहण आदिका वर्णन है। जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिमे जम्बूद्वीपसम्बन्धी मेरु कुलाचल महाह्रद (तलाव) क्षेत्र कुण्ड वेदिका वन व्यन्तरोके आवास महानदी आदिका वर्णन है। द्वीपसागरप्रज्ञप्तिमे असख्यात द्वीप और समुद्रोका स्वरूप तथा वहाँपर होनेवाले अकृत्रिम चैत्यालयो आदिका वर्णन है। व्याख्या-प्रज्ञप्तिमे रूपी अरूपी जीव अजीव द्रव्योका भव्य अभव्य-भेद प्रमाण लक्षणोका अनन्तरसिद्ध परम्परासिद्धोका तथा दूसरी वस्तुओका भी वर्णन है। दृष्टिवादके दूसरे भेद—सूत्रमे तीनसौ त्रेसठ मिथ्यादृष्टियोका पूर्वपक्षपूर्वक निराकरण है। तीसरे भेद प्रथमानुयोगमें त्रेसठ शलाका पुरुषोका वर्णन है। चौथे पूर्वके चौदह भेद है। उनमे किस किस विषयका वर्णन है यह सक्षेपसे क्रमसे बताते हैं। उत्पादपूर्वमे प्रत्येक द्रव्यके उत्पाद व्यय ध्रौव्य और उनके सयोगी धर्मोका वर्णन है। आग्रायणीय पूर्वमे द्वादशागमे प्रधानभूत सातसौ सुनय तथा दुर्णय पंचास्तिकाय षड् द्रव्य सप्त तत्व नव पदार्थ आदिका वर्णन है। वीर्यानुवादमे आत्मवीर्य परवीर्य उभयवीर्य बालवीर्य तपोवीर्य गुणवीर्य पर्यायवीर्य आदि अनेक प्रकारके वीर्य (सामर्थ्य) का वर्णन है। अस्तिनास्तिप्रवादमे स्यादस्ति स्यान्नास्ति आदि सप्तभगीका वर्णन है। ज्ञानप्रवादमे मति श्रुत अवधि मन पर्यय केवलरूप प्रमाण ज्ञान, तथा कुमति कुश्रुत विभंगरूप अप्रमाण ज्ञानके स्वरूप सख्या विषय फलका वर्णन है। सत्यप्रवादमे आठ प्रकारके शब्दोच्चारणके स्थान[2], पाच प्रयत्न[3], वाक्यसंस्कारके कारण, शिष्ट दुष्ट शब्दोके प्रयोग, लक्षण[4], वचनके भेद, बारह प्रकारकी भाषा[5]

१—दृष्टीनां मिथ्यादर्शनाना वाद —पूर्वोत्तरपक्षकथनं यत्र।

२—उर.कण्ठशिरोजिह्वामूलदंतनासिकाताल्वोष्ठाख्यानि अष्टौ स्थानानि।

३—स्पृष्टतेषत्स्पृष्टताविवृततेषद्विवृततासवृतताख्या पंचप्रयत्ना ।

४—व्याकरण।

५—१. अनिष्ट कथन, २ कलह वचन, ३ पैशून्य वचन, ४. असंबद्धप्रलाप, ५ रतिवाक् ६ अरति वाक्, ७ उपधिवाक, ८ निकृतिवाक् ९. अप्रणतिवाक् १०. मोषवाक् ११. सम्यग्दर्शन वाक् १२. मिथ्यादर्शनवाक्।

अनेक प्रकारके असत्यवचन, दशप्रकारका सत्यवचन[1], वाग्गुप्ति, मौन आदिका वर्णन है। आत्मप्रवादमें आत्माके कर्तृत्व आदिका वर्णन[2] है। कर्मप्रवादमें मूलोत्तर प्रकृति तथा बंध उदय उदीरणा आदिकी अनेक अवस्थाओंका वर्णन है। प्रत्याख्यानपूर्वमें नाम स्थापना द्रव्य क्षेत्र काल भाव, पुरुषके संहनन आदिकी अपेक्षासे सदोष वस्तुका त्याग, उपवासकी विधि, पांच समिति, तीन गुप्ति आदिका वर्णन है। विद्यानुवादमें अंगुष्ठप्रसेना आदि सातसौ अल्पविद्या, तथा रोहिणी आदि पांचसौ महाविद्याओंका स्वरूप सामर्थ्य मन्त्र तन्त्र पूजा-विधान आदिका, तथा सिद्ध विद्याओंका फल और अन्तरिक्ष भौम अंग स्वर स्वप्न लक्षण व्यंजन छिन्न इन आठ महानिमित्तोंका वर्णन है। कल्याणवादमें तीर्थंकरादिके गर्भावतरणादि कल्याण, उनके कारण पुण्यकर्म षोडश भावना आदिका, तथा चन्द्र सूर्य ग्रह नक्षत्रोंके चारका एवं ग्रहण शकुन आदिके फलका वर्णन है। प्राणावादमें कायचिकित्सा आदि आठ प्रकारके आयुर्वेदका, इडा पिंगला आदिका, दश प्राणोंके उपकारक अपकारक द्रव्योंका गतियोंके अनुसारसे वर्णन किया है। क्रियाविशालमें संगीत छंद अलंकार पुरुषोंकी बहत्तर कला स्त्रीके चौंसठ गुण, शिल्पादि विज्ञान, गर्भाधानादि क्रिया, नित्य नैमित्तिक क्रियाओंका वर्णन है। त्रिलोकबिन्दुसारमें लोकका स्वरूप, छत्तीस परिकर्म, आठ व्यवहार, चार बीज, मोक्षका स्वरूप, उसके गमनका कारण, क्रिया, मोक्षसुखके स्वरूपका वर्णन है। दृष्टिवादनामक बारहवे अंगका पाचवां भेद चूलिका है। उसके पांच भेद हैं, जलगता स्थलगता मायागता आकाशगता रूपगता। इनमेंसे जलगतामें जलगमन अग्निस्तम्भन अग्निभक्षण अग्निका आसन अग्निप्रवेश आदिके मन्त्र तन्त्र तपश्चर्या आदिका वर्णन है। स्थलगतामें मेरु कुलाचल भूमि आदिमें प्रवेश शीघ्रगमन आदिके कारण मन्त्र तन्त्र आदिका वर्णन है। मायागतामें इन्द्रजाल सम्बन्धी मन्त्रादिका वर्णन है। आकाशगतामें आकाशगमनके कारण मन्त्र तन्त्र आदिका वर्णन है। रूपगतामें सिंहादिक अनेक प्रकारके रूप बनानेके कारणभूत मन्त्रादिका वर्णन है।

अंगबाह्य श्रुतके भेद गिनाते हैं—

सामइयचउवीसत्थयं तदो वंदणा पडिक्कमणं।
वेणइयं किदियम्मं दसवेयालं च उत्तरज्झयणं॥ ३६७॥
कप्पववहारकप्पाकप्पियमहकप्पियं च पुंडरियं।
महपुंडरीयणिसिहियमिदि चोद्दसमंगबाहिरयं॥ ३६८॥

सामायिकं चतुर्विंशस्तवं ततो वंदना प्रतिक्रमणम्।
वैनयिकं कृतिकर्म दशवैकालिकं च उत्तराध्ययनम्॥ ३६७॥
कल्प्यव्यवहार-कल्पाकल्प्यिक-महाकल्प्यं च पुंडरीकम्।
महापुंडरीकं निषिद्धिका इति चतुर्दशांगबाह्यम्॥ ३६८॥

अर्थ—सामायिक चतुर्विंशस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, वैनयिक, कृतिकर्म, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, कल्प्यव्यवहार, कल्पाकल्प्य, महाकल्प, पुंडरीक, महापुंडरीक, निषिद्धिका ये अंगबाह्यश्रुतके चौदह भेद हैं[3]।

१—देखो गाथा नं. २२२।

२—जीवो कर्ता च वेत्ता च प्राणी भोक्ता च पौद्गलो आदि शब्द प्र.।

३—इनका स्वरूप अर्थ निरुक्ति भेद आदि बड़ी टीका में देखना चाहिये।

श्रुतज्ञानका माहात्म्य बताते हैं—

सुदकेवलं च णाणं, दोण्णि वि सरिसाणि होंति बोहादो ।
सुदणाणं तु परोक्खं, पच्चक्खं केवलं णाणं ॥ ३६९ ॥

श्रुत केवल च ज्ञान द्वेऽपि सदृशे भवतो बोधात् ।
श्रुतज्ञान तु परोक्षं प्रत्यक्ष केवलं ज्ञानम्[1] ॥ ३६९ ॥

अर्थ—ज्ञानकी अपेक्षा श्रुतज्ञान तथा केवलज्ञान दोनो ही सदृश हैं। परन्तु दोनोमे अन्तर यही है कि श्रुतज्ञान परोक्ष है और केवलज्ञान प्रत्यक्ष है।

भावार्थ—जिस तरह श्रुतज्ञान सम्पूर्ण द्रव्य और पर्यायोको जानता है उस ही तरह केवलज्ञान भी सम्पूर्ण द्रव्य और पर्यायोको जानता है। विशेषता इतनी ही है कि श्रुतज्ञान इन्द्रिय और मनको सहायतासे होता है, इसलिये परोक्ष-अविशद अस्पष्ट है। इसकी अमूर्त पदार्थोंमे और उनकी अर्थपर्यायो तथा दूसरे सूक्ष्म अशोमे स्पष्टरूपसे प्रवृत्ति नही होती। किन्तु केवलज्ञान निरावरण होनेके कारण समस्त पदार्थों और उनके सम्पूर्ण गुणो तथा पर्यायोको स्पष्टरूपसे विषय करता[2] है।

क्रमप्राप्त अवधिज्ञानका निरूपण करते हैं—

अवहीयदि त्ति ओही, सीमाणाणे त्ति वण्णियं समये ।
भवगुणपच्चयविहियं, जमोहिणाणे त्ति णं बेंति ॥ ३७० ॥[3]

अवधीयत इत्यवधि. सीमाज्ञानमिति वर्णित समये ।
भवगुणप्रत्ययविधिकं यदवधिज्ञानमिति इद ब्रुवन्ति ॥ ३७० ॥

अर्थ—द्रव्य क्षेत्र काल भावकी अपेक्षासे जिसके विषयकी सीमा हो उसको अवधिज्ञान कहते हैं। इस ही लिये परमागममे इसको सीमाज्ञान कहा है। तथा इसके जिनेन्द्रदेवने दो भेद कहे है—एक भवप्रत्यय दूसरा गुणप्रत्यय।

भावार्थ—नारकादि भवकी अपेक्षासे अवधिज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होकर जो अवधिज्ञान हो उसको भवप्रत्यय अवधि कहते है। जो सम्यग्दर्शनादि कारणोकी अपेक्षासे अवधिज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होकर अवधिज्ञान होता है उसको गुणप्रत्यय अवधि कहते हैं। इसके विषयके परिमित होनेसे इस ज्ञानको अवधिज्ञान अथवा सीमाज्ञान कहते है। यद्यपि दूसरे मतिज्ञानादिके विषयकी भी सामान्यसे सीमा है, इसलिये दूसरे ज्ञानोको भी अवधिज्ञान कहना चाहिये; तथापि समभिरूढनयकी अपेक्षासे ज्ञानविशेषको ही अवधिज्ञान कहते हैं।

दोनो प्रकारके अवधिज्ञानका स्वामी तथा स्वरूप बताते हैं—

भवपच्चइगो सुरणिरयाणं तित्थे वि सव्वअंगुत्थो ।
गुणपच्चइगो णरतिरियाणं संखादिचिण्हभवो ॥ ३७१ ॥

१—स्याद्वादकेवलज्ञाने सर्वतत्त्वप्रकाशने। भेद साक्षादसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतमं भवेत्॥ अ.न देवागम।

२—सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य त. सू. अ १ सू. २९।

३—षट् ख १ गा १८४।

भवप्रत्ययकं सुरनारकाणां तीर्थेऽपि सर्वागोत्थम् ।
गुणप्रत्ययकं नरतिरश्चां शङ्खादिचिन्हभवम् ॥ ३७१ ॥

अर्थ—भवप्रत्यय अवधिज्ञान देव नारकी तथा तीर्थंकरोंके भी होता है और यह ज्ञान सम्पूर्ण अंगसे उत्पन्न होता है। गुणप्रत्यय अवधिज्ञान पर्याप्त मनुष्य तथा संज्ञी पचेन्द्रिय तिर्यंचोंके भी होता है और यह ज्ञान शंखादि चिन्होंसे होता है।

भावार्थ—नाभिके ऊपर शख पद्म वज्र स्वस्तिक कलश आदि जो शुभ चिन्ह होते हैं, उस जगहके आत्मप्रदेशोंसे प्रगट होनेवाले अवधिज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे गुण-प्रत्यय अवधिज्ञान होता है। किन्तु भवप्रत्यय अवधिज्ञान सम्पूर्ण आत्मप्रदेशोंसे प्रगट होता है। भवप्रत्यय अवधिज्ञान सभी देव और नारकियोंके होता है, क्योंकि उसमें भव प्रधान कारण है। गुणप्रत्यय अवधिज्ञान मनुष्य तिर्यंचोंके ही होता है, परन्तु सबके नही होता, क्योंकि इसके होनेमें मुख्य कारण गुण हैं।

आगेकी गाथाके उत्तरार्धमे प्रकारान्तरसे सामान्य अवधिके तथा पूर्वार्धमे गुणप्रत्यय अवधिके भेदोंको गिनाते हैं—

गुणपच्चइगो छद्धा, अणुगावट्ठिदपवड्ढमाणिदरा ।
देसोही परमोही, सव्वोहि त्ति य तिधा ओही ॥ ३७२ ॥

गुणप्रत्ययकः षोढा अनुगावस्थितप्रवर्धमानेतरे ।
देशावधिः परमावधिः सर्वावधिरिति च त्रिधा अवधिः ॥ ३७२ ॥

अर्थ—गुणप्रत्यय अवधिज्ञानके छह भेद हैं, अनुगामी अननुगामी अवस्थित अनवस्थित वर्धमान हीयमान। तथा सामान्यसे अवधिज्ञानके देशावधि परमावधि सर्वावधि इसतरहसे तीन भेद भी होते हैं।

भावार्थ—जो अवधिज्ञान अपने स्वामी जीवके साथ जाय उसको अनुगामी कहते हैं। इसके तीन भेद हैं—क्षेत्रानुगामी भवानुगामी उभयानुगामी। जो दूसरे क्षेत्रमें अपने स्वामीके साथ जाय उसको क्षेत्रानुगामी कहते हैं। जो दूसरे भवमे साथ जाय उसको भवानुगामी कहते हैं। जो दूसरे क्षेत्र तथा भव दोनोमे साथ जाय उसको उभयानुगामी कहते हैं। जो अपने स्वामी जीवके साथ न जाय उसको अननुगामी कहते हैं। इसके भी तीन भेद है, क्षेत्राननुगामी भावाननुगामी उभयाननुगामी। जो सूर्यमण्डलके समान न घटे न बढ़े उसको अवस्थित कहते हैं। जो चन्द्र-मण्डलकी तरह कभी कम हो कभी अधिक हो उसको अनवस्थित कहते है। जो शुक्लपक्षके चन्द्रकी तरह अपने अन्तिम स्थानतक बढता जाय उसको वर्धमान अवधि कहते हैं। जो कृष्णपक्षके चन्द्रकी तरह अन्तिम स्थानतक घटता जाय उसको हीयमान अवधि कहते हैं। सामान्यतया अवधि-ज्ञानके जो तीन भेद बताये हैं उनमेंसे केवल गुणप्रत्यय देशावधिज्ञानके ही अनुगामी आदि छह भेद हुआ करते है।

इसके सिवाय विशेष यह है कि—

भवपच्चइगो ओही, देसोही होदि परमसव्वोही ।
गुणपच्चइगो णियमा, देसोही वि य गुणे होदि ॥ ३७३ ॥

भवप्रत्ययकोऽवधिः देशावधि. भवति परमसर्वावधी ।
गुणप्रत्ययको नियमात् देशावधिरपि च गुणे भवति ॥ ३७३ ॥

अर्थ—भवप्रत्यय अवधि नियमसे देशावधि ही होता है और परमावधि तथा सर्वावधि नियमसे गुणप्रत्यय ही हुआ करते है। देशावधिज्ञान भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय दोनों तरहका होता है।

भावार्थ—दर्शनविशुद्धि आदि गुणोके निमित्तसे होनेवाला गुणप्रत्यय अवधिज्ञान देशावधि परमावधि सर्वावधि इस तरह तीनो प्रकारका होता है। किन्तु भवप्रत्यय अवधिज्ञान नियमसे देशावधिरूप ही हुआ करता है।

देसोहिस्स य अवरं, णरतिरिये होदि संजदम्हि वरं ।
परमोही सव्वोही, चरमसरीरस्स विरदस्स ॥ ३७४ ॥

देशावधेश्च अवरं नरतिरश्चोः भवति संयते वरम् ।
परमावधिः सर्वावधिः चरमशरीरस्य विरतस्य ॥ ३७४ ॥

अर्थ—जघन्य देशावधिज्ञान सयत तथा असंयत दोनो ही प्रकारके मनुष्य तथा देशसयमी संयतासंयत तिर्यञ्चोके होता है। उत्कृष्ट देशावधिज्ञान संयत जीवोके ही होता है। किन्तु परमावधि और सर्वावधि चरमशरीरी महाव्रतीके ही होता है।

पडिवादी देसोही, अप्पडिवादी हवंति सेसा ओ ।
मिच्छत्तं अविरमणं, ण य पडिवज्जंति चरमदुगे॥ ३७५ ॥

प्रतिपाती देशावधि· अप्रतिपातिनौ भवत शेषौ अहो ।
मिथ्यात्वमविरमण न च प्रतिपद्येते चरमद्विके ॥ ३७५ ॥

अर्थ—देशावधिज्ञान प्रतिपाती होता है और परमावधि तथा सर्वावधि अप्रतिपाती होते हैं। परमावधि और सर्वावधिवाले जीव नियमसे मिथ्यात्व और अव्रत अवस्थाको प्राप्त नही होते।

भावार्थ—सम्यक्त्व और चारित्रसे च्युत होकर मिथ्यात्व और असंयमकी प्राप्तिको प्रतिपात कहते हैं। इस तरहका यह प्रतिपात देशावधिवालेका ही होसकता है। परमावधि और सर्वावधिवालेका नहीं होता। फलत ये दोनो अन्तिम अवधिज्ञान अप्रतिपाती ही है और देशावधिज्ञान प्रतिपाती अप्रतिपाती दोनो ही तरहका है।

अवधिज्ञानका द्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षासे वर्णन करते हैं—

दव्वं खेत्तं कालं, भावं पडि रूवि जाणदे ओही ।
अवरादुक्कस्सो त्ति य, वियप्परहिदो दु सव्वोही ॥ ३७६ ॥

द्रव्य क्षेत्रं कालं भाव प्रति रूपि जानीते अवधिः ।
अवरादुत्कृष्ट इति च विकल्परहितस्तु सर्वावधिः ॥ ३७६ ॥

अर्थ—जघन्य भेदसे लेकर उत्कृष्ट भेदपर्यन्त अवधिज्ञानके जो असंख्यात लोक प्रमाण भेद हैं वे सब ही द्रव्य क्षेत्र काल भावकी अपेक्षासे प्रत्यक्षतया रूपी (पुद्गल) द्रव्यको ही ग्रहण करते है। तथा उसके सम्बन्धसे ससारी जीव द्रव्यको भी जानते हैं। किन्तु सर्वावधिज्ञानमें जघन्य उत्कृष्ट आदि भेद नही हैं—वह निर्विकल्प—एक प्रकारका है।

भावार्थ—अवधिज्ञानावरणका सर्वोत्कृष्ट क्षयोपशम होने पर सर्वावधिज्ञान होता है अतएव उसके ऊपर अवधिज्ञानका फिर कोई स्थान नही है, किन्तु देशावधि और परमावधिमें जघन्य मध्यम उत्कृष्ट तीनो ही भेद पाये जाते हैं।

अवधिज्ञानके विषयभूत सबसे जघन्य द्रव्यका प्रमाण बताते हैं—

णोकम्मुरालसंचं, मज्झिमजोगज्जियं सविस्सचयं।
लोयविभत्तं जाणदि, अवरोही दव्वदो णियमा ॥ ३७७ ॥

नोकर्मौरालसंचयं मध्यमयोगार्जितं सविस्रसोपचयम्।
लोकविभक्त जानाति अवरावधि. द्रव्यत नियमात् ॥ ३७७ ॥

अर्थ—मध्यम योगके द्वारा संचित विस्रसोपचयसहित नोकर्म औदारिक वर्गणाके संचयमे लोकका भाग देनेसे जितना द्रव्य लब्ध आवे उतनेको नियमसे जघन्य अवधिज्ञान द्रव्यकी अपेक्षासे जानता है।

भावार्थ—विस्रसोपचयसहित और जिसका मध्यम योगके द्वारा संचय हुआ हो ऐसे डेढ़गुणहानिमात्र समयप्रबद्धरूप औदारिक नोकर्मके समूहमें लोकप्रमाणका भाग देनेसे जो द्रव्य लब्ध आवे उतने द्रव्यको जघन्य अवधिज्ञान नियमसे जानता है। इससे छोटे स्कन्धको वह ग्रहण नहीं कर सकता। इससे स्थूल स्कन्धके ग्रहण करनेमें बाधा नही है।

अवधिज्ञानके विषयभूत जघन्य क्षेत्रका प्रमाण बताते हैं—

सुहमणिगोदअपज्जत्तयस्स जादस्स तदियसमयम्हि।
अवरोगाहणमाणं, जहण्णयं ओहिखेत्तं तु ॥ ३७८ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य जातस्य तृतीयसमये।
अवरावगाहनमात्रं जघन्यकमवधिक्षेत्रं तु ॥ ३७८ ॥

अर्थ—सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तककी उत्पन्न होनेसे तीसरे समयमे जो जघन्य अवगाहना होती है उसका जितना प्रमाण है उतना ही अवधिज्ञानके जघन्य क्षेत्रका प्रमाण है।

भावार्थ—इतने क्षेत्रमे जितने जघन्य द्रव्य होगे जिसका कि प्रमाण पहले बताया गया है उनको जघन्य देशावधिवाला जान सकता है—इसके बाहर जो जघन्य द्रव्य स्थित हैं उनको वह ग्रहण नही कर सकता।

जघन्य क्षेत्रके विषयमे विशेष कथन करते है—

अवरोहिखेत्तदीहं, वित्थारुस्सेहयं ण जाणामो।
अण्णं पुण समकरणे, अवरोगाहणपमाणं तु ॥ ३७९ ॥

अवरावधिक्षेत्रदीर्घं विस्तारोत्सेधकं न जानीमः।
अन्यत् पुनः समीकरणे अवरावगाहनाप्रमाणं तु ॥ ३७९ ॥

अर्थ—जघन्य अवधिज्ञानके क्षेत्रकी ऊँचाई लम्बाई चौड़ाईका भिन्न-भिन्न प्रमाण हम नहीं जानते। तथापि यह मालूम है कि समीकरण करनेसे जितना जघन्य अवगाहनाका प्रमाण होता है,उतना ही जघन्य अवधिका क्षेत्र है।

भावार्थ—अवधिज्ञानके जघन्य क्षेत्रकी ऊँचाई आदिके पृथक्-पृथक् प्रमाणके उपदेशका इस समय अभाव है, परम गुरुओंके उपदेशसे हमको इतना ही मालूम है कि वह जघन्य अवगाहना प्रमाण हुआ करता है।

अवरोगाहणमाणं, उस्सेहंगुलअसंखभागस्स।
सूइस्स य घणपदरं, होदि हु तक्खेत्तसमकरणे ॥ ३८० ॥
अवरावगाहनमानमुत्सेधांगुलासंख्यभागस्य।
सूचेश्च घनप्रतरं भवति हि तत्क्षेत्रसमीकरणे ॥ ३८० ॥

अर्थ—उत्सेधांगुलकी अपेक्षासे उत्पन्न व्यवहार सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण भुजा कोटी और वेधमें परस्पर गुणा करनेसे जितना जघन्य अवगाहनाका प्रमाण होता है उतना ही समीकरण करनेसे जघन्य अवधिज्ञानका क्षेत्र होता है।

भावार्थ—यद्यपि जघन्य अवगाहनाके क्षेत्रका कोई एक आकार नियत नहीं है फिर भी यहाँ बताये अनुसार गुणा करनेसे घनांगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण जघन्य अवगाहनाका और उतना ही जघन्य अवधिका क्षेत्र होता है।

अवरं तु ओहिखेत्तं, उस्सेहं अंगुलं हवे जम्हा।
सुहमोगाहणमाणं उवरि पमाणं तु अंगुलयं ॥ ३८१ ॥
अवरं तु अवधिक्षेत्रमुत्सेधमंगुलं भवेद्यस्मात्।
सूक्ष्मावगाहनमानमुपरि प्रमाणं तु अंगुलकम् ॥ ३८१ ॥

अर्थ—जो जघन्य अवधिका क्षेत्र पहले बताया है वह भी व्यवहारांगुलकी अपेक्षा उत्सेधांगुल ही है; क्योंकि वह सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना प्रमाण है। परन्तु आगे अंगुलसे प्रमाणांगुलका ग्रहण करना।

भावार्थ—जघन्य अवगाहनाके समान घनांगुलके असंख्यातवें भाग जो जघन्य अवधिका क्षेत्र बताया है वह प्रमाणांगुलकी अपेक्षा नहीं किन्तु व्यवहारांगुलकी अपेक्षासे उत्सेधांगुलके घनप्रमाण घनांगुलका असंख्यातवां भाग होनेसे उत्सेधांगुल ही समझना चाहिये, क्योंकि परमागमका ऐसा नियम है कि शरीर गृह ग्राम नगर आदिका प्रमाण उत्सेधांगुलसे ही लिया जाता है। परन्तु आगे[1] अंगुलशब्दसे प्रमाणांगुल लेना चाहिये।

अवरोहिखेत्तमज्झे, अवरोही अवरदव्वमवगमदि।
तद्दव्वस्सवगाहो उस्सेहासंखघणपदरो ॥ ३८२ ॥
अवरावधिक्षेत्रमध्ये अवरावधिः अवरद्रव्यमवगच्छति।
तद्द्रव्यस्यावगाहः उत्सेधासंख्यघनप्रतरः ॥ ३८२ ॥

अर्थ—जघन्य अवधि अपने जघन्य क्षेत्रमें जितने भी असंख्यात प्रमाण जघन्य द्रव्य हैं जिनका कि प्रमाण ऊपर बताया जा चुका है उन सबको जानता है। उस द्रव्यका अवगाह उत्सेधांगुलके असंख्यातवें घनप्रतर होता है।

१—अंगुलमावलियाये आदि गा नं ४०४।

भावार्थ—यद्यपि जघन्य अवधिके क्षेत्रसे जघन्य द्रव्यके अवगाह—क्षेत्रका प्रमाण असख्यातगुणा हीन है; तथापि घनरूप उत्सेधागुलके असख्यातवें भागमात्र ही है। इसकी भुजा कोटी तथा वेधका प्रमाण सूच्यगुलके असख्यातवे भाग है।

आवलिअसंखभागं, तीदभविस्सं च कालदो अवरं।
ओही जाणदि भावे, कालअसंखेज्जभागं तु ॥ ३८३ ॥

आवल्यसख्यभागमतीतभविष्यच्च कालतः अवरम्।
अवधिः जानाति भावे कालासंख्यातभागं तु ॥ ३८३ ॥

अर्थ—जघन्य अवधिज्ञान कालकी अपेक्षासे आवलिके असंख्यातवे भागप्रमाण अपने विषयभूत द्रव्यकी व्यजन पर्यायोको जानता है। तथा जितनी पर्यायोको कालकी अपेक्षासे जानता है उसके असख्यातवे भागप्रमाण वर्तमान कालकी पर्यायोको भावकी अपेक्षासे जानता है।

इस प्रकार जघन्य देशावधिज्ञानके विषयभूत द्रव्य क्षेत्र काल भावकी सीमाको बताकर अब आगेके देशावधिज्ञानके द्वितोयादि विकल्पोका द्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षासे वर्णन करते हैं—

अवरद्व्वादुवरिमदव्ववियप्पाय होदि धुवहारो।
सिद्धाणंतिमभागो, अभव्वसिद्धादणंतगुणो ॥ ३८४ ॥

अवरद्रव्यादुपरिमद्रव्यविकल्पाय भवति ध्रुवहारः।
सिद्धानन्तिमभागः अभव्यसिद्धादनन्तगुणः ॥ ३८४ ॥

अर्थ—जघन्य द्रव्यके ऊपर द्रव्यके दूसरे भेद निकालनेके लिये ध्रुवहार होता है। इसका (ध्रुवहारका) प्रमाण सिद्धराशिसे अनन्तवे भाग और अभव्यराशिसे अनन्तगुणा है।

अवधिज्ञानके विषयमे समयप्रबद्धका प्रमाण बताते है—

धुवहारकम्मवग्गणगुणगारं कम्मवग्गणं गुणिदे।
समयपबद्धपमाणं, जाणिज्जो ओहिविसयम्हि ॥ ३८५ ॥

ध्रुवहारकार्मणवर्गणागुणकारं कार्मणवर्गणां गुणिते।
समयप्रबद्धप्रमाण ज्ञातव्यमवधिविषये ॥ ३८५ ॥

अर्थ—ध्रुवहाररूप कार्मणवर्गणाके गुणाकारका और कार्मणवर्गणाका परस्पर गुणा करनेसे अवधिज्ञानके विषयमे समयप्रबद्धका[1] प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—देशावधिज्ञानके विषयभूत द्रव्यकी अपेक्षासे जितने भेद हो उनमेंसे दो कम करने पर जो प्रमाण हो उसको ध्रुवहार रख परस्पर गुणा करनेसे कार्मणवर्गणाका गुणकार होता है। उसका कार्मणवर्गणाके साथ गुणा करने पर विवक्षित समयप्रबद्धका प्रमाण निष्पन्न होता है।

ध्रुवहारका प्रमाण विशेषतासे बताते है—

मणदव्ववग्गणाण, वियप्पाणंतिमसमं खु धुवहारो।
अवरुक्कस्सविसेसा, रूवहिया तव्वियप्पा हु ॥ ३८६ ॥

१—जघन्य देशावधिज्ञानके विषयभूत द्रव्यका ही नाम यहांपर समयप्रबद्ध है। म टी.।

मनोद्रव्यवर्गणाना विकल्पानन्तिमसमं खलु ध्रुवहार ।
अवरोत्कृष्टविशेषा रूपाधिकास्तद्विकल्पा हि ॥ ३८६ ॥

अर्थ—मनोद्रव्य [1]वर्गणाके उत्कृष्ट प्रमाणमेसे जघन्य प्रमाणके घटानेपर जो शेष रहे उसमे एक मिलानेसे मनोद्रव्य वर्गणाओके विकल्पोका प्रमाण होता है। इन विकल्पोका जितना प्रमाण हो उसके अनन्त भागोमेसे एक भागके बराबर अवधिज्ञानके विषयभूत द्रव्यके ध्रुवहारका प्रमाण होता है।

मनोद्रव्यवर्गणाका जघन्य और उत्कृष्ट प्रमाण बताते हैं—

अवरं होदि अणंतं, अणंतभागेण अहियमुक्कस्सं।
इदि मणभेदाणंतिमभागो दव्वम्मि धुवहारो ॥ ३८७ ॥

अवर भवति अनन्तमनन्तभागेनाधिकमुत्कृष्टम् ।
इति मनोभेदानन्तिमभागो द्रव्ये ध्रुवहारः ॥ ३८७ ॥

अर्थ—मनोद्रव्यवर्गणाका जघन्य प्रमाण अनन्त है, इसमे इसीके (जघन्यके ही) अनन्त भागोमेसे एक भागके मिलानेपर मनोवर्गणाका उत्कृष्ट प्रमाण होता है। इस प्रकार जितने मनोवर्गणाके भेद हुए उसके अनन्त भागोमेसे एकभागप्रमाण अवधिज्ञानके विषयभूत द्रव्यके विषयमे ध्रुवहारका प्रमाण होता है।

धुवहारस्स पमाणं, सिद्धाणंतिमपमाणमेत्तं पि।
समयपबद्धणिमित्तं, कम्मणवग्गणगुणादो दु ॥ ३८८ ॥
होदि अणंतिमभागो, तग्गुणगारो वि देसओहिस्स।
दोऊणदव्वभेदपमाणद्धुवहारसंवग्गो ॥ ३८९ ॥

ध्रुवहारस्य प्रमाणं सिद्धानन्तिमप्रमाणमात्रमपि ।
समयप्रबद्धनिमित्त कार्मणवर्गणागुणतस्तु ॥ ३८८ ॥
भवत्यनन्तिमभागस्तद्गुणकारो पि देशावधे. ।
द्व्यूनद्रव्यभेदप्रमाणध्रुवहारसवर्ग ॥ ३८९ ॥

अर्थ—यद्यपि ध्रुवहारका प्रमाण सिद्धराशिके अनन्तवे भाग है, तथापि अवधिज्ञानविषयक समयप्रबद्धका प्रमाण निकालनेके निमित्तभूत कार्मणवर्गणाके गुणकारसे अनन्तवे भाग समझना चाहिये। द्रव्यकी अपेक्षासे देशावधिज्ञानके जितने भेद हैं उनमे दो कम करनेसे जो प्रमाण शेष रहे उतनी बार ध्रुवहारका परस्पर गुणा करनेसे कार्मण वर्गणाके गुणकारका प्रमाण निकलता है।

देशावधि ज्ञानके द्रव्यकी अपेक्षा कितने भेद है यह बताते हैं—

अंगुलअसंखगुणिदा, खेत्तवियप्पा य दव्वभेदा हु।
खेत्तवियप्पा अवरुक्कस्सविसेसं हवे एत्थ ॥ ३९० ॥

अगुलासख्यगुणिताः क्षेत्रविकल्पाश्च द्रव्यभेदा हि ।
क्षेत्रविकल्पा अवरोत्कृष्टविशेषो भवेदत्र ॥ ३९० ॥

१—आगे सम्यक्त्व मार्गणाके प्रकरणमें वर्गणाओके भेद बताये गये हैं। देखो गाथा नं. ५९४।

अर्थ—देशावधि ज्ञानके क्षेत्रकी अपेक्षा जितने भेद हैं उनको सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागसे गुणा करनेपर द्रव्यकी अपेक्षासे देशावधिके भेदोंका प्रमाण निकलता है। क्षेत्रकी अपेक्षा उत्कृष्ट प्रमाणमेंसे सर्व जघन्य प्रमाणको घटानेसे जो प्रमाण शेष रहे उतने ही क्षेत्रकी अपेक्षासे देशावधिके विकल्प होते हैं। इसको सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागसे गुणा करके उसमें एक मिलानेपर द्रव्यकी अपेक्षासे देशावधिके भेद होते हैं।

क्षेत्रकी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्ट प्रमाण कितना है यह बताते हैं—

अंगुलअसंखभागं, अवरं उक्कस्सयं हवे लोगो।
इदि वग्गणगुणगारो, असंखधुवहारसंवग्गो ॥ ३९१ ॥

अंगुलासंख्यभागमवरमुत्कृष्टं भवेल्लोकः।
इति वर्गणगुणकारोऽसंख्यध्रुवहारसंवर्गः ॥ ३९१ ॥

अर्थ—देशावधिका पूर्वोक्त सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाप्रमाण, अर्थात् घनांगुलके असंख्यातवें भागस्वरूप जो प्रमाण बताया है वही जघन्य देशावधिके विषयभूत क्षेत्रका प्रमाण है। सम्पूर्ण लोकप्रमाण उत्कृष्ट क्षेत्र है। इसलिये देशावधिके सर्व द्रव्य विकल्पोंके प्रमाणमेंसे दो कम करनेपर जो प्रमाण शेष रहे उतने ही ध्रुवहारोंको रखकर परस्पर गुणा करनेसे कार्मण-वर्गणाका गुणकार निष्पन्न होता है।

वर्गणाका प्रमाण बताते हैं—

वग्गणरासिपमाणं, सिद्धाणंतिमपमाणमेत्तं पि।
दुगसहियपरमभेदपमाणवहाराण संवग्गो ॥ ३९२ ॥

वर्गणाराशिप्रमाणं सिद्धानन्तिमप्रमाणमात्रमपि।
द्विकसहितपरमभेदप्रमाणावहाराणां संवर्गः ॥ ३९२ ॥

अर्थ—कार्मण वर्गणाका प्रमाण यद्यपि सिद्धराशिके अनन्तवे भाग है; तथापि परमावधिके भेदोंमें दो मिलानेसे जो प्रमाण हो उतनी जगह ध्रुवहार रखकर परस्पर गुणा करनेसे लब्धराशि-प्रमाण कार्मणवर्गणाका प्रमाण होता है।

परमावधिके कितने भेद हैं यह बताते हैं—

परमावहिस्स भेदा, सगओगाहणवियप्पहदतेऊ।
इदि धुवहारं वग्गणगुणगारं वग्गणं जाणे ॥ ३९३ ॥

परमावधेर्भेदाः स्वकावगाहनविकल्पहततेजसः।
इति ध्रुवहारं वर्गणागुणकारं वर्गणां जानीहि ॥ ३९३ ॥

अर्थ—तेजस्कायिक जीवोंकी अवगाहनाके जितने विकल्प हैं उसका और तेजस्कायिक जीवराशिका परस्पर गुणा करनेसे जो राशि लब्ध आवे उतना ही परमावधि ज्ञानके द्रव्यकी अपेक्षासे भेदोंका प्रमाण होता है। इस प्रकार ध्रुवहार, वर्गणाका गुणकार, और वर्गणाका स्वरूप समझना चाहिये।

देसोहिअवरदव्वं, धुवहारेणवहिदे हवे विदियं ।
तदियादिवियप्पेसु वि, असंखवारो त्ति एस कमो ॥ ३९४ ॥

देशावध्यवरद्रव्यं ध्रुवहारेणावहिते भवेत् द्वितीयम् ।
तृतीयादिविकल्पेष्वपि असख्यवार इत्येष. क्रम ॥ ३९४ ॥

अर्थ—देशावधिज्ञानके जघन्य द्रव्यका जो प्रमाण पहले बताया है उसमे ध्रुवहारका एक बार भाग देनेसे देशावधिके दूसरे विकल्पके द्रव्यका प्रमाण निकलता है। दूसरे विकल्पके द्रव्यमे ध्रुवहारका एक बार भाग देनेसे तीसरे विकल्पके द्रव्यका और तीसरे विकल्पके द्रव्यमे ध्रुवहारका भाग देनेसे चौथे विकल्पके द्रव्यका प्रमाण निकलता है। इसी तरह आगेके विकल्पोके द्रव्यका प्रमाण निकालनेके लिये क्रमसे असख्यात वार ध्रुवहारका भाग देना चाहिये।

देसोहिमज्झभेदे सविस्ससोवचयतेजकम्मंगं ।
तेजोभासमणाणं, वग्गणयं केवलं जत्थ ॥ ३९५ ॥
पस्सदि ओही तत्थ असंखेज्जाओ हवंति दीउवही ।
वासाणि असंखेज्जा, होंति असंखेज्जगुणिदकमा ॥ ३९६ ॥

देशावधिमध्यभेदे सविस्रसोपचयतेज कर्माङ्गम् ।
तेजोभाषामनसा वर्गणां केवला यत्र ॥ ३९५ ॥
पश्यत्यवधिस्तत्र असंख्येया भवन्ति द्वीपोदधयः ।
वर्षाणि असख्यातानि भवन्ति असख्यातगुणितक्रमाणि ॥ ३९६ ॥

अर्थ—इस प्रकार असख्यात वार ध्रुवहारका भाग देते देते देशावधिज्ञानके मध्य भेदोमेसे जहाँपर प्रथम भेद विस्रसोपचयसहित तैजस शरीरको विषय करता है, अथवा इसके आगेका दूसरा मध्यभेद विस्रसोपचयसहित कार्मण शरीरको विषय करता है, अथवा तीसरा भेद विस्रसोपचयरहित तैजस वर्गणाको विषय करता है, अथवा चौथा भेद विस्रसोपचयरहित भाषा वर्गणाको विषय करता है, अथवा पाचवा भेद विस्रसोपचयरहित मनोवर्गणाको विषय करता है, वहाँ पर सामान्यसे देशावधिके उक्त पाँचों ही मध्य भेदोके क्षेत्रका प्रमाण असख्यात द्वीप-समुद्र और कालका प्रमाण असख्यात वर्ष है। परन्तु विशेषताकी अपेक्षासे पूर्व २ भेदके क्षेत्र और कालके प्रमाणसे उत्तरोत्तर भेदके क्षेत्र और कालका प्रमाण असख्यातगुणा असख्यातगुणा है, क्योंकि असंख्यातके भी असख्यात भेद होते हैं।

तत्तो कम्मइयस्सिगिसमयपबद्धं विविस्ससोवचय ।
धुवहारस्स विभज्जं, सव्वोही जाव ताव हवे ॥ ३९७ ॥

तत· कार्मणस्य एकसमयप्रबद्धं विविस्रसोपचयम् ।
ध्रुवहारस्य विभाज्य सर्वावधि· यावत् तावत् भवेत् ॥ ३९७ ॥

अर्थ—इसके अनन्तर मनोवर्गणामे ध्रुवहारका भाग देना चाहिये। इस तरह भाग देते देते विस्रसोपचयरहित कार्मणका एक समयप्रबद्धप्रमाण विषय आता है। उक्त क्रमानुसार इसमे भी सर्वावधिके विषय पर्यन्त ध्रुवहारका भाग देते जाना चाहिये।

एदम्हि विभज्जंते, दुचरिमदेसावहिम्मि वग्गणयं ।
चरिमे कम्मइयस्सिगिवग्गणमिगिवारभजिदं तु ॥ ३९८ ॥

एतस्मिन् विभज्यमाने द्विचरमदेशावधौ वर्गणा ।
चरमे कार्मणस्यैकवर्गणा एकवारभक्ता तु ॥३९८॥

अर्थ—इस समयप्रबद्धमें भी ध्रुवहारका भाग देने से देशावधि ज्ञानके द्विचरम भेदके विषयभूत द्रव्यका कार्मणवर्गणारूप प्रमाण निकलता है। इस एक कार्मणवर्गणामे भी एकबार ध्रुवहारका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना देशावधिके चरम भेदके विषयभूत द्रव्यका प्रमाण निकलता है।

अंगुलअसंखभागे, दव्ववियप्पे गदे दु खेत्तम्हि ।
एगागासपदेसो, वड्ढदि संपुण्णलोगो त्ति ॥३९९॥

अंगुलासंख्यभागे, द्रव्यविकल्पे गते तु क्षेत्रे ।
एकाकाशप्रदेशो वर्धते सम्पूर्णं लोक इति ॥३९९॥

अर्थ—सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागप्रमाण जब द्रव्यके विकल्प हो जाँय तब क्षेत्रकी अपेक्षा जघन्य क्षेत्रका जितना प्रमाण है उसके ऊपर आकाशका एक प्रदेश बढता है। इस ही क्रमसे एक एक आकाशके प्रदेशकी वृद्धि वहातक करनी चाहिए कि जहाँ तक देशावधिका उत्कृष्ट क्षेत्र सर्वलोक होजाय।

आवलिअसंखभागो, जहण्णकालो कमेण समयेण ।
वड्ढदि देसोहिवरं पल्लं समऊणयं जाव ॥४००॥

आवल्यसंख्यभागो जघन्यकाल: क्रमेण समयेन ।
वर्धते देशावधिवरं पल्यं समयोनकं यावत् ॥४००॥

अर्थ—जघन्य देशावधिके विषयभूत कालका प्रमाण आवलीका असंख्यातवाँ भाग है। इसके ऊपर उत्कृष्ट देशावधिके विषयभूत एक समय कम एक पल्यप्रमाण काल पर्यन्त, ध्रुव तथा अध्रुव वृद्धिरूप क्रमसे एक एक समय की वृद्धि होती है।

क्षेत्र तथा कालसम्बन्धी उक्त दोनो ही क्रमोको उन्नीस काण्डकोमे कहनेकी इच्छासे आचार्य पहले प्रथम काण्डकमे उनका ढाई गाथाओ द्वारा वर्णन करते हैं—

अंगुलअसंखभागं, धुवरूवेण य असंखवारं तु ।
असंखसंखं भागं, असंखवारं तु अद्धुवगे ॥४०१॥

अंगुलासंख्यभागं ध्रुवरूपेण च असंख्यवारं तु ।
असंख्यसंख्यं भागमसंख्यवारं तु अध्रुवगे ॥४०१॥

अर्थ—प्रथम काण्डकमे चरम विकल्पपर्यन्त असंख्यात वार घनांगुलमे आवलीका भाग देनेपर जितना प्रमाण आवे इस तरहके अंगुलके असंख्यातवे भागप्रमाण ध्रुव वृद्धि होती है और इस ही काण्डकके अन्त पर्यन्त घनांगुलके असंख्यातवें और संख्यातवे भागप्रमाण ध्रुव वृद्धि भी असंख्यात वार होती है।

धुवअद्धुवरूवेण य, अवरे खेत्तम्हि वड्ढिदे खेत्ते ।
अवरे कालम्हि पुणो, एक्केक्कं वड्ढदे समयं ॥४०२॥

ध्रुवाध्रुवरूपेण च अवरे क्षेत्रे वर्द्धिते क्षेत्रे ।
अवरे काले पुनः एकैको वर्धते समयः ॥४०२॥

अर्थ—जघन्य देशावधिके विषयभूत क्षेत्रके ऊपर ध्रुवरूपसे अथवा अध्रुवरूपसे क्षेत्रकी वृद्धि होनेपर जघन्य कालके ऊपर एक एक समयकी वृद्धि होती है।

भावार्थ—पूर्वमें यह बताया गया था कि द्रव्यकी अपेक्षासे सूच्यंगुलके असंख्यातवे भागप्रमाण भेद हो जानेपर क्षेत्रमें एक प्रदेशकी वृद्धि होती है। अब यहा यह बता रहे हैं कि जघन्य अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रके आगे पूर्वोक्त रीतिसे एक एक प्रदेशकी क्रमसे वृद्धि होते २ जब आवलिसे भक्त घनांगुलप्रमाण प्रदेशोकी वृद्धि होजाय तब जघन्य देशावधिज्ञानके विषयभूत कालके प्रमाणमे एक समयकी वृद्धि होती है। इसी तरह आगे भी प्रत्येक ध्रुवरूपसे या अध्रुवरूपसे घनागुलके असंख्यातवे या संख्यातवे भागप्रमाण प्रदेश वृद्धि होजानेपर उत्तरोत्तर कालके प्रमाणमे एक समयकी वृद्धि होती जाती है।

संखातीदा समया, पढमे पव्वम्मि उभयदो वड्ढी ।
खेत्तं कालं अस्सिय, पढमादी कंडये वोच्छं ॥४०३॥

सख्यातीताः समयाः प्रथमे पर्वं उभयतो वृद्धि ।
क्षेत्रं कालमाश्रित्य प्रथमादीनि काण्डकानि वक्ष्ये ॥४०३॥

अर्थ—प्रथम काण्डकमे ध्रुवरूपसे और अध्रुवरूपसे असख्यात समयकी वृद्धि होती है। इसके आगे प्रथमादि काण्डककोका क्षेत्र और कालके आश्रयसे वर्णन करते हैं।

अंगुलमावलियाए, भागमसंखेज्जदो वि सखेज्जो ।
अंगुलमावलियंतो, आवलियं चांगुलपुधत्तं ॥४०४॥

अंगुलावल्यो भागोऽसख्येयोऽपि सख्येयः ।
अंगुलमावल्यन्त आवलिकश्चागुलपृथक्त्वम् ॥४०४॥

अर्थ—प्रथम काण्डकमे जघन्य क्षेत्रका प्रमाण घनागुलके असंख्यातवे भागप्रमाण और उत्कृष्ट क्षेत्रका प्रमाण घनांगुलके संख्यातवे भाग प्रमाण है। और जघन्य कालका प्रमाण आवलीका असंख्यातवाँ भाग, तथा उत्कृष्ट कालका प्रमाण आवलीका संख्यातवाँ भाग है। दूसरे काण्डकमे क्षेत्र घनांगुलप्रमाण और काल कुछ कम एक आवली प्रमाण है। तीसरे काण्डकमे क्षेत्र घनांगुल—पृथकत्व[1] और काल आवलीपृथक्त्वप्रमाण है।

आवलियपुधत्तं पुण, हत्थं तह गाउयं मुहुत्तं तु ।
जोयणभिण्णमुहुत्तं, दिवसंतो पण्णुवीसं तु ॥४०५॥

१—तीनसे नौ तककी संख्याको पृथक्त्व कहते है।

आवलिपृथक्त्वं पुनः हस्तस्तथा गव्यूति.[1] मुहूर्तस्तु ।
योजनं भिन्नमुहूर्त. दिवसान्तः पञ्चविंशतिस्तु ॥४०५॥

अर्थ—चतुर्थ काण्डकमे काल आवलीपृथक्त्व और क्षेत्र हस्तप्रमाण है। पांचवे काण्डकमे क्षेत्र एक कोश और काल अन्तर्मुहूर्त है। छट्ठे काण्डकमे क्षेत्र एक योजन और काल भिन्नमुहूर्त[2] है। सातवें काण्डकमे काल कुछ कम एक दिन और क्षेत्र पच्चीस योजन है।

भरहम्मि अद्धमासं, साहियमासं च जम्बुदीवम्मि ।
वासं च मणुवलोए, वासपुधत्तं च रुचगम्मि ॥४०६॥

भरते अर्धमास' साधिकमासश्च जम्बूद्वीपे ।
वर्षश्च मनुजलोके वर्षपृथक्त्व च रुचके ॥४०६॥

अर्थ—आठवे काण्डकमें क्षेत्र भरतक्षेत्रप्रमाण और काल अर्धमास–पक्षप्रमाण है। नौवे काण्डकमें क्षेत्र जम्बूद्वीपप्रमाण और काल एक माससे कुछ अधिक है। दशवे काण्डकमें क्षेत्र मनुष्यलोकप्रमाण और काल एक वर्षप्रमाण है। ग्यारहवे काण्डकमे क्षेत्र रुचक द्वीप और काल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है।

संखेज्जपमे, वासे, दीवसमुद्दा हवंति संखेज्जा ।
वासम्मि असंखेज्जे, दीवसमुद्दा असंखेज्जा ॥४०७॥

संख्यातप्रमे वर्षे द्वीपसमुद्रा भवन्ति संख्याताः ।
वर्षे असंख्येये द्वीपसमुद्रा असंख्येया. ॥४०७॥

अर्थ—बारहवें काण्डकमे संख्यात वर्षप्रमाण काल और संख्यात द्वीप-समुद्रप्रमाण क्षेत्र है। इसके आगे तेरहवेंसे लेकर उन्नीसवे काण्डक पर्यन्त असंख्यात वर्षप्रमाण काल और असंख्यात द्वीप-समुद्रप्रमाण क्षेत्र है।

भावार्थ—यद्यपि तेरहवेंसे लेकर उन्नीसवे काण्डक तक कालका प्रमाण असंख्यात वर्ष और क्षेत्रका प्रमाण असख्यात द्वीप-समुद्र बताया है। किंतु यह सामान्य कथन है। विशेषरूपसे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा क्षेत्र तथा कालका प्रमाण होता है। तथा उन्नीसवे काण्डकमे क्षेत्र सम्पूर्ण लोक और[3] काल एक समय कम एक पल्य[4] है।

कालविसेसेणवहिदखेत्तविसेसो धुवा हवे वड्ढी ।
अद्धुववड्ढी वि पुणो, अविरुद्धं इट्ठकंडम्मि ॥४०८॥

१—यद्यपि कोपकारोने गव्यूति शब्दका अर्थ दो कोश किया है—"गव्यूति. स्त्री क्रोशयुगम् ॥१८, काण्ड २, भूमिवर्ग। किन्तु यहाँ आगममें तथा अन्यत्र भी एक कोश अर्थ माना गया है।

२—एक आवली और एक समयसे ऊपर तथा मुहूर्तके भीतर सब अन्तर्मुहूर्तके भेद हैं। भिन्न मुहूर्तका अर्थ मुहूर्तसे कुछ कम ऐसा होता है।

३—देखो गाथा नं० ३९९, ४१०।

४—देखो गाथा नं० ४००, ४११।

कालविशेषेणावहितक्षेत्रविशेषो ध्रुवा भवेत् वृद्धिः।
अध्रुववृद्धिरपि पुन. अविरुद्धा इष्टकाण्डे ॥४०८॥

अर्थ—किसी विवक्षित काण्डकके क्षेत्रविशेषमे कालविशेषका भाग देनेसे जो शेष रहे उतना ध्रुव वृद्धिका प्रमाण है। इस ही तरह अविरोधरूपसे इष्ट काण्डकमे अध्रुव वृद्धिका भी प्रमाण समझना चाहिये। इस अध्रुव वृद्धिका क्रम आगेके गाथामे कहेगे।

भावार्थ—विवक्षित काण्डकके उत्कृष्ट क्षेत्रप्रमाणमेसे जघन्य क्षेत्रप्रमाणको घटाने पर जो शेप रहे उसको क्षेत्रविशेप कहते हैं। और उत्कृष्ट कालके प्रमाणमेसे जघन्य कालके प्रमाणको घटानेपर जो शेप रहे उसको कालविशेष कहते हैं। किसी विवक्षित क्षेत्रविशेषमे उसके कालविशेषका भाग देनेसे जो प्रमाण शेप रहे उतना ध्रुव वृद्धिका प्रमाण है। तथा यहांपर जो अध्रुव वृद्धि बताई गई है उसका भी क्रम किसी भी विवक्षित काण्डकमे क्षेत्र और कालके अविरोधपूर्वक सिद्ध कर लेना चाहिये।

अध्रुव वृद्धिका क्रम बताते हैं—

अंगुलअसंखभागं, संखं वा अंगुलं च तस्सेव।
संखमसंखं एवं, सेढीपदरस्स अद्धुवगे ॥४०९॥

अगुलासख्यभाग. सख्यं वा अंगुलं तस्यैव।
सख्यमसंख्यमेव श्रेणीप्रतरयोरध्रुवगायाम् ॥४०९॥

अर्थ—घनांगुलके असख्यातवे भागप्रमाण, वा घनांगुलके सख्यातवे भागप्रमाण वा घनागुलमात्र, वा संख्यात घनागुलमात्र, वा असंख्यात घनांगुलमात्र इसी प्रकार श्रेणीके असंख्यातवे भागप्रमाण, वा श्रेणीके संख्यातवे भागप्रमाण, वा श्रेणीप्रमाण, वा संख्यात श्रेणीप्रमाण, वा असख्यात श्रेणीप्रमाण, वा प्रतरके असख्यातवे भाग प्रमाण, वा प्रतरके सख्यातवे भाग प्रमाण, वा प्रतर प्रमाण प्रदेशोकी वृद्धि होने पर एक एक समयकी वृद्धि होती है। यही अध्रुव वृद्धिका क्रम है।

भावार्थ—जहां पर जितने प्रकारकी वृद्धियोका होना सम्भव हो वहां पर उतने प्रकारकी वृद्धियोमेसे कभी किसी प्रकारकी और कभी किसी प्रकारकी प्रदेशवृद्धिके होने पर एक एक समयकी वृद्धिका होना यही अध्रुव वृद्धिका क्रम है।

उत्कृष्ट देशावधिके विषयभूत द्रव्य क्षेत्र काल भावका प्रमाण दो गाथाओके द्वारा बताते हैं—

कम्मइयवग्गणं धुवहारेणिगिवारभाजिदे दव्वं।
उक्कस्सं खेत्तं पुण, लोगो संपुण्णओ होदि ॥४१०॥

कर्मणवर्गणां ध्रुवहारेणैकवारभाजिते द्रव्यम्।
उत्कृष्टं क्षेत्र पुन. लोकः सपूर्णो भवति ॥ ४१० ॥

अर्थ—कार्मणवर्गणामे एकवार ध्रुवहारका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना देशावधिके उत्कृष्ट द्रव्यका प्रमाण है। तथा सम्पूर्ण लोक उत्कृष्ट क्षेत्रका प्रमाण है।

पल्लसमऊण काले, भावेण असंखलोगमेत्ता हु।
दव्वस्स य पज्जाया, वरदेसोहिस्स विसया हु ॥ ४११ ॥

पल्यं समयोनं काले भावेनासंख्यलोकमात्रा हि ।
द्रव्यस्य च पर्याया वरदेशावधेर्विषया हि ॥ ४११ ॥

अर्थ—कालकी अपेक्षा एक समय कम एक पल्य और भावकी अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाण द्रव्यकी पर्याय उत्कृष्ट देशावधिका विषय है ।

भावार्थ—काल और भाव शब्दके द्वारा द्रव्यकी पर्यायोका ग्रहण किया जाता है । इसलिये कालकी अपेक्षा एक समय कम पल्यप्रमाण और भावकी अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाण द्रव्यकी पर्यायोको उत्कृष्ट देशावधि ज्ञान विषय करता है ।

काले चउण्ण उड्ढी, कालो भजिदव्व खेत्तउड्ढी य ।
उड्ढीए दव्वपज्जय, भजिदव्वा खेत्त-काला हु ॥ ४१२ ॥

काले चतुर्णां वृद्धि कालो भजितव्य. क्षेत्रवृद्धिश्च ।
वृद्धया द्रव्यपर्याययोः भजितव्यौ क्षेत्र-कालौ हि ॥ ४१२ ॥

अर्थ—कालकी वृद्धि होने पर चारों प्रकारकी वृद्धि होती है । क्षेत्रकी वृद्धि होने पर कालकी वृद्धि होती है और नही भी होती है । इस ही तरह द्रव्य और भावकी अपेक्षा वृद्धि होने पर क्षेत्र और कालकी वृद्धि होती भी है और नही भी होती हैं । परन्तु क्षेत्र और कालकी वृद्धि होने पर द्रव्य और भावकी वृद्धि अवश्य होती है ।

देशावधिका निरूपण समाप्त हुआ; अत क्रमप्राप्त परमावधिका निरूपण करते हैं—

देसावहिवरदव्वं, धुवहारेणवहिदे हवे णियमा ।
परमावहिस्स अवरं, दव्वपमाणं तु जिणदिट्ठं ॥ ४१३ ॥

देशावधिवरद्रव्यं ध्रुवहारेणावहिते भवेत् नियमात् ।
परमावधेरवर द्रव्यप्रमाणं तु जिनदिष्टम् ॥ ४१३ ॥

अर्थ—देशावधिका जो उत्कृष्ट द्रव्यप्रमाण है उसमें एकबार ध्रुवहारका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना हो नियमसे परमावधिके जघन्य द्रव्यका प्रमाण निकलता है, ऐसा जिनेन्द्र देवने कहा है ।

परमावधिके उत्कृष्ट द्रव्यका प्रमाण बताते हैं—

परमावहिस्स भेदा, सगउग्गाहणवियप्पहदतेऊ ।
चरमे हारपमाणं, जेट्ठस्स य होदि दव्वं तु ॥ ४१४ ॥

परमावधेर्भेदाः स्वकावगाहनविकल्पहततेजाः ।
चरमे हारप्रमाणं ज्येष्ठस्य च भवति द्रव्यं तु ॥ ४१४ ॥

अर्थ—अपनी (तेजस्कायिक जीवराशिकी) अवगाहनाके भेदोका जितना प्रमाण है उसका तेजस्कायिक जीवराशिके साथ गुणा करने पर जो राशि उत्पन्न हो उतने ही परमावधिज्ञानके भेद होते हैं । इनमेसे सर्वोत्कृष्ट अन्तिम भेदमे द्रव्य ध्रुवहारप्रमाण होता है ।

सव्वावहिस्स एक्को, परमाणू होदि णिव्वियप्पो सो ।
गंगामहाणइस्स, पवाहोव्व धुवो हवे हारो ॥ ४१५ ॥

सर्वावधेरेकः परमाणुर्भवति निर्विकल्पः सः ।
गंगामहानद्याः प्रवाह इव ध्रुवो भवेत् हारः ॥ ४१५ ॥

अर्थ—परमावधिके उत्कृष्ट द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका एकवार भाग देनेसे लब्ध एक परमाणु-मात्र द्रव्य आता है, वही सर्वावधिज्ञानका विषय होता है। यह ज्ञान तथा इसका विषयभूत परमाणु निर्विकल्पक है। यहाँ पर जो भागहार है वह गगा महानदोके प्रवाहकी तरह ध्रुव है।

भावार्थ—जिस तरह गगा महानदोका प्रवाह हिमाचलसे निकलकर अविच्छिन्न प्रवाहके द्वारा बहता हुआ पूर्व समुद्रमे जाकर अवस्थित हो गया है उसी तरह यह भागहार भी जघन्य देशावधिज्ञानके द्रव्यप्रमाणसे लेकर आगे सर्वावधिके द्रव्यप्रमाण पर्यन्त अविच्छिन्न रूपसे जाते जाते परमाणुपर जाकर अवस्थित हो गया है, क्योंकि अवधिज्ञानके भेदोमे यह सर्वावधिज्ञान अन्तिम भेद है। देशावधि या परमावधिकी तरह इसमे भेद नही हैं। अतएव यह निर्विकल्प है और इसका विषय पुद्गल परमाणु भी निर्विकल्प ही है।

परमोहिदव्वभेदा, जेत्तियमेत्ता हु तेत्तिया होंति ।
तस्सेव खेत्त-कालवियप्पा विसया असंखगुणिदकमा ॥ ४१६ ॥

परमावधिद्रव्यभेदा यावन्मात्रा हि तावन्मात्रा भवन्ति ।
तस्यैव क्षेत्र-कालविकल्पा विषया असख्यगुणितक्रमाः ॥ ४१६ ॥

अर्थ—परमावधिके जितने द्रव्यकी अपेक्षासे भेद[1] है उतने ही भेद क्षेत्र और कालकी अपेक्षासे है। परन्तु उनका विषय असख्यातगुणितक्रम है।

भावार्थ—यद्यपि परमावधिके भेद द्रव्य क्षेत्र कालकी अपेक्षा बराबर ही हैं फिर भी प्रत्येक उत्तर भेदमे क्षेत्र कालका प्रमाण असख्यात गुणा असख्यात गुणा है।

असंख्यातगुणितक्रम किस तरहसे है यह बताते हैं—

आवलिअसंखभागा, इच्छिदगच्छधणमाणमेत्ताओ ।
देसावहिस्स खेत्ते काले वि य होंति संवग्गे ॥ ४१७ ॥

आवल्यसख्यभागा इच्छितगच्छधनमानमात्राः ।
देशावधेः क्षेत्रे कालेऽपि च भवन्ति संवर्गे ॥ ४१७ ॥

अर्थ—किसी भी परमावधिके विवक्षित क्षेत्रके विकल्पमें अथवा विवक्षित कालके विकल्पमे सकल्पित धनका जितना प्रमाण हो उतनी जगह आवलीके असख्यातवे भागोको रखकर परस्पर गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो वही देशावधिके उत्कृष्ट क्षेत्र और उत्कृष्ट कालमे गुणाकारका प्रमाण होता है।

भावार्थ—परमावधिके प्रथम विकल्पमे सकल्पित धनका प्रमाण एक और दूसरे विकल्पमे तीन तथा तीसरे विकल्पमे छह चौथे विकल्पमे दश पांचवें विकल्पमे पन्द्रह छट्ठे विकल्पमे इक्कीस सातवें विकल्पमे अट्ठाईस होता है। इसी तरह आगे भी संकल्पित धनका प्रमाण समझना चाहिये। परमावधिके जिस विकल्पके क्षेत्र या कालका प्रमाण निकालना हो उस विकल्पके संकल्पित धनके

---

१. देखो गाथा न, ४१४।

प्रमाणके बराबर आवलीके असख्यातवें भागोको रखकर परस्पर गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो, उसका देशावधिके उत्कृष्ट क्षेत्र और उत्कृष्ट कालके प्रमाणके साथ गुणा करनेसे परमावधिके विवक्षित विकल्पके क्षेत्र और कालका प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—जितनेवा भेद विवक्षित हो वहा पर्यन्त एकसे लेकर एक एक अधिक अङ्क रखकर सबको जोडनेसे जो राशि उत्पन्न हो वही उस विवक्षित भेदका सकल्पित[1] धन होता है। जैसे प्रथम भेदका एक, दूसरे भेदका तीन, तीसरे भेदका छह, इत्यादि।

प्रकारान्तरसे गुणकारका प्रमाण बताते हैं—

गच्छसमा तक्कालियतीदे रूऊणगच्छधणमेत्ता।
उभये वि य गच्छस्स य, धणमेत्ता होंति गुणगारा ॥ ४१८ ॥

गच्छसमा तात्कालिकातीते रूपोनगच्छधनमात्रा।
उभयेऽपि च गच्छस्य च धनमात्रा भवन्ति गुणकाराः ॥ ४१८ ॥

अर्थ—विवक्षित गच्छकी जो सख्या हो उतने प्रमाणको विवक्षित गच्छसे अव्यवहित पूर्वके गच्छके प्रमाणमे मिला कर एक कम करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसमे विवक्षित गच्छकी संख्या मिलानेसे सकल्पित धनका प्रमाण होता है। यही गुणकारका प्रमाण है।

भावार्थ—जैसे चौथा भेद विवक्षित है, तो गच्छके प्रमाण चारको अव्यवहित पूर्वके भेद तीनमे मिलाकर एक कम करनेसे छह[2] होते हैं, इसमे विवक्षित गच्छके प्रमाण चारको मिलानेसे दश होते हैं, यही गुणकारका प्रमाण है। तथा यही विवक्षित भेदका सकल्पित धन है। इसी तरह सभी विकल्पोमे गुणकारका प्रमाण समझ लेना चाहिए।

परमावहिवरखेत्तेणवहिदउक्कस्सओहिखेत्तं तु।
सव्वावहिगुणगारो, काले वि असंखलोगो दु ॥४१९॥

परमावधिवरक्षेत्रेणावहितोत्कृष्टावधिक्षेत्रं तु।
सर्वावधिगुणकार, कालेऽपि असख्यलोकस्तु ॥४१९॥

अर्थ—उत्कृष्ट अवधिज्ञानके क्षेत्रमे परमावधिके उत्कृष्ट क्षेत्रका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना सर्वावधिसम्बन्धी क्षेत्रके लिए गुणकार है। तथा सर्वावधिसम्बन्धी कालका प्रमाण लानेके लिये असख्यात लोकका गुणकार है।

भावार्थ—असंख्यात लोकके प्रमाणको पाच वार लोकके प्रमाणसे गुणा करने पर जो राशि उत्पन्न हो उतना सर्वावधिक ज्ञानके उत्कृष्ट क्षेत्रका प्रमाण है। इसमे परमावधिके उत्कृष्ट क्षेत्रका भाग देनेसे सर्वावधिके क्षेत्रसम्बन्धी गुणकारका प्रमाण निकलता है। अर्थात् इस गुणकारका परमावधिके उत्कृष्ट क्षेत्रप्रमाणके साथ गुणा करनेसे सर्वावधिके क्षेत्रका प्रमाण निकलता है। और इस ही तरह सर्वावधिके कालका प्रमाण निकालनेकेलिए असख्यात लोकका गुणकार है। अर्थात् असख्यात लोकका परमावधिके उत्कृष्ट कालप्रमाणके साथ गुणा करनेसे सर्वावधिके कालका प्रमाण निकलता है।

---

१ इस संकल्पित धनको ही गच्छधन या पदधन भी कहते हैं।

२ यही तीसरे भेदका संकल्पित धन है।

परमावधिके विषयभूत उत्कृष्ट क्षेत्र और उत्कृष्ट कालका प्रमाण निकालनेके लिए दो करण-सूत्रोंको कहते हैं—

इच्छिदरासिच्छेदं, दिण्णच्छेदेहिं भाजिदे तत्थ ।
लद्धमिददिण्णरासीणब्भासे इच्छिदो रासी ॥४२०॥

इच्छितराशिच्छेदं देयच्छेदैर्भाजिते तत्र ।
लब्धमितदेयराशीनामभ्यासे इच्छितो राशि· ॥४२०॥

अर्थ—विवक्षित राशिके अर्धच्छेदोमे देयराशिके अर्धच्छेदोंका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतनी जगह देयराशिको रखकर परस्पर गुणा करनेसे विवक्षित राशिका प्रमाण निकलता है।

दिण्णच्छेदेणवहिदलोगच्छेदेण पदधणे भजिदे ।
लद्धमिदलोगगुणणं, परमावहिचरिमगुणगारो ॥४२१॥

देयच्छेदेनावहितलोकच्छेदेन पदधने भजिते ।
लब्धमितलोकगुणनं परमावधिचरमगुणकार ॥४२१॥

अर्थ—देयराशिके अर्धच्छेदोका लोकके अर्धच्छेदोमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका विवक्षित संकल्पित धनमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतनी जगह लोकप्रमाणको रखकर परस्पर गुणा करने से जो राशि उत्पन्न हो वह विवक्षित पदमे क्षेत्र या कालका गुणकार होता है। ऐसे ही परमावधिके अन्तिम भेदमे भी गुणकार जानना।

आवलिअसंखभागा, जहण्णदव्वस्स होंति पज्जाया ।
कालस्स जहण्णादो, असंखगुणहीणमेत्ता हु ॥४२२॥

आवल्यसंख्यभागा जघन्यद्रव्यस्य भवन्ति पर्याया. ।
कालस्य जघन्यत. असख्यगुणहीनमात्रा हि ॥ ४२२ ॥

अर्थ—जघन्य देशावधिके विषयभूत द्रव्यकी पर्याय आवलीके असंख्यातवे भाग प्रमाण हैं तथापि जघन्य देशावधिके विषयभूत कालका जितना प्रमाण है उससे असंख्यातगुणा हीन जघन्य देशावधिके विषयभूत भावका प्रमाण है।

सव्वोहि त्ति य कमसो, आवलिअसखभागगुणिदकमा ।
दव्वाणं भावाणं, पदसंखा सरिसगा होंति ॥ ४२३ ॥

सर्वावधिरिति च क्रमश आवल्यसख्यभागगुणितक्रमा ।
द्रव्याणा भावानां पदसख्या· सदृशका: भवन्ति ॥ ४२३ ॥

अर्थ—देशावधिके जघन्य द्रव्यकी पर्यायरूप भाव, जघन्य देशावधिसे सर्वावधिपर्यन्त आवलीके असंख्यातवे भागसे गुणितक्रम हैं। अत एव द्रव्य तथा भावके पदोकी सख्या सदृश है।

भावार्थ—जहांपर देशावधिके विषयभूत द्रव्यकी अपेक्षा जघन्य भेद है वहांपर भावकी अपेक्षा भी आवलीके असंख्यातवें भागप्रमाण जघन्य भेद होता है और जहांपर द्रव्यकी अपेक्षा दूसरा भेद होता है, वहां भावकी अपेक्षा भी प्रथम भेदसे आवलिके असख्यातवें भाग गुणा दूसरा भेद

होता है। जहाँपर द्रव्यकी अपेक्षा तीसरा भेद होता है वहाँपर भावकी अपेक्षा दूसरे भेदसे आवलीके असंख्यातवे भाग गुणा तीसरा भेद होता है। इस ही क्रमसे सर्वावधिपर्यन्त जानना। अवधिज्ञानके द्रव्यकी अपेक्षासे जितने भेद हैं उतने ही भेद भावकी अपेक्षासे हैं। अतएव द्रव्य तथा भावकी पदसंख्या सदृश है, क्योंकि जिस तरह द्रव्यकी अपेक्षा पूर्व भेदसम्बन्धी द्रव्यप्रमाणमें ध्रुवहारका भाग देनेसे उत्तरभेद सम्बन्धी द्रव्यका प्रमाण निकलता है उसीप्रकार भावकी अपेक्षा पूर्व भेदसम्बन्धी भावके प्रमाणको आवलीके असंख्यातवे भागसे गुणित करनेपर उत्तर भेदसम्बन्धी भावका प्रमाण निकलता है। इसलिये यद्यपि पद सख्या सदृश है फिर भी प्रत्येक पदमे भावका प्रमाण पूर्व-पूर्व भावके प्रमाणसे असख्यातगुणा असख्यातगुणा है।

नरकगतिमे अवधिके विषयभूत क्षेत्रका प्रमाण बताते हैं—

सत्तमखिदिम्मि कोसं, कोसस्सद्धं पवड्ढदे ताव ।
जाव य पढमे णिरये, जोयणमेक्कं हवे पुण्णं ॥ ४२४ ॥

सप्तमक्षितौ क्रोशं क्रोशस्यार्धं प्रवर्धते तावत् ।
यावच्च प्रथमे निरये योजनमेकं भवेत् पूर्णम् ॥ ४२४ ॥

अर्थ—सातमी भूमिमे अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रका प्रमाण एक कोस है। इसके ऊपर आध-आध कोस की वृद्धि तब तक होती गई है जब तक कि प्रथम नरकमे अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रका प्रमाण पूर्ण एक योजन हो जाता है।

भावार्थ—सातमी पृथ्वीमें अवधिका क्षेत्र एक कोस है। इसके ऊपर प्रथम भूमिके अवधि-क्षेत्रपर्यन्त क्रमसे आध-आध कोसकी वृद्धि होती है। अर्थात् छट्ठी पृथ्वीमें डेढ कोश, पाँचवीमे दो कोश, चौथीमे ढाई कोश, तीसरीमे तीन कोश, दूसरीमे साढ़े तीन कोश, और प्रथम भूमिमे अवधि-क्षेत्रका प्रमाण एक योजन-चार कोश है।

तिर्यंग्गति और मनुष्यगतिमे अवधिको बताते हैं—

तिरिये अवरं ओघो, तेजोयंते य होदि उक्कस्सं ।
मणुए ओघं देवे, जहाकमं सुणह वोच्छामि ॥४२५॥

तिरश्चि अवरमोघः तेजोऽन्ते च भवति उत्कृष्टम् ।
मनुजे ओघं देवे यथाक्रमं शृणुत वक्ष्यामि ॥४२५॥

अर्थ—तिर्यञ्चोके अवधिज्ञान जघन्य देशावधिसे लेकर उत्कृष्टताकी अपेक्षा उस भेदपर्यन्त होता है कि जो देशावधिका भेद तैजस शरीरको विषय करता है। मनुष्य गतिमे अवधिज्ञान जघन्य देशावधिसे लेकर उत्कृष्टतया सर्वावधिपर्यन्त होता है। देवगतिमे अवधिज्ञानको यथाक्रमसे कहूँगा सो सुनो।

प्रतिज्ञाके अनुसार देवगतिमें अवधिके क्षेत्रादिका वर्णन करते हैं—

पणुवीसजोयणाइं, दिवसंतं च य कुमारभोम्माणं ।
संखेज्जगुणं खेत्तं, बहुगं कालं तु जोइसिगे ॥ ४२६ ॥

पञ्चविंशतियोजनानि दिवसान्तं च च कुमारभौमयो. ।
सख्यातगुणं क्षेत्रं बहुक. कालस्तु ज्योतिष्के ॥ ४२६ ॥

अर्थ—भवनवासी और व्यन्तरोंके अवधिके क्षेत्रका जघन्य प्रमाण पच्चीस योजन और जघन्य काल कुछ कम एक दिन है। और ज्योतिषी देवोंके अवधिका क्षेत्र इससे सख्यातगुणा है और काल इससे बहुत अधिक है।

असुराणमसंखेज्जा, कोडीओ सेसजोइसंताणं ।
संखातीदसहस्सा, उक्कस्सोहीण विसओ दु ॥ ४२७ ॥

असुराणामसख्येया कोट्य. शेषज्योतिष्कान्तानाम् ।
सख्यातीतसहस्रा उत्कृष्टावधीना विषयस्तु ॥ ४२७ ॥

अर्थ—असुरकुमारोंके अवधिका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र असख्यात कोटि योजन है। असुरोको छोडकर बाकीके ज्योतिषी देवो तकके सभी भवनत्रिक अर्थात् नौ प्रकारके भवनवासी तथा सम्पूर्ण व्यन्तर और ज्योतिषी इनके अवधिका उत्कृष्ट विषयक्षेत्र असख्यात हजार योजन है।

असुराणमसंखेज्जा, वस्सा पुण सेसजोइसंताणं ।
तस्संखेज्जदिभागं, कालेण य होदि णियमेण ॥ ४२८ ॥

असुराणामसख्येयानि वर्षाणि पुन. शेषज्योतिष्कांतानाम् ।
तत्सख्यातभाग कालेन च भवति नियमेन ॥ ४२८ ॥

अर्थ—असुरकुमारोके अवधिके उत्कृष्ट कालका प्रमाण असंख्यात वर्ष है और शेष नौ प्रकारके भवनवासी तथा व्यन्तर और ज्योतिषी इनके अवधिके उत्कृष्ट कालका प्रमाण असुरोके अवधिके उत्कृष्ट कालके प्रमाणसे नियमसे संख्यातवे भागमात्र है।

भवणतियाणमधोधो, थोवं तिरियेण होदि बहुगं तु ।
उड्ढेण भवणवासी, सुरगिरिसिहरो त्ति पस्संति ॥ ४२९ ॥

भवनत्रिकाणामधोऽध. स्तोक तिरश्चा भवति बहुकं तु ।
ऊर्ध्वेन भवनवासिनः सुरगिरिशिखरान्त पश्यन्ति ॥ ४२९ ॥

अर्थ—भवनवासी व्यन्तर ज्योतिषी इनके अवधिका क्षेत्र नीचे नीचे कम होता है, और तिर्यग रूपसे अधिक होता है। तथा भवनवासी देव अपने अवस्थित स्थानसे सुरगिरिके (मेरुके) शिखरपर्यंत देखते है।

सक्कीसाणा पढमं, विदियं तु सणक्कुमार माहिंदा ।
तदियं तु बम्ह-लांतव, सुक्क-सहस्सारया तुरियं ॥ ४३० ॥

शक्रेशानाः प्रथमं द्वितीय तु सनत्कुमार-माहेन्द्रा ।
तृतीयं तु ब्रह्म-लान्तवाः शुक्र-सहस्रारका तुरियम् ॥ ४३० ॥

अर्थ—सौधर्म और ऐशान स्वर्गके देव अवधिके द्वारा प्रथम भूमिपर्यन्त देखते हैं। सनत्कुमार

माहेन्द्र स्वर्गके देव दूसरी पृथ्वी तक देखते हैं। ब्रह्म ब्रह्मोत्तर लातव कापिष्ठ[1] स्वर्गवाले देव तीसरी भूमि तक देखते हैं। शुक्र महाशुक्र शतार सहस्रार स्वर्गके देव चौथी भूमि तक देखते हैं।

आणद-पाणदवासी, आरण तह अच्चुदा य पस्संति ।
पंचमखिदिपेरंतं, छट्ठिं गेवेज्जगा देवा ॥ ४३१ ॥

आनतप्राणतवासिनः आरणास्तथा अच्युताश्च पश्यन्ति ।
पञ्चमक्षितिपर्यन्तं षष्ठी ग्रैवेयका देवा ॥ ४३१ ॥

अर्थ—आनत प्राणत आरण अच्युत स्वर्गके देव पाचवी भूमि तक अवधिके द्वारा देखते हैं और ग्रैवेयकवासी देव छट्ठी भूमि तक देखते हैं।

सव्वं च लोयणालिं, पस्संति अणुत्तरेसु जे देवा ।
सक्खेत्ते य सकम्मे, रूवगदमणंतभागं च ॥ ४३२ ॥

सर्वां च लोकनाली पश्यन्ति अनुत्तरेषु ये देवाः ।
स्वक्षेत्रे च स्वकर्मणि रूपगतमनन्तभागं च ॥ ४३२ ॥

अर्थ—नव अनुदिश तथा पंच अनुत्तरवासी देव सम्पूर्ण लोकनालीको अवधि द्वारा देखते हैं। अवधिके विषयभूत क्षेत्रका जितना प्रदेशप्रचय है उसमेंसे एक एक प्रदेश कम करते जाना चाहिये और अपने २ अवधिज्ञानावरण कर्मका जितना द्रव्य है उसमें ध्रुवहारका भाग देते जाना चाहिये। किन्तु इस तरहसे अवधिके क्षेत्ररूप प्रदेशप्रचयमें एक २ प्रदेश कहाँतक कम करना चाहिये और अवधिज्ञानावरण कर्मद्रव्यमे ध्रुवहारका भाग भी कहातक देते जाना चाहिये, इसीको आगे स्पष्ट करते हैं।

कप्पसुराणं सगसगओहीखेत्तं विविस्ससोवचयं ।
ओहीदव्वपमाणं, संठाविय धुवहरेण हरे ॥ ४३३ ॥
सगसगखेत्तपदेससलायपमाणं समप्पदे जाव ।
तत्थतणचरिमखंडं, तत्थतणोहिस्स दव्वं तु ॥ ४३४ ॥

कल्पसुराणां स्वकस्वकावधिक्षेत्रं विविस्रसोपचयम् ।
अवधिद्रव्यप्रमाणं संस्थाप्य ध्रुवहारेण हरेत् ॥ ४३३ ॥

---

१. यद्यपि गाथामे और जी. प्र टीकामें "बम्हलांतव" इतना ही शब्द है। इससे ब्रम्होत्तर शब्द छूट जाता है और लांतव मात्रका ही अर्थ व्यक्त होता है। आगे भी शुक्रशब्दका उल्लेख है। इसमें ब्रह्मोत्तरके सिवाय कापिष्ठ, महाशुक्र और शतारका नाम नही दिया गया है। परन्तु स्व प टोडरमलजी सा. ने अपनी हिन्दी टीकामें और ब्र स्व. दौलतरामजी सा ने अपनी पद्यानुवन्वी टीकामें अर्थ करते समय इनका नाम लिखा है। मालूम होता है कि बारह इन्द्रोके द्वारा शासित १६ स्वर्गोंमेंसे मध्यके आठ स्वर्ग जो कि चार इन्द्रोके द्वारा शासित हैं इन्द्रोके नामसे ही बोधित कर दिये गये हैं। परन्तु इनमेंसे शतारेन्द्रका नाम न लेकर सहस्रारस्वर्गका नाम ग्रहण किया है। सभव है कि द्रव्य मिथ्यादृष्टियोको स्वर्गमें उत्पन्न होने की अन्तिम सीमा और आयु स्थितिमें "कुछ अधिक" के सम्बन्धको अवधिका बोध करानेके लिए ऐसा किया गया हो।

स्वकस्वकक्षेत्रप्रदेशशलाकाप्रमाण समाप्यते यावत् ।
तत्रतनचरमखण्डं तत्रतनावधेर्द्रव्यं तु ॥ ४३४ ॥

अर्थ—कल्पवासी देवोमे अपने अपने अवधिके क्षेत्रका जितना जितना प्रमाण है उसका एक जगह स्थापन कर, और दूसरी जगह विस्रसोपचयरहित अवधिज्ञानावरण कर्मरूप द्रव्यका जितना प्रमाण है उसका स्थापन कर, द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका भाग देना चाहिये और प्रदेशप्रमाण में एक कम करना चाहिये। द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका एक बार भाग देनेसे लब्ध द्रव्यप्रमाणमे पुनः दूसरीवार ध्रुवकारका भाग देना चाहिये और प्रदेशप्रचयमे एक और कम करना चाहिये। दूसरी वार भाग देनेसे लब्ध द्रव्यप्रमाणमे तीसरी वार ध्रुवहारका भाग देना चाहिये और प्रदेशप्रचयमे तीसरी वार एक कम करना चाहिये। इस प्रकार उत्तरोत्तर लब्ध द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका भाग देते जाना चाहिये और प्रदेशप्रचयमे एक एक कम करते जाना चाहिये। इस तरहसे एक एक प्रदेश कम करते करते जब सम्पूर्ण प्रदेशप्रचयरूप शलाका राशि समाप्त हो जाय वहाँ तक करते जाना चाहिये। इस तरहसे प्रदेशप्रचयमे एक एक प्रदेश कम करते करते और द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका भाग देते देते जहाँ पर प्रदेशप्रचय समाप्त हो वहाँपर द्रव्यका जो स्कन्ध शेष रहे उतने बड़े स्कन्धको अवधिके द्वारा वे कल्पवासी देव जानते है कि जिनके अवधिके विषयभूत क्षेत्रका प्रदेशप्रचय विवक्षित हो।

भावार्थ—जैसे सौधर्म और ईशानकल्पवासी देवोका क्षेत्र प्रथम नरक पर्यन्त है, ईशान कल्पके ऊपरके भागसे प्रथम नरक डेढ राजू है, इसलिये एक राजू लम्बे चौड़े और डेढ राजू ऊँचे क्षेत्रके जितने प्रदेश हो उनको एक जगह रखना, और दूसरी जगह अवधिज्ञानावरण कर्मके द्रव्यका स्थापन करना। द्रव्यप्रमाणमे एक ध्रुवहारका भाग देना और प्रदेशप्रमाणमेसे एक कम करना। इस पहली वार ध्रुवहारका भाग देनेसे जो लब्ध आया उस द्रव्यप्रमाणमे दूसरी वार फिर ध्रुवहारका भाग देना और प्रदेशप्रमाणमेसे दूसरा एक और कम करना। इस तरह प्रदेश-प्रमाणमेसे एक एक कम करते करते तथा उत्तरोत्तर लब्ध द्रव्यप्रमाणमे ध्रुवहारका भाग देते देते जहाँ प्रदेशप्रचय समाप्त हो वहाँ पर द्रव्यका जो प्रमाण शेष रहे उतने परमाणुओके सूक्ष्म पुद्गल-स्कन्धको सौधर्म और ईशान कल्पवासी देव अवधिके द्वारा जानते हैं। इससे स्थूलको तो जानते ही हैं, किन्तु इससे सूक्ष्मको नही जानते। इस ही तरह आगे भी सर्वत्र समझना चाहिये।

सौधर्म ईशान कल्पवासी देवोका क्षेत्र डेढ राजू, सनत्कुमार माहेन्द्रवालोका चार राजू, ब्रह्म ब्रह्मोत्तरवालोका साढ़े पाँच राजू, लातव कापिष्ठवालोका छह राजू, शुक्र महाशुक्रवालोंका साढ़े सात राजू, सतार सहस्रारवालोका आठ राजू, आनत प्राणतवालोका साढे नवराजू, आरण अच्युतवालोका दश राजू, ग्रैवेयकवालोका ग्यारह राजू, अनुदिश विमानवालोका कुछ अधिक तेरह राजू और अनुत्तरविमानवालोका कुछ कम चौदह राजू क्षेत्र है। इस क्षेत्रप्रमाणके अनुसार ही उनका अर्थात् कल्पवासी देवोके अवधिके विषयभूत द्रव्यका प्रमाण उक्त क्रमानुसार निकलता है।

सोहम्मीसाणाणमसंखेज्जाओ हु वस्सकोडीओ ।
उवरिमकप्पचउक्के पल्लासंखेज्जभागो दु ॥ ४३५ ॥

तत्तो लांतवकप्पप्पहुदी सव्वत्थसिद्धिपेरंतं ।
किंचूणपल्लमेत्तं, कालपमाणं जहाजोग्गं ॥ ४३६ ॥

सौधर्मैशानानामसख्येया हि वर्षकोटच· ।
उपरिमकल्पचतुष्के पल्यासख्यातभागस्तु ॥ ४३५ ॥
ततो लान्तवकल्पप्रभृति सर्वार्थसिद्धिपर्यन्तम् ।
किञ्चिदूनपल्यमात्र कालप्रमाण यथायोग्यम् ॥ ४३६ ॥

अर्थ—सौधर्म और ईशान स्वर्गके देवोके अवधिका काल असंख्यात कोटि वर्ष हैं। इसके ऊपर सनत्कुमार माहेन्द्र ब्रह्म ब्रह्मोत्तर कल्पवाले देवोके अवधिका काल यथायोग्य पल्यका असख्यातवां भाग है। इसके ऊपर लान्तव स्वर्गसे लेकर सर्वार्थसिद्धिपर्यन्त वाले देवोंके अवधिका काल यथायोग्य कुछ कम पल्यप्रमाण है।

जोइसियंताणोहीखेत्ता उत्ता ण होंति घणपदरा ।
कप्पसुराणं च पुणो, विसरित्थं आयदं होदि ॥ ४३७ ॥

ज्योतिष्कान्तानामवधिक्षेत्राणि उक्तानि भवन्ति धनप्रतराणि ।
कल्पसुराणा च पुनः विसदृशमायत भवति ॥ ४३७ ॥

अर्थ—भवनवासी व्यन्तर ज्योतिषी इनके अवधिके क्षेत्रका प्रमाण जो पहले वताया गया है वह विसदृश है, वरावर घनरूप नही है, उनकी लम्वाई चौड़ाई और ऊँचाईका प्रमाण आगममें सर्वथा समान नही बताया गया है। तिर्यक् अधिक और ऊर्ध्वाध. कम है। कल्पवासी देवोके अवधिका क्षेत्र आयतचतुरस्र (चौकोर) किन्तु लम्वाईमें ऊर्ध्वअधः अधिक और चौड़ाईमे अर्थात् तिर्यक् थोड़ा है। शेप मनुष्य तिर्यञ्च नारकी इनके अवधिका विपयभूत क्षेत्र वरावर घनरूप हैं।

॥ इति अवधिज्ञानप्ररूपणा ॥

•

मनःपर्ययज्ञानका स्वरूप वताते हैं—

चिंतियमचिंतियं वा, अद्धं चिंतियमणेयभेयगयं ।
मणपज्जवं ति उच्चइ, जं जाणइ तं खु णरलोए ॥ ४३८ ॥

चिन्तितमचिन्तितं वा अर्घ चिन्तितमनेकभेदगतम् ।
मन.पर्यय इत्युच्यते यज्जानाति तत्खलु नरलोके ॥ ४३८ ॥

अर्थ—जिसका भूत कालमें चिन्तवन किया हो, अथवा जिसका भविष्यत् कालमे चिन्तवन किया जायगा, अथवा अर्धचिन्तित-वर्तमानमे जिसका चिन्तवन किया जा रहा है, इत्यादि अनेक भेदस्वरूप दूसरेके मनमे स्थित पदार्थ जिसके द्वारा जाना जाय उस ज्ञानको मन पर्यय कहते हैं। यह मन.पर्ययज्ञान मनुष्यक्षेत्रमे[1] ही उत्पन्न होता है, वाहर नही।

---

१. मनुष्योके उत्पन्न होने तथा गमनागमनके योग्य ढाई द्वीप एवं ४५ लाख योजन क्षेत्र है किन्तु मन.पर्यज्ञानके क्षेत्रके लिये देखो गाथा नं. ४५६ ।

भावार्थ—निरुक्तिके अनुसार[1] दूसरेके मनमें स्थित पदार्थको मन कहते है। इस तरहके मनको जो पर्येति अर्थात् जानता है—मनके अवलम्बनसे त्रिकालविषयक पदार्थों-चिन्तित, चिन्त्य-मान चिन्तिष्यमान विषयको जानता है उसको मनःपर्यय कहते हैं।

मन.पर्ययके भेदोको गिनाते है—

मणपज्जवं च दुविहं, उजुविउलमदि त्ति उजुमदी तिविहा।
उजुमणवयणे काए, गदत्थविसया त्ति णियमेण ॥ ४३९ ॥

मन.पर्ययश्च द्विविधः ऋजुविपुलमतीति ऋजुमतिस्त्रिविधा।
ऋजुमनोवचने काये गतार्थविषया इति नियमेन ॥ ४३९ ॥

अर्थ—सामान्यकी अपेक्षा मन पर्यय एक प्रकारका है और विशेष भेदोको अपेक्षा दो प्रकारका है—एक ऋजुमति दूसरा विपुलमति। ऋजुमतिके भी तीन भेद है—ऋजुमनोगतार्थ-विषयक, ऋजुवचनगतार्थविषयक, ऋजुकायगतार्थविषयक। परकीयमनोगत होने पर भी जो सरलतया मन वचन कायके द्वारा किया गया हो ऐसे पदार्थको विषय करनेवाले ज्ञानको ऋजुमति कहते हैं। अतएव सरल मन वचन कायके द्वारा किये हुए पदार्थको विषय करनेकी अपेक्षा ऋजु-मतिके पूर्वोक्त तीन भेद हैं।

विउलमदी वि य छद्धा, उजुगाणुजुवयणकायचित्तगयं।
अत्थं जाणदि जम्हा, सद्दत्थगया हु ताणत्था ॥४४०॥

विपुमतिरपि च षोढा ऋजुगानृजुवचनकायचित्तगतम्।
अर्थं जानाति यस्मात् शब्दार्थगता हि तेषामर्थाः ॥४४०॥

अर्थ—विपुलमतिके छह भेद है—ऋजु मन वचन कायके द्वारा किये गये परकीय मनोगत पदार्थोको विषय करनेकी अपेक्षा तीन भेद, और कुटिल मन, वचन, कायके द्वारा किये हुए परकीय मनोगत पदार्थोको विषय करनेकी अपेक्षा तीन भेद। ऋजुमति तथा विपुलमति मन.पर्ययके विषय शब्दगत तथा अर्थगत दोनो ही प्रकारके होते है।

भावार्थ—कोई आकर पूछे तो उसके मनकी बात मनःपर्ययज्ञानी जान सकता है। कदाचित् कोई न पूछे मौन पूर्वक स्थित हो तो भी उसके मन स्थ विषयको वह जान सकता है।

तियकालविसयरूविं, चिंतियं वट्टमाणजीवेण।
उजुमदिणाणं जाणदि, भूदभविस्सं च विउलमदी ॥४४१॥

त्रिकालविषयरूपि चिंतितं वर्तमानजीवेन।
ऋजुमतिज्ञान जानाति भूतभविष्यच्च विपुलमति ॥४४१॥

अर्थ—वर्तमान जीवके द्वारा चिन्त्यमान—वर्तमानमे जिसका चिंतवन किया जा रहा है ऐसे त्रिकाल विषयक रूपी पदार्थको ऋजुमति मनःपर्ययज्ञान जानता है और विपुलमतिज्ञान भूत भविष्यत्को भी जानता है।

---

१. परकीयमनसि व्यवस्थितोऽर्थो मन. तत् पर्येति जनातीति मन.पर्यय।

भावार्थ—जिसका भूतकालमे चिन्तवन किया हो अथवा जिसका भविष्यमे चिन्तवन किया जायगा यद्वा वर्तमान मे जिसका चिन्तन हो रहा है, ऐसे तीनो ही प्रकारके पदार्थको विपुलमति मन.पर्ययज्ञान जानता है।

सव्वंगअंगसंभवचिण्हादुप्पज्जदे जहा ओही।
मणपज्जवं च दव्वमणादो उप्पज्जदे णियमा ॥४४२॥

सर्वाङ्गाङ्गसम्भवचिन्हादुत्पद्यते यथावधिः।
मनःपर्ययं च द्रव्यमनस्त उत्पद्यते नियमात् ॥४४२॥

अर्थ—जिस प्रकार अवधिज्ञान समस्त अंगसे अथवा शरीरमें होनेवाले शंखादि शुभ चिन्होंसे उत्पन्न होता है उसी तरह मनःपर्ययज्ञान जहाँपर द्रव्यमन होता है उनही प्रदेशोसे उत्पन्न होता है।

भावार्थ—जहाँपर द्रव्य मन होता है उस स्थानपर जो आत्माके प्रदेश हैं वहीसे मन.पर्ययज्ञान उत्पन्न होता है। किन्तु भवप्रत्यय अवधिज्ञान सर्वाङ्गसे होता है और गुणप्रत्यय अवधिज्ञान शखादिक चिन्होके स्थानसे ही होता है। साथ ही इन चिन्होका स्थान द्रव्यमनकी तरह निश्चित नही है। यह उत्पत्तिस्थानकी अपेक्षा अवधि और मन पर्ययज्ञानमे अतर है।

जहाँसे मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न होता है उस द्रव्यमनका स्थान और आकार बताते हैं—

हिदि होदि हु दव्वमणं, वियसियअट्ठच्छदारविंदं वा।
अंगोवंगुदयादो, मणवग्गणखंधदो णियमा ॥४४३॥

हृदि भवति हि द्रव्यमन. विकसिताष्टच्छदारविंदवत्।
आंगोपांगोदयात् मनोवर्गणास्कन्धतो नियमात् ॥४४३॥

अर्थ—आंगोपांगनामकर्मके उदयसे मनोवर्गणाके स्कन्धोके द्वारा हृदयस्थानमे नियमसे विकसित आठ पाखड़ीके कमलके आकारमे द्रव्यमन उत्पन्न होता है।

णोइंदियं ति सण्णा, तस्स हवे सेसइंदियाण वा।
वत्तत्ताभावादो, मणमणपज्जं च तत्थ हवे ॥४४४॥

नोइन्द्रियमिति संज्ञा तस्य भवेत् शेषेन्द्रियाणा वा।
व्यक्तत्वाभावात् मनो मनःपर्ययञ्च तत्र भवेत् ॥४४४॥

अर्थ—इस द्रव्यमनको नोइन्द्रिय[1] संज्ञा भी है, क्योकि दूसरी इन्द्रियोकी तरह यह व्यक्त नही है। इस द्रव्यमनके निमित्तसे भावमन तथा मन.पर्ययज्ञान उत्पन्न होता है।

---

१. नो–ईषत् इन्द्रियं नोइन्द्रियम्। तथा च "ईषदर्थस्य नञ प्रयोगात्" ईषदिन्द्रियमनिन्द्रियमिति। यथा अनुदरा कन्येति। कथमीषदर्थः ? इमानीन्द्रियाणि प्रतिनियतदेशविषयाणि कालान्तरावस्थायीनि च। न तथा मन इन्द्रस्य लिङ्गमपि सत् प्रतिनियतदेशविषयं कालान्तरावस्थायि च" सर्वार्थ–१–१४।

मनःपर्ययज्ञानका स्वामी बताते है—

मणपज्जवं च णाणं, सत्तसु विरदेसु सत्तइड्ढीणं ।
एगादिजुदेसु हवे, वड्ढंतविसिट्ठचरणेसु ॥४४५॥

मनःपर्ययश्च ज्ञान सप्तसु विरतेसु सप्तर्धीनाम् ।
एकादियुतेषु भवेत् वर्धमानविशिष्टचरणेषु ॥४४५॥

अर्थ—प्रमत्तादि क्षीणकषायपर्यन्त सात गुणस्थानोमेसे किसी एक गुणस्थानवालेके, इस पर भी सात[1] ऋद्धियोमेसे कमसे कम किसी भी एक ऋद्धिको धारण करनेवालेके, ऋद्धिप्राप्तमे भी वर्धमान तथा विशिष्ट चारित्रको धारण करनेवालेके ही यह मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न होता है।

इंदियणोइंदियजोगादिं पेक्खित्तु उजुमदी होदि ।
णिरवेक्खिय विउलमदी, ओहिं वा होदि णियमेण॥४४६॥

इन्द्रियनोन्द्रिययोगादिमपेक्ष्य ऋजुमतिर्भवति ।
निरपेक्ष्य विपुलमति अवधिर्वा भवति नियमेन ॥४४६॥

अर्थ—अपने तथा परके स्पर्शनादि इन्द्रिय और मन तथा मनोयोग, काययोग, वचनयोगकी अपेक्षासे ऋजुमति मन पर्ययज्ञान उत्पन्न होता है। अर्थात् वर्तमानमे विचारप्राप्त स्पर्शनादिके विषयोको ऋजुमति जानता है। किन्तु विपुलमति अवधिकी तरह इनकी अपेक्षाके बिना ही नियमसे होता है।

पडिवादी पुण पढमा, अप्पडिवादी हु होदि विदिया हु ।
सुद्धो पढमो बोहो सुद्धतरो विदियबोहो हु ॥४४७॥

प्रतिपाती पुन प्रथम अप्रतिपाती हि भवति द्वितीयो हि ।
शुद्धः प्रथमो बोध शुद्धतरो द्वितीयबोधस्तु ॥ ४४७ ॥

अर्थ—ऋजुमति प्रतिपाती है, क्योकि ऋजुमतिवाला उपशमक तथा क्षपक दोनो श्रेणियोंपर चढता है। उसमे यद्यपि क्षपकको अपेक्षा ऋजुमतिवालेका पतन नही होता; तथापि उपशमश्रेणिकी अपेक्षा चारित्र मोहनीयकर्मका उद्रेक हो आनेके कारण कदाचित् उसका पतन भी सम्भव है। विपुलमति सर्वथा अप्रतिपाती है। तथा ऋजुमति शुद्ध है, और विपुलमति इससे भी शुद्ध होता है। अर्थात् दोनोमे विपुलमतिको विशुद्धि प्रतिपक्षीकर्मके क्षयोपशमविशेषके कारण अधिक[2] है।

परमणसि ट्ठियमट्ठं, ईहामदिणा उजुट्ठियं लहिय ।
पच्छा पच्चक्खेण य, ऊजुमदिणा जाणदे णियमा ॥४४८॥

परमनसि स्थितमर्थमीहामत्या ऋजुस्थितं लब्ध्वा ।
पश्चात् प्रत्यक्षेण च ऋजुमतिना जानीते नियमात् ॥४४८॥

---

१ बुद्धि, तप, विक्रिया, औषध, रस, बल और अक्षीण ये सात ऋद्धिया है।

२. विशुद्धयप्रतिपाताभ्या तद्विशेष.। त. सू १—२४।

अर्थ—ऋजुमतिवाला दूसरेके मनमें सरलताके साथ स्थित पदार्थको पहले ईहामतिज्ञानके द्वारा जानता है, पीछे प्रत्यक्ष रूपसे नियमसे ऋजुमतिज्ञानके द्वारा जानता है।

चिंतियमचिंतियं वा, अद्धं चिंतियमणेयभेयगयं।
ओहिं वा विउलमदी, लहिऊण विजाणए पच्छा ॥४४९॥

चिन्तितमचिन्तितं वा अर्द्धं चिन्तितमनेकभेदगतम्।
अवधिर्वा विपुलमतिः लब्ध्वा विजानाति पश्चात् ॥४४९॥

अर्थ—चिन्तित, अचिन्तित, अर्धचिन्तित इस तरह अनेक भेदोंको प्राप्त दूसरेके मनोगत पदार्थको अवधिकी तरह विपुलमति प्रत्यक्षरूपसे जानता है।

दव्वं खेत्तं कालं, भावं पडि जीवलक्खियं रूवि।
उजुविउलमदी जाणदि, अवरवरं मज्झिमं च तहा ॥४५०॥

द्रव्यं क्षेत्रं कालं भावं प्रति जीवलक्षितं रूपि।
ऋजुविपुलमती जानीतः अवरवरं मध्यमं च तथा ॥४५०॥

अर्थ—द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावमेंसे किसीकी भी अपेक्षासे जीवके द्वारा चिंतित रूपी (पुद्गल) द्रव्यको तथा उसके सम्बन्धसे जीवद्रव्यको भी ऋजुमति और विपुलमति जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट तीन तीन प्रकारसे जानते हैं।

भावार्थ—दोनोंके ही जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट इस तरह तीन तीन भेद हैं।

ऋजुमतिका जघन्य और उत्कृष्ट द्रव्यप्रमाण बताते हैं—

अवरं दव्वमुरालियसरीरणिज्जिण्णसमयबद्धं तु।
चक्खिंदियणिज्जरणं, उक्कस्सं उजुमदिस्स हवे ॥४५१॥

अवरं द्रव्यमौरालिकशरीरनिर्जीर्णसमयप्रबद्धं तु।
चक्षुरिन्द्रियनिर्जीर्णमुत्कृष्टमृजुमतेर्भवेत् ॥४५१॥

अर्थ—ऋजुमतिका जघन्य द्रव्य औदारिक शरीरके निर्जीर्ण समयप्रबद्धप्रमाण है। तथा उत्कृष्ट द्रव्य चक्षुरिन्द्रियके निर्जरा-द्रव्य-प्रमाण है।

विपुलमतिके द्रव्यका प्रमाण बताते हैं—

मणदव्ववग्गणाणमणंतिमभागेण उजुगउक्कस्सं।
खंडिदमेत्तं होदि हु, विउलमदिस्सावरं दव्वं ॥४५२॥

मनोद्रव्यवर्गणानामनन्तिमभागेन ऋजुगोत्कृष्टम्।
खण्डितमात्रं भवति हि विपुलमतेरवरं द्रव्यम् ॥४५२॥

अर्थ—मनोद्रव्यवर्गणाके जितने विकल्प हैं, उनमें अनन्तका भाग देनेसे लब्ध एक भाग-प्रमाण [illegible], ऋजुमतिके विषयभूत उत्कृष्ट द्रव्यप्रमाणमें भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने [illegible] विपुलमति जघन्यपनेसे जानता है।

अट्ठण्हं कम्माणं, समयबद्धं विविस्ससोवचयम् ।
धुवहारेणिगिवारं, भजिदे विदियं हवे दव्वं ॥४५३॥

अष्टाना कर्मणा समयप्रबद्ध विविस्रसोपचयम् ।
ध्रुवहारेणैकवारं भजिते द्वितीय भवेत् द्रव्यम् ॥४५३॥

अर्थ—विस्रसोपचयसे रहित आठ कर्मोके समयप्रबद्धका जो प्रमाण है उसमे एकबार ध्रुव-हारका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना विपुलमतिके द्वितीय द्रव्यका प्रमाण होता है ।

तव्विदियं कप्पाणमसंखेज्जाणं च समयसंखसमं ।
धुवहारेणवहरिदे, होदि हु उक्कस्सयं दव्वं ॥४५४॥

तद्द्वितीयं कल्पानामसख्येयाना च समयसख्यासमम् ।
ध्रुवहारेणावहृते भवति हि उत्कृष्टक द्रव्यम् ॥४५४॥

अर्थ—असख्यात कल्पोके जितने समय है उतनी बार विपुलमतिके द्वितीय द्रव्यमे ध्रुवहार-का भाग देनेसे विपुलमतिके उत्कृष्ट द्रव्यका प्रमाण निकलता है ।

गाउयपुधत्तमवरं, उक्कस्सं होदि जोयणपुधत्तं ।
विउलमदिस्स य अवरं, तस्स पुधत्तं वरं खु णरलोयं ॥ ४५५ ॥

गव्यूतिपृथक्त्वमवरमुत्कृष्टं भवति योजनपृथक्त्वम् ।
विपुलमतेश्च अवरं तस्य पृथक्त्वं वरं खलु नरलोक ॥ ४५५ ॥

अर्थ—ऋजुमतिका जघन्य क्षेत्र गव्यूतिपृथक्त्व-दो तीन कोस और उत्कृष्ट योजनपृथक्त्व-सात आठ योजन है। विपुलमतिका जघन्य क्षेत्र पृथक्त्वयोजन-आठ नव योजन तथा उत्कृष्ट क्षेत्र मनुष्यलोकप्रमाण है ।

णरलोएत्ति य वयणं, विक्खंभणियामयं ण वट्टस्स ।
जम्हा तग्घणपदरं, मणपज्जवखेत्तमुद्दिट्ठं ॥ ४५६ ॥

नरलोक इति च वचनं विष्कम्भनियामक न वृत्तस्य ।
यस्मात् तद्घनप्रतरं मन पर्ययक्षेत्रमुद्दिष्टम् ॥ ४५६ ॥

अर्थ—मन पर्ययके उत्कृष्ट क्षेत्रका प्रमाण जो नरलोकप्रमाण कहा है सो यहाँ नरलोक इस शब्दसे मनुष्यलोकका विष्कम्भ ग्रहण करना चाहिये न कि वृत्त, क्योकि मानुषोत्तर पर्वतके बाहर चारो कोणोमे स्थित तिर्यंच अथवा देवोके द्वारा चिंतित पदार्थको भी विपुलमति जानता है, कारण यह कि मन:पर्ययज्ञानका उत्कृष्ट क्षेत्र ऊँचाईमे कम होते हुए भी समचतुरस्र घनप्रतररूप पैंतालीस लाख योजनप्रमाण है ।

दुग-तिगभवा हु अवरं, सत्तट्ठभवा हवंति उक्कस्सं ।
अड-णवभवा हु अवरमसंखेज्जं विउलउक्कस्सं ॥ ४५७ ॥

द्विकत्रिकभवा हि अवरं सप्ताष्टभवा भवन्ति उत्कृष्टम् ।
अष्टनवभवा हि अवरमसख्येयं विपुलोत्कृष्टम् ॥ ४५७ ॥

अर्थ—कालकी अपेक्षासे ऋजुमतिका विषयभूत जघन्य काल अतीत और अनागत दो तीन भव तथा उत्कृष्ट सात आठ भव हैं। इसी प्रकार विपुलमतिका जघन्य काल अतीत और अनागत आठ नौ भव तथा उत्कृष्ट पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण भव हैं।

आवलिअसंखभागं, अवरं च वरं च वरमसंखगुणं।
तत्तो असंखगुणिदं, असंखलोगं तु विउलमदी ॥ ४५८ ॥

आवल्यसंख्यभागमवरं च वरं च वरमसंख्यगुणम्।
ततोऽसंख्यगुणितमसंख्यलोकं तु विपुलमतिः ॥ ४५८ ॥

अर्थ—भावकी अपेक्षासे ऋजुमतिका जघन्य तथा उत्कृष्ट विषय आवलीके असंख्यातवें भागप्रमाण है; तथापि जघन्य प्रमाणसे उत्कृष्ट प्रमाण असंख्यातगुणा है। विपुलमतिका जघन्य प्रमाण ऋजुमतिके उत्कृष्ट विषयसे असंख्यातगुणा है, और उत्कृष्ट विषय असंख्यात लोकप्रमाण है।

मज्झिम दव्वं खेत्तं, कालं भावं च मज्झिमं णाणं।
जाणदि इदि मणपज्जवणाणं कहिदं समासेण ॥ ४५९ ॥

मध्यमद्रव्यं क्षेत्रं कालं भावं च मध्यमं ज्ञानम्।
जानातीति मनःपर्ययज्ञानं कथितं समासेन ॥ ४५९ ॥

अर्थ—इस प्रकार द्रव्य क्षेत्र काल भावका जघन्य और उत्कृष्ट प्रमाण बताया। इनके मध्यके जितने भेद हैं उनको मनःपर्ययज्ञानके मध्यम भेद विषय करते हैं। इस तरह संक्षेपसे मनःपर्यय ज्ञानका निरूपण किया।

केवलज्ञानका निरूपण करते हैं—

संपुण्णं तु समग्गं, केवलमसवत्त सव्वभावगयं।
लोयालोयवितिमिरं, केवलणाणं मुणेदव्वं ॥ ४६० ॥

सम्पूर्णं तु समग्रं केवलमसपत्नं[1] सर्वभावगतम्।
लोकालोकवितिमिरं केवलज्ञानं मन्तव्यम् ॥ ४६० ॥

अर्थ—यह केवलज्ञान, सम्पूर्ण, समग्र, केवल, प्रतिपक्षरहित, सर्वपदार्थगत, और लोकालोकमें अन्धकार रहित होता है।

भावार्थ—यह ज्ञान समस्त पदार्थोंको विषय करनेवाला है और लोकालोकके विषयमें आवरण रहित है। तथा जीवद्रव्यकी ज्ञानशक्तिके जितने अंश हैं वे यहाँपर सम्पूर्ण व्यक्त हो गये हैं, इसलिये उसको (केवलज्ञानको) सम्पूर्ण कहते हैं। मोहनीय और वीर्यान्तरायका सर्वथा क्षय होजानेके कारण वह अप्रतिहतशक्तियुक्त है, और निश्चल है अतएव उसको समग्र कहते हैं। इन्द्रियोंकी सहायताकी अपेक्षा नहीं रखता इसलिये केवल कहते हैं। चारों घातिकर्मोंके सर्वथा क्षय उत्पन्न होनेके कारण वह क्रम करण और व्यवधानसे रहित है, फलतः युगपत् और समस्त

१. जी. प्र. टीकामें "असवत्त" शब्दकी संस्कृत छाया "असंपन्न" की गई है। और टीकामें भी असंपन्न ही लिखा है।

पदार्थोके ग्रहण करनेमे उसका कोई बाधक नही है, इसलिये उसको असपत्न (प्रतिपक्षरहित) कहते हैं।

ज्ञानमार्गणामे जीवसख्याका निरूपण करते हैं—

चदुगदिमदिसुदबोहा, पल्लासंखेज्जया हु मणपज्जा ।
संखेज्जा केवलिणो, सिद्धादो होंति अतिरित्ता ॥ ४६१ ॥

चतुर्गतिमतिश्रुतबोधाः पल्यासंख्येया हि मनःपर्ययाः ।
सख्येयाः केवलिनः सिद्धात् भवन्ति अतिरिक्ताः ॥ ४६१ ॥

अर्थ—चारो गतिसम्बन्धी मतिज्ञानियोका अथवा श्रुतज्ञानियोका प्रमाण पल्यके असख्यातवें भागप्रमाण है, मन.पर्ययवाले कुछ सख्यात हैं तथा केवलियोका प्रमाण सिद्धराशिसे कुछ अधिक है।

भावार्थ—सिद्धराशिमे जिनकी (अर्हन्तोकी) सख्या मिलानेसे केवलियोका प्रमाण होता है।

ओहिरहिदा तिरिक्खा, मदिणाणिअसंखभागगा मणुगा ।
संखेज्जा हु तदूणा, मदिणाणी ओहिपरिमाण ॥ ४६२ ॥

अवधिरहिता तिर्यञ्चः मतिज्ञान्यसख्याभागका मनुजाः ।
सख्येया हि तदूना मतिज्ञानिनः अवधिपरिमाणम् ॥ ४६२ ॥

अर्थ—अवधिज्ञानरहित तिर्यञ्च मतिज्ञानियोकी सख्याके असख्यातवें भागप्रमाण हैं और अवधिज्ञानरहित मनुष्य संख्यात हैं। तथा इन दोनो ही राशियोको मतिज्ञानियोके प्रमाणमेसे घटाने पर जो शेप रहे उतना ही अवधिज्ञानियोका प्रमाण है।

पल्लासंखघणंगुलहदसेणितिरिक्खगदिविभंगजुदा ।
णरसहिदा किंचूणा, चदुगदिवेभंगपरिमाण ॥ ४६३ ॥

पल्यासख्यघनागुलहतश्रेणितिर्यग्गतिभंगयुताः ।
नरसहिताःकिञ्चिदूना चतुर्गतिवैभंगपरिमाणम् ॥४६३॥

अर्थ—पल्यके असख्यातवें भागसे गुणित घनांगुलका और जगच्छ्रेणीका गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उतने तिर्यञ्च, और सख्यात मनुष्य, घनांगुलके द्वितीय वर्गमूलसे गुणित जगच्छ्रेणी प्रमाण नारकी[1], तथा सम्यग्दृष्टियोके प्रमाणसे रहित सामान्य देवराशि, इन चारो राशियोंके जोडनेसे जो प्रमाण हो उतने विभंगज्ञानी हैं।

सण्णाणरासिपचयपरिहीणो सव्वजीवरासी हु ।
मदिसुद-अण्णाणीणं, पत्तेयं होदि परिमाणं ॥४६४॥

सद्ज्ञानराशिपञ्चकपरिहीन सर्वजीवराशिर्हि ।
मतिश्रुताज्ञानिना प्रत्येक भवति परिमाणम् ॥४६४॥

---

१ परन्तु इसमे से सम्यग्दृष्टियोका प्रमाण घटाना।

अर्थ—पांच सम्यग्ज्ञानी जीवोके प्रमाणको (केवलियोंके प्रमाणसे कुछ अधिक) सम्पूर्ण जीवराशिके प्रमाणमेसे घटानेपर जो शेष रहे उतने कुमतिज्ञानी तथा उतने ही कुश्रुतज्ञानी जीव हैं।

॥ इति ज्ञानमार्गणाधिकार ॥

•

॥ अथ संयममार्गणाधिकारः ॥

क्रमानुसार ज्ञानमार्गणाका वर्णन करके अब सयममार्गणाका प्ररूपण करते हैं। उसमे सबसे प्रथम संयमका लक्षण बताते हैं—

वदसमिदिकसायाणं, दंडाण तहिंदियाण पंचण्हं।
धारणपालणणिग्गहचागजओ संजमो भणिओ[1] ॥४६५॥

व्रतसमितिकषायाणां दण्डानां तथेन्द्रियाणां पंचानाम्।
धारणपालननिग्रहत्यागजयः संयमो भणितः ॥४६५॥

अर्थ—अहिंसा, अचौर्य, सत्य, शील (ब्रह्मचर्य) अपरिग्रह इन पांच महाव्रतोका धारण करना ईर्या भाषा एषणा आदाननिक्षेपण उत्सर्ग इन पाच समितियोका पालना, क्रोधादि चार प्रकारकी कषायोका निग्रह करना, मन, वचन, कायरूप दण्डका त्याग, तथा पांच इन्द्रियोंका जय, इसको संयम[2] कहते हैं। अतएव संयमके पांच भेद हैं।

संयमकी उत्पत्तिका कारण बताते हैं—

बादरसंजलणुदये, सुहुमुदये समखये य मोहस्स।
संजमभावो णियमा, होदि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥४६६॥

बादरसंज्वलनोदये सूक्ष्मोदये शमक्षययोश्च मोहस्य।
सयमभावो नियमात् भवतीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥४६६॥

अर्थ—बादर सज्वलनके उदयसे अथवा सूक्ष्मलोभके उदयसे और मोहनीय कर्मके उपशमसे अथवा क्षयसे नियमसे सयमरूप भाव उत्पन्न होते हैं ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

इसी अर्थको दो गाथाओ द्वारा स्पष्ट करते हैं—

बादरसंजलणुदये, बादरसंजमतियं खु परिहारो।
पमदिदरे सुहुमुदये, सुहुमो संजमगुणो होदि ॥४६७॥

बादरसंज्वलनोदये बादरसंयमत्रिकं खलु परिहार।
प्रमत्तेतरस्मिन् सूक्ष्मोदये सूक्ष्मः संयमगुणो भवति ॥४६७॥

अर्थ—जो संयमके विरोधी नही हैं ऐसे बादर सज्वलन कषायके देशघाति स्पर्धकोके उदयसे

---

१ प. सं. १ गा नं. ९२। २. सं-सम्यक् प्रकारेण यमनं-निरोधः संयम.।

सामयिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि ये तीन संयम-चारित्र होते हैं। इनमेसे परिहारविशुद्धि सयम तो प्रमत्त और अप्रमत्तमे ही होता है, किन्तु सामायिक और छेदोपस्थापना प्रमत्तादि अनिवृत्तिकरणपर्यन्त होते हैं। सूक्ष्मकृष्टिको प्राप्त संज्वलन लोभके उदयसे सूक्ष्मसापराय गुणस्थान-वर्ती सयम होता है।

भावार्थ—ये संयम या चारित्रके भाव बादर संज्वलनकषायके उदय क्षयोपशम, उपशम और क्षयसे हुआ करते हैं। सज्वलनका अर्थ भी यही है कि स अर्थात् सयमके साथ ज्वलति जलती रहे। मतलब यह कि यह कषाय सयमको सर्वथा विरोधी नही है। सयमचारित्रके-आगम प्रसिद्ध पाच भेद इस प्रकार हैं—सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसापराय और यथाख्यात। इनमेसे पहले तीन चारित्र संज्वलनके क्षयोपशमसे हुआ करते हैं। परन्तु परिहारविशुद्धि संयम प्रमत्त और अप्रमत्त गुणस्थानमे ही रहा करता है और सामायिक छेदोपस्थापना सयम प्रमत्त-छट्ठे गुणस्थानसे लेकर नौवे गुणस्थान अनिवृत्तिकरण पर्यन्त पाये जाते हैं। सूक्ष्मसाम्पराय चारित्र दशवे गुण-स्थानमे हुआ करता है जब कि सज्वलन लोभ कषाय सूक्ष्मकृष्टिको प्राप्त होकर अत्यन्त सूक्ष्मरूप-मे उदयमे आया करता है। यथाख्यात चारित्र सम्पूर्ण मोहनीयकर्मके उपशमसे ग्यारहवे गुणस्थान उपशातकषायमे और सर्वथा क्षयसे क्षीणकषाय बारहवे गुणस्थानसे लेकर चौदहवे गुणस्थान तक पाया जाता है जैसा कि आगे की गाथामे बताया जा रहा है।

जहखादसंजमो पुण, उवसमदो होदि मोहणीयस्स।
खयदो वि य सो णियमा, होदि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥४६८॥

यथाख्यातसयमः पुन. उपशमतो भवति मोहनीयस्य।
क्षयतोऽपि च स नियमात् भवतीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥४६८॥

अर्थ—यथाख्यात सयम नियमसे मोहनीय कर्मके उपशम या क्षयसे होता है ऐसा जिनेन्द्रदेव-ने कहा है।

तदियकसायुदयेण य, विरदाविरदो गुणो हवे जुगवं।
विदियकसायुदयेण य, असंजमो होदि णियमेण ॥४६९॥

तृतीयकषायोदयेन च विरताविरतो गुणो भवेत् युगपत्।
द्वितीयकषायोदयेन च असयमो भवति नियमेन ॥ ४६९ ॥

अर्थ—तीसरी प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे विरताविरत = देशविरत = मिश्रविरत-संयमासयम नामका पाचवाँ गुणस्थान होता है और दूसरी अप्रत्याख्यान कषायके उदयसे असंयम (संयमका अभाव) होता है।

भावार्थ—इस तरह कुल मिलाकर संयमके सात भेद होते हैं जिनका कि यहाँ पर सयम मार्गणामे आगे वर्णन किया जायगा।

सामायिक संयमका निरूपण करते हैं—

संगहिय सयलसंजममेयजममणुत्तरं दुरवगम्मं।
जीवो समुव्वहंतो, सामाइयसंजमो होदि[1] ॥४७०॥

---

१. प. खं. १ गाथा नं. ८७।

संगृह्य सकलसंयममेकयममनुत्तरं दुरवगम्यम् ।
जीवः समुद्वहन् सामायिकसयमो भवति ॥४७०॥

अर्थ—उक्त व्रतधारण आदिक पाच प्रकारके संयममे सग्रह नयकी अपेक्षासे एकयम-भेद रहित होकर अर्थात् अभेद रूपसे 'मै सर्व सावद्यका त्यागी हूँ" इस तरहसे जो सम्पूर्ण सावद्यका त्याग करना इसको सामायिक संयम कहते हैं। यह संयम अनुपम है तथा दुर्लभ है और दुर्धर्ष है। इसके पालन करनेवालेको सामायिकसयमी कहते है।

छेदोपस्थापना सयमका निरूपण करते हैं।

छेत्तूण य परियायं, पोराणं जो ठवेइ अप्पाणं ।
पंचजमे धम्मे सो, छेदोवट्ठावगो जीवो[1] ॥४७१॥

छित्वा च पर्यायं पुराण य. स्थापयति आत्मानम् ।
पंचयमे धर्म्मे सः छेदोपस्थापको[2] जीवः ॥४७१॥

अर्थ—प्रमादके निमित्तसे सामायिकादिसे च्युत होकर जो सावद्य क्रियाके करनेरूप सावद्य-पर्याय होती है उसका प्रायश्चित्तविधिके अनुसार छेदन करके जो जीव अपनी आत्माको व्रतधारणादिक पाच प्रकारके संयमरूप धर्ममे स्थापन करता है उसको छेदोपस्थापनसयमी कहते हैं।

परिहारविशुद्धिसयमीका स्वरूप बताते हैं—

पंचसमिदो तिगुत्तो, परिहरइ सदा वि जो हु सावज्जं ।
पंचेक्कजमो पुरिसो, परिहारयसंजदो सो हु[3] ॥४७२॥

पञ्चसमितः त्रिगुप्तः परिहरति सदापि यो हि सावद्यम् ।
पञ्चैकयम. पुरुषः परिहारकसंयतः स हि ॥४७२॥

अर्थ—पाच प्रकारके संयमियोंमेसे सामान्य-अभेदरूपसे अथवा विशेष-भेदरूपसे सर्व-सावद्यका सर्वथा परित्याग करनेवाला जो जीव पाच समिति और तीन गुप्तिको धारण कर उनसे युक्त रहकर सदा सावद्यका त्याग करता है उस पुरुषको परिहारविशुद्धिसंयमी कहते हैं। अर्थात् जो इस तरहसे सावद्यसे सदा दूर रहता है वह जीव पाच प्रकारके संयमियोमे तीसरे परिहारविशुद्धिसयमका धारक माना जाता है।

इसीका विशेष स्वरूप कहते हैं—

तीसं वासो जम्मे, वासपुधत्तं खु तित्थयरमूले ।
पच्चक्खाणं पढिदो, संझूणदुगाउयविहारो ॥४७३॥

त्रिंशद्वार्षो जन्मनि वर्षपृथक्त्व खलु तीर्थंकरमूले ।
प्रत्याख्यानं पठितः सध्योनद्विगव्यूतिविहार. ॥४७३॥

---

१. प. खं १ गा. नं १८८।

२ छेदेन-प्रायश्चित्तेन य आत्मानं संयमे उपस्थापयति अथवा छेदे सति पुनः य. आत्मानं संयमे उपस्थापयति स छेदोपस्थापक ।

३ प. खं १ गा नं १८९ तत्र 'पचममेयजमो वा "इति पाठ'।

अर्थ—जन्मसे लेकर तीस वर्षतक सदा सुखी रहकर पुनः दीक्षा ग्रहण करके श्री तीर्थंकर भगवानके पादमूलमे आठ वर्षतक प्रत्याख्यान नामक नौवें पूर्वका अध्ययन करनेवाले जीवके यह संयम होता है। इस संयमवाला जीव तीन सध्याकालोको छोड़कर प्रतिदिन दो कोस पर्यन्त गमन करता है, रात्रिको गमन नही करता। और इसके वर्षाकालमे गमन करनेका या न करनेका कोई नियम नही है।

भावार्थ—जिस संयममे परिहारके साथ विशुद्धि हो उसको परिहारविशुद्धि संयम कहते हैं। प्राणिपीडाके त्यागको परिहार कहते हैं। इस संयमवाला जीव जीवराशिमे विहार करता हुआ भी जलसे कमलकी तरह हिंसासे लिप्त नही होता[1] अतएव इसको वर्षायोगका नियम नही रहता।

सूक्ष्मसाम्पराय संयमवालेका स्वरूप बताते हैं—

अणुलोहं वेदंतो, जीवो उवसामगो व खवगो वा।
सो सुहुमसांपराओ, जहखादेणूणओ किंचि[2] ॥ ४७४ ॥

अणुलोभं विदन् जीव. उपशामको वा क्षपको वा।
स सूक्ष्मसाम्पराय यथाख्यातेनोनः किञ्चित् ॥ ४७४ ॥

अर्थ—जिस उपशमश्रेणीवाले अथवा क्षपकश्रेणिवाले जीवके अणुमात्र लोभ-सूक्ष्मकृष्टिको प्राप्त लोभकषायके उदयका अनुभव होता है उसको सूक्ष्मसापरायसंयमी कहते है। इसके परिणाम यथाख्यात चारित्रवाले जीवके परिणामोसे कुछ ही कम होते हैं, क्योंकि यह संयम दशवें गुण-स्थानमे होता है और यथाख्यात संयम ग्यारहवेंसे शुरू होता है।

यथाख्यात सयमका स्वरूप बताते हैं—

उवसंते खीणे वा, असुहे कम्मम्मि मोहणीयम्मि।
छदुमट्ठो व जिणो वा, जहखादो संजदो सो[3] दु ॥ ४७५ ॥

उपशान्ते क्षीणे वा अशुभे कर्मणि मोहनीये।
छद्मस्थो वा जिनो वा यथाख्यातः संयतः स तु ॥ ४७५ ॥

अर्थ—अशुभरूप मोहनीय कर्मके सर्वथा उपशम होजानेसे ग्याहवे गुणस्थानवर्ती जीवोके, और सर्वथा क्षीण होजानेसे बारहवे गुणस्थानवर्ती जीवोके तथा तेरहवें चौदहवें गुणस्थानवाले जीवोके यथाख्यात सयम होता है।

भावार्थ—यथावस्थित आत्मस्वभावकी उपलब्धिको यथाख्यातसंयम कहते हैं। यह संयम ग्यारहवेंसे लेकर चौदहवें तक चार गुणस्थानोमें होता है। ग्यारहवेंमें चारित्रमोहनीय कर्मके उपशमसे और ऊपरके तीन गुणस्थानोमे क्षयसे यह होता है। इस तरहसे यह संयम छद्मस्थ और

---

१. परिहारर्द्धिसमेत. जीव. षट्कायसंकुले विहरन्। पयसेव पद्मपत्रं न लिप्यते पापनिवहेन ॥ १ ॥ परिहरणं परिहार प्राणिवधान्निवृत्तिः तेन विशिष्टा शुद्धिर्यस्मिन् स संयमो यस्य स परिहार-विशुद्धिसयम।

२, ३ ष. खं. १, गाथा नं १९०–१९१।

जीवा चोद्दसभेया, इंदियविसया तहट्ठवीसं तु ।
जे तेसु णेव विरया, असंजदा ते मुणेदव्वा ॥ ४७८ ॥

जीवाश्चतुर्दशभेदा इन्द्रियविषयाः तथाष्टाविंशतिस्तु ।
ये तेषु नैव विरता असंयताः ते मन्तव्याः ॥ ४७८ ॥

अर्थ—चौदह प्रकारके जीवसमास और अट्ठाईस प्रकारके इन्द्रियोंके विषय इनसे जो विरक्त नही हैं उनको असंयत कहते हैं ।

भावार्थ—चौदह जीवसमासोंके भेद पहले[5] बता चुके हैं और इन्द्रिय विषयोंके अट्ठाईस

१,२,४ प स. १ गा. नं १९२,१९३,१९४ ।

३ इन ग्यारह प्रतिमाओंका स्वरूप रत्नकरण्डश्रावकाचार, यशस्तिलक उपासकाध्ययन, सागारधर्मामृत आदि चरणानुयोगके ग्रंथोंसे जानना चाहिये ।

५. देखो गाथा नं० ७२ ।

भेद आगेकी गाथामें बता रहे हैं। जो इनसे विरत हैं वे सयमी हैं। जो विरत नही हैं वे असंयमी है। संयम दो प्रकारका है—प्राणिसंयम और इन्द्रियसंयम। जीवोकी रक्षाको प्राणिसयम और इन्द्रिय विषयोंके त्यागको इन्द्रियसयम कहते है। जो इस सयमसे रहित हैं उनको असयमी कहते हैं।

अट्ठाईस इन्द्रियविषयोके नाम गिनाते है—

पंचरसपंचवण्णा, दो गंधा अट्ठफाससत्तसरा।
मणसहिदट्ठावीसा इंदियविसया मुणेदव्वा ॥ ४७९ ॥

पञ्चरसपञ्चवर्णा द्वौ गन्धौ अष्टस्पर्शसप्तस्वराः।
मनःसहिताः अष्टाविंशति इन्द्रियविषया मन्तव्या. ॥ ४७९ ॥

अर्थ—पांच रस (मीठा, खट्टा, कषायला, कडुवा, चरपरा) पाच वर्ण (सफेद, पीला, हरा[1] लाल, काला) दो गन्ध (सुगध, दुर्गन्ध) आठ स्पर्श (कोमल, कठोर, हल्का, भारी, शीत, उष्ण, रूखा, चिकना) सात स्वर (षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत, निषाद) और एक मन इस तरह ये इन्द्रियोके अट्ठाईस विषय हैं।

संयममार्गणामें जीवसंख्या बताते हैं—

पमदादिचउण्हजुदी, सामयियदुगं कमेण सेसतियं।
सत्तसहस्सा णवसय, णवलक्खा तीहिं परिहीणा ॥ ४८० ॥

प्रमत्तादिचतुर्णां युति. सामायिकद्विकं क्रमेण शेपत्रिकम्।
सप्त सहस्राणि नव शतानि नव लक्षाणि त्रिभि परिहीनानि ॥ ४८० ॥

अर्थ—प्रमत्तादि चार गुणस्थानवर्ती जीवोका जितना प्रमाण[2] है उतने सामायिकसंयमी होते हैं और उतने ही छेदोपस्थापनासयमी होते हैं। परिहारविशुद्धि संयमवाले तीन कम सात हजार (६९९७) सूक्ष्मसांपराय संयमवाले तीन कम नौ सौ (८९७) यथाख्यातसंयमवाले तीन कम नौ लाख (८९९९९७) होते हैं।

पल्लासंखेज्जदिमं, विरदाविरदाण दव्वपरिमाणं।
पुव्वुत्तरासिहीणा, संसारी अविरदाण पमा ॥ ४८१ ॥

पल्यासंख्येयं विरताविरतानां द्रव्यपरिमाणम्।
पूर्वोक्तराशिहीना संसारिण अविरतानां प्रमा ॥ ४८१ ॥

अर्थ—पल्यके असंख्यातवें भाग देशसयमी जीवोका प्रमाण है। इस प्रकार उक्त सयमियो और देशसंयमियोंको मिलाकर छह राशियोको संसारी जीवराशिमेसे घटाने पर जो शेष रहे उतना असंयमियोका प्रमाण है।

॥ इति संयममार्गणाधिकारः ॥

---

१. कही हरेकी जगह नील कही नील की जगह हरित पाठ बोला जाता है। कृष्ण-नील-पीत-शुक्ल-लोहितभेदात्। स. सि. ५-२३ तथा ८.११।

२. आठ करोड नब्बे लाख निन्यानवे हजार एक सौ तीन (८९०९९१०३)।

क्रमप्राप्त दर्शनमार्गणाका निरूपण करते हैं—

जं सामण्णं गहणं, भावाणं णेव कट्टुमायारं ।
अविसेसदूण अट्ठे, दंसणमिदि भण्णदे समये[1] ॥ ४८२ ॥

यत् सामान्यं ग्रहणं भावनां नैव कृत्वाकारम् ।
अविशेष्यार्थान् दर्शनमिति भण्यते समये ॥ ४८२ ॥

अर्थ—सामान्य-विशेषात्मक पदार्थके विशेष अंशको ग्रहण न करके केवल सामान्य अंशका जो निर्विकल्परूपसे ग्रहण होता है उसको परमागममें दर्शन कहते हैं।

भावार्थ—यद्यपि वस्तु सामान्य-विशेषात्मक है फिर भी उसमें आकार-भेद न करके जाति गुण क्रिया आकार प्रकारकी विशेषता किए विना ही जो स्व या परका सत्तामात्र सामान्य ग्रहण होता है वही दर्शनोपयोग है।[2]

उक्त अर्थको ही स्पष्ट करते हैं—

भावाणं सामण्ण-विसेसयाणं सरूवमेत्तं जं ।
वण्णणहीणग्गहणं, जीवेण य दंसणं होदि ॥ ४८३ ॥

भावानां सामान्य-विशेषकाना स्वरूपमात्रं यत् ।
वर्णनहीनग्रहणं जीवेन च दर्शनं भवति ॥ ४८३ ॥

अर्थ—सामान्य-विशेषात्मक पदार्थोंकी स्वरूपमात्र स्व-परसत्ताका निर्विकल्परूपसे जीवके द्वारा जो अवभासन होता है उसको दर्शन कहते है।

भावार्थ—पदार्थोंमें सामान्य विशेष दोनो ही धर्म रहते हैं; किन्तु इनके केवल स्वरूपमात्रकी अपेक्षासे जो स्व-परसत्ताका अभेदरूप निर्विकल्प अवभासन होता है उसको दर्शन[3] कहते हैं अतएव वह निराकार है और इसीलिए इसका शब्दोके द्वारा प्रतिपादन नही किया जा सकता। इसके चार भेद हैं—चक्षुर्दर्शन, अचक्षुर्दर्शन, अवधिदर्शन, केवलदर्शन।

प्रथम चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शनका स्वरूप कहते हैं—

चक्खूण जं पयासइ, दिस्सइ तं चक्खुदंसणं वेंति ।
सेसिंदियप्पयासो, णायव्वो सो अचक्खु त्ति[4] ॥ ४८४ ॥

चक्षुषोः यत् प्रकाशते पश्यति तत् चक्षुर्दर्शनं ब्रुवन्ति ।
शेषेन्द्रियप्रकाशो ज्ञातव्य. स अचक्षुरिति ॥ ४८४ ॥

अर्थ—चक्षुरिन्द्रिय सम्बन्धी जो सामान्य प्रकाश-आभास अथवा देखना, अथवा वह ग्रहण-विपयका प्रकाशनमात्र जिसके द्वारा हो—जिसके द्वारा वह देखा जाय, यद्वा उसके कर्ता—देखनेवालेको

---

१. द्र सं गा नं. ४३ तथा प खं १ गा. न. ९३।

२. इस गाथा का विशेष अर्थ जाननेके लिए देखो प. स. १ पृ १४५ से १४९।

३. पश्यति दृश्यते अनेन दर्शनमात्रं वा दर्शनम्।

४ प. खं १ गाथा नं. १९५,१९६। तथा देखो पृ ३८० से ३८२।

चक्षुर्दर्शन कहते है और चक्षुके सिवाय दूसरी चार इन्द्रियोके द्वारा अथवा मनके द्वारा जो पदार्थका सामान्यरूप ग्रहण होता है उसको अचक्षुर्दर्शन कहते है।

अवधिदर्शनका स्वरूप बताते है—

परमाणुआदियाइं, अन्तिमखंधं ति मुत्तिदव्वाइं।
तं ओहिदंसणं पुण, जं पस्सइ ताइं पच्चक्खं[1] ॥ ४८५ ॥

परमाण्वादीनि अन्तिमस्कन्धमिति मूर्तद्रव्याणि।
तदवधिदर्शनं पुन यत् पश्यति तानि प्रत्यक्षम् ॥ ४८५ ॥

अर्थ—अवधिज्ञान होनेके पूर्व समयमे अवधिके विषयभूत परमाणुसे लेकर महास्कन्धपर्यन्त मूर्तद्रव्यका जो सामान्यरूपसे प्रत्यक्ष–देखना–ग्रहण–प्रकाश–अवभासन होता है उसको अवधिदर्शन कहते है। इस अवधिदर्शनके अनन्तर प्रत्यक्ष अवधिज्ञान होता है।

केवलदर्शनको कहते हैं—

बहुविहबहुप्पयारा, उज्जोवा परिमियम्मि खेत्तम्मि।
लोगालोगवितिमिरो, जो केवलदंसणुज्जोओ[2] ॥ ४८६ ॥

बहुविधबहुप्रकारा उद्योता. परिमिते क्षेत्रे।
लोकालोकवितिमिरो य. केवलदर्शनोद्योत: ॥ ४८६ ॥

अर्थ—तीव्र, मद, मध्यम आदि अनेक अवस्थाओकी अपेक्षा तथा चन्द्र-सूर्य आदि पदार्थोकी अपेक्षा अनेक प्रकारके प्रकाश जगत्मे पाये जाते हैं, परन्तु वे परिमित क्षेत्रमे ही रहते और काम करते है, किन्तु जो लोक और अलोक दोनो जगह प्रकाश करता है ऐसे आत्माके सामान्य आभासरूप प्रकाशको केवलदर्शन कहते हैं।

भावार्थ—समस्त पदार्थोका जो सामान्य दर्शन होता है उसको केवलदर्शन कहते है।

दर्शनमार्गणामे दो गाथाओद्वारा जीवसख्या बताते है—

जोगे चउरक्खाणं, पंचक्खाणं च खीणचरिमाणं।
चक्खूणमोहिकेवलपरिमाणं, ताण णाणं च ॥ ४८७ ॥

योगे चतुरक्षाणा पञ्चाक्षाणा क्षीणचरमाणाम्।
चक्षुषामवधिकेवलपरिमाण तेषां ज्ञान च ॥ ४८७ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टिसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थानपर्यन्त जितने पञ्चेन्द्रिय हैं उनका तथा चतुरिन्द्रिय जीवोकी सख्याका परस्पर जोड़ देनेसे जो राशि उत्पन्न हो उतने ही चक्षुर्दर्शनी जीव हैं। और अवधिज्ञानी तथा केवलज्ञानी जीवोका जितना प्रमाण है उतना ही क्रमसे अवधिदर्शनी तथा केवलदर्शनवालोका प्रमाण है।

भावार्थ—चक्षुर्दर्शन दो प्रकारका होता है, एक शक्तिरूप दूसरा व्यक्तिरूप। चतुरिन्द्रिय पञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तक जीवोके शक्तिरूप चक्षुर्दर्शन होता है, और पर्याप्त जीवोके व्यक्तिरूप चक्षु-

१ ष ख १ गाथा न १९६।
२. ष. खं १ गाथा नं. १९७।

दर्शन होता है। इनमेसे प्रथम शक्तिरूप चक्षुदर्शनवालोका प्रमाण बताते हैं। आवलीके असंख्यातवें भागका प्रतरांगुलमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका भी जगत्प्रतरमे भाग देनेसे जितना लब्ध आवे उतनी राशिप्रमाण त्रसराशि है। उसमें त्रैराशिक द्वारा लब्ध चतुरिन्द्रिय पंचेन्द्रियोके प्रमाण-मेंसे कुछ कम करना, क्योकि द्वीन्द्रियादि जीवोका प्रमाण उत्तरोत्तर कुछ कुछ कम कम होता गया है। तथा लब्ध राशिमेसे पर्याप्त जीवोंका प्रमाण घटाना। शेष शक्तिरूप चक्षुर्दर्शनवाले जीवोंका प्रमाण होता है। इस ही तरह पर्याप्त त्रस राशिमे चारका भाग देकर दोसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमेंसे कुछ कम व्यक्तरूप चक्षुर्दर्शनवालोका प्रमाण है। अवधिदर्शनवाले जीवोंका प्रमाण अवधिज्ञानियोके बराबर है और केवलज्ञानियोके बराबर केवलदर्शनवाले जीवोंका प्रमाण है।

अचक्षुर्दर्शनवालोका प्रमाण बताते हैं—

एइंदियपहुदीणं, खीणकसायंतणंतरासीणं।
जोगो अचक्खुदंसणजीवाणं होदि परिमाणं ॥ ४८८ ॥

एकेन्द्रियप्रभृतीनां क्षीणकपायान्तानन्तराशीनाम्।
योगः अचक्षुर्दर्शनजीवानां भवति परिमाणम् ॥ ४८८ ॥

अर्थ—एकेन्द्रिय जीवोंसे लेकर क्षीणकपायपर्यन्त अनन्तराशिके जोड़को अचक्षुर्दर्शनवाले जीवोंका प्रमाण समझना चाहिये।

॥ इति दर्शनमार्गणाधिकारः ॥

●

अथ लेश्यामार्गणाधिकारः

क्रमप्राप्त लेश्यामार्गणाका वर्णन करनेके पहले लेश्याका निरुक्तिपूर्वक लक्षण कहते हैं—

लिंपइ अप्पीकीरइ, एदीए णियअपुण्णपुण्णं च।
जीवो त्ति होदि लेस्सा लेस्सागुणजाणयक्खादा[1] ॥४८९॥

लिम्पत्यात्मीकरोति एतया निजापुण्यपुण्यं च।
जीव इति भवति लेश्या लेश्यागुणज्ञायकाख्याता ॥४८९॥

अर्थ—लेश्याके गुणको-स्वरूपको जाननेवाले गणधरादि देवोंने लेश्याका स्वरूप ऐसा कहा है कि जिसके द्वारा जीव अपनेको पुण्य और पापसे लिप्त करे,=पुण्य और पापके अधीन करे उसको लेश्या[2] कहते हैं।

भावार्थ—लेश्या दो प्रकारकी है—द्रव्यलेश्या और भावलेश्या। द्रव्यलेश्या शरीरके वर्ण-

---

१. प. खं. १ गाथा १४। तत्र "णिययपुण्णपावं च" इति पाठ।
२. जीवः पुण्यपापकर्मभिरात्मानं लिम्पत्यात्मीकरोत्यनया सा लेश्या।

रूप और भावलेश्या जीवके परिणामस्वरूप है। यहाँपर भावलेश्याको ही दृष्टिमे रखकर यह निरुक्तिसिद्ध लक्षण कहा गया है।

उक्त अर्थको ही स्पष्ट करते है—

जोगपउत्ती लेस्सा, कसायउदयाणुरंजिया होई।
तत्तो दोण्णं कज्जं, बंधचउक्कं समुद्दिट्ठं ॥४९०॥

योगप्रवृत्तिर्लेश्या कषायोदयानुरञ्जिता भवति।
ततः द्वयो कार्यं बन्धचतुष्कं समुद्दिष्टम् ॥४९०॥

अर्थ—कषायोदयसे अनुरक्त योगप्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं। इस ही लिये दोनोंका बन्धचतुष्करूप कार्य परमागममे कहा है।

भावार्थ—कषाय और योग इन दोनोंके जोड़को लेश्या कहते है। इस ही लिये कषायोदयानुरंजित योगप्रवृत्तिका जो बन्धचतुष्करूप कार्य है वही लेश्याका कार्य है, क्योंकि बन्धचतुष्कमेसे प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध योगके द्वारा होता है और स्थितिबन्ध तथा अनुभागबन्ध कषायके द्वारा होता है। जहाँ पर कषायोदय नही रहता वहाँपर केवल योगको भी उपचारसे लेश्या कहते है। अतएव वहाँ पर उपचरित लेश्याका कार्य भी केवल प्रकृति-प्रदेशबन्धरूप ही होता है, स्थिति-अनुभागबन्ध नही होता।

लेश्यामार्गणाका आगे क्रमसे जिनके द्वारा विशेष वर्णन किया जायगा उन सोलह अधिकारोंका दो गाथाओ द्वारा नामनिर्देश करते है—

णिद्देसवण्णपरिणामसंकमो कम्मलक्खणगदी य।
सामी साहणसंखा खेत्तं फासं तदो कालो ॥४९१॥
अन्तरभावप्पबहु अहियारा सोलसा हवंति त्ति।
लेस्साण साहणट्ठं जहाकमं तेहिं वोच्छामि ॥४९२॥

निर्देशवर्णपरिणामसंक्रमाः कर्मलक्षणगतयश्च।
स्वामी साधनसंख्ये क्षेत्रं स्पर्शस्ततः कालः ॥४९१॥
अन्तरभावाल्पबहुत्वमधिकाराः षोडश भवन्तीति।
लेश्यानां साधनार्थं यथाक्रमं तैर्वक्ष्यामि ॥४९२॥

अर्थ—निर्देश, वर्ण, परिणाम, संक्रम, कर्म, लक्षण, गति, स्वामी, साधन, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व ये लेश्याओंकी सिद्धिके लिये सोलह अधिकार परमागममे कहे गये हैं। इनके ही द्वारा आगे क्रमसे लेश्याओंका निरूपण करेंगे—

प्रथम निर्देशके द्वारा लेश्याका निरूपण करते हैं—

किण्हा णीला काऊ, तेऊ पम्मा य सुक्कलेस्सा य।
लेस्साणं णिद्देसा, छच्चेव हवंति णियमेण ॥४९३॥

कृष्णा नीला कापोता तेजः पद्मा च शुक्ललेश्या च।
लेश्यानां निर्देशाः षट् चैव भवन्ति नियमेन ॥४९३॥

अर्थ—लेश्याओके नियमसे ये छह ही निर्देश-संज्ञाए हैं—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजोलेश्या (पीतलेश्या) पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या।

भावार्थ—इस गाथामे कहे हुए एव शब्दके द्वारा ही नियम अर्थसिद्ध हो जानेसे पुन नियम शब्दका ग्रहण करना व्यर्थ ठहरता है। अतएव वह व्यर्थ ठहरकर ज्ञापन सिद्ध विशेप अर्थको सूचित करता है कि लेश्याके यद्यपि सामान्यतया नैगम नयकी अपेक्षा छह भेद ही हैं, तथापि पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे लेश्याओके असख्यात लोकप्रमाण अवान्तर भेद होते हैं।

वर्णकी अपेक्षासे वर्णन करते हैं—

वण्णोदयेण जणिदो, सरीरवण्णो दु दव्वदो लेस्सा।
सा सोढा किण्हादी, अणेयभेया सभेयेण ॥४९४॥

वर्णोदयेन जनित. शरीरवर्णस्तु द्रव्यतो लेश्या।
सा षोढा कृष्णादि. अनेकभेदा स्वभेदेन ॥४९४॥

अर्थ—वर्ण नामकर्मके उदयसे जो शरीरका वर्ण होता है उसको द्रव्यलेश्या कहते हैं। इसके कृष्ण नील कापोत पीत पद्म शुक्ल ये छह भेद है। तथा प्रत्येकके उत्तर भेद अनेक हैं।

छप्पयणीलकवोदसुहेमंवुजसंखसण्णिहा वण्णे।
सखेज्जासखेज्जाणंतवियप्पा य पत्तेयं ॥४९५॥

षट्पदनीलकपोतसुहेमाम्वुजशंखसन्निभा. वर्णे।
सख्येयासंख्येयानन्तविकल्पाश्च प्रत्येकम् ॥४९५॥

अर्थ—वर्णकी अपेक्षासे भ्रमरके समान कृष्णलेश्या, नीलमणिके (नीलमके) समान नीललेश्या, कवूतरके समान कापोतलेश्या, सुवर्णके समान पीतलेश्या, कमलके समान पद्मलेश्या, शखके समान शुक्ललेश्या होती है। इनमेसे प्रत्येकके इन्द्रियोसे प्रकट होनेकी अपेक्षा संख्यात भेद हैं, तथा स्कन्धोके भेदोकी अपेक्षा असंख्यात और परमाणुभेदकी अपेक्षा अनन्त तथा अनतानत भेद होते हैं।

किस गतिमे कौनसी लेश्या होती है यह वताते हैं—

णिरया किण्हा कप्पा, भावाणुगया हु तिसुरणरतिरिये।
उत्तरदेहे छक्कं, भोगे रविचंदहरिदंगा ॥ ४९६ ॥

निरया कृष्णा कल्पा· भावानुगता हि त्रिसुरनरतिरश्चि।
उत्तरदेहे षट्कं भोगे रविचन्द्रहरितागा ॥ ४९६ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण नारकी कृष्णवर्ण ही हैं। कल्पवासी देवोकी द्रव्यलेश्या (शरीरका वर्ण) भावलेश्याके सदृश होती है। भवनवासी व्यन्तर ज्योतिपी मनुष्य तिर्यञ्च इनकी द्रव्यलेश्या छहों होती हैं, तथा देवोंकी विक्रियाके द्वारा उत्पन्न होनेवाले शरीरका वर्ण भी छह प्रकारमेसे किसी भी एक प्रकारका होता है। उत्तम भोगभूमिवाले मनुष्य तिर्यचोका शरीर सूर्यसमान, मध्यम भोगभूमिवाले मनुष्य तिर्यंचोका शरीर चन्द्रसमान तथा जघन्य भोगभूमिवाले मनुष्य तिर्यंचोका शरीर हरितवर्ण होता है।

बादरआऊतेऊ, सुक्का तेऊय वाउकायाणं ।
गोमुत्तमुग्गवण्णा, कमसो अव्वत्तवण्णो य ॥ ४९७ ॥

बादराप्तैजसौ शुक्लतेजसौ वायुकायानाम् ।
गोमूत्रमुद्गवर्णौ क्रमशः अव्यक्तवर्णश्च ॥ ४९७ ॥

अर्थ—क्रमसे बादर जलकायिककी द्रव्यलेश्या शुक्ल और बादर तेजस्कायिककी पीतलेश्या होती है। वायुकायिकके तीन भेद हैं, घनोदधिवात, घनवात, तनुवात। इनमेंसे प्रथमका शरीर गोमूत्रवर्ण, दूसरेका शरीर मूगसमान और तीसरेके शरीरका वर्ण अव्यक्त है।

सव्वेसिं सुहुमाणं, कावोदा सव्वविग्गहे सुक्का ।
सव्वो मिस्सो देहो, कवोदवण्णो हवे णियमा ॥ ४९८ ॥

सर्वेषां सूक्ष्माणां कापोताः सर्वे विग्रहे शुक्लाः ।
सर्वो मिश्रो देहः कपोतवर्णो भवेन्नियमात् ॥ ४९८ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण सूक्ष्म जीवोका देह कपोतवर्ण है। विग्रहगतिमे सम्पूर्ण जीवोका शरीर शुक्लवर्ण होता है। तथा अपनी-अपनी पर्याप्तिके प्रारम्भ समयसे शरीरपर्याप्तिपर्यन्त समस्त जीवोका मिश्र शरीर नियमसे कपोतवर्ण होता है।

इस तरह दूसरा वर्णाधिकार पूर्ण हुआ। अब इसके अनन्तर क्रमानुसार पांच गाथाओमें परिणामाधिकारको कहते हैं—

लोगाणमसंखेज्जा, उदयट्ठाणा कसायगा होंति ।
तत्थ किलिट्ठा असुहा, सुहा विसुद्धा तदालावा ॥ ४९९ ॥

लोकानामसंख्येयान्युदयस्थानानि कषायगाणि भवन्ति ।
तत्र क्लिष्टान्यशुभानि शुभानि विशुद्धानि तदालापात् ॥ ४९९ ॥

अर्थ—कषायोके अनुभागरूप उदयस्थान असंख्यात लोकप्रमाण है। इनमेंसे अशुभ लेश्याओके संक्लेशरूप स्थान यद्यपि सामान्यसे असंख्यात लोकप्रमाण ही है तथापि विशेषताकी अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाणमे असंख्यात लोकप्रमाण राशिका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसके बहुभाग प्रमाण संक्लेशरूप स्थान है और एक भागप्रमाण शुभ लेश्याओंके विशुद्ध स्थान है। परन्तु सामान्यसे ये भी असंख्यात लोकप्रमाण ही है। जो संक्लेशरूप स्थान है वे अशुभलेश्यासम्बन्धी हैं और जो विशुद्धिस्थान है वे शुभलेश्यासम्बन्धी हैं।

तिव्वतमा तिव्वतरा, तिव्वा असुहा सुहा तहा मंदा ।
मंदतरा मंदतमा, छट्ठाणगया हु पत्तेयं ॥ ५०० ॥

तीव्रतमास्तीव्रतरास्तीव्रा अशुभाः शुभास्तथा मन्दा ।
मन्दतरा मन्दतमा- षट्स्थानगता हि प्रत्येकम् ॥ ५०० ॥

अर्थ—अशुभ लेश्यासम्बन्धी तीव्रतम तीव्रतर तीव्र ये तीन स्थान, और शुभलेश्यासम्बन्धी मन्द मन्दतर मन्दतम ये तीन स्थान होते हैं। इन कृष्ण लेश्यादिक छहों लेश्याओंमेंसे जो शुभ स्थान

हैं उनमे तो जघन्यसे उत्कृष्टपर्यन्त और जो अशुभ स्थान हैं उनमे उत्कृष्टसे जघन्यपर्यन्त प्रत्येक-भेदमे असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानपतित हानि-वृद्धि होती है।

असुहाणं वरमज्झिमअवरंसे किण्हणीलकाउतिए।
परिणमदि कमेणप्पा, परिहाणीदो किलेसस्स ॥ ५०१ ॥

अशुभानां वरमध्यमावरांशे कृष्णनीलकापोतत्रिकानाम्।
परिणमति क्रमेणात्मा परिहानितः क्लेशस्य ॥ ५०१ ॥

अर्थ—कृष्ण नील कापोत इन तीन अशुभ लेश्याओके उत्कृष्ट मध्यम जघन्य अंशरूपमे यह आत्मा क्रमसे सक्लेशकी हानिरूपसे परिणमन करता है।

भावार्थ—इस आत्माकी जिस जिस तरह संक्लेशपरिणति कम कम होती जाती है उसी उसी तरह यह आत्मा अशुभ लेश्याओमेसे उत्कृष्ट कृष्ण लेश्याको छोड़कर नील लेश्यारूपमे और नीललेश्याको छोड़कर कापोतलेश्याके रूपमे परिणमन करता है। इसी तरह—

काऊ णीलं किण्हं, परिणमदि किलेसवड्ढिदो अप्पा।
एवं किलेसहाणीवड्ढीदो, होदि असुहतियं ॥ ५०२ ॥

कापोतं नीलं कृष्णं परिणमति क्लेशवृद्धित आत्मा।
एवं क्लेशहानि-वृद्धित. भवति अशुभत्रिकम् ॥ ५०२ ॥

अर्थ—उत्तरोत्तर संक्लेशपरिणामोंकी वृद्धि होनेसे यह आत्मा कापोतसे नील और नीलसे कृष्णलेश्यारूप परिणमन करता है। इस तरह यह जीव संक्लेशकी हानि और वृद्धिकी अपेक्षासे तीन अशुभ लेश्यारूप परिणमन करता है।

तेऊ पउमे सुक्के, सुहाणमवरादिअंसगे अप्पा।
सुद्धिस्स य वड्ढीदो, हाणीदो अण्णहा होदि ॥ ५०३ ॥

तेजसि पद्मे शुक्ले शुभानामवराद्यंशगे आत्मा।
शुद्धेश्च वृद्धितो हानितः अन्यथा भवति ॥ ५०३ ॥

अर्थ—उत्तरोत्तर विशुद्धिकी वृद्धि होनेसे यह आत्मा पीत पद्म शुक्ल इन तीन शुभ लेश्याओ के जघन्य मध्यम उत्कृष्ट अशरूपमे परिणमन करता है। तथा विशुद्धिकी हानि होनेसे उत्कृष्टसे जघन्यपर्यन्त शुक्ल पद्म पीत लेश्यारूप परिणमन करता है। इस तरह शुद्धिकी हानि वृद्धि होनेसे शुभ लेश्याओका परिणमन होता है।

उक्त परिणामाधिकारको मनमे रखकर अब क्रमानुसार चौथे संक्रमाधिकारका तीन गाथाओ द्वारा निरूपण करते हैं—

संकमणं सट्ठाण-परट्ठाणं होदि किण्ह-सुक्काणं।
वड्ढीसु हि सट्ठाणं उभयं हाणिम्मि सेस उभये वि ॥ ५०४ ॥

संक्रमण स्वस्थान-परस्थानं भवति कृष्ण-शुक्लयोः।
वृद्धिषु हि स्वस्थानमुभयं हानौ शेषस्योभयेऽपि ॥ ५०४ ॥

अर्थ—परिणामोंकी पलटनको संक्रमण कहते हैं। उसके दो भेद है—एक स्वस्थानसक्रमण, दूसरा परस्थान संक्रमण। किसी विवक्षित लेश्याका एक परिणाम छूटकर उस ही लेश्यारूप जब दूसरा परिणाम होता है वहाँ स्वस्थानसक्रमण होता है। और किसी विवक्षित लेश्याका एक परिणाम छूटकर किसी दूसरी लेश्या (विवक्षित लेश्यासे भिन्न) का जब कोई परिणाम होता है वहाँ परस्थानसंक्रमण होता है।

कृष्ण और शुक्ललेश्यामे वृद्धिकी अपेक्षा स्वस्थान-संक्रमण ही होता है और हानिकी अपेक्षा स्वस्थान, परस्थान दोनो ही सक्रमण होते हैं। तथा शेष चार लेश्याओमे हानि तथा वृद्धि दोनो अपेक्षाओंमें स्वस्थान, परस्थान दोनो ही सक्रमणोके होनेकी सम्भावना है।

भावार्थ—कृष्णलेश्या अशुभलेश्या है, इसलिये उसमे यदि सक्लेशताकी वृद्धि होगी तो कृष्णलेश्याके उत्कृष्ट अंशपर्यन्त ही होगी। तथा शुक्ललेश्या शुभलेश्या है इसलिये शुक्ललेश्यामे यदि शुभपरिणामोकी वृद्धि होगी तो शुक्ललेश्याके उत्कृष्ट अश पर्यन्त ही होगी। इसलिये वृद्धिकी अपेक्षा कृष्ण और शुक्ललेश्यामे स्वस्थानसक्रमण ही है। तथा कृष्णलेश्यामे सक्लेशताकी यदि हानि हो तो कृष्णलेश्याके जघन्य अशपर्यंन्त भी हो सकती है और इसके नीचे नील कापोत लेश्यारूप भी हो सकती है, इसलिये कृष्णलेश्यामे हानिकी अपेक्षा दोनो सक्रमण सम्भव है। इस ही तरह शुक्ललेश्यामे यदि विशुद्धताकी हानि हो तो शुक्ललेश्याके जघन्य अशपर्यन्त भी हो सकती है और उसके नीचे पद्म लेश्यारूप भी हो सकती है, इसलिये इसमे भी हानिकी अपेक्षा दोनो सक्रमण सम्भव है। किन्तु मध्यकी चार लेश्याओमेसे अशुभ लेश्याओमे सक्लेशताकी हानि हो या वृद्धि हो दोनो प्रकारके संक्रमणोमेसे कोई भी सक्रमण हो सकता है। तथा शुभलेश्याओमे विशुद्धताकी हानि हो या वृद्धि हो दोनो प्रकारके सक्रमणोमेसे कोई भी सक्रमण हो सकता है। जैसे पद्मलेश्यामे यदि विशुद्धताकी वृद्धि हुई तो वह पद्मलेश्याके उत्कृष्ट अशपर्यन्त भी हो सकती है, इसलिये स्वस्थान सक्रमण, और शुक्ललेश्यारूप भी परिणाम हो सकता है, इसलिये परस्थान संक्रमण भी सम्भव है। इसीप्रकार यदि विशुद्धताकी हानि हो तो पद्मलेश्याके ही जघन्य अंशतक स्वस्थान सक्रमण अथवा पीतलेश्यारूप भी परिणमन हो सकता है, अतएव परस्थान सक्रमणकी भी सम्भावना है। नील और कापोतलेश्यामें भी इसी प्रकार सक्लेशकी हानि और वृद्धिकी अपेक्षासे तथा पीतलेश्यामे विशुद्धिकी हानिवृद्धिकी अपेक्षासे स्वस्थान सक्रमण और परस्थान सक्रमण हो सकता है यह समझ लेना चाहिये।

लेस्साणुक्कस्सादोवरहाणी अवरगादवरवड्ढी।
सट्ठाणे अवरादो, हाणी णियमा परट्ठाणे ॥ ५०५ ॥

लेश्यानामुत्कृष्टादवरहानिः अवरकादवरवृद्धि.।
स्वस्थाने अवरात् हानिर्नियमात् परस्थाने ॥ ५०५ ॥

अर्थ—स्वस्थानकी अपेक्षा लेश्याओके उत्कृष्ट स्थानके समीपवर्ती स्थानका परिणाम उत्कृष्ट स्थानके परिणामसे अनन्त भागहानिरूप है। तथा स्वस्थानकी अपेक्षासे ही जघन्य स्थानके समीपवर्ती स्थानका परिणाम जघन्य स्थानसे अनन्त भागवृद्धिरूप है। सम्पूर्ण लेश्याओके जघन्य स्थानमे यदि हानि हो तो नियमसे अनन्त गुणहानिरूप परस्थान सक्रमण ही होता है।

भावार्थ—किसी विवक्षित लेश्याके जघन्य स्थानसे हानि होकर उसके समीपवर्ती लेश्याके उत्कृष्ट स्थानरूप यदि परिणाम हो तो वहाँपर परस्थान संक्रमण ही होता है और यह स्थान

अनन्त गुणहानिरूप होता है। जैसे कृष्णलेश्याके जघन्य स्थानके समीप नीललेश्याका उत्कृष्ट स्थान है वह कृष्णलेश्याके जघन्य स्थानसे अनन्त गुणहानिरूप है। कृष्ण नील कपोत लेश्याओंमें हानि वृद्धि संक्लेश परिणामोंकी हुआ करती है और पीत पद्म शुक्ललेश्याओंमे हानि वृद्धि विशुद्धताकी हुआ करती है।

पूर्वोक्त निरूपणका कारण क्या है यह बताते हैं—

संकमणे छट्ठाणा, हाणिसु वड्ढीसु होंति तण्णामा।
परिमाणं च य पुव्वं, उत्तकमं होदि सुदणाणे ॥ ५०६ ॥

संक्रमणे षट्स्थानानि हानिषु वृद्धिषु भवन्ति तन्नामानि।
परिमाणं च च पूर्वमुक्तक्रमं भवति श्रुतज्ञाने ॥ ५०६ ॥

अर्थ—संक्रमणाधिकारमे हानि और वृद्धि दोनो अवस्थाओंमें षट्स्थान होते हैं। इन षट्स्थानोंके नाम तथा परिमाण पहले श्रुतज्ञानमार्गणामे जो कहे हैं वे ही यहांपर भी समझना।

भावार्थ—षट्स्थानोंके नाम ये हैं—अनन्तभाग, असंख्यातभाग, सख्यातभाग, सख्यातगुण, असख्यातगुण, अनन्तगुण। इन षट्स्थानोकी सहनानी क्रमसे उर्वक चतुरङ्क, पञ्चाङ्क, षडङ्क, सप्ताङ्क, अष्टांक है और यहांपर अनन्तका प्रमाण जीवराशिमात्र, असंख्यातका प्रमाण असंख्यातलोकमात्र और संख्यातका प्रमाण उत्कृष्ट सख्यात है। इस प्रकार संक्रमणाधिकार पूर्ण हुआ।

अब क्रमानुसार लेश्याओंके कर्माधिकारको दो गाथाओं द्वारा कहते हैं—

पहिया जे छप्पुरिसा, परिभट्ठारण्णमज्झदेसम्हि।
फलभरियरुक्खमेगं, पेक्खिता ते विचिंतंति ॥५०७॥
णिम्मूलखंधसाहुवसाहं छित्तुं चिणित्तु पडिदाइं।
खाउं फलाइं इदि जं, मणेण वयणं हवे कम्मं ॥५०८॥

पथिका ये षट् पुरुषा परिभ्रष्टा अरण्यमध्यदेशे।
फलभरितवृक्षमेकं प्रेक्षित्वा ते विचिन्तयन्ति ॥५०७॥
निर्मूलस्कन्धशाखोपशाखं छित्वा चित्वा पतितानि।
खादितुं फलानि इति यन्मनसा वचनं भवेत् कर्म्म ॥५०८॥

अर्थ—कृष्ण आदि छह लेश्यावाले कोई छह पथिक वनके मध्यमें मार्गसे भ्रष्ट होकर फलोसे पूर्ण किसी वृक्षको देखकर अपने अपने मनमे इस प्रकार विचार करते हैं और उसके अनुसार वचन कहते हैं। कृष्णलेश्यावाला विचार करता है और कहता है कि मैं इस वृक्षको मूलसे उखाड़कर इसके फलोका भक्षण करूगा। नीललेश्यावाला विचारता है और कहता है कि मैं इस वृक्षको स्कन्धसे काटकर इसके फल खाऊगा। कापोतलेश्यावाला विचारता है और कहता है कि मैं इस वृक्षकी बडी-बडी शाखाओको काटकर इसके फलोंको खाऊगा। पीतलेश्यावाला विचारता है और कहता है कि मैं इस वृक्षकी छोटी-छोटी शाखाओको काटकर इसके फलोको खाऊंगा। पद्मलेश्यावाला विचारता है और कहता है कि मैं इस वृक्षके फलोको तोडकर खाऊँगा। तथा शुक्ललेश्यावाला विचारता है और कहता है कि मैं इस वृक्षसे स्वय टूट कर पड़े हुए फलोको खाऊँगा।

इस तरह जो मन पूर्वक वचनादिकी प्रवृत्ति होती है वह लेश्याका कर्म है। यहाँ पर यह एक दृष्टांतमात्र दिया गया है, इसलिये इस ही तरह अन्यत्र भी समझना चाहिये।

लेश्याओके लक्षणाधिकारका निरूपण करते है—

चंडो ण मुचइ वेरं, भंडणसीलो य धम्मदयरहिओ।
दुट्ठो ण य एदि वसं, लक्खणमेयं तु किण्हस्स[1] ॥५०९॥

चण्डो न मुञ्चति वैरं भण्डनशीलश्च धर्मदयारहितः।
दुष्टो न चैति वशं लक्षणमेतत्तु कृष्णस्य ॥५०९॥

अर्थ—तीव्र क्रोध करनेवाला हो, वैरको न छोड़े, युद्ध करनेका (लडनेका) जिसका स्वभाव हो, धर्म और दयासे रहित हो, दुष्ट हो, जो किसीके भी वश न हो ये सब कृष्णलेश्यावालेके चिन्ह-लक्षण है।

नीललेश्यावालेके चिन्ह बताते है—

मंदो बुद्धिविहीणो, णिव्विणाणी य विसयलोलो य।
माणी मायी य तहा, आलस्सो चेव भेज्जो[2] य ॥५१०॥
णिद्दावंचणबहुलो, धणधण्णे होदि तिव्वसण्णा य।
लक्खणमेयं भणियं, समासदो णीललेस्सस्स[3] ॥५११॥

मन्दो बुद्धिविहीनो निर्विज्ञानी च विषयलोलश्च।
मानी मायी च तथा आलस्यश्चैव भेद्यश्च ॥५१०॥
निद्रावञ्चनबहुलो धनधान्ये भवति तीव्रसंज्ञश्च।
लक्षणमेतद् भणितं समासतो नीललेश्यस्य ॥५११॥

अर्थ—काम करनेमे मन्द हो, अथवा स्वच्छन्द हो, वर्तमान कार्य करनेमे विवेकरहित हो, कला चातुर्यसे रहित हो, स्पर्शनादि पाच इन्द्रियोके विषयोमे लम्पट हो, मानी हो, मायाचारी हो, आलसी हो, दूसरे लोग जिसके अभिप्रायको सहसा न जान सके तथा जो अति निद्रालु और दूसरोको ठगनेमे अतिदक्ष हो और धनधान्यके विषयमे जिसकी अतितीव्र लालसा हो ये नीललेश्यावालेके संक्षेपसे चिन्ह बताये है।

तीन गाथाओमे कपोतलेश्यावालेका लक्षण कहते है—

रूसइ णिंदइ अण्णे, दूसइ बहुसो य सोयभयबहुलो।
असुयइ परिभवइ परं, पससये अप्पयं बहुसो[4] ॥५१२॥
ण य पत्तियइ परं सो, अप्पाणं यिव परं पि मण्णंतो।
थूसइ अभित्थुवंतो, ण य जाणइ हाणि-वड्ढिं वा[5] ॥५१३॥
मरणं पत्थेइ रणे, देइ सुबहुगं वि थुव्वमाणो दु।
ण गणइ कज्जाकज्जं, लक्खणमेयं तु काउस्स[6] ॥५१४॥

१,२,३,४,५,६. प. स १ गा २०० से २०५ तक।

रुष्यति निन्दति अन्य दुष्यति वहुशश्च शोकभयवहुल: ।
असूयति परिभवति पर प्रशसति आत्मान वहुश: ॥५१२॥
न च प्रत्येति परं स आत्मानमिव परमपि मन्यमान ।
तुष्यति अभिष्टुवतो न च जानाति हानिवृद्धी वा ॥५१३॥
मरणं प्रार्थयते रणे ददाति सुवहुकमपि स्तूयमानस्तु ।
न गणयति कार्याकार्यं लक्षणमेतत्तु कापोतस्य ॥५१४॥

अर्थ—दूसरेके ऊपर क्रोध करना, दूसरेकी निन्दा करना, अनेक प्रकारसे दूसरोको दु.ख देना अथवा औरोसे वैर करना, अधिकतर शोकाकुलित रहना तथा भयग्रस्त रहना या हो जाना, दूसरोके ऐश्वर्यादिको सहन न कर सकना, दूसरेका तिरस्कार करना, अपनी नानाप्रकारसे प्रशंसा करना, दूसरेके ऊपर विश्वास न करना, अपने समान दूसरोको भी मानना, स्तुति करनेवाले पर संतुष्ट हो जाना, अपनी हानि वृद्धिको कुछ भी न समझना, रणमे मरनेकी प्रार्थना करना, स्तुति करनेवालेको खूब धन दे डालना, अपने कार्य अकार्यको कुछ भी गणना न करना ये सब कपोत-लेश्यावालेके चिन्ह हैं ।

पीतलेश्यावालेके चिन्ह बताते हैं—

जाणइ कज्जाकज्जं, सेयमसेयं च सव्वसमपासी ।
दयदाणरदो य मिदू, लक्खणमेयं तु तेउस्स[1] ॥५१५॥

जानाति कार्याकार्य सेव्यमसेव्यं च सर्वसमदर्शी ।
दयादानरतश्च मृदु. लक्षणमेतत्तु तेजस: ॥५१५॥

अर्थ—अपने कार्य-अकार्य सेव्य-असेव्यको समझनेवाला हो, सबके विषयमें समदर्शी हो, दया और दानमें तत्पर हो, मन वचन कायके विषयमे कोमलपरिणामी हो ये पीतलेश्यावालेके चिन्ह हैं ।

पद्मलेश्यावालेके लक्षण बताते है—

चागी भद्दो चोक्खो, उज्जवकम्मो य खमदि वहुगं पि ।
साहुगुरुपूजणरदो, लक्खणमेयं तु पम्मस्स[2] ॥५१६॥

त्यागी भद्र: सुकर: उद्युक्तकर्मा च क्षमते वहुकमपि ।
साधुगुरुपूजनरतो लक्षणमेतत्तु पद्मस्य ॥५१६॥

अर्थ—दान देनेवाला हो, भद्रपरिणामी हो, जिसका उत्तम कार्य करनेका स्वभाव हो; कष्ट-रूप तथा अनिष्टरूप उपद्रवोको सहन करनेवाला हो, मुनिजन गुरुजन आदिकी पूजामें प्रीतियुक्त हो ये सब पद्मलेश्यावालेके लक्षण है ।

शुक्ललेश्यावालेके लक्षण बताते हैं—

ण य कुणइ पक्खवायं, ण वि य णिदाणं समो य सव्वेसिं ।
णत्थि य रायद्दोसा, णेहो वि य सुक्कलेस्सस्स[3] ॥५१७॥

१, २, ३. पं. सं १ गा. नं २०६, २०७ २०८ ।

न च करोति पक्षपातं नापि च निदानं समश्च सर्वेषाम् ।
न स्तः च रागद्वेषौ स्नेहोऽपि च शुक्ललेश्यस्य ॥५१७॥

अर्थ—पक्षपात न करना, निदानको न बाधना, सब जीवोंमे समदर्शी होना, इष्टसे राग और अनिष्टसे द्वेष न करना, स्त्री पुत्र मित्र आदिमे स्नेहरहित होना, ये सब शुक्ललेश्यावालेके लक्षण हैं।

इस प्रकार पाँचवें लक्षण अधिकारका वर्णन पूर्ण हुआ। अब क्रमप्राप्त छट्ठे गति अधिकारका ग्यारह गाथाओंके द्वारा वर्णन करते है।

लेस्साणं खलु अंसा, छव्वीसा होंति तत्थ मज्झिमया ।
आउगबंधणजोगा, अट्ठट्ठवगरिसकालभवा ॥५१८॥

लेश्याना खलु अशा षड्विंशति भवन्ति तत्र मध्यमका ।
आयुष्कबन्धनयोग्या अष्ट अष्टापकर्षकालभवाः ॥५१८॥

अर्थ—लेश्याओंके कुल छब्बीस अश है, इनमेसे मध्यके आठ अश जो कि आठ अपकर्ष कालमें होते हैं वे ही आयुकर्मके बन्धके योग्य होते हैं।

भावार्थ—छहों लेश्याओंके जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट भेदकी अपेक्षा अठारह भेद होते हैं। इनमें आठ अपकर्षकाल सम्बन्धी अशोके मिलानेपर २६ भेद हो जाते है। जैसे किसी कर्मभूमिया मनुष्य या तिर्यञ्चकी भुज्यमान आयुका प्रमाण छह हजार पाँचसौ इकसठ वर्ष है। इसके तीन भागमेसे दो भाग बीतने पर और एक भाग शेष रहने पर इस एक भागके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्तपर्यन्त प्रथम अपकर्षका काल कहा जाता है। इस अपकर्ष कालमे परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध होता है। यदि यहाँ पर बन्ध न हो तो अवशिष्ट एक भागके तीन भागमेसे दो भाग बीतने पर और एक भाग शेष रहनेपर उसके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त पर्यंत द्वितीय अपकर्ष कालमे परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध होता है। यदि यहाँ पर भी बंध न हो तो इसी प्रकारसे तीसरे अपकर्षमे होता है। और तीसरेमे भी न हो तो चौथे, पाचवें, छठ्ठे, सातवे, आठवे अपकर्षमेसे किसी भी अपकर्षमे परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध होता है। परन्तु फिर भी यह नियम नही है कि इन आठ अपकर्षोंमेसे किसी भी अपकर्षमे आयुका बन्ध हो ही जाय। केवल इन अपकर्षोमे आयुकर्मके बन्धकी योग्यता मात्र बताई गई है। इसलिये यदि किसी भी अपकर्षमे बन्ध न हो तो असंक्षेपाद्धा (भुज्यमान आयुका अन्तिम आवलीके असख्यातवे भागप्रमाण काल) से पूर्वके अन्तर्मुहूर्तमे अवश्य ही आयुका बन्ध होता है यह नियम है।

भुज्यमान आयुके तीन भागोमेसे दो भाग बीतने पर अवशिष्ट एक भागके प्रथम अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कालको अपकर्ष कहते हैं। इस अपकर्ष कालमे लेश्याओके आठ मध्यमांशोंमेसे जो अश होगा उसके अनुसार आयुका बन्ध होगा। तथा आयुबन्धके योग्य आठ मध्यमांशोमेसे जो कोई अश जिस अपकर्षमें होगा उस ही अपकर्षमे आयुका बन्ध होगा दूसरे कालमे नही।

जीवोके दो भेद हैं—एक सोपक्रमायुष्क दूसरा अनुपक्रमायुष्क। जिनका विषभक्षणादि निमित्तके द्वारा मरण सभव हो उनको सोपक्रमायुष्क कहते है और इससे जो रहित हैं उनको अनुपक्रमायुष्क कहते हैं। जो सोपक्रमायुष्क है उनके तो उक्त रीतिसे ही परभवसम्बन्धी आयुका

वन्ध होता है। किन्तु अनुपक्रमायुष्कोमे कुछ भेद है, वह यह है कि अनुपक्रमायुष्योंमे जो देव और नारकी हैं वे अपनी आयुके अन्तिम छह महीना शेष रहने पर आयुके वन्ध करनेके योग्य होते है। इसमे भी छह महीनाके आठ अपकर्पकालमे ही आयुका वन्ध करते हैं—दूसरे कालमे नही। जो भोगभूमिया मनुष्य या तिर्यञ्च हैं उनकी आयुका प्रमाण एककोटिपूर्व वर्प और एक समयसे लेकर तीन पल्योपम पर्यन्त है। इसमेसे वे अपनी अपनी यथायोग्य आयुके अंतिम नौ महीना शेष रहने पर उन्ही नौ महीनाके आठ अपकर्षोमेसे किसी भी अपकर्षमे आयुका वन्ध करते हैं। इस प्रकार ये लेश्याओके आठ अंश आयुबन्धके कारण हैं। जिस अपकर्पमे जैसा जो अंश हो उसके अनुसार आयुका बन्ध होता है।

शेष अठारह अंशोका कार्य बताते हैं—

सेसट्ठारस अंसा, चउगइगमणस्स कारणा होंति।
सुक्कुक्कस्संसमुदा, सव्वट्ठं जांति खलु जीवा ॥ ५१९ ॥

शेषाष्टादशांशाश्चतुर्गतिगमनस्य कारणानि भवन्ति।
शुक्लोत्कृष्टांशमृता सर्वार्थं यान्ति खलु जीवा ॥ ५१९ ॥

अर्थ—अपकर्षकालमे होनेवाले लेश्याओके आठ मध्यमांशोको छोडकर वाकीके अठारह अंश चारो गतियोके गमनके कारण होते हैं यह सामान्य नियम है। परन्तु विशेष यह है शुक्ललेश्याके उत्कृष्ट अंशसे संयुक्त जीव मरकर नियमसे सर्वार्थसिद्धिको जाते हैं। तथा—

अवरंसमुदा होंति सदारदुगे मज्झिमंसगेण मुदा।
आणदकप्पादुवरिं, सवट्ठाइल्लगे होंति ॥ ५२० ॥

अवरांशमृता भवन्ति शतारद्विके मध्यमांशकेन मृताः।
आनतकल्पादुपरि सर्वार्थादिमे भवन्ति ॥ ५२० ॥

अर्थ—शुक्लेश्याके जघन्य अंशोसे संयुक्त जीव मरकर शतार सहस्रार स्वर्गपर्यन्त जाते हैं और मध्यमांशोकरके सहित मरा हुआ जीव सर्वार्थसिद्धिसे पूर्वके तथा आनत स्वर्गसे लेकर ऊपरके समस्त विमानोमेसे यथा सम्भव किसी भी विमानमे उत्पन्न होता है और आनत स्वर्गमें भी उत्पन्न होता है।

पम्मुक्कस्संसमुदा, जीवा उवजांति खलु सहस्सारं।
अवरंसमुदा जीवा, सणक्कुमारं च माहिंदं ॥ ५२१ ॥

पद्मोत्कृष्टांशमृता जीवा उपयांति खलु सहस्रारम्।
अवरांशमृता जीवाः सनत्कुमारं च माहेन्द्रम् ॥ ५२१ ॥

अर्थ—पद्मलेश्याके उत्कृष्ट अंशोके साथ मरे हुए जीव नियमसे सहस्रार स्वर्गको प्राप्त होते हैं और पद्म लेश्याके जघन्य अंशोके साथ मरे हुए जीव सनत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गको प्राप्त होते हैं।

मज्झिमअंसेण मुदा, तम्मज्झं जांति तेउजेट्ठमुदा।
साणक्कुमारमाहिंदंतिमचक्किंदसेढिम्मि ॥ ५२२ ॥

मध्यमांशेन मृता तन्मध्यं यान्ति तेजोज्येष्ठमृताः।
सनत्कुमारमाहेन्द्रान्तिमचक्रेन्द्रश्रेण्याम् ॥ ५२२ ॥

अर्थ—पद्मलेश्याके मध्यम अंशोके साथ मरे हुए जीव सनत्कुमार माहेन्द्र[1] स्वर्गके ऊपर और सहस्रार स्वर्गके नीचे-नीचे तक विमानोमे उत्पन्न होते है। पीतलेश्याके उत्कृष्ट अशोके साथ मरे हुए जीव सानत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गके अन्तिम पटलमे जो चक्रनामका इन्द्रकसम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमान है उसमे उत्पन्न होते है।

अवरंसमुदा सोहम्मीसाणादिमउडम्मि सेढिम्मि।
मज्झिमअंसेण मुदा, विमलविमाणादिबलभद्दे ॥ ५२३ ॥

अवरांशमृता. सौधर्मैशानादिमर्तौ श्रेण्याम्।
मध्यमांशेन मृता विमलविमानादिबलभद्रे ॥ ५२३ ॥

अर्थ—पीतलेश्याके जघन्य अंशोके साथ मरा हुआ जीव सौधर्म ईशान स्वर्गके ऋतु (ऋजु) नामक इन्द्रक विमानमे अथवा श्रेणीबद्ध विमानमे उत्पन्न होता है। पीत लेश्याके मध्यम अशोके साथ मरा हुआ जीव सौधर्म ईशान स्वर्गके दूसरे पटलके विमल नामक इन्द्रक विमानसे लेकर सनत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गके द्विचरम पटलके (अन्तिम पटलसे पूर्व पटलके) बलभद्रनामक इन्द्रक विमानपर्यन्त उत्पन्न होता है।

किण्हवरंसेण मुदा, अवधिट्ठाणम्मि अवरअंसमुदा।
पंचमचरिमतिमिस्से, मज्झे मज्झेण जायंते ॥ ५२४ ॥

कृष्णवरांशेन मृता अवधिस्थान अवरांशमृता।
पञ्चमचरमतिमिश्रे मध्ये मध्येन जायन्ते ॥ ५२४ ॥

अर्थ—कृष्णलेश्याके उत्कृष्ट अंशोके साथ मरे हुए जीव सातवी पृथ्वीके अवधिस्थान नामक इन्द्रक बिलमे उत्पन्न होते हैं। जघन्य अशोके साथ मरे हुए जीव पाचवी पृथ्वीके अन्तिम पटलके तिमिश्रनामक इन्द्रक बिलमे उत्पन्न होते है। कृष्णलेश्याके मध्यम अंशोके साथ मरे हुए जीव दोनोके (सातवी पृथ्वीके अवधिस्थान या अप्रतिष्ठान नामक इन्द्रकबिल और पाचवी पृथ्वीके अन्तिम पटलसम्बन्धी तिमिश्र नामक बिलके) मध्यस्थानोमे यथासम्भव योग्यतानुसार उत्पन्न होते है।

नीलुक्कस्संसमुदा, पंचम अंधिंदयम्मि अवरमुदा।
बालुकसंपज्जलिदे मज्झे मज्झेण जायंते ॥ ५२५ ॥

नीलोत्कृष्टांशमृता. पञ्चमान्ध्रेन्द्रके अवरमृता.।
वालुकासप्रज्वलिते मध्ये मध्येन जायते ॥ ५२५ ॥

अर्थ—नीललेश्याके उत्कृष्ट अंशोके साथ मरे हुए जीव पांचवी पृथ्वीके द्विचरम पटलसम्बन्धी अन्ध्रनामक इन्द्रकबिलमे उत्पन्न होते है। कोई-कोई पाँचवें पटलमे भी उत्पन्न होते हैं। इतना

---

१ सातवी भूमिमें पाँच बिलोका एक ही पटल है। उसके इन्द्रक बिलका नाम अप्रतिष्ठान है। देखो राज ३-२-२।

विशेष और भी है कि कृष्णलेश्याके जघन्य अंशवाले भी जीव मरकर पांचवी पृथ्वीके अन्तिम पटलमे उत्पन्न होते[1] हैं। नीललेश्याके जघन्य अंशवाले जीव मरकर तीसरी पृथ्वीके अन्तिम पटल-सम्बन्धी संप्रज्वलित नामक इन्द्रकबिलमे उत्पन्न होते हैं। नीललेश्याके मध्यम अंशोवाले जीव मरकर तीसरी पृथ्वीके सप्रज्वलित नामक इन्द्रकबिलके आगे और पांचवी पृथ्वीके अन्ध्रनामक इन्द्रकबिलके पहले पहले जितने पटल और इन्द्रक हैं उनमे यथायोग्य उत्पन्न होते हैं।

वरकाओदंसमुदा, संजलिदं जांति तदियणिरयस्स।
सीमतं अवरमुदा, मज्झे मज्झेण जायंते॥ ५२६॥

वरकापोतांशमृताः संज्वलितं यान्ति तृतीयनिरयस्य।
सीमन्तमवरमृता मध्ये मध्येन जायन्ते॥ ५२६॥

अर्थ—कापोतलेश्याके उत्कृष्ट अंशोके साथ मरे हुए जीव तीसरी पृथ्वीके नौ पटलोमेसे द्विचरम–आठवें पटलसम्बन्धी सज्वलित नामक इन्द्रकबिलमें उत्पन्न होते है। कोई-कोई अन्तिम पटलसम्बन्धी सप्रज्वलित नामक इन्द्रकबिलमे भी उत्पन्न होते हैं[2]। कापोतलेश्याके जघन्य अंशोके साथ मरे हुए जीव प्रथम पृथ्वीके सीमन्त नामक प्रथम इन्द्रकबिलमे उत्पन्न होते है। और मध्यम अंशो के साथ मरे हुए जीव प्रथम पृथ्वीके सीमान्त नामक प्रथम इन्द्रकबिलसे आगे और तीसरी पृथ्वीके द्विचरम पटलसम्बन्धी संज्वलित नामक इन्द्रकबिलके पहले तीसरी पृथ्वीके सात पटल, दूसरी पृथ्वीके ग्यारह पटल और प्रथम पृथ्वीके बारह पटलोमें या घम्मा भूमिके तेरह पटलोमेंसे पहले सीमान्तक बिलके आगे सभी बिलोमे यथायोग्य उत्पन्न होते हैं।

इस प्रकार छहों लेश्याओंमेंसे उनके जघन्य मध्यम उत्कृष्ट अशोके द्वारा जीवोंका चार गतियोमे कहां-कहां तक गमन होता है यह बताया। अब इसी सम्बन्धमे कुछ विशेष नियम है उनको बताते हैं।

किण्हचउक्काणं पुण, मज्झंसमुदा हु भवणगादितिये।
पुढवीआउवणप्फदिजीवेसु, हवंति खलु जीवा॥ ५२७॥

कृष्णचतुष्काणां पुन. मध्यांशमृता हि भवनकादित्रये।
पृथिव्यब्वनस्पतिजीवेषु भवन्ति खलु जीवाः॥ ५२७॥

अर्थ—कृष्णादिक चार लेश्याओके सम्बन्धमे कुछ विशेष भी वर्णनीय तथा ज्ञातव्य है। वह यह कि कृष्ण नील कपोत इन तीन लेश्याओके मध्यम अंशोके साथ मरे हुए कर्मभूमियाँ मिथ्यादृष्टि तिर्यंच वा मनुष्य, और पीतलेश्याके मध्यम अशोंके साथ मरे हुए भोगभूमियाँ मिथ्यादृष्टि तिर्यंच वा मनुष्य, भवनवासी व्यन्तर ज्योतिषी देवोंमे उत्पन्न होते हैं। तथा कृष्ण नील कापोत और पीतलेश्याके मध्यम अंशोंके साथ मरे हुए तिर्यञ्च और मनुष्य अथवा भवनवासी[3] व्यन्तर ज्योतिषी

१, २. देखो जी प्र टीका।

३ देवोंके पर्याप्त अवस्थामें पीतादिक लेश्याएं ही पाई जाती हैं। अत. उनकी अपेक्षा यहाँ पीत लेश्या और तिर्यञ्च मनुष्योंकी अपेक्षा कृष्ण नील कापोत लेश्याएं समझनी चाहिए।

वा सौधर्म ईशान स्वर्गके मिथ्यादृष्टि देव, बादर पर्याप्त पृथिवीकायिक जलकायिक तथा पर्याप्त वनस्पतिकायिक जीवोंमे उत्पन्न होते है।

किण्हतियाणं मज्झिमअंसमुदा तेउआउ वियलेसु।
सुरणिरया सगलेस्सहिं, णरतिरियं जांति सगजोग्गं ॥ ५२८ ॥

कृष्णत्रयाणा मध्यमाशमृतास्तेजोत्रायुविकलेषु।
सुरनिरयाः स्वकलेश्याभिनरतिर्यञ्च यान्ति स्वकयोग्यम् ॥ ५२८ ॥

अर्थ—कृष्ण नील कापोत इन तीन लेश्याओंके मध्यम अशोके साथ मरे हुए तिर्यञ्च वा मनुष्य, तेजस्कायिक वातकायिक विकलत्रय असज्ञी पचेन्द्रिय साधारण वनस्पति इनमे यथायोग्य उत्पन्न होते है और भवनत्रय आदि सर्वार्थसिद्धिपर्यन्तके देव तथा सातो पृथिवीसम्बन्धी नारकी अपनी-अपनी लेश्याके अनुसार मनुष्यगति या तिर्यञ्चको प्राप्त होते है।

भावार्थ—जिस गतिसम्बन्धी आयुका बन्ध हुआ हो उस ही गतिमें मरणसमयपर होनेवाली लेश्याके अनुसार वे जीव मरकर उत्पन्न होते है। जैसे मनुष्य अवस्थामे किसी जीवने देवायुका बन्ध किया और मरण समयपर उसके कृष्ण आदि अशुभ लेश्यामेसे कोई हुई तो वह मनुष्य मरण करके भवनत्रिकमेसे कही योग्यतानुसार उत्पन्न होगा, उत्कृष्ट देवोंमें उत्पन्न नही होगा। यदि शुभ लेश्या हुई तो यथायोग्य कल्पवासी देवोमे भी उत्पन्न होगा। इसी प्रकार देवो और नारकियोके विषयमें भी समझना चाहिये। उन्होने भी जिस तरहकी मनुष्य आयु या तिर्यञ्च आयुका बन्ध किया होगा उसी गतिमे वे मरण समयपर होनेवाली लेश्याके अनुसार ही मनुष्य अथवा उक्त तिर्यग्गतिमेसे कही भी जन्म धारण किया करते है।

क्रम प्राप्त स्वामी अधिकारका वर्णन करते है—

काऊ काऊ काऊ, णीला णीला य णील किण्हा य।
किण्हा य परमकिण्हा, लेस्सा पढमादिपुढवीणं[1] ॥ ५२९ ॥

कापोता कापोता कापोता नीला नीला च नीलकृष्णे च।
कृष्णा च परमकृष्णा लेश्या प्रथमादिपृथिवीनाम् ॥ ५२९ ॥

अर्थ—पहली घम्मा या रत्नप्रभा पृथ्वीमे कापोतलेश्याका जघन्य अश है। दूसरी वशा या शर्कराप्रभा पृथ्वीमे कापोत लेश्याका मध्यम अश है। तीसरी मेघा या वालुकाप्रभा पृथ्वीमे कापोत लेश्याका उत्कृष्ट अश और नील लेश्याका जघन्य अश है। चौथी अजना या पकप्रभा पृथिवीमे नील लेश्याका मध्यम अश है। पाचवी अरिष्टा या धूमप्रभामे नील लेश्याका उत्कृष्ट अश और कृष्ण लेश्याका जघन्य अंश है। छट्ठी मघवी या तमःप्रभा पृथिवीमें कृष्ण लेश्याका मध्यम अश है। सातवी माघवी या महातम प्रभा पृथिवीमे कृष्ण लेश्याका उत्कृष्ट अंश है।

भावार्थ—इस स्वामी अधिकारमे भाव लेश्याकी अपेक्षासे ही कथनकी मुख्यता है। इस लिये पूर्वोक्त प्रकारसे यहाँ नरकोमे भावलेश्या ही समझना। यद्यपि देवगतिके समान नरक गतिमे भी द्रव्यलेश्या और भावलेश्या सदृश ही हुआ करती है।

---

१. ध खं. २ गाथा नं २२२।

णरतिरियाणं ओघो, इगिविगले तिण्णि चउ असण्णिस्स ।
सण्णिअपुण्णगमिच्छे, सासणसम्मे असुहतियं ॥५३०॥

नरतिरश्चामोघ एकविकले तिस्रः चतस्र असज्ञिनः ।
संज्ञ्यपूर्णकमिथ्यात्वे सासनसम्यक्त्वेऽपि अशुभत्रिकम् ॥५३०॥

अर्थ—मनुष्य और तिर्यंचोंके सामान्यसे छहो लेश्याएं होती हैं। परन्तु विशेष रूपसे एकेन्द्रिय और विकलत्रय (द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय) जीवोके कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्याए ही होती हैं। असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोके कृष्ण आदि चार लेश्याएं होती हैं, क्योकि असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय कपोतलेश्यावाला जीव मरणकर पहले नरकको जाता है तथा तेजोलेश्यासहित मरनेसे भवनवासी और व्यन्तर देवोमे उत्पन्न होता है। कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्यासहित मरनेसे यथायोग्य मनुष्य या तिर्यंचोमे उत्पन्न होता है। संज्ञी लब्ध्यपर्याप्तक मिथ्यादृष्टि मनुष्य और तिर्यंच तथा अपि शब्दसे असंज्ञी लब्ध्यपर्याप्तक और सासादान गुणस्थानवर्ती निर्वृत्यपर्याप्त तिर्यंच मनुष्य तथा भवनत्रिक इतने जीवोंमे कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्याएं ही होती हैं। तिर्यंच और मनुष्य उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोके सम्यक्त्व कालके भीतर विशिष्ट संक्लेशके हो जानेपर भी ये तीन अशुभ लेश्याएं नही हुआ करती। किंतु उसकी विराधना करके सासादन बननेवालोके अपर्याप्त अवस्थामे तीन अशुभ लेश्याए ही हुआ करती हैं।

भोगा पुण्णगसम्मे, काउस्स जहण्णियं हवे णियमा ।
सम्मे वा मिच्छे वा, पज्जत्ते तिण्णि सुहलेस्सा ॥५३१॥

भोगापूर्णकसम्यक्त्वे कापोतस्य जघन्यकं भवेत् नियमात् ।
सम्यक्त्वे वा मिथ्यात्वे वा पर्याप्ते तिस्रः शुभलेश्याः ॥५३१॥

अर्थ—भोगभूमियाँ निर्वृत्यपर्याप्तक सम्यग्दृष्टि जीवोमे कापोतलेश्याका जघन्य अश होता है। तथा भोगभूमियाँ सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि जीवोके पर्याप्त अवस्थामें पीत आदि तीन शुभ लेश्याएं ही होती हैं।

भावार्थ—पहले मनुष्य या तिर्यंच आयुका बध करके पीछे क्षायिक या कृतकृत्य वेदक सम्यक्त्वको स्वीकार करके यदि कोई कर्मभूमिज मनुष्य या तिर्यंच सम्यक्त्वसहित मरण करे तो वह भोगभूमिमे उत्पन्न होता है, वहाँ पर निर्वृत्यपर्याप्त अवस्थामे उसके कापोतलेश्याके जघन्य अशरूप संक्लेश परिणाम होते हैं। परन्तु पर्याप्त अवस्थामे सम्यग्दृष्टि हो या मिथ्यादृष्टि भोगभूमियाओंके तीन शुभ लेश्याए ही होती हैं।

अयदो त्ति छ लेस्साओ, सुहतियलेस्सा हु देसविरदतिये ।
तत्तो सुक्का लेस्सा अजोगिठाणं अलेस्सं तु ॥५३२॥

असंयत इति षड् लेश्याः शुभत्रयलेश्या हि देशविरतत्रये ।
ततः शुक्ला लेश्या अयोगिस्थानमलेश्यं तु ॥५३२॥

अर्थ—चतुर्थ गुणस्थानपर्यन्त छहों लेश्याएं होती हैं। तथा देशविरत प्रमत्तविरत और अप्रमत्त विरत इन तीन गुणस्थानोंमे तीन शुभलेश्याएं ही होती हैं। किन्तु इसके आगे अपूर्व-

करणसे लेकर सयोगकेवलीपर्यन्त एक शुक्ललेश्या ही होती है। और अयोगकेवली गुणस्थान लेश्यारहित है।

कषायरहित गुणस्थानोंमे लेश्याका अस्तित्व किस तरह सभव है यह बताते है—

णट्ठकसाये लेस्सा, उच्चदि सा भूदपुव्वगदिणाया।
अहवा जोगपउत्ती, मुक्खो त्ति तहिं हवे लेस्सा ॥५३३॥

नष्टकषाये लेश्या उच्यते सा भूतपूर्वगतिन्यायात्।
अथवा योगप्रवृत्तिः मुख्येति तत्र भवेल्लेश्या ॥५३३॥

अर्थ—अकषाय जीवोके जो लेस्या बताई है वह भूतपूर्वप्रज्ञापन नयकी अपेक्षासे बताई है। अथवा, योगकी प्रवृत्तिको लेश्या कहते है, इस अपेक्षासे वहाँपर मुख्यरूपसे भी लेश्या है, क्योकि वहाँपर योगका सद्भाव है।

तिण्हं दोण्हं दोण्हं, छण्हं दोण्हं च तेरसण्हं च।
एत्तो य चोद्दसण्हं, लेस्सा भवणादिदेवाणं ॥ ५३४ ॥
तेऊ तेऊ तेऊ, पम्मा पम्मा य पम्मसुक्का य।
सुक्का य परमसुक्का भवणतियापुण्णगे असुहा ॥ ५३५ ॥

त्रयाणां द्वयोर्द्वयोः षण्णा द्वयोश्च त्रयोदशाना च।
एतस्माच्च चतुर्दशाना लेश्या भवनादिदेवानाम् ॥ ५३४ ॥
तेजस्तेजस्तेजः पद्मा पद्मा च पद्मशुक्ले च।
शुक्ला च परमशुक्ला भवनत्रिकाऽपूर्णके अशुभा. ॥ ५३५ ॥

अर्थ—भवनवासी व्यन्तर ज्योतिषी इन तीन देवोके पीतलेश्याका जघन्य अ श है। सौधर्म ईशान स्वर्गवाले देवोके पीतलेश्याका मध्यम अंश है। सनत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गवालोके पीतलेश्याका उत्कृष्ट अश और पद्मलेश्याका जघन्य अश है। ब्रह्म ब्रह्मोत्तर लांतव कापिष्ठ शुक्र महाशुक्र इन छह स्वर्गवालोके पद्मलेश्याका मध्यम अ श है। शतार सहस्रार स्वर्गवालोके पद्मलेश्याका उत्कृष्ट अंश और शुक्ललेश्याका जघन्य अश है। आनत प्राणत आरण अच्युत तथा नव ग्रैवेयक इन तेरह वैमानिक देवोके शुक्ललेश्याका मध्यम अश है। इसके ऊपर नव अनुदिश तथा पाँच अनुत्तर इन चौदह विमानवाले देवोंके शुक्ल लेश्याका उत्कृष्ट अश होता है। भवनवासी आदि तीन देवोके अपर्याप्त अवस्थामे कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्याएँ ही होती है।

भावार्थ—यहाँपर भवनत्रिक देवोके अपर्याप्त अवस्थामे तीन अशुभ लेश्याएँ बताई है और पर्याप्त अवस्थामे पीत लेश्याका जघन्य अंश बताया है इससे मालूम होता है कि शेष वैमानिक देवोके ऐसा नही होता, उनके पर्याप्त और अपर्याप्त दोनो ही अवस्थाओमे समान ही लेश्या होती है।

इस प्रकार स्वामी अधिकारका वर्णन करके साधन अधिकारका वर्णन करते है—

वण्णोदयसंपादिदसरीरवण्णो दु दव्वदो लेस्सा।
मोहुदयखओवसमोवसमखयजजीवफंदणं भावो॥ ५३६ ॥

वर्णोदयसंपादितशरीरवर्णस्तु द्रव्यतो लेश्या ।
मोहोदयक्षयोपशमोपशमक्षयजजीवस्पन्दो भाव ॥ ५३६ ॥

अर्थ—वर्णनामकर्मके उदयसे जो शरीरका वर्ण (रंग) होता है उसको द्रव्यलेश्या कहते है। मोहनीय कर्मके उदय या क्षयोपशम या क्षयसे जो जीवके प्रदेशोंकी चंचलता होती है उसको भावलेश्या कहते हैं।

भावार्थ—द्रव्यलेश्याका साधन वर्णनामकर्मका उदय है। भावलेश्याका साधन असयत सम्यग्दृष्टि पर्यन्त प्रथम चार गुणस्थानोमे मोहनीय कर्मका उदय, और देशविरत आदि तीन गुणस्थानोमे मोहनीय कर्मका क्षयोपशम, उपशमश्रेणिमे मोहनीय कर्मका उपशम तथा क्षपकश्रेणिमे मोहनीय कर्मका क्षय होता है। मोहके उदयादिसे होनेवाले ये औदयिक आदि चारो ही परिणाम और इनके साथ साथ होनेवाले प्रदेश परिस्पन्दनरूप योग जीवके स्वतत्त्व-परिणाम है, अतएव इनको भावलेश्या कहते हैं। इनके साधन जीवविपाकी मोहनीय कर्म तथा वीर्यान्तिराय कर्म इनकी अवस्थाएँ है।

क्रमप्राप्त सख्या अधिकारका वर्णन करते है—

किण्हादिरासिमावलि-असंखभागेण भजिय पविभत्ते ।
हीणकमा कालं वा, अस्सिय दव्वा दु भजिदव्वा ॥ ५३७ ॥

कृष्णादिराशिमावल्यसख्यभागेन भक्त्वा प्रविभक्ते।
हीनक्रमा· कालं वा आश्रित्य द्रव्याणि तु भक्तव्यानि ॥ ५३७ ॥

अर्थ—ससारी जीवराशिमे से तीन शुभ लेश्यावाले जीवोंका प्रमाण घटानेसे जो शेष रहे उतना कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्यावाले जीवोंका प्रमाण है। यह प्रमाण ससारी जीवराशिसे कुछ कम होता है। इस राशिमे आवलीके असख्यातवें भागका भाग देकर एक भागको अलग रखकर शेप बहुभागके तीन समान भाग करना। तथा शेष-अलग रक्खे हुए एक भागमे आवलीके असख्यातवें भागका भाग देकर बहुभागको तीन समान भागोमेसे एक भागमे मिलानेसे कृष्णलेश्या-वाले जीवोका प्रमाण होता है। और शेष एक भागमे फिर आवलीके असख्यातवे भागका भाग देनेसे लब्ध बहुभागको तीन समान भागोमेंसे दूसरे भागमे मिलानेसे नीललेश्यावाले जीवोका प्रमाण होता है और अवशिष्ट एक भागको तीसरे भागमे मिलानेसे कापोतलेश्यावाले जीवोका प्रमाण होता है। इस प्रकार अशुभ लेश्यावालोका द्रव्यकी अपेक्षासे प्रमाण कहा। यह प्रमाण उत्तरोत्तर कुछ कुछ घटता घटता है। अब कालकी अपेक्षासे प्रमाण बताते है। कृष्ण नील कपोत तीन लेश्याओका काल मिलानेसे जो अन्तर्मुहूर्तमात्र काल होता है, उसमे आवलीके असख्यातवें भागका भाग देना। इसमें एक भागको जुदा रखना और बहुभागके तीन समान भाग करना। तथा अवशिष्ट एक भागमे आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देना। लब्ध एक भागको अलग रखकर बहुभागको तीन समान भागोमेसे एक भागमें मिलानेसे जो प्रमाण हो वह कृष्णलेश्याका काल है। अलग रक्खे हुए लब्ध एक भागमें फिर आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देनेसे लब्ध बहुभागको तीन समान भागोमेसे दूसरे भागमे मिलानेसे जो प्रमाण हो वह नील लेश्याका काल है। अवशिष्ट एक भागको अवशिष्ट तीसरे समान भागमें मिलानेसे जो प्रमाण हो वह कापोत-

लेश्याका काल है। इस प्रकार तीन अशुभ लेश्याओके कालका प्रमाण भी उत्तरोत्तर अल्प अल्प समझना चाहिए।

द्रव्य और कालकी अपेक्षासे अशुभ तीन लेश्याओको सख्या बताकर क्षेत्रकी अपेक्षासे संख्या और कालकी अपेक्षासे सख्याका अल्पबहुत्व बताते है—

खेत्तादो असुहतिया, अणंतलोगा कमेण परिहीणा।
कालादोतीदादो, अणंतगुणिदा कमा हीणा॥ ५३८॥

क्षेत्रत. अशुभत्रिका अनन्तलोका क्रमेण परिहीना।
कालादतीतादनन्तगुणिताः क्रमाद्धीना.॥ ५३८॥

अर्थ—क्षेत्रप्रमाणको अपेक्षा तीन अशुभ लेश्यावाले जीव लोकाकाशके प्रदेशोसे अनन्तगुणे हैं, परन्तु उत्तरोत्तर क्रमसे हीन होन हैं। कृष्णलेश्यावालोसे कुछ कम नील लेश्यावाले जीव हैं और नीललेश्यावालोसे कुछ कम कापोतलेश्यावाले जीव हैं। तथा कालकी अपेक्षा अशुभ लेश्यावालोका प्रमाण, भूतकालके जितने समय हैं उससे अनन्तगुणा है। यह प्रमाण भी उत्तरोत्तर हीनक्रम समझना चाहिये।

केवलणाणाणंतिमभागा भावादु किण्हतियजीवा।
तेउतियासंखेज्जा, संखासंखेज्जभागकमा॥ ५३९॥

केवलज्ञानानन्तिमभागा भावात्तु कृष्णत्रिकजीवाः।
तेजस्त्रिका असख्येया. संख्यासख्येयभागक्रमा॥ ५३९॥

अर्थ—भावकी अपेक्षा तीन अशुभ लेश्यावाले जीव, केवलज्ञानके जितने अविभागप्रतिच्छेद हैं उसके अनन्तवे भागप्रमाण है। यहाँ पर भी पूर्ववत् उत्तरोत्तर हीनक्रम समझना चाहिये। पीत आदि तोन शुभ लेश्यावालोका द्रव्यकी अपेक्षा प्रमाण सामान्यसे असख्यात है। तथापि पीतलेश्यावालोसे सख्यातवे भाग पद्मलेश्यावाले है और पद्मलेश्यावालोसे असख्यातवे भाग शुक्ललेश्यावाले जीव हे।

क्षेत्रप्रमाणकी अपेक्षा तीन शुभ लेश्यावालोका प्रमाण बताते हैं—

जोइसियादो अहिया, तिरिक्खसण्णिस्स संखभागो दु।
सूइस्स अंगुलस्स य, असंखभागं तु तेउतियं॥ ५४०॥

ज्योतिष्कतोऽधिका' तिर्यक्सज्ञिन. संख्यभागस्तु।
सूचेरङ्गुलस्य च असख्यभागं तु तेजस्त्रयम्॥ ५४०॥

अर्थ—ज्योतिषी देवोके प्रमाणसे कुछ अधिक तेजोलेश्यावाले जीव हैं और समस्त तेजोलेश्यावाले जीवोंसे ही सख्यातगुणे कम नही अपि तु तेजोलेश्यावाले संज्ञी तिर्यंच जीवोके प्रमाणसे भी संख्यातगुणे कम पद्मलेश्यावाले जीव हैं और सूच्यङ्गुलके असख्यातवें भागप्रमाण मात्र शुक्ललेश्यावाले जीव हैं।

भावार्थ—पैंसठ हजार पांचसौ छत्तीस प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो प्रमाण शेष रहे उतने ज्योतिषी देव हैं। घनांगुलके प्रथम वर्गमूलसे गुणित जगच्छ्रेणिप्रमाण भवनवासी,

तीनसौ योजनके वर्गसे भक्त जगत्प्रतरप्रमाण व्यन्तर, घनांगुलके तृतीय वर्गमूलसे गुणित जगच्छ्रेणी प्रमाण सौधर्म ईशान स्वर्गके देव और पांच बार संख्यातसे गुणित पण्णट्ठीप्रमाण प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो प्रमाण रहे उतने तेजोलेश्यावाले तिर्यंच और संख्यात तेजोलेश्यावाले मनुष्य, इन सब राशियोंके जोड़नेसे जो प्रमाण हो उतने ही समस्त तेजोलेश्यावाले जीव हैं। इन सब तेजोलेश्यावालोसे ही संख्यातगुणे कम नही किंतु तेजोलेश्यावाले संज्ञी तिर्यंचोसे भी संख्यातगुणे कम पद्मलेश्यावाले जीव हैं और शुक्ललेश्यावाले जीव सूच्यंगुलके असंख्यातवे भाग प्रमाण हैं।

अब उक्त तेजोलेश्या और पद्मलेश्यावाले जीवोके प्रमाणके लिए ही स्पष्ट करते हैं—

वेसदछप्पण्णंगुलकदिहिदपदरं तु जोइसियमाणं।
तस्स य संखेज्जदिमं, तिरिक्खसण्णीण परिमाणं ॥ ५४१ ॥

द्विशतषट्पञ्चाशगुलकृतिहितप्रतरं तु ज्योतिष्कमानम्।
तस्य च संख्येयतमं तिर्यक्सज्ञिनां परिमाणम् ॥ ५४१ ॥

अर्थ—दो सौ छप्पन अगुलके वर्गप्रमाण (पण्णट्ठीप्रमाण = ६५५३६) प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमे देनेसे जो प्रमाण हो उतने ज्योतिषी देव हैं और इसके संख्यातवे भागप्रमाण संज्ञी तिर्यंच जीव हैं।

भावार्थ—पहले तेजोलेश्यावालोका प्रमाण ज्योतिषी देवोसे कुछ अधिक कहा था और पद्मलेश्यावालोका प्रमाण सज्ञी तिर्यंचोके संख्यातवें भाग बताया था इसीलिये यहाँ दोनों राशियोंका प्रमाण बताया गया है।

तेउदु असंखकप्पा, पल्लासंखेज्जभागया सुक्का।
ओहिअसंखेज्जदिमा, तेउतिया भावदो होंति ॥ ५४२ ॥

तेजोद्वया असंख्यकल्पा. पल्यासंख्येयभागका. शुक्ला।
अवध्यसंख्येयाः तेजस्त्रिका भावतो भवन्ति ॥ ५४२ ॥

अर्थ—असंख्यात कल्पकालके जितने समय हैं उतने ही सामान्यसे तेजोलेश्यावाले और उतने ही पद्मलेश्यावाले जीव हैं। तथापि तेजोलेश्यावालोसे पद्मलेश्यावाले संख्यातवे भाग हैं और पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण शुक्ललेश्यावाले जीव हैं। इस प्रकार कालकी अपेक्षासे तीन शुभ लेश्याओंका प्रमाण समझना चाहिये। तथा अवधिज्ञानके जितने विकल्प हैं उसके असंख्यातवें भाग सामान्यसे प्रत्येक शुभ लेश्यावाले जीव हैं। तथापि तेजोलेश्यावालोसे संख्यातवें भाग पद्मलेश्यावाले और पद्मलेश्यावालोंसे शुक्ललेश्यावाले असंख्यातवें भाग मात्र हैं। यहाँ यह लेश्याओका प्रमाण भावकी अपेक्षासे है। इस प्रकार संख्याके द्वारा लेश्याओंका वर्णन करनेवाला दसवाँ अधिकार समाप्त हुआ।

अब क्रमानुसार ग्यारहवें क्षेत्राधिकारके द्वारा लेश्याओंका वर्णन करते हैं—

सट्ठाणसमुग्घादे, उववादे सव्वलोयमसुहाणं।
लोयस्सासंखेज्जदिभागं खेत्तं तु तेउतिये ॥ ५४३ ॥

स्वस्थानसमुद्घाते उपपादे सर्वलोकमशुभानाम् ।
लोकस्यासख्येयभाग क्षेत्रं तु तेजस्त्रिके ॥ ५४३ ॥

अर्थ—विवक्षित लेश्यावाले जीवोके द्वारा विवक्षित पदमे रहते हुए वर्तमानमे जितना आकाश रुके उसको क्षेत्र कहते हैं। यह क्षेत्र तीन अशुभ लेश्याओका सामान्यसे स्वस्थान समुद्घात और उपपादकी अपेक्षा सर्वलोकप्रमाण है और तीन शुभलेश्याओका क्षेत्र लोकप्रमाणके असख्यातवे भागमात्र है।

भावार्थ—यह सामान्यसे कथन है; किन्तु लेश्याओके क्षेत्रका विशेष वर्णन स्वस्थान स्वस्थान विहारवत्स्वस्थान, सात प्रकारका समुद्घात और एक प्रकारका उपपाद इस तरह दस पदोकी अपेक्षा किया गया है। सो विशेष जिज्ञासुओंको बडी टीकामे देखना चाहिये।

विवक्षित पर्यायविशिष्ट जीवके उत्पन्न होते रहने या पाये जाने योग्य क्षेत्रको स्वस्थान कहते हैं। इसके दो भेद है एक स्वस्थानस्वस्थान दूसरा विहारवत्स्वस्थान। विपक्षित लेश्यावाले जीवके उत्पन्न होनेके ग्राम नगर आदि क्षेत्रको स्वस्थान स्वस्थान और जहाँ तक वह जा आ सकता है उतने क्षेत्रको विहारवत्स्वस्थान कहते है।

शरीरसे सम्बन्धको न छोडकर आत्माके कुछ प्रदेशोंका बाहर निकलना समुद्घात कहा जाता है। निमित्त भेदके अनुसार वह सात प्रकारका है। यथा वेदना, कषाय, वैक्रियिक, मारणान्तिक, तैजस, आहारक और केवल। पीडा-वेदनाके निमित्तसे आत्मप्रदेशोका शरीरसे बाहर निकलना वेदनासमुद्घात है। क्रोधादिके वश प्रदेशोका बाहर निकलना कषायसमुद्घात है। विक्रियाके द्वारा प्रदेशोका बाहर निकलना वैक्रियिकसमुद्घात है। मरणसे पहले नवीन जन्मके योग्य क्षेत्रका स्पर्श करके आनेके लिये प्रदेशोंके बाहर निकलनेको मारणान्तिक समुद्घात कहते हैं। शुभ या अशुभ तैजस ऋद्धिके द्वारा निकलनेवाले तैजसशरीरके साथ आत्मप्रदेशोके बाहर निकलनेको तैजससमुद्घात कहते हैं। ऋद्धिधारी प्रमत्त मुनियोके मस्तकसे निकलनेवाले आहारक शरीरके द्वारा आत्मप्रदेशोके बाहर निकलनेको आहारक समुद्घात कहते हैं। आयुस्थितिके बराबर शेष तीन अघातिकर्मोंकी स्थिति करनेके लिए केवली भगवान्‌के जो दण्ड कपाट आदिरूप क्रियाके द्वारा प्रदेश बाहर निकलते हैं उसको केवल समुद्घात कहते है।

पूर्वभव-पर्यायको छोडकर और उत्तर पर्यायके शरीरको ग्रहण करनेसे पूर्व जो प्रवृत्ति होती है उसको उपपाद कहते हैं।

इन दस पदोमेसे किस-किस पदमे किस-किस लेश्याका कितना-कितना क्षेत्रप्रमाण है यह विशेष जिज्ञासुओको आगमके अनुसार जीवप्रबोधिनी टीका आदिसे समझ लेना चाहिए।

उपपादक्षेत्रके निकालनेके लिये सूत्र कहते है—

मरदि असंखेज्जदिमं, तस्सासंखा य विग्गहे होंति।
तस्सासखं दूरे उववादे तस्स खु असंखं ॥ ५४४ ॥

म्रियते असख्येय तस्यासंख्याश्च विग्रहे भवन्ति।
तस्यासंख्यं दूरे उपपादे तस्य खलु असंख्यम् ॥ ५४४ ॥

अर्थ—घनागुलके तृतीय वर्गमूलका जगच्छ्रेणीसे गुणा करनेपर जो प्रमाण हो उतने सौधर्म

और ईशान स्वर्गके जीवोंका प्रमाण है। इसमें पल्यके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे लव्ध एक भागप्रमाण प्रतिसमय मरनेवाले जीव हैं। मरनेवाले जीवोके प्रमाणमे पल्यके असख्यातवे भागका भाग देनेसे जो वहुभागका प्रमाण रहे उतने विग्रहगति करनेवाले जीव हैं। विग्रहगतिवाले जीवोके प्रमाणमें पल्यके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे जो वहुभागका प्रमाण हो उतने मारणान्तिक समुद्घातवाले जीव हैं। इसमे भी पल्यके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे लव्व एकभाग प्रमाण दूर मारणान्तिक समुद्घातवाले जीव हैं। इसमे भी पल्यके असख्यातवे भागका भाग देनेसे लव्व एक भागप्रमाण उपपाद जीव हैं। यहाँपर तिर्यञ्चोंकी उत्पत्तिकी अपेक्षासे एक जीवसम्वन्धी प्रदेश फैलनेकी अपेक्षा डेढ़ राजू लम्बा संख्यात सूच्यंगुलप्रमाण चौड़ा वा ऊँचा क्षेत्र है, इसके घन क्षेत्रफलको उपपाद जीवोंके प्रमाणसे गुणा करनेपर जो प्रमाण हो उतना ही उपपाद क्षेत्रका प्रमाण है।

भावार्थ—जिस स्थानवाले जीवोका क्षेत्र निकालना हो उस स्थानवाले जीवोंकी संख्याको अपनी-अपनी एक जीवसम्वन्धी अवगाहनाके प्रमाणसे अथवा जहाँ तक एक जीव गमन कर सकता है उस क्षेत्रप्रमाणसे गुणा करनेपर जो प्रमाण हो सामान्यसे उतना ही उनका क्षेत्र कहा जाता है। यहाँपर पीतलेश्यासम्वन्धी क्षेत्रका प्रमाण वताया है और वह भी मध्यलोकसे दूर सौधर्म ईशान स्वर्गवर्ती जीवोंके अधिक क्षेत्रको दृष्टिमें रखकर वताया गया है। पद्मलेश्यामे तथा शुक्ललेश्यामें भी क्षेत्रका प्रमाण इस ही प्रकारसे होता है। कुछ विशेषता है सो वड़ी टोकासे देखना।

सुक्कस्स समुग्घादे, असंखलोगा य सव्वलोगो य।

शुक्लायाः समुद्घाते असंख्यलोकाश्च सर्वलोकश्च।

अर्थ—इस सूत्रके इस पूर्वार्धमे शुक्ललेश्याका क्षेत्र, लोकके असंख्यात भागोमेंसे एक भागको छोड़कर क्षेष वहुभागप्रमाण वा सर्वलोक वताया है सो केवलसमुद्घातकी अपेक्षासे है।

भावार्थ—शुक्ललेश्याका क्षेत्र केवलसमुद्घातके सिवाय दूसरे स्थानोमे पहले कही गई विधिके अनुसार ही समझना।

क्रमप्राप्त स्पर्शाधिकारका वर्णन करते हैं—

फासं सव्वं लोयं, तिट्ठाणे असुहलेस्साणं ॥ ५४५ ॥

स्पर्शः सर्वो लोकस्त्रिस्थाने अशुभलेश्यानाम् ॥ ५४५ ॥

अर्थ—कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्यावाले जीवोंका स्पर्श स्वस्थान, समुद्घात, उपपाद, इन तीन स्थानोंमें सामान्यसे सर्वलोक है।

भावार्थ—वर्तमानमे जितने प्रदेशोंमे जीव रहे उतनेको क्षेत्र कहते हैं और भूत तथा वर्तमान कालमें जितने प्रदेशोमे जीव रहा हो और रहे उतनेको स्पर्श कहते हैं। सो तीन अशुभलेश्यावाले जीवोंका स्पर्श उक्त तीन स्थानोमे सामान्यसे सर्वलोक है। विशेपकी अपेक्षासे कृष्णलेश्यावालोका दस स्थानोमेसे स्वस्थानस्वस्थान, वेदना, कषाय, मारणान्तिक समुद्घात तथा उपपादस्थानमें सर्वलोकप्रमाण स्पर्श है। संख्यात सूच्यंगुलको जगत्प्रतरसे गुणा करनेपर जो प्रमाण उत्पन्न हो उतना विहारवत्स्वस्थानसे स्पर्श है। एक राजू लम्वा चौड़ा और संख्यात सूच्यगुल ऊँचे तिर्यक् लोकका क्षेत्रफल यही होता है और यही यहाँ स्पर्शका प्रमाण है, क्योंकि गमन क्रिया युक्त कृष्णलेश्यावाले त्रस जीव इस तिर्यक्लोकमें ही पाये जाते हैं। तथा वैक्रियिक समुद्घातमे लोकके

संख्यातवे भागप्रमाण[1] स्पर्श है। इस लेश्यामे तैजस आहारक और केवल समुद्घात नही होता। कृष्णलेश्याके समान ही नील तथा कापोतलेश्याका भी स्पर्श समझना।

तेजोलेश्यामे स्पर्शका वर्णन करते है—

तेउस्स य सट्ठाणे, लोगस्स असंखभागमेत्तं तु।
अडचोद्दसभागा वा, देसूणा होंति णियमेण ॥ ५४६ ॥

तेजसश्च स्वस्थाने लोकस्य असंख्यभागमात्र तु।
अष्ट चतुर्दशभागा वा देशोना भवन्ति नियमेन ॥ ५४६ ॥

अर्थ—पीतलेश्याका स्वस्थानस्वस्थानकी अपेक्षा लोकके असख्यातवें भागप्रमाण स्पर्श है और विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोमेसे कुछ कम आठ भागप्रमाण स्पर्श है।

एवं तु समुग्घादे, णव चोद्दसभागयं च किंचूणं।
उववादे पढमपदं, दिवड्ढचोद्दस य किंचूणं ॥ ५४७ ॥

एवं तु समुद्घाते नव चतुर्दशभागश्च किञ्चदून ।
उपपादे प्रथमपदं व्यर्धचतुर्दश च किञ्चिदूनम् ॥ ५४७ ॥

अर्थ—विहारवत्स्थानकी तरह समुद्घातमे भी त्रसनालीके चौदह भागोमेसे कुछ कम आठ भागप्रमाण स्पर्श है तथा मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा चौदह भागोमेसे कुछ कम नव भागप्रमाण स्पर्श है। और उपपाद स्थानमें चौदह भागोमेसे कुछ कम डेढ भागप्रमाण स्पर्श है। इस प्रकार यह पीतलेश्याका स्पर्श सामान्यसे तीन स्थानोमे बताया है।

डेढ-डेढ गाथामे पद्म तथा शुक्ललेश्याका स्पर्श बताते हैं—

पम्मस्स य सट्ठाणसमुग्घाददुगेसु होदि पढमपदं।
अड चोद्दस भागा वा, देसूणा होंति णियमेण ॥ ५४८ ॥

पद्मायाश्च स्वस्थानसमुद्घातद्विकयो भवति प्रथमपदम्।
अष्ट चतुर्दश भागा वा देशोना भवन्ति नियमेन ॥ ५४८ ॥

अर्थ—पद्मलेश्याका विहारवत्स्वस्थान, वेदना कषाय तथा वैक्रियिक समुद्घातमे चौदह भागोंमेसे कुछ कम आठ भागप्रमाण स्पर्श है। मारणान्तिक समुद्घातमे चौदह भागोमेसे कुछ कम आठ भागप्रमाण ही स्पर्श है, क्योकि पद्मलेश्यावाले भी देव पृथ्वी जल और वनस्पतिमे उत्पन्न होते हैं। तैजस तथा आहारक समुद्घातमें सख्यात घनागुलप्रमाण स्पर्श है। यहाँ पर "च" शब्द का ग्रहण किया है, इसलिये स्वस्थानस्वस्थानमें लोकके असख्यातभागोमेसे एक भागप्रमाण स्पर्श है।

उववादे पढमपदं, पणचोद्दसभागयं च देसूणं।
सुक्कस्स य तिट्ठाणे, पढमो छच्चोदसा हीणा ॥ ५४९ ॥

---

१. एक राजू लम्बा चौडा पांच राजू ऊंचा।

उपपादे प्रथमपद पञ्चचतुर्दशभागकश्च देशोनः ।
शुक्लायाश्च त्रिस्थाने प्रथमः षट्चतुर्दश हीनाः ॥ ५४९ ॥

अर्थ—पद्मलेश्या शतार सहस्रार स्वर्गपर्यन्त सम्भव है और शतार सहस्रार स्वर्ग मध्यलोकसे पांच राजू ऊपर है, इसलिये उपपादकी अपेक्षासे पद्मलेश्याका स्पर्श त्रसनालीके चौदह भागमेंसे कुछ कम पांच भागप्रमाण है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंका स्वस्थानस्वस्थानमें तेजोलेश्याकी तरह लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्श है और विहारवत्स्वस्थान तथा वेदना कषाय वैक्रियिक मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद इन तीन स्थानोंमें चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग प्रमाण स्पर्श है। तैजस तथा आहारक समुद्घातमें संख्यात घनांगुलप्रमाण स्पर्श है।

णवरि समुग्घादम्मि य, संखातीदा हवंति भागा वा ।
सव्वो वा खलु लोगो फासो होदित्ति णिद्दिट्ठो ॥ ५५० ॥

नवरि समुद्घाते च संख्यातीता भवन्ति भागा वा ।
सर्वो वा खलु लोकः स्पर्शो भवतीति निर्दिष्ट ॥ ५५० ॥

अर्थ—केवल समुद्घातमें विशेषता है, वह इस प्रकार है कि दण्ड समुद्घातमें स्पर्श क्षेत्रकी तरह संख्यात प्रतरांगुलसे गुणित जगच्छ्रेणीप्रमाण है। स्थित वा उपविष्ट कपाट समुद्घातमें संख्यातसूच्यंगुलमात्र जगत्प्रतर प्रमाण है। प्रतर समुद्घातमें लोकके असंख्यात भागोंमेंसे एक भागको छोडकर शेष बहु भागप्रमाण स्पर्श है तथा लोकपूर्ण समुद्घातमें सर्वलोकप्रमाण स्पर्श है।

भावार्थ—केवलसमुद्घातके चार भेद हैं—दण्ड कपाट प्रतर लोकपूर्ण। दण्ड समुद्घातके भी दो भेद हैं, एक स्थित दूसरा उपविष्ट और स्थित तथा उपविष्टके भी आरोहक अवरोहककी अपेक्षा दो-दो भेद हैं। कपाट समुद्घातके चार भेद हैं, १ पूर्वाभिमुख स्थित, २ उत्तराभिमुख स्थित, ३ पूर्वाभिमुख-उपविष्ट, ४ उत्तराभिमुख-उपविष्ट। इन चारोंमेंसे प्रत्येकके आरोहक अवरोहककी अपेक्षा दो-दो भेद हैं तथा प्रतर और लोकपूर्णका एक-एक ही भेद है।

यहाँ पर जो दण्ड और कपाट समुद्घातका स्पर्श बताया है वह आरोहक और अवरोहककी अपेक्षा दो भेदोंमें से एक ही भेदका है, क्योंकि एक जीव समुद्घात अवस्थामें जितने क्षेत्रका आरोहण अवस्थामें स्पर्श करता है उतने ही क्षेत्रका अवरोहण अवस्थामें भी स्पर्श करता है। इसलिये यदि आरोहण और अवरोहण दोनों अवस्थाओंका सामान्य स्पर्श जानना हो तो दण्ड और कपाट दोनों ही का उक्त अपने-अपने प्रमाणसे दूना-दूना स्पर्श समझ लेना चाहिये। प्रतर समुद्घातमें लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण वातवलयका स्थान छूट जाता है, इसलिये यहाँपर लोकके असंख्यात भागोंमेंसे एक भागको छोडकर शेष बहुभागप्रमाण स्पर्श है। लोकपूर्ण समुद्घातमें लोकाकाशका एक भी प्रदेश स्पर्श करनेसे नहीं छूटता इसलिये उसका सम्पूर्ण लोकप्रमाण स्पर्श है।

॥ इति स्पर्शाधिकार ॥

•

क्रमप्राप्त लेश्याओंके कालाधिकारका दो गाथाओंमें वर्णन करते हैं—

कालो छल्लेस्साणं, णाणाजीवं पडुच्च सव्वद्धा ।
अंतोमुहुत्तमवरं, एगं जीवं पडुच्च हवे ॥ ५५१ ॥

काल: षड्लेश्यानां नानाजीव प्रतीत्य सर्वाद्धा ।
अन्तर्मुहूर्तोऽवरं एक जीव प्रतीत्य भवेत् ॥ ५५१ ॥

अर्थ—नाना जीवोंकी अपेक्षा कृष्ण आदि छहों लेश्याओका सर्व काल है, क्योकि छहो लेश्याएँ संसारमे सदा पाई जाती है। सामान्यतया किसी भी लेश्यासे रहित कोई काल नही है। तथा एक जीवकी अपेक्षा सम्पूर्ण लेश्याओका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्तमात्र है।

उवहीणं तेत्तीसं, सत्तर सत्तेव होंति दो चेव ।
अट्ठारस तेत्तीसा, उक्कस्सा होंति अदिरेया ॥ ५५२ ॥

उदधीना त्रयस्त्रिंशत् सप्तदश सप्तैव भवन्ति द्वौ चैव ।
अष्टादश त्रयस्त्रिंशत् उत्कृष्टा भवन्ति अतिरेका ॥ ५५२ ॥

अर्थ—उत्कृष्ट काल कृष्णलेश्याका तेतीस सागर, नीललेश्याका सत्रह सागर, कापोतलेश्याका सात सागर, पीतलेश्याका दो सागर, पद्मलेश्याका अठारह सागर, शुक्ललेश्याका तेतीस सागर और कुछ अधिक है।

भावार्थ—यह अधिकका सम्बन्ध छहो लेश्याओके उत्कृष्ट कालके साथ-साथ करना चाहिए। जैसे कृष्ण लेश्याका तेतीस सागरसे कुछ अधिक, नीललेश्याका सत्रह सागरसे कुछ अधिक, इत्यादि। क्योंकि यह उत्कृष्ट कालका वर्णन देव और नारकियोकी अपेक्षासे है। सो जिस पर्यायको छोडकर देव या नारकी उत्पन्न हो उस पर्यायके अन्तके अन्तर्मुहूर्तमे तथा देव नारक पर्यायको छोड़कर जिस पर्यायमे उत्पन्न हो उस पर्यायके आदिके अन्तर्मुहूर्तमे वही लेश्या होती है। इस ही लिए छहो लेश्याओंके उत्कृष्ट कालप्रमाणमे दो दो अन्तर्मुहूर्तका काल अधिक अधिक समझना। तथा पीत और पद्मलेश्याके कालमे कुछ कम आधा सागर भी अधिक होता है। जैसे सौधर्म और ईशान स्वर्गमे दो सागरकी आयु है। परन्तु यदि कोई घातायुष्क[1] सम्यग्दृष्टि सौधर्म और ईशान स्वर्गमे उत्पन्न हो तो उसकी अन्तर्मुहूर्त कम ढाई सागरकी भी आयु हो सकती है। इस ही तरह घातायुष्क मिथ्यादृष्टिकी पल्यके असख्यातवें भागप्रमाण आयु अधिक हो सकती है। परन्तु यह अधिकपना सौधर्म स्वर्गसे लेकर सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त ही है, क्योकि आगे घातायुष्क जीव उत्पन्न नही होता। सहस्रारके ऊपर जितना आयुका प्रमाण बताया है उतना ही लेश्याका काल समझना चाहिये।

॥ इति कालाधिकारः ॥

•

दो गाथाओंमे अन्तर अधिकारका वर्णन करते हैं—

अंतरमवरुक्कस्सं, किण्हतियाणं मुहुत्तअंतं तु ।
उवहीणं तेत्तीसं, अहियं होदि त्ति णिद्दिट्ठं ॥ ५५३ ॥

---

१. ऊपरकी अधिक आयु बाँधकर पीछे परिणाम विशेषके द्वारा स्थितिका अपवर्तन-घात करनेवालेको घातायुष्क कहते हैं।

तेउतियाणं एवं, णवरि य उक्कस्सविरहकालो दु।
पोग्गलपरिवट्टा हु असंखेज्जा होंति णियमेण ॥ ५५४ ॥

अन्तरमवरोत्कृष्ट कृष्णत्रयाणां मुहूर्तान्तस्तु।
उदधीना त्रयस्त्रिंशदधिक भवतीति निर्दिष्टम् ॥ ५५३ ॥
तेजस्त्रयाणामेव नवरि च उत्कृष्टविरहकालस्तु।
पुद्गलपरिवर्ता हि असख्येया भवन्ति नियमेन ॥ ५५३ ॥

अर्थ—कृष्ण आदि तीन अशुभ लेश्याओका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्तमात्र है। और उत्कृष्ट अन्तर कुछ अधिक तेतीस सागर होता है। पीत आदि तीन शुभ लेश्याओका अन्तर भी इस ही प्रकार है; परन्तु कुछ विशेषता है। शुभ लेश्याओका उत्कृष्ट अन्तर नियमसे असख्यात पुद्गल परिवर्तन है।

भावार्थ—किसी विवक्षित एक लेश्याको छोड़कर दूसरी लेश्यारूप परिणमन करके जितने कालमे फिरसे उसी विवक्षित लेश्यारूप परिणमन करे उतने मध्यवर्त्ती कालको विवक्षित लेश्याका विरहकाल या अन्तर कहते है। इस प्रकारका कृष्णलेश्याका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्तमात्र है। उत्कृष्ट अन्तर दस अन्तर्मुहूर्त और आठ वर्ष कम एक कोटिपूर्व वर्ष अधिक तेतीस सागरप्रमाण है। इस ही प्रकार नील तथा कापोतलेश्याका भी अन्तर जानना। परन्तु इतनी विशेषता है कि नील लेश्याके अन्तरमे आठ अन्तर्मुहूर्त और कापोतलेश्याके अन्तरमे छह अन्तर्मुहूर्त ही अधिक है। अब शुभ लेश्याओका उत्कृष्ट अन्तर दृष्टातद्वारा बताते है। कोई जीव पीत लेश्याको छोडकर क्रमसे एक-एक अन्तर्मुहूर्तमात्रतक कपोत नील कृष्ण लेश्याको प्राप्त हुआ, इसके बाद एकेन्द्रिय अवस्थामे आवलीके असख्यातवें भागप्रमाण पुद्गलद्रव्यपरिवर्तनोका जितना काल हो उतने काल पर्यन्त भ्रमण कर विकलेन्द्रिय हुआ, यहाँपर भी उत्कृष्टतासे सख्यात हजार वर्ष तक भ्रमण किया। पीछे पंचेन्द्रिय होकर प्रथम समयसे एक-एक अन्तर्मुहूर्तमे क्रमसे कृष्ण नील कपोत लेश्याको प्राप्त होकर पीत लेश्याको प्राप्त हुआ। इस प्रकारके जीवके पीत लेश्याका उत्कृष्ट अन्तर छह अन्तर्मुहूर्त और सख्यात हजार वर्ष अधिक आवलीके असंख्यातवे भागप्रमाण पुद्गलद्रव्य-परावर्तनप्रमाण होता है। पद्म लेश्याका उत्कृष्ट अन्तर इस प्रकार है कि कोई पद्मलेश्यावाला जीव पद्मलेश्याको छोडकर अन्तर्मुहूर्त तक पीत लेश्यामे रहकर पल्यके असख्यातवें भाग अधिक दो सागरकी आयुके साथ सौधर्म ईशान स्वर्गमे उत्पन्न हुआ। वहाँसे चयकर पूर्ववत् एकेन्द्रय अवस्थामे आवलीके असंख्यातवे भागप्रमाण पुद्गलपरावर्तनोके कालका जितना प्रमाण है उतने काल तक भ्रमण किया। पीछे विकलेन्द्रिय होकर सख्यात हजार वर्ष तक भ्रमण किया। पीछे पंचेन्द्रिय होकर भवके प्रथम समयसे लेकर एक-एक अन्तर्मुहूर्ततक क्रमसे कृष्ण नील कापोत पीत लेश्याको प्राप्त होकर पद्मलेश्याको प्राप्त हुआ। इस तरहके जीवके पाँच अन्तर्मुहूर्त और पल्यके असख्यातवे भाग अधिक दो सागर तथा सख्यात हजार वर्ष अधिक आवलीके असंख्यातवें भागप्रमाण पुद्गलपरावर्तन मात्र पद्मलेश्याका उत्कृष्ट अन्तर होता है। शुक्ल लेश्याका उत्कृष्ट अन्तर इस प्रकार है कि कोई शुक्ल लेश्यावाला जीव शुक्ललेश्याको छोड़कर क्रमसे एक-एक अन्तर्मुहूर्त तक पद्म पीत लेश्याको प्राप्त होकर सौधर्म ईशान स्वर्गमें उत्पन्न होकर तथा वहाँपर पूर्वोक्त प्रमाण काल तक रह कर पीछे एकेन्द्रिय अवस्थामें पूर्वोक्त प्रमाण काल तक भ्रमण कर पीछे विकलेन्द्रिय होकर भी पूर्वोक्त प्रमाण

काल तक भ्रमण करके क्रमसे पचेन्द्रिय होकर प्रथम समयसे लेकर एक-एक अन्तर्मुहूर्त तक क्रमसे कृष्ण नील कापोत पीत पद्म लेश्याको प्राप्त होकर शुक्ल लेश्याको प्राप्त हुआ। इस तरहके जीवके सात अन्तर्मुहूर्त सख्यात हजार वर्ष और पल्यके असख्यातवें भाग अधिक दो सागर अधिक आवलीके असख्यातवे भागप्रमाण पुद्गलपरावर्तनमात्र शुक्ललेश्याका अन्तर होता है।

॥ इति अतराधिकारः ॥

•

क्रमप्राप्त भाव और अल्पबहुत्व अधिकारका वर्णन करते हैं—

भावादो छल्लेस्सा, ओदइया होंति अप्पबहुगं तु।
दव्वपमाणे सिद्धं, इदि लेस्सा वण्णिदा होंति ॥ ५५५ ॥

भावत. षड्लेश्या ओदयिका भवन्ति अल्पबहुक तु।
द्रव्यप्रमाणे सिद्धमिति लेश्या वर्णिता भवन्ति ॥ ५५५ ॥

अर्थ—भावकी अपेक्षा छहो लेश्याएँ ओदयिक हैं, क्योंकि कषायसे अनुरजित योगपरिणामको ही लेश्या कहते हैं और ये दोनो अपने-अपने योग्य कर्मके उदयसे होते है। तथा लेश्याओका अल्पबहुत्व, पहले लेश्याओका जो सख्या अधिकारमे द्रव्यप्रमाण बताया है उसीसे सिद्ध है। इनमें सबसे अल्प शुक्ललेश्यावाले हैं, फिर भी उनका प्रमाण असंख्यात है, इनसे असख्यातगुणे पद्मलेश्यावाले और इनसे भी असख्यातगुणे पीतलेश्यावाले जीव हैं। पीत लेश्यावालोसे अनन्तानन्तगुणे कपोतलेश्यावाले हैं, इनसे कुछ अधिक नील लेश्यावाले और इनसे भी कुछ अधिक कृष्णलेश्यावाले जीव हैं।

॥ इति भावाल्पबहुत्वाधिकारो ॥

•

इस प्रकार सोलह अधिकारोके द्वारा लेश्याओंका वर्णन करके अब लेश्यारहित जीवोका वर्णन करते हैं—

किण्हादिलेस्सरहिया, संसारविणिग्गया अणंतसुहा।
सिद्धिपुरं संपत्ता, अलेस्सिया ते मुणेयव्वा ॥ ५५६ ॥

कृष्णादिलेश्यारहिता ससारविनिर्गता अनतसुखाः।
सिद्धिपुर सप्राप्ता अलेश्यास्ते ज्ञातव्याः ॥ ५५६ ॥

अर्थ—जो कृष्ण आदि छहो लेश्याओसे रहित हैं, अतएव जो पंच परिवर्तनरूप ससारसमुद्रके पारको प्राप्त हो गये हैं तथा जो अतीन्द्रिय अनन्त सुखसे तृप्त हैं, आत्मोपलब्धिरूप सिद्धिपुरीको जो प्राप्त हो गये हैं उन जीवोको अयोगकेवली या सिद्ध भगवान् कहते हैं।

भावार्थ—जो अनन्त सुखको प्राप्तकर ससारसे सर्वथा रहित होकर सिद्धिपुरको प्राप्त हो गये है वे जीव सर्वथा लेश्याओंसे रहित होते हैं, अतएव उनको अलेश्य-सिद्ध कहते हं, क्योकि लेश्याओका सम्बन्ध कषाय और योगसे है अतएव जहाँतक कषायोके उदयस्थान और योगप्रवृत्ति पाई जाती है वहाँतक लेश्याएँ भी मानी जाती है, इनके ऊपर चौदहवें गुणस्थान एवं सिद्धअवस्था मे इनका सर्वथा अभाव है, अतएव ये दोनो ही स्थान अलेश्य हैं।

॥ इति लेश्याप्ररूपणा समाप्ताः ॥

•

क्रमप्राप्त भव्यमार्गणाका वर्णन करते है—

भविया सिद्धी जेसिं, जीवाणं ते हवंति भवसिद्धा ।
तव्विवरीयाऽभव्वा, संसारादो ण सिज्झंति ॥ ५५७ ॥

भव्या सिद्धिर्येषा जीवाना ते भवन्ति भवसिद्धाः ।
तद्विपरीता अभव्याः ससारान्न सिध्यन्ति ॥ ५५७ ॥

अर्थ—जिन जीवोकी अनन्त चतुष्टयरूप सिद्धि होनेवाली हो अथवा जो उसकी प्राप्तिके योग्य हों उनको भवसिद्ध कहते हैं। जिनमें इन दोनोमेंसे कोई भी लक्षण घटित न हो उन जीवोको अभव्यसिद्ध कहते हैं।

भावार्थ—कितने ही भव्य ऐसे हैं जो मुक्ति प्राप्तिके योग्य है, परन्तु कभी मुक्त न होगे; जैसे वन्ध्यापनेके दोषसे रहित विधवा सती स्त्रीमें पुत्रोत्पत्तिकी योग्यता है; परन्तु उसके कभी पुत्र उत्पन्न नही होगा। इसके सिवाय कोई भव्य ऐसे हैं जो नियमसे मुक्त होगे। जैसे वन्ध्यापनेके दोषसे रहित स्त्रीके निमित्त मिलनेपर नियमसे पुत्र उत्पन्न होगा। इस तरह योग्यताभेदके कारण भव्य दो प्रकारके हैं। इन दोनो योग्यताओसे जो रहित हैं उनको अभव्य कहते हैं। जैसे वन्ध्या स्त्रीके निमित्त मिले चाहे न मिले, परन्तु पुत्र उत्पन्न नही हो सकता है।

जिनमे मुक्तिप्राप्तिकी योग्यता है उनको भव्यसिद्ध कहते हैं इस अर्थको दृष्टान्तद्वारा स्पष्ट करते हैं—

भव्वत्तणस्स जोग्गा, जे जीवा ते हवंति भवसिद्धा ।
ण हु मलविगमे णियमा, ताणं कणओवलाणमिव ॥ ५५८ ॥

भव्यत्वस्य योग्या ये जीवास्ते भवन्ति भवसिद्धाः ।
न हि मलविगमे नियमात् तेषां कनकोपलानामिव ॥ ५५८ ॥

अर्थ—जो जीव अनन्तचतुष्टयरूप सिद्धिकी प्राप्तिके योग्य हैं; उनको भवसिद्ध कहते हैं। किन्तु यह बात नही है कि इस प्रकारके जीवोका कर्ममल नियमसे दूर हो ही। जैसे कनकोपलका।

भावार्थ—ऐसे भी बहुतसे कनकोपल है जिनमे कि निमित्त मिलानेपर शुद्ध स्वर्णरूप होनेकी योग्यता तो है, परन्तु उनकी इस योग्यताकी अभिव्यक्ति कभी नही होगी। अथवा जिस तरह अहमिन्द्र देवोमें नरकादिमें गमन करनेकी शक्ति है परन्तु उस शक्तिकी अभिव्यक्ति कभी नही होती। इस ही तरह जिन जीवोमे अनन्त चतुष्टयको प्राप्त करनेकी योग्यता है परन्तु उनको वह कभी प्राप्त नही होगी। उनको भी भवसिद्ध कहते हैं। ये जीव भव्य होते हुए भी सदा संसारमें ही रहते हैं।

ण य जे भव्वाभव्वा, मुत्तिसुहातीदणंतसंसारा ।
ते जीवा णायव्वा, णेव य भव्वा अभव्वा य ॥ ५५९ ॥

न च ये भव्या अभव्या मुक्तिसुखा अतीतानन्तसंसाराः ।
ते जीवा ज्ञातव्या नैव च भव्या अभव्याश्च ॥ ५५९ ॥

अर्थ—जिनका पांच परिवर्तनरूप अनन्त संसार सर्वथा छूट गया है और इसीलिये जो मुक्तिसुखके भोक्ता हैं उन जीवोंको न तो भव्य समझना और न अभव्य समझना चाहिये; क्योंकि अब उनको कोई नवीन अवस्था प्राप्त करना शेष नही रही है इसलिये वे भव्य भी नही हैं और अनन्त चतुष्टयको प्राप्त हो चुके हैं इसलिये अभव्य भी नही है।

भावार्थ—जिसमे अनत चतुष्टयके अभिव्यक्त होनेकी योग्यता ही न हो उसको अभव्य कहते हैं। अतः मुक्त जीव अभव्य भी नही हैं; क्योंकि इन्होंने अनत चतुष्टयको प्राप्त कर लिया है। और "भवितुं योग्या भव्या" इस निरुक्तिके अनुसार भव्य उनको कहते हैं जिनमे कि अनन्त चतुष्टय-को प्राप्त करनेकी योग्यता है। किन्तु अब वे उस अवस्थाको प्राप्त कर चुके, इसलिये उनके भव्यत्व-उनकी उस योग्यताका परिपाक हो चुका अतएव अपरिपक्व अवस्थाकी अपेक्षासे भव्य भी नही है।

भव्यमार्गणामें जीवोंकी संख्या बताते हैं—

अवरो जुत्ताणंतो, अभव्वरासिस्स होदि परिमाणं।
तेण विहीणो सव्वो, संसारी भव्वरासिस्स ॥ ५६० ॥

अवरो युक्तानन्त अभव्यराशेर्भवति परिमाणम्।
तेन विहीनः सर्वः ससारी भव्यराशेः ॥ ५६० ॥

अर्थ—जघन्य युक्तानन्तप्रमाण अभव्य राशि है और सम्पूर्ण संसारी जीवराशिमेसे अभव्य-राशिका प्रमाण घटाने पर जो शेष रहे उतना ही भव्यराशिका प्रमाण है।

भावार्थ—भव्यराशि बहुत अधिक है और अभव्य राशि बहुत थोड़ी है। अभव्य जीव सदा पाँच परिवर्तनरूप ससारसे युक्त ही रहते हैं। एक अवस्थासे दूसरी अवस्थाका प्राप्त होना इसको ससार-परिवर्तन कहते हैं। इस ससार अर्थात् परिवर्तनके पाँच भेद है—द्रव्य क्षेत्र काल भव भाव। द्रव्यपरिवर्तनके दो भेद है—एक नोकर्मद्रव्यपरिवर्तन दूसरा कर्मद्रव्यपरिवर्तन। यहाँ पर इन परिवर्तनोंका क्रमसे स्वरूप बताते हैं। किसी जीवने, स्निग्ध रूक्ष वर्ण गन्धादिके तीव्र मन्द मध्यम भावोमेसे यथासम्भव भावोंसे युक्त औदारिकादि तीन शरीरोमेसे किसी शरीरसम्बन्धी तथा छह पर्याप्तिरूप परिणमनेके योग्य पुद्गलोंको एक समयमे ग्रहण किया। पीछे द्वितीयादि समयोमे उस द्रव्यकी निर्जरा कर दी। पीछे अनन्त वार अग्रहीत पुद्गलोंको ग्रहण करके छोड दिया, अनन्त वार मिश्र द्रव्यको ग्रहण करके छोड़ दिया, अनन्त वार ग्रहीतको भी ग्रहण करके छोड दिया। जब वही जीव उन ही स्निग्ध रूक्षादि भावोंसे युक्त उन ही पुद्गलोंको जितने समय-बाद ग्रहण करे प्रारम्भसे लेकर उतने कालसमुदायको नोकर्मद्रव्यपरिवर्तन कहते हैं।

पूर्वमे ग्रहण किये हुए परमाणु जिस समयप्रबद्धरूप स्कन्धमे हो उसको ग्रहीत कहते हैं। जिस समयप्रबद्धमे ऐसे परमाणु हो कि जिनका जीवने पहले ग्रहण नही किया हो उसको अग्रहीत कहते है। जिस समयप्रबद्धमे दोनो प्रकारके परमाणु हो उसको मिश्र कहते हैं। अग्रहीत परमाणु भी लोकमे अनन्तानन्त है, क्योंकि सम्पूर्ण जीवराशिका समयप्रबद्धके प्रमाणसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उसका अतीत कालके समस्त समयप्रमाणसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उससे भी अनन्तगुणा पुद्गलद्रव्य है।

इस परिवर्तनका काल, अग्रहीतग्रहण ग्रहीतग्रहण मिश्रग्रहणके भेदसे तीन प्रकारका है। इसकी घटना किस तरह होती है यह अनुक्रम यन्त्र द्वारा बताते हैं—

द्रव्यपरिवर्तन यंत्र					
००×	००×	००१	००×	००×	००१
××०	××०	××१	××०	××०	××१
××१	××१	××०	×>.१	××१	××०
११×	११×	११०	११+	११×	११०

इस यन्त्रमे शून्यसे अग्रहीत, हंसपदसे (× इस चिन्हसे) मिश्र और एकके अंकसे ग्रहीत समझना चाहिये। तथा दो बार लिखनेसे अनन्त बार समझना चाहिये। इस यन्त्रके देखनेसे स्पष्ट होता है कि निरन्तर अनन्त वार अग्रहीतका ग्रहण हो चुकनेपर एक वार मिश्रका ग्रहण होता है, मिश्रग्रहणके वाद फिर निरन्तर अनन्त वार अग्रहीतका ग्रहण हो चुकने पर एक बार मिश्रका ग्रहण होता है। इस ही क्रमसे अनन्त वार मिश्रका ग्रहण हो चुकनेपर अनन्त वार अग्रहीत-ग्रहणके अनन्तर एक बार ग्रहीतका ग्रहण होता है। इसके वाद फिर उस ही तरह अनन्त वार अग्रहीतका ग्रहण हो चुकने पर एक बार मिश्रका ग्रहण और मिश्रग्रहणके वाद फिर अनन्त बार अग्रहीतका ग्रहण होकर एक वार मिश्रका ग्रहण होता है। तथा मिश्रका ग्रहण अनन्त बार हो चुकनेपर अनन्त-बार अग्रहीतका ग्रहण करके एक वार फिर ग्रहीतका ग्रहण होता है। इस ही क्रमसे अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण होता है। यह अभिप्राय सूचित करनेके लिये ही प्रथम पंक्तिमे पहले तीन कोठोंके समान दूसरे भी तीन कोठे दिये हैं। अर्थात् इस क्रमसे अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण होचुकने पर नोकर्मपुद्गलपरिवर्तनके चार भेदोमेंसे प्रथम भेद समाप्त होता है। इसके वाद दूसरे भेदका प्रारम्भ होता है। यहाँपर अनन्त बार मिश्रका ग्रहण होनेपर एक वार अग्रहीतका ग्रहण, फिर अनंत वार मिश्रका ग्रहण होने पर एक बार अग्रहीतका ग्रहण इस ही क्रमसे अनन्त बार अग्रहीतका ग्रहण होकर अनन्त वार मिश्रका ग्रहण करके एक वार ग्रहीतका ग्रहण होता है। जिस क्रमसे एक वार ग्रहीतका ग्रहण किया उस ही क्रमसे अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण हो चुकनेपर नोकर्मपुद्गलपरिवर्तन का दूसरा भेद समाप्त होता है। इसके वाद तीसरे भेदमें अनन्त वार मिश्रका ग्रहण करके एक वार ग्रहीत का ग्रहण होता है, फिर अनंत वार मिश्रका ग्रहण करके एक वार ग्रहीतका ग्रहण इस क्रमसे अनंत वार ग्रहीतका ग्रहण हो चुकनेपर अनंत वार मिश्रका ग्रहण करके एकवार अग्रहीत ग्रहण होता है। जिस तरह एक वार अग्रहीतका ग्रहण किया उस ही तरह अनंत वार अग्रहीतका ग्रहण होनेपर नोकर्म-पुद्गलपरिवर्तनका तीसरा भेद समाप्त होता है। इसके वाद चौथे भेदका प्रारम्भ होता है। इसमे प्रथम ही अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण करके एक वार मिश्रका ग्रहण होता है, इसके वाद फिर अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण होनेपर एक वार मिश्रका ग्रहण होता है। इस तरह अनन्त वार मिश्रका ग्रहण होकर पीछे अनन्त वार ग्रहीतका ग्रहण करके एक वार अग्रहीतका ग्रहण होता है। जिस तरह एक वार अग्र-

हीतका ग्रहण किया उस ही क्रमसे अनन्त बार अग्रहीतका ग्रहण हो चुकनेपर नोकर्मपुद्गलपरिवर्तन का चौथा भेद समाप्त होता है। इस चतुर्थ भेदके समाप्त होचुकने पर नोकर्मपुद्गलपरिवर्तनके प्रारम्भके प्रथम समयमे वर्ण गन्ध आदिके जिस भावसे युक्त जिस पुद्गलद्रव्यको ग्रहण किया था उस ही भावसे युक्त उस शुद्ध ग्रहीतरूप पुद्गलद्रव्यको जीव ग्रहण करता है। इस सबके समुदायको नोकर्मद्रव्यपरिवर्तन कहते है। तथा इसमे जितना काल लगे उसको नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनका काल कहते हैं।

इस तरह दूसरा कर्मपुद्गलपरिवर्तन भी होता है। विशेषता इतनी ही है कि जिस तरह नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनमे नोकर्मपुद्गलोका ग्रहण होता है उस ही तरह यहाँ पर कर्मपुद्गलोका ग्रहण होता है। कर्मोंके ग्रहणमे त्रिभागके समय आयुसहित आठ कर्मोका समयप्रबद्धमे ग्रहण हुआ करता है जैसा कि पहले बताया जा चुका है और त्रिभागके सिवाय अन्य कालमे आयुकर्मको छोडकर शेष सात कर्मोके ही योग्य कर्मपुद्गल द्रव्यका समयप्रबद्धमे ग्रहण होता है। किन्तु इस परिवर्तनके सम्बन्धमें आठ कर्मोके योग्य ही समयप्रबद्ध-कर्म पुद्गलद्रव्यका ग्रहण करना चाहिये। दूसरी बात यह कि जिस तरह नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनके वर्णनमे ग्रहीत द्रव्यकी निर्जरा दूसरे ही समयसे होनी बताई गई है वैसा यहाँ नही है। कर्मद्रव्यपरिवर्तनमे ग्रहीत समयप्रबद्धरूप कर्म-द्रव्यकी निर्जराका प्रारम्भ एक आवली कालके अनन्तर होना कहना और समझना चाहिये, क्योंकि कर्मोके ग्रहणके समयसे लेकर एक आवली कालतक उनकी निर्जरा न तो होती है और न हो सकती है। इन दो बातोको छोडकर और परिवर्तनके क्रममे कुछ भी विशेषता नही है। जिस तरहके चार भेद नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनमे होते है उस ही तरह कर्मद्रव्यपरिवर्तनमे भी चार भेद होते है। इन चार भेदोमे भी अग्रहीतग्रहणका काल सबसे अल्प है, इससे अनतगुण काल मिश्रग्रहण का है। इससे भी अनतगुणा ग्रहीतग्रहणका जघन्य काल है, इससे अनतगुणा ग्रहीतग्रहणका उत्कृष्ट काल है, क्योंकि प्राय: करके उस ही पुद्गलद्रव्यका ग्रहण होता है कि जिसके साथ द्रव्य क्षेत्र काल भावका सस्कार हो चुका है। इस ही अभिप्राय से यह सूत्र कहा भी है कि—

सुहमट्ठिदिसंजुत्तं, आसण्णं कम्मणिज्जरामुक्कं।
पाएण एदि गहणं, दव्वमणिद्दिट्ठसंठाणं ॥ १ ॥

सूक्ष्मस्थितिसयुक्तमासन्न कर्मनिर्जरामुक्तम्।
प्रायेणेति ग्रहणं द्रव्यमनिर्दिष्टसस्थानम् ॥ १ ॥

अर्थ—जो अल्पस्थितिसे युक्त है, जीव प्रदेशोपर ही स्थित है तथा निर्जराके द्वारा कर्मरूप अवस्थाको छोड चुका है, और अनिर्दिष्ट सस्थान है अर्थात् विवक्षित प्रथम समयमे ग्रहीत द्रव्यके स्वरूपसे रहित है, इस तरहके पुद्गल द्रव्यको ही प्राय करके जीव ग्रहण करता है।

भावार्थ—यद्यपि यह नियम नही है कि इस ही तरहके पुद्गलको जीव ग्रहण करे तथापि बहुधा इस ही तरहके पुद्गलको ग्रहण करता है, क्योकि यह द्रव्य क्षेत्र काल भावसे सस्कारित है।

द्रव्यपरिवर्तनके उक्त चार भेदोका इस गाथामे निरूपण किया है—

अगहिदमिस्सं गहिदं, मिस्समगहिदं तहेव गहिदं च।
मिस्सं गहिदमगहिदं, गहिदं मिस्सं अगहिदं च ॥ २ ॥

अग्रहीतं मिश्रं ग्रहीतं मिश्रमग्रहीत तथैव ग्रहीतं च ।
मिश्रं ग्रहीतमग्रहीतं ग्रहीत मिश्रमग्रहीतं च ॥ २ ॥

अर्थ—पहला अग्रहीत मिश्र ग्रहीत, दूसरा मिश्र अग्रहीत ग्रहीत, तीसरा मिश्र ग्रहीत अग्रहीत, चौथा ग्रहीत मिश्र अग्रहीत, इस तरह चार प्रकारसे पुद्गलोका ग्रहण होजानेपर जब परिवर्तनके प्रारम्भके समयमे जिनका ग्रहण किया था उन्ही पुद्गलोका और उसी रूपमे ग्रहण होता है तब एक कर्म द्रव्यपरिवर्तन पूरा होता है। नोकर्म द्रव्यपरिवर्तन और कर्मद्रव्यपरिवर्तन दोनोके समूहको ही द्रव्यपरिवर्तन कहते है। और इसमे जितना काल लगता है वही द्रव्यपरिवर्तनका काल है। इसका विशेप स्वरूप पहले लिख चुके हैं।

यहाँ पर प्रकरणके अनुसार शेप चार परिवर्तनोका भी स्वरूप लिखते हैं। क्षेत्रपरिवर्तनके दो भेद हैं—एक स्वक्षेत्रपरिवर्तन दूसरा परक्षेत्रपरिवर्तन। एक जीव सर्व जघन्य अवगाहनाओको जितने उसके प्रदेश हो उतनी बार धारण करके पीछे क्रमसे एक-एक प्रदेश अधिक अधिककी अवगाहनाओको धारण करते-करते महामत्स्यकी उत्कृष्ट अवगाहनापर्यन्त अवगाहनाओको जितने समयमे धारण कर सके उतने काल समुदायको एक स्वक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं। कोई जघन्य अवगाहनाका धारक सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव लोकके अष्ट मध्य प्रदेशोको अपने शरीरके अष्ट मध्य प्रदेश बनाकर उत्पन्न हुआ, पीछे वही जीव उस ही रूपसे उस ही स्थानमे दूसरी तीसरी बार भी उत्पन्न हुआ। इसी तरह घनागुलके असख्यातवे भागप्रमाण जघन्य अवगाहनाके जितने प्रदेश हैं उतनीबार उसी स्थान पर क्रमसे उत्पन्न हुआ और श्वासके अठारहवे भागप्रमाण क्षुद्र आयुको भोग भोग कर मरणको प्राप्त हुआ। पीछे एक एक प्रदेशके अधिकक्रमसे जितने कालमे सम्पूर्ण लोकको अपना जन्मक्षेत्र बनाले उतने कालसमुदायको एक परक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं।

कोई जीव उत्सर्पिणीके प्रथम समयमे पहली बार उत्पन्न हुआ, इस ही तरह दूसरी बार दूसरी उत्सर्पिणीके दूसरे समयमे उत्पन्न हुआ, तथा तीसरी उत्सर्पिणीके तीसरे समयमे तीसरी बार उत्पन्न हुआ। इसही क्रमसे उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीके बीस कोडाकोडी सागरके जितने समय हैं उनमे उत्पन्न हुआ, तथा इसही क्रमसे मरणको प्राप्त हुआ, इसमे जितना काल लगे उतने कालसमुदायको एक काल परिवर्तन कहते हैं।

कोई जीव दस हजार वर्षके जितने समय है उतनी बार जघन्य दस हजार वर्षकी आयुसे प्रथम नरकमे उत्पन्न हुआ, पीछे एक एक समयके अधिकक्रमसे नरकसम्बन्धी तेतीस सागरकी आयुको क्रमसे पूर्ण कर, अन्तर्मुहूर्तके जितने समय हैं उतनी बार जघन्य अन्तर्मुहूर्तकी आयुसे तिर्यंचगतिमे उत्पन्न होकर यहाँपर भी नरकगतिकी तरह एक एक समयके अधिकक्रमसे तिर्यंगति सम्बन्धी तीन पल्यकी उत्कृष्टआयुको पूर्ण किया। पीछे तिर्यंगतिकी तरह मनुष्यगतिको पूर्ण किया, क्योंकि मनुष्यगतिकी भी जघन्य अन्तर्मुहूर्तकी तथा उत्कृष्ट तीन पल्यकी आयु है। मनुष्य-गतिके बाद दस हजार वर्षके जितने समय है उतनी बार जघन्य दस हजार वर्षकी आयुसे देवगतिमे उत्पन्न होकर पीछे एक-एक समयके अधिक्रमसे इकतीस सागरकी उत्कृष्ट आयुको पूर्ण किया, क्योंकि यद्यपि देवगतिसम्बन्धी उत्कृष्ट आयु तेतीस सागरकी है तथापि यहाँपर इकतीस सागर ही ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि मिथ्यादृष्टि देवकी उत्कृष्ट आयु इकतीस सागरतक ही होती है। और इन परिवर्तनोंका निरूपण मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षासे ही है, क्योंकि सम्यग्दृष्टि ससारमे अर्धपुद्गल परि-

वर्तनका जितना काल है उससे अधिक कालतक नही रहता। इस क्रमसे चारो गतियोमे भ्रमण करनेमे जितना काल लगे उतने कालको एक भवपरिवर्तनका काल कहते हैं। तथा इतने कालमे जितना भ्रमण किया जाय उसको भवपरिवर्तन कहते हैं।

योगस्थान अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कषायाध्यवसायस्थान[1] स्थितिस्थान इन चारके निमित्तसे भावपरिवर्तन होता है। प्रकृति और प्रदेशबन्धको कारणभूत आत्माके प्रदेशपरिस्पन्दरूप योगके तरतमरूप स्थानोको योगस्थान कहते है। जिन कषायोके तरतमरूप स्थानोसे अनुभागबन्ध होता है उनको अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। स्थितिबन्धको कारणभूत कषायपरिणामोको कषायाध्यवसायस्थान या स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। बन्धरूप कर्मकी जघन्यादिक स्थितिको स्थितिस्थान कहते हैं। इनका परिवर्तन किस तरह होता है यह दृष्टात द्वारा आगे लिखते है—

श्रेणिके असंख्यातवे भागप्रमाण योगस्थानोके हो जानेपर एक अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान होता है, और असख्यात लोकप्रमाण अनुभागबन्धाध्यवसायस्थानोके होजानेपर एक कषायाध्यवसायस्थान होता है, तथा असख्यात लोकप्रमाण कषायाध्यवसायस्थानोके होजाने पर एक स्थितिस्थान होता है। इस क्रमसे ज्ञानावरण आदि समस्त मूलप्रकृति वा उत्तरप्रकृतियोके समस्त स्थानोके पूर्ण होनेपर एक भावपरिवर्तन होता है। जैसे किसी पर्याप्त मिथ्यादृष्टि सज्ञी जीवके ज्ञानावरण कर्मकी अन्त कोडाकोड़ी सागरप्रमाण जघन्य स्थितिका बन्ध होता है। यही यहांपर जघन्य स्थिति हैं। अतः इसके योग्य विवक्षित जीवके जघन्य ही अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान जघन्य ही कषायाध्यवसायस्थान और जघन्य ही योगस्थान होते है। यहांसे ही भावपरिवर्तनका प्रारम्भ होता है। अर्थात् इसके आगे श्रेणीके असख्यातवें भागप्रमाण योगस्थानोके क्रमसे होजाने पर दूसरा अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान होता है। इसके बाद फिर श्रेणीके असख्यातवें भागप्रमाण योगस्थानोके क्रमसे होजानेपर तीसरा अनुभागबधाध्यवसायस्थान होता है। इस ही क्रमसे असख्यात लोकप्रमाण अनुभागबन्धाध्यवसायस्थानोके होजानेपर दूसरा कषायाध्यवसायस्थान होता है। जिस क्रमसे दूसरा कषायाध्यवसायस्थान हुआ उसही क्रमसे असख्यात लोकप्रमाण कषायाध्यवसायस्थानोंके होजानेपर भी वही जघन्य स्थितिस्थान होता है। जो क्रम जघन्य स्थिति स्थानमे बताया वही क्रम एक-एक समय अधिक द्वितीयादि स्थितिस्थानोमे समझना चाहिये। तथा इसी क्रमसे ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति तक समस्त स्थितिस्थानोके हो जानेपर और ज्ञानावरणके स्थितिस्थानोकी तरह क्रमसे सम्पूर्ण मूल वा उत्तर प्रकृतियोके समस्त स्थितिस्थानोके पूर्ण होनेपर एक भावपरिवर्तन होता है। तथा इस परिवर्तनमे जितना काल लगे उसको एकभाव परिवर्तनका काल[2] कहते हैं। इस प्रकार सक्षेपमे इन पाँच परिवर्तनोका स्वरूप यहाँ पर कहा है। इनका काल उत्तरोत्तर अनन्तगुणा अनन्तगुणा है। नानाप्रकारके दु खोसे आकुलित पांच परिवर्तनरूप संसारमे यह जीव मिथ्यात्वके निमित्तसे अनन्त कालसे भ्रमण कर रहा है। इस

---

१ एक ही कषाय परिणाममें दो कार्य करनेका स्वभाव है। एक स्वभाव अनुभागबंधको कारण है, और दूसरा स्वभाव स्थितिबंधको कारण है। इसको ही अनुभागबंधाध्यवसाय और कषायाध्यवसाय कहते हैं।

२. सभी परिवर्तनोमें जहाँ क्रमभंग होगा वह गणनामें नही आवेगा।

परिभ्रमणके कारणभूत कर्मोको तोड़कर मुक्तिको प्राप्त करनेकी जिनमे योग्यता नही है उनको अभव्य कहते हैं और जिनमे कर्मोको तोड़कर मुक्तिको प्राप्त करनेकी योग्यता है उनको भव्य कहते हैं।

॥ इति भव्यत्वमार्गणा समाप्ता ॥

क्रमप्राप्त सम्यक्त्व मार्गणाका वर्णन करते हैं—

छप्पंचणवविहाणं, अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं।
आणाए अहिगमेण य, सद्दहणं होइ सम्मत्तं[1] ॥ ५६१ ॥

षट्पञ्चनवविधानामर्थाना जिनवरोपदिष्टानाम्।
आज्ञया अधिगमेन च श्रद्धानं भवति सम्यक्त्वम् ॥ ५६१ ॥

अर्थ—छह द्रव्य पाँच अस्तिकाय नव पदार्थ इनका जिनेन्द्रदेवने जिस प्रकारसे वर्णन किया है उस ही प्रकारसे इनका जो श्रद्धान करना उसको सम्यक्त्व कहते है। यह दो प्रकारसे होता है—एक तो केवल आज्ञासे दूसरा अधिगमसे।

भावार्थ—जीव पुद्गल धर्म अधर्म आकाश काल ये छह द्रव्य हैं। तथा कालको छोड़कर शेष ये ही पाच अस्तिकाय कहे जाते हैं और जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर निर्जरा मोक्ष पुण्य पाप ये नव[2] प्रकारके पदार्थ हैं। इनका "जिनेन्द्रदेवने जैसा स्वरूप कहा है वास्तवमें वही सत्य है," इस तरह[3] बिना युक्तिसे निश्चय किये ही जो श्रद्धान होता है उसको आज्ञासम्यक्त्व[4] कहते हैं। तथा इनके विषयमे प्रत्यक्ष परोक्षरूप प्रमाण, द्रव्यार्थिक आदि नय, नाम स्थापना आदि निक्षेप इत्यादिके द्वारा निश्चय करके जो श्रद्धान होता है उसको अधिगम सम्यक्त्व कहते हैं।

सम्यक्त्वके श्रद्धेय विषयोमेसे क्रमानुसार सबसे पहले द्रव्योका वर्णन करनेके लिए उनके सात अधिकारोका निर्देश करते हैं—

छद्दव्वेसु य णामं, उवलक्खणुवाय अत्थणे कालो।
अत्थणखेत्तं संखा, ठाणसरूवं फलं च हवे ॥ ५६२ ॥

षड्द्रव्येषु च नाम उपलक्षणानुवाद. अस्तित्वकाल।
अस्तित्वक्षेत्र सख्या स्थानस्वरूपं फल च भवेत् ॥ ५६२ ॥

अर्थ—छह द्रव्योके निरूपण करनेमे ये सात अधिकार हैं—नाम, उपलक्षणानुवाद, स्थिति, क्षेत्र, संख्या, स्थानस्वरूप, फल। इन सात अधिकारोके द्वारा छहो द्रव्योका यहाँ वर्णन किया जायगा।

प्रथम ही नाम अधिकारको कहते हैं—

---

१ प ग १ गाथा ९६, २१७।

२ इन नौ पदार्थोमें सात तत्त्व भी अन्तर्भूत हो जाते हैं, क्योंकि इनमेंसे पुण्य पापको छोडकर बाकी जीवादिक सात तत्त्व हैं।

३ "इदमेवेदृशमेव तत्त्वं नान्यन्नचान्यथा। इत्यकम्पायसाम्भोवत्सन्मार्गेऽसशया रुचि. ॥ ॥ र क। सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्व हेतुभिर्नैव हन्यते। आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनो जिना ॥ ॥पुरु०।

४ आज्ञा-निसर्ग इत्यर्थ। "तन्निसर्गादधिगमाद्वा" त. सू।

जीवाजीवं दव्वं, रूवारूवि त्ति होदि पत्तेयं ।
संसारत्था रूवा, कम्मविमुक्का अरूवगया ॥ ५६३ ॥
जीवाजीवं द्रव्य रूप्यरूपोति भवति प्रत्येकम् ।
संसारस्था रूपिणः कर्मविमुक्ता अरूपगताः ॥ ५६३ ॥

अर्थ—द्रव्यके सामान्यतया दो भेद है—एक जीवद्रव्य दूसरा अजीव द्रव्य । फिर इनमे भी प्रत्येकके दो-दो भेद हैं—एक रूपी दूसरा अरूपी । जितने ससारी जीव है वे सब रूपी है, क्योकि उनका कर्म-पुद्गलके साथ एक क्षेत्रावगाहसम्बन्ध है । जो जीव कर्मसे रहित होकर सिद्ध अवस्थाको प्राप्त हो चुके हैं वे सब अरूपी है, क्योकि उनसे कर्मपुद्गलका सम्बन्ध सर्वथा छूट गया है ।

अजीव द्रव्यमे भी रूपी अरूपोका भेद गिनाते हैं—

अज्जीवेसु य रूवी, पुग्गलदव्वाणि धम्म इदरो वि ।
आगासं कालो वि य, चत्तारि अरूविणो होंति ॥ ५६४ ॥
अजीवेषु च रूपीणि पुद्गलद्रव्याणि धर्म्म इतरोऽपि ।
आकाश कालोपि च चत्वारि अरूपीणि भवन्ति ॥ ५६४ ॥

अर्थ—अजीव द्रव्यके पाच भेद हैं, पुद्गल, धर्म्म, अधर्म, आकाश, काल । इनमे एक पुद्गल द्रव्य रूपी[1] है और शेष धर्म, अधर्म, आकाश, काल ये चार द्रव्य अरूपी हैं ।

उपलक्षणानुवाद अधिकारको कहते हैं—

उवजोगो वण्णचऊ, लक्खणमिह जीवपोग्गलाणं तु ।
गदिठाणोग्गहवत्तणकिरियुवयारो दु धम्मचऊ ॥ ५६५ ॥
उपयोगो वर्णचतुष्कं लक्षणमिह जीवपुद्गलाना तु ।
गतिस्थानावगाहवर्तनक्रियोपकारस्तु धर्मचतुर्णाम् ॥ ५६५ ॥

अर्थ—ज्ञान-दर्शनरूप उपयोग जीवद्रव्यका लक्षण है । वर्ण गन्ध रस स्पर्श यह पुद्गलद्रव्यका लक्षण है । जो गमन करते हुए जीव और पुद्गलद्रव्यको गमन करनेमे सहकारी हो उसको धर्मद्रव्य कहते है । जो ठहरे हुए जीव तथा पुद्गलद्रव्यको ठहरनेमे सहकारी हो उसको अधर्मद्रव्य कहते हैं । जो सम्पूर्ण द्रव्योको स्थान देनेमे सहायक हो उसको आकाश कहते हैं । जो समस्त द्रव्योके अपने-अपने स्वभावमें वर्तनेका सहकारी है उसको काल कहते हैं ।

गदिठाणोग्गहकिरिया, जीवाणं पुग्गलाणमेव हवे ।
धम्मतिये ण हि किरिया, मुक्खा पुण साधका होंति ॥ ५६६ ॥
गतिस्थानावगाहक्रिया जीवाना पुद्गलानामेव भवेत् ।
धर्मत्रिके न हि क्रिया मुख्याः पुन साधका भवन्ति ॥ ५६६ ॥

अर्थ—गमन करनेकी या ठहरनेकी तथा रहनेकी क्रिया जीवद्रव्य तथा पुद्गलद्रव्यकी ही होती है । धर्म अधर्म आकाशमे ये क्रिया नही होती, क्योंकि न तो ये एक स्थानसे चलायमान

१. "रूपिण पुद्गला." त सू ।

होते हैं, और न प्रदेश ही चलायमान होते हैं। किन्तु ये तीनों ही द्रव्य जीव और पुद्गलको उक्त तीनो क्रियाओंके मुख्य साधक हैं।

भावार्थ—मुख्य साधक कहनेका अभिप्राय यह नहीं है कि धर्मादिक द्रव्य जीव पुद्गलको गमन आदि करनेमे प्रेरक हैं, किन्तु इसका अभिप्राय यह है कि जिस समय जीव या पुद्गल गति आदिरूपसे परिणित हो उस समय उनकी उस गति आदिमें सहकारी होना धर्मादि द्रव्यका मुख्य कार्य है। मतलब यह है कि जीव-पुद्गलकी गति क्रियामें धर्म द्रव्य, स्थिति क्रियामें अधर्म द्रव्य और अवगाहन क्रियामें आकाश द्रव्य उदासीन कारण हैं। प्रेरक कारण नही है। वे उस क्रियारूप परिणत होनेके लिए जीव पुद्गलको प्रेरित नहीं किया करते, किन्तु तद्रूप परिणत होने-पर वे उस क्रियामे सहायक हुवा करते हैं।

गति आदिमें धर्मादि द्रव्य किस तरह सहायक होते हैं यह दृष्टान्त द्वारा दिखाते हैं—

जत्तस्स पहं ठत्तस्स आसणं णिवसगस्स वसदी वा।
गदिठाणोग्गहकरणे धम्मतियं साधगं होदि॥ ५६७॥

यातस्य पन्थाः तिष्ठत. आसनं निवसकस्य वसतिर्वा।
गतिस्थानावगाहकरणे धर्मत्रयं साधकं भवति॥ ५६७॥

अर्थ—गमन करनेवालेको मार्गकी तरह धर्म द्रव्य जीव पुद्गलकी गतिमें सहकारी होता है। ठहरनेवालेको आसनकी तरह अधर्म द्रव्य जीव पुद्गलको स्थितिमें सहकारी होता है। निवासकरने-वालेको मकानकी तरह आकाशद्रव्य जीव पुद्गल आदिको अवगाह देनेमे सहकारी होता है।

भावार्थ—जिस तरह चलनेवाले पथिकको मार्ग चलनेके लिए प्रेरित नहीं करता, फिर भी सहायक होता है, उसी प्रकार जीव पुद्गलके गमनमे धर्म द्रव्य सहायक है। इसी प्रकार अधर्म और आकाशके विषयमे समझना चाहिये।

वत्तणहेदू कालो, वत्तणगुणमविय दव्वणिचयेसु।
कालाधारेणेव य, वट्टंति हु सव्वदव्वाणि॥ ५६८॥

वर्तनाहेतु. कालो वर्तनागुणमवेहि द्रव्यनिचयेषु।
कालाधारेणैव च वर्तन्ते हि सर्वद्रव्याणि॥ ५६८॥

धम्माधम्मादीणं, अगुरुगलहुगं तु छहिं वि वड्ढीहिं ।
हाणीहिं वि वड्ढंतो, हायंतो वट्टदे जम्हा ॥ ५६९ ॥

धर्माधर्मादीनामगुरुकलघुकं तु षड्भिरपि वृद्धिभिः ।
हानिभिरपि वर्धमानं हीयमानं वर्तते यस्मात् ॥ ५६९ ॥

अर्थ—धर्मादिक द्रव्योमें अगुरुलघु नामका एक गुण है। इस गुणमे तथा इसके निमित्तसे धर्मादिक द्रव्यके शेष गुणोमें छह प्रकारकी वृद्धि तथा छह प्रकारको हानि होती है और इन वृद्धि हानिके निमित्तसे वर्धमान तथा हीयमान धर्मादि द्रव्योमे वर्त्तना सम्भव है।

भावार्थ—धर्मादि द्रव्योमे स्वसत्ताका नियामक कारणभूत अगुरुलघु गुण है। उसके अनन्तानन्त अविभागप्रतिच्छेदोमे अनन्तभागवृद्धि असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, सख्यातगुणवृद्धि, असख्यातगुणवृद्धि, अनन्तगुणवृद्धि ये छह वृद्धि तथा अनन्तभागहानि, असख्यातभागहानि, सख्यातभागहानि, सख्यातगुणहानि, असख्यातगुणहानि, अनन्तगुणहानि ये छह हानि होती हैं। तथा इस गुणके निमित्तसे दूसरे गुणोंमे भी ये हानि वृद्धि होती हैं। इसलिए धर्मादि द्रव्योके इस परिणमनका भी बाह्य सहकारी कारण मुख्य काल द्रव्य ही है। सूक्ष्म अनन्तानन्त अविभाग प्रतिच्छेदयुक्त अगुरुलघुगुणके द्वारा धर्मादिक द्रव्य षड्गुणहानिवृद्धिरूप परिणमन करते हैं और उस परिणमनके द्वारा वे स्वय वर्त रहे हैं तथा काल द्रव्य उदासीन सहकारी निमित्त बनकर उनको उस रूपमे वर्त्ता रहा है।

वर्तनाका कारण कालद्रव्य किस तरह है यह स्पष्ट करते हैं—

ण य परिणमदि सयं सो, ण य परिणामेइ अण्णमण्णेहिं ।
विविहपरिणामियाणं, हवदि हु कालो सयं हेदू ॥ ५७० ॥

न च परिणमति स्वय स न च परिणामयति अन्यदन्यैः ।
विविधपरिणामिकानां भवति हि कालः स्वय हेतुः ॥ ५७० ॥

अर्थ—परिणामी होनेसे कालद्रव्य दूसरे द्रव्यरूप परिणत हो जाय यह वात नही है, वह न तो स्वयं दूसरे द्रव्यरूप परिणत होता है और न दूसरे द्रव्योको अपने स्वरूप अथवा भिन्न द्रव्यस्वरूप परिणभाता है; किन्तु अपने-अपने स्वभावसे ही अपने-अपने योग्य पर्यायोंसे परिणत होनेवाले द्रव्योके परिणमनमे कालद्रव्य उदासीनतासे स्वय बाह्य सहकारी हो जाता है।

कालं अस्सिय दव्वं, सगसगपज्जायपरिणदं होदि ।
पज्जायावट्ठाणं, सुद्धणये होदि खणमेत्तं ॥ ५७१ ॥

कालमाश्रित्य द्रव्य स्वकस्वकपर्यायपरिणत भवति ।
पर्यायावस्थान शुद्धनयेन भवति क्षणमात्रम् ॥ ५७१ ॥

अर्थ—कालके आश्रयसे प्रत्येक द्रव्य अपने योग्य पर्यायोंसे परिणत होता है। इन पर्यायोंकी स्थिति शुद्धनयसे एक क्षणमात्र रहती है।

भावार्थ—शुद्ध ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षासे सभी द्रव्योंकी अर्थ पर्यायका काल एक क्षणमात्र है और काल द्रव्यके निमित्तसे सभी द्रव्य इस तरह स्वभावसे प्रतिक्षण परिणमन करते रहते हैं।

ववहारो य वियप्पो, भेदो तह पज्जओ त्ति एयट्ठो ।
ववहार अवट्ठाणट्ठिदी हु ववहारकालो दु ॥ ५७२ ॥
व्यवहारश्च विकल्पो भेदस्तथा पर्याय इत्येकार्थः ।
व्यवहारावस्थानस्थितिर्हि व्यवहारकालस्तु ॥ ५७२ ॥

अर्थ—व्यवहार विकल्प भेद तथा पर्याय इन शब्दोका एक ही अर्थ है। अर्थात् एक ही अर्थके ये पर्यायवाचक शब्द हैं। व्यंजनपर्यायके वर्तमानरूपमें ठहरनेका जितना काल है उतने कालको व्यवहारकाल कहते हैं।

अवरा पज्जायठिदी, खणमेत्तं होदि तं च समओ त्ति ।
दोण्हमणूणमदिक्कमकालपमाणं हवे सो दु ॥ ५७३ ॥
अवरा पर्यायस्थितिः क्षणमात्रं भवति सा च समय इति ।
द्वयोरण्वोरतिक्रमकालप्रमाणं भवेत् स तु ॥ ५७३ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण द्रव्योंकी पर्यायकी जघन्य स्थिति एक क्षणमात्र होती है, इसीको समय कहते हैं। दो परमाणुओंके अतिक्रमण करनेके कालका जितना प्रमाण है उसको समय कहते हैं।

भावार्थ—समीपमें स्थित दो परमाणुओंमेंसे मंद गमनरूप परिणत होकर जितने कालमें एक परमाणु दूसरे परमाणुका उल्लंघन करे उतने कालको एक समय कहते हैं। इतनी ही प्रत्येक पर्यायकी जघन्य स्थिति है। सूक्ष्म ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षासे पर्यायका काल एक क्षणमात्र ही है। किन्तु स्थूल ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षासे अधिक काल भी होता है। उसको व्यवहार काल कहते हैं।

क्षेपक गाथा द्वारा प्रकारान्तरसे समयका प्रमाण बताते हैं।

[1]णभएयपयेसत्थो, परमाणू मंदगइपवट्टंतो ।
बीयमणंतरखेत्तं, जावदियं जादि तं समयकालो ॥ १ ॥
नभएकप्रदेशस्थः परमाणुर्मन्दगतिप्रवर्तमानः ।
द्वितीयमनन्तरक्षेत्रं यावत् याति स. समयकालः ॥ १ ॥

अर्थ—आकाशके एक प्रदेशपर स्थित एक परमाणु मन्दगतिके द्वारा गमन करके दूसरे अनन्तर प्रदेशपर जितने कालमें प्राप्त हो उतने कालको एक समय कहते हैं।

प्रदेशका प्रमाण कितना है सो बताते हैं—

जेत्ती वि[2] खेत्तमेत्तं, अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वं च ।
तं च पदेसं भणियं, अवरावरकारणं जस्स ॥ २ ॥
यावदपि क्षेत्रमात्रमणुना रुद्धं खलु गगनद्रव्यं च ।
स च प्रदेशो भणित अपरापरकारणं यस्य ॥ २ ॥

अर्थ—जितने आकाशद्रव्यमें पुद्गलका एक अविभागी परमाणु आजाय उतने क्षेत्रमात्रको

१. २. ये दोनों ही गाथा क्षेपक हैं। जीव प्रबोधिनी टीकाकारने इनको उपयोगी गाथा कहकर उद्धृत किया है।

एक प्रदेश कहते हैं। इस प्रदेशके निमित्तसे ही आगे पीछेका अथवा दूर समीपका व्यवहार सिद्ध होता है।

भावार्थ—अमुक पदार्थ अमुक पदार्थके आगे है और अमुक पदार्थ पीछे है। अथवा अमुक पदार्थ अमुक पदार्थके समीप है और अमुक पदार्थसे दूर है इस तरह क्षेत्रसम्बन्धी आगे पीछे या निकट दूरके व्यवहारको सिद्ध करनेवाला प्रदेशविभाग ही है। क्षेत्रविषयक व्यवहार आकाशके द्वारा हुआ करता है। इसीलिये प्रदेशका लक्षण यह बताया गया है कि जितना आकाश अविभागी परमाणुके द्वारा अवरुद्ध हो उसको प्रदेश कहते हैं।

व्यवहारकालका निरूपण करते हैं—

आवलिअसंखसमया, संखेज्जावलिसमूहमुस्सासो।
सत्तुस्सासा थोवो, सत्तत्थोवा लवो भणियो ॥ ५७४ ॥

आवलिरसंख्यसमया संख्येयावलिसमूह उच्छ्वासः।
सप्तोच्छ्वासाः स्तोकः सप्तस्तोको लवो भणितः ॥ ५७४ ॥

अर्थ—असंख्यात समयकी एक आवली होती है। संख्यात आवलीका एक उच्छ्वास होता है। सात उच्छ्वासका एक स्तोक होता है। सात स्तोकका एक लव होता है।

उच्छ्वासका स्वरूप क्षेपक गाथा द्वारा बताते हैं—

अड्ढस्स अणलसस्स य, णिरुवहदस्स य हवेज्ज जीवस्स।
उस्सासाणिस्सासो, एगो पाणो त्ति आहीदो ॥ १ ॥

आढ्यस्यानलसस्य च निरुपहतस्य च भवेत् जीवस्य।
उच्छ्वासनिःश्वास एकः प्राण इति आख्यातः ॥ १ ॥

अर्थ—सुखी, आलस्यरहित, रोग पराधीनता चिन्ता आदिसे रहित जीवके संख्यात आवलीके समूहरूप एक श्वासोच्छ्वास प्राण होता है।

भावार्थ—दुःखी आदि जीवके संख्यात आवलीप्रमाण कालके पहले भी श्वासोच्छ्वास हो जाता है, इसलिये यहाँ पर सुखी आदि विशेषणोंसे युक्त जीवका ग्रहण किया है। इस तरहके जीवके जो श्वासोच्छ्वास होता है वह संख्यात आवलीके समूहरूप है। इसीको एक प्राण कहते हैं।

अट्ठत्तीसद्धलवा, णाली वेणालिया मुहुत्तं तु।
एगसमयेण हीणं, भिण्णमुहुत्तं तदो सेसं ॥ ५७५ ॥

अष्टत्रिंशदर्धलवा नाली द्विनालिको मुहूर्तस्तु।
एकसमयेन हीनो भिन्नमुहूर्तस्ततः ॥ ५७५ ॥

अर्थ—साढे अडतीस लवकी एक नाली (घडी) होती है। दो घड़ीका एक मुहूर्त होता है। इसमे एक समय कम करनेसे भिन्नमुहूर्त अथवा अन्तर्मुहूर्त होता है। तथा इसके आगे दो तीन चार आदि समय कम करनेसे अन्तर्मुहूर्तके भेद होते हैं।

जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण क्षेपक गाथाके द्वारा बताते हैं—

ससमयमावलि अवरं, समऊणमुहुत्तयं तु उक्कस्सं ।
मज्झासंखवियप्पं, वियाण अंतोमुहुत्तमिणं ॥ १ ॥

ससमय आवलिरवर समयोनमुहूर्तकस्तु उत्कृष्ट. ।
मध्यासख्यविकल्प. विजानीहि अन्तर्मुहूर्तमिमम् ॥ १ ॥

अर्थ—एक समयसहित आवलीप्रमाण कालको जघन्य अन्तर्मुहूर्त कहते हैं। एक समय कम मुहूर्तको उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम कहते हैं। इन दोनोंके मध्यके असख्यात भेद हैं। उन सबको भी अन्तर्मुहूर्त ही जानना चाहिये।

दिवसो पक्खो मासो, उडु अयणं वस्समेवमादी हु ।
संखेज्जासंखेज्जाणंताओ होदि ववहारो ॥ ५७६ ॥

दिवस पक्षो मास ऋतुरयनं वर्षमेवमादिर्हि ।
सख्येयासंख्येयानन्ता भवन्ति व्यवहारा. ॥ ५७६ ॥

अर्थ—तीस मुहूर्तका एक दिवस (अहोरात्र), पन्द्रह अहोरात्रका एक पक्ष, दो पक्षका एक मास, दो मासकी एक ऋतु, तीन ऋतुका एक अयन, दो अयनका एकवर्ष इत्यादि व्यवहार कालके आवलीसे लेकर संख्यात असख्यात अनन्त भेद होते हैं।

ववहारो पुण कालो, माणुसखेत्तम्हि जाणिदव्वो दु ।
जोइसियाणं चारे, ववहारो खलु समाणो त्ति ॥ ५७७ ॥

व्यवहार पुन. काल. मानुपक्षेत्रे ज्ञातव्यस्तु ।
ज्योतिष्काणां चारे व्यवहार. खलु समान इति ॥ ५७७ ॥

अर्थ—परन्तु यह व्यवहार काल मनुष्यक्षेत्रमे ही समझना चाहिये, क्योंकि मनुष्यक्षेत्रके ही ज्योतिषी देवोंके विमान गमन करते हैं और इनके गमनका काल तथा व्यवहार काल दोनों समान हैं।

भावार्थ—कालके इन भेदोंका व्यवहार मुख्यतया मनुष्य क्षेत्रमे ही पाया जाता है। तथा इन व्यवहार कालकी वास्तविक सिद्धि ज्योतिष्क विमानोंके चार पर निर्भर है।

प्रकारान्तरसे व्यवहार कालके भेद और उनका प्रमाण बताते हैं—

ववहारो पुण तिविहो, तीदो वट्टंतगो भविस्सो दु ।
तीदो संखेज्जावलिहदसिद्धाणं पमाणं तु ॥ ५७८

व्यवहार पुनस्त्रिविधोऽतीतो वर्तमानो भविष्यंस्तु ।
अतीतः सख्येयावलिहतसिद्धाना प्रमाणं तु ॥ ५७८ ॥

अर्थ—व्यवहार कालके तीन भेद हैं—भूत वर्तमान भविष्यत्। इनमेंसे सिद्धराशिका संख्यात आवलीके प्रमाणसे गुणा करनेपर जो प्रमाण हो उतना ही अतीत अर्थात् भूत कालका प्रमाण है।

भावार्थ—छह महीना आठ समयमें छह सौ आठ जीव मुक्ति प्राप्त करते हैं और सिद्धराशि जीवराशिके अनन्तवें भाग है। यह सिद्धराशि जितने कालमें हुई उसके लिए त्रैराशिक फलराशि

छह महीना ८ समयका इच्छाराशि सिद्धोके प्रमाणसे गुणा करके प्रमाण राशि-छह सौ आठका भाग देने पर अतीत कालका प्रमाण सख्यात आवलि गुणित सिद्धराशि लब्ध आता है।

वर्तमान और भविष्यत् कालका प्रमाण बताते है—

समओ हु वट्टमाणो, जीवादो सव्वपुग्गलादो वि ।
भावी अणंतगुणिदो, इदि ववहारो हवे कालो ।। ५७९ ।।

समयो हि वर्तमानो जीवात् सर्वपुद्गलादपि ।
भावी अनतगुणित इति व्यवहारो भवेत्काल ।। ५७९ ।।

अर्थ—वर्तमान कालका प्रमाण एक समय है। सम्पूर्ण जीवराशि तथा समस्त पुद्गलद्रव्य-राशिसे भी अनतगुणा भविष्यत् कालका प्रमाण है। इस प्रकार व्यवहार कालके तीन भेद होते है।

कालो वि य ववएसो, सब्भावपरूवओ हवदि णिच्चो ।
उप्पण्णप्पद्धंसी, अवरो दीहंतरट्ठाई ।। ५८० ।।

कालोऽपि च व्यपदेशः सद्भावप्ररूपको भवति नित्य. ।
उत्पन्नप्रध्वसी अपरो दीर्घान्तरस्थायी ।। ५८० ।।

अर्थ—काल यह व्यपदेश [सज्ञा] मुख्यकालका बोधक है, निश्चयकाल द्रव्यके अस्तित्वको सूचित करता है क्योकि विना मुख्यके गौण अथवा व्यवहारकी प्रवृत्ति नही हो सकती। यह मुख्य काल द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा नित्य है तथा पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा उत्पन्नध्वसी है। तथा व्यवहारकाल वर्तमानकी अपेक्षा उत्पन्नध्वसी है और भूत भविष्यत्की अपेक्षा दीर्घान्तरस्थायी है। इस प्रकार छह द्रव्योका निरूपण करनेवाले सात अधिकारोमेसे दूसरा उपलक्षणानुवाद अधिकार पूर्ण हुआ।

अब क्रमानुसार स्थिति अधिकारका वर्णन करते है—

छद्दव्वावट्ठाणं, सरिस तियकालअत्थपज्जाये ।
वेंजणपज्जाये वा, मिलिदे ताणं ठिदित्तादो ।। ५८१ ।।

षड्द्रव्यावस्थानं सदृश त्रिकालार्थपर्याये ।
व्यञ्जनपर्याये वा मिलिते तेषा स्थितित्वात् ।। ५८१ ।।

अर्थ—अवस्थान = स्थिति छहो द्रव्योकी समान है। क्योकि त्रिकालसम्बन्धी अर्थपर्याय वा व्यञ्जनपर्यायके मिलनेसे ही उनकी स्थिति होती है।

भावार्थ—छहो द्रव्य अनादिनिधन है, फिर भी वह कथचित् पर्यायोसे भिन्न कुछ भी चीज नही है। और इन पर्यायोके दो भेद हैं—एक व्यञ्जनपर्याय दूसरी अर्थपर्याय। वाग्गोचर—वचनके विषयभूत स्थूलपर्यायको व्यञ्जनपर्याय[1] कहते है और वचनके अगोचर सूक्ष्म पर्यायोको अर्थपर्याय कहते हैं। ये दोनोही पर्याय पर्यायत्वको अपेक्षा त्रिकालवर्ती अर्थात् अनादिनिधन है और द्रव्य इनके समूहरूप है, क्योकि सदा रहते हुए भी वह स्वभावसे उत्पादव्ययात्मक है।

इस ही अर्थको स्पष्ट करते है—

१. प्रदेशवत्त्व गुणकी अवस्थाओको भी व्यञ्जनपर्याय कहते हैं।

एयदवियम्मि जे, अत्थपज्जया वियणपज्जया चावि।
तीदाणागदभूदा, तावदियं तं हवदि दव्वं[1] ॥ ५८२ ॥

एकद्रव्ये ये अर्थपर्याया व्यञ्जनपर्यायाश्चापि।
अतीतानागतभूता. तावत्तत् भवति द्रव्यम् ॥ ५८२ ॥

अर्थ—एक द्रव्यमें जितनी त्रिकालसम्बन्धी अर्थपर्याय और व्यंजनपर्याय हैं उतना ही द्रव्य है।

भावार्थ—त्रिकालसम्बन्धी संस्थानस्वरूप (आकाररूप) प्रदेशवत्त्वगुणकी पर्याय-व्यंजन पर्याय तथा प्रदेशवत्त्वगुणको छोड़कर शेष गुणोंकी त्रिकालसम्बन्धी समस्त पर्याय-अर्थपर्याय इनका जो समूह है वही द्रव्य है।

इस प्रकार तीसरे स्थिति अधिकारका वर्णन करके क्रमके अनुसार चौथे क्षेत्र अधिकारका वर्णन करते हैं—

आगासं वज्जित्ता, सव्वे लोगम्मि चेव णत्थि वहिं।
वावी धम्माधम्मा, अवट्ठिदा अचलिदा णिच्चा ॥ ५८३ ॥

आकाश वर्जयित्वा सर्वाणि लोके चैव न सन्ति वहि।
व्यापिनौ धर्माधर्मौ अवस्थितावचलितौ नित्यौ ॥ ५८३ ॥

अर्थ—आकाशको छोड़कर शेष समस्त द्रव्य लोकमें ही हैं—बाहर नहीं हैं। तथा धर्म और अधर्मद्रव्य व्यापक हैं, अवस्थित हैं, अचलित हैं और नित्य हैं।

भावार्थ—आकाशद्रव्यके दो भेद हैं—एक लोक दूसरा अलोक। जितने आकाशमें जीव पुद्‌गल धर्म अधर्म काल पाया जाय उतने आकाशको लोक कहते हैं। इसके बाहर जितना अनन्त आकाशद्रव्य है उसको अलोक कहते हैं। धर्म अधर्म द्रव्य सम्पूर्ण लोकमें तिलमें तैलकी तरह व्याप्त[2] हैं, इसलिये इनको व्यापक कहा है। तथा ये दोनों ही द्रव्य आकाशके जिन प्रदेशोंमें स्थित हैं उनही प्रदेशोंमें स्थित रहते हैं, चलायमान नहीं होते, जीवादिकी तरह एक स्थानको छोड़कर दूसरे स्थानमें गमन नहीं करते, इसलिये अवस्थित हैं और अपने स्थान पर रहते हुए भी इनके प्रदेश जलकल्लोलकी तरह सकम्प नहीं होते हैं, इसीलिये अचलित हैं। ये दोनों ही द्रव्य कभी भी अपने स्वरूपसे च्युत नहीं होते हैं अर्थात् न तो इनमें विभाव पर्याय ही होती है और न इनका कभी सर्वथा अभाव ही होता है।

लोगस्स असंखेज्जदिभागप्पहुदिं तु सव्वलोगो त्ति।
अप्पपदेसविसप्पणसंहारे वावडो जीवो ॥ ५८४ ॥

---

१. प ञ. १ गा. १३६।

२ आधार तीन तरहका माना है। यथा—औपश्लेषिकवैषयिकाभिव्यापक इत्यादि। आधारस्त्रिविध. प्रोक्तः कटाकाशतिलेषु च अर्थात् चटाईपर बैठा है, यहां चटाई औपश्लेषिक आधार है, आकाशमें घट पट गृह मेघ आदि हैं। यहां आकाश वैषयिक आधार है। तिलमें तैल है। यहां तिल अभिव्यापक आधार है। प्रकृतमें आकाश, धर्म अधर्म द्रव्यका अभिव्यापक आधार है।

लोकस्यासंख्येयादिभागप्रभृतिस्तु सर्वलोक इति ।
आत्मप्रदेशविसर्पणसंहारे व्यापृतो जीवः ॥ ५८४ ॥

अर्थ—एक जीव अपने प्रदेशोंके संहार-विसर्पकी अपेक्षा लोकके असंख्यातवें भागसे लेकर सम्पूर्ण लोकतकमें व्याप्त होकर रहता है।

भावार्थ—आत्मामें प्रदेशसंहार-विसर्पत्व गुण है। इसके निमित्तसे उसके प्रदेश संकुचित तथा विस्तृत होते हैं, इसलिये एक जीवका क्षेत्र शरीरप्रमाणको अपेक्षा अंगुलके असंख्यातवें भागसे लेकर हजार योजन तकका होता है। इसके आगे समुद्घातकी अपेक्षा लोकके असंख्यातवें भाग, संख्यातवें भाग, तथा सम्पूर्ण लोकप्रमाण भी होता है।

पोग्गलदव्वाणं पुण, एयपदेसादि होंति भजणिज्जा ।
एक्केक्को दु पदेसो, कालाणूणं धुवो होदि ॥ ५८५ ॥

पुद्गलद्रव्याणां पुनरेकप्रदेशादयो भवन्ति भजनीयाः ।
एकैकस्तु प्रदेशः कालाणूनां ध्रुवो भवति ॥ ५८५ ॥

अर्थ—पुद्गलद्रव्यका क्षेत्र एकप्रदेशसे लेकर यथासम्भव समझना चाहिये—जैसे परमाणुका एक प्रदेशप्रमाण ही क्षेत्र है, तथा द्व्यणुकका एक प्रदेश और दो प्रदेश भी क्षेत्र है, त्र्यणुकका एक प्रदेश दो प्रदेश तीन प्रदेश भी क्षेत्र है, इत्यादि। किन्तु एक एक कालाणुका क्षेत्र एक एक प्रदेश ही निश्चित है।

भावार्थ—कालद्रव्य अणुरूप ही है। कालाणुके पुद्गलद्रव्यकी तरह स्कन्ध नहीं होते। जितने लोकाकाशके प्रदेश है उतने ही कालाणु हैं, इसलिये रत्नराशिकी तरह एक एक कालाणु लोकाकाशके एक एक प्रदेशपर ही सदा स्थित रहता है। तथा जो कालाणु जिस प्रदेशपर स्थित है वह उसी प्रदेशपर सदा स्थित रहता है। किन्तु पुद्गल द्रव्य स्कंध अवस्थाको भी प्राप्त होता है, अत. उसके अनेक प्रकारके क्षेत्र होते है।

संखेज्जासंखेज्जाणंता वा होंति पोग्गलपदेसा ।
लोगागासेव ठिदी, एगपदेसो अणुस्स हवे ॥ ५८६ ॥

संख्येयासंख्येयानन्ता वा भवन्ति पुद्गलप्रदेशाः ।
लोकाकाश एव स्थितिरेकप्रदेशोऽणोर्भवेत् ॥ ५८६ ॥

अर्थ—पुद्गल द्रव्यके स्कन्ध संख्यात असंख्यात तथा अनन्त परमाणुओंके हैं, परन्तु उन सबकी स्थिति लोकाकाशमें ही हो जाती है, किन्तु एक अणु एक ही प्रदेशमें रहता है।

भावार्थ—जिस तरह जलसे अच्छी तरह भरे हुए पात्रमें लवण आदि कई पदार्थ आसकते हैं उसी तरह असंख्यातप्रदेशी लोकमें अनंतप्रदेशी स्कन्ध आदि भी समा सकते हैं।

लोगागासपदेसा, छद्दव्वेहिं फुडा सदा होंति ।
सव्वमलोगागासं, अण्णेहिं विवज्जियं होदि ॥ ५८७ ॥

लोकाकाशप्रदेशाः षड्द्रव्यैः स्फुटाः सदा भवन्ति ।
सर्वमलोकाशमन्यैर्विवर्जितं भवति ॥ ५८७ ॥

अर्थ—लोकाकाशके समस्त प्रदेशोमे छहों द्रव्य व्याप्त हैं और आलोकाकाश अकाशको छोड़कर शेष द्रव्योसे सर्वथा रहित है।

॥ इति क्षेत्राधिकारः ॥

इस तरह क्षेत्र अधिकारका वर्णन करके संख्या अधिकारको कहते हैं—

जीवा अणंतसंखाणंतगुणा पुग्गला हु तत्तो दु।
धम्मतियं एक्केक्कं, लोगपदेसप्पमा कालो ॥ ५८८ ॥
जीवा अनन्तसंख्या अनन्तगुणा. पुद्गला हि ततस्तु।
धर्मत्रिकमेकैकं लोकप्रदेशप्रमः कालः ॥ ५८८ ॥

अर्थ—जीव द्रव्य अनन्त हैं। उससे अनन्तगुणे पुद्गलद्रव्य हैं। धर्म अधर्म आकाश ये एक एक द्रव्य हैं, क्योकि ये प्रत्येक अखण्ड एक एक हैं। तथा लोकाकाशके जितने प्रदेश हैं उतने ही कालद्रव्य हैं।

लोगागासपदेसे, एक्केक्के जे ट्ठिया हु एक्केक्का।
रयणाणं रासी इव, ते कालाणू मुणेयव्वा[1] ॥ ५८९ ॥
लोकाकाशप्रदेशे एकैकस्मिन् ये स्थिता हि एकैके।
रत्नानां राशिरिव ते कालाणवो मन्तव्याः ॥ ५८९ ॥

अर्थ—वे कालाणु रत्नराशिकी तरह लोकाकाशके एक एक प्रदेशमे एक-एक स्थित हैं, ऐसा समझना चाहिये।

भावार्थ—जिस तरह रत्नोंकी राशिमे प्रत्येक रत्न भिन्न-भिन्न स्थित है उसी तरह प्रत्येक कालाणु लोकाकाशके एक-एक प्रदेशपर भिन्न-भिन्न स्थित है, इसीलिये जितने लोकाकाशके प्रदेश हैं उतने ही असंख्यात कालद्रव्य हैं।

ववहारो पुण कालो, पोग्गलदव्वादणंतगुणमेत्तो।
तत्तो अणंतगुणिदा आगासपदेसपरिसंखा ॥ ५९० ॥
व्यवहार पुनः काल पुद्गलद्रव्यादनन्तगुणमात्रः।
तत अनन्तगुणिता आकाशप्रदेशपरिसंख्या ॥ ५९० ॥

अर्थ—पुद्गलद्रव्यके प्रमाणसे अनन्तगुणा व्यवहारकालका प्रमाण है। तथा व्यवहार कालके प्रमाणसे अनन्तगुणी आकाशके प्रदेशोकी संख्या है।

लोगागासपदेसा, धम्माधम्मेगजीवगपदेसा।
सरिसा हु पदेसो पुण, परमाणुअवट्ठिदं खेत्तं ॥ ५९१ ॥
लोकाकाशप्रदेशा धर्माधर्मैकजीवगप्रदेशा।
सदृशा हि प्रदेश पुन. परमाण्ववस्थितं क्षेत्रम् ॥ ५९१ ॥

अर्थ—धर्म, अधर्म, एक जीवद्रव्य तथा लोकाकाश, इनमेसे प्रत्येककी प्रदेशसंख्या परस्परमे

१—द्रव्यसंग्रह गा, २२।

समान जगच्छ्रेणीके घनप्रमाण है और जितने क्षेत्रको एक पुद्गलका परमाणु रोकता है उतने क्षेत्रको प्रदेश कहते है—

सख्याधिकारने छहो द्रव्योकी सख्या या द्रव्यप्रमाण बताकर क्रमानुसार स्थानस्वरूपाधिकारका वर्णन करते है—

सव्वमरूवी दव्वं, अवट्ठिदं अचलिआ पदेसा वि ।
रूवी जीवा चलिया, तिवियप्पा होंति हु पदेशा ॥ ५९२ ॥
सर्वमरूपि द्रव्यमवस्थितमचलिता प्रदेशा अपि ।
रूपिणो जीवाश्चलितास्त्रिकल्पा भवन्ति हि प्रदेशा ॥ ५९२ ॥

अर्थ—सम्पूर्ण अरूपी द्रव्य अवस्थित हैं। जहा स्थित हैं वहाँ ही सदा स्थित रहते है, तथा इनके प्रदेश भी चलायमान नही होते। किन्तु रूपी (ससारी) जीवद्रव्य चल है, सदा एक ही स्थानपर नही रहा करते तथा इनके प्रदेश भी तीन प्रकारके होते हैं।

भावार्थ—धर्म अधर्म आकाश काल और मुक्त जीव ये अपने स्थानसे कभी चलायमान नही होते, तथा एक स्थान पर ही रहते हुए भी इनके प्रदेश भी कभी सकम्प नही होते। किन्तु ससारी जीव अनवस्थित है और उनके प्रदेश भी तीन प्रकारके होते है। चल भी होते है, अचल भी होते है, तथा चलाचल भी होते है। विग्रहगतिवाले जीवोके प्रदेश चल ही होते है। और शेष जीवोंके प्रदेश चलाचल होते है। आठ मध्यप्रदेश अचल होते हैं और शेष प्रदेश चलित है।

पोग्गलदव्वम्हि अणू, संखेज्जादी हवंति चलिदा हु ।
चरिमसहक्खंधम्मि य, चलाचला होंति हु पदेसा ॥ ५९३ ॥
पुद्गलद्रव्येऽणव संख्यातादयो भवति चलिता हि ।
चरममहास्कन्धे च चलाचला भवन्ति हि प्रदेशा ॥ ५९३ ॥

अर्थ—पुद्गलद्रव्यमे परमाणु तथा संख्यात असख्यात आदि अणुके जितने स्कन्ध है वे सभी चल है, किन्तु एक अन्तिम महास्कन्ध चलाचल है, क्योकि उसमे कोई भाग चल है और कोई भाग अचल है।

परमाणुसे लेकर महास्कन्ध पर्यन्त पुद्गलद्रव्यके तेईस भेदोको दो गाथाओमे गिनाते हैं—

अणुसंखासंखेज्जाणंता य अगेज्जगेहि अंतरिया ।
आहारतेजभासामणकम्मइया   धुवक्खधा ॥ ५९४ ॥
सांतरणिरंतरेण   य   सुण्णा   पत्तियदेहधुवसुण्णा ।
बादरणिगोदसुण्णा, सुहुमणिगोदा णभो महक्खंधा ॥ ५९५ ॥
अणुसख्यासख्यातानन्ताश्च अग्राह्यकाभिरन्तरिता ।
आहारतेजोभाषामनःकार्मणा   ध्रुवस्कन्धा ॥ ५९४ ॥
सान्तरनिरन्तरया च शून्या प्रत्येकदेहध्रुवशून्या ।
बादरनिगोदशून्या सूक्ष्मनिगोदा नभो महास्कन्धाः ॥ ५९५ ॥

अर्थ—पुद्गलवर्गणाओके[1] तेईस भेद हैं—अणुवर्गणा, सख्याताणुवर्गणा, असंख्याताणुवर्गणा अनन्ताणुवर्गणा, आहारवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, तैजसवर्गणा अग्राह्यवर्गणा, भाषावर्गणा, अग्राह्य-वर्गणा, मनोवर्गणा, अग्राह्यवर्गणा, कार्मणवर्गणा, ध्रुववर्गणा, सांतरनिरंतरवर्गणा, शून्यवर्गणा, प्रत्येकशरीरवर्गणा, ध्रुवशून्यवर्गणा, बादरनिगोदवर्गणा, शून्यवर्गणा, सूक्ष्मनिगोदवर्गणा, नभोवर्गणा, महास्कन्धवर्गणा।

इन वर्गणाओके जघन्य मध्यम उत्कृष्ट भेद तथा इनका अल्पबहुत्व बताते हैं—

परमाणुवग्गणम्मि ण, अवरुक्कस्सं च सेसगे अत्थि।
गेज्झमहक्खधाणं वरमहियं सेसगं गुणियं ॥ ५९६ ॥

परमाणुवर्गणायां नावरोत्कृष्टं च शेषके अस्ति।
ग्राह्यमहास्कन्धानां वरमधिकं शेषकं गुणितम् ॥ ५९६ ॥

अर्थ—तेईस प्रकारकी वर्गणाओमेसे अणुवर्गणामे जघन्य उत्कृष्ट भेद नही है। शेष बाईस जातिकी वर्गणाओमे जघन्य उत्कृष्ट भेद है। तथा इन बाईस जातिकी वर्गणाओमे भी आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा, कार्मणवर्गणा ये पांच ग्राह्यवर्गणा और एक महास्कन्ध वर्गणा इन छह वर्गणाओके जघन्यसे उत्कृष्ट भेद प्रतिभागकी अपेक्षासे हैं। किन्तु शेष सोलह जाति की वर्गणाओके जघन्य उत्कृष्ट भेद गुणकारकी अपेक्षासे हैं।

पांच ग्राह्यवर्गणाओका तथा अन्तिम महास्कन्धका उत्कृष्ट भेद निकालनेके लिये प्रतिभाग का प्रमाण बताते हैं—

सिद्धाणंतिमभागो पडिभागो गेज्झगाण जेट्ठट्ठं।
पल्लासंखेज्जदिमं, अन्तिमखंधस्स जेट्ठट्ठं ॥ ५९७ ॥

सिद्धानन्तिमभागः प्रतिभागो ग्राह्याणां ज्येष्ठार्थम्।
पल्यासख्येयमन्तिमस्कन्धस्य ज्येष्ठार्थम् ॥ ५९७ ॥

अर्थ—पाच ग्राह्य वर्गणाओका उत्कृष्ट भेद निकालनेके लिए प्रतिभागका प्रमाण सिद्धराशिके अनन्तवे भाग है और अन्तिम महास्कन्धका उत्कृष्ट भेद निकालने के लिए प्रतिभागका प्रमाण पल्यके असख्यातवे भाग है।

भावार्थ—सिद्धराशिके अनंतवें भागका अपने-अपने जघन्यमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको अपने अपने जघन्यमे मिलानेसे पाँच ग्राह्य वर्गणाओंके अपने अपने उत्कृष्ट भेदका प्रमाण निकलता है और अन्तिम महास्कन्धके जघन्य भेदमे पल्यके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको जघन्यके प्रमाणमे मिलानेसे महास्कन्धके उत्कृष्ट भेदका प्रमाण निकलता है।

संखेज्जासंखेज्जे गुणगारो सो दु होदि हु अणंते।
चत्तारि अगेज्जेसु वि सिद्धाणमणंतिमो भागो ॥ ५९८ ॥

सख्यातासंख्यातायां गुणकारः स तु भवति हि अनन्तायाम्।
चतसृषु अग्राह्यास्वपि सिद्धानामनन्तिमो भागः ॥ ५९८ ॥

---

१ मूर्तिमत्सु पदार्थेषु संसारिण्यपि पुद्गलः अकर्मकर्मनोकर्मजातिभेदेषु वर्गणा ॥

अर्थ—संख्याताणुवर्गणा और असंख्याताणुवर्गणामे गुणकारका प्रमाण अपने अपने उत्कृष्टमे अपने अपने जघन्यका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना है। इस गुणाकारके साथ अपने अपने जघन्यका गुणा करनेसे अपना अपना उत्कृष्ट भेद निकलता है और अनन्ताणुवर्गणा तथा चार अग्राह्य वर्गणाओके गुणकारका प्रमाण सिद्धराशिके अनतवे भागमात्र है। इस गुणकारके साथ अपने अपने जघन्यका गुणा करनेसे अपना अपना उत्कृष्ट भेद निकलता है।

जीवादोणंतगुणो, धुवादितिण्हं असंखभागो दु।
पल्लस्स तदो तत्तो असंखलोगवहिदो मिच्छो ॥ ५९९ ॥
जीवादनन्तगुणो ध्रुवादितिसृणामसख्यभागस्तु।
पल्यस्य ततस्तत असख्यलोकावहिता मिथ्या ॥ ५९९ ॥

अर्थ—ध्रुववर्गणा, सातरनिरतरवर्गणा, शून्यवर्गणा इन तीन वर्गणाओका उत्कृष्ट भेद निकालनेके लिये गुणकारका प्रमाण जीवराशिसे अनन्तगुणा है, प्रत्येकशरीर वर्गणाका गुणकार पल्यके असख्यातवें भाग है और ध्रुवशून्यवर्गणाका गुणकार, मिथ्यादृष्टि जीवराशिमे असख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे, उतना है। इस गुणकारके साथ जघन्य भेदका गुणा करनेसे उत्कृष्ट भेदका प्रमाण निकलता है।

सेढी सूई पल्ला, जगपदरा संखभागगुणगारा।
अप्पप्पणअवरादो, उक्कस्से होंति णियमेण ॥ ६०० ॥
श्रेणी सूची पल्यजगत्प्रतरासंख्यभागगुणकारा।
आत्मात्मनोवरादुत्कृष्टे भवन्ति नियमेन ॥ ६०० ॥

अर्थ—बादरनिगोदवर्गणा, शून्यवर्गणा, सूक्ष्मनिगोदवर्गणा, नभोवर्गणा इन चार वर्गणाओके उत्कृष्ट भेदका प्रमाण निकालनेके लिये गुणकारका प्रमाण क्रमसे जगच्छ्रेणीका असख्यातवाँ भाग, सूच्यगुलका असख्यातवाँ भाग, पल्यका असंख्यातवाँ भाग, जगत्प्रतरका असख्यातवाँ भाग है। अपने अपने गुणकारके प्रमाणसे अपने अपने जघन्यका गुणा करनेसे अपने अपने उत्कृष्ट भेद का प्रमाण निकलता है।

भावार्थ—यहाँ पर पुद्गलद्रव्यकी तेईस वर्गणाओका एक पक्तिकी अपेक्षा वर्णन किया है। जिनको नानापक्तिकी अपेक्षा इन वर्गणाओका स्वरूप जानना हो वे बड़ी टीकामे देखले। किसीभी वर्तमान एक कालमे उक्त तेईस वर्गणाओमेसे कौन कौनसी वर्गणा कितनी-कितनी पाई जाती है इस अपेक्षाको लेकर जो वर्णन किया जाता है उसको नाना पक्तिकी अपेक्षा वर्णन कहते है।

हेट्ठिमउक्कस्सं पुण रूवहियं उवरिमं जहण्णं खु।
इदि तेवीसवियप्पा, पुग्गलदव्वा हु जिणदिट्ठा ॥ ६०१ ॥
अधस्तनोत्कृष्टं पुनः रूपाधिकमुपरिम जघन्यं खलु।
इति त्रयोविंशतिविकल्पानि पुद्गलद्रव्याणि हि जिनदिष्टानि ॥ ६०१ ॥

अर्थ—तेइस वर्गणाओमेसे अणुवर्गणाको छोडकर शेष बाईस वर्गणाओमे नीचेकी वर्गणाके उत्कृष्ट भेदका जो प्रमाण है उसमे एक मिलानेसे आगेकी वर्गणाके जघन्य भेदका प्रमाण होता है।

जैसे सख्याताणुवर्गणाके उत्कृष्ट भेदका जो प्रमाण है उसमे एक मिलानेसे असंख्याताणुवर्गणाका जघन्य भेद होता है। और असख्याताणुवर्गणाके उत्कृष्ट भेदमे एक मिलानेसे अनन्ताणुवर्गणाका जघन्य भेद होता है। इसी तरह आगे भी समझना। इसी क्रमसे पुद्गल स्कन्ध-द्रव्यके बाईस भेद होते हैं; किन्तु एक अणुवर्गणाको मिलानेसे पुद्गलद्रव्यके तेईस भेद हो जाते हैं, यह जिनेन्द्रदेवने कहा है।

प्रकारान्तरसे होनेवाले पुद्गलद्रव्यके छह भेदोंके दृष्टान्त दिखाते हैं—

पुढवी जलं च छाया, चउरिंदियविसयकम्मपरमाणु।
छव्विहभेयं भणियं, पोग्गलदव्वं जिणवरेहिं ॥ ६०२ ॥

पृथ्वी जलं च छाया चतुरिन्द्रियविषयकर्मपरमाणव।
षड्विधभेदं भणितं पुद्गलद्रव्यं जिनवरैः ॥ ६०२ ॥

अर्थ—पुद्गलद्रव्यको जिनेन्द्रदेवने छह प्रकारका बताया है। जैसे—१ पृथ्वी, २ जल, ३ छाया, ४ नेत्रको छोड़कर शेष चार इन्द्रियोका विषय, ५, कर्म, ६ परमाणु।

इन छह भेदोकी क्या २ संज्ञा है यह बताते हैं।

बादरबादर बादर, बादरसुहमं च सुहमथूलं च।
सुहमं च सुहमसुहमं धरादियं होदि छब्भेयं ॥ ६०३ ॥

बादरबादर बादरं बादरसूक्ष्मं च सूक्ष्मस्थूलं च।
सूक्ष्मं च सूक्ष्मसूक्ष्मं धरादिकं भवति षड्भेदम् ॥ ६०३ ॥

अर्थ—बादरबादर, बादर, बादरसूक्ष्म, सूक्ष्मबादर सूक्ष्म, सूक्ष्मसूक्ष्म इस तरह पुद्गलद्रव्यके छह भेद है, जैसे उक्त पृथ्वी आदि।

भावार्थ—जिसका छेदन भेदन अन्यत्र प्रापण हो सके उस स्कन्धको बादरबादर कहते हैं, यथा पृथ्वी काष्ठ पाषाण आदि। जिसका छेदन भेदन न हो सके किन्तु अन्यत्र प्रापण हो सके उस स्कन्धको बादर कहते है, जैसे जल तैल आदि। जिसका छेदन भेदन अन्यत्र प्रापण कुछ भी न हो सके ऐसे नेत्रसे देखने योग्य स्कन्धको बादरसूक्ष्म कहते हैं, जैसे छाया, आतप, चांदनी आदि। नेत्रको छोडकर शेष चार इन्द्रियोके विषयभूत पुद्गलस्कन्धको सूक्ष्मस्थूल कहते हैं, जैसे शब्द गन्ध रस आदि। जिसका किसी इन्द्रियके द्वारा ग्रहण न हो सके उस पुद्गलस्कन्धको सूक्ष्म कहते हैं, जैसे कर्म। जो स्कन्धरूप नही है ऐसे अविभागी पुद्गल परमाणुओको सूक्ष्मसूक्ष्म कहते हैं।

खंधं सयलसमत्थं, तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति।
अद्धद्धं च पदेसो, अविभागी चेव परमाणू ॥ ६०४ ॥

स्कन्धं सकलसमर्थं तस्य चार्धं भणन्ति देशमिति।
अर्द्धार्द्धं च प्रदेशमविभागिनं चैव परमाणुम् ॥ ६०४ ॥

अर्थ—जो सर्वांशमे पूर्ण है उसको स्कन्ध कहते हैं। उसके आधेको देश और आधेके आधेको प्रदेश कहते हैं। जो अविभागी है उसको परमाणु कहते हैं।

॥ इति स्थानस्वरूपाधिकार ॥

क्रमप्राप्त फलाधिकारको कहते है—

गदिठाणोग्गहकिरियासाधणभूदं खु होदि धम्मतियं ।
वत्तणकिरियासाहणभूदो णियमेण कालो दु ॥ ६०५ ॥
गतिस्थानावगाहक्रियासाधनभूत खलु भवति धर्मत्रयम् ।
वर्तनाक्रियासाधनभूतो नियमेन कालस्तु ॥ ६०५ ॥

अर्थ—गति, स्थिति अवगाह इन क्रियाओके साधन क्रमसे धर्म, अधर्म, आकाश द्रव्य है। और वर्तना क्रियाका साधन काल द्रव्य है।

भावार्थ—क्षेत्रसे क्षेत्रान्तरकी प्राप्तिकी कारणभूत जीव पुद्गलकी पर्यायविशेषको गति कहते है। इस गतिक्रियाका साधन (उदासीन निमित्त) धर्मद्रव्य है। जैसे जलमे मछलियोकी गतिक्रिया जलके निमित्तसे होती है। जल मछलियोको गमन करनेके लिये प्रेरित नही करता। यदि वे गमन करती है तो वह गतिमे सहायक अवश्य होता है। जलकी सहायताके विना वे गमन नही कर सकती। इसी प्रकार धर्म द्रव्यकी सहायताके विना जीव और पुद्गल गमन नही कर सकते। गति-विरुद्ध पर्यायको स्थिति कहते है। यह पर्याय भी जीव पुद्गलकी होती है तथा यह स्थितिक्रिया अधर्मद्रव्यके निमित्तसे ही होती है। जैसे पथिकोको ठहरनेमे उदासीन निमित्त छाया हुआ करती है। कही पर भी रहनेको अवगाह कहते है। यह अवगाहक्रिया आकाशद्रव्यके निमित्तसे ही होती है। तथा प्रत्येक पदार्थको वर्तना क्रिया कालद्रव्यके निमित्तसे ही होती है। किसी भी पदार्थकी वर्तना क्रिया कालद्रव्यके निमित्तके विना नही हो सकती।

शंका—सूक्ष्म पुद्गलादिक भी एक दूसरेको अवकाश देते है, इसलिये अवगाहहेतुत्व आकाश का ही असाधारण लक्षण क्यो कहा ? समाधान-यद्यपि सूक्ष्म पुद्गलादिक एक दूसरेको अवगाह देते है तथापि ये सम्पूर्ण द्रव्योको अवगाह नही दे सकते। समस्त द्रव्योको युगपत् अवगाह देनेकी सामर्थ्य आकाशमे ही है। इसलिये आकाशका ही अवगाहहेतुत्व यह लक्षण असाधारण और युक्त है। यद्यपि अलोकाकाश किसी द्रव्यको अवगाह नही देता, तथापि उसका अवगाह देनेका स्वभाव वहा पर भी है। किन्तु धर्मद्रव्यका निमित्त न मिलनेसे जीवादि अवगाह्य पदार्थ अलोकाकाशमे गमन नही करते इसलिए अलोकाकाश किसीको अवगाह नही देता। इस तरह अवगाह्य जीव पुद्गलके वहा न रहने पर आकाशके अवगाहन स्वभावका वहा अभाव नही माना जा सकता। आकाशद्रव्य एक अखण्ड है उसका जो स्वभाव यहा है वही वहा है।

जीव और पुद्गलका उपकार—फल बताते हैं।

अण्णोण्णुवयारेण य, जीवा वट्टंति पुग्गलाणि पुणो ।
देहादीणिव्वत्तणकारणभूदा हु णियमेण ॥ ६०६ ॥
अन्योन्योपकारेण च जीवा वर्तन्ते पुद्गला पुन ।
देहादिनिर्वर्तनकारणभूता हि नियमेन ॥ ६०६ ॥

अर्थ—जीव परस्परमे उपकार करते है। जैसे सेवक स्वामीको हितसिद्धिमे प्रवृत्त होता है, स्वामी सेवकको धनादि देकर सतुष्ट करता है। तथा पुद्गल शरीरादि उत्पन्न करनेमे कारण है।

भावार्थ—शरीर इन्द्रिय मन श्वासोच्छ्वास भाषा आदिके द्वारा पुद्गलद्रव्य जीवका उपकार करता है तथा पुद्गलद्रव्य जीवका उपकार करता है। यही नहीं किन्तु परस्परमे भी उपकार करता है। जैसे शास्त्रका उपकार गत्ता वेष्टन आदि करते है और कासे आदिके वर्तनोको शुद्ध करके भस्म उनका उपकार करती है इत्यादि। यहा पर चकारका ग्रहण किया है, इसलिये जिस तरह परस्परमे या एक दूसरेका जीव पुद्गल उपकार करते हैं उस तरह अपकार भी करते हैं क्योकि द्रव्योके फल निर्देशमे अच्छे या बुरेका भेद नही है।

इसी अर्थको दो गाथाओमे स्पष्ट करते हैं—

आहारवग्गणादो तिण्णि, सरीराणि होंति उस्सासो।
णिस्सासो वि य तेजोवग्गणखंधादु तेजंगं ॥ ६०७ ॥

आहारवर्गणात त्रीणि शरीराणि भवन्ति उच्छ्वास ।
निश्वासोपि च तेजोवर्गणास्कन्धात्तु तेजोऽङ्गम् ॥ ६०७ ॥

अर्थ—तेईस जातिकी वर्गणाओमेसे आहारवर्गणाके द्वारा औदारिक वैक्रियिक आहारक ये तीन शरीर और श्वासोच्छ्वास होते हैं तथा तेजोवर्गणारूप स्कन्धके द्वारा तैजस शरीर बनता है।

भासमणवग्गणादो कमेण भासा मणं च कम्मादो।
अट्ठविहकम्मदव्वं होदि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥६०८॥

भाषामनोवर्गणात. क्रमेण भाषा मनश्च कार्मणतः।
अष्टविधकर्मद्रव्यं भवतीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥ ६०८ ॥

अर्थ—भाषावर्गणाके द्वारा चार प्रकारका वचन, मनोवर्गणाके द्वारा हृदयस्थानमे अष्ट दल कमलके आकार द्रव्यमन, तथा कार्मण वर्गणाके द्वारा आठ प्रकारके कर्म बनते हैं ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

अविभागी पुद्गल परमाणु स्कन्धरूपमे किस तरह परिणत होते हैं, इसका कारण बताते हैं—

णिद्धत्तं लुक्खत्तं बंधस्स य कारणं तु एयादी।
संखेज्जासंखेज्जाणंतविहा णिद्धलुक्खगुणा ॥ ६०९ ॥

स्निग्धत्वं रूक्षत्व बन्धस्य च[1] कारणं तु एकादयः।
सख्येयासंख्येयानन्तविधा स्निग्धरूक्षगुणा. ॥ ६०९ ॥

अर्थ—बन्धका कारण स्निग्धत्व और रूक्षत्व[2] है। इस स्निग्धत्व या रूक्षत्व गुणके एकसे लेकर संख्यात असंख्यात अनन्त भेद हैं।

भावार्थ—एक किसी गुणविशेषकी स्निग्धत्व और रूक्षत्व ये दो पर्याय है। ये ही बन्धके कारण हं। इन पर्यायोके अविभागप्रतिच्छेदोकी (शक्तिके निरश अंश) अपेक्षा एकसे लेकर संख्यात

---

१. ते स्निग्धरूक्षत्वे द्व्यणुकादिपर्यायपरिणमनरूपबंधस्य, च शब्दाद्विश्लेपस्य च कारणे भवत.।

२ स्निग्धरूक्षत्वाद्बन्ध.। त सू० अ० ५–३३।

असंख्यात अनंत भेद हैं। जैसे स्निग्ध पर्यायके एक अश दो अश तीन अंश इत्यादि एकसे लेकर सख्यात असख्यात अनंत अश होते हैं और इन्हीकी अपेक्षा एकसे लेकर अनन्त तक भेद होते हैं। उस ही तरह रूक्षत्व पर्यायके एकसे लेकर सख्यात असंख्यात अनन्त अंशोकी अपेक्षा एकसे लेकर अनन्त तक भेद होते हैं। अथवा बन्ध कमसे कम दो परमाणुओमें होता है। सो ये दोनों परमाणु स्निग्ध हों अथवा रूक्ष हो या एक स्निग्ध एक रूक्ष हो परन्तु बन्ध हो सकता है। जिस तरह दो परमाणुओंमे बन्ध होता है उस ही तरह संख्यात असख्यात अनन्त परमाणुओमे भी बन्ध हो सकता है; क्योंकि बन्धका कारण स्निग्धरूक्षत्व है।

उक्त अर्थको ही स्पष्ट करते हैं—

एगगुणं तु जहण्णं णिद्धत्तं विगुणतिगुणसंखेज्जाऽ- ।
संखेज्जाणंतगुणं, होदि तहा रुक्खभावं च ॥ ६१० ॥

एकगुण तु जघन्य स्निग्धत्वं द्विगुणत्रिगुणसख्येयाऽ- ।
संख्येयानन्तगुणं भवति तथा रूक्षभाव च ॥ ६१० ॥

अर्थ—स्निग्धत्वका जो एक निरश अश है उसको ही जघन्य कहते हैं। इसके आगे स्निग्धत्वके दो तीन आदि संख्यात असंख्यात अनन्त अंशरूप भेद होते हैं। इस ही तरह रूक्षत्वके भी एक अशको जघन्य कहते हैं और इसके आगे भी दो तीन आदि संख्यात असंख्यात अनन्त अंशरूप भेद होते हैं।

एवं गुणसंजुत्ता, परमाणू आदिवग्गणम्मि ठिया ।
जोग्गदुगाणं बंधे, दोण्हं बंधो हवे णियम ॥ ६११ ॥

एव गुणसंयुक्ता. परमाणव आदिवर्गणाया स्थिता ।
योग्यद्विकयो. बधे द्वयोर्बन्धो भवेन्नियमात् ॥ ६११ ॥

अर्थ—इस प्रकारके स्निग्ध या रूक्ष गुणसे युक्त परमाणु अणुवर्गणामे ही हैं। इसके आगे दो आदि परमाणुओका बन्ध होता है, परन्तु यह दोका बन्ध भी तब ही होता है जब कि दोनो नियमसे बन्धके योग्य हों।

जब कि सामान्यसे बन्धका कारण स्निग्धरूक्षत्व बता दिया तब उसमे योग्यता और अयोग्यता क्या है? यह बताते हैं—

णिद्धणिद्धा ण बज्झंति, रुक्खरुक्खा य पोग्गला ।
णिद्धलुक्खा य बज्झंति, रूवारूवी य पोग्गला ॥ ६१२ ॥

स्निग्धस्निग्धा न बध्यन्ते रूक्षरूक्षाश्च पुद्गला ।
स्निग्धरूक्षाश्च बध्यन्ते रूप्यरूपिणश्च पुद्गला ॥ ६१२ ॥

अर्थ—स्निग्ध स्निग्ध पुद्गलका और रूक्ष रूक्ष पुद्गलका परस्परमे बन्ध नहीं होता। किन्तु स्निग्ध रूक्ष और रूपी अरूपी पुद्गलोका परस्परमे बन्ध होता है।

भावार्थ—यद्यपि यहाँपर यह कहा है कि स्निग्धस्निग्ध और रूक्षरूक्षका बन्ध नहीं होता। तथापि यह कथन सामान्य है, क्योंकि आगे चलकर विशेष कथनके द्वारा स्वय ग्रन्थकार इस

बातको स्पष्ट कर देंगे कि स्निग्धस्निग्ध और रूक्षरूक्षका भी बन्ध होता है। और इस ही लिये यहाँपर रूपी अरूपीका बन्ध होता है ऐसा कहा है। यथा—

रूपी अरूपी सञ्ज्ञा किसकी है यह बताते हैं—

णिद्धिदरोलीमज्झे, विसरिसजादिस्स समगुणं[1] एक्कं।
रूवि त्ति होदि सण्णा सेसाणं ता अरूवि त्ति ॥ ६१३ ॥

स्निग्धेतरावलीमध्ये विसदृग्जाते: समगुण: एक: ।
रूपीति भवति सञ्ज्ञा शेषाणां ते अरूपिण इति ॥ ६१४ ॥

अर्थ—स्निग्ध और रूक्षकी श्रेणियोमे जो विसदृश जातिका एक समगुण है उसकी रूपी संज्ञा है और समगुणको छोड़कर अवशिष्ट सबकी अरूपी सञ्ज्ञा है।

भावार्थ—जब कि विसदृश जातिके एक समगुणकी हो रूपी संज्ञा है और शेषकी अरूपी, और रूपी अरूपीका बन्ध होता है, तब यह सिद्ध है कि स्निग्धस्निग्ध और रूक्षरूक्षका भी बन्ध होता है। स्निग्धकी अपेक्षा रूक्ष और रूक्षकी अपेक्षा स्निग्ध विसदृश जाति है।

रूपी अरूपीका उदाहरण दिखाते हैं—

दोगुणणिद्धाणुस्स य, दोगुणलुक्खाणुग हवे रूवी।
इगितिगुणादि अरूवी, रुक्खस्स वि तंव इदि जाणे॥ ६१४ ॥

द्विगुणस्निग्धाणोश्च द्विगुणरूक्षाणुको भवेत् रूपी।
एकत्रिगुणादि: अरूपी रूक्षस्यापि तद्वदिति जानीहि ॥ ६१४ ॥

अर्थ—स्निग्धके दो गुणोसे युक्त परमाणुकी अपेक्षा रूक्षका दोगुण युक्त परमाणु रूपी है शेष एक तीन चार आदि गुणोंके धारक परमाणु अरूपी हैं। इस ही तरह रूक्षका भी समझना चाहिये।

भावार्थ—रूक्षके दो गुणोसे युक्त परमाणुकी अपेक्षा स्निग्धके दो गुणोसे युक्त परमाणु रूपी है और शेष एक तीन आदि गुणोके धारक परमाणु अरूपी हैं।

णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण, लुक्खस्स लुक्खेण दुराहिएण[2]।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेज्ज बंधो, जहण्णवज्जे[3] विसमे समे[4] वा ॥६१५॥

स्निग्धस्य स्निग्धेन द्व्यधिकेन रूक्षस्य रूक्षेण द्व्यधिकेन।
स्निग्धस्य रूक्षेण भवेद्बन्धो जघन्यवर्ज्ये विषमे समे वा ॥ ६१५ ॥

अर्थ—एक स्निग्ध परमाणुका दूसरे दो गुण अधिक स्निग्ध परमाणुके साथ बन्ध होता है। एक रूक्ष परमाणुका दूसरे दो गुण अधिक रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध होता है।

---

१. गुणसाम्ये सदृशानाम् ॥ त सू. अ ५–३५।
२ द्व्यधिकादिगुणना तु ॥ त सू अ ५–३६ ॥
३ न जघन्यगुणानाम् ॥ त सू. अ ५–३४ ॥
४ यद्येवं सदृशग्रहणं किमर्थं ? गुणवैषम्ये सदृशानामपि बन्धप्रतिपत्त्यर्थं सदृशग्रहणं क्रियते ॥ स' स. ५-३५ ॥

एक स्निग्ध परमाणुका दूसरे दो गुण अधिक रूक्ष परमाणुके साथ भी बन्ध होता है। सम विषम दोनोंका बन्ध होता है, किन्तु जघन्य गुणवालेका बन्ध नही होता।

भावार्थ—एक गुणावालेका तीन गुणवाले परमाणुके साथ बन्ध नही होता। शेष स्निग्ध या रूक्ष दोनो जातिके परमाणुओका समधारा या विषमधारामे दो गुण अधिक होनेपर बन्ध होता है। दो चार छह आठ दश इत्यादि जहाँ पर दोके ऊपर दो दो अशोंकी अधिकता हो उसको समधारा कहते है, तीन पाँच सात नौ ग्यारह इत्यादि जहाँ पर तीनके ऊपर दो-दो अशोकी वृद्धि हो उसको विषमधारा कहते है। इन दोनो धाराओमे जघन्य गुणको छोड़कर दो गुण अधिकका ही बन्ध होता है, औरका नही।

णिद्धिदरे समविसमा, दोत्तिगआदी दुउत्तरा होंति।
उभयेवि य समविसमा, सरिसिदरा होंति पत्तेयं॥ ६१६॥

स्निग्धेतरयो समविषमा द्वित्रिकादयः द्व्युत्तरा भवन्ति।
उभयेऽपि च समविषमा. सदृशेतरे भवन्ति प्रत्येकम्॥ ६१६॥

अर्थ—स्निग्ध या रूक्ष दोनोमें ही दो गुणके ऊपर जहाँ दो-दोकी वृद्धि हो वहाँ समधारा होती है और जहाँ तीन गुणके ऊपर दो-दोकी वृद्धि हो उसको विषमधारा कहते हैं। सो स्निग्ध और रूक्ष दोनोंमे ही दोनों ही धारा होती हैं। तथा प्रत्येक धारामे रूपी और अरूपी[1] होते है।

इस ही अर्थको प्रकारान्तरसे स्पष्ट करते है—

दोत्तिगपभवदुउत्तरगदेसुणंतरदुगाण बंधो दु।
णिद्धे लुक्खे वि तहा वि जहण्णुभये वि सव्वत्थ॥ ६१७॥

द्वित्रिकप्रभवद्व्युत्तरगतेष्वनन्तरद्विकयो' बन्धस्तु।
स्निग्धे रूक्षे पि तथापि जघन्योभयेऽपि सर्वत्र॥ ६१७॥

अर्थ—स्निग्ध या रूक्ष गुणमे समधारामें दो अशोके आगे दो-दो अशोकी वृद्धि होती है। और विषमधारामे तीनके आगे दो-दोकी वृद्धि होती है। सो इन दोनोमे ही अनन्तरद्विकका बन्ध होता है। जैसे दो गुणवाले स्निग्ध या रूक्षका चार गुणवाले स्निग्ध या रूक्षके साथ तथा तीन गुणवाले स्निग्ध या रूक्षका पाँच गुणवाले स्निग्ध या रूक्षके साथ बन्ध होता है। इस तरह आगे भी समझना चाहिये। किन्तु जघन्यका बन्ध नही होता। दूसरी सब जगह स्निग्ध और रूक्षमे बन्ध होता है।

भावार्थ—स्निग्ध या रूक्ष गुणसे युक्त जिन दो पुद्गलोमें बन्ध होता है उनसे स्निग्ध या रूक्ष गुणके अशोमे दो अशोका अन्तर होना चाहिए। जैसे दो चार, तीन पाँच, चार छह, पाच सात इत्यादि इस तरह दो अश अधिक रहनेपर सर्वत्र बन्ध होता है। इस नियमके अनुसार एक गुणवाले और तीन गुणवालोका भी बन्ध होना चाहिये, किन्तु इनमे बन्ध नही होता; क्योंकि यह नियम है कि जघन्य गुणवालेका बन्ध नही होता। अतएव एक गुणवालेका तीन गुणवालेके साथ बध नही होता, किन्तु तीन गुणवालेका पाच गुणवालेके साथ बन्ध हो सकता है, क्योकि तीन गुणवाला जघन्य गुणवाला नहीं है, एक गुणवालेको ही जघन्य गुणवाला कहते है।

---

१ रूपीका बन्ध नही होता, अरूपियोका स्वस्थानमें और परस्थानमें भी बन्ध होता है। जी प्र।

णिद्धिदरवरगुणाणू, सपरट्ठाणे वि णेदि बंधट्ठं ।
बहिरंतरंगहेदुहि, गुणंतरं संगदे एदि ॥ ६१८ ॥

स्निग्धेतरावरगुणाणुः स्वपरस्थानेऽपि नैति बन्धार्थम् ।
बहिरंतरंगहेतुभिर्गुणान्तरं संगते एति ॥ ६१८ ॥

अर्थ—स्निग्ध या रूक्षका जघन्य गुणवाला परमाणु स्वस्थान या परस्थान कहीं भी बन्धको प्राप्त नही होता । किन्तु बाह्य और अन्तरंग कारणके निमित्तसे किसी दूसरे गुणवाला-अशवाला होनेपर बन्धको प्राप्त होता है ।

भावार्थ—स्निग्ध या रूक्ष गुणका जब एक अंश-अविभागप्रतिच्छेदरूप परिणमन होता है तब उसका न तो स्वस्थानमे ही बन्ध हो सकता है या होता है और न परस्थानमे बन्ध होता है। किन्तु बाह्य अभ्यन्तर कारणके मिलनेपर जब जघन्य स्थानको छोड़कर अधिक अंशरूप परिणमन हो जाय तब वे ही स्निग्ध रूक्ष गुण बन्धको प्राप्त हो सकते हैं ।

णिद्धिदरगुणा अहिया, हीणं परिणामयंति बंधम्मि ।
संखेज्जासंखेज्जाणंतपदेसाण खंधाणं ॥ ६१९ ॥

स्निग्धेतरगुणा अधिका हीनं परिणामयति बन्धे[1] ।
संख्येयासंख्येयानन्तप्रदेशानां स्कन्धानाम् ॥ ६१९ ॥

अर्थ—संख्यात असंख्यात अनन्त प्रदेशवाले स्कन्धोमे स्निग्ध या रूक्षके अधिक गुणवाले परमाणु या स्कन्ध अपनेसे हीनगुणवाले परमाणु या स्कन्धोंको अपनेरूप परणमाते हैं। जैसे एक हजार स्निग्ध या रूक्ष गुणके अंशोसे युक्त परमाणुको या स्कन्धको एक हजार दो अंशवाला स्निग्ध या रूक्ष परमाणु या स्कन्ध अपने स्वरूप परणमा लेता है । इसी तरह अन्यत्र भी सर्वत्र समझना चाहिए ।

॥ इति फलाधिकारः ॥

•

इस तरह सात अधिकारोंके द्वारा छह द्रव्योका वर्णन करके अब पंचास्तिकायका वर्णन करते हैं—

दव्वं छक्कमकालं, पंचत्थीकायसण्णिदं होदि ।[2]
काले पदेसपचयो, जम्हा णत्थि त्ति णिद्दिट्ठं ॥ ६२० ॥

द्रव्यं षट्कमकालं पञ्चास्तिकायसंज्ञितं भवति ।
काले प्रदेशप्रचयो यस्मात् नास्तीति निर्दिष्टम् ॥ ६२० ॥

अर्थ—कालमे प्रदेशप्रचय नही है, इसलिए कालको छोड़कर शेष द्रव्योको ही पञ्चास्तिकाय कहते हैं ।

---

१. बंधेऽधिको पारणामिको च ॥ त. सू ५–३७ ।

२ उत्तं कालविजुत्तंणायवा पंच अत्थिकाया दु. ॥ २३ ॥ द्र. स. ।

भावार्थ—जो सद्‌रूप हो उसको अस्ति कहते है और जिनके प्रदेश अनेक हों उनको काय कहते हैं। काय दो प्रकारके होते हैं—एक मुख्य दूसरा उपचरित। जो अखण्डप्रदेशी है-अखण्डितानेक प्रदेशरूप है उन द्रव्योको मुख्य काय कहते है। जैसे जीव धर्म अधर्म आकाश। जिनके प्रदेश तो खण्डित पृथक्-पृथक् हो अर्थात् जो स्वभावसे तो खडैकदेशरूप हो किन्तु स्निग्ध रूक्ष गुणके निमित्तसे परस्परसे बन्धको प्राप्त होकर जिनमे एकत्व हो गया हो, अथवा बन्ध होकर एकत्वको प्राप्त होनेकी जिनमे सम्भावना हो उनको उपचरित काय कहते हैं, जैसे पुद्‌गल। किन्तु कालद्रव्यमें ये दोनो ही बातें नही है। वह स्वय अनेकप्रदेशी न होनेसे मुख्य काय भी नही है और स्निग्ध रूक्ष गुण न होनेसे बधको प्राप्त होकर एकत्वकी भी उनमे सम्भावना नही है, इसलिये वह (काल) उपचरित काय भी नही है। अत. कालद्रव्यको छोडकर शेष जीव पुद्‌गल धर्म अधर्म आकाश इन पाँच द्रव्योको ही पचास्तिकाय कहते हैं और कालद्रव्यको कायरूप नही किन्तु अस्तिरूप कहते हैं।

नव पदार्थोंको बताते हैं—

णव य पदत्था जीवाजीवा ताणं च पुण्णपावदुगं।
आसवसंवरणिज्जरबंधा मोक्खो य होंति त्ति ॥ ६२१ ॥

नव च पदार्था जीवाजीवा· तेषा च पुण्यपापद्विकम्।
आस्रवसवरनिर्जराबन्धा मोक्षश्च भवन्तीति ॥ ६२१ ॥

अर्थ—मूलमे जीव और अजीव ये दो पदार्थ है दोनो हीके पुण्य और पाप ये दो-दो भेद है। इसलिये चार पदार्थ हुए। तथा जीव और अजीवके ही आस्रव संवर निर्जरा बध मोक्ष ये पाच भेद भी होते हैं, इसलिये सब मिलाकर नव पदार्थ हो जाते हैं।

भावार्थ—जिसमे ज्ञान-दर्शनरूप चेतना पाई जाय उसको जीव कहते हैं। जिसमे चेतना न हो उसको अजीव कहते हैं। अचेतन जिनबिम्ब आदि आयतनोको पुण्य अजीव तथा अचेतन अनायतनो आदिको पाप अजीव कहते है। अथवा शुभ कर्मोको पुण्य और अशुभ कर्मोको पाप कहते है। अकर्मके कर्मरूप होनेको अथवा जीवके जिन परिणामोसे कर्म आते हैं उन मिथ्यात्वादिरूप परिणामोंको या मन वचन कायके द्वारा होनेवाले आत्मप्रदेशपरिस्पन्दको, अथवा बन्धके कारणोको आस्रव कहते हैं। अनेक पदार्थोमे एकत्वबुद्धिके उत्पादक सम्बन्धविशेषको अथवा आत्मा और कर्मके एकक्षेत्रावगाहरूप सम्बन्धविशेषको या इसके कारणभूत जीवके परिणामोको बन्ध कहते हैं। आस्रवके निरोधको संवर[1] कहते है। बद्ध कर्मोंके एकदेश क्षयको निर्जरा कहते हैं। आत्मासे समस्त कर्मोंके छूट जानेको मोक्ष कहते हैं। ये ही नव पदार्थ हैं।

जीव द्रव्यके पुण्य और पाप भेद किस तरह होते है यह बताते है—

जीवदुगं उत्तट्ठं, जीवा पुण्णा हु सम्मगुणसहिदा।
वदसहिदा वि य पावा, तव्विवरीया हवंति त्ति ॥ ६२२ ॥

---

१ संवर निर्जरा और मोक्ष इनके भी द्रव्य और भावकी अपेक्षा दो-दो भेद है। देखो द्रव्यसग्रह गाथा न. ३४, ३६, ३७। तथा समयसार गाथा न. १३ की टीका आदि।

जीवद्विकमुक्तार्थं जीवा पुण्या हि सम्यक्त्वगुणसहिताः।
व्रतसहिता अपि च पापास्तद्विपरीता भवन्तीति॥ ६२२॥

अर्थ—जीव और अजीवका अर्थ पहले बता चुके हैं। जीवके भी दो भेद हैं—एक पुण्य और दूसरा पाप। जो सम्यक्त्वगुणसे या व्रतसे युक्त हैं उनको पुण्य जीव कहते हैं और इससे जो विपरीत हैं उनको पाप जीव कहते हैं।

गुणस्थानक्रमकी अपेक्षासे जीवराशिकी संख्या बताते हैं—

मिच्छाइट्ठी पावा, णंताणंता य सासणगुणा वि।
पल्लासंखेज्जदिमा, अणअण्णदरुदयमिच्छगुणा॥ ६२३॥

मिथ्यादृष्टयः पापा अनन्तानन्ताश्च सासनगुणा अपि।
पल्यासंख्येया अनान्यतरोदयमिथ्यात्वगुणाः॥ ६२३॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि पाप जीव हैं। वे अनन्तानन्त हैं, क्योंकि द्वितीयादि तेरह गुणस्थानवाले जीवोंका प्रमाण घटानेसे अवशिष्ट समस्त संसारी जीवराशि मिथ्यादृष्टि ही है। तथा सासादन गुणस्थानवाले जीव पल्यके असंख्यातवें भाग हैं और ये भी पाप जीव ही हैं, क्योंकि अनंतानुबंधी चार कषायोंमेंसे किसी एक कषायका इनके उदय हो रहा है। इसलिये ये भी मिथ्यात्व गुणको प्राप्त हैं ऐसा मानना चाहिये।

भावार्थ—सासादन गुणस्थानवालेका पहले यह लक्षण कह आये हैं कि "किसी भी एक अनंतानुबंधी कषायके उदयसे जो सम्यक्त्वरूपी रत्नपर्वतसे तो गिर पड़ा है; किन्तु मिथ्यात्वरूप भूमिके सन्मुख है—अर्थात् अभीतक जिसने मिथ्यात्वभूमिको ग्रहण नहीं किया है, किन्तु एक समयसे लेकर छह आवलीतकके कालके अनन्तर नियमसे वह उस मिथ्यात्व भूमिको ग्रहण कर लेगा ऐसे जीवको सासादन गुणस्थानवाला कहते हैं।" अतएव इस गुणस्थानवाले जीवोंको पुण्य जीव नहीं कह सकते, क्योंकि अनंतानुबंधी कषायके उदयसे इनका सम्यक्त्वगुण भी नष्ट हो चुका है और इनके किसी प्रकारका व्रत भी नहीं है। इसके सिवाय नियमसे ये मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त होंगे इसलिये इनको मिथ्यादृष्टि-पाप जीव ही कहते हैं। इन जीवोंकी संख्या पल्यके असंख्यातवें भाग है और मिथ्यादृष्टि जीवोंकी संख्या अनंतानंत है।

मिच्छा सावयसासणमिस्साविरदा दुवारणंता य।[1]
पल्लासंखेज्जदिममसंखगुणं संखसंखगुणं[2]॥ ६२४॥

मिथ्या श्रावकसासनमिश्राविरता द्विवारानन्ताश्च।
पल्यासंख्येयमसंख्यगुणं संख्यासंख्यगुणम्॥ ६२४॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि अनन्तानन्त हैं। श्रावक पल्यके असंख्यातवें भाग हैं। सासादन गुणस्थानवाले श्रावकोंसे असंख्यातगुणे हैं। मिश्र सासादनवालोंसे संख्यातगुणे हैं। अव्रतसम्यग्दृष्टि मिश्रजीवोंसे असंख्यातगुणे हैं। इनमें अन्तके चार स्थानोंमें कुछ-कुछ अधिक समझना चाहिए।

भावार्थ—मनुष्य और तिर्यंच इन दो गतियोंमें ही देशसंयम गुणस्थान होता है। इसमें तेरह करोड़ मनुष्य और पल्यके असंख्यातवें भाग तिर्यञ्च हैं। सासादन गुणस्थान चारों गतियोंमें होता

१. २. देखो पट. ख. ३ क्रमसे पृ. १० ६३।

है। इनमे बावन करोड मनुष्य और श्रावकोसे असख्यातगुणे इतर तीन गतिके जीव है। मिश्र-गुणस्थान भी चारो गतियोमे होता है। इनमे एकसौ चार करोड मनुष्य और सासादनवालोसे सख्यातगुणे शेष तीन गतिके जीव है। तथा अव्रत गुणस्थान भी चारो गतियोमे होता है। इनमे सातसौ करोड मनुष्य है और मिश्रवालोसे असख्यातगुणे शेष तीन गतिके जीव है।

तिरधियसयणवणउदी, छण्णउदी अप्पमत्त बे कोडी।
पंचेव य तेणउदी, णवट्ठविसयच्छउत्तरं पमदे[1] ॥ ६२५ ॥

त्र्यधिकशतनवनवतिः षण्णवतिः अप्रमत्ते द्वे कोटी।
पञ्चैव च त्रिनवतिः नवाष्टद्विशतषडुत्तर प्रमत्ते ॥ ६२५ ॥

अर्थ—प्रमत्त गुणस्थानवाले जीवोका प्रमाण पाँच करोड़ तिरानवे लाख अठानवे हजार दो सौ छह है (५९३९८२०६)। अप्रमत्त गुणस्थानवाले जीवोका प्रमाण दो करोड़ छ्यानवे लाख निन्यानवे हजार एक सौ तीन (२९६९९१०३) है।

तिसयं भणंति केई, चउरुत्तरमत्थपंचयं केई।
उवसामगपरिमाणं, खवगाणं जाण तद्दुगुणं[2] ॥ ६२६ ॥

त्रिशत भणन्ति केचित् चतुरुत्तरमस्तपचक केचित्।
उपशामकपरिमाण क्षपकाणा जानीहि तद्द्विगुणम् ॥ ६२६ ॥

अर्थ—उपशमश्रेणिवाले आठवे नौवें दशवे ग्यारहवे गुणस्थानवाले जीवोका प्रमाण कोई आचार्य तीनसौ कहते है। कोई तीनसौ चार कहते है। कोई दो सौ निन्यानवे कहते है। क्षपकश्रेणिवाले आठवे नौवें दशवें बारहवे गुणस्थानवाले जीवोका प्रमाण उपशम श्रेणिवालोसे दूना है।

उपशमश्रेणिवाले तीनसौ चार जीवोका निरन्तर आठ समयोमे विभाग करते है—

सोलसयं चउवीसं, तीसं छत्तीस तह य बादाल।
अडदालं चउवण्णं, चउवण्णं होंति उवसमगे[3] ॥ ६२७ ॥

षोडशकं चतुर्विंशतिः त्रिंशत् षट्त्रिंशत् तथा च द्वाचत्वारिंशत्।
अष्टचत्वारिंशत् चतुःपचाशत् चतुःपचाशत् भवन्ति उपशमके ॥ ६२७ ॥

अर्थ—निरंतर आठ समयपर्यन्त उपशमश्रेणी माडनेवाले जीवोमे अधिकसे अधिक प्रथम समयमें १६, द्वितीय समयमे २४, तृतीय समयमे ३०, चतुर्थ समयमे ३६, पांचवे समयमे ४२, छट्ठे समयमे ४८, सातवे समयमे ५४ और आठवे समयमे ५४, जीव होते है।

बत्तीसं अडदालं, सट्ठी बावत्तरी य चुलसीदी।
छण्णउदी अट्ठुत्तरसयमट्ठुत्तरसयं च खवगेसु[4] ॥ ६२८ ॥

द्वात्रिंशदष्टचत्वारिंशत् षष्ठि द्वासप्ततिश्च चतुरशीति।
षण्णवतिः अष्टोत्तरशतमष्टोत्तरशत च क्षपकेषु ॥ ६२८ ॥

१, २, ३ ष खं. ३ क्रमसे गाथा नं ४१, ४५, ४२।
४. षट् खं ३ गाथा नं. ४३।

छह महीना आठ समयोमेसे केवल निरन्तर आठ समयोमे ही बाईस केवली होते हैं। इसके विशेष कथनमे छह प्रकारका त्रैराशिक[1] होता है। प्रथम यह कि जब छह महीना आठ समयमात्र कालमे बाईस केवली होते हैं तब आठ लाख अठानवे हजार पाच सौ दो केवली कितने कालमे होगे। इसमें चालीस हजार आठसौ इकतालिसको छह महीना आठ समयोसे गुणा करनेपर जो कालका प्रमाण लब्ध आवे वही उत्तर होगा। दूसरा छह महीना आठ समयोमे निरतर केवलज्ञान उत्पन्न होनेका काल आठ समय है तब पूर्वोक्तप्रमाण कालमे कितने समय होगे। इसका उत्तर तीन लाख छब्बीस हजार सात सौ अट्ठाईस है। तथा दूसरे आचार्योके मतकी अपेक्षा आठ समयोमे बाईस या चवालीस या अठासी या एकसौ छिहत्तर जीव केवलज्ञानको उत्पन्न करते है। तब पूर्वोक्त समय-प्रमाणमे या उसके आधेमे या चतुर्थांशमे या अष्टमाशमे कितने जीव केवलज्ञानको उत्पन्न करेंगे। इन चार प्रकारके त्रैराशिकोका उत्तर आठ लाख अठानवे हजार पाचसौ दो होता है।

क्षपक तथा उपशमक जीवोकी युगपत् सभवती विशेष सख्याको तीन गाथाओमे कहते है—

होंति खवा इगिसमये, बोहियबुद्धा य पुरिसवेदा य।
उक्कस्सेणट्ठुत्तरसयप्पमा सग्गदो य चुदा ॥ ६३० ॥
पत्तेयबुद्धतित्थयरत्थिणउंसयमणोहिणाणजुदा।
दसछक्कवीसदसवीसट्ठावीसं जहाकमसो ॥ ६३१ ॥
जेट्ठावरबहुमज्झिम, ओगाहणगा दु चारि अट्ठेव।
जुगव हवंति खवगा, उवसमगा अद्धमेदेसिं ॥६३२॥ विसेसयं[2]।

भवन्ति क्षपका एकसमये बोधितबुद्धाश्च पुरुषवेदाश्च।
उत्कृष्टेनाष्टोत्तरशतप्रमा स्वर्गतश्च च्युता ॥ ६३० ॥
प्रत्येकबुद्धतीर्थंकरस्त्रीनपुसकमनोवधिज्ञानयुताः।
दशषट्कविंशतिदशविंशत्यष्टाविंशो यथाक्रमशः ॥ ६३१ ॥
ज्येष्ठावरबहुमध्यमावगाहा द्वौ चत्वारोऽष्टैव।
युगपत् भवन्ति क्षपका उपशमका अर्धमेतेषाम् ॥ ६३२ ॥ विशेषकम् ॥

अर्थ—युगपत्—एक समयमे क्षपकश्रेणिवाले जीव अधिकसे अधिक होते हैं तो कितने होते है? उत्तर—इसका प्रमाण इस प्रकार है कि बोधितबुद्ध एकसौ आठ, पुरुषवेदी एकसौ आठ, स्वर्गसे च्युत होकर मनुष्य होकर क्षपकश्रेणि माडनेवाले एकसौ आठ, प्रत्येकबुद्धि ऋद्धिके धारक दश, तीर्थंकर छह, स्त्रीवेदी वीस, नपुंसकवेदी दश, मनःपर्ययज्ञानी वीस, अवधिज्ञानी अट्ठाईस, मुक्त होनेके योग्य शरीरकी उत्कृष्ट अवगाहनाके धारक दो, जघन्य अवगाहनाके धारक चार, समस्त अवगाह-नाओकी मध्यवर्ती अवगाहनाके धारक आठ। ये सब मिलकर चारसौ बत्तीस होते हैं। उपशम-श्रेणिवाले इसके आधे (२१६) होते है।[3]

---

१. इसका यंत्र पृ. २८० पर है।
२. द्वाभ्या युग्ममितिप्रोक्तं त्रिभि स्यात्तु विशेषकम्। कालापक चतुर्भि स्यात्तदूर्ध्वं कुलक स्मृतम् ॥
३. षट् ख. ३ गाथा नं. ५१ का पूर्वार्ध, तथा गा नं ६३०, ६३१, के लिये षट् खं ५ के पृ. क्रमसे ३०४ ३११, ३२३ और ३०७, ३२०, ३२३।

भावार्थ—पहले तो गुणस्थानमे एकत्रित होनेवाले जीवोकी संख्या बताई थी और यहाँ पर श्रेणिमे युगपत् सम्भवती जीवोकी उत्कृष्ट सख्या बताई है।

सर्व सयमी जीवोकी सख्याको बताते हैं—

सत्तादी अट्ठंता, छण्णवमज्झा य संजदा सव्वे।
अंजलिमोलियहत्थो, तियरणसुद्धे णमंसामि[1] ॥ ६३३ ॥

सप्तादयोऽष्टान्ताः षण्णवमध्याश्च संयताः सर्वे।
अञ्जलिमौलिकहस्तस्त्रिकरणशुद्ध्या नमस्यामि[2] ॥ ६३३ ॥

अर्थ—सात आदिमे, आठ अन्तमे और दोनो अकोके मध्यमे छह जगह नौका अक "अकाना वामतो गतिः," के नियमानुसार रखनेपर सम्पूर्ण सयमियोका प्रमाण होता है। अर्थात् छट्ठे गुणस्थानसे लेकर चौदहवे गुणस्थानतकके सर्व सयमियोका प्रमाण तीन कम नव करोड़ है[3] (८९९९९९९७)। इनको मै हाथ जोड़कर शिर नवाकर मन वचन कायकी शुद्धिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ—प्रमत्तवाले जीव ५९३८२०६, अप्रमत्तवाले २९६९१०३, उपशमश्रेणीवाले चारो गुणस्थानवर्ती ११९६, क्षपकश्रेणीवाले चार गुणस्थानवर्ती २३९२, सयोगी जिन ८९८५०२, इन सबका जोड ८९९९९३९९ होता है। सो इसको सर्व संयमियोके प्रमाणमेसे घटाने पर शेष अयोगी जीवोका प्रमाण ५९८ रहता है। इसको भी सयमियोके प्रमाणमे जोडनेसे सयमियो का कुल प्रमाण तीन कम नौ करोड़ होता है।

चारो गतिसम्बन्धी मिथ्यादृष्टि सासादन मिश्र और अविरत इनकी सख्याके साधकभूत पल्य के भागहारका विशेष वर्णन करते हैं—

ओघासंजदमिस्सयसासणसम्माण भागहारा जे।
रूऊणावलियासंखेज्जेणिह भजिय तत्थ णिक्खित्ते[4] ॥ ६३४ ॥
देवाणं अवहारा, होंति असंखेण ताणि अवहरिय।
तत्थेव य पक्खित्ते, सोहम्मीसाण अवहारा[5] ॥ ६३५ ॥ जुम्मं।

ओघा असंयतमिश्रकसासनसमीचा भागहारा ये।
रूपोनावलिकासंख्यातेनेह भक्त्वा तत्र निक्षिप्ते ॥ ६३४ ॥
देवानामवहारा भवन्ति असंख्येन तानवहृत्य।
तत्रैव च प्रक्षिप्ते सौधर्मैशानावहारा ॥ ६३५ ॥ युग्मम्

अर्थ—गुणस्थानसख्यामे असयत मिश्र सासादनके भागहारोका जो प्रमाण बताया है उसमे एक कम आवलीके असख्यातवें भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको भागहारके प्रमाणमे मिलानेसे देवगतिसम्बन्धी भागहारका प्रमाण होता है। तथा देवगतिसम्बन्धी भागहारके प्रमाणमे

---

१ षट् खं ३ गाथा नं ५१। २ तान् इत्यध्याहार।

३. इस विषयमें ष. खं ३ पृ. ९८, ९९ का शंका समाधान देखने योग्य है।

४. ५ ष खं ३ पृ. क्रमसे १६०, २८४।

एक कम आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको देवगतिसम्बन्धी भागहार के प्रमाणमे मिलानेसे सौधर्म ईशान स्वर्गसम्बन्धी भागहारका प्रमाण होता है।

भावार्थ—जहाँ जहाँका जितना जितना भागहारका प्रमाण बताया है उस उस भागहारका पल्यमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने उतने ही वहाँ वहाँ जीव समझना चाहिये। पहले गुणस्थानसख्यामें असयत गुणस्थानके भागहारका प्रमाण एकबार असख्यात कहा था, इसमे एक कम आवलीके असख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको भागहारके प्रमाणमे मिलानेसे देवगतिसम्बन्धी असयत गुणस्थानके भागहारका प्रमाण होता है, इस देवगतिसम्बन्धी भागहारके प्रमाणका पल्यमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतने देवगतिसम्बन्धी असंयतगुणस्थानवर्ती जीव हैं। तथा देवगतिसम्बन्धी असंयतगुणस्थानके भागहारका जो प्रमाण है उसमे एक कम आवलीके असंख्यातवे भागका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसको उस भागहारमे मिलानेसे सौधर्म ईशान स्वर्गसम्बन्धी असंयतगुणस्थानके भागहारका प्रमाण होता है। इस भागहारका पल्यमे भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना सौधर्म ईशान स्वर्गसम्बन्धी असयत गुणस्थानवर्ती जीवोका प्रमाण है। इसी तरह मिश्र और सासादनके भागहारका प्रमाण भी समझना चाहिये।

सनत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गके असयत मिश्र सासादनसम्बन्धी भागहारका प्रमाण बताते है—

सोहम्मसाणहारमसंखेण य संखरूवसंगुणिदे।
उवरि असंजदमिस्सयसासणसम्माण अवहारा[1] ॥ ६३६ ॥

सौधर्मैशानहारमसख्येन च सख्यरूपसंगुणिते।
उपरि असयतमिश्रकसासनसमीचामवहाराः ॥ ६३६ ॥

अर्थ—सौधर्म ईशान स्वर्गके सासादान गुणस्थानमे जो भागहारका प्रमाण है उससे असंख्यातगुणा सानत्कुमार माहेन्द्र स्वर्गके असयतगुणस्थानके भागहारका प्रमाण है। इससे असंख्यातगुणा मिश्र गुणस्थानके भागहारका प्रमाण है। तथा मिश्रके भागहारसे संख्यातगुणा सासादन गुणस्थानके भागहारका प्रमाण है।

इस गुणितक्रमकी व्याप्तिको बताते है—

सोहम्मादासारं, जोइसिवणभवणतिरियपुढवीसु।
अविरदमिस्सेऽसंखं, संखासंखगुणं सासणे देसे[2] ॥ ६३७ ॥

सौधर्मादासहस्रारं ज्योतिषि वनभवनतिर्यक्पृथ्वीषु।
अविरतमिश्रेऽसख्य सख्यासंख्यगुण सासने देशे ॥ ६३७ ॥

अर्थ—सौधर्म स्वर्गसे लेकर सहस्रार स्वर्गपर्यन्त पांच युगल, ज्योतिषी, व्यतर, भवनवासी, तिर्यच तथा सातो नरकपृथ्वी, इस तरह ये कुल १६ स्थान है। इनके अविरत और मिश्र गुणस्थान मे असख्यातका गुणक्रम है और सासादन गुणस्थानमे सख्यातका तथा तिर्यंगतिसम्बन्धी देशसयम गुणस्थानमे असख्यातका गुणक्रम समझना चाहिये।

भावार्थ—सौधर्म ईशान स्वर्गके आगे सानत्कुमार माहेन्द्रके असंयत मिश्र सासादन गुणस्थान

१ २ ष खं ३ पृ. २८५।

के भागहारोका प्रमाण बता चुके हैं। इसमे सासादन गुणस्थानके भागहारका जो प्रमाण हैं उससे असंख्यातगुणा ब्रह्म ब्रह्मोत्तरके असयत गुणस्थानका भागहार है। इससे असंख्यातगुणा मिश्रका भागहार और मिश्रके भागहारसे संख्यातगुणा[1] सासादनका भागहार है। ब्रह्म ब्रह्मोत्तरसम्बन्धी सासादनके भागहारसे असंख्यातगुणा लांतव कापिष्टके असंयत गुणस्थानसम्बन्धी भागहारका प्रमाण है और इससे असंख्यातगुणा मिश्रका भागहार और मिश्रके भागहारसे संख्यातगुणा सासादनका भागहार है। इसी क्रमके अनुसार शुक्र महाशुक्रसे लेकर सातवी पृथ्वीतकके असंयत मिश्र सासादनसम्बन्धी भागहारोका प्रमाण समझना चाहिए। विशेषता यह है कि देशसंयम गुणस्थान स्वर्गोमे तथा नरकोमे नही होता; किन्तु तिर्यञ्चोमे होता है। इसलिये तिर्यंचोमे जो सासादनके भागहारका प्रमाण है उससे असख्यातगुणा तिर्यंचोके देशव्रत गुणस्थानका भागहार है। तथा तिर्यंचोके देशसयम गुणस्थानके भागहारका जो प्रमाण है वही प्रथम नरकके असयत गुणस्थानके भागहारका प्रमाण है। किन्तु देशव्रतके भागहारका प्रमाण स्वर्ग तथा नरकमें नही है।

आनतादिकमे गुणितक्रमकी व्याप्तिको तीन गाथाओद्वारा बताते हैं—

चरमधरासाणहरा आणदसम्माण आरणप्पहुदिं।
अंतिमगेवेज्जंतं, सम्माणमसंखसंखगुणहारा॥ ६३८॥

चरमधरासानहारादानतसमीचामारणप्रभृति।
अंतिमग्रैवेयकान्ते समीचामसंख्यसख्यगुणहाराः॥ ६३८॥

अर्थ—सप्तम पृथ्वीके सासादनसम्बन्धी भागहारसे आनत प्राणतके असंयतका भागहार असख्यातगुणा है। तथा इसके आगे आरण अच्युतसे लेकर नौवें ग्रैवेयकपर्यंत दश स्थानोमे असंयतका भागहार क्रमसे संख्यातगुणा[3] सख्यातगुणा है।

तत्तो ताणुत्ताणं, वामाणमणुद्दिसाण विजयादि।
सम्माणं संखगुणो, आणदमिस्से असंखगुणो[4]॥ ६३९॥

ततस्तेषामुक्ताना वामानामनुदिशाना विजयादि।
समीचा सख्यगुणः आनतमिश्रे असख्यगुणः॥ ६३९॥

अर्थ—इसके अनन्तर आनत प्राणतसे लेकर नवम ग्रैवेयक पर्यंतके मिथ्यादृष्टि जीवोका भागहार क्रमसे अन्तिम ग्रैवेयक सम्बन्धी असंयतके भागहारसे सख्यातगुणा संख्यातगुण[5] है। इस अन्तिम ग्रैवेयक सम्बन्धी मिथ्यादृष्टिके भागहारसे क्रमपूर्वक संख्यातगुणा[6] संख्यातगुणा नव अनुदिश और विजय वैजयंत जयत अपराजितके असयतोका भागहार है। विजयादिकसम्बन्धी असयतके भागहारसे आनत प्राणतसम्बन्धी मिश्रका भागहार असंख्यातगुणा है।

तत्तो संखेज्जगुणो सासणसम्माण होदि संखगुणो।
उत्तट्ठाणे कमसो, पणछस्सत्तट्ठचदुरसंदिट्ठी[7]॥ ६४०॥

---

१ यहां पर सख्यातकी सहनानी चारका अंक है।

२. ४, ७ प खं ३ पृ० २८५।

३. ५, ६. इन स्थानोमें संख्यातकी सहनानी क्रमसे पाँच अंक छह अंक तथा सातका अंक है। इस बात को आगेकी गाथामें कहेंगे।

तय- संख्येयगुण सासनसमोचां भवति संख्यगुणः ।
उक्तस्थाने क्रमशः पञ्चषट्सप्ताष्टचतु सद्दृष्टि ॥ ६४० ॥

अर्थ—आनत प्राणतसम्बन्धी मिश्रके भागहारसे आरण अच्युतसे लेकर नवम ग्रैवेयक पर्यंत दश स्थानोमे मिश्रसम्बन्धी भागहारका प्रमाण क्रमसे संख्यातगुणा सख्यातगुणा है। यहाँपर संख्यात की सहनानी आठका अंक है। अन्तिम ग्रैवेयकसम्बन्धी मिश्रके भागहारसे आनत प्राणतसे लेकर नवम ग्रैवेयकपर्यंत ग्यारह स्थानोमे सासादनसम्यग्दृष्टीके भागहारका प्रमाण क्रमसे सख्यातगुणा संख्यातगुणा है। यहाँपर सख्यातकी सहनानी चारका अक है। इन पूर्वोक्त पाच स्थानोमे संख्यातका सहनानी क्रमसे पाँच, छह, सात, आठ और चारके अक है।

सगसगअवहारेहिं, पल्ले भजिदे हवंति सगरासी ।
सगसगगुणपडिवण्णे, सगसगरासीसु अवणिदे वामा ॥ ६४१ ॥

स्वकस्वकावहारैः पल्ये भक्ते भवन्ति स्वकराशयः ।
स्वकस्वकगुणप्रतिपन्नेषु स्वकस्वकराशिषु अपनीतेषु वामा ॥ ६४१ ॥

अर्थ—अपने २ भागहारका पल्यमे भाग देनेसे अपनी २ राशिके जीवोका प्रमाण निकलता है। तथा अपनी २ सामान्य राशिमेसे असयत मिश्र सासादन तथा देशव्रतका प्रमाण घटानेसे अवशिष्ट मिथ्यादृष्टि जीवो का प्रमाण रहता है।

भावार्थ—यहा पर मनुष्योके भागहारका प्रमाण नही बताया[1] है। देशव्रत गुणस्थान मनुष्य और तिर्यञ्च इन दोनो हीके होता है। इसलिये यहाँ तिर्यचोकी ही सामान्य राशिमे असंयत मिश्र सासादन तथा देशव्रत इन चार गुणस्थानवाले जीवोंका प्रमाण घटानेसे मिथ्यादृष्टि तिर्यंच जीवोका प्रमाण होता है, किन्तु देव और नारकियोकी सामान्य राशिमेसे असंयत मिश्र और सासादन इन तीन गुणस्थानवाले जीवोका ही प्रमाण घटानेसे अवशिष्ट मिथ्यादृष्टि जीवोका प्रमाण होता है। परन्तु जहाँ पर मिथ्यादृष्टि आदि जीव सम्भव हो वहाँ पर ही इनका (मिथ्यादृष्टि आदि जीवोका) प्रमाण निकालना चाहिये, अन्यत्र नही, क्योकि ग्रैवेयकसे ऊपरके सब देव असयत ही होते हैं।

मनुष्यगतिमे गुणस्थानोकी अपेक्षासे जीवोका प्रमाण बताते हैं—

तेरसकोडी देसे, बावण्णं सासणे मुणेदव्वा ।
मिस्सा वि य तद्दुगुणा, असंजदा सत्तकोडिसयं[2] ॥ ६४२

त्रयोदशकोट्यो देशे द्वापञ्चाशत् सासने मन्तव्या ।
मिश्रा अपि च तद्द्विगुणा असयता सप्तकोटिशतम् ॥ ६४२ ॥

अर्थ—देशसयम गुणस्थानमे तेरह करोड, सासादनमे बावन करोड, मिश्रमे एकसौ चार करोड़ असयतमे सात सौ करोड मनुष्य हैं। प्रमत्तादि गुणस्थानवाले जीवोका प्रमाण पूर्वमे ही बता चुके है। इस प्रकार यह गुणस्थानोमे मनुष्य जीवोका प्रमाण है।

१—यह सख्या आगे के गुणस्थानमें बताई है। २—षट् ख ३ गाथा नं ६८, ७०।

जीविदरे कम्मचये, पुण्णं पावो त्ति होदि पुण्णं तु ।
सुहपयडीणं दव्वं, पावं असुहाण दव्वं तु ॥ ६४३ ॥

जीवेतरस्मिन् कर्मचये पुण्यं पापमिति भवति पुण्य तु ।
शुभप्रकृतिनां द्रव्य पापमशुभप्रकृतीना द्रव्यं तु ॥ ६४३ ॥

अर्थ—जीव पदार्थमे सामान्यसे मिथ्यादृष्टि और सासादन गुणस्थानवाले जीव पाप हैं। और मिश्र गुणस्थानवाले पुण्य और पापके मिश्ररूप हैं। तथा असंयतसे लेकर सब ही पुण्य जीव हैं। इसके अनंतर अजीव पदार्थका वर्णन करते हैं। अजीव पदार्थमे कार्मण स्कन्धके दो भेद हैं—एक पुण्य दूसरा पाप। शुभ प्रकृतियोके द्रव्यको पुण्य और अशुभ प्रकृतियोके द्रव्यको पाप कहते हैं।

भावार्थ—कार्मण स्कन्धमे सातावेदनीय, नरकायुको छोड़कर शेष तीन आयु, शुभ नाम, उच्च गोत्र इन शुभ प्रकृतियोके द्रव्यको पुण्य[1] कहते हैं। इनसे सिवाय घातिकर्मकी समस्त प्रकृतिया और असातावेदनीय, नरक आयु, अशुभ नाम, नीच गोत्र इन प्रकृतियोके द्रव्यको पाप कहते हैं।

आसवसंवरदव्वं समयपबद्धं तु णिज्जरादव्वं ।
तत्तो असंखगुणिदं, उक्कस्सं होदि णियमेण ॥ ६४४ ॥

आस्रवसवरद्रव्यं समयप्रवद्धं तु निर्जराद्रव्यम् ।
ततोऽसख्यगुणितमुत्कृष्ट भवति नियमेन ॥ ६४४ ॥

अर्थ—आस्रव और संवरका द्रव्यप्रमाण समयप्रवद्धप्रमाण है और उत्कृष्ट निर्जराद्रव्य समयप्रबद्धसे असंख्यातगुणा है।

भावार्थ—एक समयमे समयप्रबद्धप्रमाण कर्मपुद्गलका ही आस्रव होता है, इसलिये आस्रवको समयप्रबद्धप्रमाण कहा है। और आस्रवके निरोधरूप संवर है। सो यह सवर भी एकसमयमे उतने ही द्रव्यका होगा, इसलिये द्रव्य सवरको भी समयप्रबद्ध प्रमाण कहा है। गुणश्रेणि-निर्जरामे असख्यात समयप्रबद्धोको निर्जरा एक ही समयमे होजाती है, इसलिये उत्कृष्ट निर्जराद्रव्यको असख्यात समयप्रबद्धप्रमाण कहा है।

बंधो समयपबद्धो, किंचूणदिवड्ढमेत्तगुणहाणी ।
मोक्खो य होदि एवं, सद्दहिव्वा दु तच्चट्ठा ॥ ६४५ ॥

वन्ध समयप्रबद्ध किञ्चिदूनव्यर्धमात्रगुणहानिः ।
मोक्षश्च भवत्येवं श्रद्धातव्यास्तु तत्त्वार्थाः ॥ ६४५ ॥

अर्थ—बन्धद्रव्य समयप्रबद्धप्रमाण है; क्योंकि एक समयमे समयप्रबद्धप्रमाण ही कर्मप्रकृतियोका वन्ध होता है। तथा मोक्षद्रव्यका प्रमाण व्यर्धगुणहानिगुणितसमयप्रबद्ध प्रमाण है,

---

१–पुण्य और पाप प्रकृतियोकी भिन्न-भिन्न संख्या कर्मकाण्डमें देखना चाहिये। विशेप यह है कि कर्मों की कुल प्रकृतियाँ १४८ ही है। परन्तु पुण्यकी ६८ और पापकी १०० प्रकृतियाँ वताई हैं। कारण यह कि नामकर्मकी स्पर्शादिक २० प्रकृतियाँ पुण्य और पाप दोनो तरफ सम्मिलित है, इसलिये पुण्य पापकी गणना में २० संख्या वढ़ जाती है।

क्योंकि अयोगिगुणस्थानके अन्तमे जितनी कर्म प्रवृत्तियोकी सत्ता रहती है उतना ही मोक्षद्रव्यका प्रमाण है। तथा यहाँ पर (अयोगिगुणस्थानके अन्त समयमे) कर्मोकी सत्ता द्व्यर्धगुणहानिगुणित समयप्रवद्धप्रमाण है, इसलिये मोक्षद्रव्यका प्रमाण भी द्व्यर्धगुणहानिगुणित समयप्रबद्धप्रमाण ही है। इस प्रकार इन सात तत्त्वोका श्रद्धान करना चाहिये।

भावार्थ—पूर्वमे जो छह द्रव्य पञ्चास्तिकाय नव पदार्थोका स्वरूप बताया है उसके अनुसार ही उनका श्रद्धान करना चाहिये, क्योकि इनके श्रद्धानको सम्यक्त्व कहते है।

सम्यक्त्वके भेदोको गिनानेके पहले क्षायिक सम्यक्त्वका स्वरूप बताते है—

खीणे दंसणमोहे, जं सद्दहणं सुणिम्मलं होई[१] ।
तं खाइयसम्मत्तं, णिच्चं कम्मक्खवणहेदू ॥ ६४६ ॥
क्षीणे दर्शनमोहे यच्छ्रद्धानं सुनिर्मलं भवति।
तत्क्षायिकसम्यक्त्वं नित्यं कर्मक्षपणहेतु ॥ ६४६ ॥

अर्थ—दर्शनमोहनीय कर्मके क्षीण होजाने पर जो निर्मल श्रद्धान होता है उसको क्षायिक सम्यक्त्व कहते है। यह सम्यक्त्व नित्य है और कर्मोके क्षय होनेका कारण है।

भावार्थ—यद्यपि दर्शनमोहनीयके मिथ्यात्व मिश्र सम्यक्त्वप्रकृति ये तीन ही भेद है। तथापि अनन्तानुवन्धी कषाय भी दर्शनगुणको विपरीत करता है, इसलिये इसको भी दर्शनमोहनीय कहते हैं। इसीलिये आचार्योंने तथा पञ्चाध्यायीमे कहा है कि "सप्तैते दृष्टिमोहनम्"[१]। अतएव इन सात प्रकृतियोके सर्वथा क्षीण होजानेसे दर्शन गुणकी जो अत्यन्त निर्मल अवस्था होती है उसको क्षायिक सम्यक्त्व कहते है। इसके प्रतिपक्षी कर्मोका एकदेश भी अवशिष्ट नही रहा है। इस ही लिये यह दूसरे सम्यक्त्वोकी तरह सात नही है। तथा इसके होनेपर असख्यातगुणी कर्मोकी निर्जरा होती है, इसलिये यह कर्मक्षयका हेतु है। इसी अभिप्रायका बोधक दूसरी क्षेपक गाथा भी है। वह इसप्रकार है कि—

दंसणमोहे खविदे, सिज्झदि एक्केव तदियतुरियभवे।
णादिक्कदि तुरियभवं, ण विणस्सदि सेससम्मं व ॥ १ ॥
दर्शनमोहे क्षपिते सिद्ध्यति एकस्मिन्नेव तृतीयतुरीयभवे।
नातिक्रामति तुरीयभव न विनश्यति शेषसम्यक्त्वं व ॥ १ ॥

अर्थ—दर्शनमोहनीय कर्मका क्षय होजाने पर उस ही भवमे या तीसरे चौथे भवमे जीव सिद्धपदको प्राप्त होता है, किन्तु चौथे भवका उल्लंघन नही करता, तथा दूसरे सम्यक्त्वोंकी तरह यह सम्यक्त्व नष्ट नही होता।

भावार्थ—क्षायिक सम्यग्दर्शन होनेपर या तो उसही भवमे जीव सिद्धपदको प्राप्त होजाता है या देवायुका सम्यक्त्व प्राप्तिके पूर्व नरकायुका बन्ध होगया हो तो तीसरे भवमे सिद्ध होता है। यदि सम्यग्दर्शनके पहले मिथ्यात्व अवस्थामे मनुष्य या तिर्यंच आयुका बन्ध होगया हो तो चौथे

१ प० खं० १ गाथा नं० २१३।

भवमे सिद्ध होता है, किन्तु चतुर्थ भवका अतिक्रमण नही करता। यह सम्यक्त्व साद्यनन्त है। औपशमिक या क्षायोपशमिककी तरह उत्पन्न होनेके बाद फिर छूटता नही है।

क्षायिकसम्यक्त्वका और भी विशेष स्वरूप बताते हैं—

वयणेहिं वि हेदूहिं वि, इंदियभयआणएहिं रूवेहिं।
बीभच्छजुगुच्छाहिं य, तेलोक्केण वि ण चालेज्जो[1] ॥ ६४७ ॥

वचनैरपि हेतुभिरपि इन्द्रियभयानीतै रूपै।
बीभत्स्यजुगुप्साभिश्च त्रैलोक्येनापि न चाल्य ॥ ६४७ ॥

अर्थ—श्रद्धानको भ्रष्ट करनेवाले वचन या हेतुओसे अथवा इन्द्रियोको भय उत्पन्न करनेवाले आकारोसे यद्वा ग्लानिकारक पदार्थोको देखकर उत्पन्न होनेवाली ग्लानिसे किं बहुना तीन लोकसे भी यह क्षायिक सम्यक्त्व चलायमान नही होता।

भावार्थ—क्षायिक सम्यक्त्व इतना दृढ होता है कि तर्क तथा आगमसे विरुद्ध श्रद्धानको भ्रष्ट करनेवाले वचन या हेतु उसको भ्रष्ट नही कर सकते। तथा यह भयोत्पादक आकार या ग्लानिकारक पदार्थो को देखकर भ्रष्ट नही होता। यदि कदाचित् तीन लोक उपस्थित होकर भी उसको अपने श्रद्धानसे भ्रष्ट करना चाहे तो भी यह भ्रष्ट नही होता।

यह सम्यग्दर्शन किसके तथा कहाँ पर उत्पन्न होता है यह बताते हैं—

दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो हु।
मणुसो केवलिमूले णिट्ठवगो होदि सव्वत्थ ॥ ६४८ ॥

दर्शनमोहक्षपणाप्रस्थापक. कर्मभूमिजातो हि।
मनुष्य. केवलिमूले निष्ठापको भवति सर्वत्र ॥ ६४८ ॥

अर्थ—दर्शनमोहनीय कर्मके क्षय होनेका प्रारम्भ केवलीके मूलमे कर्मभूमिका उत्पन्न होनेवाला मनुष्य ही करता है तथा निष्ठापन सर्वत्र होता है।

भावार्थ—दर्शनमोहनीय कर्मके क्षय होनेका जो क्रम है उसका प्रारम्भ केवली श्रुतकेवलीके पादमूलमे (निकट) ही होता है, तथा उसका (प्रारम्भका) करनेवाला कर्मभूमिज मनुष्य ही होता है। यदि कदाचित् पूर्ण क्षय होनेके प्रथम ही मरण हो जाय तो उसकी (क्षपणाकी) समाप्ति चारो गतियोमेसे किसी भी गतिमे हो सकती है।

वेदकसम्यक्त्वका स्वरूप बताते हैं—

दंसणमोहुदयादो, उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं।
चलमलिणमगाढं तं, वेदयसम्मत्तमिदि जाणे[2] ॥ ६४९ ॥

---

१. रूपैर्भयङ्करैर्वाक्यैर्हेतुदृष्टान्तसूचिभि.। जातु क्षायिकसम्यक्त्वो न क्षुभ्यति विनिश्चल'। तथा देखो ष० खं० १ पृ० ३९ और गाथा नं० २१४।

२ ष० खं० १ गाथा नं० २१५।

दर्शनमोहोदयादुत्पद्यते यत् पदार्थश्रद्धानम् ।
चलमलिनमगाढं तद् वेदकसम्यक्त्वमिति जानीहि ॥ ६४९ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वमोहनीय प्रकृतिके उदयसे पदार्थोका जो चल मलिन अगाढरूप श्रद्धान उत्पन्न होता है, उसको वेदकसम्यक्त्व कहते है।

भावार्थ—मिथ्यात्व मिश्र और अनतानुबंधीचतुष्क इनका सर्वथा क्षय अथवा उदयाभावी क्षय और उपशम हो चुकने पर; किन्तु अवशिष्ट सम्यक्त्वप्रकृतिके उदय होते हुए पदार्थो का जो श्रद्धान होता है उसको वेदक सम्यक्त्व कहते हैं। यहां पर सम्यक्त्व प्रकृतिके उदयजनित चलता मलिनता और अगाढता ये तीन दोष होते है। इन तीनोका लक्षण पहले कह चुके हैं।

तीन गाथाओमे उपशम सम्यक्त्वका स्वरूप और सामग्रीका वर्णन करते हैं—

दसणमोहुवसमदो, उप्पज्जइ जं पयत्थसद्दहणं ।
उवसमसम्मत्तमिणं, पसण्णमलपंकतोयसम ॥ ६५० ॥

दर्शनमोहोपशमादुत्पद्यते यत्पदार्थश्रद्धानम् ।
उपशमसम्यक्त्वमिदं प्रसन्नमलपकतोयसमम् ॥ ६५० ॥

अर्थ—उक्त सम्यक्त्वविरोधिनी पाच अथवा सात प्रकृतियोके उपशमसे जो पदार्थोका श्रद्धान होता है उसको उपशमसम्यक्त्व कहते है। यह सम्यक्त्व इस तरहका निर्मल होता है जैसा कि निर्मली आदि पदार्थो के निमित्तसे कीचड़ आदि मलके नीचे बैठ जाने पर जल निर्मल होता है।

भावार्थ—उपशम सम्यक्त्व और क्षायिक सम्यक्त्व निर्मलताकी अपेक्षा समान हैं; क्योकि प्रतिपक्षी कर्मो का उदय दोनों ही स्थानपर नही है। किन्तु विशेषता इतनी ही है कि क्षायिक सम्यक्त्वके प्रतिपक्षी कर्मका सर्वथा अभाव हो गया है, और उपशम सम्यक्त्वके प्रतिपक्षी कर्मकी सत्ता है। जैसे किसी जलमे निर्मली आदिके द्वारा ऊपरसे निर्मलता होने पर भी नीचे कीचड़ जमी रहती है, और किसी जलके नीचे कीचड़ रहती ही नही। ये दोनो जल निर्मलताकी अपेक्षा समान हैं। अन्तर यही है कि एकके नीचे कीचड़ है, दूसरी के नीचे कीचड़ नही है। जिसके नीचे कीचड़ है ऊपरसे स्वच्छ है उस निर्मल जलके समान ही औपशमिक सम्यक्त्व है। और जिसके नीचे कीचड़ नही है उस निर्मल जलके सदृश क्षायिक सम्यक्त्व होता है। औपशमिक सम्यक्त्व अनादि मिथ्यादृष्टिके पांचप्रकृतियोके उपशमसे और सादिमिथ्यादृष्टिके सात प्रकृतियोके उपशमसे हुआ करता है।

खयउवसमियविसोही, देसणपाउग्गकरणलद्धी य ।
चत्तारि वि सामण्णा, करणं पुण होदि सम्मत्ते ॥ ६५१ ॥

क्षायोपशमिकविशुद्धी देशना प्रायोग्यकरणलब्धी च ।
चतस्रोऽपि सामान्याः करणं पुनर्भवति सम्यक्त्वे ॥ ६५१ ॥

अर्थ—क्षायोपशमिक, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य, करण ये पाच लब्धि हैं। इनमे पहली चार तो सामान्य हैं, भव्य अभव्य दोनो के ही सभव है। किन्तु करण–लब्धि विशेष[1] है। यह भव्य के ही हुआ करती है और इसके होनेपर सम्यक्त्व या चारित्र नियमसे होता है।

१. श्रेण्यारोहणके पूर्वमें चारित्रके लिये भी करणत्रय हुआ करते हैं।

भावार्थ—लब्धि शब्दका अर्थ प्राप्ति है। प्रकृतमे सम्यक्त्व ग्रहण करनेके योग्य सामग्रीकी प्राप्ति होना इसको लब्धि कहते हैं। उसके उक्त पाच भेद है। अशुभ कर्मोके अनुभागके—उत्तरोत्तर अनन्तगुणसे हीन होनेको कहते हैं। पंचेन्द्रियादिस्वरूप योग्यताके मिलनेको क्षायोपशमिक लब्धि कहते हैं। निर्मलताविशेषको विशुद्धि कहते हैं। योग्य उपदेशको देशना होनेको प्रायोग्यलब्धि कहते हैं। अध करण अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोको करणलब्धि कहते है। इन तीनो करणोका स्वरूप पहले कह चुके है। इन पाच लब्धियोमेसे आदिकी चार लब्धि तो सामान्य हैं—अर्थात् भव्य अभव्य दोनोके होती हैं किन्तु करणलब्धि असाधारण है—इसके होने पर नियमसे सम्यक्त्व या चारित्र होता है। जब तक करणलब्धि नही होती तब तक सम्यक्त्व नही होता।

उपशम सम्यक्त्वकी प्राप्तिके योग्य सामग्रीको बताकर अब उसको ग्रहण करनेके लिये योग्य जीव कैसा होना चाहिये यह बताते हैं—

चदुगदिभव्वो सण्णी, पज्जत्तो सुज्झगो य सागारो।
जागारो सल्लेसो, सलद्धिगो सम्ममुवगमई ॥ ६५२ ॥

चतुर्गतिभव्यः सज्ञी पर्याप्त. शुद्धकश्च साकारः।
जागरूकः सल्लेश्य. सलब्धिक. सम्यक्त्वमुपगच्छति ॥ ६५२ ॥

अर्थ—जो जीव चार गतियोमेसे किसी एक गतिका धारक तथा भव्य, सज्ञी, पर्याप्त, विशुद्धि—सातादिके बन्धके योग्य परिणतिसे युक्त, जागृत—स्त्यानगृद्धि आदि तीन निद्राओसे रहित, साकार उपयोगयुक्त और शुभ लेश्याका धारक होकर करणलब्धिरूप परिणामोका धारक होता है वह जीव सम्यक्त्वको प्राप्त करता है।

चत्तारि वि खेत्ताइं, आउगबंधेण होदि सम्मत्तं।
अणुवदमहव्वदाइं, ण लहइ देवाउगं मोत्तुं ॥ ६५३ ॥

चत्वार्यपि क्षेत्राणि आयुष्कबन्धेन भवति सम्यक्त्वम्।
अणुव्रतमहाव्रतानि न लभते देवायुष्कं मुक्त्वा ॥ ६५३ ॥

अर्थ—चारो गतिसम्बन्धी आयुकर्मका बन्ध हो जाने पर भी सम्यक्त्व हो सकता है, किन्तु देवायुको छोड़कर शेष आयुका बंध होने पर अणुव्रत और महाव्रत नही होते।

भावार्थ—चारो गतियोमेसे किसी भी गतिमेरहनेवाले जीवके चार प्रकारकी आयुमेसे किसी भी आयुका बध होने पर भी सम्यक्त्वकी उत्पत्ति हो सकती है—इसमे कोई बाधा नही है। किन्तु अणुव्रत या महाव्रत उसी जीवके हो सकते हैं जिसके चार आयुकर्मोमेसे केवल देवायुका ही बध हुआ हो, अथवा किसी भी आयुका बंध न हुआ हो। नरकायु तिर्यगायु मनुष्यायु इन तीन आयुओं-मेसे किसी भी आयुका बंध करके पुनः सम्यक्त्व प्राप्त करनेवाले जीवके अणुव्रत या महाव्रत नही होते।

सम्यक्त्वमार्गणाके दूसरे भेदोको गिनाते हैं—

ण य मिच्छत्तं पत्तो, सम्मत्तादो य जो य परिवडिदो।
सो सासणो त्ति णेयो, पंचमभावेण संजुत्तो ॥ ६५४ ॥

न च मिथ्यात्वं प्राप्तः सम्यक्त्वतश्च यश्च परिपतितः ।
स सासन इति ज्ञेयः पंचमभावेन संयुक्तः ॥ ६५४ ॥

अर्थ—जो जीव सम्यक्त्वसे तो च्युत हो गया है, किन्तु मिथ्यात्वको प्राप्त नही हुआ है उसको सासन कहते है। यह जीव पाचवे पारिणामिक भावसे युक्त होता है।

भावार्थ—सासनरूप परिणामोका होना भी सम्यक्त्वगुणका एक विपरिणाम है, इसलिये यह भी सम्यक्त्वमार्गणाका एक भेद है। अतएव यहा पर इसका वर्णन किया है, क्योकि सम्यक्त्व-मार्गणामे सामान्यसे सम्यक्त्वके समस्त भेदोका वर्णन करना चाहिये। इस गुणस्थानमे दर्शनमोह-नीयकी अपेक्षा पारिणामिक भाव होता है, तथा अनन्तानुबन्धीकी अपेक्षा औदयिक भाव भी होता है। इसका विशेष स्वरूप गुणस्थानाधिकारमे कह चुके हैं, इसलिये यहा नही कहते है। सम्यग्दर्शन की यहां शुद्ध अवस्था छूट जानेसे और अशुद्ध-विपरीत-मिथ्यात्व अवस्था प्राप्त न होनेसे मध्यकी अनुभव दशा रहा करती है।

मिश्रगुणस्थानका स्वरूप बताते है—

सद्दहणासद्दहणं, जस्स य जीवस्स होइ तच्चेसु ।
विरयाविरयेण समो, सम्मामिच्छो त्ति णायव्वो ॥ ६५५ ॥

श्रद्धानाश्रद्धानं यस्य च जीवस्य भवति तत्त्वेषु ।
विरताविरतेन समः सम्यग्मिथ्य इति ज्ञातव्यः ॥ ६५५ ॥

अर्थ—विरताविरतकी तरह जिस जीवके तत्त्वके विषयमे श्रद्धान और अश्रद्धान दोनो हो उसको सम्यग्मिथ्यादृष्टि समझना चाहिये।

भावार्थ—जिस तरह विरत और अविरत दोनो प्रकारके परिणामोके जोड़की अपेक्षा विरताविरत नामका पाचवाँ गुणस्थान होता है उसी तरह श्रद्धान और अश्रद्धानरूप परिणामोके जोडकी अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्व नामका तीसरा गुणस्थान होता है। यह भी सम्यक्त्वमार्गणाका एक भेद है।

मिच्छाइट्ठी जीवो, उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहदि ।
सद्दहदि असब्भावं उवइट्ठं वा अणुवइट्ठं ॥ ६५६ ॥

मिथ्यादृष्टिर्जीव उपदिष्टं प्रवचनं न श्रद्दधाति ।
श्रद्दधाति असद्भावमुपदिष्टं वा अनुपदिष्टम् ॥ ६५६ ॥

अर्थ—जो जीव जिनेन्द्रदेवके कहे हुए आप्त आगम पदार्थका श्रद्धान नही करता; किन्तु कुगुरुओके कहे हुए या बिना कहे हुए भी मिथ्या पदार्थका श्रद्धान करता है उसको मिथ्यादृष्टि कहते हैं।

भावार्थ—मिथ्यात्व-दर्शनमोहनीयके उदयसे दो प्रकारके विपरिणाम होते हैं—एक ग्रहीत विपरीत श्रद्धान दूसरा अग्रहीत विपरीत श्रद्धान। जो कुगुरुओंके उपदेशसे विपरीत श्रद्धान होता है उसको ग्रहीतमिथ्यात्व कहते है। और जो विना उपदेशके ही विपरीत श्रद्धान हो उसको अग्रहीत-मिथ्यात्व कहते है। इन दोनो ही प्रकारके विपरिणामोको मिथ्यात्व इस सामान्य शब्दसे कहते हैं।

तथा यह मिथ्यात्व सम्यक्त्वमार्गणाका एक भेद है, इसीलिये इस गाथाके एकवार गुणस्थानाधिकारमे आने पर भी यहा उसे दूसरीवार कहा है।

इस तरह सम्यक्त्वमार्गणामे सम्यग्दर्शनके शुद्ध अशुद्ध मिश्र और अनुभयरूप कुल छह भेदोका—औपशमिक क्षायिक क्षायोपशमिक मिथ्यात्व मिश्र और सासादनका संक्षेपमे स्वरूप बताया गया है।

सम्यक्त्वमार्गणामे तीन गाथाओंद्वारा जीवसंख्या बताते है—

वासपुधत्ते खइया, संखेज्जा जइ हवंति सोहम्मे ।
तो संखपल्लठिदिये, केवडिया एवमणुपादे ॥ ६५७ ॥

वर्षपृथक्त्वे क्षायिकाः संख्येया यदि भवन्ति सौधर्मे ।
तर्हि संख्यपल्यस्थितिके कति एवमनुपाते ॥ ६५७ ॥

अर्थ—क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव सौधर्म ईशान स्वर्गमे पृथक्त्व वर्षमे सख्यात उत्पन्न होते है तो सख्यात पल्यकी स्थितिमें कितने जीव उत्पन्न होगे? इसका त्रैराशिक करनेसे क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंका प्रमाण निकलता है, क्योकि क्षायिकसम्यग्दृष्टि बहुधा कल्पवासी देव होते है और कल्पवासी देव बहुत करके सौधर्म ईशान स्वर्गमे ही हैं।

भावार्थ—फलराशि संख्यातका और इच्छाराशि संख्यात पल्यका परस्पर गुणा करके प्रमाणराशि पृथक्त्ववर्षका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना ही क्षायिक सम्यदृष्टि जीवोका प्रमाण है।

इस प्रकार त्रैराशिक करनेसे लब्धप्रमाण कितना आया यह बताते है—

संखावलिहिदपल्ला, खइया तत्तो य वेदमुवसमगा ।
आवलिअसंखगुणिदा, असंखगुणहीणया कमसो ॥ ६५८ ॥

संख्यावलिहितपल्या क्षायिकास्ततश्च वेदमुपशमकाः ।
आवल्यसख्यगुणिता असंख्यगुणहीनका. क्रमशः ॥ ६५८ ॥

अर्थ—सख्यात आवलीसे भक्त पल्यप्रमाण क्षायिकसम्यग्दृष्टि हैं। क्षायिक सम्यग्दृष्टिके प्रमाणका आवलीके असख्यातवें भागसे गुणा करने पर जो प्रमाण हो उतना ही वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोका प्रमाण है। तथा क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोके प्रमाणसे असख्यातगुणा हीन उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोका प्रमाण है।

सासादन मिश्र और मिथ्यादृष्टि जीवोंका प्रमाण बताते हैं—

पल्लासंखेज्जदिमा, सासणमिच्छा य संखगुणिदा हु ।
मिस्सा तेहिं विहीणो, संसारी वामपरिमाणं ॥ ६५९ ॥

पल्यासंख्याताः सासनमिथ्याश्च संख्यगुणिता हि ।
मिश्रास्तैर्विहीन. संसारी वामपरिमाणम् ॥ ६५९ ॥

अर्थ—पल्यके असख्यातवें भागप्रमाण सासादनमिथ्यादृष्टि जीव है और इनसे सख्यातगुणे मिश्र जीव हैं। तथा ससारी जीवराशिमेंसे क्षायिक औपशमिक क्षायोपशमिक सासादन मिश्र इन पाँच प्रकारके जीवोका प्रमाण घटानेसे जो शेष रहे उतना ही मिथ्यादृष्टि जीवोंका प्रमाण है।

॥ इति सम्यक्त्वमार्गणाधिकारः ॥

क्रमप्राप्त संज्ञिमार्गणाका निरूपण करते हैं—

णोइंदियआवरणखओवसमं तज्जबोहणं सण्णा।
सा जस्स सो दु सण्णी, इदरो सेसिंदिअवबोहो ॥ ६६० ॥

नोइन्द्रियावरणक्षयोपशमस्तज्जबोधनं संज्ञा।
सा यस्य स तु संज्ञी इतरः शेषेन्द्रियावबोधः ॥ ६६० ॥

अर्थ—नोइन्द्रियावरण कर्मके क्षयोपशमको या तज्जन्य ज्ञानको संज्ञा कहते हैं। यह संज्ञा जिसके हो उसको संज्ञी कहते हैं और जिनके यह संज्ञा न हो, किन्तु केवल यथासम्भव इन्द्रियजन्य ज्ञान हो उनको असंज्ञी कहते हैं।

भावार्थ—जीव दो प्रकारके होते हैं—एक संज्ञी दूसरे असंज्ञी। संज्ञा शब्दसे मुख्यतया तीन अर्थ लिये जाते हैं। १—नाम निक्षेप, जो कि व्यवहारके लिये किसीका रख दिया जाता है। जैसे ऋषभ, भरत, बाहुबली, अर्ककीर्ति, महावीर आदि। २—आहार भय मैथुन और परिग्रहकी इच्छा। ३—धारणात्मक या ऊहापोहरूप विचारात्मक ज्ञानविशेष। प्रकृतमें यह अन्तिम अर्थ ही विवक्षित है। यह दो प्रकारका हुआ करता है—लब्धिरूप और उपयोगरूप। प्रतिपक्षी नोइन्द्रियावरण कर्मके क्षयोपशमसे प्राप्त विशुद्धिको लब्धि और अपने विषयमें प्रवृत्तिको उपयोग कहते हैं। जिनके यह लब्धि या उपयोगरूप मन-ज्ञान विशेष पाया जाय उनको संज्ञी कहते हैं। और जिनके यह मन न हो उनको असंज्ञी कहते हैं। इन असंज्ञी जीवोंके मानस ज्ञान नहीं होता, यथासम्भव इन्द्रियजन्य ज्ञान ही होता है।

संज्ञी असंज्ञीकी पहचानकेलिये चिन्होंका वर्णन करते हैं—

सिक्खाकिरियुवदेसालावग्गाही मणोवलंबेण।
जो जीवो सो सण्णी, तव्विवरीओ असण्णी दु ॥ ६६१ ॥

शिक्षाक्रियोपदेशालापग्राही मनोऽवलम्बेन।
यो जीवः स संज्ञी तद्विपरीतोऽसंज्ञी तु ॥ ६६१ ॥

अर्थ—हितका ग्रहण और अहितका त्याग जिसके द्वारा किया जा सके उसको शिक्षा कहते हैं। इच्छापूर्वक हाथ पैरके चलानेको क्रिया कहते हैं। वचन अथवा चावुक आदिके द्वारा बताये हुए कर्तव्यको उपदेश कहते हैं और श्लोक आदिके पाठको आलाप कहते हैं।

जो जीव इन शिक्षादिकको मनके अवलम्बनसे ग्रहण = धारण करता है उसको संज्ञी कहते हैं और जिन जीवोंमें यह लक्षण घटित न हो उनको असंज्ञी समझना चाहिये।

मीमंसदि जो पुव्वं, कज्जमकज्जं च तच्चमिदरं च।
सिक्खदि णामेणेदि य, समणो अमणो य विवरीदो ॥ ६६२ ॥

मीमांसति यः पूर्वं कार्यमकार्यं च तत्त्वमितरच्च।
शिक्षते नाम्ना एति च समनाः अमनाश्च विपरीतः ॥ ६६२ ॥

अर्थ—जो जीव प्रवृत्ति करनेके पहले अपने कर्तव्य और अकर्तव्यका विचार करे, तथा तत्त्व और अतत्त्वका स्वरूप समझ सके और उसका जो नाम रक्खा गया हो उस नामके द्वारा बुलाने

पर आसके, उन्मुख हो अथवा उत्तर दे सके उसको समनस्क या संज्ञी जीव कहते हैं। और इससे जो विपरीत है उसको अमनस्क या असंज्ञी कहते हैं।

सज्ञीमार्गणागत जीवोंकी संख्याको बताते हैं—

देवेहिं सादिरेगो, रासी सण्णीण होदि परिमाणं।
तेणूणो संसारी, सव्वेसिमसण्णिजीवाणं ॥ ६६३ ॥

देवैः सातिरेको राशिः संज्ञिनां भवति परिमाणम्।
तेनोनः संसारी सर्वेषामसज्ञिजीवानाम् ॥ ६६३ ॥

अर्थ—देवोंके प्रमाणसे कुछ अधिक संज्ञी जीवोंका प्रमाण है। सम्पूर्ण संसारी जीव राशिमेंसे संज्ञी जीवोंका प्रमाण घटाने पर जो शेष रहे उतना ही समस्त असंज्ञी जीवोंका प्रमाण है।

भावार्थ—सम्पूर्ण देव, नारकी, मनुष्य और समनस्क तिर्यंचोंके सिवाय समस्त अनन्त संसारी जीवराशि असज्ञी ही है। सज्ञी जीवोंमें नारकी मनुष्य और तिर्यंच बहुत थोड़े हैं, देव सबसे अधिक हैं, अतएव सज्ञी जीवोंका प्रमाण देवोंसे कुछ अधिक ऐसा कहा गया है।

॥ इति संज्ञिमार्गणाधिकारः ॥

•

क्रमप्राप्त आहारमार्गणाका वर्णन करते हैं—

उदयावण्णसरीरोदयेण तद्देहवयणचित्ताणं।
णोकम्मवग्गणाणं, गहणं आहारयं णाम ॥ ६६४ ॥

उदयापन्नशरीरोदयेन तद्देहवचनचित्तानाम्।
नोकर्मवर्गणानां ग्रहणमाहारकं नाम ॥ ६६४ ॥

अर्थ—शरीरनामा नामकर्मके उदयसे देह-औदारिक वैक्रियिक आहारक इनमेंसे यथा सम्भव किसी भी शरीर तथा वचन और द्रव्य मनरूप बननेके योग्य नोकर्मवर्गणाओंका जो ग्रहण होता है उसको आहार कहते हैं।

निरुक्तिपूर्वक आहारकका अर्थ लिखते हैं—

आहरदि सरीराणं, तिण्हं एयदरवग्गणाओ य।
भासमणाणं णियदं तम्हा आहारयो भणियो ॥ ६६५ ॥

आहरति शरीराणां त्रयाणामेकतरवर्गणाश्च।
भाषामनसोर्नियतं तस्मादाहारको भणितः ॥ ६६५ ॥

अर्थ—औदारिक, वैक्रियिक, आहारक इन तीन शरीरोंमेंसे किसी भी एक शरीरके योग्य वर्गणाओंको तथा वचन और मनके योग्य वर्गणाओंको यथायोग्य जीवसमास तथा कालमें जीव आहरण—ग्रहण करता है इसलिये इसको आहारक कहते हैं।

जीव दो प्रकारके होते हैं—एक आहारक दूसरे अनाहारक। आहारक जीव कौन कौन होते हैं और अनाहारक जीव कौन-कौन होते हैं यह बताते हैं—

विग्गहगदिमावण्णा केवलिणो, समुग्घदो अजोगी य ।
सिद्धा य अणाहारा, सेसा आहारया जीवा ॥ ६६६ ॥

विग्रहगतिमापन्ना. केवलिन' समुद्घाता अयोगिनश्च ।
सिद्धाश्च अनाहाराः शेषा आहारका जीवा ॥ ६६६ ॥

अर्थ—विग्रहगतिको प्राप्त होनेवाले चारो गतिसम्बन्धी जीव, प्रतर और लोकपूर्ण समुद्घात करनेवाले सयोगकेवलो, अयोगकेवली, समस्त सिद्ध इतने जीव तो अनाहारक होते है । और इनको छोड़कर शेष सभी जीव आहारक होते हैं ।

समुद्घात, कितने प्रकारका होता है यह बताते हैं—

वेयणकसायवेगुव्वियो य मरणंतियो समुग्घादो ।
तेजाहारो छट्ठो, सत्तमओ केवलीणं तु ॥ ६६७ ॥

वेदनाकषायवैर्गुविकाश्च मारणान्तिक. समुद्घातः ।
तेज आहार षष्ठ' सप्तम केवलिना तु ॥ ६६७ ॥

अर्थ—समुद्घातके सात भेद हैं—वेदना, कषाय, वैक्रियिक, मारणान्तिक, तैजस, आहारक, केवल । इनका स्वरूप लेश्यामार्गणाके क्षेत्राधिकारमे कहा जाचुका है, इसलिये यहां पर नही कहा है ।

समुद्घातका स्वरूप बताते हैं—

मूलसरीरमछंडिय, उत्तरदेहस्स जीवपिंडस्स ।
णिग्गमणं देहादो, होदि समुग्घादणामं तु ॥ ६६८ ॥

मूलशरीरमत्यक्त्वा उत्तरदेहस्य जोवपिण्डस्य ।
निर्गमन देहाद् भवति समुद्घातनाम तु ॥ ६६८ ॥

अर्थ—मूल शरीरको न छोडकर तैजस कार्मण रूप उत्तर देहके साथ जीवप्रदेशोके शरीरसे बाहर निकलनेको समुद्घात कहते है ।

आहारमारणंतिय, दुगं पि णियमेण एगदिसिगं तु ।
दसदिसि गदा हु सेसा, पंच समुग्घादया होंति ॥ ६६९ ॥

आहारमारणांतिकद्विकमपि नियमेन एकदिशिक तु ।
दशदिशि गता हि शेषा पञ्चसमुद्घातका भवन्ति ॥ ६६९ ॥

अर्थ—उक्त सात प्रकारके समुद्घातोमे आहारक और मारणान्तिक ये दो समुद्घात तो एकही दिशामें गमन करते हैं, किन्तु बाकीके पांच समुद्घात दशो दिशाओमे गमन करते हैं ।

आहारक और अनाहारकके कालका प्रमाण बताते हैं—

अंगुलअसंखभागो, कालो आहारयस्स उक्कस्सो ।
कम्मम्मि अणाहारो, उक्कस्सं तिण्ण समया हु ॥ ६७० ॥

अंगुलासंख्यभागः काल आहारकस्योत्कृष्टः।
कार्मणे अनाहारः उत्कृष्ट त्रय. समया हि॥ ६७०॥

अर्थ—आहारकका उत्कृष्ट काल सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। कार्मण शरीरमें अनाहारका उत्कृष्ट काल तीन समयका है और जघन्य काल एक समयका है। तथा आहारका जघन्य काल तीन कम श्वासके अठारहवें भाग प्रमाण है, क्योंकि विग्रहगतिसम्बन्धी तीन समयोंके घटाने पर क्षुद्र भवका काल इतना ही अवशेष रहता है।

आहारमार्गणासम्बन्धी जीवोंकी संख्या बताते हैं—

कम्मइयकायजोगी, होदि अणाहारयाण परिमाणं।
तव्विरहिदसंसारी, सव्वो आहारपरिमाणं॥ ६७१॥

कार्मणकाययोगी भवति अनाहारकाणां परिमाणम्।
तद्विरहितसंसारी सर्वं आहारपरिमाणम्॥ ६७१॥

अर्थ—कार्मणकाययोगी जीवोंका जितना प्रमाण है उतना ही अनाहारक जीवोंका प्रमाण है और संसारी जीवराशिमेंसे कार्मणकाययोगी जीवोंका प्रमाण घटाने पर जो शेष रहे उतना ही आहारक जीवोंका प्रमाण है।

॥ इति आहारमार्गणाधिकारः॥

•

क्रमप्राप्त उपयोगाधिकारका वर्णन करते हैं—

वत्थुणिमित्तं भावो, जादो जीवस्स जो दु उवजोगो।
सो दुविहो णायव्वो, सायारो चेव णायारो॥ ६७२॥

वस्तुनिमित्तं भावो जातो जीवस्य यस्तूपयोगः।
स द्विविधो ज्ञातव्यः साकारश्चैवानाकारः॥ ६७२॥

अर्थ—जीवका जो भाव वस्तुको (ज्ञेयको) ग्रहण करनेकेलिये प्रवृत्त होता है उसको उपयोग कहते हैं। इसके दो भेद हैं—एक साकार (सविकल्प) दूसरा निराकार (निर्विकल्प)।

दोनों प्रकारके उपयोगोंके उत्तरभेदोंको बताते हुए यह उपयोग जीवका लक्षण है यह बताते हैं—

णाणं पंचविहं पि य, अण्णाणतियं च सागरुवजोगो।
चदुदंसणमणगारो, सव्वे तल्लक्खणा जीवा॥ ६७३॥

ज्ञानं पंचविधमपि च अज्ञानत्रिकं च साकारोपयोगः।
चतुर्दर्शनमनाकारः सर्वे तल्लक्षणा जीवाः॥ ६७३॥

अर्थ—पांच प्रकारका सम्यग्ज्ञान-मति श्रुति अवधि मनःपर्यय तथा केवल और तीन प्रकारका अज्ञान-मिथ्यात-कुमति, कुश्रुत, विभंग ये आठ साकार उपयोगके भेद हैं। चार प्रकारका दर्शन चक्षुर्दर्शन, अचक्षुर्दर्शन, अवधिदर्शन और केवलदर्शन अनाकार उपयोग है। यह उपयोग ही सम्पूर्ण

जावोंका लक्षण है, क्योकि उपयोगके इन १२ प्रकारोमेसे जीवके कोई न कोई उपयोग अवश्य रहा करता है।

साकार उपयोगमे कुछ विशेषताको बताते है—

मदिसुदओहिमणेहि य, सगसगविसये विसेसविण्णाणं।
अंतोमुहुत्तकालो, उवजोगो सो दु सायारो॥ ६७४॥

मतिश्रुतावधिमनोभिश्च स्वकस्वकविषये विशेषविज्ञानम्।
अन्तर्मुहूर्तकाल उपयोगः स तु साकार.॥ ६७४॥

अर्थ—मति श्रुत अवधि और मन पर्यय इनके द्वारा अपने अपने विषयका अन्तर्मुहूर्तकाल-पर्यन्त जो विशेष ज्ञान होता है उसको ही साकार उपयोग कहते है।

भावार्थ—साकार उपयोगके पाँच भेद है—मति श्रुत अवधि मन पर्यय और केवल। इनमेसे आदिके चार ही उपयोग छद्मस्थ जीवोके होते है। उपयोग चेतनाका एक परिणमन है। तथा एक वस्तुके ग्रहणरूप चेतनाका यह परिणमन छद्मस्थ जीवके अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तकाल तक ही रह सकता है। इस साकार उपयोगमे यही विशेषता है कि यह वस्तुके विशेष अशको ग्रहण करता है।

अनाकार उपयोगका स्वरूप बताते हैं—

इंदियमणोहिणा वा, अत्थे अविसेसिदूण जं गहणं।
अंतोमुत्तकालो, उवजोगो सो अणायारो॥ ६७५॥

इन्द्रियमनोऽवधिना वा अर्थे अविशेष्य यद्ग्रहणम्।
अन्तर्मुहूर्तकालः उपयोग. स अनाकार.॥ ६७५॥

अर्थ—इन्द्रिय मन और अवधिके द्वारा अन्तर्मुहूर्तकालतक पदार्थोका जो सामान्यरूपसे ग्रहण होता है उसको निराकार उपयोग कहते है।

भावार्थ—दर्शनके चार भेद है—चक्षुदर्शन अचक्षुदर्शन अवधिदर्शन और केवलदर्शन। इनमे से आदिके तीन दर्शन छद्मस्थ जीवोके होते हैं। नेत्रके द्वारा पदार्थका जो सामान्यावलोकन होता है उसको चक्षुदर्शन कहते है। और नेत्रको छोड़कर शेष चार इन्द्रिय तथा मनके द्वारा जो सामान्यावलोकन होता है उसको अचक्षुर्दर्शन कहते हैं। अवधिज्ञानके पहले इन्द्रिय और मनकी सहायताके बिना आत्ममात्रसे जो रूपी पदार्थविषयक सामान्यावलोकन होता है उसको अवधिदर्शन कहते हैं। यह दर्शनरूप निराकार उपयोग भी साकार उपयोगकी तरह छद्मस्थ जीवोके अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्ततक होता है।

उपयोगाधिकारमे जीवोका प्रमाण बताते है—

णाणुवजोगजुदाणं, परिमाणं णाणमग्गणं व हवे।
दंसणुवजोगियाणं, दंसणमग्गण व उत्तकमो॥ ६७६॥

ज्ञानोपयोगयुतानां परिमाणं ज्ञानमार्गणावद् भवेत्।
दर्शनोपयोगिना दर्शनमार्गणावदुक्तक्रम.॥ ६७६॥

अर्थ—ज्ञानोपयोगवाले जीवोका प्रमाण ज्ञानमार्गणावाले जीवोकी तरह समझना चाहिये और दर्शनोपयोगवालोका प्रमाण दर्शनमार्गणावालोकी तरह समझना चाहिये। इनमे कुछ विशेषता नही है।

॥ इति उपयोगाधिकार. ॥

•

उक्त प्रकारसे बीस प्ररूपणाओका वर्णन करके अब अन्तर्भावाधिकारका वर्णन करते हैं—

गुणजीवा पज्जत्ती, पाणा सण्णा य मग्गणुवजोगो।
जोग्गा परूविदव्वा, ओघादेसेसु पत्तेयं ॥ ६७७ ॥

गुणजीवाः पर्याप्तयः प्राणाः सञ्ज्ञाश्च मार्गणोपयोगौ।
योग्या. प्ररूपितव्या ओघादेशयोः प्रत्येकम् ॥ ६७७ ॥

अर्थ—उक्त बीस प्ररूपणाओमेसे गुणस्थान और मार्गणास्थानमे यथायोग्य प्रत्येक गुणस्थान जीवसमास पर्याप्ति प्राण सज्ञा मार्गणा और उपयोगका निरूपण करना चाहिए।

भावार्थ—इस अधिकारमे यह बताते हैं कि किस-किस मार्गणामे या गुणस्थानमे शेष किस किस प्ररूपणाका अन्तर्भाव होता है। परन्तु इस अन्तर्भावका निरूपण यथायोग्य होना चाहिए।

किस-किस मार्गणामे कौन-कौन गुणस्थान होते हैं? उत्तरः—

चउ पण चोद्दस चउरो, णिरयादिसु चोद्दसं तु पंचक्खे।
तसकाये सेसिंदियकाये मिच्छं गुणट्ठाणं ॥ ६७८ ॥

चत्वारि पञ्च चतुर्दश चत्वारि निरयादिषु चतुर्दश तु पञ्चाक्षे।
त्रसकाये शेषेन्द्रियकाये मिथ्यात्वं गुणस्थानम् ॥ ६७८ ॥

अर्थ—गतिमार्गणाकी अपेक्षासे क्रमसे नरकगतिमें आदिके चार गुणस्थान होते है और तिर्यग्गतिमे पाँच, मनुष्यगतिमे चौदह तथा देवगतिमे नरकगतिके समान चार गुणस्थान होते हैं। इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा पंचेन्द्रिय जीवोके चौदह गुणस्थान और शेष एकेन्द्रियसे लेकर चतुरिन्द्रिय पर्यन्त जीवोंके केवल मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है। कायमार्गणाकी अपेक्षा त्रसकायके चौदह और शेष स्थावर कायके एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है।

भावार्थ—यहाँपर यह बताया है कि अमुक अमुक गति इन्द्रिय या कायवाले जीवोंके अमुक अमुक गुणस्थान होता है। इसी तरह जीवसमासादिकोको भी यथायोग्य समझना चाहिये। जैसे कि नरकगति और देवगतिमे सज्ञी पर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्त ये दो जीवसमास होते हैं। तिर्यग्गतिमे चौदह तथा मनुष्यगतिमे संज्ञीसम्बन्धी पर्याप्त अपर्याप्त ये दो जीवसमास होते हैं। इन्द्रिय मार्गणामे एकेन्द्रियजीवोके बादर पर्याप्त अपर्याप्त सूक्ष्म पर्याप्त अपर्याप्त ये चार जीवसमास होते हैं। द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय जीवोके अपने-अपने पर्याप्त अपर्याप्त इस तरह दो दो जीवसमास होते हैं। पचेन्द्रियमे सज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त तथा असज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त ये चार जीवसमास होते है। काय-मार्गणाकी अपेक्षा स्थावरकायमे एकेन्द्रियके समान चार जीवसमास होते हैं। और त्रसकायमे शेष दश जीवसमास होते है।

मज्झिमचउमणवयणे, सण्णिप्पहुदिं दु जाव खीणो त्ति ।
सेसाणं जोगि त्ति य, अणुभयवयणं तु वियलादो ॥ ६७९ ॥

मध्यमचतुर्मनोवचनयोः संज्ञिप्रभृतिस्तु यावत् क्षीण इति ।
शेषाणा योगिति च अनुभयवचनं तु विकलतः ॥ ६७९ ॥

अर्थ—असत्य मन उभय मन असत्य वचन उभय वचन इन चार योगोके स्वामी संज्ञी मिथ्यादृष्टिसे लेकर क्षीणकषाय पर्यन्त बारह गुणस्थानवाले जीव है और सत्यमन अनुभयमन तथा सत्यवचन योग इनके स्वामी सज्ञीपर्याप्त मिथ्यादृष्टिसे लेकर [1]आदिके तेरह गुणस्थानवाले जीव हैं। अनुभय वचनयोग विकल—द्वीन्द्रियसे लेकर सयोगीपर्यन्त होता है। अनुभय वचनको छोड़कर शेष तीन प्रकारका वचन और चार प्रकारका मन, इनमे एक सज्ञी पर्याप्त ही जीवसमास है और अनुभय वचनमे पर्याप्त द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय असज्ञी पंचेन्द्रिय सज्ञी पचेन्द्रिय ये पाँच जीव-समास होते हैं।

ओरालं पज्जत्ते, थावरकायादि जाव जोगो त्ति ।
तम्मिस्समपज्जत्ते, चदुगुणठाणेसु णियमेण ॥ ६८० ॥

औरालं पर्याप्ते स्थावरकायादि यावत् योगीति ।
तन्मिश्रमपर्याप्ते चतुर्गुणस्थानेषु नियमेन ॥ ६८० ॥

अर्थ—औदारिककाययोग, स्थावर एकेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगी पर्यन्त होता है और औदारिक मिश्रकाययोग नियमसे चार अपर्याप्त गुणस्थानोमें ही होता है। औदारिक काय-योगमें पर्याप्त सात जीवसमास होते है, और मिश्रयोगमे अपर्याप्त सात जीवसमास[2] हैं।

उन अपर्याप्त चार गुणस्थानोको गिनाते है जिनमे कि औदारिक मिश्रकाययोग पाया जाता है—

मिच्छे सासणसम्मे, पुंवेदयदे कवाडजोगिम्मि ।
णरतिरिये वि य दोण्णि वि, होंति त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥ ६८१ ॥

मिथ्यात्वे सासनसम्यक्त्वे पुंवेदायते कपाटयोगिनि ।
नरतिरश्चोरपि च द्वावपि भवन्तीति जिनैर्निदिष्टम् ॥ ६८१ ॥

अर्थ—मिथ्यात्व, सासादन, पुरुषवेदके उदयसयुक्त असयत तथा कपाट समुद्घात करने-वाले सयोगकेवली इन चार स्थानोमे ही औदारिकमिश्रकाययोग होता है। तथा औदारिक काय-योग और औदारिकमिश्रकाययोग ये दोनो ही मनुष्य और तिर्यञ्चोके ही होते हैं ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है।

वेगुव्वं पज्जत्ते, इदरे खलु होदि तस्स मिस्सं तु ।
सुरणिरयचउट्ठाणे, मिस्से ण हि मिस्सजोगो हु ॥ ६८२ ॥

वैगूर्वं पर्याप्ते इतरे खलु भवति तस्य मिश्रं तु ।
सुरनिरयचतुःस्थाने मिश्रे न हि मिश्रयोगो हि ॥ ६८२ ॥

---

१. गुणस्थानोका क्रम गुणस्थानाधिकार गाथा नं ९, १० के अनुसार समझना चाहिए।

२. इनमें एक सयोगीको मिलानेसे आठ जीवसमास होते हैं।

अर्थ—मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतपर्यन्त चारों ही गुणस्थानवाले देव और नारकियोंके पर्याप्त अवस्थामें वैक्रियिक काययोग होता है और अपर्याप्त अवस्थामे वैक्रियिकमिश्रकाययोग होता है; किन्तु यह मिश्रकाययोग चार गुणस्थानोंमेसे मिश्रगुणस्थानमें नही हुआ करता, क्योंकि कोई भी मिश्रकाययोग कही भी मिश्रगुणस्थानमें नही पाया जाता। वैक्रियिककाययोगमे एक सज्ञीपर्याप्त ही जीवसमास है और मिश्रयोगमे एक संज्ञी निर्वृत्यपर्याप्त ही जीवसमास है।

आहारो पज्जत्ते, इदरे खलु होदि तस्स मिस्सो दु।
अंतोमुहुत्तकाले, छट्ठगुणे होदि आहारो॥ ६८३॥

आहारः पर्याप्ते इतरे खलु भवति तस्य मिश्रस्तु।
अन्तर्मुहूर्तकाले षष्ठगुणे भवति आहार.॥ ६८३॥

अर्थ—आहारककाययोग पर्याप्त अवस्थामें होता है और आहारकमिश्रयोग अपर्याप्त अवस्थामें होता है। ये दोनो ही योग छट्ठे गुणस्थानवाले मुनिके ही होते हैं और इनके उत्कृष्ट और जघन्य कालका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त ही है।

भावार्थ—यहांपर जो पर्याप्तता या अपर्याप्तता कही है वह आहारक शरीरकी अपेक्षासे कही है, औदारिक शरीरकी अपेक्षासे नही कही है; क्योकि औदारिकशरीरसम्बन्धी अपर्याप्तता छट्ठे गुणस्थानमे नही होती। जीवसमास आहारककाययोगका १ संज्ञीपर्याप्त और आहारक मिश्र-काययोगका एक संज्ञी अपर्याप्त और गुणस्थान दोनोंका एक छट्ठा ही है।

ओरालियमिस्सं वा, चउगुणठाणेसु होदि कम्मइयं।
चदुगदिविग्गहकाले, जोगिस्स य पदरलोगपूरणगे॥ ६८४॥

औरालिकमिश्रो वा चतुर्गुणस्थानेषु भवति कार्मणम्।
चतुर्गतिविग्रहकाले योगिनश्च प्रतरलोकपूरणके॥ ६८४॥

अर्थ—औदारिक मिश्रयोगकी तरह कार्मण योग भी उक्त प्रथम द्वितीय चतुर्थ ये तीन और सयोगकेवल इस तरह चार गुणस्थानोंमे और चारो गतिसम्बन्धी विग्रहगतियोंके कालमे होता है, विशेषता केवल इतनी है कि औदारिकमिश्रयोगको जो सयोगकेवलिगुणस्थानमे बताया है सो कपाटसमुद्घातके समयमे बताया है और कार्मणयोगको प्रतर तथा लोकपूरण समुद्घात समयमें बताया है। यहांपर कार्मणकाययोगमे जीवसमास भी औदारिकमिश्रकी तरह आठ होते हैं।

थावरकायप्पहुदी, संढो सेसा असण्णिआदी य।
अणियट्टिस्स य पढमो, भागो त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं॥ ६८५॥

स्थावरकायप्रभृति. षण्ढ. शेषा असञ्ज्यादयश्च।
अनिवृत्तेश्च प्रथमो भाग इति जिनैर्निर्दिष्टम्॥ ६८५॥

अर्थ—वेदमार्गणाके तीन भेद हैं—स्त्री, पुरुष, नपुंसक। इनमें नपुंसक वेद स्थावरकाय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणके पहले सवेद भाग पर्यन्त रहता है अतएव इसमें गुणस्थान नव और जीवसमास चौदह होते हैं। शेष स्त्री और पुरुषवेद असंज्ञी पचेन्द्रिय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणके सवेद भाग तक होते हैं। यहांपर गुणस्थान तो पहलेकी तरह नव ही है; किन्तु जीवसमास असंज्ञी पंचेन्द्रियके पर्याप्त अपर्याप्त और संज्ञीके पर्याप्त अपर्याप्त इसतरह चार ही होते हैं।

थावरकायप्पहुदी, अणियट्टीबितिचउत्थभागो त्ति।
कोहतियं लोहो पुण, सुहमसरागो त्ति विण्णेयो ॥ ६८६ ॥

स्थावरकायप्रभृति अनिवृत्तिद्वित्रिचतुर्थभाग इति ।
क्रोधत्रिक लोभः पुनः सूक्ष्मसराग इति विज्ञेयः ॥ ६८६ ॥

अर्थ—कषायमार्गणाकी अपेक्षा क्रोध मान माया ये तीन कषाय स्थावरकायमिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरणके दूसरे तीसरे चौथे भाग तक क्रमसे रहते हैं और लोभकषाय दशवें सूक्ष्म-साम्पराय गुणस्थान तक रहता है। अतएव आदिके तीन कषायोमे गुणस्थान नव और लोभकषाय-मे दश होते है, किन्तु जीवसमास दोनो जगह चौदह-चौदह ही होते है।

थावरकायप्पहुदी, मदिसुदअण्णाणयं विभंगो दु ।
सण्णीपुण्णप्पहुदी, सासणसम्मो त्ति णायव्वो ॥ ६८७ ॥

स्थावरकायप्रभृति मतिश्रुताज्ञानकं विभङ्गस्तु ।
सञ्ज्ञीपूर्णप्रभृति सासनसम्यगिति ज्ञातव्य ॥ ६८७ ॥

अर्थ—ज्ञानमार्गणामे कुमति और कुश्रुत ज्ञान स्थावरकाय मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादन गुणस्थान तक होते हैं। विभङ्गज्ञान संज्ञी पर्याप्त मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनपर्यन्त होता है। कुमति कुश्रुत ज्ञानमे गुणस्थान दो और जीवसमास चौदह होते है। विभङ्गमे गुणस्थान दो और जीवसमास एक संज्ञीपर्याप्त ही होता है।

सण्णाणतिगं अविरदसम्मादी छट्ठगादि मणपज्जो ।
खीणकसायं जाव दु, केवलणाणं जिणे सिद्धे ॥ ६८८ ॥

सद्ज्ञानत्रिकमविरतसम्यगादि षष्ठकादिर्मन पर्ययः ।
क्षीणकषाय यावत्तु केवलज्ञान जिने सिद्धे ॥ ६८८ ॥

अर्थ—आदिके तीन सम्यग्ज्ञान (मति श्रुत अवधि) अव्रतसम्यग्दृष्टिसे लेकर क्षीणकषाय-पर्यन्त होते है। मन पर्ययज्ञान छट्ठे गुणस्थानसे लेकर बारहवे गुणस्थान तक होता है और केवलज्ञान तेरहवे चौदहवे गुणस्थानमे तथा सिद्धोके होता है।

भावार्थ—आदिके तीन सम्यग्ज्ञानोमे गुणस्थान नव[1] और जीससमास सञ्ज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त ये दो होते है। मन पर्ययज्ञानमे गुणस्थान सात[2] और जीवसमास एक सञ्ज्ञीपर्याप्त ही है। यहां पर यह शंका नही हो सकती कि आहारक मिश्रयोगकी अपेक्षा अपर्याप्तता भी सम्भव है इसलिये यहाँ दो जीवसमास कहने चाहिये ? क्योकि मन पर्यय ज्ञानवालेके नियमसे आहारकऋद्धि नही होती। केवलज्ञानकी अपेक्षा गुणस्थान दो (सयोगी, अयोगी) और जीवसमास भी संज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त ये दो होते है, क्योंकि सयोगकेवलियोके समुद्घात समयमे अपर्याप्तता भी होती है, यह पहले कह चुके हैं। किन्तु केवलज्ञान गुणस्थानोसे और जीवसमासोसे रहित सिद्धोके भी पाया जाता है।

१. चतुर्थसे बारहवे तक। २. प्रमत्तसे क्षीणकषाय तक।

अयदो त्ति हु अविरमणं, देसे देसो पमत्तइदरे य ।
परिहारो सामाइयछेदो छट्ठादि थूलो त्ति ॥ ६८९ ॥
सुहमो सुहमकसाये, संते खीणे जिणे जहक्खादं ।
संजममग्गणभेदा, सिद्धे णत्थि त्ति णिद्दिट्ठं ॥ ६९० ॥

अयत इति अविरमण देशे देशः प्रमत्तेतरस्मिन् च ।
परिहारः सामायिकश्छेदः षष्ठादिः स्थूल इति ॥ ६८९ ॥
सूक्ष्म सूक्ष्मकषाये शान्ते क्षीणे जिने यथाख्यातम् ।
संयममार्गणभेदा. सिद्धे न सन्तीति निर्दिष्टम् ॥ ६९० ॥ युग्मम् ।

अर्थ—सयममार्गणामे असंयमको भी गिनाया है, इसलिये यह (असंयम) मिथ्यादृष्टिसे लेकर अव्रतसम्यग्दृष्टितक होता है, अतः यहाँ पर गुणस्थान चार जीवसमास चौदह होते हैं। देशसंयम पाँचवें गुणस्थानमे ही होता है, अतः यहाँपर गुणस्थान एक और जीवसमास भी एक संज्ञी पर्याप्त ही होता है । परिहारविशुद्धि सयम छट्ठे सातवें गुणस्थानमे ही होता है, अतएव यहाँपर गुणस्थान दो, परन्तु जीवसमास एक सज्ञीपर्याप्त ही होता है, क्योंकि परिहारविशुद्धिवाला आहारक नही होता, अतएव आहारक शरीरकी अपेक्षासे भी यहाँ अपर्याप्तता नही पाई जाती । सामायिक और छेदोपस्थापना संयम छट्ठेसे लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थानतक होता है, इसलिये यहाँपर गुणस्थान चार और जीवसमास सज्ञीपर्याप्त और आहारक अपर्याप्त इस तरह दो होते है । सूक्ष्मसांपराय संयम दशवें गुणस्थानमें ही होता है, अतः यहाँपर गुणस्थान और जीवसमास एक एक ही है । यथाख्यातसयम उपशांतकषाय क्षीणकषाय सयोगकेवली और अयोगकेवलियोके होता है। यहाँपर गुणस्थान चार और जीवसमास संज्ञी पर्याप्त तथा केवलसमुद्घातकी अपेक्षा अपर्याप्त ये दो होते हैं। सिद्ध जीव गुणस्थान संयमस्थान तथा मार्गणाओसे रहित है; अतः उनके कोई भी संयम नही होता ।

क्रमप्राप्त दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा यथासम्भव गुणस्थान और जीवसमास घटित करते हैं—

चउरक्खथावराविरदसम्माइट्ठी दु खीणमोहो त्ति ।
चक्खुअचक्खू ओही, जिणसिद्धे केवलं होदि ॥ ६९१ ॥

चतुरक्षस्थावराविरतसम्यग्दृष्टिस्तु क्षीणमोह इति ।
चक्षुरचक्षुरवधि· जिनसिद्धे केवलं भवति ॥ ६९१ ॥

अर्थ—दर्शनके चार भेद हैं—चक्षुर्दर्शन अचक्षुर्दर्शन अवधिदर्शन केवलर्शन; यह पहले बता चुके हैं। इनमे पहला चक्षुर्दर्शन चतुरिन्द्रियसे लेकर क्षीणमोहपर्यन्त होता है और अचक्षुर्दर्शन स्थावरकायसे लेकर क्षीणमोहपर्यन्त होता है । तथा अवधिदर्शन अव्रतसम्यग्दृष्टिसे लेकर क्षीणमोहपर्यन्त होता है । केवलदर्शन सयोगकेवल और अयोगकेवल इन दो गुणस्थानोंमें और सिद्धोंके होता है ।

भावार्थ—चक्षुर्दर्शनमे गुणस्थान बारह और चतुरिन्द्रिय तथा पंचेन्द्रियके असंज्ञो संज्ञी-सम्बन्धी अपर्याप्त पर्याप्तकी अपेक्षा जीवसमास छह होते हैं। अचक्षुर्दर्शनमे गुणस्थान बारह और

जीवसमास चौदह होते हैं। अवधिदर्शनमें गुणस्थान नव[1] और जीवसमास संज्ञो पर्याप्त अपर्याप्त ये दो होते हैं। केवलदर्शनमें गुणस्थान दो और जीवसमास भी दो होते हैं। विशेषता यह है कि यह (केवलदर्शन) गुणस्थानातीत सिद्धोंके भी होता है।

लेश्याकी अपेक्षासे गुणस्थान और जीवसमासोंका वर्णन करते हैं—

थावरकायप्पहुदी, अविरदसम्मो त्ति असुहतियलेस्सा।
सण्णीदो अपमत्तो, जाव दु सुहतिण्णिलेस्साओ ॥ ६९२ ॥

स्थावरकायप्रभृति अविरतसम्यगिति अशुभत्रिकलेश्याः।
संज्ञितः अप्रमत्तो यावत्तु शुभास्तिस्रो लेश्या. ॥ ६९२ ॥

अर्थ—लेश्याओंके छह भेदोंको पहले बता चुके हैं। उनमें आदिकी कृष्ण नील कापोत ये तीन अशुभ लेश्या स्थावरकायसे लेकर चतुर्थ गुणस्थानपर्यन्त होती हैं और अन्तकी पीत पद्म शुक्ल ये तीन शुभलेश्याएँ संज्ञी मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्तपर्यन्त होती हैं।

भावार्थ—अशुभ लेश्याओंमें गुणस्थान चार और जीवसमास चौदह होते हैं, तथा शुभलेश्याओंमें गुणस्थान सात और जीवसमास दो होते हैं।

इस कथनसे शुक्ललेश्या भी सातवें गुणस्थानतक हो सिद्ध होती है, अत. शुक्ललेश्याके विषयमें विशेष अर्थको सूचित करनेवाला पृथक् कथन करते हैं।

णवरि य सुक्का लेस्सा, सजोगिचरिमो त्ति होदि णियमेण।
गयजोगिम्मि वि सिद्धे, लेस्सा णत्थि त्ति णिद्दिट्ठं ॥ ६९३ ॥
नवरि च शुक्ला लेश्या सयोगिचरम इति भवति नियमेन।
गतयोगेऽपि च सिद्धे लेश्या नास्तीति निर्दिष्टम् ॥ ६९३ ॥

अर्थ—शुक्ललेश्यामें यह विशेषता है कि वह संज्ञी पर्याप्त मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवल गुणस्थानपर्यन्त होती है और इसमें जीवसमास दो ही होते हैं। इसके ऊपर अयोगकेवल चौदहवें गुणस्थानवर्ती जीवोंके तथा सिद्धोंके कोई भी लेश्या नही होती यह परमागममें कहा है।

भव्यत्वमार्गणाकी अपेक्षा वर्णन करते हैं—

थावरकायप्पहुदी, अजोगिचरिमो त्ति होंति भवसिद्धा।
मिच्छाइट्ठिट्ठाणे, अभव्वसिद्धा हवंति त्ति ॥ ६९४ ॥
स्थावरकायप्रभृति आयोगिचरम इति भवन्ति भवसिद्धा.।
मिथ्यादृष्टिस्थाने अभव्यसिद्धा भवन्तीति ॥ ९६४ ॥

अर्थ—भव्यसिद्ध स्थावरकाय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अयोगिपर्यन्त होते हैं और अभव्यसिद्ध मिथ्यादृष्टिस्थानमें ही रहते हैं।

भावार्थ—भव्यत्वमार्गणाके दो भेद हैं—एक भव्य और दूसरे अभव्य—इन्हींको भव्यसिद्ध और

---

१. क्योंकि यह समीचीन अवधिज्ञानकी अपेक्षासे कथन है। जो मिथ्या अवधि है उसको विभंग कहते हैं। विभंगके पहले दर्शन नहीं होता। अवधिदर्शनके असंयतसे क्षीणकषाय तक ९ गुणस्थान हैं।

अभव्यसिद्ध कहते हैं। जिसके निमित्तसे वाह्य निमित्त मिलनेपर सिद्धपर्यायकी तथा उसके साधनभूत सम्यग्दर्शनादिसम्बधी शुद्धपर्यायकी प्राप्ति होसके जीवकी उस पर्यायाश्रित योग्यतारूप शक्तिविशेषको "भव्यत्वशक्ति" कहते हैं। जिसके निमित्तसे वाह्य निमित्तके मिलने पर भी सम्यग्दर्शनादिककी तथा उसके कार्यरूप सिद्धपर्यायकी प्राप्ति न हो सके जीवकी उस योग्यतारूप शक्तिविशेषको अभव्यत्वशक्ति कहते हैं। भव्यत्वशक्तिवालोको भव्य और अभव्यत्वशक्तिवाले जीवोको अभव्य कहते हैं। भव्यजीवोके चौदह गुणस्थान और चौदह जीवसमास होते हैं और अभव्य जीवोके चौदह जीवसमास किन्तु एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है।

सम्यक्त्वमार्गणाकी अपेक्षा वर्णन करते हैं—

मिच्छो सासणमिस्सो, सगसगठाणम्मि होदि अयदादो।
पढमुवसमवेदगसम्मत्तदुगं अप्पमत्तो त्ति ॥ ६९५ ॥

मिथ्यात्व सासनमिश्रौ स्वकस्वकस्थाने भवति अयतात्।
प्रथमोपशमवेदकसम्यक्त्वद्विकमप्रमत्त इति ॥ ६९५ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वमार्गणाके छह भेद हैं—मिथ्यात्व, सासन, मिश्र, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक। इनमेसे आदिके तीन सम्यक्त्व तो अपने २ गुणस्थानमे ही होते हैं और प्रथमोपशम तथा वेदक ये दो सम्यक्त्व चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर सातवे गुणस्थानतक होते हैं।

भावार्थ—मिथ्यादर्शनका गुणस्थान एक प्रथम मिथ्यादृष्टि और जीवसमास चौदह। सासादनका गुणस्थान एक दूसरा जीवसमास दो[1] होते हैं। वे इस प्रकार हैं कि सज्ञी अपर्याप्त और सज्ञीपर्याप्त। मिश्रदर्शन-सम्यग्मिथ्यात्वका गुणस्थान एक तीसरा और जीवसमास भी संज्ञी पर्याप्त यह एक ही होता है। उपशमसम्यक्त्वके दो भेद हैं—एक प्रथमोशम दूसरा द्वितीयोपशम। जो प्रतिपक्षी पाँच या सात प्रकृतियोके उपशमसे होता है उसको प्रथमोपशम सम्यक्त्व कहते हैं। और जो सम्यग्दर्शन तीन दर्शनमोहनीय प्रकृतियोके उपशमके साथ साथ चार अनंतानुबधी कषायों के विसंयोजनसे[2] उत्पन्न होता है उसको द्वितीयोपशम सम्यक्त्व कहते हैं। इनमेसे एक प्रथमोशम सम्यक्त्व तथा वेदक[3] सम्यक्त्व असंयतसे लेकर अप्रमत्तपर्यन्त होता है। प्रथमोपशमसम्यक्त्व अवस्थामे मरण नही होता। इसलिये जीवसमास एक संज्ञीपर्याप्त ही होता है। और वेदकसम्यक्त्वमे सज्ञीपर्याप्त अपर्याप्त ये दो जीवसमास होते हैं, क्योकि प्रथम नरक, और भवनत्रिकको छोड़कर शेष देव, भोगभूमिज मनुष्यो तथा तिर्यंचोमे अपर्याप्त अवस्थामे वेदक सम्यक्त्व रहता है।

द्वितीयोपशम सम्यक्त्वको कहते हैं—

विदियुवसमसम्मत्तं, अविरदसम्मादि संतमोहो त्ति।
खइगं सम्मं च तहा, सिद्धो त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठं ॥ ६९६ ॥

---

१ मूल गाथा न ६९९ मे सासादन गुणस्थानमे दो ही जीवसमासोका कथन है। किन्तु जी. प्र. टीकामे सात भी जीव समास बताये हैं। यथा—सासादने वादरैकद्वित्रिचतुरिन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञ्यपर्याप्तसज्ञिपर्याप्ता सप्त। द्वितीयोपशमविराधकस्य सासादनत्वप्राप्तिपक्षे च सज्ञिपर्याप्तदेवापर्याप्ताविति द्वौ।

२ अनंतानुबंधीका अप्रत्याख्यानादिरूप परिणमन होना।

३. वेदकसम्यक्त्वका लक्षण पहले कह चुके हैं।

द्वितीयोपशमसम्यक्त्वमविरतसम्यगादिशांतमोहइति ।
क्षायिकं सम्यक्त्वं च तथा सिद्धइति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥ ६९६ ॥

अर्थ—द्वितीयोपशम सम्यक्त्व चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर उपशातमोहपर्यन्त होता है। क्षायिक सम्यक्त्व चतुर्थगुणस्थानसे लेकर अयोगकेवलिगुणस्थान पर्यन्त होता है। द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमे सज्ञीपर्याप्त और देव पर्याप्त ये दो जीवसमास होते है। क्षायिक सम्यक्त्वमे संज्ञीपर्याप्त अपर्याप्त ये दो जीवसमास होते है। तथा यह क्षायिक सम्यक्त्व सिद्धोंके भी होता है, परन्तु वहाँपर कोई भी जीवसमास नही होता।

भावार्थ—यहा पर चतुर्थ पंचम तथा षष्ठ गुणस्थानमे जो द्वितीयोपशम सम्यक्त्व बताया है उसका अभिप्राय यह है कि यद्यपि द्वितीयोपशम सम्यक्त्व सातवें गुणस्थानमें ही उत्पन्न होता है, परन्तु वहाँ से श्रेणिका आरोहण करके जब ग्यारहवें गुणस्थानसे नीचे गिरता है, तब छट्ठे पाचवें चौथे गुणस्थानमे भी आता है। इस अपेक्षासे इन गुणस्थानोमे भी द्वितीयोपशम सम्यक्त्व रहता है।

सज्ञीमार्गणाकी अपेक्षा वर्णन करते है—

सण्णी सण्णिप्पहुदी, खीणकसाओत्ति होदि णियमेण ।
थावरकायप्पहुदी, असण्णित्ति हवे असण्णी हु ॥ ६९७ ॥

संज्ञी सज्ञीप्रभृतिः क्षीणकषाय इति भवति नियमेन ।
स्थावरकायप्रभृति असज्ञीति भवेदसज्ञी हि ॥ ६९७ ॥

अर्थ—सज्ञी जीव सज्ञी मिथ्यादृष्टिसे लेकर क्षीणकषायपर्यन्त होते है। इनमे गुणस्थान बारह और जीवसमास सज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त ये दो होते हैं। असज्ञी जीव स्थावरकायसे लेकर असज्ञी-पचेन्द्रिय पर्यन्त होते है। इनमे गुणस्थान एक मिथ्यात्व ही होता है, और जीवसमास संज्ञीसम्बन्धी पर्याप्त अपर्याप्त इन दो भेदोको छोडकर शेष बारह होते हैं।

आहार मार्गणामें प्ररूपणा करते हैं—

थावर कायप्पहुदी, सजोगिचरिमोत्ति होदि आहारी ।
कम्मइय अणाहारी, अजोगिसिद्धे वि णायव्वो ॥ ६९८ ॥

स्थावरकायप्रभृति सयोगिचरम इति भवति आहारी ।
कार्मण अनाहारी अयोगिसिद्धेपि ज्ञातव्य. ॥ ६९८ ॥

अर्थ—स्थावरकाय मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवलीपर्यन्त आहारी होते है। और कार्मण-काय योगवाले तथा अयोगकेवली और सिद्ध अनाहारक समझने चाहिये।

भावार्थ—कार्मणकाययोग और अयोग केवल गुणस्थानवाले जीवोको छोडकर शेष समस्त ससारी जीव आहारक होते हैं। आहारक जीवोके आदिके तेरह गुणस्थान और चौदह जीवसमास होते हैं। अनाहारक जीवोके गुणस्थान पांच (मिथ्यादृष्टि सासादन असंयत सयोगी अयोगी) और जीवसमास सात अपर्याप्त और एक अयोगीसम्बन्धी पर्याप्त इस प्रकार आठ होते हैं। गुणस्थानो और जीवसमासोसे रहित सिद्ध भी अनाहारक हैं।

किस किस गुणस्थानमे कौन कौनसा जीवसमास होता है यह घटित करते हैं—

मिच्छे चोद्दस जीवा, सासण अयदे पमत्तविरदे य ।
सण्णिदुगं सेसगुणे, सण्णीपुण्णी दु खीणोत्ति ॥ ६९९ ॥

मिथ्यात्वे चतुर्दश जीवाः सासनायते प्रमत्तविरते च ।
संज्ञिद्विकं शेषगुणे संज्ञिपूर्णस्तु क्षीण इति ॥ ६९९ ॥

अर्थ—मिथ्यात्वगुणस्थानमे चौदह जीवसमास हैं। [1]सासादन असंयत प्रमत्तविरत और "च" शब्दसे सयोगकेवली इनमे सज्ञी पर्याप्त अपर्याप्त ये दो जीवसमास होते हैं। शेष क्षीण कपाय गुणस्थान पर्यन्त आठ गुणस्थानोमे तथा तु शब्दसे अयोगकेवल गुणस्थानमे सज्ञी पर्याप्त एक ही जीवसमास होता है।

मार्गणास्थानोमे जीवसमासोको संक्षेपसे दिखाते है—

तिरियगदीए चोद्दस, हवंति सेसेसु जाण दो दो दु ।
मग्गणठाणस्सेवं, णेयाणि समासठाणाणि ॥ ७०० ॥

तिर्यग्गतौ चतुर्दश भवन्ति शेषेषु जानीहि द्वौ द्वौ तु ।
मार्गणास्थानस्यैवं ज्ञेयानि समासस्थानानि ॥ ७०० ॥

अर्थ—मार्गणास्थानके जीवसमासोको संक्षेपसे इसप्रकार समझना चाहिये कि तिर्यग्गति-मार्गणामे तो चौदह जीवसमास होते हैं। और शेष समस्त गतियोमे संज्ञीपर्याप्त अपर्याप्त ये दो दो ही जीवसमास होते हैं। शेष मार्गणास्थानोमें यथायोग्य पूर्वोक्त क्रमानुसार जीवसमास घटित कर लेने चाहिये।

गुणस्थानोमें पर्याप्ति और प्राणोको बताते हैं—

पज्जत्ती पाणावि य, सुगमा भाविंदयं ण जोगिम्हि ।
तहिं वाचुस्सासाउगकायत्तिगदुगमजोगिणो आऊ ॥ ७०१ ॥

पर्याप्तयः प्राणा अपि च सुगमा भावेन्द्रियं न योगिनि ।
तस्मिन् वागुच्छ्वासायुष्ककायत्रिकद्विकमयोगिन आयुः ॥ ७०१ ॥

अर्थ—पर्याप्ति और प्राण ये सुगम हैं, इसलिये यहाँ पर इनका पृथक् उल्लेख नही करते; क्योंकि बारहवें गुणस्थानतक सबही पर्याप्ति और सबही प्राण होते हैं। तेरहवे गुणस्थानमें भावेन्द्रिय नही होती, किन्तु द्रव्येन्द्रियकी अपेक्षा छहो पर्याप्ति होती हैं। परन्तु प्राण यहाँपर चार ही होते हैं—वचन श्वासोच्छ्वास आयु और कायबल[2]। इसी गुणस्थानमे वचनबलका अभाव होने पर तीन और श्वासोच्छ्वासका भी अभाव होनेपर दो ही प्राण रहते है। चौदहवे गुणस्थानमे काययोगका भी अभाव होजानेसे केवल आयु प्राण ही रहता है।

क्रमप्राप्त संज्ञाओको गुणस्थानोमे बताते हैं—

छट्ठोत्ति पढमसण्णा, सकज्ज सेसा य कारणावेक्खा ।
पुव्वो पढमणियट्टी, सुहुमोत्ति कमेण सेसाओ ॥ ७०२ ॥

---

१. गाथा नं० ६९५ की टीका में सासादन मार्गणामें सात भी जीवसमास बताये है।

२. द्रव्यकी अपेक्षा पांच इन्द्रिय और मन भी पाया जाता है।

षष्ठ इति प्रथमसंज्ञा सकार्या शेषाश्च कारणापेक्षा. ।
अपूर्वः प्रथमानिवृत्तिः सूक्ष्म इति क्रमेण शेषाः ॥७०२॥

अर्थ—मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर प्रमत्तपर्यन्त आहार भय मैथुन और परिग्रह ये चारो ही संज्ञाएँ कार्यरूप होती हैं। किन्तु इसके ऊपर अप्रमत्त आदिमे जो तीन आदिक सज्ञा होती है वे सब कारणकी अपेक्षासे ही बताई हैं। कार्यरूप नही हुआ करती। सज्ञाओ के कारणभूत कर्मोंके अस्तित्व की अपेक्षासे ही वहाँ पर वे संज्ञाएँ मानी गई है। छठे गुणस्थानमें आहारसंज्ञाकी व्युच्छित्ति हो जाती है। शेष तीन सज्ञाएँ कारणकी अपेक्षासे अपूर्वकरणपर्यन्त होती हैं। यहाँपर (अपूर्वकरणमे) भयसंज्ञाकी व्युच्छित्ति हो जाती है। शेष दो सज्ञाएँ अनिवृत्तिकरणके प्रथम सवेदभागपर्यन्त होती हैं। यहाँ पर मैथुन सज्ञाका विच्छेद होनेसे सूक्ष्म सापरायमे एक परिग्रह सज्ञा ही होती है। इस परिग्रह संज्ञाका भी यहाँ विच्छेद होजानेसे ऊपर उपशातकषाय आदि गुणस्थानोमे कोई भी सज्ञा नही होती।

मग्गण उवजोगावि य, सुगमा पुव्वं परूविदत्तादो ।
गदिआदिसु मिच्छादी, परूविदे रूविदा होंति ॥ ७०३ ॥

मार्गणा उपयोगा अपि च सुगमा॰ पूर्वं प्ररूपितत्वात् ।
गत्यादिषु मिथ्यात्वादौ प्ररूपिते रूपिता भवति ॥ ७०३ ॥

अर्थ—पहले मार्गणास्थानकमे गुणस्थान और जीवसमासादिका निरूपण कर चुके हैं इसलिये यहाँ गुणस्थानके प्रकरणमे मार्गणा और उपयोगका निरूपण करना सुगम है।

भावार्थ—मार्गणा और उपयोग किस तरह सुगम हैं यह सक्षेपमे यहाँ पर स्पष्ट करते हैं। मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमे नरकादि चारो ही गति पर्याप्त और अपर्याप्त होती हैं। सासादन गुणस्थानमे नरकगतिको छोडकर शेष तीनो गति पर्याप्त अपर्याप्त होती है और नरकगति पर्याप्त ही है। मिश्रगुणस्थानमे चारो ही गति पर्याप्त ही होती है। असयत गुणस्थानमे प्रथम नारक पर्याप्त भी है अपर्याप्त भी है। शेष छहो नारक पर्याप्त ही है। तिर्य्यंगगतिमे भोगभूमिज तिर्यंच पर्याप्त अपर्याप्त दोनों ही होते हैं। कर्मभूमिज तिर्यंच पर्याप्त ही होते हैं। मनुष्यगतिमे भोगभूमिज मनुष्य और कर्मभूमिज मनुष्य भी पर्याप्त अपर्याप्त दोनो प्रकारके होते हैं। देवगतिमे भवनत्रिक पर्याप्त ही होते है। और वैमानिक देव पर्याप्त भी होते है और अपर्याप्त भी होते हैं। देशसयत गुणस्थानमे कर्मभूमिज तिर्यंच और मनुष्य ये दो ही और पर्याप्त ही होते है। प्रमत्त गुणस्थानमे मनुष्य पर्याप्त ही होते है। किन्तु आहारक शरीरकी अपेक्षा पर्याप्त अपर्याप्त दोनो होते हैं। अप्रमत्तसे लेकर क्षीणकषायपर्यन्त मनुष्य पर्याप्त ही होते हैं। सयोगकेवलीमे पर्याप्त तथा समुद्घातकी अपेक्षा अपर्याप्त भी मनुष्य होते हैं। अयोगकेवलियोंमे मनुष्य पर्याप्त ही होते हैं। इन्द्रियमार्गणाके पाँच भेद है। ये पाँचो ही मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें पर्याप्त अपर्याप्त दोनों प्रकारके होते हैं। सासादनमे पाँचो अपर्याप्त होते हैं, और पचेन्द्रिय पर्याप्त भी होता है। अर्थात् अपर्याप्त अवस्थामे पाँचो ही इन्द्रियवालोके सासादन गुणस्थान होता॰ है; किन्तु पर्याप्त अवस्थामे पचेन्द्रियके ही सासादन

१, २ यह कथन जीव प्रबोधिनी टीकाके अनुसार है, विशेषकेलिये देखो गाथा ६९५ तथा ६९९ की टिप्पणी। तथा जी प्र के यहाँके ये वाक्य कि "सासादने अपर्याप्ता पंच पर्याप्तपञ्चेन्द्रियश्च"। तथा "सासादने वादपृथ्व्यब्वनस्पतिस्थावरकाया द्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञित्रसकायाश्चापर्याप्ताः संज्ञित्रसकाय: उभयश्चेति षड्जीवनिकाय ।

गुणस्थान होता है। मिश्रगुणस्थानमें पंचेन्द्रिय पर्याप्त ही है। असंयतमें पंचेन्द्रिय पर्याप्त वा अपर्याप्त होते हैं। देशसंयतसे लेकर अयोगीपर्यन्त सर्वगुणस्थानोंमें पंचेन्द्रिय पर्याप्त ही होते हैं; किन्तु छठे गुणस्थानमें आहारककी अपेक्षा और संयोगीमें समुद्घातकी अपेक्षा अपर्याप्त पंचेन्द्रिय भी होता है। कायके छह भेद हैं। पाँच स्थावर और एक त्रस। ये छहों मिथ्यात्वमें पर्याप्त अपर्याप्त दोनों होते हैं। सासादनमें बादर-पृथ्वी जल वनस्पति तथा द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त[२] ही होते हैं और संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त अपर्याप्त दोनों ही होते हैं। मिश्रगुणस्थानसे लेकर अयोगीतक संज्ञी त्रसकाय पर्याप्त ही होता है; किन्तु असंयत गुणस्थानमें तथा आहारककी अपेक्षा प्रमत्तमें और समुद्घातकी अपेक्षा सयोगीमें संज्ञीत्रसकाय अपर्याप्त भी होता है। भावयोग आत्माकी शक्तिरूप है यह पहले कह चुके हैं। मन-वचन-कायके निमित्तसे जीवप्रदेशोंके चंचल होनेको द्रव्य योग कहते हैं। इसके तीन भेद हैं, मन वचन काय। इसमें मन और वचनके चार चार भेद हैं—सत्य असत्य उभय अनुभय। काययोगके सात भेद हैं—औदारिक वैक्रियिक आहारक और इन तीनों के मिश्र तथा कार्माण। इस प्रकार योगके पन्द्रह भेद होते हैं। इनमेंसे किस किस गुणस्थानमें कितने कितने योग होते हैं यह बताने के लिये आचार्य सूत्र करते हैं।

तिसु तेरं दस मिस्से, सत्तसु णव छट्ठयम्मि एयारा।
जोगिम्मि सत्त जोगा, अजोगिठाणं हवे सुण्णं ॥ ७०४ ॥

त्रिषु त्रयोदश दश मिश्रे सप्तसु नव षष्ठे एकादश।
योगिनि सप्त योगा अयोगिस्थानं भवेत् शून्यम् ॥ ७०४ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि सासादन असंयत इन तीन गुणस्थानोंमें उक्त पन्द्रह योगोंमें से आहारक आहारकमिश्रको छोड़कर शेष तेरह योग होते हैं। मिश्रगुणस्थानमें उक्त तेरहयोगोंमेंसे औदारिकमिश्र वैक्रियिकमिश्र कार्माण इन तीनोंके घटजानेसे शेष दश योग होते हैं। इसके ऊपर छठे गुणस्थानको छोड़कर सात गुणस्थानोंमें नव योग होते हैं; क्योंकि उक्त दश योगोंमेंसे एक वैक्रियिक योग घट जाता है। किन्तु छट्ठे गुणस्थानमें ग्यारह योग होते हैं; क्योंकि उक्त दश योगोंमेंसे एक वैक्रियिक योग घटता है और आहारक आहारकमिश्र ये दो योग मिलते हैं। सयोगकेवलीमें सात योग होते हैं, वे ये हैं—सत्यमनोयोग अनुभयमनोयोग सत्यवचनयोग अनुभयवचनयोग औदारिक औदारिकमिश्र कार्माण। अयोगकेवलीके कोई भी योग नहीं होता।

भावार्थ—इस गाथा सूत्रमें प्रत्येक गुणस्थानमें कितने कितने योग होते हैं यह बताया गया है। उनको बताकर अब वेदादिक मार्गणाओंको भी बताते हैं। वेदके तीन भेद हैं, स्त्री, पुरुष, नपुंसक। ये तीनों ही वेद अनिवृत्तिकरणके सवेद भागपर्यन्त होते हैं—आगे किसी भी गुणस्थानमें नहीं होते। कषायके चार भेद हैं। क्रोध मान माया लोभ—इनमें प्रत्येकके अनंतानुबन्धी आदि चार चार भेद होते हैं। इस प्रकार कषायके सोलह भेद हो जाते हैं। इनमेंसे मिथ्यात्व और सासादन गुणस्थानमें अनंतानुबन्धी आदि चारों कषायका उदय रहता है। मिश्र और असंयतमें अनंतानुबन्धीको छोड़कर शेष तीन कषाय रहते हैं। देशसंयतमें प्रत्याख्यान और संज्वलन ये दो ही कषाय रहते हैं। प्रमत्तादिक अनिवृत्तिकरणके दूसरे भागपर्यन्त संज्वलन कषाय रहता है। तीसरे भागमें संज्वलनके मान माया लोभ ये तीन ही भेद रहते हैं—क्रोध नहीं रहता। चौथे भागतक माया और लोभ, तथा पाँचवें भागतक बादर लोभ रहता है। दशवें गुणस्थानतक सूक्ष्मलोभ रहता है। इसके ऊपर सब गुणस्थान कषाय रहित होते हैं। ज्ञानके आठ भेद हैं, कुमति, कुश्रुति, विभंग, मति, श्रुत अवधि, मनःपर्यय, केवल।

इनमें आदिके तीन मिथ्या और अन्तके पाँच ज्ञान सम्यक् होते हैं। मिथ्यादृष्टि और सासादनमें आदिके तीन मिथ्या ज्ञान होते हैं। मिश्रमें भी आदिके तीन ही ज्ञान होते हैं, परन्तु वे विपरीत या समीचीन नहीं होते, किन्तु मिश्ररूप होते हैं। असंयत और देशसंयतमे पाँच सम्यग्ज्ञानोमेसे आदिके तीन होते हैं। प्रमत्तादि क्षीणकषायपर्यन्त आदिके चार सम्यग्ज्ञान होते हैं। सयोगी अयोगीमें केवलज्ञान ही होता है। संयमका सामान्यकी अपेक्षा एक सामयिक, किन्तु विशेष अपेक्षा सात भेद हैं। असंयम देशसंयम सामायिक छेदोपस्थापना परिहारविशुद्धि सूक्ष्मसापराय यथाख्यात। इनमे आदिके चार गुणस्थानोमे असंयम और पाँचवें गुणस्थानमे देशसयम होता है। प्रमत्त अप्रमत्तमे सामायिक छेदोपस्थापना परिहारविशुद्धि ये तीन सयम होते हैं। आठवें नववेमे सामायिक छेदो-पस्थापना दो ही संयम होते हैं। दशवे गुणस्थानमें सूक्ष्मसापराय सयम होता है। इसके ऊपर सब गुणस्थानोमे यथाख्यात संयम ही होता है। दर्शनके चार भेद हैं, चक्षु अचक्षु अवधि केवल। मिश्र गुणस्थान पर्यन्त तीन गुणस्थानोमें चक्षु अचक्षु दो दर्शन होते हैं। असयतादि क्षीणकषाय पर्यन्त चक्षु अचक्षु अवधि ये तीन दर्शन होते हैं। सयोगी अयोगी तथा सिद्धोके केवलदर्शन ही होता है। लेश्याके छह भेद हैं, कृष्ण नील कापोत पीत पद्म शुक्ल। इनमे आदिकी तीन अशुभ और अन्तकी तीन शुभ हैं। आदिके चार गुणस्थानोमे छहो लेश्या होती हैं। देशसयतसे लेकर अप्रमत्तपर्यन्त तीन शुभ लेश्या होती हैं। इनके ऊपर सयोगी पर्यन्त शुक्ल लेश्या ही होती है। और अयोगी गुणस्थान लेश्यारहित है। भव्य मार्गणाके दो भेद हैं, भव्य अभव्य। मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमे भव्य अभव्य दोनो होते हैं। सासादनादि क्षीणकषायपर्यन्त भव्य ही होते हैं। सयोगी और अयोगी भव्य अभव्य दोनोंसे रहित हैं। सम्यक्त्वके छह भेद हैं, मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, उपशम, वेदक, क्षायिक। मिथ्यात्वमे मिथ्यात्व, सासादनमे सासादन, मिश्रमे मिश्र सम्यक्त्व होता है। असंयतसे अप्रमत्ततक उपशम वेदक क्षायिक तीनो सम्यक्त्व होते हैं। उसके ऊपर उपशम श्रेणिमे-अपूर्वकरण आदि उपशांतकषायतक उपशम और क्षायिक दो सम्यक्त्व होते हैं। क्षपक श्रेणीमें-अपूर्वकरण आदि समस्त गुणस्थानोमे तथा सिद्धोके क्षायिक सम्यक्त्व ही होता है। संज्ञीमार्गणाके दो भेद हैं—एक संज्ञी दूसरा असंज्ञी। प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थानमे संज्ञी असंज्ञी दोनो ही मार्गणा होती है। इसके आगे सासादन आदि क्षीणकषायपर्यन्त संज्ञी मार्गणा ही होती है। सयोगी अयोगीके मन नहीं होता अत. कोई भी संज्ञा नहीं होती। आहारमार्गणाके भी दो भेद हैं—एक आहार दूसरा अनाहार। मिथ्यादृष्टि सासादन असंयत सयोगी इनमे आहार अनाहार दोनो ही होते हैं। अयोगकेवली अनाहार ही होते हैं। शेष नव गुणस्थानोमें आहार ही होता है।

गुणस्थानोमें मार्गणाको बताकर अब उपयोगको बताते हैं—

दोण्हं पंच य छच्चेव दोसु मिस्सम्मि होंति वामिस्सा।
सत्तुवजोगा सत्तसु, दो चेव जिणे य सिद्धे य ॥ ७०५ ॥

द्वयोः पञ्च च षट् चैव द्वयोर्मिश्रे भवन्ति व्यामिश्राः।
सप्तोपयोगा. सप्तसु द्वौ चैव जिने च सिद्धे च ॥ ७०५ ॥

अर्थ—दो गुणस्थानोमे पाँच, और दोमे छह, मिश्रमे मिश्ररूप छह, सात गुणस्थानोमे सात, जिन और सिद्धोके दो उपयोग होते हैं।

भावार्थ—उपयोगके मूलमे दो भेद हैं, एक ज्ञान दूसरा दर्शन। ज्ञानके आठ भेद हैं, इनके

नाम पहले बता चुके हैं। दर्शनके चार भेद हैं इनके भी नाम पहले गिना चुके हैं। इसतरह उपयोगके बारह भेद हैं। इनमेसे मिथ्यात्व और सासादनमें आदिके तीन ज्ञान और आदिके दो दर्शन ये पाँच उपयोग होते हैं। असंयत और देशसयतमे मति श्रुत अवधि तथा चक्षु अचक्षु अवधिदर्शन ये छह उपयोग होते है। मिश्रगुणस्थानमें ये ही छह उपयोग मिश्ररूप होते है। प्रमत्तादि क्षीणकषायपर्यन्त सात गुणस्थानोमे मन.पर्ययसहित सात उपयोग होते है। सयोगी अयोगी जिन तथा सिद्धोंके केवलज्ञान और केवलदर्शन ये दो ही उपयोग होते है।

इस प्रकार गुणस्थानोमे वीसप्ररूपणानिरूपणनामा इक्कीसवां अधिकार समाप्त हुआ।

०

इष्टदेवको नमस्कार करते हुए आलापाधिकारको कहनेकी प्रतिज्ञा करते है—

गोयमथेरं पणमिय, ओघादेसेसु वीसभेदाणं।
जोजणिकाणालावं, वोच्छामि जहाकमं सुणह ॥ ७०६ ॥

गौतमस्थविरं प्रणम्य ओघादेशयोः विंशभेदानाम्।
योजनिकानामालाप वक्ष्यामि यथाक्रमं शृणुतः ॥ ७०६ ॥

अर्थ—सिद्धोको वा वर्धमान-तीर्थंकरको यद्वा गौतमगणधरस्वामीको अथवा साधुसमूहको नमस्कार करके गुणस्थान और मार्गणाओके योजनिकारूप वीस भेदोके आलापको क्रमसे कहता हूँ सो सुनो।

भावार्थ—योजनाका आशय जोड़नेका है, पहले जो वीस प्ररूपणाओंका ग्रन्थके आरम्भमे ही गाथा नं० २ के द्वारा उल्लेख किया है, उनमेसे ओघ-सामान्य या गुणस्थान तथा आदेश विशेष-मार्गणा इन दो स्थानोमे सभी प्ररूपणाओको जोडकर भगरूपसे इस अधिकारमें बताया जायगा। इसीलिए इनका नाम आलापाधिकार है।

इस अधिकारके प्रारम्भमे "गौतम स्थाविर" को नमस्कार किया गया है। इस शब्दके तीन अर्थ किये हैं, सिद्ध परमात्मा, अन्तिम तीर्थंकर श्री वर्धमान भगवान् और उनके मुख्य गणधर[1]—गौतमस्वामी।

ओघे चोदसठाणे, सिद्धे वीसदिविहाणमालावा।
वेदकषायविभिण्णे अणियट्टीपंचभागे य ॥७०७॥

ओघे चतुर्दशस्थाने सिद्धे विंशतिविधानामालापाः।
वेदकषायविभिन्ने अनिवृत्ति पचभागे च ॥ ७०७ ॥

अर्थ—परमागममें प्रसिद्ध चौदह गुणस्थान और चौदह मार्गणस्थानोमें उक्त वीस प्ररूपणाओंके सामान्य पर्याप्त अपर्याप्त ये तीन आलाप होते हैं। वेद और कषायकी अपेक्षासे अनिवृत्ति-

1. विशिष्टा गौर्भूमि: गौतमा-अष्टमपृथ्वी सा स्थविरा-नित्या यस्य स गौतमस्थविर.-सिद्धसमूहः स एव गौतमस्थविर.। स्वार्थे अण् विधानात्। गौतम स्थविरो-मुख्यो गणधरो यस्य स श्री वर्धमानो भगवान्। विशिष्टा गौः-वाणी यस्यासौ गौतम स एव गौतमः-गणधर. तमासौ स्थविरश्च, जी. प्र.। [illegible] परमागमे तु-गौतमा स्यात् प्रकृष्टा गौ. सा च सर्वज्ञभारती आदि।

करणके पाँच भागोमे पाँच आलाप भिन्न भिन्न समझने चाहिये।

गुणस्थानोमें आलापोंको बताते है—

ओघे मिच्छदुगेवि य, अयदपमत्ते सजोगिठाणम्मि ।
तिण्णेव य अलावा, सेसेसिक्को हवे णियमा ॥७०८॥
ओघे मिथ्यात्वद्विकेऽपि च अयतप्रमत्तयो सयोगिस्थाने।
त्रय एव चालापाः शेषेष्वेको भवेत् नियमात् ॥ ७०८ ॥

अर्थ—गुणस्थानोमे मिथ्यात्वद्विक अर्थात् मिथ्यात्व और सासादन तथा असंयत प्रमत्त और सयोगकेवली इन गुणस्थानोमे तीनो आलाप होते है। शेष गुणस्थानोमे एक पर्याप्त ही अलाप होता है।

इसी अर्थको स्पष्ट करते हैं।

सामण्णं पज्जत्तमपज्जत्तं चेदि तिण्णि अलावा।
दुवियप्पमपज्जत्तं, लद्धीणिव्वत्तगं चेदि ॥७०९॥
सामान्य पर्याप्तः अपर्याप्तश्चेति त्रय आलापा ।
द्विविकल्पोऽपर्याप्तो लब्धिर्निर्वृत्तिकश्चेति ॥ ७०९ ॥

अर्थ—आलापके तीन भेद है—सामान्य पर्याप्त अपर्याप्त। अपर्याप्तके दो भेद हैं—एक लब्ध्यपर्याप्त दूसरा निर्वृत्त्यपर्याप्त।

दुविहं पि अपज्जत्तं, ओघे मिच्छेव होदि णियमेण।
सासणअयदपमत्ते, णिव्वत्तिअपुण्णगो होदि ॥७१०॥
द्विविधोप्यपर्याप्त ओघे मिथ्यात्व एव भवति नियमेन।
सासादनायतप्रमत्तेषु निर्वृत्त्यपूर्णको भवति ॥ ७१० ॥

अर्थ—दोनो प्रकारके अपर्याप्त आलाप समस्त गुणस्थानोंमेसे मिथ्यात्व गुणस्थानमे ही होते हैं। सासादन असयत प्रमत्त इनमें निर्वृत्यपर्याप्त आलाप होता है।

भावार्थ—अपर्याप्तके जो दो भेद गिनाये है उनमेसे प्रथम गुणस्थानमे दोनो और सासादन असंयत प्रमत्त इनमे एक निर्वृत्त्यपर्याप्त ही होता है, किन्तु सामान्य और पर्याप्त ये दोनो आलाप सर्वत्र-पाँचो गुणस्थानोमे होते हैं।

जोगं पडि जोगिजिणे, होदि हु णियमा अपुण्णगत्तं तु।
अवसेसणवट्ठाणे, पज्जत्तालावगो एक्को ॥ ७११ ॥
योगं प्रति योगिजिने भवति हि नियमादपूर्णकत्वं तु।
अवशेषनवस्थाने पर्याप्तालापक एक ॥ ७११ ॥

अर्थ—सयोगकेवलियोमे योगकी (समुद्घातकी) अपेक्षासे नियमसे अपर्याप्तकता होती है; इसलिए उक्त पांच गुणस्थानोमे तीन तीन आलाप और शेष नव गुणस्थानोमे एक पर्याप्त ही आलाप होता है।

क्रमप्राप्त चौदह मार्गणाओंमें आलापोंका वर्णन करते हैं—

सत्तण्हं पुढवीणं, ओघे मिच्छे य तिण्णि अलावा।
पढमाविरदेवि तहा, सेसाणं पुण्णगालावो ॥ ७१२ ॥

सप्तानां पृथिवीनामोघे मिथ्यात्वे च त्रय आलापाः।
प्रथमाविरतेपि तथा शेषाणां पूर्णकालापः ॥ ७१२ ॥

अर्थ—सातों ही पृथिवियोंमें गुणस्थानोंमेसे मिथ्यात्व गुणस्थानमें तीन आलाप होते हैं। तथा प्रथमा पृथिवीके अविरत गुणस्थानमें भी तीन आलाप होते हैं। शेष पृथिवियोंमें एक पर्याप्त ही आलाप होता है।

भावार्थ—प्रथम पृथिवीको छोड़कर शेष छह पृथिवियोंमें सासादन मिश्र असंयत ये तीन गुणस्थान पर्याप्त अवस्थामें ही होते हैं। अतः इन छह पृथिवीसम्बन्धी तीन गुणस्थानोंमें और प्रथम पृथिवीके सासादन तथा मिश्रमें एक पर्याप्त ही आलाप होता है, शेष स्थानोंमें तीनो ही आलाप होते हैं। अर्थात् सभी पृथिवियोंके मिथ्यात्व गुणस्थानमें और प्रथमा पृथिवीके अविरत गुणस्थानमें तीनों आलाप पाये जाते हैं।

तिरियचउक्काणोघे, मिच्छदुगे अविरदे य तिण्णे व।
णवरि य जोणिणि अयदे, पुण्णो सेसेवि पुण्णो दु ॥ ७१३ ॥

तिर्यक्चतुष्काणामोघे मिथ्यात्वद्विके अविरते च त्रय एव।
नवरि च योनिन्ययते पूर्णः शेषेऽपि पूर्णस्तु ॥ ७१३ ॥

अर्थ—तिर्यञ्च पाँच प्रकारके होते हैं—सामान्य, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त, योनिमती, अपर्याप्त। इनमेंसे अंतके अपर्याप्तको छोड़कर शेष चार प्रकारके तिर्यंचोंके आदिके पाँच गुणस्थान होते हैं। जिनमेसे मिथ्यात्व सासादन असंयत इन गुणस्थानोंमें तीन तीन आलाप होते हैं। इसमें भी इतनी विशेषता और है कि योनिमती तिर्यंचके असंयत गुणस्थानमे एक पर्याप्त आलाप ही होता है। क्योंकि बद्धायुष्क भी सम्यग्दृष्टि स्त्री वेदके साथ तथा प्रथम नरक के सिवाय अन्यत्र नपुंसक वेदके साथ भी जन्म ग्रहण नहीं करता, शेष मिश्र और देशसंयत में पर्याप्त आलाप ही होता है।

तेरिच्छियलद्धियपज्जत्ते एक्को अपुण्ण अलावो।
मूलोघं मणुसतिये, मणुसिणिअयदम्हि पज्जत्तो ॥ ७१४ ॥

तिर्यग्लब्ध्यपर्याप्ते एकः अपूर्ण आलापः।
मूलोघं मनुष्यत्रिके मानुष्ययते पर्याप्तः ॥ ७१४ ॥

अर्थ—लब्ध्यपर्याप्त तिर्यंचोंके एक अपर्याप्त ही आलाप होता है। मनुष्यके चार भेद हैं।— सामान्य, पर्याप्त, योनिमत्, अपर्याप्त। इनमेंसे आदिके तीन मनुष्योंके चौदह गुणस्थान होते हैं[1]। उनमें गुणस्थानसामान्यके समान ही आलाप होते हैं। विशेषता इतनी है कि असंयत गुणस्थानवर्ती मानुषीके एक पर्याप्त आलाप ही होता है।

१–यहाँ यह शंका नहीं हो सकती कि 'योनिमत् मनुष्यके छठे आदि गुणस्थान किस तरह हो सकते हैं?' क्योंकि जीवकाण्डमें प्रायः जीवके भावोंकी प्रधानतासे ही वर्णन है। अतएव यह भी भाववेद की अपेक्षा कथन है।

भावार्थ—गुणस्थानोमे जिस क्रमसे आलापोका वर्णन किया है उस ही क्रमसे मनुष्यगतिमे भी आलापोंको समझना चाहिये; किन्तु विशेषता यह है कि योनिमत् मनुष्यके असंयत गुणस्थानमें एक पर्याप्त आलाप ही होता है।

मणुसिणि पमत्तविरदे, आहारदुगं तु णत्थि णियमेण।
अवगदवेदे मणुसिणि, सण्णा भूदगदिमासेज्ज ॥ ७१५ ॥

मानुष्यां प्रमत्तविरते आहारद्विकं तु नास्ति नियमेन।
अपगतवेदायां मानुष्यां संज्ञा भूतगतिमासाद्य ॥ ७१५ ॥

अर्थ—जो द्रव्यसे पुरुष है, किन्तु भावकी अपेक्षा स्त्री है ऐसे प्रमत्तविरत जीवके आहारक आङ्गोपाङ्ग नामकर्मका उदय नियमसे नही होता। वेदरहित अनिवृत्तिकरण गुणस्थानवाले भाव-स्त्रीमनुष्यके जो मैथुनसंज्ञा कही है वह भूतगतिन्यायकी अपेक्षासे कही है।

भावार्थ—जिस तरह पहले कोई सेठ था परन्तु वर्तमानमे वह सेठ नही है तो भी पहले की अपेक्षासे उसको सेठ कहते है। इसी तरह वेदरहित जीवके यद्यपि वर्तमानमे मैथुनसंज्ञा नही है तथापि पहले थी इसलिये वहाँ पर मैथुनसंज्ञा कही जाती है। इस गाथा मे जो तु शब्द पड़ा है उससे इतना विशेष समझना चाहिये कि स्त्रीवेद या नपुंसकवेदके उदयमे मनःपर्ययज्ञान और परिहार-विशुद्धि संयम भी नही होता। द्रव्यस्त्रीके पाँच ही गुणस्थान होते है, किन्तु भावमानुषीके चौदहों गुणस्थान होसकते है। इसमे भी भाववेद नौवे गुणस्थानसे ऊपर नही रहता। तथा आहारक ऋद्धि और परिहारविशुद्धि संयमवाले जीवोंके द्वितीयोपशम सम्यक्त्व नही होता।

णरलद्धिअपज्जत्ते, एक्को दु अपुण्णगो दु आलावो।
लेस्साभेदविभिण्णा, सत्त वियप्पा सुरट्ठाणा ॥ ७१६ ॥

नरलब्ध्यपर्याप्ते एकस्तु अपूर्णकस्तु आलापः।
लेश्याभेदविभिन्नानि सप्त विकल्पानि सुरस्थानानि ॥ ७१६ ॥

अर्थ—मनुष्यगतिमे जो लब्ध्यपर्याप्तक है उनके एक अपर्याप्त ही आलाप होता है। देवगतिमे लेश्याभेदकी अपेक्षासे सात विकल्प होते हैं।

भावार्थ—देवगतिमे लेश्याकी अपेक्षासे सात भेदोको पहले बताचुके है कि भवनत्रिकमे तेज-का जघन्य अंश, सौधर्मयुगलमे तेजका मध्यमांश, सनत्कुमार युगलमे तेजका उत्कृष्ट अंश और पद्म-का जघन्य अंश, ब्रह्मादिक छह स्वर्गोंमे पद्मका मध्यमांश, शतारयुगलमे पद्मका उत्कृष्ट और शुक्ल का जघन्य अंश, आनतादिक तेरहमे शुक्लका मध्यमांश, अनुदिश और अनुत्तरमे शुक्ललेश्याका उत्कृष्ट अंश होता है।

सव्वसुराणं ओघे, मिच्छदुगे अविरदे य तिण्णेव।
णवरि य भवणतिकप्पित्थीणं च य अविरदे पुण्णो ॥ ७१७ ॥

सर्वसुराणामोघे मिथ्यात्वद्विके अविरते च त्रय एव।
नवरि च भवनत्रिकल्पस्त्रीणां च च अविरते पूर्णः ॥ ७१७ ॥

अर्थ—समस्त देवोके चार गुणस्थान सम्भव हैं। उनमेसे मिथ्यात्व सासादन अविरत

गुणस्थानमे तीन तीन आलाप होते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि सभी भवनत्रिको अर्थात् भावन व्यन्तर ज्योतिष्क देव और देवी तथा कल्पवासिनी देवी इनके असंयत गुणस्थानमें एक पर्याप्त ही आलाप होता है।

मिस्से पुण्णालाओ, अणुद्दिसाणुत्तरा हु ते सम्मा।
अविरद तिण्णालावा, अणुद्दिसाणुत्तरे होंति ॥ ७१८ ॥

मिश्रे पूर्णालाप: अनुदिशानुत्तरा हि ते सम्यञ्च.।
अविरते त्रय अलापा अनुदिशानुत्तरे भवन्ति ॥ ७१८ ॥

अर्थ—नव ग्रैवेयकपर्यन्त सामान्यसे समस्त देवोंके मिश्र गुणस्थानमें एक पर्याप्त ही आलाप होता है। इसके ऊपर अनुदिश और अनुत्तर विमानवासी सब देव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं, अत. इन देवोके अविरत गुणस्थानमें तीन आलाप होते हैं।

क्रमप्राप्त इन्द्रियमार्गणामें आलापोंको बताते हैं—

बादरसुहमेइंदियबितिचउरिंदियअसण्णिजीवाणं।
ओघे पुण्णे तिण्णि य, अपुण्णगे पुण अपुण्णो दु ॥ ७१९ ॥

बादरसूक्ष्मैकेन्द्रियद्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञिजीवानाम्।
ओघे पूर्णे त्रयश्च अपूर्णके पुनः अपूर्णस्तु ॥ ७१९ ॥

अर्थ—एकेन्द्रिय—बादर सूक्ष्म, द्वीन्द्रिय, त्रिन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी पचेन्द्रिय जीवोंमेसे जिनके पर्याप्ति—नामकर्मका उदय है उनके तीन आलाप होते है और जिनके अपर्याप्ति नामकर्मका उदय होता है उनके लब्ध्यपर्याप्त ही आलाप होता है।

भावार्थ—निर्वृत्यपर्याप्तके भी पर्याप्ति नामकर्मका ही उदय रहता है अतः उसके भी तीन ही आलाप होते हैं।

सण्णी ओघे मिच्छे, गुणपडिवण्णे य मूलआलावा।
लद्धियपुण्णे एक्कोऽपज्जत्तो होदि आलाओ ॥ ७२० ॥

संज्ञ्योघे मिथ्यात्वे गुणप्रतिपन्ने च मूलालापाः।
लब्ध्यपूर्णे एकः अपर्याप्तो भवति आलापः ॥ ७२० ॥

अर्थ—संज्ञी जीवके जितने गुणस्थान होते हैं उनमेसे मिथ्यादृष्टि या विशेष गुणस्थानको प्राप्त होनेवालेके मूलके समान ही आलाप समझने चाहिये और लब्ध्यपर्याप्तक संज्ञीके एक अपर्याप्त ही आलाप होता है।

भावार्थ—संज्ञी जीवोमेसे तिर्यञ्चके पांचही गुणस्थान होते हैं। इनमेसे मिथ्यात्व सासादन असयतमें तीन तीन आलाप होते हैं और मिश्र देशसयतमे एक पर्याप्त ही आलाप होता है। दूसरे संज्ञी जीवोमें सामान्य गुणस्थानोंमें जो आलाप कहे हैं उसी तरह समझना चाहिये। संज्ञी जीवोमें नारकी और देवोंके चार चार तथा मनुष्योंके चौदहो गुणस्थान होते हैं।

क्रमप्राप्त कायमार्गणाके आलापोंको दो गाथाओमें गिनाते हैं—

भूआउतेउवाऊणिच्चचदुग्गदिणिगोदगे तिण्णि ।
ताणं थूलिदरेसु वि, पत्तेगे तद्दुभेदेवि ॥ ७२१ ॥
तसजीवाणं ओघे, मिच्छादिगुणे वि ओघ आलाओ ।
लद्धिअपुण्णे एक्कोऽपज्जत्तो होदि आलाओ ॥ ७२२ ॥ जुम्मं

भ्वप्तेजोवायुनित्यचतुर्गतिनिगोदके त्रयः ।
तेषा स्थूलेतरयोरपि प्रत्येके तद्द्विभेदेपि ॥ ७२१ ॥
त्रसजीवानामोघे मिथ्यात्वादिगुणेऽपि ओघ आलापः ।
लब्ध्यपूर्णे एक अपर्याप्तो भवत्यालापः ॥ ७२२ ॥ युग्मम्

अर्थ—पृथिवी जल अग्नि वायु नित्यनिगोद चतुर्गतिनिगोद इनके स्थूल और सूक्ष्म भेदोमें तथा प्रत्येकके सप्रतिष्ठित अप्रतिष्ठित इन दो भेदोमे भी तीन तीन आलाप होते हैं। त्रसजीवोमे सामान्यतया चौदह गुणस्थान होते है। इनके आलापोमे भी कुछ विशेषता नही है। गुणस्थान सामान्यके जिस तरह आलाप बताये हैं उसी तरह यहाँ भी समझने चाहिये। पृथ्वीसे लेकर त्रस-पर्यंत जितने भेद हैं उनमें जो लब्ध्यपर्याप्त हैं उनके एक लब्ध्यपर्याप्त ही आलाप होता है।

योगमार्गणामें आलापोको बताते हैं—

एक्कारसजोगाणं, पुण्णगदाणं सपुण्ण आलाओ ।
मिस्सचउक्कस्स पुणो, सगएक्कअपुण्ण आलाओ ॥ ७२३ ॥

एकादशयोगाना पूर्णगतानां स्वपूर्णालापः ।
मिश्रचतुष्कस्य पुनः स्वकैकापूर्णालापः ॥ ७२३ ॥

अर्थ—चार मनोयोग चार वचनयोग सात काययोग इन पन्द्रह योगोंमेसे औदारिक मिश्र वैक्रियिकमिश्र आहारकमिश्र कार्माण इन चार योगोंको छोड़कर शेष ग्यारह योगोमें अपना अपना एक पर्याप्त आलाप होता है। और शेष उक्त चार योगोमे अपना अपना एक अपर्याप्त आलाप होता ही है।

अवशिष्ट मार्गणाओके आलापोंको संक्षेपमे कहते हैं—

वेदादाहारोत्ति य, सगुणट्ठाणाणमोघ आलाओ ।
णवरि य संढित्थीणं, णत्थि हु आहारगाण दुगं ॥ ७२४ ॥

वेदादाहार इति च स्वगुणस्थानानामोघ आलाप. ।
नवरि च षण्ढस्त्रीणां नास्ति हि आहारकाणा द्विकम् ॥ ७२४ ॥

अर्थ—वेदमार्गणासे लेकर आहारमार्गणापर्यन्त दशमार्गणाओमे अपने अपने गुणस्थानके समान आलाप होते है। विशेषता इतनी है कि जो भावनपुसक या भावस्त्रीवेदी हैं उनके आहारक-काययोग और आहारक-मिश्रकाययोग नही होता।

भावार्थ—जिस जिस मार्गणामें जो जो गुणस्थान सम्भव हैं और उनमें जो जो आलाप बताये हैं वे ही आलाप उन उन मार्गणाओमें होते है, इनको यथासम्भव लगा लेना चाहिये। गुण-स्थानोके आलापोको बता चुके है अत. पुन. यहाँपर लिखनेकी आवश्यकता नहीं है।

वेद आदि दश मार्गणाओमेंसे प्रत्येकमार्गणामे गुणस्थान क्रमसे सामान्यतया इस प्रकार

होते हैं—वेद मार्गणामे अनिवृत्तिकरणके सवेद भागतक ९, कषायमार्गणामे क्रोध मान माया वादर लोभके यथाक्रम अनिवृत्तिकरणके वेदरहित ४ भागतक ९, सूक्ष्मलोभका एक सूक्ष्मसाम्पराय, ज्ञान-मार्गणामें कुमति कुश्रुत विभङ्गके प्रथम दो, मति श्रुत अवधिके ९, मनःपर्ययके ७, केवलज्ञानके २, संयममार्गणामे असंयमके ४, देशसंयमका १, सामायिक छेदोपस्थापनाके ४, परिहार विशुद्धिके २, सूक्ष्मसांपरायका १, यथाख्यातके ४, दर्शनमार्गणामें चक्षु अचक्षुदर्शनके १२, अवधिदर्शनके ९, केवलदर्शनके २, लेश्यामार्गणामें कृष्ण नील कापोतके ४, पीत पद्मके ७, शुक्लके १३, भव्य-मार्गणामें भव्यके १४, अभव्यके १, सम्यक्त्व मार्गणामें मिथ्यात्व सासादन मिश्रका एक एक, प्रथमो-पशम और वेदकके ४, द्वितीयोपशमके ८, क्षायिकके ११, संज्ञीमार्गणामें संज्ञीके १२, असंज्ञीके १, आहार मार्गणामे आहारकके १३, अनाहारकके पाँच।

इन गुणस्थानोंमें मूलमें जो सामान्यतया आलाप बताये हैं वे ही यहाँ मार्गणाओंके गुण-स्थानोंमे भी क्रमसे घटित कर लेने चाहिये।

गुणजीवापज्जत्ती, पाणा सण्णा गइंदिया काया।
जोगा वेदकसाया, णाणजमा दंसणा लेस्सा ॥७२५॥
भव्वा सम्मत्तावि य, सण्णी आहारगा य उवजोगा।
जोग्गा परूविदव्वा, ओघादेसेसु समुदायं ॥ ७२६ ॥

गुणजीवाः पर्याप्तयः प्राणाः संज्ञाः गतीन्द्रियाणि कायाः।
योगा वेदकषायाः ज्ञानयमा दर्शनानि लेश्याः ॥ ७२५ ॥
भव्याः सम्यक्त्वान्यपि च संज्ञिनः आहारकाश्चोपयोगाः।
योग्याः प्ररूपितव्या ओघादेशयोः समुदायम् ॥ ७२६ ॥

अर्थ—चौदह गुणस्थान, चौदह जीवसमास, छह पर्याप्ति, दश प्राण, चार संज्ञा, चार गति, पांच इन्द्रिय, छह काय, पन्द्रह योग, तीन वेद, चार कषाय, आठ ज्ञान, सात संयम, चार दर्शन, छह लेश्या, भव्यत्व अभव्यत्व, छह प्रकारके सम्यक्त्व, संज्ञित्व असंज्ञित्व, आहारक अनाहारक, बारह प्रकारका उपयोग इन सबका यथायोग्य गुणस्थान और मार्गणास्थानोंमे निरूपण करना चाहिये।

भावार्थ—इन बीस स्थानोंमेंसे कोई एक विवक्षित स्थान शेष स्थानोंमे कहाँ कहाँ पर पाया जाता है इस बातका आगमके अविरुद्ध वर्णन करना चाहिये। जैसे चौदह गुणस्थानोंमेंसे कौन कौनसा गुणस्थान जीवसमासके चौदह भेदोंमेंसे किस किस विवक्षित भेदमे पाया जाता है। अथवा जीवसमास या पर्याप्तिका कोई एक विवक्षित भेदरूप स्थान किस किस गुणस्थानमें पाया जाता है इसका वर्णन करना चाहिये। इसी प्रकार दूसरे स्थानोंमें भी समझना चाहिये।

जीवसमासमे कुछ विशेषता है उसको बताते हैं—

ओघे आदेसे वा, सण्णीपज्जंतगा हवे जत्थ।
तत्थ य उणवीसंता, इगिबितिगुणिदा हवे ठाणा ॥ ७२७ ॥

ओघे आदेशे वा, संज्ञिपर्यन्तका भवेयुर्यत्र।
तत्र चैकोनविंशान्ता एकद्वित्रिगुणिता भवेयुः स्थानानि ॥ ७२७ ॥

अर्थ—सामान्य (गुणस्थान) या विशेषस्थानमे (मार्गणास्थानमे) संज्ञी पचेन्द्रियपर्यन्त मूलजीवसमासोंका जहाँ निरूपण किया है वहाँ उत्तर जीवसमासस्थानके भेद उन्नीसपर्यन्त होते है और इनका भी एक दो तीनके साथ गुणा करनेसे क्रमसे उन्नीस अडतीस और सत्तावन जीवसमासके भेद होते हैं।

भावार्थ—गुणस्थान और मार्गणाओंमे जहाँ सज्ञिपर्यन्त भेद बताये हैं, वहाँ ही जीवसमासके एकसे लेकर उन्नीस पर्यन्त भेद और पर्याप्त अपर्याप्त इन दो भेदोसे गुणा करनेकी अपेक्षा अड़तीस भेद तथा पर्याप्त निर्वृत्यपर्याप्त लब्ध्यपर्याप्त इन तीन भेदोंसे गुणा करनेकी अपेक्षा सत्तावन भेद भी समझने चाहिये। इसका विशेष स्वरूप जीवसमासाधिकारमे कह चुके है।

"गुणजीवे"—त्यादि गाथाके द्वारा बताये हुए वीस भेदोंकी योजना करते हैं—

वीरमुहकमलणिग्गयसयलसुयग्गहणपयडणसमत्थं।
णमिऊणगोयममहं, सिद्धंतालावमणुवोच्छं ॥ ७२८ ॥

वीरमुखकमलनिर्गतसकलश्रुतग्रहणप्रकटनसमर्थम्।
नत्वा गौतममहं सिद्धान्तालापमनुवक्ष्ये ॥ ७२८ ॥

अर्थ—अंतिम तीर्थंकर श्रीवर्धमानस्वामीके मुखकमलसे निर्गत समस्त श्रुतसिद्धान्तके ग्रहण करने और प्रकट करनेमे समर्थ श्रीगौतमस्वामीको नमस्कार करके मै उस सिद्धान्तालापको कहूँगा जो कि वीर भगवान्के मुखकमलसे उपदिष्ट श्रुतमे वर्णित समस्त पदार्थोंके प्रकट करनेमे समर्थ है।

भावार्थ—जिस तरह श्रीगौतमस्वामी तीर्थंकर भगवान्के समस्त उपदेशको ग्रहण और प्रकट करनेमे समर्थ है उसी तरह यह आलाप भी उनके (भगवान्के) समस्त श्रुतके ग्रहण और प्रकट करनेमे समर्थ है। क्योकि इस सिद्धान्तालापमे उन्ही समस्त पदार्थोका वर्णन है जिनको कि श्रीगौतमस्वामीने भगवान्के समस्त श्रुतको ग्रहण करके प्रगट किया है।

पहले गुणस्थान जीवसमास आदि वीस प्ररूपणाओको बता चुके है उनमें तथा उनके उत्तर भेदोमे क्रमसे एक एक के ऊपर यह आलाप आगमके अनुसार लगा लेना चाहिए कि विवक्षित किसी भी एक प्ररूपणाके साथ बीसो प्ररूपणाओमेसे कौन कौनसी प्ररूपणा अथवा उनका कौन कौनसा उत्तर भेद पाया जाता है। इनका विशेष स्वरूप देखनेकी जिनको इच्छा हो उन्हे इसकी संस्कृत टीका अथवा बड़ी भाषा टीकामे विस्तारपूर्वक दिये गये यन्त्र को देखना चाहिये।

इन आलापोको लगाते समय जिन बातोका अवश्य ध्यान रखना चाहिए उन विशेष बातो को ही आचार्य यहाँ पर दिखाते हैं—

सव्वेसिं सुहुमाणं, काओदा सव्वविग्गहे सुक्का।
सव्वो मिस्सो देहो, कओदवण्णो हवे णियमा[1] ॥ १ ॥

सर्वेषा सूक्ष्माणां कापोता सर्वविग्रहे शुक्ला।
सर्वो मिश्रो देह. कपोतवर्णो भवेन्नियमात् ॥ १ ॥

---

१. यह गाथा यद्यपि लेश्या मार्गणामे न. ४९८ पर भी आ चुकी है। तथापि यहांपर भी इसको उपयोगी समझकर पुन. लिख दिया गया है।

अर्थ—पृथिवीकायादि समस्त सूक्ष्मजीवो की द्रव्यलेश्या कपोत ही होती है। तथा समस्त विग्रहगतिसम्बन्धी कार्मणशरीरको शुक्ल लेश्या होती है। तथा समग्र मिश्र शरीर नियमसे कपोत-वर्णवाला होता है।

भावार्थ—अपर्याप्त आलापोमें द्रव्यलेश्या कपोत और शुक्ल ये दो ही होती हैं। इसके सिवाय और भी जो विशेषता है वह यह कि मनुष्यरचना सम्बन्धी प्रमत्तादि गुणस्थानोंमें जो तीन वेद बताये हैं वे भाव वेदकी अपेक्षासे हैं। द्रव्य वेदकी अपेक्षासे एक पुरुष वेद ही होता है। तथा उक्त भाव स्त्री और भाव नपुंसक वेदके उदयमे आहारक योग मनःपर्ययज्ञान परिहारविशुद्धि संयम ये नही होते। वेदनीय कर्मकी उदीरणाके अभावके कारण सातवे आदि गुणस्थानोमें आहार संज्ञाका अभाव है। नारकियोंके अपर्याप्त अवस्थामें सासादन गुणस्थान नही होता। तथा किसी भी अपर्याप्त अवस्थामें मिश्र गुणस्थान नहीं होता, इत्यादि। और भी जो जो नियम "पुढवी आदि चउण्हं" आदि बताये है उनको तथा अन्यत्र भी कहे हुए नियमोको ये आलाप लगाते समय ध्यानमें रखना चाहिये।

और भी कुछ नियमोंको गिनाते हैं—

मणपज्जवपरिहारो, पढमुवसम्मत्त दोण्णि आहारा।
एदेसु एक्कपगदे, णत्थित्ति असेसयं जाणे॥ ७२९॥

मनःपर्ययपरिहारौ प्रथमोपसम्यक्त्वं द्वावाहारौ।
एतेषु एकप्रकृते नास्तीति अशेषकं जानीहि॥ ७२९॥

अर्थ—मनःपर्ययज्ञान परिहारविशुद्धि संयम प्रथमोपशमसम्यक्त्व और आहारकद्वय इनमेसे किसी भी एकके होनेपर शेष भेद नही होते, ऐसा जानना चाहिये।

विदियुवसमसम्मत्तं, सेढीदोदिण्णि अविरदादीसु।
सगसगलेस्सामरिदे, देवअपज्जत्तगेव हवे॥ ७३०॥

द्वितीयोपशमसम्यक्त्वं श्रेणितोऽवतीर्णऽविरतादिषु।
स्वकस्वकलेश्यामृते देवापर्याप्तक एव भवेत्॥ ७३०॥

अर्थ—उपशमश्रेणिसे उतरकर अविरतादिक गुणस्थानोको प्राप्त करनेवालोमेंसे जो अपनी अपनी लेश्याके अनुसार मरण करके देवपर्यायको प्राप्त करता है उसहीके अपर्याप्त अवस्थामें द्वितीयोपशम सम्यक्त्व होता है।

भावार्थ—चारगतिमेंसे एक देव अपर्याप्तको छोड़कर अन्य किसी भी गतिकी अपर्याप्त अवस्थामे द्वितीयोपशम सम्यक्त्व नही होता।

गुणस्थानियोका स्वरूप बताकर गुणस्थानातीत सिद्धोका स्वरूप बताते हैं—

सिद्धाणं सिद्धगई, केवलणाणं च दंसणं खयियं।
सम्मत्तमणाहारं, उवजोगाणक्कमपउत्ती॥ ७३१॥

सिद्धाना सिद्धगतिः केवलज्ञानं च दर्शनं क्षायिकम्।
सम्यक्त्वमनाहारमुपयोगानामक्रमप्रवृत्तिः॥ ७३१॥

अर्थ—सिद्ध जीवोके सिद्धगति केवलज्ञान क्षायिकदर्शन क्षायिकसम्यक्त्व अनाहार और उपयोगकी अक्रम प्रवृत्ति होती है।

भावार्थ—छद्मस्थ जीवोके क्षायोपशमिक ज्ञान दर्शनकी तरह सिद्धोके क्षायिक ज्ञान दर्शनरूप उपयोगकी क्रमसे प्रवृत्ति नही होती, किन्तु युगपत् होती है। तथा सिद्धोके आहार नही होता—वे अनाहार होते हैं। क्योकि उनसे कर्मका और नोकर्मका सर्वथा सम्बन्ध ही छूट गया है। "णोकम्मकम्महारो कवलाहारो य लेप्पमाहारो, ओजमणोवि य कमसो आहारो छव्विहो णेयो" ॥ १ ॥ इस गाथाके अनुसार नोकर्म और कर्म भी आहार ही है, अतः सर्वथा अनाहार सिद्धोके ही होता है।

गुणजीवठाणरहिया, सण्णापज्जत्तिपाणपरिहीणा।
सेसणवमग्गणूणा, सिद्धा सुद्धा सदा होंति ॥ ७३२ ॥

गुणजीवस्थानरहिता. सज्ञापर्याप्तिप्राणपरिहीनाः।
शेषनवमार्गणोना. सिद्धाः शुद्धाः सदा भवन्ति ॥ ७३२ ॥

अर्थ—सिद्ध परमेष्ठी, चौदह गुणस्थान चौदह जीवसमास चार सज्ञा छह पर्याप्ति दश प्राण इनसे रहित होते है। तथा इनके सिद्धगति ज्ञान दर्शन सम्यक्त्व और अनाहारको छोड़कर शेष नव मार्गणा नही पाई जाती और ये सिद्ध तथा शुद्ध ही रहते हैं, क्योकि मुक्तिप्राप्तिके बाद पुनः कर्मका बन्ध नही होता।

अन्तमे बीस भेदोके जाननेके उपायको बताते हुए इसका फल दिखाते हैं—

णिक्खेवे एयत्थे, णयप्पमाणे णिरुत्तिअणियोगे।
मग्गइ वीसं भेयं, सो जाणइ अप्पसब्भावं ॥ ७३३ ॥

निक्षेपे एकार्थे नयप्रमाणे निरुक्त्यनुयोगयोः।
मार्गयति विश भेद स जानाति आत्मसद्भावम् ॥ ७३३ ॥

अर्थ—जो भव्य उक्त गुणस्थानादिक वीस भेदोको निक्षेप एकार्थ नय प्रमाण निरुक्ति अनुयोग आदिके द्वारा जान लेता है वही आत्मसद्भावको समझता है।

भावार्थ—जिनके द्वारा पदार्थोका समीचीन व्यवहार हो ऐसे उपायविशेषको निक्षेप कहते हैं। इसके चार भेद है, नाम स्थापना द्रव्य और भाव। इसके द्वारा जीवादि समस्त पदार्थोंका समीचीन व्यवहार होता है। जैसे किसी अर्थ विशेषकी अपेक्षा न करके किसीकी जीव यह संज्ञा रख दी, इसको जीवका नामनिक्षेप कहते हैं। किसी काष्ठ चित्र या मूर्ति आदिमे जीवकी "यह वही है" ऐसे संकल्परूपको स्थापनानिक्षेप कहते है। स्थापनामे स्थाप्यमान पदार्थकी ही तरह उसका आदर अनुग्रह होता है। भविष्यत् या भूतको वर्तमानवत् कहना द्रव्य निक्षेप है। जैसे कोई देव मरकर मनुष्य होनेवाला है उसको देवपर्यायमे मनुष्य कहना, अथवा मनुष्य होनेपर देव कहना यह द्रव्यनिक्षेपका विषय है। वर्तमान मनुष्यको मनुष्य कहना यह भावनिक्षेपका विषय है। प्राणभूत असाधारण लक्षणको एकार्थ कहते हैं। जैसे जीवका लक्षण दश प्राणोमेंसे यथासम्भव प्राणोंका धारण करना या चेतना (जानना और देखना) है। यही जीवका एकार्थ है। अथवा एक ही अर्थके वाचक भिन्न भिन्न शब्दोको भी एकार्थ कहते है। जैसे कि प्राणी भूत जीव और सत्व ये शब्द भिन्न भिन्न अर्थोकी अपेक्षा रखते हुए भी एक जीव अर्थके वाचक हैं। वस्तुके अंशग्राहकको

नय कहते हैं। जैसे जीवशब्दके द्वारा आत्माको एक जीवत्वशक्तिका ग्रहण करना। एक शक्तिके द्वारा समस्त वस्तुके ग्रहणको प्रमाण कहते हैं। जैसे जीव शब्दके द्वारा सम्पूर्ण आत्माका ग्रहण करना। जिस धातु और प्रत्यय द्वारा जिस अर्थमें जो शब्द निष्पन्न हुआ है उसके उसही प्रकारसे दिखानेको निरुक्ति कहते हैं। जैसे जीवति जीविष्यति अजीवीत् वा स जीवः=जो जीता है या जीवेगा या जिया हो उसको जीव कहते हैं। जीवादिक पदार्थोंके जाननेके उपाय विशेषको अनुयोग कहते हैं। उसके छह भेद हैं निर्देश (नाममात्र या स्वरूप अथवा लक्षण कहना), स्वामित्व, साधन (उत्पत्तिके निमित्त) अधिकरण, स्थिति (कालकी मर्यादा) और निधान अर्थात् भेद। इन उपायोंसे जो उक्त वीसप्ररूपणाओंको जान लेता है वही आत्माके समीचीन स्वरूपको समझ सकता है।

॥ इति आलापाधिकार ॥

= = = =

अन्तमें आशीर्वादस्वरूप गाथाको आचार्य कहते हैं—

अज्जज्जसेणगुणगणसमूहसंधारिअजियसेणगुरू।
भुवणगुरू जस्स गुरू सो राओ गोम्मटो जयतु॥ ७३४॥

आर्यार्यसेनगुणगणसमूहसधार्यजितसेनगुरु.।
भुवनगुरुर्यस्य गुरुः स राजा गोम्मटो जयतु॥ ७३४॥

अर्थ—श्रीआर्यसेन आचार्यके अनेक गुणगणको धारण करनेवाले और तीनलोकके गुरु श्रीअजितसेन आचार्य जिसके गुरु हैं वह श्री गोम्मट (चामुण्डराय) राजा जयवन्ता रहो।

॥ इति गोम्मटसारस्य जीवकाण्डं समाप्तम् ॥

अंकारादिके क्रमसे गाथासूची

•

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास द्वारा संचालित

परमश्रुतप्रभावक-मण्डल (श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला) के

प्रकाशित ग्रन्थोंकी सूची

(१) गोम्मटसार—जीवकाण्ड—श्रीनेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तिकृत मूल गाथायें, श्रीब्रह्मचारी प० खूबचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीकृत नयी हिन्दीटीका युक्त। अबकी वार पंडितजीने धवल, जयधवल, महाधवल और बडी संस्कृतटीकाके आधारसे विस्तृतटीका लिखी है। चतुर्थावृत्ति। मूल्य-नौ रुपये।

(२) स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा—स्वामिकार्त्तिकेयकृत मूल गाथायें, श्रीशुभचन्द्रकृत बडी संस्कृत-टीका, स्याद्वाद महाविद्यालय वाराणसीके प्रधानाध्यापक, पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्रीकृत हिन्दीटीका। अंग्रेजी प्रस्तावनायुक्त। सम्पादक-डा० आ० ने० उपाध्ये, कोल्हापुर। मूल्य-चौदह रुपये।

(३) परमात्मप्रकाश और योगसार—श्रीयोगीन्दुदेवकृत मूल अपभ्रंश-दोहे, श्रीब्रह्मदेवकृत संस्कृत-टीका व पं० दौलतरामजीकृत हिन्दी-टीका। विस्तृत अंग्रेजी प्रस्तावना और उसके हिन्दीसार सहित। महान अध्यात्म-ग्रन्थ। डा० आ० ने० उपाध्येका अमूल्य सम्पादन। नवीन संस्करण। मूल्य—नौ रुपये।

(४) ज्ञानार्णव—श्रीशुभचन्द्राचार्यकृत महान योगशास्त्र। सुजानगढनिवासी प० पन्नालालजी बाकलीवालकृत हिन्दी अनुवाद सहित। तृतीय सुन्दर आवृत्ति। मूल्य—आठ रुपये।

(५) प्रवचनसार—श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित ग्रन्थरत्नपर श्रीमदमृतचन्द्राचार्यकृत तत्त्वप्रदीपिका एवं श्रीमज्जयसेनाचार्यकृत तात्पर्यवृत्ति नामक संस्कृत टीकायें तथा पांडे हेमराजजी रचित बालावबोधिनी भाषाटीका। डा० आ० ने० उपाध्येकृत अध्ययनपूर्ण अंग्रेजी अनुवाद और विशद प्रस्तावना आदि सहित आकर्षक सम्पादन। तृतीयावृत्ति। मूल्य—पन्द्रह रुपये।

(६) बृहद्द्रव्यसंग्रह—आचार्य नेमिचन्द्रसिद्धांतिदेवविरचित मूल गाथा, श्रीब्रह्मदेवविनिर्मित संस्कृतवृत्ति और प० जवाहरलालशास्त्रिप्रणीत हिन्दी-भाषानुवाद सहित। षड्द्रव्यसप्ततत्त्वस्वरूपवर्णनात्मक उत्तम ग्रन्थ। तृतीयावृत्ति। मूल्य—पांच रुपये पचास पैसे।

(७) पुरुषार्थसिद्ध्युपाय—श्रीअमृतचन्द्रसूरिकृत मूल श्लोक। पं० टोडरमलजी तथा पं० दौलतरामजीकी टीकाके आधारपर स्व० पं० नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित नवीन हिन्दीटीका सहित। श्रावक-मुनिधर्मका चित्तस्पर्शी अद्भुत वर्णन। पंचमावृत्ति। मूल्य-तीन रुपये पच्चीस पैसे।

(८) अध्यात्म राजचन्द्र—श्रीमद् राजचन्द्रके अद्भुत जीवन तथा साहित्यका शोध एवं अनुभव-पूर्ण विवेचन डॉ० भगवानदास मनसुखभाई महेताने गुर्जरभाषामें किया है। मूल्य—सात रुपये

(९) पंचास्तिकाय—श्रीमद्भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित अनुपम ग्रन्थराज। आ० अमृतचन्द्र-सूरिकृत 'समयव्याख्या' एवं आचार्य जयसेनकृत 'तात्पर्यवृत्ति'—नामक संस्कृत टीकाओं से अलंकृत और पांडे हेमराजजी-रचित बालावबोधिनी भाषा-टीकाके आधारपर प० पन्नालालजी बाकलीवालकृत प्रचलित हिन्दी-अनुवादसहित। तृतीयावृत्ति। मूल्य—सात रुपये।

(१०) अष्टप्राभृत—श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्य विरचित मूल गाथाओंपर श्रीरावजीभाई देसाई द्वारा गुजराती गद्य-पद्यात्मक भाषान्तर। मोक्षमार्गकी अनुपम भेंट। मूल्य—दो रुपये मात्र।

(११) भावनाबोध—मोक्षमाला—श्रीमद्राजचन्द्रकृत। वैराग्यभावना सहित जैनधर्मका यथार्थ-स्वरूप दिखाने वाले १०८ सुन्दर पाठ हैं। मू०—एक रुपया पचास पैसे।

(१२) **स्याद्वाद मंजरी**—श्रीमल्लिषेणसूरिकृत मूल और श्रीजगदीशचन्द्रजी शास्त्री एम० ए०, पी-एच० डी० कृत हिन्दी अनुवाद सहित। न्यायका अपूर्व ग्रन्थ है। बड़ी खोजसे लिखे गये १३ परिशिष्ट हैं। मूल्य–दस रुपये।

(१३) **गोम्मटसार—कर्मकाण्ड**—श्रीनेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तिकृत मूल गाथायें, स्व० पं० मनोहरलालजी शास्त्रीकृत संस्कृतछाया और हिन्दीटीका। जैनसिद्धान्त-ग्रन्थ है। मूल्य–सात रुपये।

(१४) **समयसार**—आचार्य श्रीकुन्दकुन्दस्वामी-विरचित महान अध्यात्मग्रन्थ, तीन टीकाओं सहित। (प्रेसमें)

(१५) **लब्धिसार (क्षपणासारगर्भित)**—श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्ती-रचित करणानुयोग ग्रंथ। पं० मनोहरलालजी शास्त्रीकृत संस्कृतछाया और हिन्दीभाषानुवाद सहित। अप्राप्त। (पुन छपेगा)

(१६) **द्रव्यानुयोगतर्कणा**—श्रीभोजसागरकृत, अप्राप्त है। (पुन. छपेगा)

(१७) **न्यायावतार**—महान् तार्किक श्री सिद्धसेनदिवाकरकृत मूल श्लोक, व श्रीसिद्धर्षिगणिकी संस्कृतटीकाका हिन्दी-भाषानुवाद जैनदर्शनाचार्य पं० विजयमूर्ति एम० ए० ने किया है। न्यायका सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है। मूल्य–पाच रुपये।

(१८) **प्रशमरतिप्रकरण**—आचार्य श्रीमदुमास्वातिविरचित मूल श्लोक, श्रीहरिभद्रसूरिकृत संस्कृतटीका और पं० राजकुमारजी साहित्याचार्य द्वारा सम्पादित सरल अर्थ सहित। वैराग्यका बहुत सुन्दर ग्रन्थ है। मूल्य–छह रुपये।

(१९) **सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र (मोक्षशास्त्र)**—श्रीमत् उमास्वातिकृत मूल सूत्र और स्वोपज्ञभाष्य तथा पं० खूबचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीकृत विस्तृत भाषाटीका। तत्त्वोंका हृदयग्राह्य गम्भीर विश्लेषण। मूल्य–छह रुपये।

(२०) **सप्तभंगीतरंगिणी**—श्रीविमलदासकृत मूल और स्व० पंडित ठाकुरप्रसादजी शर्मा व्याकरणाचार्यकृत भाषाटीका। नव्यन्यायका महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ। अप्राप्त। (पुन छपेगा)

(२१) **इष्टोपदेश**—श्रीपूज्यपाद-देवनन्दिआचार्यकृत मूल श्लोक, पंडितप्रवर आशाधरकृत संस्कृतटीका, पं० धन्यकुमारजी जैनदर्शनाचार्य एम० ए० कृत हिन्दीटीका, स्व० बैरिस्टर चम्पतरायजी कृत अंग्रेजीटीका तथा विभिन्न विद्वानों द्वारा रचित हिन्दी, मराठी, गुजराती एवं अंग्रेजी पद्यानुवादों सहित भाववाही आध्यात्मिक रचना। मूल्य–एक रुपया पचास पैसे।

(२२) **इष्टोपदेश**—मात्र अंग्रेजी टीका व पद्यानुवाद। मू०–पचहत्तर पैसे।

(२३) **परमात्मप्रकाश**—मात्र अंग्रेजी प्रस्तावना व मूल गाथायें। मू०–दो रुपये।

(२४) **योगसार**—मूल गाथायें और हिन्दीसार। मू०–पचहत्तर पैसे।

(२५) **कार्तिकेयानुप्रेक्षा**—मात्रमूल, पाठान्तर और अंग्रेजी प्रस्तावना। मू०–दो रुपये पचास पैसे।

(२६) **प्रवचनसार**—अंग्रेजी प्रस्तावना, प्राकृत मूल, अंग्रेजी अनुवाद तथा पाठान्तर सहित। मूल्य–पाँच रुपये।

(२७) **उपदेशछाया आत्मसिद्धि**—श्रीमद् राजचन्द्रप्रणीत। अप्राप्य।

(२८) **श्रीमद्राजचन्द्र**—श्रीमद्के पत्रों व रचनाओं का अपूर्व संग्रह। तत्त्वज्ञानपूर्ण महान् ग्रन्थ है। म० गांधीजीकी महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना। (नवीन परिवर्द्धित संस्करण पुन छप रहा है)

अधिक मूल्यके ग्रन्थ मंगाने वालोंको कमीशन दिया जायेगा। इसके लिए वे हमसे पत्रव्यवहार करें।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रमकी ओरसे

प्रकाशित गुजराती ग्रन्थ

(१) श्रीमद् राजचन्द्र (२) अध्यात्म राजचन्द्र (३) श्रीसमयसार (संक्षिप्त) (४) समाधि सोपान (रत्नकरण्ड श्रावकाचारके विशिष्ट स्थलोका अनुवाद) (५) भावनाबोध, मोक्षमाला (६) परमात्मप्रकाश (७) तत्त्वज्ञान तरंगिणी (८) धर्मामृत (९) स्वाध्याय सुधा (१०) सहजसुखसाधन (११) तत्त्वज्ञान (१२) श्रीसद्गुरुप्रसाद (१३) श्रीमद् राजचन्द्र जीवनकला (१४) सुबोध संग्रह (१५) नित्यनियमादि पाठ (१६) पूजा संचय (१७) आठदृष्टिनी सज्झाय (१८) आलोचनादिपद संग्रह (१९) पत्रशतक (२०) चैत्यवंदन चोवीशी (२१) नित्यक्रम (२२) श्रीमद् राजचन्द्र जन्म-शताब्दीमहोत्सव-स्मरणाजलि (२३) श्रीमद् लघुराज स्वामी (प्रभुश्री) उपदेशामृत (२४) श्रीमद् राजचन्द्र-जन्म-शताब्दीमहोत्सव-स्मरणाजलि (२३) श्रीमद् लघुराज स्वामी (प्रभुश्री) उपदेशामृत (२४) आत्मसिद्धि (२५) श्रीमद् राजचन्द्र वचनामृत-सारसंग्रह (२६) Shrimad Rajchandra, a Great Seer (२७) नित्यनियमादि पाठ (हिन्दी) (२८) सुवर्णमहोत्सव-आश्रम परिचय (२९) Mokshamala और (३०) समाधिसाधना आदि ।

आश्रमके गुजराती-प्रकाशनोका पृथक सूचीपत्र मँगाइये । सभी ग्रन्थोपर डाकखर्च अलग रहेगा। ।

प्राप्तिस्थान :

(१) श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, स्टेशन-अगास

पो० बोरिया : वाया-आणंद (गुजरात)

(२) परमश्रुतप्रभावक-मण्डल

(श्रीमद् राजचन्द्र जैन शास्त्रमाला)

चौकसी चेम्बर, खाराकुँवा, जौहरी बाजार, बम्बई-२